पाइअ-सद्द-महण्णवो

(प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

PĀIA-SADDA-MAHAṆṆAVO

(A COMPREHENSIVE PRAKRIT-HINDI DICTIONARY)

PĀIA-SADDA-MAHAṆṆAVO

A COMPREHENSIVE PRAKRIT-HINDI DICTIONARY
with Sanskrit equivalents, quotations
AND
complete references

BY
PANDIT HARGOVIND DAS T. SHETH

MOTILAL BANARSIDASS
Delhi Varanasi Patna Madras

पाइअ-सद्द-महण्णवो

(प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

अर्थात्

विविध प्राकृत भाषाओं के शब्दों का संस्कृत प्रतिशब्दों से युक्त, हिन्दी अर्थों से अलंकृत, प्राचीन ग्रन्थों के अनल्प अवतरणों और परिपूर्ण प्रमाणों से विभूषित बृहत्कोश

कर्ता

पंडित हरगोविन्ददास त्रिकमचंद सेठ

मोतीलाल बनारसीदास

दिल्ली वाराणसी पटना मद्रास

मुख्य कार्यालय : बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली ११० ००७
शाखाएँ : चौक, वाराणसी २२१ ००१
अशोक राजपथ, पटना ८०० ००४
१२० रायपेट्टा हाई रोड, मैलापुर, मद्रास ६०० ००४

प्राकृत ग्रन्थ परिषद् ग्रन्थाङ्क ७
द्वितीय संस्करण : वाराणसी, १९६३
पुनर्मुद्रण : दिल्ली, १९८६

ISBN: 81-208-0239-x

नरेन्द्रप्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली ७
द्वारा प्रकाशित तथा जैनेन्द्रप्रकाश जैन, श्री जैनेन्द्र प्रेस, ए-४५,
फेज-१, नारायणा, नई दिल्ली २८ द्वारा मुद्रित।

PUBLISHER'S NOTE

The present *Pāia-sadd-mahaṇṇavo* or 'The Great Ocean of Prākrit Words' is a comprehensive Prākrit-Hindī Dictionary compiled by Pt. Hargovind Das Trikam Chand Sheth and was first published slightly less than six decades ago in 1928. It is a pioneer work, being the result of several years' single-minded devotion and indefatigable labour on the part of the compiler, to whom the students and scholars of the Prākrit language will ever remain grateful.

The work is of immense value since in addition to serving the needs of the students of Prākrit it has also proved very much helpful to researchers in understanding Old-Hindi words of obscure origin as well as all the other languages of the Middle Indo-Aryan group including Old-Rajasthani, Old-Gujarati, Old Marathi, Old-Bengali, Old-Maithili etc.

After its first appearance in 1928 the work remained out of print for a number of years when its rare copies were sold at fabulous prices–a fact further attesting to its importance, utility and popularity. To fulfil a pressing need a long awaited second edition was brought out by the Prākrit Text Society in 1963 and in view of a persistent demand this reprint is being issued after a long gap for the benefit of the interested scholars.

The Publishers hope that the work will inspire talented scholars for further intensive research in the field culminating, so we wish, in a more comprehensive dictionary of the language including also the cognate Apabhraṁśa language and literature.

संकेत—सूची

अ	=	अव्यय।
अक	=	अकर्मक धातु।
(अप)	=	अपभ्रंश भाषा।
(अशो)	=	अशोक शिलालेख।
उभ	=	सकर्मक तथा अकर्मक धातु।
कर्म	=	कर्मणि-वाच्य।
कवकृ	=	कर्मणि-वर्तमान-कृदन्त।
कृ	=	कृत्य-प्रत्ययान्त।
क्रि	=	क्रियापद।
क्रिवि	=	क्रिया-विशेषण।
गु०	=	गुजराती।
(चूपै)	=	चूलिकापैशाची भाषा।
त्रि	=	त्रिलिङ्ग।
[दे]	=	देश्य-शब्द।
न	=	नपुंसकलिङ्ग।
पुं	=	पुंलिङ्ग।
पुंन	=	पुंलिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग।
पुंस्त्री	=	पुंलिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग।
(पै)	=	पैशाची भाषा।
प्रयो	=	प्रेरणार्थक णिजन्त।
ब	=	बहुवचन।
भकृ	=	भविष्यत्कृदन्त।
भवि	=	भविष्यत्काल।
भूका	=	भूतकाल।
भूकृ	=	भूत-कृदन्त।
(मा)	=	मागधी भाषा।
वकृ	=	वर्तमान कृदन्त।
वि	=	विशेषण।
(शौ)	=	शौरसेनी भाषा।
स	=	सर्वनाम।
संकृ	=	संबन्धक कृदन्त।
सक	=	सकर्मक धातु।
स्त्री	=	स्त्रीलिङ्ग।
स्त्रीन	=	स्त्रीलिंग तथा नपुंसकलिङ्ग।
हेकृ	=	हेत्वर्थ कृदन्त।

प्रमाण-ग्रन्थों [रेफ़रेन्सेज़] के संकेतों का विवरण

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
अंग	=	अंगविज्जा	प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी—५, १९५७		
अंग	=	अंगचूलिआ	हस्तलिखित।		
अंत	=	अंतगडदसाओ	❀ १ रॉयल एसियाटिक सोसाइटी, लंडन, १९०७	...	
			२ आगमोदय-समिति, बंबई, १९२०	...	पत्र
अच्चु	=	अच्चुअसयअं	वाणीविलास प्रेस, मद्रास, १८७२	...	गाथा
अजि	=	अजिअसंतिथव	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	...	,,
अज्झ	=	अध्यात्ममतपरीक्षा	१ भीमसिंह माणक, संवत् १९३३	...	,,
			२ जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर	...	,,
अणु	=	अणुओगदारसुत्त	१ राय धनपतिसिंहजी बहादुर, कलकत्ता, संवत् १९३६	...	
			२ आगमोदय समिति, १९२४ बम्बई,	...	पत्र
अनु	=	अणुत्तरोववाइअदसा	❀ १ रॉयल एसियाटिक सोसाइटी, लंडन, १९०७	...	
			२ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२०	...	पत्र
अभि	=	अभिज्ञानशाकुन्तल	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१६	...	पृष्ठ
अवि	=	अविमारक	त्रिवेन्द्र संस्कृत सिरीज़ ...	...	,,
आउ	=	आउरपच्चक्खाणपयन्नो	१ जैन-धर्म-प्रसारक सभा, भावनगर, संवत् १९६६	...	गाथा
			२ शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२	...	,,
आक	=	१ आवश्यककथा	हस्तलिखित ...	...	
		२ आवश्यक-एर्ज्यालुंगन्	डॉ. इ. ल्युमेन्-संपादित, लाइपजिग, १८९७	...	पृष्ठ
आख्या	=	आख्यानकमणिकोश	प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी—५		
आचा	=	आचारांगसूत्र	❀ १ डॉ. डबल्यु. शुब्रिंग् संपादित, लाइपजिग, १९१०	...	
			+ २ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१६		श्रुतस्कन्ध, अध्य०
			३ प्रो. रवजीभाई देवराज-संपादित, राजकोट, १९०६		,,
आचानि	=	आचारांग-निर्युक्ति	आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१६	...	गाथा
आचू	=	आवश्यकचूर्णि	हस्तलिखित ...	...	अध्ययन
आत्म	=	आत्मसंबोधकुलक	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
आत्महि	=	आत्महितोपदेश-कुलक	,, ...	...	,,
आत्मानु	=	आत्मानुशास्ति-कुलक	,, ...	...	,,
आनि	=	आवश्यकनिर्युक्ति	१ यशोविजय-जैन-ग्रंथमाला, बनारस। २ हस्तलिखित।		

❀ ऐसी निशानी वाले संस्करणों में अकारादि क्रम से शब्द-सूची छपी हुई है, इससे ऐसे संस्करणों के पृष्ठ आदि के अंकों का उल्लेख प्रस्तुत कोश में बहुधा नहीं किया गया है, क्योंकि पाठक उस शब्द-सूची से ही अभिलषित शब्द के स्थल को तुरन्त पा सकते हैं। जहाँ किसी विशेष प्रयोजन से अंक देने की आवश्यकता प्रतीत भी हुई है, वहाँ पर उसी ग्रन्थ की पद्धति के अनुसार अंक दिए गए हैं, जिससे जिज्ञासु को अभीष्ट स्थल पाने में विशेष सुविधा हो।

+ इन संस्करणों में श्रुतस्कन्ध, अध्ययन और उद्देश के अङ्क समान होने पर भी सूत्रों के अङ्क भिन्न-भिन्न हैं। इससे इस कोष में जिस संस्करण से जो शब्द लिया गया है उसी का सूत्राङ्क वहाँ पर दिया गया है। अंक की गिनती उसी उद्देश्य या अध्ययन के प्रथम सूत्र से आरम्भ की गई है।

† श्रद्धेय श्रीयुत केशवलालभाई प्रेमचन्द मोदी, बी. ए., एल् एल्., बी. से प्राप्त।

संकेत		ग्रंन्थ का नाम	संस्करण आदि	जिसके अंक दिए गए हैं वह
आप	=	आराधनाप्रकरण	शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२	गाथा
आरा	=	आराधनासार	मानिकचंद-दिगंबर-जैन-ग्रंथमाला, संवत् १९७३	,,
आव	=	आवश्यकसूत्र	हस्तलिखित	
आवटि	=	आवश्यक टिप्पण	देवचन्द लालभाई	
आवदी	=	आवश्यक दीपिका	विजयदानसूरि ग्रंथमाला	
आवपगा	=	आवश्यकसूत्रे पत्रे गाथा	(हरिभद्र टीका)	
आवम	=	आवश्यकसूत्र मलयगिरि टीका	हस्तलिखित	
इंदि	=	इन्द्रियपराजयशतक	भीमसिंह माणेक, बंबई, संवत् १९६८ ...	गाथा
इक	=	दि कोस्मोग्राफी देर् इंदेर्	* डॉ. डबल्यु. किर्फेल-कृत, लाइपजिग, १९२०	
उत्त	=	उत्तराध्ययनसूत्र	१ राय धनपतिसिंह बहादुर, कलकत्ता, संवत् १९३६	अध्ययन, गाथा
			२ स्व-संपादित, कलकत्ता, १९२३ ...	,,
			+ ३ हस्तलिखित	,,
उत्त	=	उत्तराध्ययन सूत्र	देवचन्द लालभाई	
उत्त का	=	,,	डो. जे. कारपेंटिअर-संपादित, १९२१ ...	,,
उत्तनि	=	उत्तराध्ययननियुँक्ति	हस्तलिखित	,,
उत्तर	=	उत्तररामचरित	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५ ...	पृष्ठ
उप	=	उपदेशपद	हस्तलिखित	गाथा
उप टी	=	उपदेशपद-टीका	हस्तलिखित	मूल-गाथा
उपपं	=	उपदेशपंचाशिका	† ,, ...	गाथा
उप पृ	=	उपदेशपद	जैन विद्या-प्रचारक वर्ग, पालीताणा ...	पृष्ठ
उर	=	उपदेशरत्नाकर	देवचन्द लालभाई पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९१४ ...	अंश, तरंग
उव	=	उवएसमाला	* डॉ. एल्. पी. टॅसेटोरि-संपादित, १९१३ ...	
उवकु	=	उवदेशकुलक	† हस्तलिखित ...	गाथा
उवर	=	उपदेशरहस्य	मनसुखभाई भगुभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६७ ...	,,
उवा	=	उवासगदसाओ	* एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता, १८९० ...	
ऊरु	—	ऊरुभंग	त्रिवेन्द्र संस्कृत-सिरीज	पृष्ठ
ओघ	=	ओघनियुँक्ति	आगमोदय समिति, बम्बई, १९१९ ...	गाथा
ओघ भा	=	ओघनियुँक्ति-भाष्य	,, ...	,,
औप	=	औपपातिकसूत्र	* डॉ. इ. ल्युमेन्-संपादित, लाइपजिग, १८८३ ...	
कप्प	=	कल्पसूत्र	* डॉ. एच्. जेकोबी-संपादित, लाइपजिग, १८७९ ...	
कप्पू	=	कर्पूरमञ्जरी	* हार्वर्ड् ओरिएन्टल् सिरीज, १९०१ ...	
कम्म १	=	कर्मग्रंथ पहला	* आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक मण्डल, आगरा, १९१८	गाथा
कम्म २	=	,, दूसरा	* ,, ,, ,,	,,
कम्म ३	=	,, तीसरा	* ,, ,, १९१९	,,
कम्म ४	=	,, चौथा	* ,, ,, १९२३	,,

+ सुखबोधा नामक प्राकृत-बहुल टीका से विभूषित यह उत्तराध्ययन सूत्र की हस्त-लिखित प्रति आचार्य श्रीविजय-मेघसूरिजी के भंडार से श्रद्धेय श्रीयुत् के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त हुई थी, इस प्रति के पत्र १८६ हैं।

† श्रद्धेय श्रीयुत् के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

संकेत।		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
कम्म ५	=	कर्मग्रन्थ पाँचवाँ	१ भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १६६८	...	गाथा
			२ जैन-धर्म-प्रसारक सभा, भावनगर, संवत् १६६८		,,
कम्म ६	=	,, छठवाँ	,, ...	...	,,
कम्मप	=	कर्मप्रकृति	जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, १६१७	...	पत्र
करु	=	करुणावज्रायुधम्	आत्मानन्द-जैन-सभा, भावनगर, १६१६	...	पृष्ठ
कर्ण	=	कर्णभार	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ...	...	,,
कर्पूर	=	कर्पूरचरित (भाण)	गायकवाड ओरिएन्टल् सिरीज, नं. ८, १६१८		,,
कर्म	=	कर्मकुलक	† हस्त-लिखित		गाथा
कल्पभाष्य	=	बृहत्कल्प-भाष्य	आत्मानन्द सभा		
,, गा०	=	,, गाथा	,,		
कस	=	(बृहत्) कल्पसूत्र	* डॉ. डबल्यु. शुब्रिं-संपादित, लाइपजिग, १६०५	...	
कहा	=	कहावली	अमुद्रित		
काप्र	=	काव्यप्रकाश	वामनाचार्यकृत टीका-युक्त, निर्णयसागर प्रेस, बम्बई	...	पृष्ठ
काल	=	कालकाचार्यकथानक	* डॉ. एच्. जेकोबी-संपादित, जेड्-डी-एम्-जी, खंड ३४, १८८०		
किरात	=	किरातार्जुनीय (व्यायोग)	गायकवाड ओरिएन्टल् सिरीज, नं ८, १६१८		पृष्ठ
कुप्र	=	कुमारपालप्रतिबोध	गायकवाड ओरिएण्टल् सिरीज, १६२०	...	,,
कुमा	=	कुमारपालचरित	* बंबई-संस्कृत-सिरीज, १६००	...	,,
कुम्मा	=	कुम्मापुत्तचरिअ	स्व-संपादित, कलकत्ता, १६१६ ...	...	पृष्ठ
कुलक	=	कुलकसंग्रह	जैन श्रेयस्कर मंडल, म्हेसाणा, १६१४		,,
खा	=	खामणाकुलक	† हस्तलिखित		गाथा
खेत्त	=	लघुक्षेत्रसमास	भीमसिंह माणेक, बंबई, संवत् १६६८	...	,,
गउड	=	गउडवहो	* बंबई-संस्कृत-सिरीज, १८८७ ...	...	
गच्छ	=	गच्छाचारपयन्नो	१ हस्तलिखित ...	...	अधिकार, गाथा
			२ चंदुलाल मोहोलाला कोठारी, अहमदाबाद, संवत् १०८०		,,
			३ सेठ जमनाभाई भगूभाई, अहमदाबाद, १६२४		,,
गण	=	गणधरस्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १६७८	...	गाथा
गणि	=	गणिविज्जापयन्नी	राय धनपतिसिंह बहादुर, कलकत्ता, १८४२	...	,,
गा	=	गाथासप्तशती	+ १ डॉ. ए. वेबर्-संपादित, लाइपजिग, १८८१	...	,,
			२ निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १६११	...	,,
गु	=	गुरुपारतन्त्र्य-स्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १६७८	...	गाथा
गुण	=	गुणानुरागकुलक	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १६१३	...	,,
गुभा	=	गुरुवन्दनभाष्य	भीमसिंह माणेक, बम्बई संवत् १६६२	...	गाथा

† श्रद्धेय के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

+ लाइपजिगवाले संस्करण का नाम "सप्तशतक डेस हाल" है और बम्बईवाले का "गाथासप्तशती"। ग्रन्थ एक ही है, परन्तु बम्बईवाले संस्करण में सात शतकों के विभाग में करीब ७०० गाथाएँ छपी हैं और लाइपजिगवाले में सीधे नंबर से ठीक १०००। एक से ७०० तक की गाथाएँ दोनों संस्करणों में एक-सी हैं, परन्तु गाथाओं के क्रम में कहीं कहीं दो चार नंबरों का आगा-पीछा है। ७०० के बाद का और ७०० के भीतर भी जहाँ गाथांक के अनन्तर 'अ' दिया है वह नंबर केवल लाइपजिग के ही संस्करण का है।

संकेत		ग्रंथ का नाम	संस्करण आदि	जिसके अंक दिए गए हैं वह
गुरु	=	गुरुप्रदक्षिणाकुलक	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९६३	गाथा
गोय	=	गौतमकुलक	भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६५	,,
चउ	=	चउसरणपयन्नो	१ जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६६	,,
			२ शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदावाद, संवत् १९६२	,,
चउ	=	चउपन्नमहापुरिसचरियं	प्राकृत-ग्रंथ-परिषद्, वाराणसी—५, १९६१	,,
चंड	=	प्राकृतलक्षण	* एसियाटिक सोसासायटी, बंगाल, कलकत्ता, १८८०	
चंद	=	चंदपन्नत्ति	हस्तलिखित	पाहुड
चारु	=	चारुदत्त	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	पृष्ठ
चेइय	=	चेइयवंदणमहाभास	जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, संवत् १९६२	गाथा
चैत्य	=	चैत्यवन्दन भाष्य	भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६२	,,
जं	=	जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति	१ देवचंद लालभाई पु० फंड, बम्बई, १९१०	वक्षस्कार
			२ हस्तलिखित	,,
जय	=	जयतिहुअण-स्तोत्र	जैन प्रभाकर प्रिंटिंग प्रेस, रतलाम, प्रथमावृत्ति	गाथा
जिन	=	जिनदत्ताख्यान	सिंघी जैन सिरीज	
जी	=	जीवविचार	आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक-मंडल, आगरा, संवत् १९७८	,,
जीत	=	जीतकल्प	हस्तलिखित	
जीव	=	जीवाजीवाभिगमसूत्र	देवचंद लालभाई पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९१९	प्रतिपत्ति
जीवस	=	जीवसमासप्रकरण	† हस्तलिखित	गाथा
जीवा	=	जीवानुशासनकुलक	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३	,,
जो	=	ज्योतिष्करण्डक	हस्तलिखित	पाहुड
टि	=	+ टिप्पण (पाठान्तर)	... ...	
टी	=	‡ टीका	... ...	
ठा	=	ठाणंगसुत्त (स्थनांगसूत्र)	आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१८—१९२०	ठाण०
णंदि	=	णंदिसूत्र	१ हस्तलिखित	
			२ आगमोदय समिति, बम्बई, १९२४	पत्र
णमि	=	णमिऊण-स्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	गाथा
णाया	=	णायाधम्मकहासुत्त	आगमोदय समिति, बम्बई, १९१९	श्रुतस्कन्ध, अध्य०
तंदु	=	तंदुलवेयालियपयन्नो	१ हस्तलिखित	
			२ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९६२	पत्र
ति	=	तिजयपहुत्त	जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११	गाथा
तित्थ	=	तित्थुग्गालियपयन्नो	हस्तलिखित	
ती	=	तीर्थंकल्प	हस्तलिखित	कल्प
त्रि	=	त्रिपुरदाह (डिम)	गायकवाड ओरिएण्टल् सिरीज, नं ८, १९१८	पृष्ठ

† श्रद्धेय श्रीयुत् के० प्रे० मोदी द्वारा प्राप्त।

+ पाठान्तर वाले संस्करणों के जो पाठान्तर हमें उपादेय मालूम पड़े हैं उन्हें भी इस कोष में स्थान दिया है और प्रमाण के पास 'टि' शब्द जोड़ दिया है जिससे उस शब्द को उसी स्थान के टिप्पन का समझना चाहिए।

‡ जहाँ पर प्रमाण में ग्रंथ-संकेत और स्थान-निर्देश के अन्तर 'टी' शब्द लिखा है वहाँ उस ग्रंथ के उसी स्थान की टीका के प्राकृतांश से मतलब है।

संकेत		ग्रंथ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
दं	=	दंडकप्रकरण	१ जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १६११	...	गाथा
			२ भीमसिंह माणेक, बम्बई, १६०८	...	,,
दंस	=	दर्शनशुद्धिप्रकरण	हस्तलिखित	...	तत्त्व
दशअगस्त्य दशवैचू	=	दशवैकालिक अगस्त्य सिंहचूर्णि	P. T. S. ...	...	
दस	=	दसवैकालिकसूत्र	१ भीमसिंह माणेक, बम्बई, १६००	...	अध्ययन०
			२ डॉ० जीवराज घेलाभाई, अहमदाबाद, १६१२	...	,,
दसचू	=	दशवैकालिकचूलिका	,, ,, ,,	...	चूलिका०
दसनि	=	दशवैकालिकनियुक्ति	१ भीमसिंह माणेक, बम्बई, १६००	...	अध्ययन, गाथा
			२ देवचन्द लालभाई		
दशवैवृद्ध	=	दशवैकालिक वृद्ध विवरण	मुद्रित चूर्णि, ऋषभदेव केसरीमल		
दसा	=	दशाश्रुतस्कन्ध	हस्तलिखित	...	,,
दीव	=	दीवसागरपन्नत्ति	,,	...	
दूत	=	दूतघटोत्कच	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	....	पृष्ठ
दे	=	देशीनाममाला	बम्बई-संस्कृत-सिरीज, १८८०	...	वर्ग, गाथा
देव	=	देवेन्द्रस्तवप्रकीर्णक	हस्तलिखित	...	
देवदिन्न	=	देवदिन्न कथानक	,,		
देवेन्द्र	=	देवेन्द्रनरकेन्द्रप्रकरण	जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, १६२२	...	गाथा
द्र	=	द्रव्यसित्तरी	१ जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १६५८	...	,,
			२ शा० वेणीचंद सूरचंद, म्हेसाणा, १६०६	...	,,
द्रव्य	=	द्रव्यसंग्रह	जैन-ग्रंथ-रत्नाकर-कार्यालय, बंबई, १६०६	...	,,
धण	=	ऋषभपंचाशिका	काव्यमाला, सप्तम गुच्छक, बंबई, १८६०	...	,,
धम्म	=	धर्मरत्नप्रकरण सटीक	१ जैन-विद्या-प्रचारक वर्ग, पालीताणा, १६०५	...	मूल-गाथा
			२ हस्तलिखित	...	,,
धम्मि	=	धम्मिलहिंडी (वसुदेवहिंडी अन्तर्गत)	आत्मानन्द सभा	...	
धम्मो	=	धम्मोवएसकुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
धर्म	=	धर्मसंग्रह	जैन-विद्या-प्रचारक-वर्ग, पालीताणा, १६०५	...	अधिकार
धर्मर	=	धर्मरत्नलघुवृत्ति	आत्मानन्द सभा	....	
धर्मवि	=	धर्मविधिप्रकरण सटीक	जेसंगभाई छोटालाल सुतरीया, अहमदाबाद, १६२४	...	पत्र
धर्मसं	=	धर्मसंग्रहणी	दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बंबई, १६१६–१८	...	गाथा
धर्मा	=	धर्माभ्युदय	जैन-आत्मानन्द-सभा, भावनगर, १६१८	...	पृष्ठ
धात्वा	=	प्राकृतधात्वादेश	एसियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल, १६२४	....	पृष्ठ
ध्व	=	ध्वन्यालोक	निर्णयसागर प्रेस, बंबई	...	,,
नंदीटिप्प	=	नन्दीटिप्पण	P. T. S.		
नलदवरास	=	नलदवदंतीरास (ऋषिवर्धन),	बेन्डर संपादित		

† श्रद्धेय श्रीयुत के० प्रे० मोदी द्वारा प्राप्त ।

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
नव	=	नवतत्त्वप्रकरण	१ आत्मानन्द-जैन-सभा, भावनगर	...	गाथा
			२ आद्य-जैन-धर्म-प्रवर्तक-सभा, अहमदाबाद, १९०६	...	,,
नाट	=	‡ नाटकीयप्राकृतशब्दसूची			
निचू	=	निशीथचूर्णि	हस्तलिखित	...	उद्देश
निर	=	निरयावलीसूत्र	१ हस्तलिखित	...	वर्ग, अध्य०
			२ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२२	...	,,
निसा	=	निशाविरामकुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
निसी	=	निशीथसूत्र	हस्तलिखित	...	उद्देश
पउम	=	पउमचरिअ	जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, प्रथमावृत्ति	...	पर्व, गाथा
पउम	=	पउमचरिय	प्राकृत-ग्रंथ-परिषद्, वाराणसी—५	...	,,
पंच	=	पंचसंग्रह	१ हस्तलिखित	....	द्वार, गाथा
			२ जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, १९१९	...	,,
पंचभा	=	पंचकल्पभाष्य	हस्तलिखित	...	
पंचव	=	पंचवस्तु	,, ...	...	द्वार
पंचा	=	पंचासकप्रकरण	जैन-धर्म-प्रसारक सभा, भावनगर, प्रथमावृत्ति	...	पंचासक
पंचू	=	पंचकल्पचूर्णि	हस्तलिखित ...	...	
पंनि	=	पंचनिर्ग्रन्थीप्रकरण	आत्मानन्द-जैन सभा, भावनगर, संवत् १९७४	...	गाथा
पंरा	=	पंचरात्र	त्रिवेन्द्र संस्कृत-सिरीज	...	पृष्ठ
पंसू	=	पंचसूत्र	हस्तलिखित ...	...	सूत्र

‡ सेंट्रल लाइब्रेरी, बड़ोदा में स्थित एक मुखपृष्ठ-हीन पुस्तक से गृहीत, जिसके पूर्व भाग में क्रमदीश्वर का प्राकृत व्याकरण और उत्तर भागमें 'प्राकृताभिधानम्' शीर्षक से कतिपय ग्रंथों से उद्धृत प्राकृत शब्दों की एक छोटी सी सूची छपी हुई है। इस सूची में उन ग्रंथों के जो संक्षिप्त नाम और पृष्ठाङ्क दिए गये हैं वे ही नाम तथा पृष्ठाङ्क ज्यों के त्यों प्रस्तुत कोष में भी यथास्थान 'नाट' के बाद रखे गये हैं। उक्त पुस्तक में उन ग्रंथों के संक्षिप्त नामों तथा संस्करणों का विवरण इस तरह है;—

मालती	for	मालतीमाधवम्	Calcutta Edition of 1830
चैत	,,	चैतन्यचन्द्रोदयम्	,, 1854
विक्र	,,	विक्रमोर्वशी	,, 1830
साहित्य	,,	साहित्यदर्पण	Edition of Asiatic Society
उत्तर	,,	उत्तररामचरित	Calcutta Edition of 1831
रत्ना	,,	रत्नावली	,, 1832
मृच्छ	,,	मृच्छकटिक	,, 1832
प्राप्र	,,	प्राकृतप्रकाश	Mr. Cowell's Edition of 1854
शकु	,,	शकुन्तला	Calcutta Edition of 1840
मालवि	,,	मालविकाग्निमित्र	Tulberg's Edition of 1850
वेणि	,,	वेणिसंहार	Muktaram's Edition of 1855
पाप्र	,,	संक्षिप्तसारस्य प्राकृताध्यायः	
महावी	,,	महावीरचरितम्	Trithen's Edition of 1848
पिंग	,,	पिंगलः	Ms.

† श्रद्धेय के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
पक्खि	=	पक्खिसूत्र	भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६२	...	
पच्च	=	महापच्चक्खाणपयन्नो	शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२		गाथा
पडि	=	पंचप्रतिक्रमणसूत्र	१ जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११	....	
			२ आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक-मंडल, आगरा, १९२१		
पण्ण	=	पण्णवणासुत्त	राय धनपतिसिंह बहादुर, बनारस, संवत् १९४०	...	पद
पण्ह	=	प्रश्नव्याकरणसूत्र	आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१९	...	श्रुतस्कन्ध, द्वार
पभा	=	पच्चक्खाणभाष्य	भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६२	...	गाथा
पव	=	प्रवचनसारोद्धार	१ ,, ; संवत् १९३४	...	+ द्वार
			२ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२२–२५		,,
पस	=	प्रज्ञापनोपाङ्ग-तृतीयपदसंग्रहणी	आत्मानन्द-जैन सभा, भावनगर, संवत् १९७४	...	गाथा
पाअ	=	पाइअलच्छीनाममाला	* बी. बी. एण्ड कंपनी, भावनगर, संवत् १९७३	...	
पार्थ	=	पार्थपराक्रम	गायकवाड ओरिएण्टल सिरीज, नं. ४, १९१७		पृष्ठ
पि	=	ग्रामेटिक् देर् प्राकृत स्प्राखन्	डा. आर्. पिशेल् कृत, १९००	....	पैरा
पिंग	=	प्राकृतपिंगल	* एसियाटिक् सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता, १९०२	...	
पिंड	=	पिंडनिर्युक्ति	१ हस्तलिखित	...	गाथा
			२ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२२		,,
पिंडभा	=	पिंडनिर्युक्तिभाष्य	,,	...	,,
पुप्फ	=	पुष्पमालाप्रकरण	जैन-श्रेयस्कर-मंडल, म्हेसाणा, १९११	...	,,
प्रति	=	प्रतिमानाटक	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	...	पृष्ठ
प्रबो	=	प्रबोधचन्द्रोदय	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१०	...	,,
प्रयौ	=	प्रतिज्ञायौगन्धरायण	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	...	,,
प्रवि	=	प्रव्रज्या-विधान-कुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
प्राकृ	=	प्राकृतसर्वस्व (मार्कण्डेयकृत)	विझागापटम्, विशाखापट्टणम्		पृष्ठ
प्राप	=	इन्ट्रडक्शन् टु दि प्राकृत	* पंजाब युनिवर्सिटी, लाहौर, १९१७	...	
प्राप्र	=	प्राकृतप्रकाश	* १ डा. कावेल्-संपादित, लंडन, १८६८	...	
			* २ बंगीय-साहित्य-परिषद्, कलकत्ता, १९१४		
प्रामा	=	प्राकृतमार्गोपदेशिका	* शाह हर्षचन्द्र भूराभाई, बनारस, १९११	...	
प्रारू	=	प्राकृतशब्दरूपावली	* सेठ मनसुखभाई भगुभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६८	...	
प्रासू	=	प्राकृतसूक्तरत्नमाला	जैन-विविध-साहित्य-शास्त्र-माला, बनारस, १९१९	...	गाथा
बाल	=	बालचरित	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ...	...	पृष्ठ
बृह	=	बृहत्कल्पभाष्य	हस्तलिखित ...	...	उद्देश
भग	=	भगवतीसूत्र	* १ जिनागमप्रकाश सभा, बम्बई, संवत् १९७४	...	
			२ हस्तलिखित		शतक, उद्देश
			३ आगमोदय समिति, बम्बई, १९१८-१९१९-१९२१		,,
भत्त	=	भत्तपरिण्णापयन्नो	१ जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६६	...	गाथा
			२ शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२		,,
भवबृकथा	=	भवभावनावृत्तिकथा	देवचन्द लालभाई		

+ द्वार—प्रारम्भ के पूर्व के प्रस्ताव के लिए 'पव' के बाद केवल गाथा के अंक दिए गए हैं।

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
भवि	=	भविसत्तकहा	* १ डा. एच्. जेकोबी-संपादित, १९१८	...	
			* २ गायकवाड ओरिएण्टल सिरीज, १९२३		
भाव	=	भावकुलक	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३	...	गाथा
भास	=	भाषारहस्य	सेठ मनसुखभाई भगुभाई, अहमदाबाद	...	,,
मंगल	=	मंगलकुलक	† हस्तलिखित ...	...	,,
मध्य	=	मध्यमव्यायोग	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ...	...	पृष्ठ
मन	=	मनोनिग्रहभावना	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
महा	=	आउसगेव्याल्ते-एरस्यालुंगन् इन् महाराष्ट्री	* डॉ. एच. जेकोबी-संपादित, लाइपजिग, १८८६		
महानि	=	महानिशोथसूत्र	हस्तलिखित ...	...	अध्ययन
मा	=	मालविकाग्निमित्र	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५	...	पृष्ठ
माल	=	मालतीमाधव	,, ,, ...	...	,,
मुणि	=	मुनिसुव्रतस्वामिचरित	हस्तलिखित ...	...	गाथा
मुद्रा	=	मुद्राराक्षस	बम्बई-संस्कृत-सिरीज, १९१५ ...	...	पृष्ठ
मृच्छ	=	मृच्छकटिक	१ निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१६	...	,,
			२ बम्बई-संस्कृत-सिरीज, १८९६	...	,,
मै	=	मैथिलीकल्याण	माणिकचन्द-दिगम्बर-जैन-ग्रन्थमाला, बम्बई, १९७३	...	,,
मोह	=	मोहराजपराजय	गायकवाड़ ओरिएन्टल सिरीज, नं. ९, १९१८	...	,,
यति	=	यतिशिक्षापंचाशिका	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
रंभा	=	रंभामंजरी	* निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १८८९	...	,,
रत्न	=	रत्नत्रयकुलक	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
रयरा	=	रयरासेहरनिवकहा	स्व-संपादित, बनारस, १९१८ ...	...	पृष्ठ
राज	=	अभिधानराजेन्द्र	* जैन-प्रभाकर प्रिंटिंग प्रेस, रतलाम	...	
राय	=	रायपसेणीसुत्त	१ हस्तलिखित ...	...	
			२ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२५	...	पत्र
रुक्मि	=	रुक्मिणी-हरण (ईहामृग)	गायकवाड़ ओरिएन्टल सिरीज, नं. ८, १९१८	...	पृष्ठ
लघु	=	लघुसंग्रहणी	भीमसिंह माणेक, बम्बई, १९०८	...	गाथा
लहुअ	=	लघुअजितशान्ति-स्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	...	,,
लोक	=	लोकप्रकाश	देवचन्द लालभाई		
वज्जा	=	वज्जालग्ग	एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता	...	पृष्ठ
वव	=	व्यवहारसूत्र, सभाष्य	१ हस्तलिखित ...	...	उद्देश्य
			२ मुनि माणेक संपादित, भावनगर, १९२६	...	,,
वसु	=	वसुदेवहिंडी	१ हस्तलिखित ...	...	
			२ आत्मानन्द सभा		
वा	=	वाग्भटकाव्यानुशासन	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५	...	पृष्ठ
वाग्भ	=	वाग्भटालंकार	,, १९१६	...	,,
वि	=	विषयत्यागोपदेशकुलक	† हस्तलिखित ...	...	गाथा

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त ।

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
विक्र	=	विक्रमोर्वशीय	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१४	...	पृष्ठ
विक्र	=	विक्रान्तकौरव	माणिकचन्द-दिगम्बर-जैन-ग्रन्थ-माला, संवत् १९७२		,,
विचार	=	विचारसारप्रकरण	आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२३	...	गाथा
विपा	=	विपाकश्रुत	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७६		श्रुतस्कन्ध, अध्य०
विवे	=	विवेकमंजरीप्रकरण	स्व-संपादित, बनारस, संवत् १९७५-७६	...	गाथा
विसे	=	विशेषावश्यकभाष्य	स्व-संपादित, बनारस, वीर-संवत् २४२१	...	,,
वृष	=	वृषभानुजा	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १८९५	...	पृष्ठ
वेणी	=	वेणीसंहार	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५	...	,,
वै	=	वैराग्यशतक	विट्ठलभाई जीवाभाई पटेल, अहमदाबाद, १९२०	...	गाथा
श्रा	=	श्राद्धप्रतिक्रमणसूत्रवृत्ति	दे०ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९१९	...	मूलगाथा
श्रावक	=	श्रावकप्रज्ञप्ति	१ श्रीयुत केशवलाल प्रेमचन्द संपादित, १९०५	...	गाथा
			२ जैन धर्म शाखा		
श्रु	=	श्रुतास्वाद	† हस्तलिखित ...	...	,,
षड्	=	षड्भाषाचन्द्रिका	* बम्बई संस्कृत एन्ड् प्राकृत सिरीज, १९१६	...	
स	=	समराइच्चकहा	एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता, १९०८-२३	...	पृष्ठ
सं	=	संबोधसत्तरी	विट्ठलभाई जीवाभाई पटेल, अहमदाबाद, १९२०	...	गाथा
संक्षि	=	संक्षिप्तसार	१ हस्तलिखित ...	...	
			२ संस्कृत प्रेस डिपोजिटरी, कलकत्ता, १८८९	...	पृष्ठ
संग	=	बृहत्संग्रहणी	१ भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६८	...	गाथा
			२ आत्मानन्द जैन सभा, भावनगर, संवत् १९७३	...	,,
संघ	=	संघाचारभाष्य	हस्तलिखित ...	...	प्रस्ताव
संच	=	शान्तिनाथचरित्र (देवचन्द्रसूरि-कृत)	,, ...	...	
संति	=	संतिकरस्तोत्र	१ जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११	...	गाथा
			२ आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक-मंडल, आगरा, १९२१	...	,,
संथा	=	संथारगपयन्नो	१ हस्तलिखित ...	...	,,
			२ जैन-धर्म-प्रचारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६६	...	,,
संबोध	=	संबोधप्रकरण	जैन-ग्रन्थ-प्रकाशक-सभा, अहमदाबाद, १९१६	...	पत्र
संवे	=	संवेगचूलिकाकुलक	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
संवेग	=	संवेगमंजरी	,, ...	...	,,
सट्ठि	=	सट्ठिसयपयरण	१ स्व-संपादित, बनारस, १९१७	...	,,
			२ सत्यविजय-जैन-ग्रन्थमाला, नं. ६, अहमदाबाद, १९२५		,,
सण	=	सनत्कुमारचरित	* डॉ. एच. जेकोबी-संपादित, १९२१	...	
सत्त	=	उपदेशसप्ततिका	जैन धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत १९७६	...	गाथा
सम	=	समवायांगसूत्र	आगमोदय समिति, बम्बई, १९१८	...	पृष्ठ
समु	=	समुद्रमन्थन (समवकार)	गायकवाड ओरिएन्टल सिरीज, नं. ८, १९१८	...	,,
सम्म	=	सम्मतिसूत्र	जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६५	...	गाथा

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
सम्मत्त	=	सम्यक्त्वसप्तति सटीक	दे० ला० पुस्तकोद्धार-फंड, बम्बई, १६१६	...	पत्र
सम्य	=	सम्यक्त्वस्वरूप पञ्चोसो	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १६१३	...	गाथा
सम्यक्त्वो	=	सम्यक्त्वोत्पादविधिकुलक	† हस्तलिखित	...	,,
सा	=	सामान्यगुणोपदेशकुलक	,,	...	,,
सार्ध	=	गणधरसार्धशतकप्रकरण	जौहरी चुन्नीलाल पन्नालाल, बम्बई, १६१६	...	,,
सिक्खा	=	शिक्षाशतक	† हस्तलिखित	...	,,
सिग्घ	=	सिग्घमवहरउ-स्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १६७८	...	,,
सिरि	=	सिरिसिरिवालकहा	दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १६२३	...	,,
सुख	=	सुखबोधा टीका (उत्तराध्ययनस्य)	‡ हस्तलिखित	...	अध्ययन, गाथा
सुज्ज	=	सूर्यप्रज्ञप्ति	आगमोदय-समिति, बम्बई, १६१६	...	पाहुड
सुपा	=	सुपासनाहचरिअ	स्व-संपादित, बनारस, १६१८-१६	...	पृष्ठ
सुर	=	सुरसुंदरीचरिअ	जैन-विविध-साहित्य-शास्त्र-माला, बनारस, १६१६	...	परिच्छेद, गाथा
सूअ	—	सूअगडांगसुत्त	+ १ भीमसिंह माणेक, बंबई, १६३६	...	श्रुतस्कंध, अध्य०
			२ आगमोदय-समिति, बंबई, संवत् १६१७	...	,,
सूअनि	=	सूत्रकृताङ्गनिर्युक्ति	१ हस्तलिखित	...	श्रुतस्कंध
			२ आगमोदय-समिति, बंबई, संवत् १६७३	...	गाथा
			३ भीमसिंह माणेक ,, ,, १६३६	...	,,
सूक्त	=	सूक्तमुक्तावली	दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बंबई, १६२२	...	पत्र
सूत्रचू	=	सूत्रकृतांगचूर्णि	P. T. S.		
से	=	सेतुबंध	निर्णयसागर प्रेस, बंबई, १८६५	...	आश्वासक, पत्र
स्वप्न	=	स्वप्नवासवदत्त	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	...	पृष्ठ
हम्मीर	=	हम्मीरमदमर्दन	गायकवाड ओरिएन्टल सिरीज, नं. १०, १६२०	...	,,
हास्य	=	हास्यचूडामणि (प्रहसन)	,,	...	,,
हि	=	हितोपदेशकुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
हित	=	हितोपदेशसारकुलक	,,	...	,,
हे	=	हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण	* १ डॉ. आर्. पिशेल्-संपादित, १८७७	...	पद, सूत्र
			२ बंबई-संस्कृत-सिरीज, १६००	...	,,
हेका	=	हेमचन्द्र-काव्यानुशासन	निर्णयसागर प्रेस, बंबई, १६०१	...	पृष्ठ

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त ।

‡ देखो 'उत्त' के नीचे की टिप्पणी ।

+ सूत्र के अंक इन दोनों में भिन्न भिन्न हैं, प्रस्तुत कोष में सूत्रांक केवल भी. मा. के संस्करण के दिए गये है ।

प्रथम संस्करण में लेखक का निवेदन

कोई भी भाषा के ज्ञान के लिए उस भाषा का व्याकरण और कोष प्रधान साधन है। प्राकृत भाषा के प्राचीन व्याकरण अनेक हैं, जिनमें चंड का प्राकृतलक्षण, वररुचि का प्राकृतप्रकाश, हेमाचार्य का सिद्धहेम (अष्टम अध्याय), मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व और लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका मुख्य हैं। और अर्वाचीन प्राकृत व्याकरणों की संख्या अल्प होने पर भी उनमें जर्मनी के सुप्रसिद्ध प्राकृत-विद्वान् डॉ. पिशल का प्राकृतव्याकरण सर्वश्रेष्ठ है जो अतिविस्तृत और तुलनात्मक है। परन्तु प्राकृत-कोष के विषय में यह बात नहीं है। प्राकृत के प्राचीन कोषों में अद्यापि पर्यन्त केवल दो ही कोष उपलब्ध हुए हैं—पण्डित धनपाल-कृत पाइअलच्छीनाममाला और हेमाचार्य-प्रणीत देशीनाममाला। इनमें पहला अतिसंक्षिप्त—दो सौ से भी कम पद्यों में ही समाप्त और दूसरा केवल देश्य शब्दों का कोष है। इनके सिवा अन्य कोई भी प्राकृत का कोष न होनेसे प्राकृत के हरएक अभ्यासी को अपने अभ्यास में बहुत असुविधा होती थी, खुद मुझे भी अपने प्राकृत-ग्रन्थों के अनुशीलन-काल में इस अभाव का कटु अनुभव हुआ करता था। इससे आज से करीब पनरह साल पहले पूज्यपाद, प्रातः-स्मरणीय, गुरुवर्य शास्त्र-विशारद जैनाचार्य श्री १००८ श्री विजयधर्मसूरीश्वरजी महाराज की प्रेरणा से प्राकृत का एक उपयुक्त कोष बनाने का मैंने विचार किया था।

इसी अरसे में श्री राजेन्द्र सूरिजी का अभिधानराजेन्द्र नामक कोष का प्रथम भाग प्रकाशित हुआ और अभी दो वर्ष हुए इसका अन्तिम भाग भी बाहर हो गया है। बड़ी बड़ी सात जिल्दों में यह कोष समाप्त हुआ है। इस संपूर्ण कोष का मूल्य २६०) रुपये हैं जो परिश्रम और ग्रन्थ-परिमाण में अधिक नहीं कहे जा सकते। यद्यपि इस कोष की विस्तृत आलोचना करने की न तो यहाँ जगह है, न आवश्यकता ही; तथापि यह कहे बिना नहीं रहा जा सकता कि इसकी तय्यारी में इसके कर्ता और उसके सहकारियों को सचमुच घोर परिश्रम करना पड़ा है और प्रकाशन में जैन श्वेताम्बर संघ को भारी धन-व्यय। परन्तु खेद के साथ कहना पड़ता है कि इसमें कर्ता को सफलता की अपेक्षा निष्फलता ही अधिक मिली है और प्रकाशक के धनका अपव्यय ही विशेष हुआ है। सफलता न मिलने का कारण भी स्पष्ट है। इस ग्रन्थ को थोड़े गौर से देखने पर यह सहज ही मालूम होता है कि इसके कर्ता को न तो प्राकृत भाषाओं का पर्याप्त ज्ञान था और न प्राकृत शब्द-कोष के निर्माण की उतनी प्रबल इच्छा, जितनी जैन-दर्शन-शास्त्र और तर्क-शास्त्र के विषय में अपने पाण्डित्यप्रख्यापन की धून। इसी धून ने अपने परिश्रम को योग्य दिशा में ले जानेवाली विवेक-बुद्धि का भी ह्रास कर दिया है। यही कारण है कि इस कोष का निर्माण, केवल पचहत्तर से भी कम प्राकृत जैन पुस्तकों के ही, जिनमें अर्धमागधी के दर्शनविषयक ग्रंथों की बहुलता है, आधार पर किया गया है और प्राकृत की ही इतर मुख्य शाखाओं के तथा विभिन्न विषयों के अनेक जैन तथा जैनेतर ग्रन्थों में एक का भी उपयोग नहीं किया गया है। इससे यह कोष व्यापक न होकर प्राकृत भाषा का एकदेशीय कोष हुआ है। इसके सिवा प्राकृत तथा संस्कृत ग्रन्थों के विस्तृत अंशों को और कहीं-कहीं तो छोटे-बड़े [1]संपूर्ण ग्रन्थ को ही अवतरण के रूप में उद्धृत करने के कारण पृष्ठ-संख्या में बहुत बड़ा होने पर भी शब्द-संख्या में ऊन ही नहीं, बल्कि आधार-भूत ग्रंथों में आए हुए कई [2]उपयुक्त शब्दों को छोड़ देने से और विशेषार्थ-हीन [3]अतिदीर्घ सामासिक शब्दों की भरती से वास्तविक शब्द-संख्या में यह कोष अतिन्यून भी है। इतना ही नहीं, इस कोष में आदर्श पुस्तकों की, असावधानी की और प्रेस की तो असंख्य अशुद्धियाँ हैं ही, प्राकृत भाषा के अज्ञान से संबन्ध रखनेवाली भूलों की भी कमी नहीं है। और सबसे बढ़कर दोष इस कोष में यह है कि वाचस्पत्य, अनेकान्तजयपताका, अष्टक, रत्नाकरावतारिका आदि केवल संस्कृत के और जैन इतिहास जैसे

---

१. जैसे 'चेइय' शब्द की व्याख्या में प्रतिमाशतक नामक सटीक संस्कृत ग्रन्थ को आदि से लेकर अन्त तक उद्धृत किया गया है। इस ग्रंथ की श्लोक-संख्या करीब पाँच हजार है।

२. अक = अर्क आदि।

३. जैसे अइ-तिक्ख-रोस, अइ-दुक्ख-धम्म, अइ-तिव्व-कम्म-विगम, अकुसल-जोग-णिरोह, आचियंते(?)उर-पर-घर-प्पवेस, अजिम्म(?)-कंत-णयणा, अजस-सय-विसप्पमाण-हियय, अजहण्णुको(?)स-पएसिय आदि। इन शब्दों का इनके अवयवों की अपेक्षा कुछ भी विशेष अर्थ नहीं है।

केवल आधुनिक गुजराती ग्रन्थों के संस्कृत और गुजराती शब्दों पर से कोरी निजी कल्पना से ही[1] बनाये हुए प्राकृत शब्दों की इसमें खूब मिलावट की गई है, जिससे इस कोष की प्रामाणिकता ही एकदम नष्ट हो गई है। ये और अन्य अनेक अक्षम्य दोषों के कारण साधारण अभ्यासी के लिए इस कोष का उपयोग जितना भ्रामक और भयंकर है, विद्वानों के लिए भी उतना ही क्लेशकर है।

इस तरह प्राकृत के विविध भेदों और विषयों के जैन तथा जैनेतर साहित्य के यथेष्ट शब्दों से संकलित, आवश्यक अवतरणों से युक्त, शुद्ध एवं प्रामाणिक कोष का नितान्त अभाव बना ही रहा। इस अभाव की पूर्त्ति के लिये मैंने अपने उक्त विचार को कार्य-रूप में परिणत करने का दृढ़ संकल्प किया और तदनुसार शीघ्र ही प्रयत्न भी शुरु कर दिया गया, जिसका फल प्रस्तुत कोष के रूप में चौदह वर्षों के कठोर परिश्रम के पश्चात् आज पाठकों के सामने उपस्थित है।

प्रस्तुत कोष की तय्यारी में जो अनेक कठिनाइयाँ मुझे झेलनी पड़ी हैं उनमें सर्व-प्रथम प्राकृत के शुद्ध पुस्तकों के विषय में थी। प्राकृत का विशाल साहित्य-भण्डार विविध-विषयक ग्रंथ-रत्नों से पूर्ण होने पर भी आजतक वह यथेष्ट रूप में प्रकाशित ही नहीं हुआ है। और हस्त-लिखित पुस्तकें तो बहुधा अज्ञान लेखकों के हाथ से लिखी जानेके कारण प्रायः अशुद्ध ही हुआ करती हैं; परन्तु आजतक जो प्राकृत की पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं वे भी, न्यूनाधिक परिमाण में, अशुद्धिओं से खाली नहीं हैं। अलबत्, यूरोप की और इस देश की कुछ पुस्तकें ऐसी उत्तम पद्धति से छपी हुई हैं कि जिनमें अशुद्धियाँ बहुत ही कम हैं, और जो कुछ रह भी गई हैं वे उनमें टिप्पणी में दिए हुए अन्य प्रतियों के पाठान्तरों से सुधारी जा सकती हैं। परन्तु दुर्भाग्य से ऐसे संस्करणों की संख्या बहुत ही अल्प—नगण्य हैं। सचमुच, यह बड़े खेद की बात है कि भारतीय और खास कर हमारे जैन विद्वान् प्राचीन पुस्तकों के संशोधन में अधिक हस्तलिखित पुस्तकों का उपयोग करने की और उनके भिन्न-भिन्न पाठों को टिप्पणी के आकार में उद्धृत करने की तकलीफ ही नहीं उठाते। इसका नतीजा यह होता है कि संशोधक की बुद्धि में जो पाठ शुद्ध मालूम होता है वही एक, फिर चाहे वह वास्तव में अशुद्ध ही क्यों न हो, पाठकों को देखने को मिलता है। प्राकृत के इतर मुद्रित ग्रन्थों की तो यह दुर्दशा है ही, परन्तु जैनों के पवित्रतम और अति प्राचीन आगम-ग्रन्थों की भी यही अवस्था है। कई वर्षों के पहले मुर्शिदाबाद के प्रसिद्ध धन-कुबेर राय धनपतिसिंहजी बहादुर ने अनेक आगम-ग्रन्थ भिन्न-भिन्न स्थानों में भिन्न-भिन्न संशोधकों से संपादित करा कर छपवाये थे, जिनमें अधिकांश अज्ञानी संशोधकों से सम्पादित होनेके कारण खूब ही अशुद्ध छपे थे। किन्तु अभी कुछ ही वर्ष हुए हमारी आगमोदय-समिति ने अच्छा फंड एकत्रित करके भी जो आगमों के ग्रन्थ छपवाये हैं वे कागज, छपाई सफाई आदि बाह्य शरीर की सजावट में सुन्दर होने पर भी शुद्धता के विषय में बहुधा पूर्वोक्त संस्करणों की पुनरावृत्ति ही है। क्योंकि, न किसी में आदर्श-पुस्तकों के पाठान्तर देने का परिश्रम किया गया है, न मूल और टीका के प्राकृत शब्दों की संगति की ओर ध्यान दिया गया है, और न तो प्रथम संस्करण की साधारण अशुद्धियाँ सुधारने की यथोचित कोशिश ही की गई है। क्या ही अच्छा हो, यदि श्रीआगमोदयसमिति के कार्य-कर्ताओं का ध्यान इस तथ्य की ओर आकृष्ट हो और वे प्राकृत के विशेषज्ञ और परिश्रमी विद्वानों से संपादित करा कर समस्त (प्रकाशित और अप्रकाशित) आगम-ग्रन्थों का एक शुद्ध (Critical) संस्करण प्रकाशित करें, जिसकी अनिवार्य आवश्यकता है।

इस तरह हस्त-लिखित और मुद्रित प्राकृत-ग्रन्थ प्रायः अशुद्ध होने के कारण आवश्यकतानुसार एकाधिक हस्त-लिखित पुस्तकों का अन्य-ग्रंथों में उद्धृत उन्हीं पाठों का और भिन्न-भिन्न संस्करणों का सावधानी से निरीक्षण करके उनमें से शुद्ध प्राकृत शब्दों का तथा एक ही शब्द के भिन्न-भिन्न परन्तु शुद्ध रूपों का ही यहाँ ग्रहण किया गया है और अशुद्ध शब्द या रूप छोड़ दिए गए हैं। और जिस ग्रंन्थ को एक ही हस्त-लिखित प्रति अथवा एक मुद्रित संस्करण पाया गया है उसमें रही हुई अशुद्धियों का भी संशोधन यथामति किया गया है और संशोधित शब्दों को ही इस कोष में स्थान दिया गया है। साधारण स्थलों को छोड़ कर खास खास स्थानों में ऐसी अशुद्धियों का उल्लेख भी उन पाठों को उद्धृत करके किया गया है, जिससे विद्वान् पाठक को मेरी की हुई शुद्धि की योग्यता या अयोग्यता पर विचार करने की सुविधा हो। इस प्रकार जैसे मूल प्राकृत शब्दों की अशुद्धियों के संशोधन में पूरी सावधानी रक्खी गई है वैसे ही आधुनिक विद्वानों की की हुई छाया (संस्कृत प्रतिशब्द) और अर्थ की भूलों को सुधारने की भी पूरी कोशिश की गई है। सारांश यह कि इस कोष को सर्वाङ्ग-शुद्ध बनाने में संपूर्ण ध्यान दिया गया है। मुझे यह जानकर संतोष हुआ है कि मेरे इस प्रयत्न की कदर भी प्रोफेसर ल्योमेन जैसे प्राकृत के सुप्रसिद्ध जर्मन विद्वान् तक ने की है।[2]

---

१. देखो अअगर, अखंडणाणरज्ज, अगोरसव्वय, अचिंतगुणसमुदय, अज्झत्तबिंदु, अज्झत्तमयपरिक्खा, अज्झत्थबिंदु, अज्झत्थमयपरिक्खा, अभ(?)त्थओगसाहणजुत्त, अणेगंतजयपडागा प्रभृति शब्दों के रेफरेंस।

२. देखो अन्यत्र उद्धृत किए हुए इस ग्रंथ-विषयक अभिप्रायों में रॉयल एसियाटिक सोसाईटी के जर्नल में प्रकाशित प्रो. ल्युमेन का अभिप्राय।

दूसरी मुख्य कठिनाई अर्थ-व्यय के बारे में थी। मेरी आर्थिक अवस्था ऐसी नहीं थी कि इस महान् ग्रंथ की तय्यारी के लिए पुस्तकादि आवश्यक साधनों के और सहायक मनुष्यों के वेतन-खर्च के अतिरिक्त प्रकाशन का भार भी वहन कर सकूँ। और मुफ्त में किसी से आर्थिक सहायता लेना मैं पसन्द नहीं करता था। इससे इस कठिनाई को दूर करने के लिए अग्रिम ग्राहक बनाने की योजना की गई, जिसमें उन अग्रिम ग्राहकों को हर पचीस रुपये में इस संपूर्ण ग्रन्थ की एक कॉपी देने की व्यवस्था थी। इससे मेरी उक्त कठिनाई सम्पूर्ण तो नहीं, किन्तु बहुत-कुछ कम हो गई। इस योजना को इतने दूर तक सफल बनाने का अधिक श्रेय कलकत्ता के जैन श्वेताम्बर-श्रीसंघ के अग्रगण्य नेता श्रीमान् सेठ नरोत्तमभाई जेठाभाई को है, जिन्होंने शुरू से ही इसकी संरक्षकता का भार अपने पर लेते हुए मुझे हर तरह से इस कार्य में सहायता की है, जिसके लिए मैं उनका चिर-कृतज्ञ हूँ। इसी तरह अहमदाबाद-निवासी श्रद्धेय श्रीयुत् केशवलालभाई प्रेमचन्द मोदी बी. ए., एल्एल्. बी. का भी मैं बहुत ही उपकृत हूँ कि जिन्होंने कई मुद्रित पुस्तकों में दी हुई प्राकृत शब्द-सूचियों पर से एकत्रित किया हुआ एक बड़ा शब्द-संग्रह मुझे दिया था; इतना ही नहीं, बल्कि समय समय पर प्राकृत की अनेक हस्त-लखित तथा मुद्रित पुस्तकों का जोगाड़ कर दिया था और उक्त योजना में ग्राहक-संख्या बढ़ा देने का हार्दिक प्रयत्न किया था। प्रातःस्मरणीय, पूज्यपाद, गुरुवर्य मुनिराज श्रीअमीविजयजी महाराज, पूज्य जैनाचार्य श्रीविजयमोहन सूरिजी, जं. यु. भट्टारक श्रीजिनचारित्रसूरिजी तथा स्वतन्त्र-सम्पादक विद्वद्वर्य श्रीयुत् अम्बिकाप्रसादजी वाजपेयी का भी मैं हृदय से उपकार मानता हूँ कि जिनकी प्रेरणा से अग्रिम ग्राहकों की वृद्धि द्वारा मुझे इस कार्य में सहायता मिली है। उन महानुभावों को, जिनके शुभ नाम इसी ग्रन्थ में अन्यत्र दी हुई अग्रिम-ग्राहक-सूची में प्रकाशित किए गए हैं[1], अनेकानेक धन्यवाद हैं कि जिन्होंने यथाशक्ति अल्पाधिक संख्या में इस पुस्तक की कॉपियाँ खरीद कर मेरा यह कार्य सरल कर दिया है। यहाँ पर मेरे मित्र श्रीयुत् सेठ गिरधरलाल त्रिकमलाल और श्रीमान् बाबू डालचंदजी सिंघी के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। इन दोनों महाशयों ने अपनी अपनी शक्ति के अनुसार यथेष्ट संख्या में इस कोष की कॉपियाँ खरीदने के अतिरिक्त मुझे इस कार्य के लिये समय समय पर बिना सूद ऋण देने की भी कृपा की थी। यह कहने में कोई अत्युक्ति नहीं है कि यदि उक्त सब महानुभावों की यह सहायता मुझे प्राप्त न हुई होती तो इस कोष का प्रकाशन मेरे लिए मुश्किल ही नहीं, असंभव था।

यहाँ इस बात का भी उल्लेख करना उचित जान पड़ता है कि आज से करीब दस वर्ष पहले मेरे सहाध्यापक श्रद्धेय प्रोफेसर मुरलीधर बनर्जी एम्. ए. महाशय ने और मैंने मिलकर एक प्रस्ताव विशिष्ट पद्धति का प्राकृत-इंग्लिश कोष तैयार करने के लिए कलकत्ता-विश्वविद्यालय में उपस्थित किया था, परन्तु उस समय वह अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसके कई वर्ष बाद जब मेरे इस प्राकृत-हिन्दी कोष का प्रथम भाग प्रकाशित हुआ तब उसे देखकर कलकत्ता-विश्वविद्यालय के कर्णधार स्वर्गीय ऑनरेबल जस्टिस आशुतोष मुकर्जी इतने संतुष्ट हुए कि उन्होंने तुरंत ही विश्वविद्यालय की तरफ से हम दोनों के तत्त्वावधान में इसी तरह के प्रमाण-युक्त एक प्राकृत-इङ्गिलश कोश तैय्यार और प्रकाशित करने का न केवल प्रस्ताव ही पास करवाया, बल्कि उसको कार्य-रूप में परिणत करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था भी करायी है। इसके लिए उनको जितने धन्यवाद दिये जायँ, कम हैं। यहाँ पर मैं कलकत्ता-विश्वविद्यालय की भी प्रशंसा किए विना नहीं रह सकता कि जिसके द्वारा मुझे इस कार्य में समय, पुस्तक आदि की अनेक सुविधाएँ मिली हैं, जिससे यह कार्य अपेक्षा-कृत शीघ्रता से पूर्ण हो सका है। इस कोष के उपोद्घात से सम्बन्ध रखनेवाले अनेक ऐतिहासिक जटिल प्रश्नों को सुलझाने में श्रद्धेय प्रोफेसर मुरलीधर बनर्जी एम्. ए. ने अपने कीमती समय का विना संकोच भोग देकर मुझे जो सहायता की है उसके लिए मैं उनका अन्तः-करण से आभार मानता हूँ।

इस कोष के मुद्रण-कार्य के आरम्भ से लेकर प्रायः शेष होने तक, समय समय पर जैसे जैसे जो अतिरिक्त हस्त-लिखित और मुद्रित पुस्तकें या संस्करण मुझे प्राप्त होते जाते थे वैसे वैसे उनका भी यथेष्ट उपयोग इस कोष में किया जाता था। यही कारण है कि तब तक के अमुद्रित भाग के शब्द उनके रेफरेंसों के साथ साथ प्रस्तुत कोष में ही यथास्थान शामिल कर दिए जाते थे और मुद्रित अंश के शब्दों का एक अलग संग्रह तय्यार किया जाता था जो परिशिष्ट[2] के रूप में इसी ग्रंथ में अन्यत्र प्रकाशित किया जाता है। ऐसा करते हुए तृतीय भाग के छपने तक जिन अतिरिक्त पुस्तकों का उपयोग किया गया था उनकी एक अलग सूची भी तृतीय भाग में दी गई थी। उसके बाद के अतिरिक्त पुस्तकों की अलग सूची इसमें न देकर प्रथम की दोनों (द्वितीय और तृतीय भाग में प्रकाशित) सूचियों की जो एक साधारण सूची यहाँ दी जाती है उसीमें उन पुस्तकों का भी वर्णानुक्रम से यथास्थान समावेश किया गया है, जिससे पाठकों को अलग अलग रेफरेंस-सूचियाँ देखने की तकलीफ न हो।

उक्त परिशिष्ट में केवल उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है जो पूर्व-संग्रह में न आने के कारण एकदम नये हैं या आने पर भी लिंग या अर्थ में पूर्वगत शब्द की अपेक्षा विशेषता रखते हैं। केवल रेफरेंस की विशेषता को लेकर किसी शब्द को परिशिष्ट में पुनरावृत्ति नहीं की गई है।

---

१. 'अग्रिम-ग्राहक सूची' का अंश द्वितीय संस्करण में नहीं छापा गया है—संपादक।

२. 'परिशिष्ट' का संपूर्ण अंश इस द्वितीय संस्करण में यथास्थान समावेश कर दिया गया है—संपादक।

यद्यपि मेरी मातृभाषा हिन्दी नहीं है तथापि वही एकमात्र भारतवर्ष की सर्वाधिक व्यापक और इसलिए राष्ट्र-भाषा के योग्य होने के कारण यहाँ अर्थ के लिए विशेष उपयुक्त समझी गई है।

अन्त में, आर्ष से लेकर अपभ्रंश तक की प्राकृत भाषाओं के विविध-विषयक जैन एवं जैनेतर प्राचीन ग्रंथों के (जिनकी कुल संख्या ढाई सौ से भी ज़्यादा है) अतिविशाल शब्द-राशि से, संस्कृत प्रतिशब्दों से, हिन्दी अर्थों से, सभी आवश्यक अवतरणों से और संपूर्ण प्रमाणों से परिपूर्ण इस बृहत् प्राकृत-कोष में, यथेष्ट सावधानता रखने पर भी, जो कुछ मनुष्य-स्वभाव-सुलभ त्रुटियाँ या भूलें हुई हों उनको सुधारने के लिए विद्वानों से नम्र प्रार्थना करता हुआ यह आशा रखता हूँ कि वे ऐसी भूलों के विषय में मुझे सतर्क करेंगे ताकि द्वितीयावृत्ति में तदनुसार संशोधन का कार्य सरल हो पड़े। जो विद्वान् मेरे भ्रम-प्रमादों की प्रामाणिक पद्धति से सूचना देंगे, मैं उनका चिर-कृतज्ञ रहूँगा।

यदि मेरी इस कृति से, प्राकृत-साहित्य के अभ्यास में थोड़ी भी सहायता पहुँचेगी तो मैं अपने इस दीर्घ-काल-व्यापी परिश्रम को सफल समझूँगा।

कलकत्ता
ता० ३१-१-२८

हरगोविन्द दास टि. सेठ

प्रथम संस्करण का उपोद्‌घात

जो भाषा अतिप्राचीन काल में इस देश के आर्य लोगों की कथ्य भाषा—बोलचाल की भाषा—थी, जिस भाषा में भगवान् महावीर और बुद्धदेव ने अपने पवित्र सिद्धान्तों का उपदेश दिया था, जिस भाषा को जैन और बौद्ध विद्वानों ने विविध-विषयक विपुल साहित्य की रचना कर अपनाई है, जिस भाषा में श्रेष्ठ काव्य-निर्माण द्वारा प्रवरसेन, हाल आदि महाकवियों ने अपनी अनुपम प्रतिभा का परिचय दिया है, जिस भाषा के मौलिक साहित्य के आधार पर संस्कृत के अनेक उत्तम ग्रन्थों की रचना हुई है, संस्कृत के नाटक-ग्रन्थों में संस्कृत-भिन्न जिस भाषा का प्रयोग दृष्टिगोचर होता है, जिस भाषा से भारतवर्ष की वर्तमान समस्त आर्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई है और जो भाषाएँ भारत के अनेक प्रदेशों में आजकल भी बोली जाती हैं, इन सब भाषाओं का साधारण नाम है प्राकृत, क्योंकि ये सब भाषाएँ एकमात्र प्राकृत के ही बिभिन्न रूपान्तर हैं जो समय और स्थान की भिन्नता के कारण उत्पन्न हुई हैं। इसीसे इन भाषाओं के व्यक्ति-वाचक नामों के आगे 'प्राकृत' शब्द का प्रयोग आजतक किया जाता है, जैसे प्राथमिक प्राकृत, आर्ष या अर्धमागधी प्राकृत, पाली प्राकृत, पैशाची प्राकृत, शौरसेनी प्राकृत, महाराष्ट्री प्राकृत, अपभ्रंश प्राकृत, हिन्दी प्राकृत, बंगला प्राकृत आदि।

प्राकृत किसे कहते हैं ?

भारतवर्ष की अर्वाचीन और प्राचीन भाषाएँ और उनका परस्पर सम्बन्ध

भाषातत्त्व के अनुसार भारतवर्ष की आधुनिक कथ्य भाषाएँ इन पाँच भागों में विभक्त की जा सकती है :—(१) आर्य (Aryan), (२) द्राविड़ (Dravidian), (३) मुण्डा (Munda), (४) मन्-ख्मेर (Mon-khmer) और (५) तिब्बत-चीना (Tibeto-Chinese).

भारत की वर्तमान भाषाओं में मराठी, बँगला, ओड़िया, बिहारी, हिन्दी, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी और काश्मीरी भाषा आर्य भाषा से उत्पन्न हुई हैं। पारसी तथा अंग्रेजी, जर्मनी आदि अनेक आधुनिक युरोपीय भाषाओं की उत्पत्ति भी इसी आर्य भाषा से है। भाषा-गत सादृश्य को देखकर भाषा-तत्त्व-ज्ञाताओं का यह अनुमान है कि इस समय विच्छिन्न और बहु-दूरवर्ती भारतीय आर्य-भाषा-भाषी समस्त जातियाँ और उक्त युरोपीय भाषा-भाषी सकल जातियाँ एक ही आर्य-वंश से उत्पन्न हुई हैं।

तेलगु, तामिल और मलयालम प्रभृति भाषाएँ द्राविड़ भाषा के अन्तर्गत हैं; कोल तथा साँथाली भाषा मुण्डा भाषा के अन्तर्भूत हैं; खासी भाषा मन्ख्मेर भाषा का और भोटानी तथा नागा भाषा तिब्बत-चीना भाषा का निदर्शन है। इन समस्त भाषाओं की उत्पत्ति किसी आर्य भाषा से सम्बन्ध नहीं रखती, अतएव ये सभी अनार्य भाषाएँ हैं। यद्यपि ये अनार्य भाषाएँ भारत के ही दक्षिण, उत्तर और पूर्व भाग में बोली जाती हैं तथापि अंग्रेजी आदि सुदूरवर्ती भाषाओं के साथ हिन्दी आदि आर्य भाषाओं का जो वंश-गत ऐक्य उपलब्ध होता है, इन अनार्य भाषाओं के साथ वह सम्बन्ध नहीं देखा जाता है।

ये सब कथ्य भाषाएँ आजकल जिस रूप में प्रचलित हैं, पूर्वकाल में उसी रूप में न थीं, क्योंकि कोई भी कथ्य भाषा कभी एक रूप में नहीं रहती। अन्य वस्तुओं की तरह इसका रूप भी सर्वदा बदलता ही रहता है—देश, काल और व्यक्ति-गत उच्चारण के भेद से भाषा का परिवर्तन अनिवार्य होता है। यद्यपि यह परिवर्तन जो लोग भाषा का व्यवहार करते हैं उनके द्वारा ही होता है तथापि उस समय वह लक्ष्य में नहीं आता। पूर्वकाल की भाषा के संरक्षित आदर्श के साथ तुलना करने पर बाद में ही वह जाना जाता है। प्राचीन काल की जिन भारतीय भाषाओं के आदर्श संरक्षित हैं—जिन भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया है, उनके नाम ये हैं—वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, पाली, अशोक लिपि तथा उसके बाद की लिपि की भाषा और प्राकृत भाषा-समूह। इनमें प्रथम की दो भाषाएँ कभी जन-साधारण की कथ्य भाषा न थीं, केवल लेख्य—साहित्यिक भाषा—ही थीं। अवशिष्ट भाषाएँ कथ्य और लेख्य उभय रूप में प्रचलित थीं। इस

समय ये समस्त भाषाएँ कथ्य रूप से व्यवहृत नहीं होतीं, इसी कारण ये मृत भाषा (dead languages) कहलाती हैं। उक्त वैदिक आदि सब भाषाएँ आर्य भाषा के अन्तर्गत हैं और इन्हीं प्राचीन आर्य भाषाओं में से कईएक क्रमशः रूपान्तरित होकर आधुनिक समस्त आर्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

ये प्राचीन आर्य भाषाएँ कौन युग में किस रूप में परिवर्तित होकर क्रमशः आधुनिक कथ्य भाषाओं में परिणत हुईं, इसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जाता है।

प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं का परिणति-क्रम

सर जॉर्ज ग्रियर्सन ने अपनी लिग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया (Linguistic survey of India) नामक पुस्तक में भारतवर्षीय समस्त आर्य भाषाओं के परिणाम का जो क्रम दिखाया है उसके अनुसार वैदिक भाषा उक्त साहित्य-भाषाओं में सर्व-प्राचीन है। इसका समय अनेक विद्वानों के मत में ख्रिस्ताब्द-पूर्व दो हजार वर्ष (2000 B. C.) और प्रो. मेक्समूलर के मत में ख्रिस्ताब्द-पूर्व बारह सौ वर्ष (1200 B. C.) है। यह वेद-भाषा क्रमशः परिमार्जित होती हुई ब्राह्मण, उपनिषद् और यास्क के निरुक्त की भाषा में और बाद में पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होकर लौकिक संस्कृत में परिणत हुई है। पाणिनि आदि के पद-प्रभृति के नियम-रूप संस्कारों को प्राप्त करने के कारण यह संस्कृत कहलाई। मुख्य रूप से 'संस्कृत' शब्द का प्रयोग इसी भाषा के अर्थ में किया जाता है। यह संस्कृत भाषा वैदिक भाषा से उत्पन्न होने से उसके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध रखने से वेद-भाषा के अर्थ में भी 'संस्कृत' शब्द बाद के समय से प्रयुक्त होने लग गया है। पाणिनि के बाद संस्कृत भाषा का कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह परिवर्तन होने में—वेद-भाषा को लौकिक संस्कृत के रूप में परिणत होने में—प्रायः डेढ़ हजार वर्ष लगे हैं। पाणिनि का समय गोल्डस्टुकर के मत में ख्रिस्ताब्द-पूर्व सप्तम शताब्दी और बोथलिंक के मत में ख्रिस्ताब्द-पूर्व चतुर्थ शताब्दी है।

वेद-भाषा और लौकिक संस्कृत

यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि डॉ. हॉर्नेलि और सर ग्रियर्सन के मन्तव्य के अनुसार आर्य लोगों के दो दल भिन्न-भिन्न समय में भारतवर्ष में आये थे[1]। पहले आर्यों के एक दल ने यहाँ आकर मध्यदेश में अपने उपनिवेश की स्थापना की थी। इसके कई सौ वर्षों के बाद आर्यों के दूसरे दल ने भारत में प्रवेश कर प्रथम दल के आर्यों को मध्यदेश की चारों ओर भगा कर उनके स्थान को अपने अधिकार में किया और मध्यदेश को ही अपना वास-स्थान कायम किया। उक्त विद्वानों को यह मन्तव्य इसलिए करना पड़ा है कि मध्यदेश के चारों पार्श्वों में स्थित पंजाब, सिन्ध, गुजरात, राजपूताना, महाराष्ट्र, अयोध्या, बिहार, बंगाल और उड़ीसा प्रदेशों की आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं में परस्पर जो निकटता देखी जाती है तथा मध्यदेश की आधुनिक हिन्दी भाषा [पाश्चात्य हिन्दी] के साथ उन सब प्रान्तों की भाषाओं में जो भेद पाया जाता है, उस निकटता और भेद का अन्य कोई कारण दिखाना असम्भव है। मध्यदेशवासी इस दूसरे दल के आर्यों का उस समय का जो साहित्य और जो सभ्यता थी उन्हीं के क्रमशः नाम हैं वेद और वैदिक सभ्यता।

वेद और वैदिक सभ्यता

---

१. आर्य लोगों के आदिम वास-स्थान के विषय में आधुनिक विद्वानों में गहरा मत-भेद है। कोई स्कान्डीनेविया को, कोई जर्मनी को, कोई पोलएड को, कोई हंगरी को, कोई दक्षिण रशिया को, कोई मध्य एशिया को आर्यों की आदिम निवास-भूमि मानते हैं तो कोई-कोई पंजाब और काश्मीर को ही इनका प्रथम वसति-स्थान बतलाते हैं। किन्तु अधिकांश विद्वान् भाषा-तत्त्व के द्वारा इस सिद्धान्त पर उपनीत हुए हैं कि युरोपीय और पूर्वदेशीय आर्यों में प्रथम विच्छेद हुआ। पीछे पूर्वदेश के आर्य लोग मेसेपोटेमिया और ईरान में एक साथ रहे और एक ही देव-देवी की उपासना करते थे। उसके बाद वे भी विच्छिन्न होकर एक दल फारस में गया और अन्य दल ने अफगानिस्तान के बीच होकर भारतवर्ष में प्रवेश और निवास किया। परन्तु जैन और हिन्दू शास्त्रों के अनुसार भारतवर्ष ही चिरकाल से आर्यों का आदिम निवास-स्थान है। कोई-कोई आधुनिक विद्वान् ने पुरातत्त्व की नूतन खोज के आधार पर भारतवर्ष से ही कुछ आर्य लोगों का ईरान आदि देशों में गमन और विस्तार-लाभ सिद्ध किया है, जिससे उक्त शास्त्रीय प्राचीन मत का समर्थन होता है।

उक्त वेद-भाषा प्राचीन होने पर भी वह वैदिक युग में जन-साधारण की कथ्य भाषा न थी, ऋषि-लोगों की साहित्य-भाषा थी। उस समय जन-साधारण में वैदिक भाषा के अनुरूप अनेक प्रादेशिक भाषाएँ (dialects) कथ्य रूप से प्रचलित थीं। इन प्रादेशिक भाषाओं में से एक ने परिमार्जित होकर वैदिक साहित्य में स्थान पाया है। ऊपर वैदिक युग से पूर्व काल में आए हुए प्रथम दल के जिन आर्यों के मध्यदेश के चारों तरफ के प्रदेशों में उपनवेशों का उल्लेख किया गया है उन्होंने वैदिक युग अथवा उसके पूर्व-काल में अपने-अपने प्रदेशों की कथ्य भाषाओं में, दूसरे दल के आर्यों की वेद-रचना की तरह, किसी साहित्य की रचना नहीं की थी। इससे उन प्रादेशिक आर्य भाषाओं का तात्कालिक साहित्य में कोई निदर्शन न रहने से उनके प्राचीन रूपों का संपूर्ण लोप हो गया है। वैदिक काल की और इसके पूर्व की उन समस्त कथ्य भाषाओं को सर ग्रियर्सन ने प्राथमिक प्राकृत (Primary Prākrits) नाम दिया है। यही प्राकृत भाषा-समूह का प्रथम स्तर (First stage) है। इसका समय ख्रिस्त-पूर्व २००० से ख्रिस्त-पूर्व ६०० तक का निर्दिष्ट किया गया है। प्रथम स्तर की ये समस्त प्राकृत भाषाएँ स्वर और व्यञ्जन आदि के उच्चारण में तथा विभक्तियों के प्रयोग में वैदिक भाषा के अनुरूप थीं। इससे ये भाषाएँ विभक्ति-बहुल (synthetic) कही जाती है।

प्राकृत-भाषाओं का प्रथम स्तर (ख्रिस्त-पूर्व २००० से ख्रिस्त-पूर्व ६००)

वैदिक युग में जो प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ कथ्य रूप से प्रचलित थीं, उनमें परवर्ति-काल में अनेक परिवर्तन हुए जिनमें ऋ, ॠ आदि स्वरों का, शब्दों के अन्तिम व्यञ्जनों का, संयुक्त व्यञ्जनों का तथा विभक्ति और वचन-समूह का लोप या रूपान्तर मुख्य हैं। इन परिवर्तनों से ये कथ्य भाषाएँ प्रचुर परिमाण में रूपान्तरित हुईं। इस तरह द्वितीय स्तर (second stage) की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई। द्वितीय स्तर की ये भाषाएँ जैन और बौद्ध धर्म के प्रचार के समय से अर्थात् ख्रिस्त-पूर्व षष्ठ शताब्दी से लेकर ख्रिस्तीय नवम या दशम शताब्दी पर्यन्त प्रचलित रहीं। भगवान् महावीर और बुद्धदेव के समय ये समस्त प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ, अपने द्वितीय स्तर के आकार में, भिन्न-भिन्न प्रदेशों में कथ्य भाषा के तौर पर व्यवहृत होती थीं। उन्होंने अपने सिद्धान्तों का उपदेश इन्हीं कथ्य प्राकृत भाषाओं में से एक में दिया था। इतना ही नहीं, बल्कि बुद्धदेव ने अपना उपदेश संस्कृत भाषा में न लिखकर कथ्य प्राकृत भाषा में लिखने के लिए अपने शिष्यों को आदेश दिया था। इस तरह प्राकृत भाषाओं का क्रमशः साहित्य की भाषाओं में परिणत होने का सूत्रपात हुआ, जिसके फलस्वरूप पश्चिम मगध और सूरसेन देश के मध्यवर्ती प्रदेश में प्रचलित कथ्य भाषा से जैनों के धर्म-पुस्तकों की अर्ध-मागधी और पूर्व मगध में प्रचलित लोक-भाषा से बौद्ध धर्म-ग्रन्थों की पाली भाषा उत्पन्न हुई। पाली भाषा के उत्पत्ति-स्थान के सम्बन्ध में पाश्चात्य विद्वानों का जो मतभेद है उसका विचार हम आगे जा कर करेंगे। ख्रिस्ताब्द से २५० वर्ष पहले सम्राट् अशोक ने बुद्धदेव के उपदेशों को भिन्न-भिन्न प्रदेशों में वहाँ-वहाँ की विभिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषाओं में खुदवाए। इन अशोक शिलालेखों में द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के असंदिग्ध सर्व-प्राचीन निदर्शन संरक्षित हैं। द्वितीय स्तर के मध्य भाग में—प्रायः ख्रिस्तीय पंचम शताब्दी के पूर्व में भिन्न-भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाओं की उत्पत्ति हुई। इस स्तर की भाषाओं में चतुर्थी विभक्ति का, सब विभक्तियों के द्विवचनों का और आख्यात की अधिकांश विभक्तियों का लोप होने पर भी विभक्तियों का प्रयोग अधिक मात्रा में विद्यमान था। इससे इस स्तर की भाषाएँ भी विभक्ति-बहुल कही जाती हैं।

प्राकृत-भाषाओं का द्वितीय स्तर (ख्रिस्त-पूर्व ६०० से ख्रिस्ताब्द ६००)

सर ग्रियर्सन ने यह सिद्धान्त किया है कि आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं से, खासकर उसके शेष भाग में प्रचलित विविध अपभ्रंश भाषाओं से हुई है और आधुनिक भाषाओं को 'तृतीय स्तर की प्राकृत (Tertiary Prākrits)' कह कर निर्देश किया है। इन भाषाओं की उत्पत्ति का समय ख्रिस्तीय दशम शताब्दी है। इनका साधारण लक्षण यह है कि इनमें अधिकांश विभक्तियों का लोप हुआ है, एवं भाषाओं की प्रकृति विभक्ति-बहुल न होकर विभक्तियों के बोधक स्वतन्त्र शब्दों का व्यवहार हुआ है। इससे ये विश्लेषणशील भाषाएँ (Analytical Languages) कही जाती हैं।

प्राकृत भाषाओं का तृतीय स्तर या आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति (ख्रिस्ताब्द ६००)

जिस प्रादेशिक अपभ्रंश से जिस आधुनिक भारतीय आर्य भाषा की उत्पत्ति हुई है उसका विवरण आगे 'अपभ्रंश' शीर्षक में दिया जायगा।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का इतिहास

प्रस्तुत कोष में द्वितीय स्तर की साहित्यिक प्राकृत भाषाओं के शब्दों को ही स्थान दिया गया है। इससे इन भाषाओं की उत्पत्ति और परिणति के सम्बन्ध में यहाँ पर कुछ विस्तार से विवेचन करना आवश्यक है।

साधारणतः लोगों की यही धारणा है कि संस्कृत भाषा से ही द्वितीय स्तर की समस्त प्राकृत भाषाएँ और आधुनिक भारतीय भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं। कई प्राकृत-वैयाकरणों ने भी अपने प्राकृत-व्याकरणों में इसी मत का समर्थन किया है। परन्तु यह मत कहाँ तक सत्य है, इसका विचार करने के पहले इन भाषाओं के भेदों को जानने की जरूरत है।

प्राकृत का संस्कृत-सापेक्ष विभाग

बताए हैं उनसे तथा "अत एत् सौ पुंसि मागध्याम्[1] (हे० प्रा० ४, २८७) इस सूत्र की व्याख्या में जो "[2]यदपि "[3]पोराणमद्धमागह-भासानिययं हवइ सुत्तं[4]" इत्यादिना आर्षस्य अर्धमागधभाषानियतत्वमाम्नायि वृद्धैस्तदपि प्रायोऽस्यैव विधानात्, न वक्ष्यमाणलक्षणस्य" यह कहकर उसी के अनन्तर जो दशवैकालिक सूत्र से उद्धृत "कयरे आगच्छइ, से तारिसे जिइंदिए" यह उदाहरण दिया है उससे उक्त बात निर्विवाद सिद्ध होती है।

डॉ. जेकोबी ने प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री कहकर 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है।[5] डॉ. पिशल ने अपने सुप्रसिद्ध प्राकृत-व्याकरण में डॉ. जेकोबी की इस बात का सप्रमाण खंडन किया है और यह सिद्ध किया है कि आर्ष और अर्धमागधी इन दोनों में परस्पर भेद नहीं है, एवं प्राचीन जैन सूत्रों की—गद्य और पद्य दोनों की भाषा परम्परागत मत के अनुसार अर्धमागधी है[6]। परवर्ती काल के जैन प्राकृत ग्रन्थों की भाषा अल्पांश में अर्धमागधी की और अधिकांश में महाराष्ट्री की विशेषताओं से युक्त होने के कारण 'जैन महाराष्ट्री' कही जा सकती है; परन्तु प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को, जो शौरसेनी आदि भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री से अधिक साम्य रखती हुई भी, अपनी उन अनेक खासियतों से परिपूर्ण है जो महाराष्ट्र आदि किसी प्राकृत में दृष्टिगोचर नहीं होती हैं, यह (जैन महाराष्ट्री) नाम नहीं दिया जा सकता।

अर्धमागधी महाराष्ट्री से भिन्न है

पंडित बेचरदास अपने गुजराती प्राकृत-व्यारकण की प्रास्तावना में जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा को[7]प्राकृत (महाराष्ट्री) सिद्ध करने की विफल चेष्टा करते हुए डॉ. जेकोबी से भी दो कदम आगे बढ़ गए हैं, क्योंकि डॉ. जेकोबी जब इस भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री—साहित्य-निबद्ध महाराष्ट्री से पुरातन महाराष्ट्री बताते हैं तब पंडित बेचरदास, प्राकृत भाषाओं के इतिहास जानने की तनिक भी परवाह न रखकर, अर्वाचीन महाष्ट्री से इस प्राचीन अर्धमागधी को अभिन्न सिद्ध करने जा रहे हैं! पंडित बेचरदास ने अपने सिद्धान्त के समर्थन में जो दलीलें पेश की हैं वे अधिकांश में भ्रान्त संस्कारों से उत्पन्न होने के कारण कुछ महत्त्व न रखती हुई भी कुतूहल-जनक अवश्य हैं। उन दलीलों का सारांश यह है—(१) अर्धमागधी में महाराष्ट्री से मात्र दो-चार रूपों की ही विशेषता; (२) आचार्य हेमचन्द्र का इस भाषा के लिए स्वतन्त्र व्याकरण या शौरसेनी आदि की तरह अलग-अलग सूत्र न बनाकर प्राकृत (महाराष्ट्री) या आर्ष प्राकृत में ही इसको अन्तर्गत करना; (३) इसमें मागधी भाषा की कतिपय विशेषताओं का अभाव; (४) निशीथचूर्णिकार के अर्धमागधी के दोनों में एक भी लक्षण की इसमें असंगति; (५) प्राचीन जैन ग्रन्थों में इस भाषा का 'प्राकृत' शब्द से निर्देश; (६) नाट्य-शास्त्र में और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट अर्धमागधी के साथ प्रस्तुत अर्धमागधी की असमानता।

---

१. मागधी भाषा में अकारान्त पुंलिंग शब्द के प्रथमा के एकवचन में 'ए' होता है।

२. इसका अर्थ यह है कि प्राचीन आचार्यों ने "पुराना सूत्र अर्धमागधी भाषा में नियत है" इत्यादि वचन-द्वारा आर्ष भाषा को जो अर्धमागधी भाषा कही है वह प्रायः मागधी भाषा के इसी एक एकारवाले विधान को लेकर, न कि आगे कहे जानेवाले मागधी भाषा के अन्य लक्षण के विधान को लेकर।

३. इसी वचन के आधार पर डॉ. हॉर्नलि का चण्ड-कृत प्राकृतलक्षण के इन्ट्रोडक्शन (पृष्ठ १८-१९) में यह लिखना कि हेमचन्द्र के मत में 'पोराण' आर्ष प्राकृत का एक नाम है, भ्रम-पूर्ण है, क्योंकि यहाँ पर 'पोराण' यह सूत्र का ही विशेषण है, भाषा का नहीं।

४. आवश्यकसूत्र के पारिष्ठापनिकाप्रकरण (दे० ला० पु० फं० पत्र ६२८) में यह संपूर्ण गाथा इस तरह है:—
"पुव्वावरसंजुत्तं वेरग्गकरं सतंतमविरुद्धं। पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं॥"

५. Kalpa Sutra, Sacred Books of the East, VoL. XII.

६. Grammatik der Prākrit-Sprachen, 16-17.

७. जैसे आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है वैसे पंडित बेचरदास ने भी अपने प्राकृत-व्याकरण में, जो केवल हेमाचार्य के ही प्राकृत-व्याकरण के आधार पर रचा गया है, सर्वत्र साहित्यिक महाराष्ट्री के अर्थ में ही प्राकृत शब्द का व्यवहार किया है।

प्रथम दलील के उत्तर में हमें यहाँ अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं, इसी प्रकरण के अन्त में महाराष्ट्री से अर्धमागधी की विशेषताओं की जो संक्षिप्त सूची दी गई है वही पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त डॉ बनारसीदास की 'अर्धमागधी रीडर', मुनि श्रीरत्नचन्द्रजी की 'जैन-सिद्धान्त कौमुदी' और डॉ. पिशल का 'प्राकृत-व्याकरण' मौजूद है; जिनमें क्रमशः अधिकाधिक संख्या में अर्धमागधी की विशेषताओं का संग्रह है। आचार्य हेमचन्द्र के ही प्राकृत-व्याकरण के 'आर्षम्' सूत्र से, इसकी स्पष्ट और सर्व-भेद-ग्राही व्यापक व्याख्या[1] से और जगह-जगह किए हुए आर्ष के सोदाहरण उल्लेखों[2] से दूसरी दलील की निर्मूलता सिद्ध होती है। यदि आचार्य हेमचन्द्र द्वारा ही निर्दिष्ट की हुई दो-एक विशेषताओं के कारण चूलिकापैशाची अलग भाषा मानी जा सकती है, अथवा आठ-दस विशेषताओं को लेकर शौरसेनी, मागधी और पैशाची भाषाओं को भिन्न-भिन्न भाषा स्वीकार करने में आपत्ति नहीं की जा सकती, तो कोई वजह नहीं है कि उसी वैयाकरण के द्वारा प्रकारान्तर से अथच स्पष्ट रूप से बताई हुई वैसी ही अनेक विशेषताओं के कारण आर्ष या अर्धमागधी भी भिन्न भाषा न कही जाय। तीसरी दलील की जड़ यह भ्रान्त संस्कार है कि 'वही भाषा अर्धमागधी कही जाने योग्य हो सकती है जिसमें मागधी भाषा का आधा अंश हो'। इसी भ्रान्त संस्कार के कारण चौथी दलील में उद्धृत निशीथचूर्णि के अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का सत्य और सीधा अर्थ भी उक्त पंडितजी की समझ में नहीं आया है। इस भ्रान्त संस्कार का निराकरण और निशीथचूर्णिकार द्वारा बताए हुए अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का और उसके वास्तविक अर्थ का निर्देश इसी प्रकरण में आगे चलकर आर्धमागधी के मूल की आलोचना के समय किया जायगा, जिससे इन दोनों दलीलों के उत्तरों को यहाँ दुहराने की आवश्यकता नहीं है। पाँचवीं दलील भी प्राचीन आचार्यों के द्वारा जैन सूत्र-ग्रन्थों की भाषा के अर्थ में प्रयुक्त किए हुए 'प्राकृत' शब्द को 'महाराष्ट्री' के अर्थ में घसीटने से ही हुई है। मालूम पड़ता है, पंडितजी ने जैसे अपने व्याकरण में 'प्राकृत' शब्द को केवल महाराष्ट्री के लिए रिजर्व कर रखा है वैसे सभी प्राचीन आचार्यों के 'प्राकृत' शब्द को भी वे एकमात्र महाराष्ट्री के ही अर्थ में मुकर्रर किया हुआ समझ बैठे हैं[3]। परन्तु यह समझ गलत है। प्राकृत शब्द का मुख्य अर्थ है प्रादेशिक कथ्य भाषा—लोक-भाषा। प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति भी वास्तव में इसी अर्थ से संगति रखती है यह हम पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं। खिस्त की षष्ठ शताब्दी के आचार्य दण्डी ने अपने काव्यादर्श में—

'शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी। याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु संनिधिम्॥' (१, ३५)।

इन खुले शब्दों में यही बात कही है। इससे भी यह स्पष्ट है कि प्राकृत शब्द मुख्यतः प्रादेशिक लोक-भाषा का ही वाचक है और इससे साधारणतः सभी प्रादेशिक कथ्य भाषाओं के अर्थ में इसका प्रयोग होता आया है। दण्डी के समय तक के सभी प्राचीन ग्रंथों में इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार देखा जाता है। खुद दंडी ने भी महाराष्ट्री भाषा में प्राकृत शब्द के प्रयोग को 'प्रकृष्ट' शब्द से विशेषित करते हुए इसी बात का समर्थन किया है[4]। दण्डी के महाराष्ट्री को 'प्रकृष्ट प्राकृत' कहने के बाद ही से विशेष प्रसिद्धि होने के कारण, महाराष्ट्री के अर्थ में 'प्रकृष्ट' शब्द को छोड़ कर केवल प्राकृत शब्द का भी प्रयोग हेमचन्द्र आदि, किन्तु दण्डी के पीछे के ही विद्वानों ने, कहीं कहीं किया है। पंडितजी ने वररुचि के समय से लेकर पीछले आचार्यों का महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार करने की जो बात उक्त टिप्पणी में ही लिखी है उससे प्रतीत होता है कि उन्होंने न तो वररुचि का ही व्याकरण देखा है और न उनके पीछे के आचार्यों के ही ग्रन्थों का निरीक्षण करने की कोशिश की है, क्योंकि वररुचि ने तो 'शेषं महाराष्ट्रीवत्' (प्राकृतप्रकाश १२, ३२) कहते हुए इस अर्थ में महाराष्ट्री शब्द का ही प्रयोग किया है, न कि प्राकृत शब्द का। आचार्य हेमचन्द्र ने भी कुमारपालचरित में 'पाइआहि भासाहिं' (१, १) में बहुवचन का निर्देश कर और देशीनाममाला (१, ४) में 'विशेष' शब्दलगाकर 'प्राकृत' का प्रयोग साधारण

---

१. 'आर्षं प्राकृतं बहुलं भवति। तदपि यथास्थानं दर्शयिष्यामः। आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते' (हे० प्रा० १, ३)।

२. देखो, हेमचन्द्र-प्राकृत व्याकरण के १, ४६; १, ५७; १, ७६; १, ११८; १, ११६; १, १५१; १, १७७; १, २२८; १, २५४; २, १७; २, २१; २, ८६; २, १०१; २, १०४; २, १४६; २, १७४; ३, १६२; और ४, २८७ सूत्रों की व्याख्या।

३. 'ऊपरना बधा उल्लेखोमां वपरायेलो 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषानो सूचक छे, अनुयोगद्वारमां 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषाना अर्थमां वपरायेलो छे. (पृ० १३१ स०)। वैयाकरण वररुचिना समयथी तो ए शब्द ज अर्थमां वपरातो आव्यो छे; अने ए पछीना आचार्योए पण ए शब्दने ए ज अर्थमां वापरेलो छे, माटे कोईए अहीं ए शब्दने मरडवो नहीं।' (प्राकृत-व्याकरण, प्रवेश, पृष्ठ २६ टिप्पणी)।

४. 'महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः' (काव्यादर्श १, ३४)।

लोक-भाषा के ही अर्थ में ही किया है। आचार्य दण्डी और हेमचन्द्र ही नहीं, बल्कि खिस्त की नववीं शताब्दी के कवि राजशेखर[1], ग्यारहवीं शताब्दी के नमिसाधु[2], उन्नीसवीं शताब्दी के प्रेमचन्द्रतर्कवागीश प्रभृति[3] प्रभूत जैन और जैनेतर विद्वानों ने इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है। इस तरह जब यह अभ्रान्त सत्य है कि प्राचीन काल से लेकर आजतक प्राकृत शब्द प्रादेशिक कथ्य भाषा के अर्थ में व्यवहृत होता आया है और इसका मुख्य और प्राचीन अर्थ साधारणतः सभी और विशेषतः कोई भी प्रादेशिक भाषा है, तब प्राचीन आचार्यों द्वारा भगवान् महावीर की उपदेश-भाषा के और उनके समसामयिक शिष्य सुधर्मस्वामि-प्रणीत जैन सूत्रों की भाषा के ही अभिप्राय में प्रयुक्त किए हुए 'प्राकृत' शब्द का 'अर्ध मगध-प्रदेश (जहाँ भगवान् महावीर और सुधर्मस्वामी का उपदेश और विचरण होना प्रसिद्ध है) की लोक-भाषा (अर्धमागधी)' इस सुसंगत अर्थ को छोड़ कर मगध से सुदूरवर्ती प्रदेश 'महराष्ट्र (जहाँ न तो भगवान् महावीर का और न सुधर्मस्वामी का ही उपदेश या विहार होना जाना गया है) की भाषा (महाराष्ट्री)' यह असंगत अर्थ लगाना, अपनी हीन विवेचना-शक्ति का परिचय देना है। इसी सिलसिले में पंडितजी ने अनुयोगद्वार सूत्र की एक अपूर्ण गाथा उद्धृत की है। यदि उक्त पंडितजी अनुयोगद्वार की गाथा के पूर्वार्ध का यहाँ पर उल्लेख करने के पहले इस गाथा के मूल स्थान को ढूँढ पाते और वे प्राकृत शब्द से जिस भाषा (महाराष्ट्री) का ग्रहण करते हैं इसके और प्राचीन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा के इतिहास को न जानते हुए भी सिर्फ उत्तरार्ध-सहित इस गाथा पर ही प्रकरण-संगति के साथ जरा गौर से विचार करने का कष्ट उठाते, तो हमारा यह विश्वास है कि वे कम से कम इस गाथा का यहाँ हवाला देने का साहस और अनुयोगद्वार के कर्त्ता पर अर्धमागधी के विस्मरण का व्यङ्ग-बाण छोड़ने की धृष्टता कदापि नहीं कर पाते। क्योंकि इस गाथा का मूल स्थान है तृतीय अंग-ग्रन्थ जिसका नाम स्थानाङ्ग-सूत्र है। इसी स्थानाङ्ग-सूत्र के सम्पूर्ण स्वर-प्रकरण को अनुयोगद्वार-सूत्र में उद्धृत किया गया है जिसमें वह गाथा भी शामिल है। वह सम्पूर्ण गाथा इस तरह है :—

"सक्कता पागता चेव दुहा भणिईओ आहिया। सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता ॥"

इसका शब्दार्थ है—"संस्कृत और प्राकृत ये दो प्रकार की भाषाएँ कही गई हैं, गाये जाते स्वर-समूह (षड्ज-प्रभृति) में ऋषिभाषिता—आर्ष भाषा प्रशस्त है।" यहाँ पर प्रकरण है सामान्यतः गीत की भाषा का। वर्तमान समय की तरह उस समय भी सभी भाषाओं में गीत होते थे। इससे यहाँ पर इन सभी भाषाओं का निर्देश करना ही सूत्रकार को अभिप्रेत है जो उन्होंने संस्कृत—व्याकरण-संस्कार युक्त भाषा और प्राकृत—व्याकरण-संस्कार-रहित—लोक-भाषा इन दो मुख्य विभागों में किया है। इस तरह इस गाथा में पहले गीत की भाषाओं का सामन्य रूप से निर्देश कर बाद में इन भाषाओं में जो प्रशस्त है वह 'ऋषिभाषिता' इस विशेष रूप से बताई गई है। यदि यहाँ पर प्राकृत शब्द का 'प्रादेशिक लोक-भाषा' यह सामान्य अर्थ न लेकर पंडितजी के कथनानुसार 'महाराष्ट्री' यह विशेष अर्थ लिया जाय तो गीत की सभी भाषाओं का निर्देश, जो सूत्रकार को करना आवश्यक है, कैसे हो सकता है? क्या उस समय अन्य लोक-भाषाओं में गीत होते ही न थे? गीत का ठेका क्या संस्कृत और महाराष्ट्री इन दो भाषाओं को ही मिला हुआ था? यह कभी संभावित नहीं है। इसी गाथा के उत्तरार्ध के "पसत्था इसिभासिता" इस वचन से अर्धमागधी की सूचना ही नहीं, बल्कि उसका श्रेष्ठपन भी सूत्रकार ने स्पष्ट रूप में बताया है। इससे पंडितजी के उस कथन में कुछ भी सत्यांश नजर नहीं आता है, जो उनसे सूत्रकार के अर्धमागधी की अलग सूचना न करने के बारे में किया गया है।

जैसे बौद्धसूत्रों की मागधी (पालि) से नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट मागधी भिन्न है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी से नाट्य-शास्त्र की या प्राकृत व्याकरणों की अर्धमागधी भी अलग है। इससे बौद्धसूत्रों की मागधी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की मागधी से मेल न रखने के कारण जैसे महाराष्ट्री न कही जाकर मागधी कही जाती है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा भी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की अर्धमागधी से समान न होने की वजह से ही महाराष्ट्री न कही जाकर अर्धमागधी ही कही जा सकती है।

---

१. 'परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो' (कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

२. 'सूरसेन्यपि प्राकृतभाषैव, तथा प्राकृतमेवापभ्रंशः' (काव्यालङ्कार-टिप्पण २, १२)।

३. 'सर्वासामेव प्राकृतभाषाणां'—(काव्यादर्श-टीका १, ३३), 'तादृशीरयनेन देशनामोपलक्षिताः सर्वा एव भाषाः प्राकृतसंज्ञयोच्यन्त इति सूचितम्' (काव्यादर्श-टीका १, ३५)।

नाटकीय अर्धमागधी जैन-सूत्रों की अर्धमागधी से भिन्न है

भरत-रचित कहे जाते नाट्य-शास्त्र में जिन सात भाषाओं का उल्लेख है उनमें एक अर्धमागधी भी है।[1] इसी नाट्यशास्त्र में नाटकों के नौकर, राजपुत्र और श्रेष्ठी इन पात्रों के लिए इस भाषा का प्रयोग निर्दिष्ट किया गया है।[2] इससे नाटकों में इन पात्रों की जो भाषा है वह अर्धमागधी कही जाती है। परन्तु नाटकों की अर्धमागधी और जैन सूत्रों की अर्धमागधी में परस्पर समानता की अपेक्षा इतना अधिक भेद है कि यह एक दूसरे से अभिन्न कभी नहीं कही जा सकती। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी भाषा के लक्षण बताकर उसी प्रकरण के शेष में अर्धमागधी भाषा का यह लक्षण कहा है—"[3]शौरसेन्या अदूरत्वादियमेवार्धमागधी" अर्थात् शौरसेनी भाषा के निकट-वर्ती होने के कारण मागधी ही अर्धमागधी है। इस लक्षण के अनन्तर उन्होंने उक्त नाट्य-शास्त्र के उस वचन को उद्धृत किया है, जिसमें अर्धमागधी के प्रयोगार्ह पात्रों का निर्देश है और इसके बाद उदाहरण के तौर पर वेणीसंहार की राक्षसी की एक उक्ति का उल्लेख कर अर्धमागधी का प्रकरण खतम किया है। इससे यह स्पष्ट मालूम होता है कि भरत का अर्धमागधी-विषयक उक्त वचन और मार्कण्डेय का अर्धमागधी-विषयक उक्त लक्षण नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही रचित है; जैन सूत्रों की अर्धमागधी के साथ इसका कोई संबन्ध नहीं है। क्रमदीश्वर ने अपने प्राकृत-व्याकरण में अर्धमागधी का जो लक्षण किया है वह यह है—"[4]महाराष्ट्रीमिश्रार्धमागधी" अर्थात् महाराष्ट्री से मिश्रित मागधी भाषा ही अर्धमागधी है। जान पड़ता है, क्रमदीश्वर का यह लक्षण भी नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही प्रयोज्य है, क्योंकि उक्त नाट्यशास्त्र में जिन पात्रों के लिए अर्धमागधी के प्रयोग का नियम बताया गया है, अनेक नाटकों में उन पात्रों की भाषा भिन्न-भिन्न है[5]। संभवतः इसी भिन्नता के कारण ही क्रमदीश्वर ने और मार्कण्डेय ने अर्धमागधी के भिन्न-भिन्न लक्षण किए हैं।

महाराष्ट्री से अर्धमागधी प्राचीन है

जैसे हम पहले कह चुके हैं, जैन सूत्रों की अर्धमागधी में इतर भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री के लक्षण अधिक देखने में आते हैं। किन्तु यह याद रखना चाहिए कि ये लक्षण साहित्यिक महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में नहीं आये हैं। इसका कारण यह है कि जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा साहित्यिक महाराष्ट्री भाषा से अधिक प्राचीन है और इससे यही (अर्धमागधी) महाराष्ट्री का मूल कही जा सकती है।[6] डॉ. हॉर्नेलि ने जैन अर्धमागधी को ही आर्ष प्राकृत कहकर इसीको परवर्ती काल में उत्पन्न नाटकीय अर्धमागधी, महाराष्ट्री और शौरसेनी भाषाओं का मूल माना है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री नाम न दे कर प्राकृत के सामान्य नाम से एक भाषा के लक्षण दिए हैं और उनके उदाहरण साधारण तौर से अर्वाचीन महाराष्ट्री-साहित्य से उद्धृत किये हैं; परन्तु जहाँ अर्धमागधी के प्राचीन जैन ग्रन्थों से उदाहरण लिए हैं वहाँ इसको आर्ष प्राकृत का विशेष नाम दिया है। इससे प्रतीत होता है कि आचार्य हेमचन्द्र ने भी एक ही भाषा के प्राचीन रूप को आर्ष प्राकृत और अर्वाचीन रूप को महाराष्ट्री मानते हुए आर्ष प्राकृत को महाराष्ट्री का मूल स्वीकार किया है।

नाटकीय अर्धमागधी में मागधी भाषा के लक्षण अधिकांश में पाये जाते हैं इससे 'मागधी से ही अर्धमागधी भाषा की उत्पत्ति हुई है और जैन सूत्रों की भाषा में मागधी के लक्षण अधिक न मिलने से वह अर्धमागधी कहलाने योग्य नहीं' यह जो भ्रान्त संस्कार कई लोगों के मन में जमा हुआ है, उसका मूल है अर्धमागधी शब्द को मागधी भाषा के अर्धांश

---

१. "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी। बाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः" (१७, ४८)।

२. "चेटानां राजपुत्राणां श्रेष्ठिनां चार्धमागधी" (भरतीय नाट्यशास्त्र, निर्णयसागरीय संस्करण, १७, ५०)।
मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में इस विषय में भरत का नाम देकर जो वचन उद्धृत किया है वह इस तरह है—"राक्षसी-श्रेष्ठिचेटानुकम्यदिरर्धमागधी' इति भरतः" यह पाठान्तर ज्ञात होता है।

३. प्राकृतसर्वस्व (पृष्ठ १०३)।

४. संक्षिप्तसार (पृष्ठ ३८)।

५. देखो, भास-रचित कहे जाते 'चारुदत्त' और 'स्वप्नवासदत्त' में क्रमशः चेट तथा चेटी की भाषा और शूद्रक के 'मृच्छकटिक' में चेट और श्रेष्ठी चन्दनदास की भाषा।

६. "It thus seems to me very clear, that the Prākrit of Chanda is the ARSHA or ancient (Porana) form of the Ardhamāgadhi, Mahārāshtri and Sauraseni." (Introduction to Prākrita Lakshana of Chanda, Page XIX).

में ग्रहण करना, अर्थात् 'अर्धं मागध्याः' यह व्युत्पत्ति कर 'जिसका अर्धांश मागधी भाषा वह अर्धमागधी' ऐसा करना।

अर्धमागधी शब्द की संगत-व्युत्पत्ति

वस्तुतः अर्धमागधी शब्द की न वह व्युत्पत्ति ही सत्य है और न वह अर्थ ही। अर्धमागधी शब्द की वास्तविक व्युत्पत्ति है 'अर्धमगधस्येयम्' और इसके अनुसार इसका अर्थ है 'मगध देश के अर्धांश की जो भाषा वह अर्धमागधी'। यही बात खिस्त की सातवीं शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि महत्तर ने निशीथचूर्णि नामक ग्रन्थ में "पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं" इस उल्लेख के 'अर्धमागध' शब्द की व्याख्या के प्रसङ्ग में इन स्पष्ट शब्दों में कही है :—"मगहद्धविसयभासानिबद्धं अद्धमागहं" अर्थात् मगध देश के अर्ध प्रदेश की भाषा में निबद्ध होने के कारण प्राचीन सूत्र 'अर्धमागध' कहा जाता है।

परन्तु, अर्धमागधी का मूल उत्पत्ति स्थान पश्चिम मगध अथवा मगध और शूरसेन का मध्यवर्ती प्रदेश (अयोध्या) होने पर भी जैन अर्धमागधी में मागधी और शौरसेनी भाषा के विशेष लक्षण देखने में नहीं आते। महाराष्ट्री के साथ ही इसका अधिक सादृश्य नजर आता है। यहाँ पर प्रश्न होता है कि इस सादृश्य का कारण क्या है? सर ग्रियर्सन ने

जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-स्थान और उसका 'महाराष्ट्री' के साथ सादृश्य का कारण

अपने प्राकृत-भाषाओं के भौगोलिक विवरण में यह स्थिर किया है कि जैन अर्धमागधी मध्यदेश (शूरसेन) और मगध के मध्यवर्ती देश (अयोध्या) की भाषा थी एवं आधुनिक पूर्वीय हिन्दी उससे उत्पन्न हुई है। किन्तु हम देखते हैं कि अर्धमागधी के लक्षणों के साथ मागधी, शौरसेनी और आधुनिक पूर्वीय हिन्दी का कोई सम्बन्ध नहीं है, परन्तु महाराष्ट्री प्राकृत और आधुनिक मराठी भाषा के साथ उसका सादृश्य अधिक है। इसका कारण क्या? किसीने अभीतक यह ठीक-ठीक नहीं बताया है। यह सम्भव है, जैसा हम पाटलिपुत्र के सम्मेलन के प्रसंग में ऊपर कह आये हैं, चन्द्रगुप्त के राजत्वकाल में (खिस्त-पूर्व ३१०) बारह वर्षों के अकाल के समय जैन मुनि-संघ पाटलीपुत्र से दक्षिण की ओर गया था। उस समय वहाँ के प्राकृत के प्रभाव से अंग-ग्रन्थों की भाषा का कुछ-कुछ परिवर्तन हुआ था। यही महाराष्ट्री प्राकृत का आर्ष प्राकृत के साथ सादृश्य का कारण हो सकता है।

सर आर. जि. भाण्डारकर जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-समय खिस्तीय द्वितीय शताब्दी मानते हैं। उनके मत में कोई भी साहित्यिक प्राकृत भाषा खिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी से पहले की नहीं है। शायद इसी मत का अनुसरण कर डॉ. सुनीतिकुमार चटर्जी ने अपनी Origin and Development of Bengalee Language नामक पुस्तक में

उत्पत्ति-समय

(Introduction, page 18) समस्त नाटकीय प्राकृत-भाषाओं का और जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-काल खिस्तीय तृतीय शताब्दी स्थिर किया है। परन्तु त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों का निर्माण-समय अन्ततः खिस्त की दूसरी शताब्दी के बाद का न होने से और अश्वघोष-कृत बौद्ध-धर्म-विषयक नाटकों के जो कतिपय अंश डॉ. ल्युडर्स ने प्रकाशित किए हैं उनका समय खिस्त की प्रथम शताब्दी निश्चित होने से यह प्रमाणित होता है कि उस समय भी नाटकीय प्राकृत भाषाएँ प्रचलित थीं। और डॉ. ल्युडर्स ने यह स्वीकार किया है कि अश्वघोष के नाटकों में जैन अर्धमागधी भाषा के निदर्शन हैं। इससे जैन अर्धमागधी की प्राचीनता का यह भी एक विश्वस्त प्रमाण है। इसके अतिरिक्त, डॉ. जेकोबी जैन सूत्रों की भाषा और मथुरा के शिलालेखों (खिस्तीय सन् ८३ से १७६) की भाषा से यह अनुमान करते हैं कि जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी का काल खिस्त-पूर्व चतुर्थ शताब्दी का शेष भाग अथवा खिस्त-पूर्व तृतीय शताब्दी का प्रथम भाग है। हम डॉ. जेकोबी के इस अनुमान को ठीक समझते हैं जो पाटलिपुत्र के उस सम्मेलन से संगति रखता है जिसका उल्लेख हम पूर्व कर चुके हैं।

संस्कृत के साथ महाराष्ट्री के जो प्रधान-प्रधान भेद हैं, उनकी संक्षिप्त सूची महाराष्ट्री के प्रकरण में दी जायगी। यहाँ पर महाराष्ट्री से अर्धमागधी की जो मुख्य-मुख्य विशेषताएँ हैं उनकी संक्षिप्त सूची दी जाती है। उससे अर्ध मागधी के

लक्षण

लक्षणों के साथ महाराष्ट्री के लक्षणों की तुलना करने पर यह अच्छी तरह ज्ञात हो सकता है कि महाराष्ट्री की अपेक्षा अर्धमागधी की वैदिक और लौकिक संस्कृत से अधिक निकटता है जो अर्ध-मागधी की प्राचीनता का एक श्रेष्ठ प्रमाण कहा जा सकता है।

वर्ण-भेद

१. दो स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क के स्थान में प्रायः सर्वत्र ग और अनेक स्थलों में त और य होता है; जैसे—

ग—प्रकल्प = पगप्प; आकर = आगर; आकाश = आगास; प्रकार = पगार; श्रावक = सावग; विवर्जक = विवज्जग; निषेवक = णिसेवग; लोक = लोग; आकृति = आगइ।

त—आराधक = आराहत (ठाणंगसूत्र—पत्र ३१७), सामायिक = सामातित (ठा० ३२२), विशुद्धिक = विशुद्धित (ठा० ३२२), अधिक = अहित (ठा० ३६३), शाकुनिक = साउणित (ठा ३६३), नैषधिक = णेसजित (ठा० ३६७), वीरासनिक = वीरासणित (ठा० ३६७), वर्धकि = वड्ढति (ठा० ३६८), नैरयिक = नेरतित (ठा० ३६६), सीमंतक = सीमंतत (ठा० ४५८), नरकात् = नरतातो (ठा० ४५८), माडम्बिक = माडंबित (ठा० ४५६), कौटुम्बिक = कोडुंबित (ठा० ४५६), सचक्षुष्केण = सचक्खुतेणं (विपाकश्रुत—पत्र ५), कूणिक = कूणित (विपा० ५ टि), अन्तिकात् = अंतितातो (विपा० ७), राहसिकेन = रहस्सितेणं (विपा ४; १८) इत्यादि।
य—कायिक = काइय, लोक = लोय वगैरह।

२. दो स्वरों के बीच का असंयुक्त ग प्रायः कायम रहता है। कहीं-कहीं इसका त और य होता है; जैसे—आगम = आगम, आगमन = आगमण, आनुगामिक = आणुगामिय, आगमिष्यत् = आगमिस्स, जागर = जागर, अगारिन् = अगारि, भगवन् = भगवं; अतिग = अतित (ठा० ३६७); सागर = सायर।

३. दो स्वरों के बीच के असंयुक्त च और ज के स्थान में त और य उभय ही होता है। च के उदाहरण, जैसे—नाराच = णारात (ठा० ३५७), वचस् = वति (ठा० ३६८; ४५०), प्रवचन = पावतण (ठा० ४५१), कदाचित् = कयाती (विपा० १७; ३०); वाचना = वायणा, उपचार = उवयार; लोच = लोय, आचार्य = आयरिय। ज के कुछ निदर्शन ये हैं—भोजिन् = भोति (सूत्र० २, ६, १०), वज्र = वतिर (ठा० ३५७), पूजा = पूता (ठा० ३५८), राजेश्वर = रातीसर (ठा० ४५६), आत्मजः = अत्तते (विपा० ४ टि), प्रजात = पयाय, कामध्वजा = कामज्झया, आत्मज = अत्तय।

४. दो स्वरों का मध्यवर्ती त प्रायः कायम रहता है कहीं-कहीं इसका य होता है; यथा—वन्दते = वंदति, नमस्यति = नमंसति, पर्युपास्ते = पज्जुवासति (सूत्र २, ७; विपा—पत्र ६), जितेन्द्रिय = जितिंदिय (सूत्र २, ६, ५), सतत = सतत (सूत्र १, १, ४, १२), भवति = भवति (ठा०—पत्र ३१७), अंतरित = अंतरित (ठा० ३४६), धैवत = धेवत (ठा० ३६३), जाति = जाति, आकृति = आगिति, विहरति = विहरति (विपा—४), पुरतः = पुरतो, करोति = करेति (विपा० ६), ततः = तते (विपा० ६; ७; ८), संदिसतु = संदिसतु, संलपति = संलवति (विपा० ७; ८), प्रभृति = पभिति (विपा० १५; १६), करतल = करयल।

५. स्वरों के बीच में स्थित द का द और त ही अधिकांश में देखा जाता है, कहीं-कहीं य भी होता है, जैसे—
द—प्रदिशः = पदिसो (आचा), भेद = भेद, अनादिकं = अणादियं (सूत्र २, ७), वदत् = वदमाण, नदति = णदति, जनपद = जणवद, वेदिष्यति = वेदिहिती (ठा०—पत्र क्रमशः ३२१, ३६३, ४५८, ४५६) इत्यादि।
त—यदा = जता, पाद = पात, निषाद = निसात, नदी = नती, मृषावाद = मुसावात, वादिक = वातित, अन्यदा = अन्नता, कदाचित् = कताती (ठा०—पत्र क्रमशः ३१७, ३४६, ३६३, ३६७, ४५०, ४५१, ४५८, ४५६); यदि = जति, चिरादिक = चिरातीत (विपा० पत्र ४) इत्यादि।
य—प्रतिच्छादन = पडिच्छायण, चतुष्पद = चउप्पय वगैरह।

६. दो स्वरों के मध्य में स्थित प के स्थान में प्रायः सर्वत्र व ही होता है; यथा—पापक = पावग, संलपति = संलवति, सोपचार = सोवयार, अतिपात = अतिवात, उपनीत = उवणीय, अभ्युपपन्न = अज्झोववण्ण, उपगूढ = उवगूढ, आधिपत्य = आहेवच्च, तपक = तवय, व्यपरोपित = ववरोवित इत्यादि।

७. स्वरों के मध्यवर्ती य प्राएः कायम रहता है, अनेक स्थानों में इसका त देखा जाता है; जैसे—
य—वायव = वायव, प्रिय = पिय, निरय = निरय, इन्द्रिय = इन्दिय, गायति = गायइ प्रभृति।
त—स्यात् = सिता, सामायिक = सामातित, कायिक = कातित, पालयिष्यन्ति = पालतिस्संति, पर्याय = परितात, नायक = णातग, गायति = गातति, स्थायिन् = ठाति, शायिन् = साति, नैरयिक = नेरतित (ठा० पत्र क्रमशः ३१७, ३२२, ३२३, ३५७, ३५८, ३६३, ३६४, ३६७, ३६८, ३६६), इन्द्रिय = इन्दित (ठा० ३२२, ३५५) इत्यादि।

८. दो स्वरों के बीच के व के स्थान में व, त, और य होता है; यथा—
व—वायव = वायव, गौरव = गारव, भवति = भवति, अनुविचिन्त्य = अणुवीति (सूत्र १, १, ३, १३) इत्यादि।
त—परिवार = परिताल, कवि = कति (ठा० पत्र क्रमशः ३५८, ३६३) इत्यादि।
य—परिवर्तन = परियट्टण, परिवर्तना = परियट्टणा (ठा० ३४६) वगैरह।

९. महाराष्ट्री में स्वर-मध्य-वर्ती असंयुक्त क, ग, च, ज, त, द, प, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः सर्वत्र लोप होता है और प्राकृतप्र ाश आदि प्राकृत-व्या रणों के अनुसार इन लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य कोई वर्ण नहीं होता। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और क ्रमञ्जरी आदि नाटकों की महाराष्ट्री भाषा में भी यह लक्षण ठीक-ठीक देखने में

आता है। आचार्य हेमचन्द्र के प्राकृत-व्याकरण के अनुसार उक्त लुप्त व्यञ्जनों के दोनों तरफ अवर्ण (अ या आ) होने पर लुप्त व्यञ्जन के स्थान में 'य्' होता है। 'गउडवहो' में यह 'य्' अधिक मात्रा में (उक्त व्यञ्जनों के पूर्व में अवर्ण-भिन्न स्वर रहने पर भी) पाया जाता है। परन्तु जैन अर्धमागधी में, जैसा हम ऊपर देख चुके हैं, प्रायः उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य अन्य व्यञ्जन होते हैं और कहीं कहीं तो वही व्यञ्जन कायम रहता है। हाँ, कहीं कहीं उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य व्यञ्जन होने या वही व्यञ्जन रहने के बदले महाराष्ट्री की तरह लोप भी देखा जाता है; किन्तु यह लोप वहाँ पर ही देखने में आता है जहाँ उक्त व्यञ्जनों के बाद अ या आ से भिन्न कोई स्वर होता है; जैसे—लोकः = लोओ, रोचित = रोइत, भोजिन् = भोइ, आतुर = आउर, आदेशि = आएसि, कायिक = काइय, आवेश = आएस वगैरह।

१०. शब्द के आदि में, मध्य में और संयोग में सर्वत्र ण की तरह न भी होता है; जैसे—नदी = नई, ज्ञातपुत्र = नायपुत्त, आरनाल = आरनाल, अनल = अनल, अनिल = अनिल, प्रज्ञा = पन्ना, अन्योन्य = अन्नमन्न, विज्ञ = विन्नु, सर्वज्ञ = सव्वन्नु इत्यादि।

११. एव के पूर्व के अम् के स्थान में आम् होता है; यथा—यामेव = जामेव, तामेव = तामेव, क्षिप्रमेव = खिप्पामेव, एवमेव = एवामेव, पूर्वमेव = पुव्वामेव इत्यादि।

१२. दीर्घ स्वर के बाद के इति वा के स्थान में ति वा और इ वा होता है; जैसे—इन्द्रमह इति वा = इंदमहे ति वा, इंदमहे इ वा इत्यादि।

१३. यथा और यावत् शब्द के य का लोप और ज दोनों ही देखे जाते हैं; जैसे—यथाख्यात = अहक्खाय, यथाजात = अहाजात, यथानामक = जहाणामए, यावत्कथा = आवकहा, यावज्जीव = जावज्जीव।

वर्णागम

१. गद्य में भी अनेक स्थलों में समास के उत्तर शब्द के पहले म् आगम होता है; यथा—निरयंगामी, उड्ढंगारव, दीहंगारव, रहस्संगारव, गोणमाइ, सामाइयमाइयाइं, अजहण्णमणुक्कोस, अदुक्खमसुहा आदि। महाराष्ट्री के पद्य में पादपूर्त्ति के लिए ही कहीं कहीं म् आगम देखा जाता है, गद्य में नहीं।

शब्द-भेद

१. अर्धमागधी में ऐसे प्रचुर शब्द हैं जिनका प्रयोग महाराष्ट्री में प्रायः उपलब्ध नहीं होता; यथा—अज्झत्थिय, अज्झोववण्ण, अणुवीति, आघवणा, आघवेत्तग, आणापाणू, आवीकम्म, कण्हुइ, केमहालय, दुरूढ, पच्चत्थिमिल्ल, पाउकुव्वं, पुरत्थिमिल्ल, पोरेवच्च, महतिमहालिया, वक्क, विउस इत्यादि।

२. ऐसे शब्दों की संख्या भी बहुत बड़ी है जिनके रूप अर्धमागधी और महाराष्ट्री में भिन्न भिन्न प्रकार के होते हैं। उनके कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं :—

अर्धमागधी	महाराष्ट्री	अर्धमागधी	महाराष्ट्री
अभियागम	अब्भागम	तच्च (तथ्य)	तच्छ
आउंटण	आउंचण	तेगिच्छा	चिइच्छा
आहरण	उआहरण	दुवालसंग	बारसंग
उप्पि	उवरिं, अवरिं	दोच्च	दुइअ
किया	किरिआ	नितिय	णिच्च
कीस, केस	केरिस	निएय	णिअअ
केवच्चिर	किअच्चिर	पडुप्पन्न	पच्चुप्पण्ण
गेहि	गिद्धि	पच्छेकम्म	पच्छाकम्म
चियत्त	चइअ	पाय (पात्र)	पत्त
छच्च	छक्क	पुढो (पृथक्)	पुहं, पिहं
जाया	जत्ता	पुरेकम्म	पुराकम्म
णिगण, णिगिण (नग्न)	णग्ग	पुव्वि	पुव्वं
णिगिणिण (नाग्न्य)	णग्गत्तण	माय (मात्र)	मत्त, मेत्त
६ तच्च (तृतीय)	तइअ	माहण	बम्हण

अर्धमागधी	महाराष्ट्री	अर्धमागधी	महाराष्ट्री
मिलक्खु, मेच्छ	मिलिच्छ	सीआण, सुसाण	मसाण
वग्गू	वाआ	सुमिण	सिमिण
वाहणा (उपानह्)	उवाणआ	सुहम, सुहुम	सण्ह
सहेज्ज	सहाअ	सोहि	सुद्धि

और, दुवालस, बारस, तेरस, अउणवीसइ, बत्तीस, पणतीस, इगयाल, तेयालीस, पणयाल, अढयाल, एगट्ठि, बावट्ठि, तेवट्ठि, छावट्ठि, अढसट्ठि, अउणत्तरि, बावत्तरि, पणणत्तरि, सत्तहत्तरि, तेयासी, छलसीइ, बाणउइ प्रभृति संख्या-शब्दों के रूप अर्धमागधी में मिलते हैं, महाराष्ट्री में वैसे नहीं।

नाम-विभक्ति

१. अर्धमागधी में पुंलिंग अकारान्त शब्द के प्रथमा के एकवचन में प्रायः सर्वत्र ए और क्वचित् ओ होता है, किन्तु महाराष्ट्री में ओ ही होता है।

२. सप्तमी का एक वचन स्सिं होता है जब महाराष्ट्री में म्मि।

३. चतुर्थी के एक वचन में आए या आते होता है; जैसे—देवाए, सवणयाए, गमणाए, अट्ठाए, अहिताते, असुभाते, अखमाते (ठा० पत्र ३५८) इत्यादि महाराष्ट्री में यह नहीं है।

४. अनेक शब्दों के तृतीया के एकवचन में सा होता है; यथा—मणसा, वयसा, कायसा, जोगसा, बलसा, चक्खुसा; महाराष्ट्री में इनके स्थान में क्रमशः मणेण, वएण, काएण, जोगेण, बलेण, चक्खुणा।

५. कम्म और धम्म शब्द के तृतीया के एक वचन में पालि की तरह कम्मुणा और धम्मुणा होता है, जब कि महाराष्ट्री में कम्मेण और धम्मेण।

६. अर्धमागधी में तत् शब्द के पञ्चमी के बहुवचन में तेब्भो रूप भी देखा जाता है।

७. युष्मत् शब्द की षष्ठी का एकवचन संस्कृत की तरह तव और अस्मत् की षष्ठी का बहुवचन अस्माकं अर्धमागधी में पाया जाता है जो महाराष्ट्री में नहीं है।

आख्यात-विभक्ति

१. अर्धमागधी में भूतकाल के बहुवचन में इंसु प्रत्यय है; जैसे—पुच्छिंसु, गच्छिंसु, आभासिंसु इत्यादि। महाराष्ट्री में यह प्रयोग लुप्त हो गया है।

धातु-रूप

१. अर्धमागधी में आइक्खइ, कुव्वइ, भुंवि, होक्खती, बूया, अब्बवी, होत्था, हुत्था, पहारेत्था, आघं, दुरूहइ, विगिंचए, तिवायए, अकासी, तिउट्टई, तिउट्टिज्जा, पडिसंधयाति, सारयती, घेच्छिइ, समुच्छिहिति, आहंसु प्रभृति प्रभूत प्रयोगों में धातु की प्रकृति, प्रत्यय अथवा ये दोनों जिस प्रकार में पाये जाते हैं, महाराष्ट्री में वे भिन्न भिन्न प्रकार के देखे जाते हैं।

धातु-प्रत्यय

१. अर्धमागधी में त्वा प्रत्यय के रूप अनेक तरह के होते हैं :—

(क) ट्टु; जैसे—कट्टु, साहट्टु, अवहटटु इत्यादि।

(ख) इत्ता, एत्ता, इत्ताणं और एत्ताणं; यथा—चइत्ता, विउट्टित्ता, पासित्ता, करेत्ता, पासित्ताणं, करेत्ताणं इत्यादि।

(ग) इत्तु; यथा—दुरूहित्तु, जाणित्तु, वधित्तु प्रभृति।

(घ) च्चा; जैसे—किच्चा, णच्चा, सोच्चा, भोच्चा, चेच्चा वगैरह।

(ङ) इया; यथा—परिजाणिया, दुरूहिया आदि।

(च) इनके अतिरिक्त विउक्कम्म, निसम्म, समिच्च, संखाए, अणुवीति, लद्धं, लद्धूण, दिस्सा इत्यादि प्रयोगों में 'त्वा' के रूप भिन्न भिन्न तरह के पाये जाते हैं।

२. तुम् प्रत्यय के स्थान में इत्तए या इत्तते प्रायः देखने में आता है; जैसे—करित्तए, गच्छित्तए, संभुंजित्तए, उवसामित्तते (विपा० १३), विहरित्तए आदि।

३. ऋकारान्त धातु के त प्रत्यय के स्थान में ड होता है; जैसे—कड, मड, अभिहड, वावड, संवुड, वियड, वित्थड प्रभृति।

तद्धित

१. तर प्रत्यय का तराय रूप होता है; यथा—अणिट्ठतराए, अप्पतराए, बहुतराए, कंततराए इत्यादि।
२. आउसो, आउसंतो, गोमी, वुसिमं, भगवंतो, पुरत्थिम, पचत्थिम, ओयंसी, दोसिणो, पोरेवच्च आदि प्रयोगों में मतुप्, और अन्य तद्धित प्रत्ययों के जैसे रूप जैन अर्धमागधी में देखे जाते हैं, महाराष्ट्री में वे भिन्न तरह के होते हैं।

महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में इनके अतिरिक्त और भी अनेक सूक्ष्म भेद हैं, जिनका उल्लेख विस्तार-भय से यहाँ नहीं किया गया है।

---

(५) जैन महाराष्ट्री

नाम-निर्देश और साहित्य

जैन सूत्र-ग्रन्थों के सिवा श्वेताम्बर जैनों के रचे हुए अन्य ग्रन्थों की प्राकृत भाषा को 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया गया है। इस भाषा में तीर्थंकर और प्राचीन मुनियों के चरित्र, कथाएँ, दर्शन, तर्क, ज्योतिष, भूगोल, स्तुति आदि विषयों का विशाल साहित्य विद्यमान है।

प्राकृत के प्राचीन वैयाकरणों ने 'जैन महाराष्ट्री' यह नाम देकर किसी भिन्न भाषा का उल्लेख नहीं किया है। किन्तु आधुनिक पाश्चात्य विद्वानों ने व्याकरण, काव्य और नाटक-ग्रन्थों में महाराष्ट्री का जो रूप देखा जाता है उससे श्वेताम्बर जैनों के ग्रन्थों की भाषा में कुछ कुछ पार्थक्य देख कर इसको 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है। इस भाषा में प्राकृत-व्याकरणों में बताये हुए महाराष्ट्री भाषा के लक्षण विशेष रूप से मौजूद होने पर भी जैन अर्धमागधी का बहुत-कुछ प्रभाव देखा जाता है।

समय

जैन महाराष्ट्री के कतिपय ग्रन्थ प्राचीन हैं। यह द्वितीय स्तर के प्रथम युग के प्राकृतों में स्थान पा सकती हैं। पयन्ना-ग्रन्थ, निर्युक्तियाँ, पउमचरिअ, उपदेशमाला प्रभृति ग्रन्थ प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के उदाहरण हैं। बृहत्कल्प-भाष्य, व्यवहारसूत्र-भाष्य, विशेषावश्यक-भाष्य, निशीथचूर्णि, धर्मसंग्रहणी, समराइच्चकहा प्रभृति ग्रन्थ मध्य-युग और शेष-युग में रचित होने पर भी इनकी भाषा प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के समान हैं। दशम शताब्दी के बाद रचे गये प्रवचन-सारोद्धार, उपदेशपदटीका, सुपासनाहचरिअ, उपदेशरहस्य प्रभृति ग्रन्थों की भाषा भी प्रायः प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के ही अनुरूप हैं। इससे यहाँ पर यह कहना होगा कि जैन महाराष्ट्री के ये ग्रन्थ आधुनिक काल में रचित होने पर भी उसकी भाषा, संस्कृत की तरह, अतिप्राचीन काल में ही उत्पन्न हुई थी और यह भी अनुमान किया जा सकता हैं कि जैन महाराष्ट्री क्रमशः परिवर्तित होकर मध्य-युग की व्यञ्जन-लोप-बहुल महाराष्ट्री में रूपान्तरित हुई हैं।

लक्षण

अर्धमागधी के जो लक्षण पहले बताये गए हैं उनमें से अनेक इस भाषा में भी पाये जाते हैं। ऐसे लक्षणों में कुछ ये हैं :—

१. क के स्थान में अनेक स्थलों में ग।
२. लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में य्।
३. शब्द के आदि और मध्य में भी ण की तरह न।
४. यथा और यावत् के स्थान में क्रमशः जहा और जाव की तरह अहा और आव भी।
५. समास में उत्तर पद के पूर्व में 'म्' का आगम।
६. पाय, माय, तेगिच्छग, पडुप्पएण, साहि, सुहुम, सुमिण आदि शब्दों का भी, पत्त, मेत्त, चेइच्छय आदि की तरह प्रयोग।
७. तृतीया के एकवचन में कहीं कहीं सा प्रत्यय।
८. आइक्खइ, कुव्वइ प्रभृति धातु-रूप।
९. सोचा, किच्चा, वंदित्तु आदि त्वा प्रत्यय के रूप।
१०. कड, वावड, संवुड, प्रभृति त-प्रत्ययान्त रूप।

---

(६) अशोक-लिपि

सम्राट् अशोक ने भारतवर्ष के भिन्न-भिन्न स्थानों में अपने धर्म के उपदेशों को शिलाओं में खुदवाये थे। ये सब शिलालेख उस समय में प्रचलित भिन्न-भिन्न प्रादेशिक भाषाओं में रचित हैं। भाषा-साम्य की दृष्टि से ये सब शिलालेख४४ प्रधानतः इन तीन भागों में विभक्त किये जा सकते हैं:—

(१) पंजाब के शिलालेख। इनकी भाषा संस्कृत के अनुरूप है। इनमें र का लोप नहीं देखा जाता।

(२) पूर्व भारत के शिलालेख। इनकी भाषा का मागधी के साथ सादृश्य देखने में आता है। इनमें र के स्थान में सर्वत्र ल है।

(३) पश्चिम भारत के शिलालेख। ये उज्जयिनी की उस भाषा में है जिसका पालि के साथ अधिक साम्य है।

इन तीनों प्रकार के शिलालेखों के कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं जिन पर से इनका भेद अच्छी तरह समझ में आ सकता है।

संस्कृत	कपर्दगिरि (पंजाब)	धौलि (उड़ीसा)	गिरनार (गुजरात)
देवानांप्रियस्य	देवानंप्रियस	देवानंपियस	देवानंपियस
राज्ञः	रणो	लजिने	रानो, रञो
वृक्षाः	—	लुखानि	वच्छा
शुश्रूषा	सुश्रुषा	सुसूसा	सुसुसा
नास्ति	नस्ति, नास्ति	नाथि, नथि, नथा	नास्ति

इन शिलालेखों का समय खिस्त-पूर्व २५० वर्ष का है।

इन शिलालेखों की भाषा की उत्पत्ति भगवान् महावीर की एवं सम्भवतः बुद्धदेव की उपदेश-भाषा से ही हुई है।[२]

---

(७) सौरसेनी

संस्कृत-नाटकों में प्राकृत गद्यांश सामान्य रूप से सौरसेनी भाषा में लिखा गया है। अश्वघोष के नाटकों में एक

निदर्शन तरह की सौरसेनी के उदाहरण पाये जाते हैं, जो पालि और अशोकलिपि की भाषा के अनुरूप और पिछले काल के नाटकों में प्रयुक्त सौरसेनी की अपेक्षा प्राचीन है। भास के, कालिदास के और इनके बाद के अधिक नाटकों में सौरसेनी के निदर्शन देखे जाते हैं।

वररुचि, हेमचन्द्र, क्रमदीश्वर, लक्ष्मीधर और मार्कण्डेय आदि के प्राकृत-व्याकरणों में सौरसेनी भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं।

दण्डी, रुद्रट और वाग्भट आदि संस्कृत के अलंकारिकों ने भी इस भाषा का उल्लेख किया है।

भरत के नाट्यशास्त्र में सौरसेनी भाषा का उल्लेख हैं, उन्होंने नाटक में नायिका और सखियों के लिए इस भाषा

विनियोग का प्रयोग बताया हैं।[३]

भरत ने विदूषक की भाषा प्राच्या कही है[४], परन्तु मार्कण्डेय के व्याकरण में प्राच्या भाषा के जो लक्षण दिये गये हैं

प्राच्या भाषा सौरसेनी के अन्तर्गत उनसे और नाटकों में प्रयुक्त विदूषक की भाषा पर से यह मालूम होता है कि सौरसेनी से इस भाषा (प्राच्या) का कुछ विशेष भेद नहीं है। इससे हमने भी प्रस्तुत कोष में उसका अलग उल्लेख न करके सौरसेनी में ही अन्तर्भाव किया है।

दिगम्बर जैनों के प्रवचनसार, द्रव्यसंग्रह प्रभृति ग्रन्थ भी एक तरह की सौरसेनी भाषा में ही रचित हैं। यह भाषा

जैन सौरसेनी श्वताम्बरों की अर्धमागधी और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट सौरसेनी के मिश्रण से बनी हुई है। इस भाषा को 'जैन सौरसेनी' नाम दिया गया है। जैन सौरसेनी मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री की अपेक्षा जैन अर्द्धमागधी से अधिक निकटता रखती है और मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री से प्राचीन है।

---

१. हाल ही में डॉ० त्रिभुवनदास लहेरचंद ने अपने एक गुजराती लेख में अनेक प्रमाण और युक्तियों से यह सिद्ध किया है कि अशोक के शिलालेखों के नाम से प्रसिद्ध शिलालेख सम्राट् अशोक के नहीं, परन्तु जैन सम्राट् संप्रति के खुदवाये हुए हैं।

२. See Dr. A. B. Keith's Sanskrt Drama, Page 87.

३. "नायिकानां सखीनां च सूरसेनाविरोधिनी" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

४. "प्राच्या विदूषकादीनां" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

सौरसेनी भाषा की उत्पत्ति[1] सूरसेन देश अर्थात् मथुरा प्रदेश से हुई है।

प्रकृति वररुचि ने अपने व्याकरण में संस्कृत को ही सौरसेनी भाषा की प्रकृति अर्थात् मूल कहा है[2]। किन्तु यह हम पहले ही प्रमाणित कर चुके हैं कि किसी प्राकृत भाषा की उत्पत्ति संस्कृत से नहीं हुई है। सुतरां, सौरसेनी प्राकृत का मूल भी वैदिक या लौकिक संस्कृत नहीं है। सौरसेनी और संस्कृत ये दोनों ही वैदिक युग में प्रचलित सूरसेन अथवा मध्यदेश की कथ्य प्राकृत भाषा से ही उत्पन्न हुई हैं। संस्कृत भाषा पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण द्वारा नियन्त्रित होने के कारण परिवर्तन-हीन मृत-भाषा में परिणत हुई। वैदिक काल की सौरसेनी ने प्राकृत-व्याकरण द्वारा नियन्त्रित न होने के कारण क्रमशः परिवर्तित होते हुए पिछले समय की सौरसेनी भाषा का आकार धारण किया। पिछले समय की यह सौरसेनी भी बाद में प्राकृत-व्याकरणों के द्वारा जकड़े जाने के कारण संस्कृत की तरह परिवर्तन-शून्य होकर मृत-भाषा में परिणत हुई है।

समय अश्वघोष के नाटकों में जिस सौरसेनी भाषा के उदाहरण मिलते हैं वह अशोकलिपि की सम-सामयिक कही जा सकती है। भास के नाटकों की सौरसेनी का और जैन सौरसेनी का समय सम्भवतः खिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी मालूम होता है।

लक्षण महाराष्ट्री भाषा के साथ सौरसेनी भाषा का जिस-जिस अंश में भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा महाराष्ट्री भाषा के जो लक्षण उसके प्रकरण में दिये जायँगे उनमें महाराष्ट्री के साथ सौरसेनी का कोई भेद नहीं है। इन भेदों पर यह ज्ञात होता है कि अनेक स्थलों में महाराष्ट्री की अपेक्षा सौरसेनी का संस्कृत के साथ पार्थक्य कम और साहृश्य अधिक है।

वर्ण-भेद

१. स्वर-वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त त और द के स्थान में द होता है; यथा—रजत = रमद, गदा = गदा।

२. स्वरों के बीच असंयुक्त थ का ह और ध दोनों होते हैं; जैसे—नाथ = णाध, णाह।

३. र्य के स्थान में य्य और ज्ज होता है; यथा—आर्य = अय्य, अज्ज; सूर्य = सुय्य, सुज्ज।

नाम-विभक्ति

१. पञ्चमी के एकवचन में दो और दु ये दो ही प्रत्यय होते हैं और इनके योग में पूर्व के अकार का दीर्घ होता है; यथा—जिनात् = जिणादो, जिणादु।

आख्यात

१. ति और ते प्रत्ययों के स्थान में दि और दे होता है; जैसे—हसदि, हसदे, रमदि, रमदे।

२. भविष्यत्काल के प्रत्यय के पूर्व में स्सि लगता है; यथा—हसिस्सिदि, करिस्सिदि।

सन्धि

१. अन्त्य मकार के बाद इ और ए होने पर ण् का वैकल्पिक आगम होता है; यथा—युक्तम् इदम् = जुत्तं णिमं, जुत्तमिमं; एवम् एतत् = एवं णेदं, एवमेदं।

कृदन्त

१. त्वा प्रत्यय के स्थान में इअ, दूण और त्ता होते हैं; यथा—पठित्वा = पढिअ, पढिदूण, पढित्ता।

---

१. पन्नवणासूत्र के "सोत्तियमइया (?मई य) चेदी वीयभयं सिंधुसोवीरा। महुरा य सूरसेणा पावा भंगी य मासपुरिवट्टा" (पत्र ६१)। इस पाठ पर "चेदिषु शुक्तिकावती, वीतभयं सिन्धुषु, सौवीरेषु मथुरा, सूरसेनेषु पापा, भङ्गे(? ङ्गि)षु मासपुरिवट्टा" इस तरह व्याख्या करते हुए आचार्य मलयगिरि ने सूरसेन देश की राजधानी पावा बतलाकर आजकल के बिहार प्रदेश को ही सूरसेन कहा है। नेमिचन्द्रसूरि ने अपने प्रवचनसारोद्धारनामक ग्रंथ में पन्नवणासूत्र के उक्त पाठ को अविकल रूप में उद्धृत किया है। इसकी टीका में श्रीसिद्धसेनसूरि ने आचार्य मलयगिरि की उक्त व्याख्या को 'अतिव्यवहृत' कहकर, उक्त मूल पाठ की व्याख्या इस तरह की है:—'शुक्तीमती नगरी चेदयो देशः, वीतभयं नगरं सिन्धुसौवीरा जनपदः, मथुरा नगरी सूरसेनाख्यो देशः, पापा नगरी भङ्गयो देशः, मासपुरी नगरी वर्तो देशः' (दे० ला० संस्करण, पत्र ४४६)।

२. प्राकृतप्रकाश (१२, २)।

(८) मागधी

मागधी प्राकृत के सर्व-प्राचीन निदर्शन अशोक-साम्राज्य के उत्तर और पूर्व भागों के खालसी, मिरट, लौरिया (Lauriya), सहसराम, बराबर (Barabar), रामगढ़, धौलि और जौगढ़ (Jaugadha) प्रभृति स्थानों के अशोक-शिलालेखों में पाये जाते हैं। इसके बाद नाटकीय प्राकृतों में मागधी भाषा के उदाहरण देखे जाते हैं। नाटकीय मागधी के सर्व-प्राचीन नमूने अश्वघोष के नाटकों के खण्डित अंशों में मिलते हैं। भास के नाटकों में, कालिदास के नाटकों में और मृच्छकटिक आदि नाटकों में मागधी भाषा के उदाहरण विद्यमान हैं।

निदर्शन

वररुचि के प्राकृतप्रकाश, चण्ड के प्राकृतलक्षण, हेमचन्द्र के सिद्धहेमचन्द्र (अष्टम अध्याय), क्रमदीश्वर के संक्षिप्त-सार, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व आदि प्रायः समस्त प्राकृत-व्याकरणों में मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरण दिए गए हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र में मागधी भाषा का उल्लेख है और उन्होंने नाटक में राजा के अन्तःपुर में रहनेवाले, सुरंग खोदनेवाले, कलवार, अश्वपालक वगैरह पात्रों के लिए और विपत्ति में नायक के लिए भी इस भाषा का प्रयोग करने को कहा है[1]। परन्तु मार्कण्डेय द्वारा अपने प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत किये हुए कोहल के "राक्षसभिक्षुक्षपणकचेटाद्या मागधीं प्राहुः" इस वचन से मालूम होता है कि भरत के कहे हुए उक्त पात्रों के अतिरिक्त भिक्षु, क्षपणक आदि अन्य लोग भी इस भाषा का व्यवहार करते थे। रुद्रट, वाग्भट, हेमचन्द्र आदि आलंकारिकों ने भी अपने-अपने अलंकार-ग्रन्थों में इस भाषा का उल्लेख किया है।

विनियोग

मगध देश ही मागधी भाषा का उत्पत्ति-स्थान है। मगध देश की सीमा के बाहर भी अशोक के शिलालेखों में जो इसके निदर्शन पाये जाते हैं उसका कारण यह है कि मागधी भाषा उस समय राज-भाषा होने के कारण मगध के बाहर भी इसका प्रचार हुआ था। सम्भवतः राज-भाषा होने के कारण ही नाटकों में सर्वत्र ही राजा के अन्तःपुर के लोगों के लिए इस भाषा का व्यवहार करने का नियम हुआ था। प्राचीन भिक्षु और क्षपणक भी मगध के ही निवासी होने से, सम्भव है, नाटकों में इनकी भाषा भी मागधी ही निर्दिष्ट की गई है।

उत्पत्ति-स्थान

वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी की प्रकृति—मूल होने का सम्मान सौरसेनी को दिया है[2]। इसीका अनुसरण कर मार्कण्डेय ने भी सौरसेनी से ही मागधी की सिद्धि कही है[3]। किन्तु मागधी और सौरसेनी आदि प्रादेशिक भाषाओं का भेद अशोक के शिलालेखों में भी देखा जाता है। इससे यह सिद्ध है कि ये सब प्रादेशिक भेद प्राचीन और समसामयिक हैं, एक प्रदेश की भाषा से दूसरे प्रदेश में उत्पन्न नहीं हुए हैं। जैसे सौरसेनी मध्यदेश में प्रचलित वैदिक युग की कथ्य भाषा से उत्पन्न हुई है वैसे मागधी ने भी उस कथ्य भाषा से जन्म-ग्रहण किया है जो वैदिककाल में मगध देश में प्रचलित थी।

प्रकृति

अशोक-शिलालेखों की और अश्वघोष के नाटकों की मागधी भाषा प्रथम युग की मागधी भाषा के निदर्शन हैं। भास के और परवर्ती काल के अन्य नाटकों की और प्राकृत-व्याकरणों की मागधी मध्य-युग की मागधी भाषा के उदाहरण हैं।

समय

शाकारी, चाण्डाली और शाबरी ये तीन भाषाएँ मागधी के ही प्रकार-भेद—रूपान्तर हैं। भरत ने शाकारी भाषा का व्यवहार शबर, शक आदि और उसी प्रकृति के अन्य लोगों के लिए कहा है[4], किन्तु मार्कण्डेय ने राजा के साले की भाषा शाकारी बतलाई है[5]। भरत पुक्कस आदि जातियों की व्यवहार-भाषा को चाण्डाली और अंगारकार, व्याध,

---

१. "मागधी तु नरेन्द्राणामन्तःपुरनिवासिनाम्" (नाट्यशास्त्र १७, ५०)।
"सुरङ्गाखनकादीनां शुण्डकाराश्वरक्षिणाम्। व्यसने नायकानां स्यादात्मरक्षासु मागधी॥" (नाट्यशास्त्र १७, ५६)।

२. "प्रकृतिः सौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश ११, २)।

३. "मागधी शौरसेनीतः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०१)।

४. "शबराणां शकादीनां तत्स्वभावश्च यो गणः। शकारभाषा योक्तव्या" (नाट्यशास्त्र १७, ५३)।

५. "शकारस्येयं शाकारी, शकारश्च
'राज्ञोऽनूढाभ्राता श्यालस्त्वैश्वर्यसंपन्नः।
मदमूर्खताभिमानी शकार इति दुष्कुलीनः स्यात्' इत्युक्तेः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०५)।

शाकारी आदि भाषाएँ मागधी के अन्तर्गत हैं

कठहार और यन्त्र-जीवी लोगों की भाषा को शाबरी कहते हैं[1]। इन तीनों भाषाओं के जो लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय के प्राकृत-व्याकरण में और नाटकों के उक्त पात्रों की भाषा में पाये जाते हैं उनमें और इतर प्राकृत-व्याकरणों की मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरणों में तथा नाटकों के मागधी-भाषा-भाषी पात्रों की भाषा में इतना कम भेद और इतना अधिक साम्य है कि उक्त तीन भाषाओं को मागधी से अलग नहीं कही जा सकतीं। यही कारण है कि हमने प्रस्तुत कोष में इन भाषाओं का मागधी में ही समावेश किया है।

मृच्छकटिक के पात्र माथुर और दो द्यूतकारों की भाषा को 'ढक्की' नाम दिया गया है। यह भी मागधी भाषा का ही एक रूपान्तर प्रतीत होता है। मार्कण्डेय ने 'ढक्की' को ही 'टाक्की' नाम से निर्देश किया है, यह उनके वहाँ पर उद्धृत किये हुए एक श्लोक से ज्ञात होता है[2]। मार्कण्डेय ने पदान्त में उ, तृतीया के एकवचन में ए, पञ्चमी के बहुवचन में हुम्

ढक्की या टाक्की भाषा

आदि जो इस भाषा के लक्षण दिए हैं उनपर से इसमें अपभ्रंश का ही विशेष साम्य नजर आता है। इस लिए मार्कण्डेय ने वहाँ पर जो यह कहा है कि 'हरिश्चन्द्र इस भाषा को अपभ्रंश मानता है'[3] वह मत हमें भी संगत मालूम पड़ता है।

मागधी भाषा का सौरसेनी के साथ जो प्रधान भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य अंशों में मागधी

लक्षण

भाषा साधारणतः सौरसेनी के ही अनुरूप है।

वर्ण-भेद

१. र के स्थान में सर्वत्र ल होता है[4]; यथा—नर = णल; कर = कल।
२. श, ष और स के स्थान में तालव्य श होता है; यथा—शोभन = शोहण, पुरुष = पुलिश; सारस = शालश।
३. संयुक्त ष और स के स्थान में दन्त्य सकार होता है; यथा—शुष्क = शुस्क; कष्ट = कस्ट; स्खलति = स्खलदि; बृहस्पति = बुहस्पदि।
४. ट्ट और ष्ठ के स्थान में स्ट होता है; यथा—पट्ट = पस्ट; सुष्ठु = शुस्टु।
५. स्थ और र्थ की जगह स्त होता है; जैसे—उपस्थित = उवस्तिद; सार्थ = शस्त।
६. ज, द्य और य के बदले य होता है; यथा—जानाति = याणदि, दुर्जन = दुय्यण; मद्य = मय्य, अद्य = अय्य; याति = यादि, यम = यम।
७. न्य, ण्य, ज्ञ और ञ्ज के स्थान में ञ्ञ होता है; यथा—अन्य = अञ्ञ; पुण्य = पुञ्ञ; प्रज्ञा = पञ्ञा; अञ्जलि = अञ्ञलि।
८. अनादि छ के स्थान में श्च होता है; यथा—गच्छ = गश्च, पिच्छिल = पिश्चिल।
९. क्ष की जगह स्क होता है[5]; जैसे—राक्षस = लस्कश, यक्ष = यस्क।

नाम-विभक्ति

१. अकारान्त पुंलिंग-शब्द के प्रथमा के एकवचन में ए होता है; यथा—जिनः = यिणे, पुरुषः = पुलिशे।
२. अकारान्त शब्द के षष्ठी का एकवचन स्स और आह होता है; यथा—जिनस्य = यिणस्स, यिणाह।
३. अकारान्त शब्द के षष्ठी के बहुवचन में आण और आहँ ये दोनों होते हैं; जैसे—जिनानाम् = यिणाण, यिणाहँ।
४. अस्मत् शब्द के एकवचन और बहुवचन का रूप हगे होता है।

---

१. "चाण्डाली पुक्कसादिषु। अंगारकरव्याधानां काष्ठयन्त्रोपजीविनाम्। योज्या शबरभाषा तु" (नाट्यशास्त्र १७, ५३-४)।

२. "प्रयुज्यते नाटकादौ द्यूतातिव्यवहारिभिः।
वणिग्भिर्हीनदेहैश्च तदाहुष्टक्कभाषितम्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ ११०)।

३. "हरिश्चन्द्रस्त्विमां भाषामपभ्रंश इतीच्छति" (प्राकृतस० पृष्ठ ११०)।

४. मार्कण्डेय यह नियम वैकल्पिक मानते हैं; "रस्य लो वा भवेत्" (प्राकृतस० पृष्ठ १०१)।

५. हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के अनुसार 'क्ष' की जगह जिह्वामूलीय '≍क' होता है; देखो हे० प्रा० ४, २९६।

(९) महाराष्ट्री

प्राकृत काव्य और गीति की भाषा महाराष्ट्री कही जाती है। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती, गउडवहो, कुमारपालचरित प्रभृति ग्रन्थों में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। गाथा (गीति-साहित्य) में महाराष्ट्री प्राकृत ने इतनी प्रसिद्धि प्राप्त की थी कि बाद के नाटकों में गद्य में सौरसेनी बोलनेवाले पात्रों के लिए संगीत या पद्य में महाराष्ट्री भाषा का व्यवहार करने का रिवाज सा बन गया था। यही कारण है कि कालिदास से लेकर उसके बाद के सभी नाटकों में पद्य में प्रायः महाराष्ट्री भाषा का ही व्यवहार देखा जाता है।

निदर्शन

चंड ने अपने प्राकृतलक्षण में 'महाराष्ट्री' इस नाम का उल्लेख और इसके विशेष लक्षण न देकर भी आर्ष-प्राकृत अथवा अर्धमागधी के और जैन महाराष्ट्री के लक्षणों के साथ साधारण भाव से इसके लक्षण दिए हैं। वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में इस भाषा के [1]'महाराष्ट्री' नाम का उल्लेख किया है और इसके विशेष लक्षण और उदाहरण दिए हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में 'महाराष्ट्री' नाम का निर्देश न कर 'प्राकृत' इस साधारण नाम से महाराष्ट्री के ही लक्षण और उदाहरण बताए हैं। क्रमदीश्वर का संक्षिप्तसार, त्रिविक्रम की प्राकृतव्याकरणसूत्रवृत्ति, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व प्रभृति प्राकृत-व्याकरणों में इस भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं। चंड-भिन्न सभी प्राकृत वैयाकरणों ने महाराष्ट्री का मुख्य रूप से विवरण दिया है और सौरसेनी, मागधी प्रभृति भाषाओं के महाराष्ट्री के साथ जो भेद हैं वे ही बतलाए हैं।

संस्कृत के अलंकार-शास्त्रों में भी भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाओं का उल्लेख मिलता है। भरत के नाट्य-शास्त्र में 'दाक्षिणात्या' भाषा का निर्देश है, किन्तु इसके विशेष लक्षण नहीं दिए गए हैं। संभवतः वह महाराष्ट्री भाषा ही हो सकती है, क्योंकि भरत ने महाराष्ट्री का अलग उल्लेख नहीं किया है। परन्तु मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत प्राकृतचन्द्रिका के [2]वचन में और प्राकृतसर्वस्व के खुद मार्कण्डेय के [3]वचन में महाराष्ट्री और दाक्षिणात्या का भिन्न-भिन्न भाषा के रूप में उल्लेख किया गया है। दण्डी के काव्यादर्श के

'महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम् ॥" (१, ३४)।

इस श्लोक में महाराष्ट्री भाषा का और उसकी उत्कृष्टता का स्पष्ट उल्लेख है। दण्डी के समय में महाराष्ट्री प्राकृत का इतना उत्कर्ष हुआ था कि इसके परवर्ती अनेक ग्रन्थकारों ने केवल इस महाराष्ट्री के ही अर्थ में उस प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है जो सामान्यतः सर्व प्रादेशिक भाषाओं का वाचक है। रुद्रट का काव्यालंकार, वाग्भटालंकार, पाइअलच्छी-नाममाला, हेमचन्द्र का प्राकृत-व्याकरण प्रभृति ग्रन्थों में महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द व्यवहृत हुआ है। अलंकार-शास्त्र-भिन्न पाइअलच्छीनाममाला और देशीनाममाला इन कोष-ग्रन्थों में भी महाराष्ट्री के उदाहरण हैं।

डॉ. हॉर्नलि के मत में महाराष्ट्री भाषा महाराष्ट्र देश में उत्पन्न नहीं हुई है। वे मानते हैं कि महाराष्ट्री का अर्थ 'विशाल राष्ट्र की भाषा' है और राजपूताना तथा मध्यदेश प्रभृति इसी विशाल राष्ट्र के अन्तर्गत हैं, इसीसे 'महाराष्ट्री' मुख्य प्राकृत कही गई है। किन्तु दण्डी ने इस भाषा को महाराष्ट्र देश की ही भाषा कही है। सर ग्रियर्सन के मत में महाराष्ट्री प्राकृत से ही आधुनिक मराठी भाषा उत्पन्न हुई है। इससे महाराष्ट्री प्राकृत का उत्पत्ति-स्थान महाराष्ट्र देश ही है यह बात निःसन्देह कही जा सकती है।

उत्पत्ति-स्थान

आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में महाराष्ट्र को ही 'प्राकृत' नाम दिया है और इसकी प्रकृति संस्कृत कही है। इसी तरह चण्ड, लक्ष्मीधर, मार्कण्डेय आदि वैयाकरणों ने साधारण रूप से सभी प्राकृत भाषाओं का मूल (प्रकृति) संस्कृत बताया है। किन्तु हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर आए हैं कि कोई भी प्राकृत भाषा संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है, बल्कि वैदिक काल में भिन्न-भिन्न प्रदेशों में प्रचलित आर्यों की कथ्य भाषाओं

प्रकृति

---

१. "शेषं महाराष्ट्रीवत्" (प्राकृतप्रकाश १२, ३२)।

२. "महाराष्ट्री तथावन्ती सौरसेन्यर्धमागधी। वाह्लीकी मागधी प्राच्यत्यष्टौ ता दाक्षिणात्यया ॥" (प्रा० स० पृष्ठ २)।

३. देखो प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ २ और १०४।

से ही सभी प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है, सुतरां महाराष्ट्री भाषा की उत्पत्ति प्राचीन काल के महाराष्ट्र-निवासी आर्यों की कथ्य भाषा से हुई है।

कौन समय आर्यों ने महाराष्ट्र में सर्व-प्रथम निवास किया था, इस बात का निर्णय करना कठिन है, परन्तु अशोक के पहले प्राकृत भाषा महाराष्ट्र देश में प्रचलित थी, इस विषय में किसीका मत-भेद नहीं है। उस समय महाराष्ट्र देश में प्रचलित प्राकृत से क्रमशः काव्यीय और नाटकीय महाराष्ट्री भाषा उत्पन्न हुई है। प्राकृतप्रकाश का कर्ता वररुचि यदि वृत्तिकार कात्यायन से अभिन्न व्यक्ति हो तो यह स्वीकार करना होगा कि महाराष्ट्री ने अन्ततः ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्ष के पहले ही साहित्य में स्थान पाया था। लेकिन महाराष्ट्री भाषा के तद्भव शब्दों में व्यञ्जन वर्णों के लोप की बहुलता देखने से यह विश्वास नहीं होता कि यह भाषा उतनी प्राचीन है। वररुचि का व्याकरण संभवतः ख्रिस्त के बाद ही रचा गया है। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में महाराष्ट्री प्राकृत के प्रभाव का हमने पहले उल्लेख किया है। महाराष्ट्री भाषा में रचित जो सब साहित्य इस समय पाया जाता है उसमें ख्रिस्त के बाद की महाराष्ट्री के ही निदर्शन देखे जाते हैं। प्राचीन महाराष्ट्री का कोई साहित्य उपलब्ध नहीं है। प्राचीन महाराष्ट्री में बाद की महाराष्ट्री की तरह व्यञ्जन-वर्ण-लोप की अधिकता नहीं थी, इस बात के कुछ निदर्शन चण्ड के व्याकरण में मिलते हैं। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में प्राचीन महाराष्ट्री भाषा का सादृश्य रक्षित है।

समय

भरत ने नाट्यशास्त्र में आवन्ती और वाह्लीकी भाषा का उल्लेख कर नाटकों में धूर्त पात्रों के लिए आवन्ती का और द्यूतकारों के लिए वाह्लीकी का प्रयोग कहा है। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में 'आवन्ती स्यान्महाराष्ट्रीशौरसेन्योस्तु संकरात्' और 'आवन्त्यामेव वाह्लीकी किन्तु रस्यात्र लो भवेत्' यह कह कर इनका संक्षिप्त लक्षण-निर्देश किया है। मार्कण्डेय ने आवन्ती भाषा के जो त्वा के स्थान में तूण और भविष्यत् काल के प्रत्यय के स्थान में ज्ज और ज्जा प्रभृति लक्षण बतलाए हैं वे महाराष्ट्री के साथ साधारण हैं। उनके दिए हुए किराद, वेदस, पेच्छदि प्रभृति उदाहरणों में जो तकार के स्थान में दकार है वहाँ शौरसेनी के साथ इसका (आवन्ती का) सादृश्य है परन्तु वह भी सर्वत्र नहीं है, जैसे उनके दिए हुए होइ, सुव्वइ, लिज्जइ, भणए आदि उदाहरणों में। इसी तरह वाह्लीकी में जो र का ल होता है वही एकमात्र मागधी का सादृश्य है। इसके सिवा सभी अंशों में यह भी आवन्ती की तरह महाराष्ट्री के ही सादृश है। सुतरां, ये दोनों भाषाएँ महाराष्ट्री के ही अन्तर्गत कही जा सकती है। इससे हमने भी इनका इस कोष में अलग निर्देश नहीं किया है।

आवन्ती और वाह्लीकी महाराष्ट्री के अन्तर्गत है

संस्कृत भाषा के साथ महाराष्ट्री भाषा के वे भेद नीचे दिए जाते हैं जो महाराष्ट्री और संस्कृत के साथ अन्य प्राकृत भाषाओं के सादृश्य और पार्थक्य की तुलना के लिए भी अधिक उपयुक्त हैं।

लक्षण

स्वर

१. अनेक जगह भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर होते हैं; जैसे—समृद्धि = सामिद्धि, ईषत् = ईसि, हर = हीर, ध्वनि = झुणि, शय्या = सेज्जा, पद्म = पोम्म; यथा = जह सदा = सइ, स्त्यान = थीण, सास्ना = सुण्हा, आसार = ऊसार, ग्राह्य = गेज्झ, आली = ओली; इति = इअ, पथिन् = पह, जिह्वा = जीहा, द्विवचन = दुवअण, पिण्ड = पेंड, द्विधाकृत = दोहाइअ; हरीतकी = हरडई, कश्मीर = कम्हार, पानीय = पाणिअ, जीर्ण = जुण्ण, हीन = हूण, पीयूष = पेऊस; मुकुल = मउल, भ्रुकुटि = भिउडि, क्षुत = छीअ, मुसल = मूसल, तुण्ड = तोंड; सूक्ष्म = सण्ह, उद्व्यूढ = उव्वीढ, वातूल = वाउल, नूपुर = णेउर, तूणीर = तोणीर; वेदना = विअणा, स्तेन = थूण; मनोहर = मणहर, गो = गउ, गाअ; सोच्छ्वास = सूसास।

२. महाराष्ट्री में ऋ, ॠ, ऌ, ॡ ये स्वर सर्वथा लुप्त हो गये हैं।

३. ऋ के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर एवं रि होता है; यथा—तृण = तण, मृदुक = माउक्क, कृपा = किवा, मातृ = माइ, माउ; वृत्तान्त = वुत्तंत, मृषा = मुसा, मूसा, मोसा; वृन्त = विंट, वेंट, वोंट; ऋतु = उउ, रिउ; ऋद्धि = रिद्धि, ऋक्ष = रिच्छ; सदृश = सरिस, दृप्त = दरिअ।

४. ऌ के स्थान में इलि होता है; जैसे—कॢप्त = किलित्त, कॢन्न = किलिण्ण।

५. ऐ का प्रयोग भी प्रायः महाराष्ट्री में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यतः ए और विशेषतः अइ होता है, यथा—शैल = सेल, ऐरावण = एरावण, वैद्य = वेज्ज, वैधव्य = वेहव्व; सैन्य = सेण्ण, सइण्ण; कैलाश = केलास, कइलास; दैव = देव्व, दइव; ऐश्वर्य = अइसरिअ, दैन्य = दइण्ण।

९. ओ का व्यवहार भी[1] प्राय: महाराष्ट्र में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यतः ओ और विशेष स्थलों में उ या अउ होता है; यथा—कौमुदी = कोमुई, यौवन = जोव्वण, दौवारिक = दुवारिअ, पौलोमी = पुलोमी; कौरव = कउरव, गौड = गउड, सौध = सउह।

असंयुक्त व्यञ्जन

१. स्वरों के मध्यवर्ती क, ग, च, ज, त, द, य, व इन व्यञ्जनों का प्राय: लोप होता है; जैसे क्रमशः—लोक = लोअ, नग = णअ, शची = सई, रजत = रअअ, यती = जई, गदा = गआ, वियोग = विओअ, लावण्य = लाअण्ण।

२. स्वरों के बीच के ख, घ, थ, ध और भ के स्थान में ह होता है; यथा क्रमशः—शाखा = साहा, श्लाघते = लाहइ, नाथ = णाह, साधु = साहु, सभा = सहा।

३. स्वरों के बीच के ट का ड होता है; यथा—भट = भड, घट = घड।

४. स्वरों के बीच के ठ का ढ होता है; जैसे—मठ = मढ, पठति = पढइ।

५. स्वरों के बीच के ड का ल प्राय: होता है; यथा—गरुड = गरुल, तडाग = तलाअ।

६. स्वरों के बीच के त का अनेक स्थल में ड होता है, यथा—प्रतिभासस = पडिहास, प्रभृति = पहुडि, व्यापृत = वावड, पताका = पडाआ।

७. न के स्थान में सर्वत्र ण होता है; यथा—कनक = कणअ, वचन = वअण, नर = णर, नदी = णई, अन्य = अण्ण, दैन्य = दइण्ण[2]।

८. दो स्वरों के मध्यवर्ती प का कहीं-कहीं व और कहीं-कहीं लोप होता है; यथा—शपथ = सवह, शाप = साव, उपसर्ग = उवसग्ग, रिपु = रिउ, कपि = कइ।

९. स्वरों के बीच के फ के स्थान में कहीं-कहीं भ, कहीं-कहीं ह और कहीं-कहीं ये दोनों होते हैं; यथा—रेफ = रेभ, शिफा = सिभा, मुक्ताफल = मुत्ताहल, सफल = सभल, सहल, शेफालिका = सेभालिआ, सेहालिआ।

१०. स्वरों के मध्यवर्ती ब का व होता है; जैसे—अलाबू = अलावू, सबल = सवल।

११. आदि के य का ज होता है; यथा—यम = जम, यशस् = जस, याति = जाइ।

१२. कृदन्त के अनीय और य प्रत्यय के य का ज्ज होता है; जैसे—करणीय = करणिज्ज, पेय = पेज्ज।

१३. अनेक जगह र का ल होता है; यथा—हरिद्रा = हलिद्दा, दरिद्र = दलिद्द, युधिष्ठिर = जहुट्ठिल, अंगार = इंगाल।

१४. श और ष का सर्वत्र स होता है; यथा—शब्द = सद्द, विश्राम = वीसाम, पुरुष = पुरिस, सस्य = सास, शेष = सेस।

१५. अनेक जगह ह का घ होता है; यथा—दाह = दाघ, सिंह = सिंघ, संहार = संघार।

१६. कहीं-कहीं श, ष और स का छ होता है; जैसे—शाव = छाव, षष्ठ = छट्ठ, सुधा = छुहा।

१७. अनेक शब्दों में स्वर-सहित व्यञ्जन का लोप होता है; यथा—राजकुल = राउल, आगत = आअ, कालायस = कालास, हृदय = हिअ, पादपतन = पावडण, यावत् = जा, त्रयोदश = तेरह, स्थविर = थेर, बदर = बोर, कदल = केल, कर्णिकार = कण्णेर, चतुर्दश = चोद्दह, मयूख = मोह।

संयुक्त व्यञ्जन

१. क्ष के स्थान में प्राय: ख और कहीं-कहीं छ और झ होता है; जैसे—क्षय = खय, लक्षण = लक्खण, अक्षि = अच्छि, क्षीण = छीण, झीण।

२. त्व, थ्व, द्व और ध्व के स्थान में कहीं-कहीं क्रमशः च, छ, ज और झ होता है; यथा—ज्ञात्वा = णच्चा, पृथ्वी = पिच्छी, विद्वान् = विज्जं, बुद्ध्वा = बुज्झा।

३. ह्रस्व स्वर के परवर्ती थ्य, श्च, त्स और प्स के स्थान में छ होता है; जैसे—पथ्य = पच्छ, पश्चात् = पच्छा, उत्साह = उच्छाह, अप्सरा = अच्छरा।

---

१. संस्कृत के 'अयि' शब्द का महाराष्ट्री में 'ऐ' होता है। इसके सिवा किसी किसी के मत में 'ऐ' तथा 'औ' का भी प्रयोग होता है; जैसे—कैतव = कैअव, कौरव = कौरव (हे० प्रा० १, १)।

२. वररुचि के प्राकृत-व्याकरण के 'नो णः सर्वत्र' (२, ४२) सूत्र के अनुसार सर्वत्र 'न' का 'ण' होता है। सेतुबन्ध और गाथा-सप्तशती में इसी तरह सार्वत्रिक 'ण' पाया जाता है। हेमचन्द्र आदि कई प्राकृत वैयाकरणों के मत से शब्द के आदि के 'न' का विकल्प से 'ण' होता है; यथा—नदी = णई, नई; नर = णर, नर। गउडवहो में णकार का वैकल्पिक प्रयोग देखा जाता है।

४. द्य, य्य और र्य का ज होता है; यथा—मद्य = मज्ज, जय्य = जज्ज, कार्य = कज्ज।
५. ध्य और ह्य का झ होता है; यथा—ध्यान = झाण, साध्य = सज्झ, गुह्य = गुज्झ, सह्य = सज्झ।
६. र्त का प्रायः ट होता है; जैसे—नर्तकी = णट्टई, कैवर्त = केवट्ट।
७. ष्ट के स्थान में ठ होता है; यथा—मुष्टि = मुट्ठि, पुष्ट = पुट्ठ, काष्ठ = कट्ठ, इष्ट = इट्ठ।
८. म्न का ण होता है; यथा—निम्न = णिण्ण, प्रद्युम्न = पज्जुण्ण।
९. ज्ञ का ण और ज होता है; जैसे—ज्ञान = णाण, जाण; प्रज्ञा = पण्णा, पज्जा।
१०. स्त का थ होता है; जैसे—हस्त = हत्थ, स्तोत्र = थोत्त, स्तोक = थोव।
११. ड्म और क्म का प होता है; यथा—कुड्मल = कुंपल, रुक्मिणी = रुप्पिणी।
१२. ष्प और स्प का फ होता है; यथा—पुष्प = पुप्फ, स्पन्दन = फंदण।
१३. ह्व का भ होता है, यथा—जिह्वा = जिब्भा, विह्वल = विब्भल।
१४. न्म और ग्म का म होता है; जैसे—जन्मन् = जम्म, मन्मथ = मम्मह, युग्म = जुग्म, तिग्म = तिम्म।
१५. श्म, ष्म, स्म और ह्म का म्ह होता है; यथा—काश्मीर = कम्हार, ग्रीष्म = गिम्ह, विस्मय = विम्हअ, ब्राह्मण = बम्हण।
१६. श्न, ष्ण, स्न, ह्न, ह्ण और क्ष्ण के स्थान में ण्ह होता है; यथा—प्रश्न = पण्ह, उष्ण = उण्ह, स्नान = ण्हाण, वह्नि = वण्हि, पूर्वाह्ण = पुव्वण्ह, तीक्ष्ण = तिण्ह।
१७. ह्ल का ल्ह होता है; यथा—प्रह्लाद = पल्हाअ, कह्लार = कल्हार।
१८. संयोग में पूर्ववर्ती क, ग, ट, ड, त, द, प, श, ष और स का लोप होता है, जैसे—भुक्त = भुत्त, मुग्ध = मुद्ध, षट्पद = छप्पअ, खड्ग = खग्ग, उत्पल = उप्पल, मुद्गर = मुग्गर, सुप्त = सुत्त, निश्चल = णिच्चल, निष्ठुर = णिट्ठुर, स्खलित = खलिअ।
१९. संयोग में परवर्ती म, न और य का लोप होता है; यथा—स्मर = सर, लग्न = लग्ग, व्याध = वाह।
२०. संयोग में पूर्ववर्ती और परवर्ती सभी ल, व और र का लोप होता है; यथा—उल्का = उक्का, विक्लव = विक्कव, शब्द = सद्द, पक्व = पक्क, अर्क = अक्क, चक्र = चक्क।
२१. संयुक्त अक्षरों के स्थान में जो-जो आदेश ऊपर कहा है उसका और संयुक्त व्यञ्जन के लोप होने पर जो-जो व्यञ्जन बाकी रहता है उसका, यदि वह शब्द के आदि में न हो तो, द्वित्व होता है; जैसे—ज्ञात्वा = णच्चा, मद्य = मज्ज, भुक्त = भुत्त, उल्का = उक्का। परन्तु वह आदेश अथवा शेष व्यञ्जन यदि वर्ग का द्वितीय अथवा चतुर्थ अक्षर हो तो द्वित्व न होकर उसके पूर्व में आदेश अथवा शेष व्यञ्जन के अनन्तर-पूर्व व्यञ्जन का आगम होता है; यथा—लक्षण = लक्खण, पश्चात् = पच्छा, इष्ट = इट्ठ, मुग्ध = मुद्ध।

विश्लेषण

१. र्ह, र्श, र्ष के मध्य में और संयोग में परवर्ती ल के पूर्व में स्वर का आगम होकर संयुक्त व्यञ्जनों का विश्लेषण किया जाता है; यथा—अर्हत् = अरह, अरिह, अरुह; आदर्श = आयरिस, हर्ष = हरिस; क्लिष्ट = किलिट्ठ।

व्यत्यय

१. अनेक शब्दों में व्यञ्जन के स्थान का व्यत्यय होता है; यथा—करेणू = कणेरू, आलान = आणाल, महाराष्ट्र = मरहट्ठ, हरिताल = हलिआर, लघुक = हलुअ, ललाट = णडाल, गुह्य = गुय्ह, सह्य = सय्ह।

सन्धि

१. समास में कहीं-कहीं ह्रस्व स्वर के स्थान में दीर्घ और दीर्घ के स्थान में ह्रस्व होता है; यथा—अन्तर्वेदि = अन्तावेइ, पतिगृह = पइहर, यमुनातट = जँउणअड, नदीस्रोत = णइसोत्त।
२. स्वर पर रहने पर पूर्व स्वर का लोप होता है; जैसे—त्रिदशेश = तिअसीस।
३. संयुक्त व्यञ्जन का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है; जैसे—आस्य = अस्स, मुनीन्द्र = मुणिंद, चूर्ण = चुण्ण, नरेन्द्र = णरिंद, म्लेच्छ = मिलिच्छ, नीलोत्पल = णीलुप्पल।

सन्धि-निषेध

१. उद्वृत्त (व्यञ्जन का लोप होने पर अवशिष्ट रहे हुए) स्वर की पूर्व स्वर के साथ प्रायः सन्धि नहीं होती है; यथा—निशाकर = णिसाअर, रजनीकर = रअणीअर।

२. एक पद में स्वरों की सन्धि नहीं होती है; जैसे—पाद = पाअ, गति = गइ, नगर = णअर।
३. इ, ई, और ऊ की, असमान स्वर पर रहने पर, सन्धि नहीं होती है; यथा—वग्गेवि अवयासो, दणुइंदो।
४. ए और ओ की परवर्ती स्वर के साथ सन्धि नहीं होती है; यथा—फले आबंधो, आलक्खिमो एण्हि।
५. आख्यात के स्वर की सन्धि नहीं होती है; जैसे—होइ इह।

नाम-विभक्ति

१. अकारान्त पुंलिंग शब्द के एकवचन में ओ होता है; जैसे—जिनः = जिणो, वृक्षः = वच्छो।
२. पञ्चमी के एकवचन में त्तो, ओ, उ, हि और लोप होता है और त्तो-भिन्न अन्य प्रत्ययों के प्रसंग में अकार का आकार होता है; जैसे—जिनात् = जिणात्तो, जिणाओ जिणाउ, जिणाहि, जिणा।
३. पञ्चमी के बहुवचन का प्रत्यय त्तो, ओ, उ और हि होता है, एवं त्तो से अन्य प्रत्यय में पूर्व के अ का आ होता है, हि के प्रसंग में ए भी होता है, यथा—जिणत्तो, जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणेहि।
४. पञ्चमी के एकवचन के प्रत्यय के स्थान में हितो और बहुवचन के प्रत्यय के स्थान में हिंतो और सुंतो इन स्वतन्त्र शब्दों का भी प्रयोग होता है, यथा—जिनात् = जिणा हितों; जिनेभ्यः = जिणा हिन्तो, जिणे हिन्तो, जिणा सुंतो, जिणे सुंतो।
५. षष्ठी के एकवचन का प्रत्यय स्स होता है, यथा—जिणस्स, मुणिस्स, तरुस्स।
६. अस्मत् शब्द के प्रथमा के एकवचन के रूप म्मि, अम्मि, अम्हि, हं, अहं और अहयं होता है।
७. अस्मत् शब्द के प्रथमा के बहुवचन के रूप अम्ह, अम्हे, अम्हो, मो, वयं और भे होता है।
८. अस्मत् शब्द के षष्ठी का बहुवचन णे, णो, मज्झ, अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण, महाण और मज्झाण होता है।
९. युष्मत् शब्द के षष्ठी का एकवचन तइ, तु, ते, तुम्हं, तुह, तुहं, तुव, तुम, तुमे, तुमाइ, दि, दे, इ, ए, तुब्भ, तुम्ह, तुज्झ उब्भ, उम्ह, उज्झ और उय्ह होता है।

लिङ्ग-व्यत्यय

१. संस्कृत में जो शब्द केवल पुंलिंग है, उनमें से कईएक महाराष्ट्री में स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग भी है, यथा—प्रश्नः = पण्हो, पण्हा; गुणाः = गुणा, गुणाइं; देवा = देवा, देवाणि।
२. अनेक जगह स्त्रीलिंग के स्थान में पुंलिग होता है, यथा—शरत् = सरओ, प्रावृट् = पाउसो, विद्युता = विज्जुणा।
३. संस्कृत के अनेक क्लीबलिंग शब्दों का प्रयोग महाराष्ट्री में पुंलिंग और स्त्रीलिंग में भी होता है; यथा—यशः = जसो, जन्म = जम्मो, अक्षि = अच्छी, पृष्ठम् = पिट्ठी, चौर्यम् = चोरिआ।

आख्यात

१. ति और ते प्रत्ययों के त का लोप होता है, जैसे—हसति = हसइ, हसए; रमते = रमइ, रमए।
२. परस्मैपद और आत्मनेपद का विभाग नहीं है, महाराष्ट्री में सभी धातु उभयपदी की तरह हैं।
३. भूतकाल के ह्यस्तन, अद्यतन और परोक्ष विभाग न होकर एक ही तरह के रूप होते हैं और भूतकाल में आख्यात की जगह त-प्रययान्त कृदन्त का ही प्रयोग अधिक होता है।
४. भविष्यत्-काल के भी संस्कृत का तरह श्वस्तन और भविष्यत् ऐसे दो विभाग नहीं है।
५. भविष्यत्काल के प्रत्ययों के पहले हि होता है; यथा—हसिष्यति = हसिहिइ, करिष्यति, = करिहिइ।
६. वर्तमान काल के, भविष्यत्काल के और विधि-लिंग और आज्ञार्थक प्रत्ययों के स्थान में ज्ज और ज्जा होता है, यथा—हससि, हसिष्यति, हसेत्, हसतु = हसेज्ज, हसेज्जा।
७. भाव और कर्म में ईअ और इज्ज प्रत्यय होते हैं, यथा—हस्यते = हसीअइ, हसिज्जइ।

कृदन्त

१. शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में इर होता है, यथा—गन्तृ = गमिर, नमनशील = णमिर।
२. त्वा-प्रत्यय के स्थान में तुम्, अ, तूण, तुआण और त्ता होता है, जैसे—पठित्वा = पठिउं, पढिअ, पढिऊण, पढिउआण, पढित्ता।

तद्धित

१. त्व-प्रत्यय के स्थान में त्त और त्तण होता है, यथा—देवत्व = देवत्त, देवत्तण।

(१०) अपभ्रंश

महर्षि पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में लिखा है कि "भूयांसोऽपशब्दा अल्पीयांसः शब्दाः । एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः, तद्यथा—गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्येवमादयोऽपभ्रंशाः" अर्थात् अपशब्द बहुत और शब्द (शुद्ध) थोड़े हैं, क्योंकि एक एक शब्द के बहुत अपभ्रंश हैं, जैसे 'गौः' इस शब्द के गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्यादि अपभ्रंश हैं।

'अपभ्रंश' शब्द का सामान्य और विशेष अर्थ

यहाँ पर 'अपभ्रंश' शब्द अपशब्द के अर्थ में ही व्यवहृत है और अपशब्द का अर्थ भी 'संस्कृत-व्याकरण से असिद्ध शब्द' है, यह स्पष्ट है। उक्त उदाहरणों में 'गावी' और 'गोणी' ये दो शब्दों का प्रयोग प्राचीन[1] जैन-सूत्र-ग्रन्थों में पाया जाता है और चंड[2] तथा आचार्य[3] हेमचन्द्र आदि प्राकृत-वैयाकरणों ने भी ये दो शब्द अपने-अपने प्राकृत-व्याकरणों में लक्षण-द्वारा सिद्ध किये हैं। दण्डी ने अपने काव्यादर्श में पहले प्राकृत और अपभ्रंश का अलग-अलग निर्देश करते हुए काव्य में व्यवहृत आभीर-प्रभृति की भाषा को अपभ्रंश कही हैं और बाद में यह लिखा है कि 'शास्त्र में संस्कृत भिन्न सभी भाषाएँ अपभ्रंश कही गई हैं'[4]। यहाँ पर दण्डी ने शास्त्र-शब्द का प्रयोग महाभाष्य-प्रभृति व्याकरण के अर्थ में ही किया है। पतञ्जलि-प्रभृति संस्कृत-वैयाकरणों के मत में संस्कृत-भिन्न सभी प्राकृत-भाषाएँ अपभ्रंश के अन्तर्गत हैं, यह ऊपर के उनके लेख से स्पष्ट है। परन्तु प्राकृत-वैयाकरणों के मत में अपभ्रंश भाषा प्राकृत का ही एक अवान्तर भेद है। काव्यालंकार की टीका में नमिसाधु ने लिखा है कि "प्राकृतमेवापभ्रंशः" (२, १२) अर्थात् अभ्रंश भी शौरसेनी, मागधी आदि की तरह एक प्रकार का प्राकृत ही है। उक्त क्रमिक उल्लेखों से यह स्पष्ट है कि पतञ्जलि के समय में जिस अपभ्रंश शब्द का 'संस्कृत-व्याकरण-असिद्ध (कोई भी प्राकृत)' इस सामान्य अर्थ में प्रयोग होता था उसने आगे जाकर क्रमशः 'प्राकृत का एक भेद' इस विशेष अर्थ को धारण किया है। हमने भी यहाँ पर अपभ्रंश शब्द का इस विशेष अर्थ में ही व्यवहार किया है।

निदर्शन

अपभ्रंश भाषा के निदर्शन विक्रमोर्वशी, धर्माभ्युदय आदि नाटक-ग्रन्थों में, हरिवंशपुराण, पउमचरिअ (स्वयंभूदेवकृत) भविसयत्तकहा, संजममंजरी, महापुराण, यशोधरचरित, नागकुमारचरित, कथाकोश, पार्श्वपुराण, सुदर्शनचरित्र, करकंडुचरित, जयतिहुअणस्तोत्र, विलासवईकहा, सणंकुमारचरिअ, सुपासनाहचरिअ, कुमारपालचरित, कुमारपाल-प्रतिबोध, उपदेशतरंगिणी प्रभृति काव्यग्रन्थों में, प्राकृतलक्षण, सिद्धहेमचन्द्रव्याकरण (अष्टम अध्याय), संक्षिप्तसार, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृतसर्वस्व वगैरह व्याकरणों में और प्राकृतपिङ्गल नामक छन्द-ग्रन्थ में पाये जाते हैं।

प्रकृति और समय

डॉ. हॉर्नेलि के मत में जिस तरह आर्य लोगों की कथ्य भाषाएँ अनार्य लोगों के मुख से उच्चारित होने के कारण जिस विकृत रूप को धारण कर पायी थीं वह पैशाची भाषा है और वह कोई भी प्रादेशिक भाषा नहीं है, उस तरह आर्यों की कथ्य भाषाएँ भारत के आदिम-निवासी अनार्य लोगों की भिन्न-भिन्न भाषाओं के प्रभाव से जिन रूपान्तरों को प्राप्त हुई थीं वे ही भिन्न-भिन्न अपभ्रंश भाषाएँ हैं और ये महाराष्ट्री की अपेक्षा अधिक प्राचीन हैं। डॉ. हॉर्नेलि के इस मत का सर ग्रियर्सन-प्रभृति आधुनिक भाषातत्त्वज्ञ स्वीकार नहीं करते हैं। सर ग्रियर्सन के मत में भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाएँ साहित्य और व्याकरण में नियन्त्रित होकर जन-साधारण में अप्रचलित होने के कारण जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई थी वे ही अपभ्रंश हैं। ये अपभ्रंश-भाषाएँ ख्रिस्तीय पञ्चम शताब्दी के बहुत काल पूर्व से ही कथ्य भाषाओं के रूप में व्यवहृत होती थीं, क्योंकि चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में और कालिदास की विक्रमोर्वशी में इसके निदर्शन पाये जाने के कारण यह निश्चित है कि ख्रिस्तीय पञ्चम शताब्दी के पहले से ही ये साहित्य में स्थान पाने लगी थीं। ये अपभ्रंश भाषाएँ प्रायः दशम शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाएँ थीं। इसके बाद फिर जन-साधारण में अप्रचलित होने से जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई वे ही हिन्दी, बंगला, गुजराती वगैरह आधुनिक

---

१. "खीरीणियाओ गावीओ", "गोणं वियालं" (आचा २, ४, ५)।
"णगरगावीओ" (विपा १, २ – पत्र २६)।
"गोणीणं संगेल्लं" (व्यवहारसूत्र, उ० ४)।

२. "गोर्वावी" (प्राकृतलक्षण २, १६)। ३. "गोणादयः" (हे० प्रा० २, १७४)।

४. "आभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंश इति स्मृताः।
शास्त्रे तु संस्कृतादन्यदपभ्रंशतयोदितम्" (१, ३६)।

आर्य कथ्य भाषाएँ हैं। इनका उत्पत्ति-समय खिस्त की नववीं या दसवीं शताब्दी है। सुतरां, अपभ्रंश-भाषाएँ खिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर नववीं या दशवीं शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाओं के रूप में प्रचलित थीं। इन अपभ्रंश भाषाओं की प्रकृति वे विभिन्न प्राकृत-भाषाएँ हैं, जो भारत के विभिन्न प्रदेशों में इन अपभ्रंशों की उत्पत्ति के पूर्वकाल में प्रचलित थीं।

भेद

अपभ्रंश के बहुत भेद हैं, प्राकृतचन्द्रिका में इसके ये सताईस भेद बताये गए हैं।

"व्राचडो लाटवैदर्भावुपनागरनागरौ। बार्बरावन्त्यपाञ्चालटाक्कमालवकैकयाः॥
गौडोढ्रहैवपाश्चात्यपाण्ड्यकौन्तलसैंहलाः। कालिंगयप्राच्यकार्णाटकाञ्च्यद्राविडगौर्जराः॥
आभीरो मध्यदेशीयः सूक्ष्मभेदव्यवस्थिताः। सप्तविंशत्यपभ्रंशा वैतालादिप्रभेदतः[1]॥

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका से सताईस अपभ्रंशों के जो लक्षण और उदाहरण उद्धृत किए हैं[2]। वे इतने अपर्याप्त और अस्पष्ट हैं कि खुद मार्कंडेय ने भी इनको सूक्ष्म कह कर नगण्य बताये हैं और इनका पृथग्-पृथग् लक्षण-निर्देश न कर उक्त समस्त अपभ्रंशों का नागर, व्राचड और उपनागर इन तीन प्रधान भेदों में ही अन्तर्भाव माना है[3]। परन्तु यह बात मानने योग्य नहीं है, क्योंकि जब यह सिद्ध है कि जिन भाषाओं का उत्पत्ति-स्थान भिन्न-भिन्न प्रदेश है और जिनकी प्रकृति भी भिन्न-भिन्न प्रदेश की भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाएँ हैं तब वे अपभ्रंश भाषाएँ भी भिन्न-भिन्न ही हो सकती हैं और उन सब का समावेश एक दूसरे में नहीं किया जा सकता। वास्तव में बात यह है कि वे सभी अपभ्रंश भिन्न भिन्न होने पर भी साहित्य में निबद्ध न होने के कारण उन सब के निदर्शन ही उपलब्ध नहीं हो सकते थे। इसीसे प्राकृतचन्द्रिकाकार न उनके स्पष्ट लक्षण ही कर पाये हैं और न तो उदाहरण ही अधिक दे सके हैं। यही करण है कि मार्कण्डेय ने भी इन भेदों को सूक्ष्म कहकर टाल दिये हैं। जिन अपभ्रंश भाषाओं के साहित्य-निबद्ध होने से निदर्शन पाये जाते हैं उनके लक्षण और उदाहरण आचार्य हेमचन्द्र ने केवल अपभ्रंश के सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने अपभ्रंश के तीन विशेष नामों से दिये हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने 'अपभ्रंश' इस सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने 'नागरापभ्रंश' इस विशेष नाम से जो लक्षण और उदाहरण दिये हैं वे राजस्थानी-अपभ्रंश या राजपूताना तथा गुजरात प्रदेश के अपभ्रंश से ही संबन्ध रखते हैं। व्राचडापभ्रंश के नाम से सिन्धप्रदेश के अपभ्रंश के लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में दिये हैं, और उपनागर-अपभ्रंश का कोई लक्षण न देकर केवल नागर और व्राचड के मिश्रण को 'उपनागर-अपभ्रंश' कहा है। इसके सिवा सौरसेनी-अपभ्रंश के निदर्शन मध्यदेश के अपभ्रंश में पाये जाते हैं। अन्य अन्य प्रदेशों के अथवा महाराष्ट्री, अर्धमागधी, मागधी और पैशाची भाषाओं के जो अपभ्रंश थे उनका कोई साहित्य उपलब्ध न होने से कोई निदर्शन भी नहीं पाये जाते हैं।

उत्पत्ति-स्थान

भिन्न-भिन्न अपभ्रंश भाषा का उत्पत्ति-स्थान भी भारतवर्ष का भिन्न भिन्न प्रदेश है। रुद्रट ने और वाग्भट ने अपने अपने अलङ्कार-ग्रन्थ में यह बात संक्षेप में अथच स्पष्ट रूप में इस तरह कही है:—

"षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः" (काव्यालङ्कार २, १२)।

"अपभ्रंशस्तु यच्छुद्धं तत्तद्देशेषु भाषितम्" (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं की प्रकृति

खिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर दशम शताब्दी पर्यन्त भारत के भिन्न-भिन्न प्रदेश में कथ्य भाषाओं के रूप में प्रचलित जिस जिस अपभ्रंश भाषा से भिन्न-भिन्न प्रदेश की जो जो आधुनिक आर्य कथ्य भाषा (Moderu Vernacular) उत्पन्न हुई है उसका विवरण यों है :—

---

१. बंगीयसाहित्यपरिषत्-पत्रिका, १३१७।

२. "टाक्कं टक्कभाषानागरोपनागरादिभ्योऽवधारणीयम्। तुबहुला मालवी। वाडीबहुला पाञ्चाली। उल्लप्राया वैदर्भी। संबोधनाढ्या लाटी। ईकारोकारबहुला औढ्री। सवीप्सा कैकेयी। समासाढ्या गौडी। डकारबहुला कौन्तली। एकारिणी च पाण्ड्या। युक्ताढ्या सैंहली। हियुक्ता कालिंगी। प्राच्या तद्देशीयभाषाढ्या। ज(भ)ट्टादिबहुलाऽऽभीरी वर्णविपर्ययात् कार्णाटी। मध्यदेशीया तद्देशीयाढ्या। संस्कृताढ्या च गौर्जरी। चकारात् पूर्वोक्तटक्कभाषाग्रहणम्। रत(ल)हभां व्यत्ययेन पाश्चात्या। रेफ व्यत्येन द्राविडी। ढकारबहुला वैतालिकी। एओबहुला काञ्ची। शेषा देशभाषाविभेदात्।"

३. "नागरो व्राचडश्चोपनागरश्चेति ते त्रयः। अपभ्रंशा; परे सूक्ष्मभेदत्वान्न पृथङ् मताः" (प्रा० स० पृष्ठ ३)। "अन्येषामपभ्रंशानामेष्वेवान्तर्भावः" (प्रा० स० पृष्ठ १२२)।

महाराष्ट्री-अपभ्रंश से मराठी और कोंकणी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की पूर्व शाखा से बंगला, उड़िया और आसामी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की बिहारी शाखा से मैथिली, मगही और भोजपुरिया।
अर्धमागधी-अपभ्रंश से पूर्वीय हिन्दी भाषाएँ अर्थात् अवधी, बघेली और छत्तीसगढ़ी।
सौरसेनी-अपभ्रंश से बुन्देली, कन्नौजी, व्रजभाषा, बाँगरू, हिन्दी या उर्दू ये पाश्चात्य हिन्दी भाषा।
नागर-अपभ्रंश से राजस्थानी, मालवी, मेवाड़ी, जयपुरी, मारवाड़ी तथा गुजराती भाषा।
पालि से सिंहली और माल्दीवन।
टाक्की अथवा ढाक्की से लहण्डी या पश्चिमीय पंजाबी।
टाक्की-अपभ्रंश (सौरसेनी के प्रभाव-युक्त) से पूर्वीय पंजाबी।
व्राचड-अपभ्रंश से सिन्धी भाषा।
पैशाची-अपभ्रंश से काश्मीरी भाषा।

लक्षण नागर-अपभ्रंश के प्रधान लक्षण ये हैं :—

वर्ण-परिवर्तन

१. भिन्न-भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर होते हैं; यथा—कृत्य = कच्च, काच; वचन = वेण, वीण; बाहु = बाह, बाहा; बाहु; पृष्ठ = पट्ठि, पिट्ठि, पुट्ठि; तृण = तण, तिण, तृण; सुकृत = सुकिद, सुकृद; लेखा = लिह, लीह, लेह।
२. स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क, ख, त, थ, प और फ के स्थान में प्रायः क्रमशः ग, घ, द, ध, व और भ होता है; यथा—विच्छेदकर = विच्छोहगर; सुख = सुघ, कथित = कधिद, शपथ = शवध, सफल = सभल।
३. अनादि और असंयुक्त म के स्थान में वैकल्पिक सानुनासिक व होता है; यथा—कमल = कवँल, कमल; भ्रमर = भवँर, भमर।
४. संयोग में परवर्ती र का विकल्प से लोप होता है; यथा—प्रिय = पिय, प्रिय; चन्द्र = चन्द, चन्द्र।
५. कहीं-कहीं संयोग के परवर्ती य का विकल्प से र होता है; जैसे—व्यास = व्रास, वास; व्याकरण = व्रागरण, वागरण।
६. महाराष्ट्री में जहाँ म्ह होता है वहाँ अपभ्रंश में म्भ और म्ह दोनों होते हैं; यथा— ग्रीष्म = गिम्भ, गिम्ह; श्लेष्म = सिम्भ, सिम्ह।

नाम-विभक्ति

१. विभक्ति के प्रसंग में ह्रस्व स्वर का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व प्रायः होता है; यथा—श्यामलः = सामलः, खड्गाः = खग्ग; दृष्टि = दिट्ठि; पुत्री = पुत्ति।
२. साधारणतः सातों विभक्ति के जो प्रत्यय हैं वे नीचे दिये जाते हैं। लिंग-भेद में और शब्द-भेद में अनेक विशेष प्रत्यय भी हैं, जो विस्तार-भय से यहाँ नहीं दिये गए हैं।

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	उ, हो	०
द्वितीया	,,	०
तृतीया	एं	हिं
चतुर्थी	सु, हो, स्सु	हं, ०
पञ्चमी	हे, हु	हुं
षष्ठी	सु, हो, स्सु	हं, ०
सप्तमी	इ, हि	हिं

आख्यात-विभक्ति

		एकवचन	बहुवचन
१.	१ पु०	उं	हुं
	२ पु०	हि	ह
	३ पु०	इ, ए	हिं

२. मध्यम पुरुष के एकवचन में आज्ञार्थ में इ, उ और ए होते हैं, यथा—कुरु = करि, करु, करे।
३. भविष्यत्काल में प्रत्यय के पूर्व में स आगम होता है; यथा—भविष्यति = होसइ।

कृदन्त

१. तव्य-प्रत्यय के स्थान में इएव्वउं, एव्वउं और एवा होता है; यथा—कर्तव्य = करिएव्वउं, करेव्वउ, करेवा।
२. त्वा के स्थान में इ, इउ, इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविण, होते हैं; यथा—कृत्वा = करि, करिउ, करिवि, करवि, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
३. तुम्-प्रत्यय की जगह एवं, अण, अणहं, अणहिं एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु होते हैं; यथा—कर्तुम् = करेवं, करण, करणहं करणहिं, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
४. शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में अणअ होता है; जैसे—कर्तृ = करणअ, मारयितृ = मारणअ।

तद्धित

१. त्व और ता के स्थान में प्पण होता है; यथा—देवत्व = देवप्पण, महत्त्व = वड्डप्पण।

हम पहले यह कह आये हैं कि वैदिक और लौकिक संस्कृत के शब्दों के साथ तुलना करने पर जिस प्राकृत भाषा में वर्ण-लोप-प्रभृति परिवर्तन जितना अधिक प्रतीत हो, वह उतनी ही परवर्ती काल में उत्पन्न मानी जानी चाहिए। इस नियम के अनुसार, हम देखते हैं कि महाराष्ट्री प्राकृत में व्यञ्जनों का लोप सर्वापेक्षा अधिक है, इससे वह अन्यान्य प्राकृत-भाषाओं के पीछे उत्पन्न हुई है, ऐसा अनुमान किया जाता है। परन्तु अपभ्रंश में उक्त नियम का व्यत्यय देखने में आता है, क्योंकि भिन्न-भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाएँ यद्यपि महाराष्ट्रीके बाद ही उत्पन्न हुई हैं तथापि महाराष्ट्री में जो व्यञ्जन-वर्ण-लोप देखा जाता है, अपभ्रंश में उसकी अपेक्षा अधिक नहीं, बल्कि कम ही वर्ण-लोप पाया जाता है और ऋ स्वर तथा संयुक्त रकार भी विद्यमान है। इस पर से यह अनुमान करना असंगत नहीं हैं कि वर्ण-लोप की गति ने महाराष्ट्री प्राकृत में अपनी चरम सीमा को पहुँच कर उसको (महाराष्ट्री को) अस्थि-हीन-माँस-पिण्ड की तरह स्वर-बहुल आकार में परिणत कर दिया। अपभ्रंश में उसीकी प्रतिक्रिया शुरू हुई, और प्राचीन स्वर एवं व्यञ्जनों को फिर स्थान देकर भाषा को भिन्न आदर्श में गठित करने की चेष्टा हुई। उस चेष्टा का ही यह फल है कि पिछले समय में संस्कृत-भाषा का प्रभाव फिर प्रतिष्ठित होकर आधुनिक आर्य कथ्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

अपभ्रंशों का भिन्न आदर्श में गठन

प्राकृत पर संकृत का प्रभाव

जैन और बौद्धों ने संस्कृत भाषा का परित्याग कर उस समय की कथ्य भाषा में धर्मोपदेश को लिपिबद्ध करने की प्रथा प्रचलित की थी। इससे जो दो नयी साहित्य-भाषाओं का जन्म हुआ था, वे जैन सूत्रों की अर्धमागधी और बौद्ध-धर्म-ग्रन्थ की पालि भाषा है। परन्तु ये दो साहित्य-भाषाएँ और अन्यान्य समस्त प्राकृत-भाषाएँ संस्कृत के प्रभाव को उल्लंघन नहीं कर सकी हैं। इस बात का एक प्रमाण तो यह है कि इन समस्त प्राकृत-भाषाओं में संस्कृत-भाषा के अनेक शब्द अविकल रूप में गृहीत हुए हैं। ये शब्द तत्सम कहे जाते हैं। यद्यपि इन तत्सम शब्दों ने प्रथम स्तर की प्राकृत-भाषाओं से ही संस्कृत में स्थान और रक्षण पाया था, तो भी यह स्वीकार करना ही होगा कि ये सब शब्द परवर्ती काल की प्राकृत-भाषाओं में जो अपरिवर्तित रूप में व्यवहृत होते थे वह संस्कृत-साहित्य का ही प्रभाव था।

इसके अतिरिक्त, संस्कृत के ही प्रभाव से बौद्धों में एक मिश्र-भाषा उत्पन्न हुई थी। महायान-बौद्धों के महावैपुल्य-सूत्र-नामक कतिपय सूत्र ग्रन्थ हैं। ललितविस्तर, सद्धर्म-पुण्डरीक, चन्द्रप्रदीपसूत्र प्रभृति इसके अन्तर्गत हैं। इन ग्रंथों की भाषा में अधिकांश शब्द तो संस्कृत के हैं ही, अनेक प्राकृत शब्दों के आगे भी संस्कृत की विभक्ति लगा-कर उनको भी संस्कृत के अनुरूप किये गए हैं। पाश्चात्य विद्वानों ने इस भाषा को 'गाथा' नाम दिया है। परन्तु यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि इसका यह 'गाथा' नाम असंगत है, क्योंकि यह संस्कृत-मिश्रित-प्राकृत का प्रयोग उक्त ग्रंथों के केवल पद्यांशों में ही नहीं, बल्कि गद्यांश में भी देखा जाता है। इससे इन ग्रंथों की भाषा को 'गाथा' न कहकर 'प्राकृत-मिश्र-संस्कृत' या 'संस्कृत-मिश्र-प्राकृत' अथवा संक्षेप में 'मिश्र-भाषा' ही कहना उचित है।

गाथा-भाषा

डॉ. बर्नफ और डॉ. राजेन्द्र लाल मित्र का मत है कि, 'संस्कृत भाषा, क्रमशः परिवर्तित होती हुई प्रथम गाथा भाषा के रूप में और बाद के पालि-भाषा के आकार में परिणत हुई है। इस तरह गाथा भाषा संस्कृत और पालि की मध्यवर्ती

होने के कारण इन दोनों के (संस्कृत और पालि के) लक्षणों से आक्रान्त है।' यह सिद्धान्त सर्वथा भ्रान्त है, क्योंकि हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं कि संस्कृत-भाषा क्रमशः परिवर्तित होकर पालि-भाषा में परिणत नहीं हुई है, किन्तु पालि-भाषा वैदिक-युग की एक प्रादेशिक भाषा से ही उत्पन्न हुई है। और, गाथा-भाषा पालि-भाषा के पहले प्रचलित न थी, क्योंकि गाथा-भाषा के समस्त ग्रन्थों का रचना-काल ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्षों से लेकर ख्रिस्त की तृतीय शताब्दी पर्यन्त का है, इससे गाथा-भाषा बहुत तो पालि-भाषा की समकालीन हो सकती है, न कि पालि-भाषा की पूर्वावस्था। यह भाषा संस्कृत के प्रभाव को कायम रखकर विभिन्न प्राकृत-भाषाओं के मिश्रण से बनी है, इसमें सन्देह नहीं है। यही कारण है कि इसके शब्दों को प्रस्तुत कोष में स्थान नहीं दिया गया है।

गाथा-भाषा का थोड़ा नमूना ललितविस्तर से यहाँ उद्धृत किया जाता है :—

"अध्रुवं त्रिभवं शरदभ्रनिभं, नटरङ्गसमा जगि जन्मि च्युति।
गिरिनद्यसमं लघुशीघ्रजवं, व्रजतायु जगे यथ विद्यु नभे ॥ १ ॥'
"उदकचन्द्रसमा इमि कामगुणाः, प्रतिबिम्ब इवा गिरिघोष यथा।
प्रतिभाससमा नटरङ्गसमास्तथ स्वप्नसमा विदितार्यजनैः ॥ १ ॥" (पृष्ठ २०४, २०६)।

बुद्धदेव और उसके सारथी की आपस में बातचीत :—

"एषो हि देव पुरुषो जरयाभिभूतः, क्षीणेन्द्रियः सुदुःखितो बलवीर्यहीनः।
बन्धुजनेन परिभूत अनाथभूतः, कार्यासमर्थ अपविद्ध वनेव दारु ॥
कुलधर्म एष अयमस्य हि त्वं भणाहि, अथवापि सर्वजगतोऽस्य इयं ह्यवस्था।
शीघ्रं भणाहि वचनं यथभूतमेतत्, श्रुत्वा तथार्थमिह योनि संचिन्तयिष्ये ॥
नैतस्य देव कुलधर्म न राष्ट्रधर्मः, सर्वे जगस्य जर यौवन धर्षयाति।
तुभ्यंपि मातृपितृबान्धवज्ञातिसंघो, जरया अमुक्त नहि अन्यगतिर्जनस्य ॥
धिक् सारथे अबुधबालजनस्य बुद्धिर्यद् यौवनेन मदमत्त जरां न पश्ये।
आवर्तयस्विह रथं पुनरहं प्रवेक्ष्ये, किं मह्य क्रीडरतिभिर्जरया श्रितस्य ॥"

संस्कृत पर प्राकृत का प्रभाव

पहले जो यह कहा जा चुका है कि वैदिक काल के मध्यदेश-प्रचलित प्राकृत से ही वैदिक संस्कृत उत्पन्न हुआ है और वह साहित्य और व्याकरण के द्वारा क्रमशः मार्जित और नियन्त्रित होकर अन्त में लौकिक संस्कृत में परिणत हुआ है; एवं प्राकृत के अन्तर्गत समस्त तत्सम शब्द संस्कृत से नहीं, परन्तु प्रथम स्तर के प्राकृत से ही संस्कृत में और द्वितीय स्तर के प्राकृत में आये हैं; प्राकृत के अन्तर्गत तद्भव शब्द भी संस्कृत से प्राकृत में गृहीत न होकर प्रथम स्तर के प्राकृत से ही क्रमशः परिवर्तित होकर परवर्ती काल के प्राकृत में स्थान पाये हैं और संस्कृत व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होने से वे शब्द संस्कृत में अपरिवर्तित रूप में ही रह गये हैं; इसी तरह प्राकृत के अधिकांश देशी-शब्द भी वैदिक काल के मध्यदेश-भिन्न अन्यान्य प्रदेशों के आर्य-उपनिवेशों की प्राकृत-भाषाओं से ही बाद की प्राकृत-भाषाओं में आये हैं; इससे उन्होंने (देशी शब्दों ने) मध्यदेश के प्राकृत से उत्पन्न वैदिक और लौकिक संस्कृत में कोई स्थान नहीं पाया है। इस पर से यह सहज ही समझा जा सकता है कि प्राकृत ही संस्कृत भाषा का मूल है।

अब इस जगह हम यह बताना चाहते हैं कि प्राकृत से न केवल वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषाएँ उत्पन्न ही हुई हैं, बल्कि संस्कृत ने मृत होकर साहित्य-भाषा में परिणत होने पर भी अपनी अंग-पुष्टि के लिए प्राकृत से ही अनेक शब्दों का संग्रह किया है। ऋग्वेद आदि में प्रयुक्त वंक (वक्र), वहू (वधू), मेह (मेघ), पुराण (पुरातन), तितउ (चालनी), उच्छेक (उत्सेक), प्रभृति शब्द और लौकिक संस्कृत में प्रचलित तितउ (चालनी), आवुत्त (भगिनीपति), खुर (क्षुर), गोखुर (गोक्षुर), गुग्गुलु (गुल्गुलु), छुरिका (क्षुरिका), अच्छ (ऋक्ष), कच्छ (कक्ष), पियाल (प्रियाल), गड्ड (गरुड), चन्दिर (चन्द्र), इन्दिर (इन्द्र), शिथिल (श्लथ), मरन्द (मकरन्द), किसल (किसलय), हाला (सुराविशेष), हेवाक (व्यसन), दाढा (दंष्ट्रा), खिडक्किका (लघुद्वार, भाषा में खिड़की), जारुज (जरायुज), पुराण (पुरातन) वगैरह शब्द प्राकृत

से ही अविकल रूप में गृहीत हुए हैं और मारिष (मार्ष), जहिष्यसि (हास्यसि), ब्रूमि (ब्रवोमि), निकृन्तन (निकर्तन), लटभ (सुन्दर), प्रभृति प्राकृत के ही मूल शब्द मार्जित कर संस्कृत में लिए गए हैं।

प्राकृत-भाषाओं का उत्कर्ष

कोई भी कथ्य भाषा क्यों न हो, वह सर्वदा ही परिवर्तन-शील होती है। साहित्य और व्याकरण उसको नियम के बन्धन में जकड़कर गति-हीन और अपरिवर्तनीय करते हैं। उसका फल यह होता है कि साहित्य की भाषा क्रमशः कथ्य भाषा से भिन्न हो जाती है और जन-साधारण में अप्रचलित मृत-भाषा में परिणत होती है। साहित्य की हरकोई भाषा एक समय की कथ्य भाषा से ही उत्पन्न होती है और वह जब मृत-भाषा में परिणत होती है तब कथ्य भाषा से फिर एक नयी साहित्य की भाषा की सृष्टि होती है। इस तरह एक समय की कथ्य भाषा से ही वैदिक और लौकिक संस्कृत उत्पन्न हुई थी और वह साधारण के पक्ष में दुर्बोध होने पर अर्धमागधी, पालि आदि प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया था। ये सब प्राकृत-भाषाएँ भी समय पाकर जन-साधारण में दुर्बोध हो जाने पर संस्कृत की तरह मृत-भाषा में परिणत हो गई और भिन्न-भिन्न प्रदेश की अपभ्रंश-भाषाएँ साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। अपभ्रंश-भाषाएँ भी जब दुर्बोध होकर मृत-भाषाओं में परिणत हो चलीं तब हिन्दी, बंगला, गुजराती, मराठी प्रभृति आधुनिक आर्य कथ्य भाषाएँ साहित्य की भाषाओं के रूप में गृहीत हुई हैं। उक्त समस्त कथ्य भाषाएँ उस-उस युग की साहित्य की मृत-भाषाओं की तुलना में अवश्य ऐसे कतिपय उत्कर्षों से विशिष्ट होनी चाहिए जिनकी बदौलत ही ये उस-उस समय की मृत-भाषाओं को साहित्य के सिंहासन से च्युत कर उस सिंहासन को अपने अधिकार में कर पायी थीं। अब यहाँ हमें यह जानना जरूरी है कि ये उत्कर्ष कौन थे ?

हरकोई भाषा का सर्व-प्रथम उद्देश्य होता है अर्थ-प्रकाश। इसलिए जिस भाषा के द्वारा जितने स्पष्ट रूप से और जितने अल्प प्रयास से अर्थ-प्रकाश किया जाय वह उतना ही उत्कृष्ट भाषा मानी जाती है। इन दो कारणों के वश होकर ही भाषा का निरन्तर परिवर्तन साधित होता है और भिन्न-भिन्न काल में भिन्न-भिन्न कथ्य-भाषाओं से नयी-नयी साहित्य-भाषाओं की उत्पत्ति होती है। वैदिक संस्कृत क्रमशः लुप्त होकर लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति उक्त दो कारणों से ही हुई थी। वैदिक शब्द-समूह अप्रचलित होने पर उसके अनावश्यक प्रकृति और प्रत्ययों को बाद देकर जो सहज ही समझ में आ सकें वैसी प्रकृति और प्रत्ययों का संग्रह कर वैदिक भाषा से लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति हुई थी। संस्कृत-भाषा के प्रकृति-प्रत्यय काल-क्रम से अप्रचलित होकर जब दुःख-बोध्य हो उठे तब उस समय की कथ्य भाषाओं से ही स्पष्टार्थक, सुखोच्चारण-योग्य, मधुर और कोमल प्रकृति-प्रत्ययों का संग्रह कर संस्कृत के अनावश्यक, दुर्बोध, कष्टोच्चारणीय, कठोर और कर्कश प्रकृति-प्रत्यय-सन्धि-समासों का वर्जन कर अर्धमागधी, पाली और अन्यान्य प्राकृत-भाषाएँ साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। यदि इन सब नूतन साहित्य-भाषाओं में संस्कृत की अपेक्षा अर्थ-प्रकाश की अधिक शक्ति, अल्प आयास से और सुख से उच्चारण-योग्यता प्रभृति गुण न होते तो ये कभी भी संस्कृत जैसी समृद्ध भाषा को साहित्य के सिंहासन से च्युत करने में समर्थ न होतीं। काल-क्रम से ये सब प्राकृत-साहित्य-भाषाएँ भी जब व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होकर अप्रचलित और जन-साधारण में दुर्बोध हो चलीं तब उस समय प्रचलित प्रादेशिक अपभ्रंश भाषाओं ने इनको हटाकर साहित्य-भाषाओं का स्थान अपने अधिकार में किया। यहाँ पर यह प्रश्न हो सकता है कि साहित्य की प्राकृत-भाषाओं की अपेक्षा इन अपभ्रंश-भाषाओं में वह कौन-सा गुण था जिससे ये अपने पहले की प्राकृत-साहित्य-भाषाओं को परास्त कर उनके स्थान को अपने अधिकार में कर सकीं ? इसका उत्तर यह है कि कोई भी गुण चरम सीमा में पहुँच जाने पर फिर वह गुण ही नहीं रहने पाता, वह दोष में परिणत हो जाता है। संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में यह उत्कर्ष था कि इनमें संस्कृत के कर्कश और कष्टोच्चारणीय असंयुक्त और संयुक्त व्यञ्जन वर्णों के स्थान में सब कोमल और सुखोच्चारणीय वर्ण व्यवहृत होते थे। किन्तु इस गुण की भी सीमा है, महाराष्ट्री-प्राकृत में यह गुण सीमा का अतिक्रम कर गया, यहाँतक कि संस्कृत के अनेक व्यञ्जनों का एकदम ही लोप कर उनके स्थान में स्वर-वर्णों की परम्परा-द्वारा समस्त शब्द गठित होने लगे। इससे इन शब्दों के उच्चारण सुख-साध्य होने के बदले अधिकतर कष्टसाध्य हुए, क्योंकि बीच बीच में व्यञ्जन-वर्णों से व्यवहित न होकर केवल स्वर-परम्परा का उच्चारण करना कष्टकर होता है। इस तरह प्राकृत-भाषा महाराष्ट्री-प्राकृत में आकर जब इस चरम अवस्था में उपनीत हुई तबसे ही इसका पतन अनिवार्य हो उठा। इसकी प्रतिक्रिया-

स्वरूप अपभ्रंश-भाषाओं में नूतन व्यञ्जन वर्ण बैठा कर सुखोच्चारण-योग्यता करने की चेष्टा हुई। इसका फल यह हुआ कि प्रादेशिक अपभ्रंश-भाषाएँ साहित्य की भाषाओं के रूप में उन्नीत हुईं। आधुनिक प्रादेशिक आर्य-भाषाएँ भी प्राकृत भाषाओं के उस दोष का पूर्ण संशोधन करने के लिए नूतन संस्कृत शब्दों को ग्रहण कर अपभ्रंशों के स्थान को अपने अधिकार में करके नवीन साहित्य-भाषाओं के रूप में परिणत हुई। आधुनिक आर्य-भाषाओं में पूर्व-वर्ती प्राकृतों और अपभ्रंशों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि इन्होंने शब्दों के सम्बन्ध में प्राकृत और संस्कृत को मिश्रित कर उभय के गुणों का एक सुन्दर सामञ्जस्य किया है। इनके तद्भव और देश्य शब्दों में प्राकृत की कोमलता और मधुरता है और तत्सम शब्दों में संस्कृत की ओजस्विता। आधुनिक आर्य-भाषाओं में संस्कृत और प्राकृत दोनों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि ये संस्कृत और प्राकृतों के अनावश्यक लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों का वर्जन कर, उनके बदले भिन्न भिन्न स्वतन्त्र शब्दों के द्वारा लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों को प्रकाशित कर और संस्कृत तथा प्राकृतों के विभक्ति-बहुल स्वभाव का परित्याग कर विश्लेषण-शील-भाषा में परिणत हुई हैं। इस तरह इन भाषाओं ने अल्प आयास से वक्ता के अर्थ को अधिकतर स्पष्ट रूप में प्रकाशित करने का मार्ग-प्रदर्शन किया है। उक्त गुणों के कारण ही आधुनिक आर्य-भाषाओं ने वैदिक, संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश इन सब साहित्य-भाषाओं के स्थान पर अपना अधिकार जमाया है।

संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में जो उत्कर्ष—गुण ऊपर बताये हैं वे अनेक प्राचीन ग्रन्थकारों ने पहले ही प्रदर्शित किये हैं। उनके ग्रन्थों से, प्राकृत के उत्कर्ष के संबन्ध में, कुछ वचन यहाँ पर उद्‌धृत किए जाते हैं :—

[1]"अमिअं पाउअ-कव्वं पढिउं सोउं च जे ण आणंति।
कामस्स तत्त-तत्तिं कुणंति, ते कह ण लज्जंति ? ।। (हाल की गाथासप्तशती १, २)।

अर्थात् जो लोग अमृतोपम प्राकृत-काव्य को न तो पढ़ना जानते हैं और न सुनना जानते हैं अथच काम-तत्त्व की आलोचना करते हैं उनको शरम क्यों नहीं आती ?

'[2]उम्मिल्लइ लायण्णं पयय-च्छायाए सक्कय-वयाणं।
सक्कय-सक्कारुक्करिसणेण पययस्सवि पहावो।।' (वाक्पतिराज का गउडवहो ६५)।

संस्कृत शब्दों का लावण्य प्राकृत की छाया से ही व्यक्त होता है; संस्कृत-भाषा के उत्कृष्ट संस्कार में भी प्राकृत का प्रभाव व्यक्त होता है।

'[3]णवमत्थ-दंसणं संनिवेस-सिसिराओ बंध-रिद्धीओ।
अविरलमिणमो आभुवण-बंधमिह णवर पययम्मि।।' (गउडवहो ७२)।

सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आजतक प्रचुर परिमाण में नूतन नूतन अर्थों का दर्शन और सुन्दर रचनावाली प्रबन्ध-संपत्ति कहीं भी है तो वह केवल प्राकृत में ही।

'[4]हरिस-विसेसो वियसावओ य मउलावओ य अच्छीण।
इह बहि-हुत्तो अंतो-मुहो य हिययस्स विप्फुरइ।।' (गउडवहो ७४)।

प्राकृत-काव्य पढ़ने के समय हृदय के भीतर और बाहर एक ऐसा अभूत-पूर्व हर्ष होता है कि जिससे दोनों आँखें एक ही साथ विकसित और मुद्रित होती हैं।

'[5]परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो।
पुरिस-महिलाणं जेत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणं।।' (राजशेखर की कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

संस्कृत-भाषा कर्कश और प्राकृत भाषा सुकुमार है। पुरुष और महिला में जितना अन्तर है, इन दो भाषाओं में भी उतना ही प्रभेद है।

---

१. अमृतं प्राकृतं काव्यं पठितुं श्रोतुं च ये न जानन्ति। कामस्यतत्त्वचिन्तां कुर्वन्ति, ते कथं न लज्जन्ते ? ।।

२. उन्मीलति लावण्यं प्राकृतच्छायया संस्कृतपदानाम्। संस्कृतसंस्कारोत्कर्षणेन प्राकृतस्यापि प्रभावः ।।

३. नवामार्थदर्शनं संनिवेशशिशिरा बन्धर्द्धयः। अविरलमिदमाभुवनबन्धमिह केवलं प्राकृते ।।

४. हर्षविशेषो विकासको मुकुलीकारकश्चाक्ष्णोः। इह बहिर्मुखोऽन्तर्मुखश्च हृदयस्य विस्फुरति ।।

५. परुषः संस्कृतबन्धः प्राकृतबन्धस्तु भवति सुकुमारः। पुरुषमहिलयोर्यावदिहान्तरं तावदनयोः ।।

'गिरः श्रव्या दिव्याः प्रकृतिमधुराः प्राकृतगिरः ।
सुभव्योऽपभ्रंशः सरसरचनं भूतवचनम् ।' (राजशेखर का बालरामायण १, ११) ।

संस्कृत-भाषा सुनने योग्य है, प्राकृत भाषा स्वभाव-मधुर है, अपभ्रंश-भाषा भव्य है और पैशाची-भाषा की रचना रस-पूर्ण है।

'[1]सक्कय-कव्वस्सत्थं जेण न याणंति मंद-बुद्धीया ।
सव्वाणवि सुह-बोहं तेणेमं पाययं रइयं ।।
गुढत्थ-देसि-रहियं सुललिय-वन्नेहिं विरइयं रम्मं ।
पायय-कव्वं लोए कस्स न हियय सुहावेइ ?।। (महेश्वरसूरि का पञ्चमीमाहात्म्य) ।

सामान्य मनुष्य संस्कृत-काव्य के अर्थ को समझ नहीं पाते हैं। इसलिए यह ग्रन्थ उस प्राकृत-भाषा में रचा जाता है जो सब लोगों को सुख-बोध्य है।

गूढ़ार्थक देशी-शब्दों से रहित और सुललित पदों में रचा हुआ सुन्दर प्राकृत-काव्य किसके हृदय को सुखी नहीं करता ?

'[2]उज्झउ सक्कय-कव्वं सक्कय-कव्वं च निम्मियं जेण ।
वंस-हरं व पलित्तं तडयडतट्टत्तणं कुणइ ।।'
(वज्जालग्ग (?) से अपभ्रंशकाव्यत्रयी की प्रस्ता०, पृष्ठ ७६ में उद्धृत) ।

संस्कृत-काव्य को छोड़ो और जिसने संस्कृत-काव्य की रचना की उसका भी नाम मत लो, क्योंकि वह (संस्कृत) जलते हुए बाँस के घर की तरह 'तड़ तड़ तट्ट' आवाज करता है—श्रुतिकटु लगता है।

"[3]पाइअ-कव्वम्मि रसो जो जायइ तह व छेय-भणिएहिं ।
उययस्स य वासिय-सीयलस्स तित्ति न वच्चामो ।।
ललिए महुरक्खरए जुवई-यण-वल्लहे स-सिंगारे ।
संते पाइय-कव्वे को सक्कइ सक्कयं पढिउं ? ।।" (जयवल्लभ का वज्जालग्ग, पृष्ठ ६)

प्राकृत-भाषा की कविता में और विदग्ध के वचनों में जो रस आता है उससे, बासी और शीतल जल की तरह, तृप्ति नहीं होती है—मन कभी ऊबता नहीं है—उत्कण्ठा निरन्तर बनी ही रहती है।

जब सुन्दर, मधुर, शृङ्गार-रस-पूर्ण और युवतियों को प्रिय ऐसा प्राकृत-काव्य मौजूद है तब संस्कृत पढ़ने को कौन जाता है ?

---

१. संस्कृतकाव्यस्यार्थं येन न जानन्ति मन्दबुद्धयः । सर्वेषामपि सुखबोधं तेनेदं प्राकृतं रचितम् ।।
गुढार्थदेशीरहितं सुललितवर्णैर्विरचितं रम्यम् । प्राकृतकाव्यं लोके कस्य न हृदयं सुखयति ? ।।

२. उज्झयतां संस्कृतकाव्यं संस्कृतकाव्यं च निर्मितं येन । वंशगृहमिव प्रदीप्तं तडतडतट्टत्वं करोति ।।

३. प्राकृतकाव्ये रसो यो जायते तथा वा छेकभणितैः । उदकस्य च वासितशीतलस्य तृप्तिं न व्रजामः ।।
ललिते मधुराक्षरके युवतिजनवल्लभे सशृंगारे । सति प्राकृतकाव्ये कः श्वक्नते संस्कृतं पठितुम् ? ।।

इस कोष में स्वीकृत पद्धति

१. प्रथम काले टाइपों में क्रम से प्राकृत शब्द, उसके बाद सादे टाइपों में उस प्राकृत शब्द के लिङ्ग आदि का संक्षिप्त निर्देश, उसके पश्चात् काले कोष्ठ (ब्राकेट) में काले टाइपों में प्राकृत शब्द का संस्कृत प्रतिशब्द, उसके अनन्तर सादे टाइपों में हिन्दी भाषा में अर्थ और तदनन्तर सादे टाइपों में ब्राकेट में प्रमाण (रेफरेंस) का उल्लेख किया गया है।

२. शब्दों का क्रम नागरी वर्ण-माला के अनुसार इस तरह रखा गया है :—अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, क, ख, ग आदि। इस तरह अनुस्वार के स्थान की गणना संस्कृत-कोषों की तरह पर-सवर्ण अनुनासिक व्यञ्जन के स्थान में न कर अन्तिम स्वर के बाद और प्रथम व्यञ्जन के पूर्व में ही करने का कारण यह है कि संस्कृत की तरह प्राकृत में [1]व्याकरण की दृष्टि से भी अनुस्वार के स्थान में अनुनासिक का होना कहीं भी अनिवार्य नहीं है और प्राचीन हस्त-लिखित पुस्तकों में प्रायः सर्वत्र अनुस्वार का ही प्रयोग पाया जाता है।

३. प्राकृत शब्द का प्रयोग विशेष रूप से आर्ष (अर्धमागधी) और महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में और सामान्य रूप से आर्ष से लेकर अपभ्रंश भाषा तक के अर्थ में किया जाता है। प्रस्तुत कोष के 'प्राकृत-शब्द-महार्णव' नाम में प्राकृत-शब्द सामान्य अर्थ में ही गृहीत है। इससे यहाँ [2]आर्ष, महाराष्ट्री, शौरसेनी, अशोक-शिलालिपि, देश्य, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची तथा अपभ्रंश भाषाओं के शब्दों का संग्रह किया गया है। परन्तु प्राचीनता और साहित्य की दृष्टि से इन सब भाषाओं में आर्ष और महाराष्ट्री का स्थान ऊँचा है। इससे इन दोनों के शब्द यहाँ पूर्ण रूप से लिए गये हैं और शौरसेनी आदि भाषाओं के प्रायः उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है जो या तो प्राकृत (आर्ष और महाराष्ट्री) से विशेष भेद रखते हैं अथवा जिनका प्राकृत रूप नहीं पाया गया है, जैसे—'य्येव', 'विधुव', 'संपाद-इत्तअ', 'संभावीअदि' वगैरह। इस भेद की पहिचान के लिए प्राकृत से इतर भाषा के शब्दों और आख्यात-कृदन्त के रूपों के आगे सादे टाइपों में कोष्ठ में उस उस भाषा का संक्षिप्त नाम-निर्देश कर दिया गया है, जैसे [3]'(शौ)', '(मा)' इत्यादि। परन्तु शौरसेनी आदि में भी जो शब्द या रूप प्राकृत के ही समान है वहाँ ये भेद-दर्शक चिह्न नहीं दिए गए हैं।

(क) आर्ष और महाराष्ट्री से शौरसेनी आदि भाषाओं के जिन शब्दों में सामान्य (सर्व-शब्द-साधारण) भेद है उनको इस कोष में स्थान देकर पुनरावृत्ति-द्वारा ग्रन्थ के कलेवर को विशेष बढ़ाना इसलिए उचित नहीं समझा गया है कि वह सामान्य भेद प्राकृत-भाषाओं के साधारण अभ्यासी से भी अज्ञात नहीं है और वह उपोद्घात में भी उस उस भाषा के लक्षण-प्रसङ्ग में दिखा दिया गया है जिससे वह सहज ही ख्याल में आ सकता है।

(ख) आर्ष और महाराष्ट्री में भी परस्पर उल्लेखनीय भेद है। तिस पर भी यहाँ उनका भेद-निर्देश न करने का एक कारण तो यह है कि इन दोनों में इतर भाषाओं से अपेक्षा-कृत समानता अधिक है; दूसरा, प्रकृति की अपेक्षा प्रत्ययों में ही विशेष भेद हैं जो व्याकरण से सम्बन्ध रखता है, कोष से नहीं; तीसरा, जैन ग्रंथकारों ने महाराष्ट्री-ग्रंथों में भी आर्ष प्राकृत के शब्दों का अविकल रूप में अधिक व्यवहार कर उनको महाराष्ट्री का रूप दे दिया है[4]।

४. प्राकृत में यश्रुतिवाला[5] नियम खूब ही अव्यवस्थित है। प्राकृत-प्रकाश, सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और प्राकृतपिंगल आदि में इस नियम का एकदम अभाव है जबकि आर्ष, जैन महाराष्ट्री तथा गउडवहो-प्रभृति ग्रन्थों में इस नियम का हद से ज्यादा आदर देखा जाता है; यहाँ तक कि एक ही शब्द में कहीं तो यश्रुति है और कहीं नहीं, जैसे 'पअ' और 'पय', 'लोअ' और 'लोय'। इस कोष में ऐसे शब्दों की पुनरावृत्ति न कर कोई भी (यश्रुतिवाले 'य', से रहित या सहित) एक ही शब्द लिया गया है। इससे क्रम तथा इतर समान शब्द की

---

१. देखो प्राकृतप्रकाश, सूत्र ४, १४; १७; हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण, सूत्र १, २५; और प्राकृतसर्वस्व, सूत्र, ४, २३ आदि।

२. प्राकृतसर्वस्व (पृष्ठ १-३) आदि में इनसे अतिरिक्त और भी प्राच्या, शाकारि आदि अनेक उपभेद बताए गए हैं, जिनका समावेश यहाँ शौरसेनी आदि इन्हीं मुख्य भेदों में यथास्थान किया गया है।

३. इन संक्षिप्त नामों का विवरण संकेत-सूची में देखिए।

४. इसी से डॉ. पिशल् आदि पाश्चात्य विद्वानों ने आर्ष-भिन्न जैन प्राकृत-ग्रंथों की भाषा को 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है। देखो डॉ. पिशल् का प्राकृतव्याकरण और डॉ. टेसेटोरी की उपदेशमाला की प्रस्तावना।

५. हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण का सूत्र १, १८०।

तुलना की सुविधा के लिए आवश्यकतानुरूप कहीं कहीं रेफरेंसवाले शब्द के 'अ' के स्थान में 'य' और 'य' की जगह 'अ' किया गया है।

आर्ष ग्रंथों में यश्रुतिवाले 'य' की तरह 'त' का प्रयोग भी बहुत ही पाया जाता है, जैसे 'अय' (अज) के स्थान में 'अत', 'अईअ' (अतीत) की जगह 'अतीय' आदि। ऐसे शब्दों की भी इस कोष में बहुधा पुनरावृत्ति न करके त-वर्जित शब्दों को ही विशेष रूप से स्थान दिया गया है।

६. संयुक्त शब्दों को उनके क्रमिक स्थान में अलग न देकर मूल (पूर्व भागवाले) शब्द के भीतर ही उत्तर भागवाले शब्द अकारादि क्रम से काले टाइपों में दिए गए हैं और उसके पूर्व ° (ऊर्ध्व बिन्दी) का चिह्न दिया गया है। ऐसे शब्द का संस्कृत प्रतिशब्द भी काले टाइपों में ° चिह्न दे कर दिए गए हैं। विशेष स्थानों में पाठकों की सुगमता के लिए संयुक्त शब्द उसके क्रमिक स्थान में अलग भी बतलाये गए हैं और उसके अर्थ तथा रेफरेंस के लिए मूल शब्द में जहाँ वे दिए गए हैं, देखने की सूचना की गई है।

(क) इन संयुक्त शब्दों में जहाँ 'देखो°——' से जिस शब्द को देखने को कहा गया है वहाँ उस शब्द के उसी मूल शब्द के भीतर देखना चाहिए न कि अन्य शब्द के अन्दर।

७. त, तण (त्व), आ, या (तल्), अर, यर, तराग (तर), अम, तम (तम) आदि सुगम और सर्वत्र-साधारण प्रत्ययवाले शब्दों में प्रत्ययों को छोड़कर केवल मूल शब्द ही यहाँ लिए गए हैं। परन्तु जहाँ ऐसे प्रत्ययों में रूप आदि की विशेषता है वहाँ प्रत्यय-सहित शब्द भी लिए गए हैं।

८. धातुओं के सब रूप सादे टाइपों में और कृदन्तों के रूप काले टाइपों में धातु के भीतर दिए गए हैं।

(क) भाव तथा कर्म-कर्तरि रूपों का निर्देश भी धातु के भीतर 'कर्म—' से ही किया गया है।[1]

(ख) भूत कृदन्त के रूप तथा अन्य आख्यात तथा कृदन्त के विशिष्ट रूप बहुधा अलग अलग अपने क्रमिक स्थान हें दिए गए हैं।

९. जिन संस्करणों से शब्द-संग्रह किया गया है उनमें रही हुई संपादन की या प्रेस की भूलों को सुधार कर शुद्ध शब्द ही यहाँ दिए गए हैं। पाठकों के ज्ञानार्थ साधारण भूलों को छोड़कर विशेष भूलवाले पाठ रेफरेंस के उल्लेख के अनन्तर-पूर्व में ज्यों के त्यों उद्धृत भी किये गए हें और भूलवाले भाग की शुद्धि कौंस में '?' (शङ्काचिह्न) के बाद बतला दी गई हैं; जैसे देखो क्षोब्भ, बब्भ आदि शब्द।

(क) जहाँ भिन्न भिन्न ग्रंथों में या एक ही ग्रंथ के भिन्न भिन्न स्थानों में या संस्करणों में एक ही शब्द के अनेक संदिग्ध रूप पाये गए हैं और जिनके शुद्ध रूप का निर्णय करना कठिन जान पड़ा है वहाँ पर ऐसे रूपवाले सब शब्द इस कोष में यथास्थान दिए गए हैं और तुलना के लिए ऐसे प्रत्येक शब्द के अन्त भाग में 'देखो—' लिख कर इतर रूप भी सूचाया गया है; जैसे देखो 'पुक्खलच्छिभय, पोक्खलच्छिलय'; 'पेसल, पेसलेस; 'भयालि, सयालि' आदि शब्द।

१०. एक ही ग्रंथ के एक या भिन्न भिन्न संस्करणों के अथवा भिन्न भिन्न ग्रंथों के पाठ-भेदों के सभी शुद्ध शब्द इस कोष में यथास्थान दिए गए हैं; जैसे—परिउभुसिय (भगवतीसूत्र २५—पत्र ९२३) और परिभुसिय (भग. २५ टी—पत्र ९२५); णिव्विदेज्ज (भी. मा. का सूत्रकृतांग १, २, ३, १२) और णिव्विंदेज्ज (आ. स. का सूत्रकृतांग १, २, ३, १२); पविरल्लिय (आ. स. का प्रश्नव्याकरण १, ५—पत्र ९१) और पवित्थरिल्ल (अभिधानराजेन्द्र का प्रश्नव्याकरण १, ५), सामकोट्ठ (समवायांग-सूत्र, पत्र १५३) और सामिकुट्ट प्रवचनसारोद्धार, द्वार ७) प्रभृति।

११. संस्कृत की तरह प्राकृत में भी कम से कम शब्द के आदि के 'ब' तथा 'व' के विषय में गहरा मत-भेद है। एक की शब्द कहीं बकारादि पाया जाता है तो कहीं वकारादि। जैसे भगवतीसूत्र में 'बत्थि' हैं तो विपाकश्रुत में 'वत्थि' छपा है। इससे ऐसे शब्दों को दोनों स्थानों में न देकर जो 'ब' या 'व' उचित जान पड़ा है उसी एक स्थल में वह शब्द दिया गया है और उभय प्रकार के शब्दों के रेफरेंस भी वहाँ ही दिये गये हैं। हाँ, जहाँ दोनों अक्षरों के अस्तित्व का स्पष्ट रूप से उल्लेख पाया गया है वहाँ दोनों स्थलों में वह शब्द दिया गया है, जैसे 'बप्फाउल' और 'वप्फाउल'[1] आदि।

१२. लिङ्गादि-बोधक संक्षिप्त शब्द प्राकृत शब्द से ही संबन्ध रखते हैं, संस्कृत-प्रतिशब्द से नहीं।

(क) जहाँ अर्थ-भेद में लिङ्ग आदि का भी भेद है वहाँ उस अर्थ के पूर्व में ही भिन्न लिंग आदि का सूचक शब्द दे दिया गया है। जहाँ ऐसा भिन्न शब्द नहीं दिया है वहाँ उसके पूर्व के अर्थ या अर्थों के समान ही लिंग आदि समझना चाहिए।

---

१. देशीनाममाला ६, ९२ का टीका।

(ख) प्राकृत में लिंग-विधि खूब ही अनियमित है। प्राकृत वैयाकरणों ने भी कुछ अति संक्षिप्त परन्तु [1] व्यापक सूत्रों के द्वारा इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया है। प्राचीन ग्रंथों में एक ही शब्द का जिस-जिस लिंग में योग जहाँ तक हमें दृष्टिगोचर हुआ है, उस-उस लिंग का निर्देश इस कोष में उस शब्द के पास कर दिया गया है। जहाँ लिंग में विशेष विलक्षणता पाई गई है वहाँ उस ग्रंथ का अवतरण भी दे दिया गया है।

(ग) जहाँ स्त्रीलिंग का विशेष रूप पाया गया है वहाँ उस अर्थ के बाद 'स्त्री—' निर्देश करके रेफरेंस के साथ दिया गया है।

(घ) प्राकृत में अनेक ग्रंथों में अव्यय के बाद विभक्ति का प्रयोग पाया जाता है। इससे ऐसे स्थानों में अव्यय-सूचक 'अ' के बाद प्रायः लिंग बोधक शब्द भी दिया गया है; जैसे 'बला' के बाद 'अ. स्त्री' = (अव्यय तथा स्त्रीलिंग)।

१३. देश्य शब्दों के संस्कृत-प्रतिशब्द के स्थान में केवल देश्य का संक्षिप्त रूप 'दे' ही काले टाइपों में कोष्ठ में दिया गया है।

(क) जो धातु वास्तव में देश्य होने पर भी प्राकृत के प्रसिद्ध-प्रसिद्ध व्याकरणों में संस्कृत धातु के आदेश कह कर तद्भव बतलाये गये हैं उनके संस्कृत-प्रतिशब्द के स्थान में 'दे' न देकर प्राचीन वैयाकरणों की मान्यता बतलाने के उद्देश्य से वे वे आदेशि संस्कृत रूप ही दिये गये हैं। इससे संस्कृत से बिलकुल विसदृश रूपवाले इन देश्य धातुओं को वास्तविक तद्भव समझने की भूल कोई न करे।

(ख) जो धातु तद्भव होने पर भी प्राकृत-व्याकरणों में उसको अन्य धातु का आदेश बतलाया गया है उस धातु के व्याकरण-प्रदर्शित आदेशि संस्कृत रूप के बाद वास्तविक संस्कृत रूप भी दिखलाया गया है यथा पेच्छ के [दृश् , प्र + ईक्ष्] आदि।

(ग) प्राचीन ग्रंथों में जो शब्द देश्य रूप से माना गया है परन्तु वास्तव में जो देश्य न होकर तद्भव ही प्रतीत होता है, ऐसे शब्दों का संस्कृत-प्रतिशब्द दिया गया है और प्राचीन मान्यता बतलाने के लिए संस्कृत प्रतिशब्द के पूर्व में 'दे' दिया गया है।

(घ) जो शब्द वास्तव में देश्य ही है, परन्तु प्राचीन व्याख्याकारों ने उसको तद्भव बतलाते हुए उसके जो परिमार्जित—छिल-छाल कर बनाये हुए संस्कृत—रूप अपने ग्रंथों में दिये हैं, परन्तु जो संस्कृत-कोषों में नहीं पाये जाते हैं, ऐसे संस्कृत-प्रतिरूपों को यहाँ स्थान न देते हुए केवल 'दे' ही दिया गया है।

(ङ) जो शब्द देश्य रूप से संदिग्ध है उसके प्रतिशब्द के पूर्व में 'दे' भी दिया है।

१४. प्राचीन व्याख्याकारों के दिये हुए संस्कृत-प्रतिशब्द से भी जो अधिक समानतावाला संस्कृत प्रतिशब्द है वही यहाँ पर दिया गया है, जैसे 'ण्हाणिय' के प्राचीन प्रतिशब्द 'स्नापित' के बदले 'स्नानित'।

१५. अनेक अर्थवाले शब्दों के प्रत्येक अर्थ १, २, ३ आदि अंकों के बाद क्रमशः दिये गये हैं और प्रत्येक अर्थ के एक या अनेक रेफरेंस उस अर्थ के बाद सादे ब्राकेट में दिये हैं।

(क) धातु के भिन्न-भिन्न रूपवाले रेफरेंसों में जो-जो अर्थ पाये गये हैं वे सब १, २, ३ के अंकों से देकर क्रमशः धातु के आख्यात तथा कृदन्त के रूप दिये गये हैं और उस-उस रूपवाले रेफरेंस का उल्लेख उसी रूप के बाद ब्राकेट में कर दिया गया है।

(ख) जिस शब्द का अर्थ वास्तव में सामान्य या व्यापक है, किन्तु प्राचीन ग्रंथों में उसका प्रयोग प्रकरण-वश विशेष या संकीर्ण अर्थ में हुआ है, ऐसे शब्द का सामान्य या व्यापक अर्थ ही इस कोष में दिया गया है; यथा—'हत्थिच्चग' का प्रकरण-वश होता 'हाथ के योग्य आभूषण' यह विशेष अर्थ यहाँ पर न देकर 'हाथ-सम्बन्धी' यह सामान्य अर्थ ही दिया गया है। 'णक्खत्त (नाक्षत्र)' आदि तद्धितान्त शब्दों के लिए भी यही नियम रखा गया है।

१६. शब्द-रूप, लिंग, अर्थ की विशेषता या सुभाषित की दृष्टि से जहाँ अवतरण देने की आवश्यकता प्रतीत हुई है वहाँ पर वह, पर्याप्त अंश में, अर्थ के बाद और रेफरेंस के पूर्व में दिया गया है।

(क) अवतरण के बाद कोष्ठ में जहाँ अनेक रेफरेंसों का उल्लेख है वहाँ पर केवल सर्व-प्रथम रेफरेंस का ही अवतरण से संबन्ध है, शेष का नहीं।

१७. एक ही ग्रंथ के जिन अनेक संस्करणों का उपयोग इस कोष में किया गया है, रेफरेंस में साधारणतः संस्करण-विशेष का उल्लेख न करके केवल ग्रंथ का ही उल्लेख किया गया है। इससे ऐसे रेफरेंसवाले शब्द को सब संस्करणों का या संस्करण-विशेष का समझना चाहिए।

---

१. हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण, सूत्र १, ३३ से ३५।

(क) जहाँ पर संस्करण-विशेष के उल्लेख की खास आवश्यकता प्रतीत हुई है वहाँ पर रेफरेंस की संकेत-सूची में दिये हुए संस्करण के १, २ आदि अंक रेफरेंस के पूर्व में दिये हैं; जैसे पेसल और पेसलेस शब्दों के रेफरेंस 'आचा' के पूर्व में '२' का अंक आगमोदय-समिति के संस्करण का और '३' का अंक प्रो० रवजी भाई के संस्करण का बोधक है।

१८. जहाँ कहीं प्राकृत के किसी शब्द के रूप की, अर्थ की अथवा संयुक्त शब्द आदि की समानता या विशेषता के लिये प्राकृत के ही ऐसे शब्दान्तर की तुलना बतलाना उपयुक्त जान पड़ा है वहाँ पर रेफरेंस के बाद 'देखो—' से उस शब्द को देखने की सूचना की गई है।

१९. जहाँ कहीं 'देखो' के बाद काले टाइपों में दिये हुए प्राकृत शब्द के अनन्तर सादे टाइपों में लिंगादि-बोधक या संस्कृत-प्रतिशब्द दिया गया है वहाँ उसी लिंग आदिवाले या संस्कृत प्रतिशब्दवाले ही प्राकृत शब्द से मतलब है, न कि उसके समान इतर प्राकृत शब्द से। जैसे अ शब्द के 'देखो च अ' के च से पुंलिंग च को छोड़कर दूसरा ही अव्यय-भूत च शब्द, और ओसार के 'देखो ऊसार = उत्सार' के 'ऊसार' से तीसरा ही ऊसार शब्द देखना चाहिए; पहले, दूसरे और चौथे ऊसार शब्द को नहीं।

उक्त नियमों से अतिरिक्त जिन नियमों का अनुसरण इस कोष में किया गया है वे आधुनिक नूतन पद्धति के संस्कृत आदि कोषों के देखनेवालों से परिचित और सुगम होने के कारण खुलासे की जरूरत नहीं रखते।

पाइअ-सद्द-महण्णवो ।

(प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

णासिअ-दोस-समूहं, भासिअणेगंतवाय-ललिअत्थं ।
पासिअ-लोआलोअं, वंदामि जिणं महावीरं ॥ १ ॥

निक्कित्तिम-साउ-पयं, अइसइअं सयल-वाणि-परिणमिरं ।
वायं अवाय-रहिअं, पणमामि जिणिंद-देवाणं ॥ २ ॥

पाइअ-भासामइअं, अवलोइअ सत्थ-सत्थमइविउलं ।
सद्द-महण्णव-णामं, रएमि कोसं स-वण्ण-कमं ॥ ३ ॥

अ

अ पुं [अ] १ प्राकृत वर्ण-माला का प्रथम अक्षर (हे १, १; प्रामा) । २ विष्णु, कृष्ण (से १, १) ।

अ देखो च अ (श्रा १४, जी २; पउम ११३, १४; कुमा) ।

अ [दे] देखो इव; 'चंदो अ' (प्राकृ ७९) ।

अ° अ [अ°] निम्न-लिखित अर्थों में से, प्रकरण के अनुसार, किसी एक को बतलानेवाला अव्यय—१ निषेध, प्रतिषेध; 'अहंसण' (सुर ७, २४८), 'सव्वनिसेहे मओऽकारो' (विसे १२३२) । २ विरोध, उल्टापन; 'अधम्म' (णाया १, १८) । ३ अयोग्यता, अनुचितपन; 'अयाल' (पउम २२,८५) । ४ अल्पता, थोड़ापन; 'अधण' (गउड); 'अचेल' (सम ४०) । ५ अभाव, अविद्यमानता; 'अगुण' (गउड) । ६ भेद, भिन्नता; 'अमणुस्स' (णंदि) । ७ सादृश्य, तुल्यता; 'अचक्खुदंसण' (सम १५) । ८ अप्रशस्तता, बुरापन; 'अभाइ' (चारु २६) । ९ लघुपन, छोटाई; 'अतड' (बृह १) ।

°अ पुं [क] १ सूर्य, सूरज (से ७, ४३) । २ अग्नि, आग । ३ मयूर, मोर (से ९,४३) । ४ न. पानी, जल (से १,१) । ५ शिखर, टोंच (से ९,४३) । ६ मस्तक, सिर (से ९,१८) ।

°अ वि [°ज्ञ] उत्पन्न, जात (गा ९७१) ।

अअंख वि [दे] स्नेह-रहित, सूखा (दे १, १३) ।

अअर देखो अवर (पि १६५) ।

अअर देखो आयर (पि १६५) ।

अइ अ [अयि] १-२ संभावना और आमंत्रण अर्थ का सूचक अव्यय (हे २, २०५; स्वप्न ५८) ।

अइ अ [अति] यह अव्यय नाम और धातु के पूर्व में लगता है और नीचे के अर्थों में से किसी एक को सूचित करता है—१ अतिशय, अतिरेक; 'अइउण्ह', 'अइउत्ति', 'अइचिंतंत' (श्रा १४, रंभा, गा २१४) । २ उत्कर्ष, महत्त्व; 'अइवेग' (कप्प) । ३ पूजा, प्रशंसा; 'अइजाय' (ठा ४) । ४ अतिक्रमण, उल्लंघन; 'अइउक्कसो' (दस ५,४,४२) । ५ ऊपर, ऊंचा; 'अइमंच', 'अइपडागा' (औप, णाया १,१) । ६ निन्दा; 'अइपंडिय' (बृह १) ।

अइ अ [अति] सामर्थ्य-सूचक अव्यय; 'अइवहइ' (सूअ १, २, ३, ५) ।

अइ सक [आ + इ] आगमन करना, आ गिरना; 'अइंति नाराया' (स ३८३) ।

अइइ स्त्री [अदिति] पुनर्वसु नक्षत्र का अधिष्ठाता देव (सुज्ज १०) ।

अइइ सक [अति+इ] १ उल्लंघन करना । २ गमन करना । ३ प्रवेश करना । वकृ. अइंत (से ६, २६, कप्प) । संकृ. अइच्च (सूअ १, ७, २८) ।

अइउट्ट वि [अतिवृत्त] अतिगत, प्राप्त (सूअ १, ५, १, १२) ।

अइंच सक [अति + अञ्च्] १ अभिषेक करना, स्थानापन्न करना । २ उल्लंघन करना । ३ अक. दूर जाना (से १३, ८; ८६) ।

अइंचिअ वि [अत्यञ्चित] १ अभिषिक्त, स्थानापन्न किया हुआ (से १३,८) । २ उल्लंघित, अतिक्रान्त (से १३,८) । ३ दूर गया हुआ (से १३, ८६) ।

अइंछ देखो अइंच (से १३, ८) ।

अइंछिअ देखो अइंचिअ (से १३, ८) ।

अइंछण न [अत्यञ्चन] १ उल्लंघन (से १३, ३८) । २ आकर्षण, खींचाव (से ८,६४) ।

अइंत देखो अइइ =अति + इ ।

अइंत वि [अनायत्] १ नहीं आता हुआ। २ जो जाना न जाता हो; 'गाहाहि पणइणीहि य खिज्जइ चित्तं अइंतीहिं' (वज्जा ४)।

अइंदिय वि [अतीन्द्रिय] इंद्रियों से जिसका ज्ञान न हो सके वह (विसे २८१८)।

अइंमुत्त देखो अइमुत्त (प्राकृ ३२)।

अइकम अक [अतिक्रम्] गुजरना, बीतना; 'देवक्खणस्स समओ अइकमइ दुद्धरस्स रायस्स' (सम्मत्त १७४)। देखो अइक्कम = अति + क्रम्।

अइकाय पुं [अतिकाय] १ महोरग—जातीय देवों का एक इन्द्र (ठा २)। २ रावण का एक पुत्र (से १६, ५६)। ३ वि. बड़ा शरीरवाला (णाया १, ६)।

अइक्कंत वि [अतिक्रान्त] १ अतीत, गुजरा हुआ; 'अइक्कंतजोव्वणा' (ठा ५)। २ तीर्ण, पार पहुँचा हुआ (आव)। ३ जिसने त्याग किया हो वह; 'सव्वसिणेहाइक्कंता' (औप)।

अइक्कम सक [अति + क्रम्] १ उल्लंघन करना। २ व्रत-नियम का आंशिक रूप से खण्डन करना; 'अइक्कमइ' (भग)। वकृ. अइक्कमंत, अइक्कममाण (सुपा २३८; भग)। कृ. अइक्कमणिज्ज (सूअ, २,७)।

अइक्कम पुं [अतिक्रम] १ उल्लंघन (गा ३४८)। २ व्रत या नियम का आंशिक खण्डन (ठा ३, ४)।

अइक्कमण न [अतिक्रमण] ऊपर देखो (सुपा २३८)।

अइक्ख वि [अतीक्ष्ण] तीक्ष्णतारहित; 'अइक्खा वेयरणी' (तंदु ४६)।

अइक्ख वि [अनीक्ष्य] अदृश्य; 'अइक्खा वेयरणी' (तंदु ४३)।

अइगच्छ } **अइगम** } अक [अति + गम्] १ गुजरना, बीतना। २ सक. पहुँचना। ३ प्रवेश करना। ४ उल्लंघन करना। ५ जाना, गमन करना। वकृ. अइगच्छमाण (णाया १,१)। संकृ. अइयच्च (आचा); 'अइगंतूण अलोगं' (विसे ६०४)।

अइगम पुं [अतिगम] प्रवेश (विसे ३८६)।

अइगमण न [अतिगमन] १ प्रवेश-मार्ग (णाया १, २)। २ उत्तरायण, सूर्य का उत्तर दिशा में जाना (भग)।

अइगय वि [दे] १ आया हुआ। २ जिसने प्रवेश किया हो वह (दे १,५७); 'ससुरकुलम्मि अइगओ, दिट्ठो य सगउरवं तत्थ' (उप ५६७ टी)। ३ न. मार्ग का पीछला भाग (दे १, ५७)।

अइगय वि [अतिगत] अतिक्रान्त, गुजरा हुआ; 'हिंडंतस्स अइगयं वरिसमेगं' (महा; से १०, १८; विसे ७ टी)।

अइगय वि [अतिगत] प्राप्त; 'एवं बुंदिमइगओ गब्भे संवसइ दुक्खिओ जीवो' (तंदु १३)।

अइचिरं अ [अतिचिरम्] बहुत काल तक (गा ३४६)।

अइच्च देखो अइइ = अति + इ।

अइच्छ सक [गम्] जाना, गमन करना। अइच्छइ (हे ४,१६२)।

अइच्छ सक [अति+क्रम्] उल्लंघन करना। अइच्छइ (ओघ ५१८)। वकृ. अइच्छंत (उत्त १८)।

अइच्छा स्त्री [अदित्सा] १ देने की अनिच्छा। २ प्रत्याख्यान विशेष (विसे ३५०४)।

अइच्छिय वि [गत] गया हुआ, गुजरा हुआ (पउम ३, १२२; उप पृ १३३)।

अइच्छिय वि [अतिक्रान्त] अतिक्रान्त, उल्लंघित (पाअ; विसे ३५८२)।

अइजाय पुं [अतिजात] पिता से अधिक संपत्ति को प्राप्त करनेवाला पुत्र (ठा ४)।

अइट्ठ वि [अदृष्ट] १ जो न देखा गया हो वह। २ न. कर्म, दैव, भाग्य (भवि)। °उव्व, °पुव्व वि [°पूर्व] जो पहले कभी न देखा गया हो वह (गा ४१४; ७४८)।

अइट्ठ वि [अदृष्ट] जो देखा न गया हो वह (हास्य १४६)।

अइट्ठ वि [अनिष्ट] १ अप्रिय। २ खराब, दुष्ट; 'जो पुणु खलु खुद्दु अइट्ठसंगु, तो किमब्भत्थउ देइ अंगु' (भवि)।

अइट्ठा सक [अति + स्था] उल्लंघन करना। संकृ. अइट्ठिय (उत्त ७)।

अइट्ठिय वि [अतिष्ठित] अतिक्रान्त, उल्लंघित (उत्त ७)।

अइण न [दे] गिरि-तट, तराई, पहाड़ का निम्न भाग (दे १, १०)।

अइण न [अजिन] चर्म, चमड़ा (पाअ)।

अइणिय वि [दे. अतिनीत] आनीत, लाया हुआ (दे १,२४)।

अइणिय } **अइणीय** } वि [अतिनीत] १ फेंका हुआ (से ६, ५६)। २ जो दूर ले जाया गया हो (प्राप)।

अइणीअ वि [अतिगत] गत, गया हुआ (सुख २,१३)।

अइणीय वि [दे. अतिनीत] आनीत, लाया हुआ (महा)।

अइणु वि [अतिनु] जिसने नौका का उल्लंघन किया हो वह, जहाज से उतरा हुआ (षड्)।

अइतह वि [अवितथ] सत्य, सच्चा (उप १०३१ टी)।

अइतेया स्त्री [अतितेजा] पक्ष की चौदहवीं रात (सुज्ज १०,१४)।

अइदंपज्ज न [ऐदंपर्य] तात्पर्य, रहस्य, भावार्थ (उप ८६४; ८७६)।

अइदुसमा } **अइदुस्समा** } **अइदूसमा** } स्त्री [अतिदुष्षमा] देखो दुस्समदुस्समा (पउम २०, ८३; ६०; उप पृ १४७)।

अइदंपज्ज देखो अइदंपज्ज (पंचा १४)।

अइधाडिय वि [अतिधाटित] फिराया हुआ, घुमाया हुआ (पण्ह १,३)।

अइनिट्ठुहावण वि [अतिविष्टम्भन] स्तब्ध करनेवाला, रोकनेवाला (कुमा)।

अइन्न न [अजीर्ण] १ बदहजमी, अपच। २ वि. जो हजम न हुआ हो वह। ३ जो पुराना न हुआ हो, नूतन (उव)।

अइन्न वि [अदत्त] नहीं दिया हुआ। °याण न [°दान] चोरी (आचा)।

अइपंडुकंबलसिला स्त्री [अतिपाण्डुकम्बलशिला] मेरु पर्वत पर स्थित दक्षिण दिशा की एक शिला (ठा ४)।

अइपडाग पुं [अतिपताक] १ मत्स्य की एक जाति (विपा १, ८)। २ स्त्री. पताका के ऊपर की पताका (णाया १, १)।

अइपरिणाम वि [अतिपरिणाम] आवश्यकता न रहने पर भी अपवाद-मार्ग का ही आश्रय लेनेवाला, शास्त्रोक्त अपवादों की मर्यादा का उल्लंघन करनेवाला;

'जो दव्वखेत्तकालभावकयं जं जहिं जया काले। तल्लेसुस्सुत्तमई, अइपरिणामं वियाणाहि' (बृह १)।

अइपाइअ वि [अतिपातिक] हिंसा करनेवाला (सूअ २, १, ५७)।

अइपास पुं [अतिपार्श्व] भगवान् अरनाथ के समकालिक ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर-देव (तित्थ)।

अइपास सक [अति + दृश्] अतिशय देखना, खूब देखना। अइपासइ (सूअ १, १, ४, ६)।

अइप्पगे अ [अतिप्रगे] पूर्व-प्रभात, बड़ी सबेर (सुर ७, ७८)।

अइप्पमाण वि [अतिप्रमाण] १ तृप्त न होता हुआ भोजन करनेवाला। २ न. तीन बार से अधिक भोजन (पिंड ६४७)।

अइप्पसंग पुं [अतिप्रसङ्ग] १ अतिपरिचय (पञ्चा १०)। २ तर्क-शास्त्र में प्रसिद्ध अति-व्याप्ति-नामक दोष (स १६६; उवर ४८)।

अइप्पसंगि वि [अतिप्रसङ्गिन्] अतिप्रसंग दोषवाला (अज्झ १०)।

अइप्पहाय न [अतिप्रभात] बड़ी सबेर (गा ६८)।

अइबल वि [अतिबल] १ बलिष्ठ, शक्ति-शाली (औप)। २ न. अतिशय बल, विशेष सामर्थ्य। ३ बड़ा सैन्य (हे ४, ३५४)। ४ पुं. एक राजा, जो भगवान् ऋषभदेव के पूर्वीय चतुर्थ भव में पिता या पितामह था (आचू)। ५ भरत चक्रवर्ती का एक पौत्र (ठा ८)। ६ भरत क्षेत्र में आगामी चौबीसी में होनेवाला पाँचवां वासुदेव (सम ५)। ७ रावण का एक योद्धा (पउम ५६, २७)।

अइभद्दा स्त्री [अतिभद्रा] भगवान् महावीर के प्रभास नामक ग्यारहवें गणधर की माता (आचू)।

अइभूइ पुं [अतिभूति] एक जैन मुनि, जो पंचम वासुदेव के पूर्व-जन्म में गुरु थे (पउम २०, १७६)।

अइभूमि स्त्री [अतिभूमि] १ परम प्रकर्ष। २ बहुत जमीन (से ३, ४२)। ३ गृहस्थों के घर का वह भाग, जहाँ साधुओं का प्रवेश करने की अनुज्ञा न हो; 'अइभूमिं न गच्छेज्जा, गोयरग्गगओ मुणी' (दस ५, १, २४)।

अइमट्टिया स्त्री [अतिमृत्तिका] कीचवाली मट्टी (जीव ३)।

अइमत्त, अइमाय वि [अतिमात्र] बहुत, परिमाण से अधिक (उव ठा ६)।

अइमुंक, अइमुंत, अइमुंतय, अइमुत्त, अइमुत्तय पुं [अतिमुक्त, °क] १ स्वनाम ख्यात एक अन्तकृद् (उसी जन्म में मुक्ति पानेवाला) जैन मुनि, जो पोलासपुर के राजा विजय का पुत्र था और जिसने बहुत छोटी ही उम्र में भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अन्त)। २ कंस का एक छोटा भाई (आव)। ३ वृक्ष-विशेष (पउम ४२, ८)। ४ माधवी लता (पाअ; स ३५)। ५ न. अन्तगडदसा नामक अंग-ग्रन्थ का एक अध्ययन (अन्त)। (हे १, २६; १७८, पि २४६)।

अइय वि [अतिग] अतिक्रान्त; 'अव्वो अइअम्मि तुमे, णवरं जइ सा न जूरिहिइ' (हे २, २०४)। २ करनेवाला; 'ठाणाइय' (औप)।

अइय वि [अतिग] प्राप्त (राय १३४)।

°अइय वि [दयित] १ प्रिय, प्रीतिपात्र। २ दया-पात्र, दया करने योग्य (से ६, ३१)।

अइयच्छ देखो **अइगच्छ**।

अइयण न [अत्यदन] बहुत खाना, अधिक भोजन करना (वव २)।

अइयय वि [अतिगत] गया हुआ (स ३०३)।

अइयर सक [अति + चर्] १ उल्लंघन करना। २ व्रत को दूषित करना। वकृ. अइयरंत (सुपा ३५४)।

अइया सक [अति + या] जाना, गुजरना (उत्त २०)।

अइया स्त्री [अजिका] बकरी, छागी (उप २३७)।

°अइया स्त्री [दयिता] स्त्री, पत्नी (से ६, ३१)।

अइयाण न [अतियान] १ गमन, गुजरना। २ राजा वगैरह का नगर आदि में धूम-धाम से प्रवेश करना (ठा ४)।

अइयाय वि [अतियात] गया हुआ, गुजरा हुआ (उत्त २०)।

अइयार पुं [अतिचार] उल्लंघन, अतिक्रमण (भवि)। २ गृहीत व्रत या नियम में दूषण लगाना (श्रा ६)।

अइर अ [अचिर] जल्दी, शीघ्र (स्वप्न ३७)।

अइर न [अजिर] आंगन, चौक (पाअ)।

अइर पुं [दे] आयुक्त, गांवका राज-नियुक्त मुखिया (दे १, १६)।

अइर न [दे. अतर] देखो **अयर** = अतर (सुपा ३०)।

अइर वि [दे] अतिरोहित (पिंड ५६०; ५६१)।

अइरजुवइ स्त्री (दे) नई बहू, दुलहिन (दे १, ४८)।

अइरत्त पुं [अतिरात्र] अधिक तिथि, ज्योतिष की गिनती से जो दिन अधिक होता है वह (ठा ६)।

अइरत्त वि [अतिरक्त] १ गाढा लाल। २ विशेष रागी। **°कंबलसिला, °कंबला** स्त्री [°कम्बलशिला, कम्बला] मेरु पर्वत के पांडुक वन में स्थित एक शिला, जिसपर जिनदेवों का जन्माभिषेक किया जाता है (ठा २, ३)।

अइरा अ [अचिरात्] शीघ्र, जल्दी (से ३, १५)।

अइरा, अइराणी स्त्री [अचिरा] पांचवें चक्रवर्ती और सोलहवें तीर्थंकर-देव की माता (सम १५२; पउम २०, ४२)।

अइराणी स्त्री [दे] १ इन्द्राणी। २ सौभाग्य के लिए इन्द्राणी-व्रत करनेवाली स्त्री (दे १, ५८)।

अइरावण पुं [ऐरावण] इन्द्र का हाथी (पाअ)।

अइरावय पुं [ऐरावत] इन्द्र का हाथी (भवि)।

अइराहा स्त्री [अचिराभा] बिजली, चपला (दे १, ३४ टी)।

अइरि न [अतिरि] धन या सुवर्ण का अति-क्रमण करनेवाला, धनाढ्य (षड्)।

अइरिंप पुं [दे] कथाबन्ध, बातचीत, कहानी (दे १, २६)।

अइरित्त वि [अतिरिक्त] १ बचा हुआ, अवशिष्ट (पउम ११८,११६)। २ अधिक, ज्यादा (ठा २, १); 'पवड्ढमाणाइरित्तगुणनिलओ' (सार्ध ६३)। °**सिज्जासणिय** वि [शय्यासनिक] लम्बी-चौड़ी शय्या और आसन रखनेवाला (साधु) (आचू)।
अइरूव वि [अतिरूप] १ सुरूप, सुडौल (पउम २०,११३)। २ पुं. भूत-जातीय देव-विशेष (पण्ण १)।
अइरेइय वि [अतिरेकित] अतिरेक-युक्त, अतिप्रभूत (राय ७८ टी)।
अइरेग पुं [अतिरेक] १ आधिक्य, अधिकता; 'साइरेगअट्ठवासजाययं' (णाया १, ५)। २ अतिशय (जीव ३)।
अइरेण } **अइरेणं** } अ [अचिरेण] जल्दी, शीघ्र (गा १३५; पउम ६२, ४; उवर ४३)।
अइरेय देखो **अइरेग** (णाया १, १)।
अइव अ [अतीव] अतिशय, अत्यन्त;
'रित्तं अइव महंतं,
चिट्ठइ मज्झम्मि तस्स भवणस्स।
ता तं सव्वं सुपुरिस !
अप्पायत्तं करेज्जासु ॥' (महा)।
अइवट्टण न [अतिवर्त्तन] उल्लंघन, अतिक्रमण (आचा)।
अइवत्त सक [अति + वृत्] अतिक्रमण करना। अइवत्तइ (आचा)।
अइवत्तिय वि [अतिव्रतिक] १ जिसका उल्लंघन किया गया हो वह। २ प्रधान, मुख्य। ३ उल्लंघन करनेवाला (आचा)।
अइवय सक [अति + वृत्] उल्लंघन करना। संकृ. **अइवइत्ता** (सूअ २, २, ६५)।
अइवय सक [अति + व्रज्] १ उल्लंघन करना। २ संमुख जाना। ३ प्रवेश करना। अइवयंति (पण्ह १,९)। वकृ. 'नियगवयणं अइवयंतं गयं सुमिणे पासित्ताणं पडिबुद्धा' (णाया १, १; कप्प)।
अइवय सक [अति + पत्] उल्लंघन करना। २ सम्बन्ध करना। ३ प्रवेश करना। ४ अक. मरना। ५ गिरजाना; 'अवरे रण-सीस-लद्ध-लक्खा संगामम्मि अइवयंति' (पण्ह १, ३); 'लोभघत्था संसारं अइवयंति' (पण्ह १,५)। वकृ. 'जरं वा सरीररूव-विणासिणि सरीरं वा अइवयमाणिं निवारेसि' (णाया १, ९); **अइवयंत** (कप्प)। प्रयो. **अइवाएमाण** (आचा; ठा ७)।
अइवह सक [अति + वह्] वहन करने में समर्थ होना। अइवहइ (सूअ १, २, ३, ५)।
अइवाइ वि [अतिपातिन्] १ हिंसक (सूअ १, ५)। विनश्वर (विसे १५७८)।
अइवाइत्तु वि [अतिपातयितृ] मारनेवाला (ठा ३, २)।
अइवाइय वि [अतिपातिक] ऊपर देखो (सूअ २, १)।
अइवाएत्तु देखो **अइवाइत्तु** (ठा ७)।
अइवाएमाण देखो **अइवय** = अति + पत्।
अइवाय पुं [अतिपात] १ हिंसा आदि दोष (ओघ ४६)। २ विनाश; 'पाणाइवाएणं' (णाया १, ५)।
अइवाय पुं [अतिवात] १ उल्लंघन। २ भयंकर पवन, तूफान (उप ७६८ टी)।
अइवाह सक [अति + वाहय्] बीताना, गुजारना; 'सो अइवाहेइ दुन्नि दिणे' (धर्मवि ३३)।
अइविरिय वि [अतिवीर्य] १ बलिष्ठ, महा-पराक्रमी। २ पुं. इक्ष्वाकु वंश का एक राजा (पउम ५, ५)। ३ नन्दावर्त नगर का एक राजा (पउम ३७, ३)।
अइविसाल वि [अतिविशाल] १ बहुत बड़ा, विस्तीर्ण। २ स्त्री. यमप्रभ नामक पर्वत के दक्षिण तरफ की एक नगरी (दीव)।
अइस [अप] वि [ईदृश] ऐसा, इस तरह का (हे ४, ४०३)।
अइसइ वि [अतिशयिन्] अतिशय वाला, विशिष्ट, आश्चर्य-कारक (सुपा २५७)।
अइसइअ वि [अतिशयित] ऊपर देखो (पाअ)।
अइसंधण देखो **अइसंधाण**; 'भितगाणतिसंधणं न कायव्वं' (पंचा ७, २१)।
अइसंधाण [अतिसंधान] ठगाई, वंचना; 'भियगाणइसंधाणं सासयवुड्ढी य जयणा य' (पंचा ७)।
अइसक्कणा स्त्री [अतिष्वष्कणा] उत्तेजना, प्रेरणा, बढ़ावा (निसी)।
अइसय सक [अति + शी] मात करना। वकृ. 'परबलम् **अइसयंतो**' (पउम ६०, १९)।
अइसय पुं [अतिशय] १ श्रेष्ठता, उत्तमता (कुमा १, ५)। २ महिमा, प्रभाव; 'वयणाइसओ' (महा)। ३ बहुत, अत्यन्त (सुर, १२, ८१)। ४ चमत्कार (उर १, ३)। °**भरिय** वि [°भृत] पूर्ण, पूरा भरा हुआ (पाअ)।
अइसरिय न [ऐश्वर्य] वैभव, संपत्ति, गौरव (हे १, १५१)।
अइसाइ वि [अतिशायिन्] १ श्रेष्ठ (धम्म ६ टी)। २ दूसरे को मात करनेवाला। स्त्री. °**णी** (सुपा ११४)।
अइसायण न [अतिशायन] उत्कृष्टता, उत्कर्ष (चेइय ५३३)।
अइसार पुं [अतिसार] संग्रहणी रोग, जठर की व्याधि-विशेष (लहुअ १५)।
अइसेस पुं [अतिशेष] १ महिमा, प्रभाव, आध्यात्मिक सामर्थ्य (सम ५६)। २ बचा हुआ, अवशिष्ट (ठा ४, २)। ३ अतिशय वाला (विसे ५५२)।
अइसेसि वि [अतिशेषिन्] १ प्रभावशाली, महिमान्वित। २ समृद्ध (राज)।
अइसेसि वि [अतिशेषिन्] १ महिमान्वित। २ समृद्ध, ज्ञान आदि के अतिशय से सम्पन्न (सट्ठि ४२ टी)।
अइसेसिय वि [अतिशेषित] ऊपर देखो (ओघ ३०)।
अइसेसिय वि [अतिशेषित] ज्ञात, जाना हुआ (वव १)।
अइहर पुं [अतिभर] हद, अवधि, मर्यादा; 'सत्तीय को अइहरो ?' (अच्चु २३)।
अइहारा स्त्री [दे] बिजली, चपला (दे १, ३४)।
अइहि पुं [अतिथि] जिसके आने की तिथि नियत न हो वह, पाहुन, यात्री, भिक्षुक, साधु (आचा)। °**संविभाग** पुं [°संविभाग] साधु को भोजन आदि का निर्दोष दान (धर्म ३)।
अई सक [गम्] जाना, गमन करना। अईइ (हे ४, १६२; कुमा); अइंति (गउड)।
अईअ पुं [अतीत] १ भूतकाल (पच्च६०)। २ वि. जो बीत चुका हो, गुजरा हुआ; 'जे अ अईआ सिद्धा' (पडि)। ३ अतिक्रान्त (सूअ

१, १०; सार्ध ४; विसे ८०८)। ४ जो दूर हो गया हो (उत्त १५)।

अईअ } अ [अतीव] बहुत, विशेष, अत्यन्त
अईव } (भग २, १; पण्ह १, २)।

अईसंत वि [अ + दृश्यमान] जो दिखता न हो (से १, ३५)।

अईसय देखो अइसय (पउम ३,१०५; ७५, २६)।

अईसार पुं [अतीसार] रोग-विशेष, संग्रहणी रोग (सुख १,३)।

अईसार पुं [अतीसार] १ संग्रहणी रोग। २ इस नाम का एक राजा (ठा ५,३)।

अउ देखो आउ = स्त्री; 'उल्लसिओ तमरूवो वलयागारो अउक्काओ' (पव २५५)।

अउअ न [अयुत] १ दस हजार की संख्या। २ 'अउअंग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (ठा २, ४)।

अउअंग न [अयुताङ्ग] 'अच्छणिउर' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (ठा २, ४)।

अउंठ वि [अकुण्ठ] निपुण, कार्य-दक्ष (गउड)।

अउचित्त न [औचित्य] उचितपन (प्राकृ १०)।

अउज्झ वि [अयोध्य] १ युद्ध में जिसका सामना न किया जा सके वह (सम१३७)। २ जिस पर रिपु-सैन्य आक्रमण न कर सके ऐसा किला, नगर आदि (ठा ४)।

अउज्झा स्त्री [अयोध्या] नगरी-विशेष, इक्ष्वाकुवंश के राजाओं की राजधानी, विनीता, कोसला, साकेतपुर आदि नामोंसे विख्यात नगरी, जो आजकल भी अयोध्या नाम से ही प्रसिद्ध है (ठा २)।

अउण वि [एकोन] जिसमें एक कम हो वह। यह शब्द बीस से लेकर तीस, चालीस आदि दहाई संख्या के पूर्व में लगता है और जिसका अर्थ उस संख्या से एक कम होता है। °ट्ठि स्त्री [°षष्टि] उनसाठ, ५९ (कप्प)। °त्तरि स्त्री [°सप्तति] उनसत्तर, ६९ (कप्प) °त्तीस स्त्रीन [°त्रिंशत्] उनतीस, २९ (णाया १, १३)। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] उनसाठ, ५९ (कप्प)। °पन्न, °वन्न स्त्रीन [°पञ्चाशत्] उनपचास, ४९ (जी ३९; पउम १०२, ७०)। देखो एगूण।

अउणतीसइ स्त्री देखो अउण-त्तीस (उत्त ३६, २४०)।

अउणप्पन्न देखो अउणापन्न (जीवस २०८)।

अउणासट्ठि देखो अउण-सट्ठि (सुज्ज ९)।

अउणोणिअत्ति स्त्री [अपुनर्निवृत्ति] अन्तिम निवृत्ति, मोक्ष (अच्चु १०)।

अउण्ण } न [अपुण्य] १ पाप (सुर ६,
अउन्न } २०)। २ वि. अपवित्र। ३ पुण्य-रहित, पापी (पउम २८, ११२; सुर २, ५१)।

अउम देखो ओम (गुभा १४)।

अउमर वि [अद्मर] खानेवाला, भक्षक (प्राकृ २८)।

अउल वि [अतुल] असाधारण, अद्वितीय (उप ७२८ टी; पण्ह १, ४)।

अउलीन वि [अकुलीन] कुल-हीन, कुजाति, संकर (गा २५३)।

अउव्व वि [अपूर्व] अनोखा, अद्वितीय (गा ११६)।

अउस पुं [दे] उपासक, पूजारी (प्रयौ ८२)।

अए अ [अये] आमन्त्रण-सूचक अव्यय (कप्पू)।

अओ अ [अतस्] १ यहां से लेकर (सुपा ४७८)। २ इसलिए, इस कारण से (उप ७३०)।

अओ° [अयस्°] लोह। °घण पुं [घन] लोहे का हथौड़ा; 'सीसंपि भिंदंति अओघणेहिं' (सूअ १, ५, २, १४)। °मय वि [°मय] लोहे की बनी हुई चीज (सूअ २, २)। °मुह पुं [°मुख] १-२ इस नाम का अन्तर्द्वीप और उसके निवासी (ठा ५)। ३ वि. लोहे की माफिक मजबूत मुंह वाला; 'पक्खीहिं खज्जंति अओमुहेहिं' (सूअ १, ५, २, ४)। °मुही स्त्री [°मुखी] एक नगरी (उप ७६४)।

अओग्ग वि [अयोग्य] नालायक (स ७६४)।

अओज्झा देखो अउज्झा (प्रति ११५)।

अं अ [दे] स्मरण-द्योतक अव्यय; 'अं दट्ठव्वा मालइलआ' (प्राकृ ८०)।

अंक पुं [अङ्क] १ उत्संग, कोला (स्वप्न २१९)। २ रत्न की एक जाति (कप्प)। ३ नौ की एक संख्या; 'कासी विक्कमवच्छरम्मि य गए बाणंकसुन्नोडुवे' (सुर १६, २४९)। ४ संख्या-दर्शक चिह्न; १, २, ३ (पण्ण २)। ५ नाटक का एक अंश; 'सुरणा मणुस्सभवणाइएसु निज्झाइआ अंका' (धण ४५)। ६ सफेद मणि की एक जाति (उत्त ३४)। ७ चिह्न, निशान (चंद २०)। ८ मनुष्य के बत्तीस प्रशस्त लक्षणों में से एक (पण्ह १, ४)। ९ आसन-विशेष (चंद ४)। °कण्ड पुंन. [काण्ड] रत्नप्रभा पृथ्वी के खर-काण्ड का एक हिस्सा, जो अंक रत्नों का है (ठा १०)। °अरेल्लुग, °करेल्लुअ पुं [°करेल्लुक] पानी में होनेवाली एक जाति की वनस्पति (आचा)। °ट्ठिइ स्त्री [°स्थिति] अंक रेखाओं की विचित्र स्थापना, ६४ कलाओं में एक कला (कप्प)। °धर पुं [°धर] चन्द्रमा (जीव ३)। °धाई स्त्री [°धात्री] पांच प्रकार की धाई-माताओं में से एक, जिसका काम बालक को उत्संग में ले उसका जी बहलाना है (णाया १, १)। °लिवि स्त्री [°लिपि] अठारह लिपियों में की एक लिपि, वर्णमाला-विशेष (सम ३५)। °वणिय पुं [°वणिक्] अंक-रत्नों का व्यापारी (राय)। °वालि, °वाली स्त्री [°पालि, °पाली] आलिंगन (काप्र १९४)। °हर देखो °धर (जीव ३)।

अंक [दे अङ्क] निकट, समीप, पास (दे १, ५)।

अंक पुंन [अङ्क] एक देव-विमान (देवेन्द्र १३२)।

अंककरेलुअ, °ग देखो अंक-करेल्लुअ (आचा २, १, ८, ५)।

अंकण न [अङ्कन] १ चिह्नित करना (आव)। २ बैल आदि पशुओं को लोहे की गरम सलाई आदि से दागना (पण्ह १,१)। ३ वि. अंकित करनेवाला, गिनती में लानेवाला; 'अंकणं जोइसस्स······सूरं' (कप्प)।

अंकणा स्त्री [अङ्कना] ऊपर देखो (णाया १, १७)।

अंकदास पुं [अङ्कदास] बालक को उत्संग में लेकर उसका जी बहलानेवाला नौकर (सम्मत्त २१७)।

अंकवाणिय देखो अंक-वणिय (राय १२९)।

अंकार पुं [दे] सहायता, मदद (दे १,६)।

अंकावई स्त्री [अङ्कावती] १ महाविदेह क्षेत्र के रम्य नामक विजय की राजधानी (ठा २)। मेरु की पश्चिम दिशा में बहती हुई शीतोदा महानदी की दक्षिण दिशा में वर्तमान एक वक्षस्कार पर्वत (ठा ५, २)।

अंकिअ न [दे] आलिंगन (दे १,११)।

अंकिअ वि [अङ्कित] चिह्नित, निशानवाला (औप)।

अंकिइल्ल पुं [दे] नट, नर्तक, नचवैया (गाया १, १)।

अंकुडग पुं [अङ्कुटक] नागदन्तक, खूँटी, ताख (जं १)।

अंकुर पुं [अङ्कुर] प्ररोह, फुनगी (जी ६)।

अंकुरिय वि [अङ्कुरित] अंकुर-युक्त, जिसमें अंकुर उत्पन्न हुए हों वह (उवा)।

अंकुस पुं [अङ्कुश] १ आंकडी, लोहे का एक हथियार, जिससे हाथी चलाये जाते हैं; 'अंकुसेण जहा णागो धम्मे संपडिवाइओ' (उत्त २२)। २ ग्रह-विशेष (ठा २, ३)। ३ सीता का एक पुत्र, कुस (पउम ६७, १६)। ४ नियन्त्रण करनेवाला, काबू में रखनेवाला (गउड)। ५ एक देव-विमान (राज)। ६ पुंन. गुरु-वन्दन का एक दोष (पव २)।

अंकुस पुंन [अङ्कुश] १ एक देव-विमान (देवेन्द्र १४०)। २ पुं. अंकुशाकार खूँटी (राय ३७)।

अंकुसइय न [दे. अंकुशित] अंकुश के आकार-वाली चीज (दे १, ३८; से ६, ६३)।

अंकुसय पुं [अङ्कुशक] देखो **अंकुस**। २ संन्यासी का एक उपकरण, जिससे वह देव-पूजा के वास्ते वृक्ष के पल्लवों को काटता है (औप)।

अंकुसा स्त्री [अङ्कुशा] चौदहवें तीर्थंकर श्री अनन्तनाथ भगवान् की शासन-देवी (पव २८)।

अंकुसिअ वि [अङ्कुशित] अंकुश की तरह मुड़ा हुआ (से १४, २६)।

अंकुसी स्त्री [अङ्कुशी] देखो **अंकुसा** (संति १०)।

अंकूर देखो **अंकुर**; 'सा पुण विरतमित्ता निबंकूरे विसेसेइ' (सुअनि ६१ टी)।

अंकेल्लण न [दे] घोड़ा आदि को मारने का चाबुक, कोड़ा, औंगी (जं ४)।

अंकेल्लि पुं [दे] अशोक-वृक्ष (दे१, ७)।

अंकोल्ल पुं [अङ्कोठ] वृक्ष-विशेष (हे १,२००)।

अंग ब. पुं [अङ्ग] १ इस नाम का एक देश, जिसको आजकल बिहार कहते हैं (सुर २, ६७)। २ रामका एक सुभट (पउम ५६,३७)। ३ न. आचारांग सूत्र आदि बारह जैन आगम-ग्रंथ (विपा २, १)। ४ वेदांग, वेद के शिक्षादि छः अंग (आचू)। ५ कारण, हेतु (पव १)। ६ आत्मा, जीव (भवि)। ७ पुंन. शरीर (प्रासू ८४)। ८ शरीर के मस्तक आदि अवयव (कम्म १, ३४)। ९ अ. मित्रता का आमन्त्रण, सम्बोधन (राय)। १० वाक्यालंकार में प्रयुक्त किया जाता अव्यय (ठा ४)। °**इ** पुं [°जित्] इस नामका एक गृहस्थ, जिसने भगवान् पार्श्वनाथ के पास दीक्षा ली थी (निर)। °**इसि** पुं [°र्षि] चंपा नगरी का एक ऋषि (आचू)। [°**चूलिया**] स्त्री [°चूलिका] अंग-ग्रंथों का परिशिष्ट (पक्खि)। °**च्छहिय** वि [°छिन्नाङ्ग] जिसका अंग काटा गया हो वह (सूअ २, २, ६३)। °**जाय** वि [°जात] बच्चा, लड़का (उप ६४८)। °**द** देखो °**य** = °**द** (ठा ८)। °**पविट्ठ** न [°प्रविष्ट] १ बारह जैन अंग-ग्रन्थों में से कोई भी एक (कम्म १, ६)। २ अंग-ग्रंथों का ज्ञान (ठा २, १)। °**बाहिर** न [°बाह्य] १ अंग-ग्रंथों के अतिरिक्त जैन आगम (आचू)। २ अंग-ग्रंथों से भिन्न जैन आगमों का ज्ञान (ठा २)। °**मंग** न [°ाङ्ग] १ अंग-प्रत्यंग (राय)। २ हर एक अवयव (षड्)। °**मंदिर** न [°मन्दिर] चम्पा नगरी का एक देव-गृह (भग १, १)। °**मद्द**, °**मद्दय** पुं [°मर्द, °मर्दक] १ शरीर की चंपी करनेवाला नौकर। २ वि. शरीर को मलनेवाला, चंपी करनेवाला (सुपा १०८; महा; भग ११, १)। °**य** पुं [°द] १ वाली नामक विद्याधरराज का पुत्र (पउम १०, १०; ५६, ३७)। २ न. बाजूबंद, केहुंटा (पण्ह १, ४)। °**य** वि [°ज] १ शरीर में उत्पन्न। २ पुं. पुत्र, लड़का (उप १३४ टी)। °**या** स्त्री [°जा] कन्या, पुत्री (पाअ)। °**रक्ख**, °**रक्खग** वि [°रक्ष, °रक्षक] शरीर की रक्षा करनेवाला (सुपा ५२७; इक)। °**राग**, °**राय** पुं [°राग] शरीर में चन्दनादि का विलेपन (औप; गा १८६)। °**राय** पुं [°राज] १ अंगदेश का राजा (उप ७६५)। अंग देश का राजा कर्ण (णाया १, १६; वेणी १०४)। °**रिसि** देखो °**इसि**। °**रुह** वि [°रुह] देखो °**य** = °**ज** (सुपा ५१२; पउम ५६, ३२)। °**रुहा** स्त्री [°रुहा] पुत्री, लडकी (सुपा १५०)। °**विज्जा** स्त्री [°विद्या] १ शरीर के स्फुरण का शुभाशुभ फल बतलानेवाली विद्या (उत्त ८)। २ उस नाम का एक जैन ग्रंथ (उत्त ८)। °**वियार** पुं [°विचार] देखो पूर्वोक्त अर्थ (उत्त १५)। °**संभूय** वि [°संभूत] संतान, बच्चा (उप ६४८)। °**हारय** पुं [°हारक] शरीर के अवयवों के विक्षेप, हाव-भाव (अजि ३१)। °**ादाण** न [°ादान] पुरुषेन्द्रिय, पुरुष-चिह्न (निसी)।

अंग पुं [अङ्ग] भगवान् आदिनाथ के एक पुत्र का नाम (ती १४)। २ न. लगातार बारह दिनों का उपवास (संबोध ५८)। °**ज** देखो °**य** (धर्मवि १२६)। °**हर** वि. [°धर] अङ्ग-ग्रंथों का जानकार (विचार ४७३)।

अंग वि [आङ्ग] १ शरीर का विकार (ठा ८)। २ शरीर-संबंधी, शारीरिक (सुअ २, २)। ३ न. शरीर के स्फुरण आदि विकारों के शुभाशुभ फल को बतलानेवाला शास्त्र, निमित्त-शास्त्र (सम ४६)।

°**अंग** वि [चङ्ग] सुन्दर, मनोहर (भवि)।

अंगइया स्त्री [अङ्गदिका] एक नगरी, तीर्थ-विशेष (उप ५५२)।

अंगंगीभाव पुं [अङ्गाङ्गीभाव] अभेद-भाव, अभिन्नता; 'अंगंगीभावेण परिणएणन्नसरिसजिणधम्मे' (सुपा २१८)।

अंगण न [अङ्गण] आंगन, चौक (सुर ३, ७१)।

अंगणा स्त्री [अङ्गना] स्त्री, औरत (सुर ३, १८)।

अंगदिआ देखो **अङ्गइया** (ती)।

अंगवड्ढण न [दे] रोग, बीमारी (दे १, ४७)।

अंगवलिज्ज न [दे] शरीर को मोड़ना (दे १, ४२)।

अंगार पुं [अङ्गार] १ जलता हुआ कोयला (हे १, ४७)। २ जैन साधुओं के लिए भिक्षा का एक दोष (आचा)। °**मद्दग** पुं [°मर्दक] एक अभव्य जैन-आचार्य (उप २५४)। °**वई** स्त्री [°वती] सुंसुमार नगर के राजा धुन्धुमार की एक कन्या का नाम (धम्म ८ टी)।

अंगारग, अंगारय पुं [अङ्गारक] १-२ ऊपर देखो (गा २६१)। ३ मंगल-ग्रह (पण्ह १, ५)। ४ पहला महाग्रह (ठा २)। ५ राक्षस-वंश का एक राजा (पउम ५, २६२)।

अंगारिय वि [अङ्गारित] कोयले की तरह जला हुआ, विवर्ण (नाट; आचा)।

अंगाल देखो **अंगार**; 'निदड्ढंगालनिभं' (पिंड ६७५)।

अंगालग देखो **अंगारग** (राज)।

अंगालिय न [दे] ईख का टुकड़ा (दे १, २८)।

अंगालिय देखो **अंगारिय** (आचा)।

अंगि पुं [अङ्गिन्] १ प्राणी, जीव (गण ८)। २ वि. शरीरवाला। ३ अंग-ग्रन्थों का ज्ञाता (कप्प)।

अंगिरस न [अङ्गिरस] एक गोत्र, जो गोतम-गोत्र की शाखा है (ठा ७)।

अंगिरस वि [आङ्गिरस] १ अंगिरस-गोत्र में उत्पन्न (ठा ७)। २ पुं. एक तापस (पउम ४, ८६)।

अंगीकड, अंगीकय वि [अङ्गीकृत] स्वीकृत (ठा ५; सुपा ५२६)।

अंगीकर, अंगीकुण सक [अङ्गी + कृ] स्वीकार करना। अंगीकरेइ (महा; नाट)। अंगीकरेहि (स ३०६) संकृ. **अंगीकरेऊण** (विसे २६४२)।

अंगुअ पुं [इङ्गुद] १ वृक्ष-विशेष। २ न. इंगुद वृक्ष का फल (हे १, ८६)।

अंगुट्ठ पुं [अङ्गुष्ठ] अंगूठा (ठा १०) °**पसिण** पुं [°प्रश्न] १ एक विद्या। २ 'प्रश्न-व्याकरण' सूत्र का एक लुप्त अध्ययन (ठा १०)।

अंगुट्ठी स्त्री [दे] सिरका अवगुण्ठन, घूंघट (दे १, ६; स २८४)।

अंगुत्थल न [दे] अंगुठी, अंगुलीय (दे १, ३१)।

अंगुब्भव वि [अङ्गोद्भव] संतान, बच्चा (उप २६४)।

अंगुम सक [पूरय्] पूर्ति करना, पूरा करना। अंगुमइ (हे ४, ६८)।

अंगुमिय वि [पूरित] पूर्ण किया हुआ (कुमा)।

अंगुरि, °री स्त्री [अङ्गुलि, °ली] उंगली (गा २७७)।

अंगुल न [अङ्गुल] यव के आठ मध्यभाग के बराबर का एक नाप, मान-विशेष (भग ३, ७)। °**पोहत्तिय** वि [°पृथक्त्विक] दो से लेकर नव अंगुल तक का परिमाण वाला (जीव १)।

अंगुलि स्त्री [अङ्गुलि] उंगली (कुमा।)। °**कोस** पुं [°कोश] अंगुलि-त्राण, दास्ताना (राय)। °**प्फोडण** न [°स्फोटन] उंगली फोड़ना, कड़ाका करना (तंदु)।

अंगुलिअ, अंगुलिज्जक, अंगुलिज्जग न [अङ्गुलीयक] अंगुठी (दे ५, ६; कप्प; पि २५२)।

अंगुलिणी स्त्री [दे] प्रियंगु, वृक्ष-विशेष (दे १, ३२)।

अंगुली स्त्री [अङ्गुली] देखो **अंगुलि** (कप्प)।

अंगुलीय, अंगुलीयग, अंगुलीयय, अंगुलेज्जक, अंगुलेयय पुंन [अङ्गुलीयक] अंगुठी (सुर १०, ६४); 'पायवडिएण सामिय! समप्पिओ अंगलीयओ तीए' (पउम ५४, ६; सुर १, १३२; पि २५२; पउम ४६, ३६)।

अंगुलेयग देखो **अंगुलेयय** (सुख २, २६)।

अंगुवंग, अंगोवंग न [अङ्गोपाङ्ग] १ शरीर के अवयव (पण्ण २३)। २ नख वगैरह शरीर के छोटे-छोटे अवयव; 'नहकेसमंसुअंगुलीओट्ठा खलु अंगोवंगाणि' (उत्त ३)। °**णाम** न [°नामन्] शरीर के अवयवों के निर्माण में कारण-भूत कर्म-विशेष (कम्म १, ३४; ४८)।

अंगोहलि स्त्री [दे] शिर को छोड़कर बाकी शरीर का स्नान (उप पृ २३)।

अंघो अ [अङ्ग] भय-सूचक अव्यय (प्राप्र ३६; प्रयौ २०५)।

अंच सक [कृष्] १ खींचना। २ जोतना, चास करना। ३ रेखा करना। ४ उठाना। अंचइ (हे ४, १८७)। संकृ. **अंचेइत्ता** (आव)।

अंच सक [अञ्च्] पूजना, पूजा करना। अंचए (भवि)।

अंच सक [अञ्च्] जाना। अंचति (पंचा १६, २३); 'अञ्चु गइ पूयणम्मि य', 'सोधीए पारमंचइ' (बृह ४)।

अंचल पुं [अञ्चल] कपड़े का शेष भाग (कुमा)।

अंचि पुं [अञ्चि] गमन, गति (भग १५)।

अंचि पुं [आञ्चि] आगमन, आना (भग १५)।

अंचिय वि [अञ्चित] १ युक्त, सहित (सुर ४, ६७)। २ पूजित (सुपा २१८)। ३ प्रशस्त, श्लाघित (प्रासू १८)। ४ न. एक प्रकार का नृत्य (ठा ४, ४; जीव ३)। ५ एक बार का गमन (भग १५)। °**यंचि** पुं [°ञ्चि] १ गमनागमन, आना-जाना (भग १५)। २ ऊंचा-नीचा होना (ठा १०)।

अंचियरिभिय न [अञ्चितरिभित] एक तरह का नाट्य (राय ५३)।

अंचिया स्त्री [अञ्चिका] आकर्षण (स १०२)।

अंछ सक [कृष्] १ खींचना; 'अंछंति वासुदेवं अगडतडम्मि ठियं संतं' (विसे ७६४)। २ अक. लम्बा होना। वकृ. **अंछमाण** (विसे ७६५)। प्रयो. अंछावेइ (णाया १, १)।

अंछण न [कर्षण] खींचाव (पण्ह २, ५)।

अंछिय वि [दे] आकृष्ट, खींचा हुआ (दे १, १४)।

अंज सक [अञ्ज्] आंजना। कृ. **अंजियव्व** (स ५४३)।

अंजण पुं [अञ्जन] १ कृष्ण पुद्गल-विशेष (सुज्ज २०)। २ देव-विशेष (सिरि ६६७)।

अंजण पुं [अञ्जन] १ पर्वत-विशेष (ठा ५)। २ एक लोकपाल देव (ठा ४)। ३ पर्वत-विशेष का एक शिखर, जो दिग्हस्ती कहा जाता है (ठा २, ३; ८)। ४ वृक्ष-विशेष (आव)। ५ न. एक जाति का रत्न (णाया १, १)। ६ देवविमान-विशेष (सम ३५)। ७ काजल, कज्जल (प्रासू ३०)। ८ जिसका

सुरमा बनता है ऐसा एक पार्थिव द्रव्य (जी ४)। ६ आंखको आंजना (सूअ १, ६)। १० तैल आदि से शरीर की मालिश करना (राज)। ११ लेप (स ५८२)। १२ रत्नप्रभा पृथिवी के खर-काण्ड का दशवाँ अंश-विशेष (ठा १०)। °केसिया स्त्री [°केशिका] वनस्पति-विशेष (पराण १७; राय)। °जोग पुं [°योग] कला-विशेष (कप्प)। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष (इक)। °पुलय पुं [°पुलक] एक जाति का रत्न (ठा १०)। २ पर्वत-विशेष का एक शिखर (ठा ८)। °प्पहा स्त्री [°प्रभा] चौथी नरक-पृथिवी (इक)। °रिट्ठ पुं [°रिष्ट] इन्द्र-विशेष (भग ३, ८)। °सलागा स्त्री [°शलाका] १ जैन-मूर्तिकी प्रतिष्ठा। २ अंजन लगाने की सलाई (सूअ १, ५)। °सिद्ध वि [°सिद्ध] आंख में अंजन-विशेष लगाकर अदृश्य होने की शक्तिवाला (निसी)। °सुन्दरी स्त्री [°सुन्दरी] एक सती स्त्री, हनूमान् की माता (पउम १५, १२)।

अंजणइसिआ स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष, श्याम तमाल का पेड़ (दे १, ३७)।

अंजणई स्त्री [दे] वल्ली-विशेष (पराण १)।

अंजणईस न [दे] देखो अंजणइसिआ (दे १, ३७)।

अंजणग देखो अंजण।

अंजणा स्त्री [अंजना] १ हनूमान की माता (पउम १, ६०)। २ स्वनाम-ख्यात चौथी नरक-पृथिवी (ठा २, ४)। ३ एक पुष्करिणी (जं ४)। °तणय पुं [°तनय] हनूमान् (पउम ४७, २८)। °सुन्दरी स्त्री [°सुन्दरी] हनूमान् की माता (पउम १८, ५८)।

अंजणाभा स्त्री [अञ्जनाभा] चौथी नरक-पृथिवी (इक)।

अंजणिआ स्त्री [दे] देखो अंजणइसिआ (दे १, ३७)।

अंजणी स्त्री [अञ्जनी] कज्जल का आधार-पात्र (सूअ १, ४)।

अंजलि, °ली पुंस्त्री [अञ्जलि] १ हाथ का संपुट (हे १, ३५)। एक या दोनों संकुचित हाथों को ललाट पर रखना; 'एगेण वा दोहि वा मउलिएहिं हत्थेहिं णिडालसंसितेहिं अंजली भएणति' (निचू)। ३ कर-संपुट, नमस्कार रूप विनय, प्रणाम (प्रासू ११०; स्वप्न ६३)। °उड पुं [°पुट] हाथ का संपुट (महा)। °करण न [°करण] विनय-विशेष, नमन (दे)। °पग्गह पुं [°प्रग्रह] १ नमन, हाथ जोड़ना (भग १४, ३)। २ संभोग-विशेष (राज)।

अंजस वि (दे) ऋजु, सरल (दे १, १४)।

अंजिय वि [अञ्जित] आंजा हुआ, अंजन-युक्त किया हुआ (से ६, ४८)।

अंजु वि [ऋजु] १ सरल, अकुटिल; 'अंजुधम्मं जहा तच्चं, जिणाणं तह सुणेह मे' (सूअ १, १; १, १, ४, ८)। २ संयम में तत्पर, संयमी; 'पुट्ठोवि नाइवत्तइ अंजू' (आचा)। ३ स्पष्ट, व्यक्त (सूअ १, १)।

अंजुआ स्त्री [अञ्जुका] भगवान् अनन्तनाथ की प्रथम शिष्या (सम १५२)।

अंजू स्त्री [अञ्जू] १ एक सार्थवाह की कन्या (विपा १, १०)। २ 'विपाकश्रुत' का एक अध्ययन (विपा १, १)। ३ एक इन्द्राणी (ठा ८)। ४ 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन (णाया २)।

अंठि पुंन [अस्थि] हड्डी, हाड़ (षड्); 'अहिअमहुरस्स अंबस्स अजोग्गदाए अएठी न भक्खीअदि' (चारु ६)।

अंड, अंडअ, अंडग न [अण्ड, °क] १ अंडा (कप्प; औप)। २ अंड-कोश (महानि ४)। ३ 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का तृतीय अध्ययन (णाया १, १)। °कड वि [°कृत] जो अण्डे से बनाया गया हो; 'बंभणा माहणा एगे, आह अण्डकडे जगे' (सूअ १, ३)। °बंध पुं [°बन्ध] मन्दिर के शिखर पर रखा जाता अण्डाकार गोला (गउड)। °वाणियय पुं [°वाणिजक] अण्डों का व्यापारी (विपा १, ३)।

अंडग, अंडय वि [अण्डज] १ अण्डे से पैदा होनेवाले जंतु; पक्षी, सांप, मछली वगैरह (ठा ३, १; ८)। २ रेशम का धागा। ३ रेशमी वस्त्र (उत्त २६)। ४ शण का वस्त्र (सूअ २, २)।

अंडय पुं [दे, अण्डज] मछली, मत्स्य (दे १, १६)।

अंडाउय वि [अण्डज] अण्डे से पैदा होने-वाला (पउम १०२, ६७)।

अंत पुं [अन्त] १ स्वरूप, स्वभाव (से ६, १८)। २ प्रान्त भाग (से ६, १८)। ३ सीमा, हद (जी ३३)। ४ निकट, नजदीक (विपा १, १)। ५ भग, विनाश (विसे ३४५४, जी ४८)। ६ निर्णय, निश्चय (ठा ३)। ७ प्रदेश, स्थान; 'एगंतमंतमवक्कमइ' (भग ३, २)। ८ राग और द्वेष; 'दोहिं अंतेहिं अदिस्समाणो' (आचा)। ९ रोग, बीमारी (विसे ३४५४)। १० वि. इन्द्रियों को प्रति-कूल लगनेवाली चीज, असुन्दर, नीरस वस्तु (पराह २, ४)। ११ मनोहर, सुन्दर (से ६, १८)। १२ नीच, क्षुद्र, तुच्छ (कप्प)। °कर वि [°कर] उसी जन्म में मुक्ति पानेवाला (सूअ १, १५)। °करण वि [°करण] नाशक (पराह १, ६)। °काल पुं [°काल] १ मृत्यु काल। २ प्रलय काल (से ५, ३२)। °किरिया स्त्री [°क्रिया] मुक्ति, संसार का अन्त करना (ठा ४, १)। °कुल न [°कुल] क्षुद्र कुल (कप्प)। °गड वि [°कृत्] उसी जन्म में मुक्ति पानेवाला (उप ४६१)। °गडदसा स्त्री [°कृद्दशा] जैन अंग-ग्रंथों में आठवाँ अंग-ग्रंथ (अणु १)। °चर वि [°चर] भिक्षा में नीरस पदार्थों की ही खोज करनेवाला (पराह २, १)।

अंत वि [अन्त्य] अन्तिम, अन्त का (पराण १५)। °क्खरिया स्त्री [°क्षरिका] १ ब्राह्मी लिपि का एक भेद (पराण १)। २ कला-विशेष (कप्प)।

अंत न [अन्त्र] आंत (सुपा १८२, गा ५८५)।

अंत अ [अन्तर्] मध्य में, बीच में (हे १, १४)। °उर न [°पुर] देखो अंतेउर (नाट)। °करण, °क्करण [°करण] मन, हृदय; 'करुणारसपरवसंतकरणेण' (उप ६ टी; नाट)। °ग्गय वि [°गत] मध्यवर्ती, बीचवाला (हे १, ६०)। °द्धा स्त्री [°धा] १ तिरोधान। २ नाश (आचू)। °द्धाण न [°धान] अदृश्य होना, तिरोहित होना

(उप १३९ टी)। °द्धाणी स्त्री [°र्धानी] जिससे अदृश्य हो सके ऐसी विद्या (सूअ २, २)। °द्धाभूअ वि [°धाभूत] नष्ट, विगत; 'नट्ठेत्ति वा विगतेत्ति वा अंतद्धाभूतेत्ति वा एगट्ठा' (आचू)। °प्पाअ पुं [°पात] अन्तर्भाव, समावेश (हे २, ७७)। °भाव पुं [°भाव] समावेश (विसे)। °मुहुत्त न [°मुहूर्त] कुछ कम मुहूर्त्त, न्यून मुहूर्त्त (जी १४)। °रद्धा स्त्री [°धा] १ तिरोधान। २ नाश, 'वुड्ढी सइअन्तरद्धा' (श्रा १६)। °रद्धा स्त्री [°अद्धा] मध्य-काल, बीच का समय (आचा)। °रप्प पुं [°आत्मन्] आत्मा, जीव (हे १, १४)। °रहिय, °रिहिद (शौ) वि [°हित] १ व्यवहित, अंतराल-युक्त (आचा)। २ गुप्त, अदृश्य (सम ३६; उप १६६ टी; अभि १२०)। °वेइ पुं [°वेदि] गंगा और यमुना के बीच का देश (कुमा)।

°अंत वि [°कान्त] सुन्दर, मनोहर (से १, ५६)।

अंतअ वि [आयात] आता हुआ (से ६, ४६)।

अंतअ वि [अन्तग] पार-गामी, पार-प्राप्त (से ६, १८)।

अंतअ वि [अन्तद] १ अविनाशी, शाश्वत। २ जिसकी सीमा न हो वह (से ६,१८)।

अंतअ } अंतग } वि [अन्तक] १ मनोहर, सुन्दर (से ६, १८)। २ अन्तर्गत, समाविष्ट (सूअ १, १५)। ३ पर्यन्त, प्रान्त भाग; 'जे एवं परिभासंति अन्तए ते समाहिए' (सूअ १,३)। ४ यम, मृत्यु (से ६, १८; उप ६६६ टी); 'समागमं कंखति अन्तगस्स' (सूअ १, ७)।

अंतग वि [अन्तग] १ पार-गामी। २ दुस्त्यज, जो कठिनाई से छोड़ा जा सके; 'चिच्चाण अन्तगं सोयं निरवेक्खो परिव्वए' (सूअ १, ६)।

अंतगय देखो अंत-ग्गय (वव १)।

°अंतण न [यन्त्रण] बन्धन, नियन्त्रण (प्रयौ २४)।

अंतद्धाण वि [अन्तर्धान] तिरोधान-कर्त्ता (पिंड ५००)।

अंतब्भाव देखो अंत-भाव (अज्झ १४२)।

अंतर न [अन्तर] १ मध्य, भीतर; 'गामंतरे पविट्ठो सो' (उप ६ टी)। २ भेद, विशेष, फरक (प्रासू १६८)। ३ अवसर, समय (गाया १, २)। ४ व्यवधान (जं १)। ५ अवकाश, अन्तराल (भग ७,८)। ६ विवर, छिद्र (पाअ)। ७ रजोहरण। ८ पात्र। ९ पुं. आचार, कल्प। १० सूत के कपड़े पहनने का आचार, सौत्र कल्प (कप्प)। °कप्प पुं [°कल्प] जैन साधु का एक आत्मिक प्रशस्त आचरण (पंचू) °कंद पुं [°कन्द] कन्द की एक जाति, वनस्पति-विशेष (पण्ण१)। °करण न [°करण] आत्मा का शुभ अध्य-वसाय-विशेष (पंच)। °गिह न [°गृह] १ घर का भीतरी भाग। २ दो घरों के बीच का अंतर (बृह ३)। °णई स्त्री [°नदी] छोटी नदी (ठा ६)। °दीव पुं [°द्वीप] १ द्वीप-विशेष (जी २३)। २ लवण समुद्र के बीच का द्वीप (पण्ण १)। °सत्तु पुं [°शत्रु] भीतरी शत्रु, काम-क्रोधादि (सुपा ८५)।

अंतर सक [अन्तरय्] व्यवधान करना, बीच में डालना। अंतरेहि, अंतरेमि (विक्र १३९)।

अंतर वि [आन्तर] १ अभ्यन्तर, भीतरी; 'सय-लसुराणंपि अंतरो अप्पाणो' (अच्चु २०)। २ मानसिक (उवर ७१)।

अंतरंग वि [अन्तरङ्ग] भीतरी (विसे २०२७)।

अंतरंजी स्त्री [आन्तरञ्जी] नगरी-विशेष (विसे २३०३)।

अंतरपल्ली स्त्री [अन्तरपल्ली] मूल स्थान से ढाई गव्यूत की दूरी पर स्थित गाँव (पव७०)।

अंतरमुहुत्त देखो अंत-मुहुत्त (पंच २,१३)।

अंतरा अ [अन्तरा] १ मध्य में, बीच में (उप ६५४)। २ पहले, पूर्व में (कप्प)।

अंतराइय न [आन्तरायिक] १ कर्म-विशेष, जो दान आदि करने में विघ्न करता है (ठा २)। २ विघ्न, रुकावट (पण्ह २,१)।

अंतराईय न [अन्तरायीय] ऊपर देखो (सुपा ६०१)।

अंतरापह पुं [अन्तरापथ] रास्ता का बीचला भाग (सुख १, १५)।

अंतराय पुंन. [अन्तराय] देखो अंतराइय (ठा २, ४; स २०३)।

अंतराल पुं [अन्तराल] अंतर, बीच का भाग (अभि ८२)।

अंतरावण पुंन [अन्तरापण] दूकान, हाट (चारु ३)।

अंतरावास पुं [अन्तरवर्ष, अन्तरावास] वर्षा-काल (कप्प)।

अंतरिक्ख पुंन [अन्तरिक्ष] अन्तराल, आकाश (भग १७, १०, स्वप्न ७०)। °जाय वि [°जात] जमीन के ऊपर रही हुई प्रासाद, मंच आदि वस्तु (आचा २, ५)। °पासणाह पुं [°पार्श्वनाथ] खानदेश में अकोला के पास का एक जैन-तीर्थ और वहाँ की भगवान श्रीपार्श्वनाथ की मूर्ति (ती)।

अंतरिक्ख वि [आन्तरिक्ष] १ आकाश-संबंधी, आकाश का (जी ५)। २ ग्रहों के परस्पर युद्ध और भेद का फल बतलानेवाला शास्त्र (सम ४९)।

अंतरिज्ज न [अन्तरीय] १ वस्त्र, कपड़ा। २ शय्या का नीचला वस्त्र; 'अंतरिज्जं णाम णियंसणं, अहवा अंतरिज्जं नाम सेज्जाए हेट्ठिल्लं पोत्तं' (निचू १५)।

अंतरिज्ज न [दे] करधनी, कटीसूत्र (दे १, ३५)।

अंतरिज्जिया स्त्री [अन्तरीया] जैनीय वेशवाटिक गच्छ की एक शाखा (कप्प)।

अंतरित } अंतरिय } वि [अन्तरित] व्यवहित, अंतर-वाला (सुर ३, १४३; से १, २७)।

अंतरिया स्त्री [दे] समाप्ति, अंत (जं २)।

अंतरिया स्त्री [अन्तरिका] छोटा अन्तर, थोड़ा व्यवधान (राय)।

अंतरीय न [अन्तरीप] द्वीप, 'सरवरगिहंत-राले जिणभवणं आसि अंतरीयं व' (धर्मवि १४३)।

अंतरेण अ [अन्तरेण] बिना, सिवाय (उत्त १)।

अंतरेण अ [अन्तरेण] बीच में, मध्य में (स ७६७)।

अंतलिक्ख देखो **अंतरिक्ख** (णाया १, १; चारु ७)।

°अंति देखो **पंति** (से ६, ६६)।

अंतिम वि [अन्तिम] चरम, शेष, अन्त्य (ठा १)।

अंतिय न [अन्तिक] १ समीप, निकट (उत्त १)। २ अवसान, अंत; 'अह भिक्खू गिलाएज्जा आहारस्सेव अंतिया' (आचा १,८)। ३ अन्तिम, चरम (सूअ २, २)।

अंतीहरी स्त्री [दे] दूती (दे १, ३५)।

अंतेआरि वि [अन्तआरिन्] बीच में जानेवाला, बीचक (हे १, ६०)।

अंतेउर न [अन्तःपुर] १ राजस्त्रियों का निवासगृह। २ रानी, 'सणंकुमारो वि तेसिं वंदणत्थं संतेउरो गओ तमुज्जाणं' (महा)।

अंतेउरिगा, **अंतेउरिया**, **अंतेउरी** स्त्री [आन्तःपुरिकी, °री] अन्तःपुर में रहनेवाली स्त्री, राज्ञी (उप ६ टी; सुपा २२८, २८६)। २ रोगी का नाममात्र लेने से उसको नीरोग बनानेवाली एक विद्या (वव ५)।

अंतेल्ली स्त्री [दे] १ मध्य, बीच। २ उदर, पेट। ३ कल्लोल, तरंग (दे १, ५५)।

अंतेवासि वि [अन्तेवासिन्] शिष्य (कप्प)।

अंतेवुर देखो **अंतेउर** (प्रति ५७)।

अंतो अ [अन्तर्] बीच, भीतर; 'गामंतो संपत्ता' (उप ६ टी; सुर ३, ७४)। **°खरिया** स्त्री [°खरिका] नगर में रहनेवाली वेश्या (भग १५)। **°गइया** स्त्री [°गतिका] स्वागत के लिए सामने जाना, 'सव्वाए विभूईए अंतोगइयाए तणयस्स' (सुर १५, १६१)। **°गय** वि [°गत] मध्यवर्ती, समाविष्ट (उप ६८६ टी)। **°णिअंसणी** स्त्री [°निवसनी] जैन साध्वियों को पहनने का एक वस्त्र (बृह ३)। **°दहण** न [°दहन] हृदय-दाह (तंदु)। **°मज्झावसाणिय** पुंन [°मध्यावसानिक] अभिनय का एक भेद (राय)। **°मुहुत्त** न [°मुहूर्त्त] कम मुहूर्त्त, ४८ मिनिट से कम समय (कप्प)। **°वाहिणी** स्त्री [°वाहिनी] क्षुद्र नदी (ठा २, ३)। **°वीसंभ** पुं [°विश्रम्भ] हार्दिक विश्वास (हे १ ६०)। **°सल्ल** न [°शल्य] १ भीतरी शल्य, घाव (ठा ४)। २ कपट, माया (औप)। **°साला** स्त्री [°शाला] घरका भीतरी भाग, 'कोलालभंडं अंतोसालाहिंतो बहिया नीणेइ' (उवा; पि ३४३)। **°हुत्त** वि [°मुख] भीतर, 'अंताहुत्तं डज्झइ जायासुण्णे घरे हलिअउत्तो' (गा ३७३)।

अंतोहुत्त वि [दे] अधोमुख, औंधा मुंह वाला (दे १, २१)।

अंत्रडी (अप) स्त्री [अन्त्र] आंत, आंतो (हे ४, ४४५)।

°अंद पुं [चन्द्र] १ चन्द्रमा, चांद 'पसुवइणो रोसारुणपडिमासंकंतगोरिमुहअंदं' (गा १)। २ कपूर (से ६, ४७)। **°राअ** पुं (°राग) चन्द्रकान्त मणि (से ६, ४७)।

°अंदरा स्त्री [°कन्दरा] गुफा (से ६, ४७)।

°अंदल पुं [कन्दल] वृक्ष-विशेष (से ७, ४७)।

°अंदावेदि (शौ) देखो **अंतावेइ** (हे ४, २८६)।

अंदु, **अंदुया** स्त्री [अन्दु] शृंखला, जंजीर (औप, स ५३०)।

अंदेउर (शौ) देखो **अंतेउर** (हे ४, २६१)।

अंदोल अक [अन्दोल्] १ हिंचकना, झूलना। २ कंपना, हिलना। ३ संदिग्ध होना, 'अंदोलइ दोलासु व माणो गरुओवि विलयाणं' (स ५२१)। वकृ. **अंदोलंत, अंदोलिंत, अंदोलमाण** (से ८,५१,११,२५; सुर ३,११६)।

अंदोल सक [अन्दोलय्] कंपाना, हिलाना। वकृ. **अंदोलंत** (सुर ३, ६७)।

अंदोलग पुं [आन्दोलक] हिंडोला (राय)।

अंदोलण न [आन्दोलन] १ हिंचकना, झूलना (सुर ४, २२५)। २ हिंडोला। ३ मार्ग-विशेष (सूअ १, ११)।

अंदोलय देखो **अंदोलग** (सुर ३, १७५)।

अंदोलि वि [आन्दोलिन्] हिलानेवाला, कंपानेवाला (गा २३७)।

अंदोलिर वि [आन्दोलितृ] झुलनेवाला (सुपा ७८)।

अंदोल्लण देखो **अंदोलण**।

अंध वि [अन्ध] १ अन्धा, नेत्र-हीन (विपा १, १)। २ अज्ञान, ज्ञानरहित 'एए णं अंधा मूढा तमप्पइट्ठा' (भग ७, ७)। **°कंटइज्ज** न [°कण्टकीय] अंध पुरुष के कंटक पर चलने के माफिक अविचारित गमन करना (आचा)। **°तम** न [°तमस्] निबिड अन्धकार (सूअ १, ५)। **°पुर** न [°पुर] नगर-विशेष (बृह ४)।

अंध पुं [अन्ध] पांचवीं नरक का चौथा नरकेन्द्रक, एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ११)।

अंध पुं. ब. [अन्ध्र] इस नाम का एक देश (पउम ६८, ६७)।

अंध वि [आन्ध्र] आन्ध्र देश का रहनेवाला (पण्ह १, १)।

अंधंधु पुं [दे] कूप, कुँआ (दे १, १८)।

अंधकार देखो **अंधयार** (चंद ४।

अंधग पुं [दे] वृक्ष, पेड़ (भग १८, ४)। **°वण्हि** पुं [°वह्नि] स्थूल अग्नि (भग १८,४)।

अंधग देखो **अंध** (भग १८, ४)। **°वण्हि** पुं [°वह्नि] सूक्ष्म अग्नि (भग १८, ४)। **°वण्हि** पुं (°वृष्णि) यदुवंश का एक राजा, जो समुद्रविजयादि के पिता था (अंत २)।

अंधय, **अंधयग** पुं [अन्धक] १ अंधा, नेत्र-हीन (पण्ह १, २)। २ वानर-वंश का एक राज कुमार (पउम ६, १८६)।

अंधयार पुंन [अन्धकार] अंधेरा, अंधकार (कप्प; स ४२६)। **°पक्ख** पुं [°पक्ष] कृष्णपक्ष (सुज्ज १३)।

अंधयारण न [अन्धकार] अन्धेरा (भवि)।

अंधयारिय वि [अन्धकारित] अंधकार-वाला (से १, १५; ६३)।

अंधरअ, **अंधल** वि [अन्ध] अंधा, नेत्रहीन (गा ७०४; हे २, १७३)।

अंधलरिल्ली स्त्री [अन्धयित्री] अंध बनानेवाली एक विद्या (सुपा ४२८)।

अंधार पुं [अन्धकार] अंधेरा (ओघ १११, २७०)।

अंधार सक [अन्धकारय्] अन्धकार-युक्त करना। कर्म. 'मेहच्छन्ने सूरे अंधारिज्जइ न कि भुवणं' (कुप्र ३८७)।
अंधारिय वि [अन्धकारित] अंधकार वाला (सुपा ५४, सुर ३, २३०)।
अंधाव सक [अन्धय्] अंधा करना। अंधावेइ (विक्र ८४)।
अंधिअ वि [अन्धित] अन्ध बना हुआ (सम्मत्त १२१)।
अंधिआ स्त्री [अन्धिका] द्यूत-विशेष (दे २, १)।
अंधिआ स्त्री [आन्धिका] चतुरिन्द्रिय जंतु की एक जाति (उत्त ३६,१४७)।
अंधिल्लग वि [अन्ध] अन्धा, जन्मान्ध (पण्ह २, ५)।
अंधिल्लय देखो **अंधिल्लग**; (पिंड ५७२)।
अंधीकिद (शौ) वि [अन्धीकृत] अंध किया हुआ (स्वप्न ४६)।
अंधु पुं [अन्धु] कूप, कुँआ (प्रामा; दे १,१८)।
अंधेल्लग देखो **अंधिल्लग** (पिण्ड)।
°अंप पुं [कम्प] कंपन (से ५, ३२)।
अंब पुं [अम्ब] एक जात के परमाधार्मिक देव, जो नरक के जीवों को दुख देते हैं (सम २८)।
अंब पुं [आम्र] १ आम का पेड। २ न. आम, आम्र-फल (हे १, ८४)। **°गट्ठिया** स्त्री [दे] आम की आंठी, गुठली (निचू १५)। **°चोयग** न [दे] १ आम का रुंछा (निचू १५)। २ आम की छाल (आचा २,७,२)। **°डगल** न [दे] आम का टुकड़ा (निचू १५) **°डाल्ग** न [दे] आम का छोटा टुकड़ा (आचा २,७,२)। **°पेसिया** स्त्री [°पेशिका] आम का लम्बा टुकड़ा (निचू १५)। **°भित्त** न [दे] आम का टुकड़ा (निचू १५)। **°सालग** न [दे] आम की छाल (निचू १५)। **°सालवण** न [°शालवन] चैत्य-विशेष (राय)।
अंब न [अम्ल] १ तक्र, मट्ठा (जं ३)। २ खट्टा रस। ३ खट्टी चीज (विसे)। ४ वि. निष्ठुर वचन बोलनेवाला (बृह १)।
अंब वि [आम्ल] १ खट्टी वस्तु। २ मट्ठे से संस्कृत चीज (जं ३)।
अंब वि [ताम्र] लाल, रक्तवर्णवाला (से ३, ३४)।
अंबग देखो **अंब** = आम्र (अणु) **°ट्ठिया** स्त्री [°अस्थि] आम की गुठली (अणु)।
अंबट्ठ पुं [अम्बष्ठ] १ देश-विशेष (पउम ६८, ६५)। २ जिसका पिता ब्राह्मण और माता वैश्य हो वह (सूअ १, ९)।
अंबड पुं [अम्बड] १ एक परिव्राजक, जो महाविदेह क्षेत्र में जन्म लेकर मोक्ष जायगा (औप)। २ भगवान् महावीर का एक श्रावक, जो आगामी चौबीसी में २२ वाँ तीर्थंकर होगा (ठा ९)।
अंबड वि [दे] कठिन (दे १,१६)।
अंबधाई स्त्री [अम्बाधात्री] धाई माता (सुपा २६८)।
अंबमसी स्त्री [दे] कठिन और वासी कनिक (दे १, ३७)।
अंबय देखो **अंब** (सुपा ३३४)।
अंबर पुंन [अम्बर] एक देव-विमान (देवेन्द्र १४४)।
अंबर न [अम्बर] १ आकाश (पाअ; भग २, २)। २ वस्त्र, कपड़ा (पाअ; निचू १)। **°तिलय** पुं [°तिलक] पर्वत-विशेष (आव)। **°वत्थ** न [°वस्त्र] स्वच्छ वस्त्र (कप्प)।
अंबरस पुंन [अम्बरस] आकाश, गगन (भग २०, २—पत्र ७७५)।
अंबरिस पुंन [अम्बरीष] १ भट्टी, भाड़ (भग ३, ६)। २ कोष्ठक (जीव)। ३ पुं. नारक-जीवों को दुःख देनेवाले एक प्रकार के परमाधार्मिक देव (पव १८०)।
अंबरिसि पुं [अम्बऋषि] १ ऊपर का तीसरा अर्थ देखो (सम २८)। २ उज्जयिनी नगरी का निवासी एक ब्राह्मण (आव)।
अंबरीस देखो **अंबरिस**।
अंबरीसि देखो **अंबरिसि**।
अंबसमिआ } देखो **अंबमसी**।
अंबसमी }
अंबहुंडी स्त्री [अम्बहुण्डी] एक देवी (महानि २)।
अंबा स्त्री [अम्बा] १ माता, मां (स्वप्न २२४)। २ भगवान् नेमिनाथ की शासनदेवी (संति १०)। ३ वल्ली-विशेष (पण्ण १)।
अंबाड सक [खरण्ट्] खरडना, लेप करना; 'चमढेति खरण्टेति अंबाडेति त्ति वुत्तं भवति' (निचू ४)।
अंबाड सक [तिरस् + कृ] उपालंभ देना, तिरस्कार करना; 'तओ हक्कारिय अंबाडिआ भणिआ य' (महा)।
अंबाडग } पुं [आम्रातक] १ आमला का
अंबाडय } (पण्ण १; पउम ४२, ६)। २ न. आमला का फल (अनु ६)।
अंबाडिय वि [तिरस्कृत] १ तिरस्कृत (महा)। २ उपालब्ध (स ५१२)।
अंबिआ स्त्री [अम्बिका] १ भगवान् नेमिनाथ की शासनदेवी (ती १०)। २ पांचवें वासुदेव की माता (पउम २०, १८४)। **°समय** पुं [°समय] गिरनार पर्वत पर का एक तीर्थ स्थान (ती ४)।
अंबिर न [आम्र] आम का फल (दे १,१५)।
अंबिल पुं [आम्ल] १ खट्टा रस (सम ४१)। २ वि. खटाई वाली चीज, खट्टी वस्तु (ओघ ३४०)। ३ नामकर्म-विशेष (कम्म १,४१)।
अंबिलिया स्त्री [अम्लिका] १ इमली का पेड़ (उप १०३१ टी)। २ इमली का फल (श्रा २०)।
अंबु न [अम्बु] पानी, जल (पाअ)। **°अ, °ज** न [°ज] कमल, पद्म (अच्चु ५५; कुमा)। **°णाह** पुं [°नाथ] समुद्र (वव ६)। **°रुह** न [°रुह] कमल (पाअ)। **°वह** पुं [°वह] मेघ, वारिस (गउड)। **°वाह** पुं [°वाह] मेघ, वारिस (गउड)।
अंबुपिसाअ पुं [दे] राहु (गा ८०४)।
अंबुसु पुं [दे] श्वापद जन्तु विशेष, हिंसक पशु-विशेष, शरभ (दे १, ११)।
अंबेट्टिआ } स्त्री [दे] एक प्रकार का जूआ,
अंबेट्टी } मुष्टि-द्यूत (दे १, ७)
अंबेसि पुं [दे] द्वार-फलक, दरवाजे का तख्ता (दे १, ८)।
अंबोच्ची स्त्री [दे] फूलों को बिननेवाली स्त्री (दे १, ६; नाट)।
अंभ पुं [अम्भस्] पानी, जल (श्रा १२)।
अंभु (अप) पुं [अश्मन्] पत्थर, पाषाण (षड्)।
अंभो पुं [अम्भस्] पानी, जल। **°अ** न [°ज] कमल (दे ७, ३८)। **°इणी** स्त्री [°जिनी] कमलिनी, पद्मिनी (मै ६१)। **°निहि** पुं [°निधि] समुद्र (श्रा १२)।

°रुह न [°रुह] कमल, पद्म; 'कुंभंभोरुहसर-जलनिहिणो, दिव्वविमाणरयणगणसिहिणो' (उप ६ टी)।

अंभोहि पुं [अम्भोधि] समुद्र (कुप्र २७१)।

अंस पुं [अंश] १ भाग, अवयव, खंड, टुकड़ा (पाअ)। २ भेद, विकल्प (विसे)। ३ पर्याय, धर्म, गुण (विसे)।

अंस पुं [अंश] विद्यमान कर्म, सत्ता-स्थित कर्म; 'अंस इति संतकम्मं भन्नई' (कम्म ६,६)। °हर वि [°धर] भागीदार (उत्त१३, २२)।

अंस } पुं [अंस] कान्ध, कंधा (णाया अंसलग } १, १८; तंदु)।

अंसि देखो अस = अस्।

अंसि स्त्री [अश्रि] १ कोण, कोना (उप पृ ६८)। २ धार, नोक (ठा ८)।

अंसिया स्त्री [अंशिका] भाग, हिस्सा (बृह ३)।

अंसिया स्त्री [अर्शिका] १ बवासीर का रोग (भग १६, ३)। २ नासिका का एक रोग (निचू ३)। ३ फुनसी, फोड़ा (निचू ३)।

अंसु पुं [अंशु] किरण (लहुअ ६)। °मालि पुं [°मालिन्] सूर्य, सूरज (रयण १)।

अंसु देखो अंसुय = अंशुक (पंच ३, ४०)।

अंसु पुं [अंशु] किरण। °मंत, °वंत वि [°मत्] १ किरणवाला। २ पुं. सूर्य (प्राकृ ३५)।

अंसु न [अश्रु] आँसू, नेत्र-जल। °मंत, °वंत वि [°मत्] अश्रुवाला (प्राकृ३५)।

अंसु } न [अश्रु] आंसू, नेत्र-जल (हे १, अंसुअ } २६; कुमा)।

अंसुय न [अंशुक] १ वस्त्र, कपड़ा (से ६, ८२)। २ बारीक वस्त्र (बृह २)। ३ पोशाक, वेश (कप्प)।

अंसोत्थ देखो अस्सोत्थ (पि ७४, १५२, ३०६)।

अंह पुंन [अंहस्] मल, 'मउयं व वाहिओ सो निरंहसा तेण जलपवाहेण' (धर्मवि १४६)।

अंहि पुं [अंह्रि] पाद, पाँव (कप्पू)।

अकइ वि [अकति] असंख्यात, अनन्त (ठा ३)।

अकंड देखो अयंड (गा ६६५)।

अकंडतलिम वि [दे] १ स्नेह रहित। जिसने शादी न की हो वह (दे १, ६०)।

अकंपण वि [अकम्पन] १ कंप रहित। २ पुं. रावण का एक पुत्र (से १४,७०)।

अकंपिय वि [अकम्पित] १ कम्परहित २ पुं. भगवान् महावीर का आठवाँ गणधर (सम १६)।

अकज्ज देखो अकय = अकृत्य (उव)।

अकण्ण } वि [अकर्ण] १ कर्ण रहित। अकन्न } २-३ पुं. स्वनामख्यात एक अंत-द्वीप और उसमें रहनेवाला (ठा ४, २)।

अकप्प पुं [अकल्प] अयोग्य आचार, शास्त्रोक्त विधि-मर्यादा से बाहर का आचरण (कप्प)।

अकप्प वि [अकल्प्य] अनाचरणीय, शास्त्र-निषिद्ध आहार-वस्त्र आदि अग्राह्य वस्तु (वव १)।

अकप्पिय पुं [अकल्पिक] जिसको शास्त्र का पूरा-पूरा ज्ञान न हो ऐसा जैन साधु (वव १)।

अकप्पिय देखो अकप्प = अकल्प्य (दस ५)।

अकम वि [अक्रम] १ क्रम रहित। २ क्रिवि. एक साथ (कुमा)।

अकम्म } न [अकर्मन्, °क] १ कर्म अकम्मग } का अभाव (बृह १)। २ पुं मुक्त, सिद्ध जीव (आचा)। ३ कृषि आदि कर्म रहित (देश, भूमि वगैरह) (जी २४)। °भूमग, °भूमय वि [°भूमक] अकर्म-भूमि में उत्पन्न होने वाला (जीव १)। °भूमि, °भूमी स्त्री [°भूमि, भूमी] जिस भूमि में कल्प वृक्षों से ही आवश्यक वस्तुओं की प्राप्ति होने से कृषि वगैरह कर्म करने की आवश्यकता नहीं है वह, भोग-भूमि (ठा ३, ४)। °भूमिय वि [°भूमिज] अकर्म-भूमि में उत्पन्न (ठा ३, १)।

अकम्हा अ [अकस्मात्] अचानक, निष्कारण (सुपा ५६६)।

अकय वि [अकृत] नहीं किया हुआ (कुमा)। °मुह वि [°मुख] अपठित, अशिक्षित (बृह ३)। °त्थ वि [°र्थ] असफल (नाट)।

अकय वि [अकृत्य] १—२ करने के अयोग्य या अशक्य। ३ न. अनुचित काम। °कारि वि [°कारिन्] अकृत्य को करनेवाला (पउम ८०, ७१)।

अकय्य (मा) ऊपर देखो (नाट)।

अकरण न [अकरण] १ नहीं करना (कस) २ मैथुन, 'जइ सेवंति अकरणं पंचण्हवि बाहिरा हुंति' (वव ३)।

अकाइय वि [अकायिक] १ शारीरिक चेष्टा से रहित। २ पुं. मुक्तात्मा (भग ८, २)।

अकाम पुं [अकाम] १ अनिच्छा (सूअ २, ६)। २ वि. इच्छारहित, निष्काम (सुपा २०६)। °णिज्जरा स्त्री [°निर्जरा] कर्म-नाश की अनिच्छा से बुभुक्षा आदि कष्टों को सहन करना (ठा४,४)।

अकामग } [अकामक] ऊपर देखो। अकामय } ३ अवांछनीय, इच्छा करने के अयोग्य (पण्ह १, १; णाया१, १)।

अकामिय वि [अकामिक] निराश (विपा १, १)।

अकाय वि [अकाय] १ शरीररहित। २ पुं मुक्तात्मा (ठा २, ३)।

अकार पुं [अकार] 'अ' अक्षर, प्रथम स्वर वर्ण (विसे ४६५)।

अकारग पुं [अकारक] १ अरुचि, भोजन की अनिच्छा रूप रोग (णाया १, १३)। २ वि. अकर्ता (सूअ १, १)। °वाइ वि [°वादिन्] आत्मा को निष्क्रिय माननेवाला (सूअ १, १)।

अकासि अ [दे] निषेध-सूचक अव्यय, अलम्; 'अकासि लज्जाए' (दे १, ८)।

अकिंचण वि [अकिञ्चन] १ साधु, मुनि, भिक्षुक (पण्ह २, ५)। २ गरीब, निर्धन, दरिद्र (पाअ)।

अकिट्ठ वि [अकृष्ट] नहीं जोती हुई जमीन 'अकिट्ठजाय-' (पउम ३३, १४)।

अकिट्ठ वि [अक्लिष्ट] १ क्लेशरहित, बाधा-रहित;

'पेच्छामि तुज्झ कंतं,
संगामे कट्टवएसु दियहेसु।
मह नाहेण विणिहयं,
रामेण अकिट्ठधम्मेणं' (पउम ५३, ५२)।

अज्झावण न [अध्यापन] पाठन (सिरि २७)।
अज्झावणा स्त्री [अध्यापना] पढ़ाना (कम्म १, ६०)।
अज्झावय वि [अध्यापक] पढ़ानेवाला, शिक्षक, गुरु (वसु; सुर ३, २६)।
अज्झावस अक [अध्या + वस्] रहना, वास करना। वकृ. **अज्झावसंत** (उवा)।
अज्झास पुं [अध्यास] १ ऊपर बैठना। २ निवास-स्थान (सुपा २०)।
अज्झासणा स्त्री [अध्यासना] सहन करना (राज)।
अज्झासिअ वि [अध्यासित] १ आश्रित, अधिष्ठित। २ स्थापित, निवेशित (नाट)।
अज्झाहय वि [अध्याहत] १ उत्तेजित, 'सीयलेणं सुरहिगंधमट्टियागंधेणं हत्थी अज्झाहओ वणं संभरेइ' (महा)।
अज्झीण वि [अक्षीण] १ अक्षय, अखूट। २ न. अध्ययन (विसे ६५८)।
अज्झुववज्ज देखो **अज्झोववज्ज** (पि ७७; औप)।
अज्झुववण्ण देखो **अज्झोववण्ण** (विपा १, १)।
अज्झुववाय देखो **अज्झोववाय** (उप पृ २८१)।
अज्झुसिअ वि [अध्युषित] आश्रित (पिंड ४५०)।
अज्झुसिर वि [अशुषिर] छिद्र-रहित (ओघ ३१३)।
अज्झेउ वि [अध्येतृ] पढ़नेवाला (विसे १४६५)।
अज्झेल्ली स्त्री [दे] दोहने पर भी जिसका दोहन हो सके ऐसी गैया (दे १, ७)।
अज्झेसणा स्त्री [अध्येषणा] अधिक प्रार्थना, विशेष याचना (राज)।
अज्झोयरग } पुं [अध्यवपूरक] १ साधु के
अज्झोयरय } लिए अधिक रसोई करना। २ साधु के लिए बढ़ाकर की हुई रसोई (औप; पव ६७)।
अज्झोल्लिआ स्त्री [दे] वक्षः-स्थल के आभूषण में की जाती मोतियों की रचना (दे १, ३३)।
अज्झोवगमिय वि [आभ्युपगमिक] स्वेच्छा से स्वीकृत (पण्ण ३४)।

अज्झोववज्ज अक [अध्युप + पद्] अत्यासक्त होना, आसक्ति करना। अज्झोववज्जइ (पि ७७)। भविअज्झोववज्जिहिइ (औप)।
अज्झोववण्ण } वि [अध्युपपन्न] अत्यंत
अज्झोववन्न } आसक्त (विपा १,२; णाया १, २; महा; पि ७७)।
अज्झोववाय पुं [अध्युपपाद] अत्यन्त आसक्ति, तल्लीनता (पण्ह २,५)।
अझावणा देखो **अज्झावणा**; 'पसमो पसन्नवयणो विहिणा सव्वाणझावणाकुसलो' (संबोध २४)।
अट } सक [अट्] भ्रमण करना, घूमना।
अट्ट } अटइ (षड्; हे १, १९५); परिअट्टइ (हे ४, २३०)।
अट्ट सक [क्वथ्] क्वाथ करना। अट्टइ (हे ४, ११९; षड्; गउड)।
अट्ट अक [शुष्] सूखना, शुष्क होना। अट्टंति (से ५, ६१)। वकृ. **अट्टंत** (से ५, ७३)।
अट्ट वि [आर्त] १ पीड़ित, दुःखित (विपा १,१)। २ ध्यान-विशेष—इष्ट-संयोग, अनिष्ट-वियोग, रोग-निवृत्ति और भविष्य के लिए चिन्ता करना (ठा ४, १)। °**ण्ण** वि [°ज्ञ] पीड़ित की पीड़ा को जाननेवाला (षड्)।
अट्ट वि [ऋत] गत, प्राप्त (णाया १, १; भग १२, २)।
अट्ट पुंन [अट्ट] १ दूकान, हाट (श्रा १४)। २ महल के ऊपर का घर, अटारी (कुमा)। ३ आकाश (भाग २०, २)।
अट्ट वि [दे] १ कृश, दुर्बल। २ बड़ा, महान्। ३ निर्लज्ज, बेशरम। ४ आलसी, सुस्त। ५ पुं. शुक, तोता। ६ शब्द, आवाज। ७ न. सुख। ८ झूठ, असत्योक्ति (दे १, ५०)।
अट्टट्ट वि [दे] गया हुआ, गत (दे १, १०)।
अट्टट्टहास पुं [अट्टाट्टहास] देखो **अट्टहास** (उव)।
अट्टण न [अट्टन] १ व्यायाम, कसरत (औप)। २ पुं. इस नाम का एक प्रसिद्ध मल्ल (उत्त ४)। °**साला** स्त्री [°शाला] व्यायाम-शाला, कसरत-शाला (औप; कप्प)।
अट्टण न [अटन] परिभ्रमण (धर्म ३)।
अट्टणा स्त्री [आवर्तना] आवृत्ति (प्राकृ ३१)।

अट्टमट्ट वि [दे] निरर्थक, व्यर्थ, निकम्मा (सुख ५,८)।
अट्टमट्ट पुं [दे] १ आलवाल, कियारी (हे २, १७४)। २ अशुभ संकल्प-विकल्प, पाप-संबद्ध अव्यवस्थित विचार;
'अणवट्ठियं मणो जस्स झाइ बहुयाइं अट्टमट्टाइं।
तं चिंतियं च न लहइ, संचिणइ य पावकम्माइं' (उव)।
अट्टय पुं [अट्टक] १ हाट, दूकान (श्रा १२)। २ पात्र के छिद्र को बन्द करने में उपयुक्त द्रव्य-विशेष (बृह १)।
अट्टयक्कली स्त्री [दे] कमर पर हाथ रखकर खड़ा रहना (पाअ)।
अट्टहास पुं [अट्टहास] बहुत हँसना, खिलखिला कर हँसना (पि २७१)।
अट्टालग } पुंन [अट्टालक] महल का उपरि-
अट्टालय } भाग, अटारी (सम १३७; पउम २, ६)।
अट्टि स्त्री [आर्ति] पीड़ा, दुःख (आचा)।
अट्टिय वि [आर्तित] शोकादि से पीड़ित, 'अट्टा अट्टियचित्ता, जह जीवा दुक्खसागरमुवेंति' (औप)।
अट्टिय वि [अर्दित] व्याकुल, व्यग्र; 'अट्टदुहट्टियचित्ता' (औप)।
अट्ठ पुं [अर्थ] संयम (सूअ १,२,२,१९)।
अट्ठ पुंन [अर्थ] १ वस्तु, पदार्थ (उवा २; अच्चु); 'अट्ठदंसी' (सूअ १, १४), 'अट्ठाइं, हेऊइं, पसिणाइं' (भग २, १)। २ विषय, 'इंदियट्ठा' (ठा ६)। ३ शब्द का अभिधेय, वाच्य (सूअ १,६)। ४ मतलब, तात्पर्य (विपा २,१; भास १८)। ५ तत्त्व, परमार्थ; 'तुब्भेत्थ भो भारहरा गिराणं, अट्ठं न याणाह अहिज्ज वेए' (उत्त १२, ११); 'इओ चुएसु दुहमट्ठदुग्गं' (सूअ १, १०, ६)। ६ प्रयोजन, हेतु (हे २,३३)। ७ अभिलाष, इच्छा; 'अट्ठो भंते! भोगेहिं, हंता अट्ठो' (णाया १,१६; उत्त ३)। ८ उद्देश्य, लक्ष्य (सूअ १, २, १)। ९ धन, पैसा (श्रा १४; आचा)। १० फल, लाभ; 'अट्ठजुत्ताणि सिक्खेज्जा णिरट्ठाणि उ वज्जए' (उत्त १)। ११ मोक्ष, मुक्ति (उत्त १)। °**कर** पुं [°कर] १ मंत्री। २ निमित्त शास्त्र का विद्वान् (ठा ४, ३)। °**जाय** वि [°जातार्थ]

जिसकी आवश्यकता हो, जिसका प्रयोजन हो वह; 'अट्ठेण जस्स कज्जं संजातं एस अट्ठजाओ य' (वव २)। °जाय वि [°याच] धनार्थी, धन की चाहवाला (वव २)। °सइय वि [°शतिक] सौ अर्थवाला, जिसका सौ अर्थ हो सके ऐसा (वचन आदि) (जं २)। °सेण पुं [°सेन] देखो अट्टिसेण, देखो अत्थ=अर्थ।

अणुपरियट्ट अक [अनुपरि + वृत्] फिरना, फिरते रहना; 'दुक्खाणमेव आवट्टं अणुपरियट्टइ'। (आचा)। वकृ. **अणुपरियट्टमाण** आचा)। संकृ. **अणुपरियट्टित्ता** (औप)।

अणुपरियट्टण न [अनुपर्यटन] परिभ्रमण (सूअ १, १, २)।

अणुपरियट्टण न [अनुपरिवर्तन] परिवर्तन, फिरना (भग १, ६)।

अणुपरिवट्ट देखो **अणुपरियट्ट** = अनुपरि + वृत्। वकृ. **अणुपरिवट्टमाण** (पि २८६)।

अणुपरिवाडि, °**डी** स्त्री [अनुपरिपाटि, °टी] अनुक्रम (से १५, ६६; पउम २०, ११, ३२, १६)।

अणुपरिहारि वि [अणुपरिहारिन्] 'परिहारी' को मदद करनेवाला, त्यागी मुनि की सेवा-शुश्रूषा करनेवाला (ठा ३, ४)।

अणुपरिहारि वि [अनुपरिहारिन्] ऊपर देखो (ठा ३, ४)।

अणुपवन्न वि [अनुप्रपन्न] प्राप्त (सूअ २, ३, २१)।

अणुपवाएत्तु वि [अनुप्रवाचयितृ] पढ़ानेवाला, पाठक, उपाध्याय (ठा ५, २)।

अणुपवाय देखो **अणुप्पवाय** = अनुप्र + वाचय्।

अणुपविट्ठ वि [अनुप्रविष्ट] पीछे से प्रविष्ट (णाया १, १; कप्प)।

अणुपविस सक [अनुप्र + विश्] १ पीछे से प्रवेश करना। २ प्रवेश करना, भीतर जाना। अणुपविसइ (कप्प)। वकृ. **अणुपविसंत** (निचू २)। संकृ. **अणुपविसित्ता** (कप्प)।

अणुपवेस पुं [अनुप्रवेश] प्रवेश, भीतर जाना। (निचू ७)।

अणुपस्स सक [अनु + दृश्] पर्यालोचन करना, विवेचना करना। संकृ. **अणुपस्सिय** (सूअ १, २, २)।

अणुपस्सि वि [अनुदर्शिन्] पर्यालोचक, विवेचक (आचा)।

अणुपाल सक [अनु + पालय्] १ अनुभव करना। २ रक्षण करना। ३ प्रतीक्षा करना, राह देखना। अणुपालेइ (महा); वकृ. 'सायासोक्खम् **अणुपालंतेण**' (पक्खि); **अणुपालिंत**, **अणुपालेमाण** (महा)। संकृ. **अणुपालेऊण**, **अणुपालित्ता**, **अणुपालिय** (महा; कप्प; पि ५७०)।

अणुपालण न [अनुपालन] रक्षण, प्रतिपालन (पंचभा)।

अणुपालणा देखो **अणुवालणा** (विसे २५२० टी)।

अणुपालिय वि [अनुपालित] रक्षित, प्रतिपालित (ठा ८)।

अणुपास देखो **अणुपस्स**। वकृ. **अणुपासमाण** (दसचू २)।

अणुपिट्ठ न [अनुपृष्ठ] अनुक्रम, 'अणुपिट्ठसिद्धाइं' (सम्म)।

अणुपिहा देखो **अणुपेहा** (द्रव्य ३५)।

अणुपुंख न [अनुपुङ्ख] मूल तक, अन्त-पर्यन्त; 'अणुपुंखमावडंतावि आवया तस्स ऊसवा हुंति' (कुप्र ३३)।

अणुपुव्व वि [अनुपूर्व] क्रमवार, आनुक्रमिक (ठा ४, ४)। क्रिवि. क्रमशः (पाअ)। °**सो** [शस्] अनुक्रम से (आचा)।

अणुपुव्व न [आनुपूर्व्य] क्रम, परिपाटी, अनुक्रम (राय)।

अणुपुव्वी स्त्री [आनुपूर्वी] ऊपर देखो (पाअ)।

अणुपेक्खा स्त्री [अनुप्रेक्षा] भावना, चिन्तन, विचार (पउम १४, ७७)।

अणुपेहण न [अनुप्रेक्षण] ऊपर देखो (उप १४२ टी)।

अणुपेहा स्त्री [अनुप्रेक्षा] ऊपर देखो (पि ३२३)।

अणुपेहि वि [अनुप्रेक्षिन्] चिन्तन-कर्ता (सूअ १, १०, ७)।

अणुप्पइन्न वि [अनुप्रकीर्ण] एक दूसरे से मिला हुआ, मिश्रित (कप्प)।

अणुप्पणी सक [अनुप्र+णी] १ प्रणय करना। २ प्रसन्न करना। वकृ. **अणुप्पणंत** (उप पृ २८)।

अणुप्पगंथ [अणुप्रग्रन्थ] सन्तोषी, अल्प परिग्रह वाला (ठा ६)।

अणुप्पगंथ वि [अनुप्रग्रन्थ] ऊपर देखो (ठा ६)।

अणुप्पण्ण वि [अनुत्पन्न] अविद्यमान (नीचू ५)।

अणुप्पत्त देखो **अणुपत्त** (कप्प)।

अणुप्पदा सक [अनुप्र+दा] दान देना, फिर-फिर देना। अणुप्पदेइ (कस)। कृ. **अणुप्पदायव्व** (कस)। हेकृ. **अणुप्पदाउं** (उवा)।

अणुप्पदाण न [अनुप्रदान] दान, फिर-फिर दान देना (आव ६)।

अणुप्पभु पुं [अनुप्रभु] स्वामी के स्थानापन्न, प्रतिनिधि (निचू २)।

अणुप्पया देखो **अणुप्पदा**। अणुप्पएइ (कस)। हेकृ. **अणुप्पयाउं** (उवा)।

अणुप्पयाण देखो **अणुप्पदाण** (आचा)।

अणुप्पवत्त सक [अनुप्र+वृत्] अनुसरण करना। हेकृ. **अणुप्पवत्तए** (विसे २२०७)।

अणुप्पवाइत्तु } वि [अनुप्रवाचयितृ]
अणुप्पवाएत्तु } अध्यापक, पाठक, पढ़ानेवाला (ठा ५, १; गच्छ १)।

अणुप्पवाद पुं [अनुप्रवाद] कथन (सूअ २, ७, १३)।

अणुप्पवाय सक [अनुप्र+वाचय्] पढ़ाना। वकृ. **अणुप्पवाएमाण** (जं ३)।

अणुप्पवाय न [अनुप्रवाद] नववाँ पूर्व, बारहवें जैन अंग-ग्रन्थ का एक अंश-विशेष (ठा ९)।

अणुप्पविट्ठ देखो **अणुपविट्ठ** (कस)।

अणुप्पवित्ति स्त्री [अनुप्रवृत्ति] अनुप्रवेश, अनुगम (विसे २१९०)।

अणुप्पविस देखो **अणुपविस**। अणुप्पविसइ (उवा)। संकृ. **अणुप्पवेसेत्ता** (निचू १)।

अणुप्पवेस देखो **अणुपवेस** (नाट)।

अणुप्पवेसण न [अनुप्रवेशन] देखो **अणुपवेस** (नाट)।

अणुप्पसाद (शौ) सक [अनुप्र+सादय्] प्रसन्न करना। अणुप्पसादेदि (नाट)।

अणुप्पसूय वि [अनुप्रसूत] उत्पन्न, पैदा किया हुआ (आचा)।

अणुप्पाइ वि [अनुपातिन्] युक्त, संबद्ध, संबन्धी (निचू १)।

अणुप्पिय वि [अनुप्रिय] अनुकूल, इष्ट (सूअ १, ७)।

अणुप्पेंत वि [अनुत्प्रयत्] दूर करता, हटाता हुआ;

'जम्मि अविसएणहियियत्तणेण ते
गारवं वलग्गंति।
तं विसममणुप्पेंतो गरुयाण विही खलो होइ'
(गउड)।

अणुप्पेच्छ देखो **अणुप्पेह**;

'तह पुव्विं किं न कयं, न वाहए
जेण मे समत्थोवि।
एण्हि किं कस्स व कुप्पिमोत्ति धीरा!
अणुप्पेच्छ' (उव)।

अणुप्पेसिय वि [अनुप्रेषित] पीछे से भेजा हुआ (नाट)।

अणुप्पेह सक [अनुप्र+ईक्ष्] चिन्तन करना, विचारना अणुप्पेहेंति (पि ३२३)। कृ. **अणुप्पेहियव्व** (पंसू १)।

अणुप्पेहा स्त्री [अनुप्रेक्षा] चिन्तन, भावना, विचार, स्वाध्याय-विशेष (उत्त २९)।

अणुप्फास पुं [अनुस्पर्श] अनुभाव, प्रभाव; 'लोहस्सेव अणुप्फासो मन्ने अन्नयरामवि' (दस ६)।

अणुफुसिय वि [अनुप्रोञ्छित] पोंछा हुआ, साफ किया हुआ (स ३४४)।

अणुबंध सक [अनु+बन्ध] १ अनुसरण करना। २ संबन्ध बनाये रखना। अणुबंधंति (उत्तर ७१)। वकृ. **अणुबंधंत** (वेणी १८३)। कवकृ. **अणुबंधीअमाण**, **अणुबंधिज्जमाण** (नाट)। हेकृ. **अणुबंधिदुं** (शौ) (मा ६)।

अणुबंध पुं [अनुबन्ध] १ सततपन, निरन्तरता, विच्छेद का अभाव (ठा ६; उत्तर १२८)। २ संबन्ध (स १३८; गउड)। ३ कर्मों का संबन्ध (पंचा १५)। ४ कर्मों का विपाक, परिणाम (उवर ४; पंचा १८)। ५ स्नेह, प्रेम (स २७९),

'नयणाण पडउ वज्जं, अहवा वज्जस्स
वड्ढिलं किंपि।
अमुणियजणेवि दिट्ठे, अणुबंधं जाणि कुव्वंति'
(सुर ४, २०)। ६ शास्त्र के आरम्भ में कहने लायक अधिकारी, विषय, प्रयोजन और संबन्ध (आव १)। ७ निर्बन्ध, आग्रह (स ४५८)।

अणुबंधअ वि [अनुबन्धक] अनुबन्ध करनेवाला (नाट)।

अणुबंधण न [अनुबन्धन] अनुकूल बन्धन (उत्त २९, ४५; सुख २९, ४५)।

अणुबंधणा स्त्री [अनुबन्धना] अनुसन्धान, विस्मृत अर्थ का सन्धान (पंचा १२,४५)।

अणुबंधि वि [अनुबन्धिन्] अनुबन्धवाला, अनुबन्ध करनेवाला (धर्म २; स १२७)।

अणुबंधिअ न [दे] हिक्का-रोग, हिचकी (दे १, ४४)।

अणुबंधेल्ल वि [अनुबन्धिन्] विच्छेद-रहित, अनुगमवाला, अविनश्वर (उप २३३)।

अणुबज्झ } वि [अनुबद्ध] १ बँधा हुआ,
अणुबद्ध } संबद्ध (से ११, ६०)। २ सतत, अविच्छिन्न; 'अणुबद्धतिव्ववेरा परोप्परं वेयणं उदीरेंति' (पराह १, १)। ३ व्याप्त (णाया १, २)। ४ प्रतिबद्ध (णाया १, २)। ५ अत्यंत, बहुत; 'अणुबद्धनिरंतरवेयणासु' (पराह १, १)। ६ उत्पन्न (उत्तर ६२)।

अणुबद्ध वि [अनुबद्ध] १ अनुगत (पंचा ६, २७)। २ पीछे बँधा हुआ (सिरि ४४४)।

अणुबूह देखो अणुवूह।

अणुब्भड वि [अनुद्भट] अनुद्धत, अनुल्वण (उत्त २)।

अणुब्भूय वि [अनुद्भूत] अप्रकट, अनुत्पन्न (नाट)।

अणुभअ देखो **अणुभव** = अनुभव (नाट)।

अणुभव सक [अनु + भू] १ अनुभव करना, जानना, समझना। २ कर्मफल को भोगना। अणुभवंति (पि ४७५)। वकृ. **अणुभवंत** (पि ४७५)। संकृ. **अणुभविअ, अणुभवित्ता** (नाट; पराह १, १)। हेकृ. **अणुभविउं** (उत्त १८)।

अणुभव पुं [अनुभव] १ ज्ञान, बोध, निश्चय (पंचा ५)। २ कर्म-फल का भोग (विसे)।

अणुभवण न [अनुभवन] ऊपर देखो (श्राव ४; विसे २०६०)।

अणुभवि वि [अनुभविन्] अनुभव करनेवाला (विसे १६५८)।

अणुभव्व वि [अनुभव्य] आसन्न भव्य (संबोध ५४)।

अणुभाग पुं [अनुभाग] १ प्रभाव, माहात्म्य (सूअ १,५,१)। २ शक्ति, सामर्थ्य (पराण २)। ३ कर्मों का विपाक—फल (सूअ १,५,१)। ४ कर्मों का रस, कर्मों में फल उत्पन्न करने की शक्ति; 'ताण रसो अणुभागो' (कम्म १,२ टी; नव ३१)। °**बंध** पुं [°बन्ध] कर्म-पुद्गलों में फल उत्पन्न करने की शक्ति का बनना (ठा ४, २)।

अणुभाय } पुं [अनुभाव] १-४ ऊपर देखो
अणुभाव } (प्रासू ३५; ठा ३,३; गउड; आचा; सम ६)। ५ मनोगत भाव की सूचक चेष्टा, जैसे भौंह का चढ़ाना वगैरह (नाट)। ६ कृपा, मेहरबानी (स ३५५)।

अणुभावग वि [अनुभावक] बोधक, सूचक; (आवम)।

अणुभास सक [अनु + भाष्] १ अनुवाद करना, कही हुई बात को उसी शब्द में, शब्दान्तर में या दूसरी भाषा में कहना। २ चिन्तन करना, 'अणुभासइ गुरुवयणं' (आचू ६; वव ३)। वकृ **अणुभासयंत, अणुभासमाण** (स १८४; विसे २५१२)।

अणुभासण न [अनुभाषण] अनुवाद, उक्त बात का कहना (नाट)।

अणुभासणा स्त्री [अनुभाषणा] ऊपर देखो (ठा ५, ३; विसे २५२० टी)।

अणुभासय वि [अनुभाषक] अनुवादक, अनुवाद करनेवाला (विसे ३२१७)।

अणुभासयंत देखो **अणुभास**।

अणुभुंज सक [अनु + भुज्] भोग करना। वकृ. **अणुभुंजमाण** (सं १६)।

अणुभूइ स्त्री [अनुभूति] अनुभव (विसे १६११)।

अणुभूय वि [अनुभूत] ज्ञात निश्चित (महा)। °**पुव्व** वि [°पूर्व] पहले ही जिसका अनुभव हो गया हो वह (णाया १, १)।

अणुभूस सक [अनु + भूष्] भूषित करना, शोभित करना। अणुभूसेदि (शौ) (नाट)।

अणुमइ स्त्री [अनुमति] अनुमोदन, सम्मति (श्रा ६)।

अणुमंतव्व देखो **अणुमण** (विसे १६६०)।

अणुमग्ग न [दे] पीछे-पीछे, 'एवं विचिंतयंती अणुमग्गेणेव चलिया हं' (सुर ४,१४२; महा)। °**गामि** वि [°गामिन्] पीछे-पीछे जानेवाला (पि ४०५)।

अणुमज्ज सक [अनु + मस्ज्] विचार करना। संकृ **अणुमज्जित्ता** (जीवस १६६)।

अणुमण्ण } सक [अनु + मन्] अनुमति
अणुमन्न } देना, अनुमोदन करना। अणुमरणे, अणुमन्नइ (पि ४५७; महा)। वकृ. **अणुमण्णमाण** (उवर ३१)। संकृ. **अणमन्निऊण** (महा)।

अणुमन्निय } वि [अनुमत] अनुमोदित,
अणुमय } सम्मत (उप पृ २६१)।

अणुमर अक [अनु + मृ] १ मरना। २ सती होना, पति के मरने से मर जाना; 'जं केवलिणो अणुमरंति' (आउ ३५)। भवि. अणुमरिहिइ (पि ५२२)।

अणुमर अक [अनु + मृ] क्रम से मरना, पीछे-पीछे मरना; 'इय पारंपरमरणे अणुमरइ सहस्ससो जाव' (पिंड २७४)।

अणुमरण न [अनुमरण] ऊपर देखो (गउड)।

अणुमहत्तर वि [अनुमहत्तर] मुखिया का प्रतिनिधि (निचू ३)।

अणुमाण न [अनुमान] १ अटकल-ज्ञान, हेतु के द्वारा अज्ञात वस्तु का निर्णय (गा ३४५; ठा ४, ४)।

अणुमाण न [अनुमान] १ अभिप्राय-ज्ञान (सूअ १,१३,२०)। २ अनुसार (तंदु २७)।

अणुमाण सक [अनु + मानय्] अनुमान करना। संकृ. **अणुमाणइत्ता** (वव १)।

अणुमाय वि [अणुमात्र] बहुत थोड़ा, थोड़ा परिमाणवाला (दस ५, २)।

अणुमाल अक [अनु + मालय्] शोभित होना, चमकना। संकृ. **अणुमालिवि** (भवि)।

अणुमिण सक [अनु + मा] अटकल से जानना। कर्म. अणुमिणिज्जइ (धर्मसं १२१६), अणुमीयए (दसनि ४,३०)।

अणुमेअ वि [अनुमेय] अनुमान के योग्य (मै ७३)।

अणुमेरा स्त्री [अनुमर्यादा] मर्यादा, हद (कस)।

अणुमोइय वि [अनुमोदित] अनुमत, संमत, प्रशंसित (आउर, भवि)।

अणुमोय सक [अनु + मुद्] अनुमति देना, प्रशंसा करना। अणुमोयइ (उव)। अणुमोएमो (चउ ५८)।

अणुमोयग वि [अनुमोदक] अनुमोदन करनेवाला (विसे)।

अणुमोयण न [अनुमोदन] अनुमति, सम्मति, प्रशंसा (उव; पंचा ६)।

अणुम्मुक्क वि [अनुन्मुक्त] नहीं छोड़ा हुआ (पराह १, ४)।

अणुम्मुह वि [अनुन्मुख] अ-संमुख, विमुख, 'किह साहुस्स अणुम्मुहो चिट्ठामि त्ति' (महा)।

अणुय पुं [अणुक] धान्य-विशेष (पव १५६)।

अणुयंपा देखो **अणुकंपा** (गउड; स २१४)।

अणुयत्त देखो **अणुवत्त** = अनु + वृत्। अणुयत्तइ (भवि)। वकृ. **अणुयत्तंत, अणुयत्तमाण** (पंचभा; विसे १४५१)। संकृ. **अणुयत्तिऊण** (गउड)।

अणुयत्त देखो **अणुवत्त** = अनुवृत्त (भवि)।

अणुयत्तणा स्त्री [अनुवर्तना] १ बीमार की सेवा-शुश्रूषा करना (बृह १)। २ अनुसरण। ३ अनुकूल वर्तन (जीव १)।

अणुयत्तिय वि [अनुवृत्त] अनुकूल किया हुआ, प्रसादित (सुपा १३०)।

अणुयरिय वि [अनुचरित] आचरित, अनुष्ठित (णाया १, १)।

अणुया देखो **अणुण्णा** (सूअ २, १)।

अणुयाव देखो **अणुताव** (स १८३)।

अणुयास पुं [अनुकाश] विशेष विकास (णाया १, १)।

अणुरंगा स्त्री [दे] गाड़ी (बृह १)।

अणुरंगि वि [अनुरङ्गिन्] अनुकरण-कर्ता (सुज १०, ८)।

अणुरंगिय वि [अनुरङ्गित] रंगा हुआ (भवि)।

अणुरंज सक [अनु + रञ्जय्] अनुरागी करना, प्रीणित करना। वकृ. **अणुरंजअंत** (नाट)। संकृ. **अणुरंजिअ** (नाट)।

अणुरंजण न [अनुरञ्जन] राग, आसक्ति (विसे २६७७)।

अणुरंजिएल्लय } वि [अनुरञ्जित] अनुरक्त
अणुरंजिय } किया हुआ, अनुरागी बनाया हुआ (जं ३; महा)।

अणुरक्त वि [अनुरक्त] अनुराग-प्राप्त, प्रेम-प्राप्त (नाट)।

अणुरज्ज अक [अनु + रञ्ज्] अनुरक्त होना, प्रेमी होना; 'अणुरज्जंति खणेणं जुवईउ खणेण पुण विरज्जंति' (महा)।

अणुरत्त देखो **अणुरक्त** (णाया १, १६)।

अणुरसिय वि [अनुरसित] बोलाया हुआ, आहूत (णाया १, ६)।

अणुराइ } वि [अनुरागिन्] अनुराग-
अणुराइल्ल } वाला, प्रेमी (स ३३०; महा; सुर १३, १२०)।

अणुराग पुं [अनुराग] प्रेम, प्रीति (सुर ४, २२८)।

अणुरागय वि [अन्वागत] १ पीछे आया हुआ। २ ठीक-ठीक आया हुआ। ३ न. स्वागत (भग २, १)।

अणुरागि देखो **अणुराइ** (महा)।

अणुराय देखो **अणुराग** (प्रासू १११)।

अणुराहा स्त्री [अनुराधा] नक्षत्र-विशेष (सम ६)।

अणुरुंध सक [अनु + रुध्] १ अनुरोध करना। २ स्वीकार करना। ३ आज्ञा का पालन करना। ४ प्रार्थना करना। ५ अक. अधीन होना। कर्म. अणुरुंधिज्जइ (हे ४, २४८ प्रामा)।

अणुरूअ } वि [अनुरूप] १ योग्य, उचित
अणुरूव } (से ६, ३६)। २ अनुकूल (सुपा ११२)। ३ सदृश, तुल्य (णाया १, १६)। ४ न. समानता, योग्यता (सम्म)।

अणुरोह पुं [अनुरोध] १ प्रार्थना, 'ता ममाणुरोहेण एत्थ घरे निच्चमेव आगंतव्वं' (महा)। २ दाक्षिण्य, दक्षिणता (पाअ)।

अणुरोहि वि [अनुरोधिन्] अनुरोध करनेवाला (स १२१)।

अणुलग्ग वि [अनुलग्न] पीछे लगा हुआ (गा ३४५; सुर ३, २२६; सुक्त ७)।

अणुलद्ध वि [अनुलब्ध] १ पीछे से मिला हुआ। २ फिर से मिला हुआ (नाट)।

अणुलाव पुं [अनुलाप] फिर-फिर बोलना (ठा ७)।

अणुलिंप सक [अनु + लिप्] १ पोतना, लेप करना। २ फिर से पोतना। संकृ. **अणुलिंपित्ता** (पि ५८२)। हेकृ. **अणुलिंपित्तए** (पि ५७८)।

अणुलिंपण न [अनुलेपन] लेप, पोतना (पण्ह २, ३)।

अणुलित्त वि [अनुलिप्त] लिप्त, पोता हुआ (कप्प)।

अणुलिह सक [अनु + लिह्] १ चाटना। २ छूना। वकृ. **अणुलिहंत** (सम १३१); 'गयणयलमणुलिहंतं' (पउम ३६, १२)।

अणुलेवण न [अनुलेपन] १ लेप, पोतना (स्वप्न ६४)। २ फिर से पोतना (पण्ण २)।

अणुलेविय वि [अनुलेपित] लिप्त, पोता हुआ; 'कम्माणुलेविओ सो' (पउम ८२, ७७)।

अणुलोम सक [अनुलोमय्] १ क्रम से रखना। २ अनुकूल करना। संकृ. **अणुलोमइत्ता** (ठा ६)।

अणुलोम न [अनुलोम] १ अनुक्रम, यथाक्रम; 'वत्थं दुहाणुलोमेण तह य पडिलोमओ भवे वत्थं' (सुर १६, ४८)।

अणुलोम वि [अनुलोम] सीधा, अनुकूल (जं २)।

अणुल्लग देखो **अणुल्लय** (सुख ३६, १३०)।

अणुल्लण वि [अनुल्बण] अनुद्धत, अनुद्भट (बृह ३)।

अणुल्लय पुं [अनुल्लक] एक द्वीन्द्रिय क्षुद्र जन्तु (उत्त ३६)।

अणुल्लाव पुं [अनुल्लाप] खराब कथन, दुष्ट उक्ति (ठा ३)।

अणुव पुं [दे] बलात्कार, जबरदस्ती (दे १, १६)।

अणुवइट्ठ वि [अनुपदिष्ट] १ अ-कथित, अ-व्याख्यात। २ जो पूर्व-परम्परा से न आया हो, 'अणुवइट्ठं नाम जं णो आयरियपरंपरागयं' (नीचू ११)।

अणुवउत्त वि [अनुपयुक्त] असावधान (विसे)।

अणुवएस पुं [अनुपदेश] १ अयोग्य उपदेश (पंचा १२)। २ उपदेश का अभाव। ३ स्वभाव (ठा २, १)।

अणुवओग वि [अनुपयोग] १ उपयोग-रहित। २ उपयोग का अभाव, असावधानता (अणु)।

अणुवंक वि [अनुवक्र] अत्यंत वक्र, बहुत टेढ़ा; 'जाव अंगारओ रासिं विअ अणुवंकं परिगमणं ण करेदि' (माल ६२)।

अणुवंदण न [अनुवन्दन] प्रति-नमन, प्रति-प्रणाम (सार्ध ३६)।

अणुवक्क देखो **अणुवंक** (पि ७४)।

अणुवक्ख वि [अनुपाख्य] नाम-रहित, अनिर्वचनीय (बृह १)।

अणुवक्खड वि [अनुपस्कृत] संस्कार-रहित (पाक) (निचू १)।

अणुवच्च सक [अनु + व्रज्] अनुसरण करना, पीछे-पीछे जाना। अणुवच्चइ (हे ४, १०७)।

अणुवच्चिअ वि [अनुव्रजित] अनुसृत (कुमा)।

अणुवजीवि वि [अनुपजीविन्] १ अना-श्रित। २ आजीविका-रहित (पंचा १५)।

अणुवजुत्त वि [अनुपयुक्त] असावधान, ख्याल-शून्य (अभि १३१)।

अणुवज्ज सक [गम्] जाना। अणुवज्जइ (हे ४, १६२)।

अणुवज्ज सक [दे] सेवा-शुश्रूषा करना (दे १, ४१)।

अणुवज्जण न [दे] सेवा-शुश्रूषा (दे १,४१)।

अणुवज्जिअ वि [दे] जिसकी सेवा-शुश्रूषा की गई हो वह (दे १, ४१)।

अणुवज्जिअ वि [दे] गत, गया हुआ (दे १, ४१)।

अणुवट्ट देखो **अणुवत्त** = अनु + वृत्। कृ. **अणुवट्टणीअ** (नाट)।

अणुवट्टि देखो **अणुवत्ति** = अनुवर्तिन् (विसे २४१७)।

अणुवड सक [अनु + पत्] अभिन्न होना। अणुवडइ (उवर ७१)।

अणुवडिअ वि [अनुपतित] पीछे गिरा हुआ (हम्मीर ५०)।

अणुवत्त सक [अनु + वृत्] १ अनुसरण करना। २ सेवा-शुश्रूषा करना। ३ अनुकूल बरतना। ४ व्याकरण आदि के पूर्व सूत्र के पद का, अन्वय के लिए नीचे के सूत्र में जाना। अणुवत्तइ (स ४२)। वकृ. **अणुत्तंत, अणुवत्तंत, अणुवत्तमाण** (प्राप्र; विसे ३५६८; नाट)। कृ. **अणुवट्टणीअ, अणुवत्तणीअ, अणुवत्तियव्व** (नाट; उप १०३१ टी)।

अणुवत्त वि [अनुद्वृत्त] अनुत्पन्न (पिंड १८)।

अणुवत्त वि [अनुवृत्त] १ अनुसृत, अनुगत। २ अनुकूल किया हुआ। ३ प्रवृत्त (वव २)।

अणुवत्तग वि [अनुवर्त्तक] अनुकूल प्रवृत्ति करनेवाला, सेवा करनेवाला (उव)।

अणुवत्तग वि [अनुवर्तक] अनुसरण-कर्ता (सूअ १, २, २, ३२)।

अणुवत्तण न [अनुवर्त्तन] १ अनुसरण (स २३६)। २ अनुकूल प्रवृत्ति (गा २६५)। ३ पूर्व सूत्र के पद का अन्वय के लिए नीचे के सूत्र में जाना (विसे ३५६८)।

अणुवत्तणा स्त्री [अनुवर्त्तना] ऊपर देखो (उवर १४८)।

अणुवत्तय देखो **अणुवत्तग**; 'अन्नमन्नच्छंदाणुवत्तया' (णाया १, ३)।

अणुवत्ति स्त्री [अनुवृत्ति] १ अनुसरण (स ४५६)। २ अनुकूल प्रवृत्ति। ३ अनुगम (विसे ७०५)।

अणुवत्ति वि [अनुवर्त्तिन्] अनुकूल प्रवृत्ति करनेवाला, भक्त, सेवक;

'तुह चंडि ! चलणकमलाणुवत्तिणो कह
ण संजमिज्जंति।
सेरिहवहसंकियमहिसहीरमाणेण व जमेण'
(गउड)।

अणुवत्ति वि [अनुवर्त्तिन्] ऊपर देखो (धर्मवि ५२; मोह १०२)।

अणुवम वि [अनुपम] उपमा-रहित, बेजोड़, अद्वितीय (श्रा २७)।

अणुवमा स्त्री [अनुपमा] एक प्रकार का खाद्य द्रव्य (जीव ३)।

अणुवमिय वि [अनुपमित] देखो **अणुवम** (सुपा ६८)।

अणुवय देखो **अणुव्वय** (पउम २, ९२)।

अणुवय सक [अनु + वद्] अनुवाद करना, कहे हुए अर्थ को फिर से कहना। वकृ. **अणुवयमाण** (आचा)।

अणुवरय वि [अनुपरत] १ असयत, अनिग्रही (ठा २, १)। २ क्रिवि. निरन्तर, हमेशा (रयण २५)।

अणुवलद्धि स्त्री [अनुपलब्धि] १ अभाव, अप्राप्ति। २ अभाव-ज्ञान; 'दुविहा अणुवलद्धीउ' (विसे १६८२)।

अणुवलब्भमाण वि [अनुपलभ्यमान] जो उपलब्ध न होता हो, जो जानने में न आता हो (दसनि १)।

अणुवलेवय वि [अनुपलेपक] उपलेप-रहित, अलिप्त (पण्ह १, २)।

अणुवसंत वि [अनुपशान्त] अशान्त, कुपित (उत १६)।

अणुवसम पुं [अनुपशम] उपशम का अभाव (उव)।

अणुवसु वि [अनुवसु] रागवाला, प्रीतिवाला (आचा)।

अणुवह न [अनुपथ] पीछे, 'कुमराणुवहेण सो लग्गो' (उप ६ टी)।

अणुवहण न [अनुवहन] वहन, 'तवोवहाणंसुयाणमणुवहणं' (श्रु १३५)।

अणुवहय वि [अनुपहत] अविनाशित (पिंड)।

अणुवहुआ स्त्री [दे] नवोढ़ा स्त्री, दुलहिन (दे १, ४८)।

अनुवाइ वि [अनुपातिन्] १ अनुसरण करनेवाला (ठा ६)। २ सम्बन्ध रखनेवाला (सम १५)।

अणुवाइ वि [अनुवादिन्] अनुवाद करनेवाला, उक्त अर्थ को कहनेवाला (सूअ १, १२; सत्त १४ टी)।

अणुवाइ वि [अनुवाचिन्] पढ़नेवाला, अभ्यासी; 'संपुन्नवीसवरिसो अणुवाई सव्वसुत्तस्स' (सत्त १४ टी)।

अणुवाएज्ज वि [अनुपादेय] ग्रहण करने के अयोग्य; (आवम)।

अणुवाद देखो **अणुवाय** = अनुवाद (विसे ३५७७)।

अणुवादि देखो **अणुवाइ** = अनुपातिन् (उत्त १६, ६)।

अणुवाय पुं [अनुपात] १ अनुसरण (पण्ण १७)। २ संबन्ध, संयोग (भग १२, ४)। ३ आगमन (पंचा ७)।

अणुवाय पुं [अनुवात] १ अनुकूल पवन (राय)। २ वि. अनुकूल पवन वाला प्रदेश—स्थान (भग १६, ६)।

अणुवाय वि [अनुपाय] उपाय-रहित, निरुपाय (उप पृ १४)।

अणुवाय पुं [अनुवाद] अनुभाषण, उक्त बात को फिर से कहना (उवा; दे १, १३१)।

अणुवायण न [अनुपातन] अवतारण, उतारना (धर्म २)।

अणुवायय वि [अनुवाचक] कहनेवाला, अभिधायक, 'पोसहसद्दो रूढीए एत्थ पव्वाणुवायओ भणिओ' (सुपा ६१६)।

अणुवाल देखो **अणुपाल**। वकृ. **अणुवालेंत** (स २३)। संकृ. **अणुवालिऊण** (स १०२)।

अणुवालण न [अनुपालन] रक्षण, परिपालन (आचा)।

अणुवालणा स्त्री [अनुपालना] १ ऊपर देखो (पंचू)। २ °कप्प पुं [°कल्प] साधु-गण के नायक की अकस्मात् मृत्यु हो जाने पर गण की रक्षा के लिए शास्त्रीय विधान (पंचभा)।

अणुवालय वि [अनुपालक] १ रक्षक, परिपालक। २ पुं. गोशालक के एक भक्त का नाम (भग २४, २०)।

अणुवास सक [अनु+वासय्] व्यवस्था करना। अणुवासेज्जासि (आचा)।

अणुवास पुं [अनुवास] एक स्थान में अमुक काल तक रह कर फिर वहीं वास करना (पंचभा)।

अणुवासण न [अनुवासन] १ ऊपर देखो। २ यन्त्र-द्वारा तेल आदि को अपान से पेट में चढ़ाना (णाया १, १३)।

अणुवासणा स्त्री [अनुवासना] ऊपर देखो (पंचभा; णाया १, १३) °कप्प पुं [°कल्प] अनुवास के लिए शास्त्रीय व्यवस्था (पंचभा)।

अणुवासग वि [अनुपासक] १ सेवा नहीं करनेवाला। २ पुं. जैनेतर गृहस्थ (निचू ८)।

अणुवासर न [अनुवासर] प्रतिदिन, हमेशा (सुर १, २४१)।

अणुवित्ति स्त्री [अनुवृत्ति] १ अनुकूल वर्तन (कुमा)। २ अनुसरण (उप ८३३ टी)।

अणुविद्ध वि [अनुविद्ध] संबद्ध, जुड़ा हुआ (से ११, १५)।

अणुविस सक [अनु+विश्] प्रवेश करना। अणुविसंति (सिक्खा ७७)।

अणुविहाण न [अनुविधान] १ अनुकरण। २ अनुसरण (विसे २०७)।

अणुवीइ स्त्री [अनुवीचि] अनुकूलता, 'वेयाणुवीइं मा कासि चोइज्जंतो गिलाइ से भुज्जो' (सूअ १, ४, १, १६)।

अणुवीइ, अणुवीई, अणुवीति, अणुवीतिय अ [अनुविचिन्त्य] विचार कर, पर्यालोचना कर (पि ५९३; आचा; दस ७)। देखो अणुचिंत।

अणुवीइत्तु, अणुवीय देखो अणुवीई (सूअ १, १२, २; १, १०, १)।

अणुवूह सक [अनु+बृंह्] अनुमोदन करना, प्रशंसा करना। अणुवूहेइ (कप्प)।

अणुवूहेत्तु वि [अनुबृंहितृ] अनुमोदन करने वाला (ठा ७)।

अणुवेद सक [अनु+वेदय्] अनुभव करना। वकृ. अणुवेदयंत (सूअ १, ५, १)।

अणुवेध, अणुवेह पुं [अनुवेध] १ अनुगम, अन्वय, सम्बन्ध (धर्मसं ७१२; ७१५)। २ संमिश्रण (पिंड ५६)।

अणुवेयण न [अनुवेदन] फल-भोग, अनुभव (स ४०३)।

अणुवेल अ [अनुवेल] निरन्तर, सदा (पाअ)।

अणुवेलंधर पुं [अनुवेलन्धर] नाग-कुमार देवों का एक इन्द्र (सम ३३)।

अणुवेह देखो अणुप्पेह। वकृ. **अणुवेहमाण** (सूअ १, १०)।

अणुव्वइय वि [अनुव्रजित] अनुसृत (स ६८७)।

अणुव्वज सक [अनु+व्रज्] १ अनुसरण करना। २ सामने जाना। अणुव्वजे (सूअ १, ४, १, ३)।

अणुव्वय न [अणुव्रत] छोटा व्रत, साधुओं के महाव्रतों की अपेक्षा लघु व्रत, जैन गृहस्थ के पालने के नियम (ठा ५, १)।

अणुव्वय न [अनुव्रत] ऊपर देखो (ठा ५, १)।

अणुव्वय पुं [अणुव्रत] श्रावक-धर्म (पंचा १०, ८)।

अणुव्वयण न [अनुव्रजन] अनुगमन (धर्मवि ५४)।

अणुव्वयय वि [अनुव्रजक] अनुसरण करनेवाला, 'अन्नमन्नमणुव्वया' (णाया १, ३)।

अणुव्वया स्त्री [अनुव्रता] पतिव्रता स्त्री (उत्त २०)।

अणुव्वस वि [अनुवश] अधीन, आयत्त, 'एवं तुब्भे सरागत्था अन्नमन्नमणुव्वसा' (सूअ १, ३, ३)।

अणुव्वाण वि [अनुद्वान] १ अ-बन्ध, खुला हुआ (उप २११ टी)। २ स्निग्ध, चिकना; 'पव्वाए किंचिउव्वाणमेव किंचिच्च होअणुव्वाणं' (ओघ ४८८)।

अणुव्विग्ग वि [अनुद्विग्न] अ-खिन्न, खेद-रहित (णाया १, ८; मा २८५)।

अणुव्विवाग न [अनुविपाक] विपाक के अनुसार, 'एवं तिरिक्खे मणुयासुरेसु चउरंतणंतं तयणुव्विवागं (सूअ १,५,२)।

अणुव्वीइय देखो अणुवीइ (जीव)।

अणुसंकम सक [अनुसं+क्रम्] अनुसरण करना। अणुसंकमंति (उत्त १३,२५)।

अणुसंग पुं [अनुषङ्ग] १ प्रसंग, प्रस्ताव (प्रासू ३६, भवि)। २ संसर्ग, सोहबत; 'मज्झठिई पुण एसा: अणुसङ्गेणं हवन्ति गुण-दोसा' (सट्टि २८; २७)।

अणुसंगिअ वि [आनुषङ्गिक] प्रासङ्गिक (प्रवि १५)।

अणुसंचर सक [अनुसं+चर्] १ परिभ्रमण करना। २ पीछे चलना। अणुसंचरइ (आचा; सूअ १, १०)।

अणुसंज देखो **अणुसज्ज**। अणुसंजंति (पव ९८)।

अणुसंध सक [अनुसं+धा] १ खोजना, ढूंढना, तलाश करना। २ विचार करना। ३ पूर्वापर का मिलान करना। **अणुसंधेमि** (पि ५००)। संकृ. अणुसंधिवि (भवि)।

अणुसंधण, अणुसंधाण न [अनुसंधान] गवेषणा, खोज (संबोध ४४)। २ पूर्वापर की संगति (धर्मसं ३०३)।

अणुसंधण, अणुसंधाण न [अनुसंधान] १ खोज, शोध। २ विचार, चिन्तन; 'अत्ताणुसंधणपरा सुसावगा एरिसा हुंति' (श्रा २०)। ३ पूर्वापर का मिलान (पंचा १२)।

अणुसंधिअ न [दे] अविच्छिन्न हिक्का, निरन्तर हिचकी (दे १, ५६)।

अणुसंभर सक [अनु+स्मृ] याद करना। अणुसंभरइ (दसनि ४, ५५)।

अणुसंवेयण न [अनुसंवेदन] १ पीछे से जानना। २ अनुभव करना (आचा)।

अणुसंसर सक [अनुसं+सृ] गमन करना, भ्रमण करना; 'जो इमाओ दिसाओ वा विदिसाओ वा अणुसंसरइ' (आचा)।

अणुसंसर सक [अनुसं+स्मृ] स्मरण करना, याद करना। अणुसंसरइ (आचा)।

अणुसज्ज अक [अनु+संज्] १ अनुसरण करना, पूर्व काल से कालान्तर में अनुवर्तन

करना। २ प्रीति करना। ३ परिचय करना। अणुसज्जन्ति (स)। भूका. अणुसज्जित्था (भग ६,७)।

अणुसज्जणा स्त्री [अनुसज्जना] अनुसरण, अनुवर्तन (वव १)।

अणुसट्ठ वि [अनुशिष्ट] जिसको शिक्षा दी गई हो वह, शिक्षित (सुर ११, २६)।

अणुसट्ठि वि [अनुशिष्टि] १ शिक्षण, सीख, उपदेश (ठा ३, ३)। २ स्तुति, श्लाघा: 'अणुसट्ठी य थुइ त्ति एगट्ठा' (वव १)। ३ आज्ञा, अनुज्ञा, सम्मति; 'इच्छामो अणुसट्ठि पव्व जं देह में भयवं' (सुर ६, २०६)।

अणुसमय न [अनुसमय] प्रतिक्षण (भग ४१, १)।

अणुसय पुं [अनुशय] १ पश्चात्ताप, खेद (से २, १६)। २ गर्व, अभिमान (अणु)।

अणुसर सक [अनु + सृ] पीछा करना, अनुवर्तन करना। अणुसरइ (सण)। वकृ. **अणुसरंत** (महा)। कृ. **अणुसरियव्व** (ठा ५, १)।

अणुसर सक [अनु + स्मृ] याद करना, चिन्तन करना। वकृ. **अणुसरंत** (पउम ६६, ७) कृ. **अणुसरियव्व** (श्रावम)।

अणुसरण न [अनुसरण] १ पीछा करना। २ अनुवर्तन (विसे ६१३)।

अणुसरण न [अनुस्मरण] अनुचिन्तन, याद करना (पंचा १; स २३१)।

अणुसरि देखो **अणुसारि**; 'आसायण परिहारो भत्ती सत्तीइ पवयणाणुसरी' (संबोध ४)।

अणुसरिउ वि [अनुस्मर्तृ] याद करनेवाला (विसे ६२)।

अणुसरिच्छ, **अणुसरिस** वि [अनुसदृश] १ समान, तुल्य (पउम ६४, ७०)। २ योग्य, लायक (से ११, ११५; पउम ८५, २६)।

अणुसार पुं [अनुस्वार] १ वर्ण-विशेष, बिन्दी। २ वि. अनुनासिक वर्ण (विसे ५०१)।

अणुसार पुं [अनुसार] अनुसरण, अनुवर्तन (गउड; भवि)। २ माफिक, मुताबिक; 'कहिया-णुसारओ सव्वमुवगयं सुमइणा सम्मं' (सार्ध १४४)।

अणुसारि वि [अनुसारिन्] अनुसरण करने वाला (गउड; स १०१; सार्ध २६)।

अणुसास सक [अनु + शास्] १ सीख देना, उपदेश देना। २ आज्ञा करना। ३ शिक्षा करना, सजा देना। अणुसासंति (पि १७२)। वकृ. **अणुसासंत** (पि ३६७)। कवकृ. **अणुसासिज्जंत** (सुपा २७३)। कृ. **अणुसा-सणिज्ज** (कुमा)। हेकृ. **अणुसासिउं** (पि ५७६)।

अणुसासण न [अनुशासन] १ सीख, उप-देश (सूअ १, १५)। २ आज्ञा, हुकुम (सूअ १, २, ३)। ३ शिक्षा, सजा (पंचा ६)। ४ अनुकम्पा, दया; 'अणुकंप त्ति वा अणुसासणं ति वा एगट्ठा' (पंचचू)।

अणुसासणा स्त्री [अनुशासना] ऊपर देखो (णाया १, १३)।

अणुसासिय वि [अनुशासित] शिक्षित (उत्त १; पि १७३)।

अणुसिक्खिर वि [अनुशिक्षितृ] सीखनेवाला,
'जं जं करेसि जं जं, जंपसि जह जह
तुमं निअच्छेसि।
तं तं अणुसिक्खिरीए, दीहो दिअहो ण संपडइ'।
(गा ३७८)।

अणुसिट्ठ देखो **अणुसट्ठ** (सूअ १, ३, ३)।

अणुसिट्ठि देखो **अणुसट्ठि** (ओघ १७३; बृह १; उत्त १०)।

अणुसिण वि [अनुष्ण] गरम नहीं वह, ठण्डा (कम्म १, ४६)।

अणुसील सक [अनु + शीलय्] पालन करना, रक्षण करना। **अणुसीलइ** (सण)।

अणुसुत्ति वि [दे] अनुकूल (दे १, २५)।

अणुसुमर सक [अनु + स्मृ] याद करना। अणुसुमरइ (धर्मवि ५६)। प्रयो. अणुसुमरावेइ (धर्मवि ६५)।

अणुसुय अक [अनु + स्वप्] सोने का अनु-करण करना। अणुसुयइ (तंदु १३)।

अणुसूआ स्त्री [दे] शीघ्र ही प्रसव करनेवाली स्त्री (दे १, २३)।

अणुसूय वि [अनुस्यूत] अनुविद्ध, मिला हुआ (सूअ २, ३)।

अणुसूयग वि [अनुसूचक] जासूस की एक श्रेणी,
'सूयग तहाणुसूयग-पडिसूयग-सव्वसूयगा एव।
पुरिसा कयवित्तीया, वसंति सामंतनगरेसु।
महिला कयवित्तीया, वसंति सामंतनगरेसु॥'
(वव १)।

अणुसेढि स्त्री [अनुश्रेणि] १ सीधी लाइन। २ न. लाइनसर (पि ६६; ३०४)।

अणुसोय पुं [अनुस्रोतस्] १ अनुकूल प्रवाह (ठा ४, ४)। २ वि. अनुकूल, 'अणु-सोयसुहो लोगो पडिसोओ आसमो सुविहियाणं' (दसचू २)। ३ न. प्रवाह के अनुसार,
'अणुसोयपट्ठिए बहुजणम्मि
पडिसोयलद्धलक्खेणं।
पडिसोयमेव अप्पा, दायव्वो होउकामेणं॥'
(दसचू २)।

अणुसोय सक [अनु + शुच्] सोचना, चिन्ता करना, अफसोस करना। वकृ. **अणु-सोयमाण** (सुपा १३३)।

अणुस्सर देखो **अणुसर** = अनु + स्मृ। संकृ. **अणुस्सरित्ता** (सूअ १, ७, १६)।

अणुस्सर देखो **अणुसर** = अनु + सृ। वकृ. **अणुस्सरंत** (स १४०)।

अणुस्सरण न [अनुस्मरण] चिन्तन करना, याद करना (उवः स ५३५)।

अणुस्सार पुं [अनुस्वार] १ अनुस्वार, बिन्दी। २ वि. अनुस्वारवाला अक्षर, अनुस्वार के साथ जिसका उच्चारण हो वह (णंदि; विसे ५०३)।

अणुस्सुय वि [अनुत्सुक] उत्कण्ठा-रहित (सूअ १, ६)।

अणुस्सुय वि [अनुश्रुत] १ अवधारित (उत्त ५)। २ सुना हुआ (सूअ १, २, २)। ३ न. भारत-आदि पुराण-शास्त्र (सूअ १, ३, ४)।

अणुहर सक [अनु + हृ] अनुकरण करना, नकल करना। अणुहरइ (पि ४७७)।

अणुहरिय वि [अनुहृत] जिसका अनुकरण किया गया हो वह, अनुकृत;
'अणुहरियं धीर तुमे, चरियं निययस्स
पुव्वपुरिसस्स।
भरह-महानरवइणो, तिहुयणविक्खाय-कित्तिस्स'
(महा)।

अणुहव सक [अनु + भू] अनुभव करना। अणुहवइ (पि ४७५)। वकृ. **अणुहवमाण** (सुर १, १७१)। कृ. **अणुहवियव्व, अणु-**

हवर्णीय (पउम १७,१४; सुपा ५८१)। संकृ. **अणुहवेऊण, अणुहविउं** (प्राकृ; पंचा २)।

अणुहवण न [अनुभवन] अनुभव (स २८७)।

अणुहविय वि [अनुभूत] जिसका अनुभव किया गया हो वह (सुपा ६)।

अणुहारि वि [अनुहारिन्] अनुकरण करने वाला, नक़ालची (कुमा)।

अणुहाव देखो **अणुभाव** (स ४०३; ६५६)।

अणुहियासण न [अन्वध्यासन] धैर्य से सहन करना (जं २)।

अणुहु सक [अनु + भू] अनुभव करना। वकृ. **अणुहुंत** (पउम १०३, १५२)।

अणुहुंज सक [अनु + भुज्] भोग करना, भोगना। अणुहुंजइ (भवि)।

अणुहुत्त देखो **अणुहूअ** (गा ६५६)।

अणुहूअ वि [अनुभूत] १ जिसका अनुभव किया गया हो वह (कुमा)। २ न. अनुभव (से ४, २७)।

अणुहो सक [अनु + भू] अनुभव करना। अणुहोंति (पि ४७५)। वकृ. **अणुहोंत** (पउम १०६, १७)। कवकृ. **अणुहोईअंत, अणुहोइज्जंत, अणुहोइज्जमाण; अणुहोईअमाण** (पड्)। कृ. **अणुहोदव्व** (शौ) (अभि १३१)।

अणूकप्प देखो **अणुकप्प**; 'एत्तो वोच्छं अणूकप्पं' (पंचभा)।

अणूण वि [अनून] कम नहीं, अधिक (कुमा)।

अणूय } पुं [अनूप] अधिक जलवाला देश,
अणूव } जल-बहुल स्थान (विसे १७०३; वव ४)।

अणेअ वि [अनेक] देखो **अणेक्क** (कुमा अभि २४६)।

अणेकज्झ वि [दे] चञ्चल, चपल (दे १, ३०)।

अणेक्क } वि [अनेक] एक से अधिक, बहुत
अणेग } (औप; प्रासू ५३)। °**करण** न [°करण] पर्याय, धर्म, अवस्था (सम्म १०६)। °**राइय** वि [°रात्रिक] अनेक रातों में होनेवाला, अनेक रात संबन्धी (उत्सवादि) (कस)। °**सो** अ [°शस्] अनेक बार (श्रा १४)।

अणेगंत पुं [अनेकान्त] अनिश्चय, नियम का अभाव (विसे)। °**वाय** पुं [°वाद] स्याद्वाद, जैनों का मुख्य सिद्धान्त, सत्व-असत्व आदि अनेक विरुद्ध धर्मों का भी एक वस्तु में सापेक्ष स्वीकार,
'जेण विणा लोगस्सवि, ववहारो
सव्वहा न निव्वडइ।
तस्स भुवणेक्कगुरुणो नमो अणेगंतवायस्स'
(सम्म १६६)।

अणेगंतिय वि [अनैकान्तिक] ऐकान्तिक नहीं, अनिश्चित, अनियमित (भग १, १)।

अणेगावाइ वि [अनेकवादिन्] पदार्थों को सर्वथा अलग-अलग माननेवाला, अक्रियावाद-मत का अनुयायी (ठा ८)।

अणेच्छंत वि [अनिच्छत्] नहीं चाहता हुआ (उप ७६८ टी)।

अणेज वि [अनेज] निश्चल, निष्कम्प (आक)।

अणेज्ज वि [अज्ञेय] जानने के अयोग्य, जानने के अशक्य (महा)।

अणेलिस वि [अनीदृश] अनुपम, असाधारण, 'जे धम्मं सुद्धमक्खाति पडिपुण्णमणेलिसं' (सूअ १, ११)।

अणेवंभूय वि [अनेवम्भूत] विलक्षण, विचित्र 'अणेवंभूयंपि वेयणं वेदंति' (भग ५,५)।

अणेस देखो **अण्णेस**। वकृ. **अणेसंत** (नाट)।

अणेसण न [अन्वेषण] खोज, तलाश (महा)।

अणेसणा स्त्री [अनेषणा] एषणा का अभाव (उवा)।

अणेसणिज्ज वि [अनेषणीय] अकल्पनीय, जैन साधुओं के लिए अग्राह्य (भिक्षा-आदि) (ठा ३, १; णाया १, ५)।

अणोउया स्त्री [अनृतुका] जिसको ऋतु-धर्म न आता हो वह स्त्री (ठा ५, २)।

अणोकंत वि [अनवक्रान्त] जिसका पराभव न किया गया हो वह, अजित, 'परवाईहिं अणोक्कंता' (औप)।

अणोग्गह देखो **अणुग्गह** = अनवग्रह; 'नागरगो संवट्टो अणोग्गहो' (बृह ३)।

अणोग्घसिय वि [अनवघर्षित] नहीं घिसा हुआ, अमार्जित (राय)।

अणोज्ज वि [अनवद्य] निर्दोष, शुद्ध (णाया १, ८)।

अणोज्जंगी स्त्री [अनवद्याङ्गी] भगवान् महावीर की पुत्री का नाम (आचू)।

अणोज्जा स्त्री [अनवद्या] ऊपर देखो (कप्प)।

अणोणअ वि [अनवनत] नहीं झुका हुआ (से १, १)।

अणोत्तप्प देखो **अणुत्तप्प** (पव ६४)।

अणोम वि [अनवम] हीन-रहित, परिपूर्ण (आचा)।

अणोमाण न [अनपमान] अनादर का अभाव, सत्कार; 'एवं उग्गमदोसा विजढा
पइरिक्कया अणोमाणं।
मोहतिगिच्छा य कया,
विरियायारो य अणुचिण्णो'
(ओघ २४६)।

अणोरपार वि [दे] १ प्रचुर, प्रभूत (आवम)। २ अनादि-अनन्त (पंचा १५; जी ४४)। ३ अति विस्तीर्ण (पण्ह १, ३)।

अणोरुम्मिअ वि [अनुद्वान] अ-शुष्क, गीला (कुमा)।

अणोलय न [दे] प्रभात, प्रातःकाल (दे १, १६)।

अणोवणिहिया स्त्री [अनौपनिधिकी] आनुपूर्वी का एक भेद, क्रम-विशेष (अणु)।

अणोवणिहिया स्त्री [अनुपनिहिता] ऊपर देखो (पि ७७)।

अणोल्ल वि [अनार्द्र] १ शुष्क, सूखा हुआ (गा ५४१)। °**मण** वि [°मनस्क] अकरुण, निष्ठुर, निर्दय (काप्र ८६)।

अणोवदग्ग वि [अनवदग्र] अनन्त (सूअ १, १२, ६)।

अणोवम वि [अनुपम] उपमा-रहित, अद्वितीय (पउम ७६, २६; सुर ३, १३०)।

अणोवमिय वि [अनुपमित] ऊपर देखो (पउम २, ६३)।

अणोवसंखा स्त्री [अनुपसंख्या] अज्ञान, सत्य ज्ञान का अभाव (सूअ २, १२)।

अणोवहिय वि [अनुपधिक] १ परिग्रह-रहित, संतोषी। २ सरल, अकपटी (आचा)।

अणोवाहणग } वि [अनुपानत्क] जूता-
अणोवाहणय } रहित, जो जूता न पहिना हो (औप; पि ७७)।

अणोसिय वि [अनुषित] १ जिसने वास न किया हो। २ अव्यवस्थित, 'अणोसिएणं न करेइ णाचा' (धर्म ३; सूत्र १,१४)।

अणोहंतर वि [अनोघन्तर] पार जाने के लिए असमर्थ, 'मुणिणा हु एयं पवेइयं अणोहंतरा एए, नो य ओहं तरित्तए' (आचा)।

अणोहट्टय वि [अनपघट्टक] निरंकुश, स्वच्छन्दी (णाया १, १६)।

अणोहीण वि [अनवहीन] हीनता-रहित (पि १२०)।

अण्ण सक [भुज्] भोजन करना, खाना। अण्णइ (षड्)।

अण्ण स [अन्य] दूसरा, पर (प्रासू १३१)। °उत्थिय वि [°तिर्थिक, °यूथिक] अन्य दर्शन का अनुयायी (सम ६०)। °ग्गहण न [°ग्रहण] १ गान के समय होनेवाला एक प्रकार का मुख-विकार। १ पुं. गानेवाला, गान्धर्विक, गवैया (निचू १७)। °धम्मिय वि [°धार्मिक] भिन्न धर्म वाला (ओव १५)।

अण्ण न [अन्न] १ नाज, चावल आदि धान्य (सूत्र १, ४, २)। २ भक्ष्य पदार्थ (उत्त २०)। ३ भक्षण, भोजन (सूत्र १, २)। °इलाय, °गिलाय वि [°ग्लायक] बासी अन्न को खानेवाला (औप; भग १६, ३)। °विहि पुंस्त्री [°विधि] पाक-कला (औप)।

अण्ण न [अर्णस्] पानी, जल (उत्त ५)।

अण्ण वि [दे] १ आरोपित। २ खण्डित (षड्)।

°**अण्ण** देखो **कण्ण** = कर्ण (गा ५६४, कप्पू)।

अण्णअ पुं [दे] १ जवान, तरुण। २ धूर्त, ठग। ३ देवर (दे १, ५५)।

अण्णइअ वि [दे] १ तृप्त (दे १, १६)। २ सब विषयों में तृप्त, सर्वार्थ-तृप्त (षड्)।

अण्णओ अ [अन्यतस्] दूसरे से, दूसरी तरफ (उत्त १)। देखो **अन्नओ**।

अण्णण्ण वि [अन्योन्य] परस्पर, आपस में (षड्)।

अण्णण्ण वि [अन्यान्य] और और, अलग-अलग;

'अण्णण्णाइं उवेंता,
संसारवहम्मि णिरवसाणम्मि।
मरणंति धीरहियआ,
वणदुद्दाणाइंव कुलाइं' (गउड)।

अण्णत्त अ [अन्यत्र] दूसरे में, भिन्न स्थान में (गा ६५५)।

अण्णत्ति स्त्री [दे] अवज्ञा, अपमान, निरादर (दे १, १७)।

अण्णत्तो देखो **अण्णओ** (गा ६३६)।

अण्णत्थ देखो **अण्णत्त** (विपा १, २)।

अण्णत्थ वि [अन्यस्थ] दूसरे (स्थान) में रहा हुआ (गा ५५०)।

अण्णत्थ वि [अन्वर्थ] यथार्थ, यथा नाम तथा गुण वाला; 'ठियमण्णत्थे तयत्थनिरवेक्खं' (विसे)।

अण्णमण्ण देखो **अण्णण्ण** = अन्योन्य; 'अण्णमण्णमणुरत्तया' (णाया १, २)।

अण्णमय वि [दे] पुनरुक्त, फिर से कहा हुआ (दे १, २८)।

अण्णय देखो **अन्नय** (धर्मसं ३६२)।

अण्णयर वि [अन्यतर] दो में से कोई एक (कप्प)।

अण्णया अ [अन्यदा] कोई समय में (उप ६ टी)।

अण्णव पुं [अर्णव] १ समुद्र। २ संसार, 'अण्णवंसि महोघंसि एगे तिण्णे दुरुत्तरे' (उत्त ५)।

अण्णव न [ऋणवत्] एक लोकोत्तर मुहूर्त का नाम (जं ७)।

अण्णह न [अन्वह] प्रतिदिन, हमेशा (धर्म १)।

अण्णह देखो **अण्णत्त** (षड्)।

अण्णह, **अण्णहा** } अ [अन्यथा] अन्य प्रकार से, विपरीत रीति से, उलटा (षड्; महा)। °भाव पुं [°भाव] वैपरीत्य, उलटापन (बृह ४)।

अण्णहि देखो **अण्णत्त** (षड्)।

अण्णा स्त्री [आज्ञा] आज्ञा, आदेश (गा २३; अभि ६३; मुद्रा ५७)।

अण्णाइट्ठ वि [अन्वादिष्ट] आदिष्ट, जिसको आदेश दिया गया हो वह; 'अज्जुणए मालागारे मोग्गरपाणिणा जक्खेणं अण्णाइट्ठे समाणे' (अंत २०)।

अण्णाइट्ठ वि [अन्वाविष्ट] १ व्याप्त (भग १४, १)। २ पराधीन, परवश (भग १८ ६)।

अण्णाइस (अप) वि [अन्यादृश] दूसरे के जैसा (पि २४५)।

अण्णाण न [अज्ञान] १ अज्ञान, अजानकारी, मूर्खता (दे १, ७)। २ मिथ्या ज्ञान, झूठा ज्ञान (भग ८, २)। ३ वि. ज्ञान-रहित, मूर्ख (भग १, ६)।

अण्णाण न [दे] दाय, विवाह-काल में वधू को अथवा वर को जो दान दिया जाता है वह (दे १, ७)।

अण्णाणि वि [अज्ञानिन्] १ ज्ञान रहित, मूर्ख (सूत्र १, ७)। २ मिथ्या-ज्ञानी (पंच १)। ३ अज्ञान को ही श्रेयस्कर माननेवाला, अज्ञान-वादी (सूत्र १, १२)।

अण्णाणिय वि [आज्ञानिक] १ अज्ञानवादी, अज्ञानवाद का अनुयायी (आव ६; सम १०६)। २ मूर्ख, अज्ञानी (सूत्र १, १, २)।

अण्णाय वि [अज्ञात] अविदित, नहीं जाना हुआ (पण्ह २ १)।

अण्णाय पुं [अन्याय] न्याय का अभाव (श्रा १२)।

अण्णाय वि [दे] आर्द्र, गीला (से ४, ६)।

अण्णाय वि [अन्याय्य] न्याय से च्युत, न्याय-विरुद्ध; 'जे विग्गहीए अण्णायभासी, न से समे होइ अझंझपत्ते' (सूत्र १, १३)।

अण्णाय्य (शौ) ऊपर देखो (मा २०)।

अण्णारिच्छ वि [अन्यादृक्ष] दूसरे के जैसा (प्रामा)।

अण्णारिस वि [अन्यादृश] दूसरे के जैसा (पि २४५)।

अण्णासय वि [दे] विस्तृत, बिछाया हुआ (षड्)।

अण्णिज्जमाण देखो **अण्णे**।

अण्णिय वि [अन्वित] युक्त, सहित (सूत्र १, १०; नाट)।

अण्णिया स्त्री [दे] देखो **अण्णी** (दे १, ५१)।

अण्णिया स्त्री [अन्निका] एक विख्यात जैन मुनि की माता का नाम (ती ३६)। °उत्त पुं [°पुत्र] एक विख्यात जैन मुनि (ती ३६)।

अण्णी स्त्री [दे] १ देवर की स्त्री। २ पति की बहिन, ननद। ३ फूफा, पिता की बहिन (दे १, ५१)।

अण्णु } वि [अज्ञ] अजान, निर्बोध, मूर्ख
अण्णुअ } (षड्; गा १८४)।

अण्णुण्ण वि [अन्योन्य] परस्पर, आपस में (गउड)।

अण्णूण वि [अन्यून] परिपूर्ण (उप पृ २२४)।

अण्णे सक [अनु + इ] अनुसरण करना। अण्णेइ (विसे २५२६)। अण्णेंति (पि ४९३)। कवकृ. **अण्णिज्जमाण**; (अन्वीयमान) (विपा १, १)।

अण्णेस सक [अनु+इष्] १ खोजना, ढूंढना, तहकीकात करना। २ चाहना, वांछना। ३ प्रार्थना करना। अण्णेसइ (पि १६३)। वकृ. **अण्णेसंत, अण्णेसअंत, अण्णेसमाण** (महा; काल)।

अण्णेसण न [अन्वेषण] खोज, तलाश, तहकीकात (उप ६ टी)।

अण्णेसणा स्त्री [अन्वेषणा] १ खोज, तहकीकात (प्राप)। २ प्रार्थना (आचा)। ३ गृहस्थ से दी जाती भिक्षा का ग्रहण (ठा, ३, ४)।

अण्णेसय वि [अन्वेषक] गवेषक (पव ७१)।

अण्णेसि वि [अन्वेषिन्] खोज करनेवाला (आचा)।

अण्णेसिय वि [अन्वेषित] जिसकी तहकीकात की गई हो वह, 'अण्णेसिया सव्वओ तुब्भे न कहिंचि दिट्ठा' (महा)।

अण्णोण्ण देखो **अण्णुण्ण**, 'अण्णोण्णसमणुबद्धं णिच्छयओ भणियविसयं तु' (पंचा ६; स्वप्न ५२)।

अण्णोसरिअ वि [दे] अतिक्रान्त, उल्लंघित (दे १, ३९)।

अण्ह सक [भुज्] १ खाना, भोजन करना। २ पालन करना। ३ ग्रहण करना। अण्हइ (हे ४, ११०; षड्)। अण्हाइ (औप)। अण्हए (कुमा)।

°अण्ह न [अहन्] दिवस, दिन; 'पुव्वावरण्हकालसमयंसि' (उवा)।

अण्हग } पुं [आश्रव] कर्म-बन्ध के कारण
अण्हय } हिंसादि (पण्ह १,१;५; औप)।

°अण्हा स्त्री [तृष्णा] तृषा, प्यास (गा ९३)।

अण्हेअअ वि [दे] भ्रान्त, भूला हुआ (दे १, २१)।

अतक्किय वि [अतर्कित] १ अचिन्तित, आकस्मिक; 'अतक्कियमेव एरिसं वसणमहं पत्ता' (महा)। २ ठीक-ठीक नहीं देखा हुआ, अपरिलक्षित (वव ८)। ३ क्रिवि. 'अतक्कियं चेव······विहरिओ रायहत्थी' (महा)।

अतड त्रि [अतट] छोटा किनारा, 'अतडुववातो सो चेव मग्गो' (बृह १)।

अतण्हाअ वि [अतृष्णाक] तृष्णा-रहित, निःस्पृह (अच्चु ६४)।

अतत्त न [अतत्व] असत्य, झूठ, गैरव्याजबी (उप ५०८)।

अतत्थ वि [अत्रस्त] नहीं डरा हुआ, निर्भीक (कुमा)।

अतत्थ वि [अतथ्य] असत्य, झूठा (आचा)।

अतर देखो **अयर** (पव १; कम्म ५; भवि)।

अतव पुंन [अतपस्] १ तपश्चर्या का अभाव (उत्त २३)। २ वि. तप-रहित (बृह ४)।

अतव पुं [अस्तव] अ-प्रशंसा, निन्दा (कुमा)।

अतसी देखो **अयसी** (पण्ण १)।

अतह वि [अतथ] असत्य, अ-वास्तविक, झूठा (सूअ १,१,२; आचा)।

अतह वि [अतथा] उस माफिक नहीं,
'जाओ च्चिय कायव्वे उच्छाहेंति गरुयाण कित्तीओ।
ताओ च्चिय अतह-णिवेयणेण अलसेंति हिययाइं' (गउड)।

अतार वि [अतार] तरने को अशक्य (णाया १, ६; १४)।

अतारिम वि [अतारिम] ऊपर देखो (सूअ १, ३, २)।

अतिउट्ट अक [अति+त्रुट्] १ खूब टूटना, टूट जाना। २ सब बन्धन से मुक्त होना। अतिउट्टइ (सूअ १, १५, ५)।

अतिउट्ट सक [अति+वृत्] १ उल्लंघन करना। २ व्याप्त होना। °तिउट्टइ (सूअ १, १५, ६ टी)।

अतिउट्ट वि [अतिवृत्त] १ अतिक्रान्त। २ अनुगत, व्याप्त; 'जंसी गुहाए जलणेतिउट्टे अविजाणओ डज्झइ लुत्तपण्णो' (सूअ १,५, १,१२)।

अतित्थ न [अतीर्थ] १ तीर्थ (चतुर्विध संघ) का अभाव, तीर्थ की अनुत्पत्ति। २ वह काल, जिसमें तीर्थ की प्रवृत्ति न हुई हो या उसका अभाव रहा हो (पण्ण १)। **°सिद्ध** वि [°सिद्ध] अतीर्थ काल में जो मुक्त हुआ हो वह, 'अतित्थसिद्धा य मरुदेवी' (नव ५६)।

अतिहि देखो **अइहि**।

अतीगाढ वि [अतिगाढ] १ अति-निबिड। २ क्रिवि. अत्यंत, बहुत; 'अतीगाढं भीओ जक्खाहिवो' (पउम ८, ११३)।

अतुल वि [अतुल] अनुपम, असाधारण (पण्ह १, १)।

अतुलिय वि [अतुलित] असाधारण, अद्वितीय (भवि)।

अत्त देखो **अप्प** = आत्मन् (सुर ३, १७४; सम ५७; णंदि)। **°लाभ** पुं [°लाभ] स्वरूप की प्राप्ति, उत्पत्ति (कम्म २, २५)।

अत्त वि [आर्त्त] पीड़ित, दुःखित, हैरान (सुर ३, १४३; कुमा)।

अत्त वि [आत्त] १ गृहीत, लिया हुआ (णाया १, १)। २ स्वीकृत, मंजूर किया हुआ (ठा २, ३)। ३ पुं. ज्ञानी मुनि (बृह १)।

अत्त वि [आप्त] १ ज्ञानादि-गुण-संपन्न, गुणी। २ राग-द्वेष वर्जित, वीतराग। ३ प्रायश्चित्त-दाता गुरु,
'नाणमादीणि अत्ताणि, जेण अत्तो उ सो भवे।
रागद्दोसपहीणो वा, जे व इट्ठा विसोहिए' (वव १०)। ४ मोक्ष, मुक्ति (सूअ १, १०)। ५ एकान्त हितकर (भग १४, ९)। ६ प्राप्त, मिला हुआ (वव १०); 'अत्तप्पसण्णलेस्से' (उत्त १२)।

अत्त वि [आत्र] दुःख का नाश करनेवाला, सुख का उत्पादक (भग १४, ९)।

अत्त अ [अत्र] यहां, इस स्थान में (नाट)। **°भव** वि [°भवत्] पूज्य, माननीय (अभि ६१; पि २९३)।

अत्तअ देखो **अच्चय** = अत्यय (प्राकृ २१)।

अत्तकम्म वि [आत्मकर्मन्] १ जिससे कर्म-

बन्धन हो वह। २ पुं. आधाकर्म दोष (पिंड ६५)।

अत्तट्ठ वि [आत्मार्थ] १ आत्मीय, स्वकीय (धर्म २)। २ पुं. स्वार्थ, 'इह कामनियत्तस्स अत्तट्ठे नावरज्झइ' (उत्त ८)।

अत्तट्ठिय वि [आत्मार्थिक] १ आत्मीय। २ जो अपने लिए किया गया हो, 'उवक्खडं भोयण माहणाणं अत्तट्ठियं सिद्धमहेगपक्खं' (उत्त १२)।

अत्तण } देखो **अप्प** = आत्मन् (मृच्छ
अत्तणअ } २३६)। °केरक वि [आत्मीय] निजी, स्वकीय (नाट; पि ४०१)।

अत्तणअ } (शौ) वि [आत्मीय] स्वकीय,
अत्तणक } अपना, निजका (पि २७७; नाट)।

अत्तणिज्जिय वि [आत्मीय] स्वकीय (ठा ३, १)।

अत्तणीअ (शौ) ऊपर देखो (स्वप्न २७)।

अत्तमाण देखो **आवत्त** = आ + वृत्।

अत्तय पुं [आत्मज] पुत्र, लड़का। °या स्त्री [°जा] पुत्री, लड़की (विपा १. १)।

अत्तव्व वि [अत्तव्य] खाने लायक, भक्ष्य (नाट)।

अत्ता स्त्री [दे] १ माता, माँ (दे १, ५१; चारु ७०)। २ सासू (दे १, ५१; गा ६६७; हेका ३०)। ३ फूफा। ४ सखी (दे १,५१)।

°अत्ता देखो **जत्ता** (प्रति ८२)।

अत्ताण देखो **अत्त** = आत्मन्; (पि ४०१)।

अत्ताण वि [अत्राण] १ शरण-रहित, रक्षक-वर्जित (पण्ह १, १)। २ पुं. कन्धे पर लाठी रखकर चलनेवाला मुसाफिर। ३ फटे-टूटे कपड़े पहनकर मुसाफिरी करनेवाला यात्री (बृह १)।

अत्ति पुं [अत्रि] इस नाम का एक ऋषि (गउड)।

अत्ति स्त्री [अर्त्ति] पीड़ा, दुःख (कुमा; सुपा १८५)। °**हर** वि [°हर] पीड़ा-नाशक, दुःख का नाश करनेवाला (अभि १०३)।

अत्तिहरी स्त्री [दे] दूती, समाचार पहुँचानेवाली स्त्री (षड्)।

अत्तीकर सक [आत्मी + कृ] अपने अधीन करना, वश करना। अत्तीकरेइ; वकृ. **अत्तीकरंत** (निचू ४)।

अत्तीकरण न [आत्मीकरण] अपने वश करना (निचू ४)।

अत्तुक्करिस } पुं [आत्मोत्कर्ष] अभिमान,
अत्तुक्कोस } गर्व; 'तम्हा अत्तुक्करिसो वज्जेयव्वो जइजणेणं' (सूअ १, १३; सम ७१)।

अत्तुक्कोसिय वि [आत्मोत्कर्षिक] गर्विष्ठ, अभिमानी (औप)।

अत्तेय पुं [आत्रेय] १ अत्रि ऋषि का पुत्र (पि १०; ८३)। २ एक जैन मुनि (विसे २७६९)।

अत्तो अ [अतस्] १ इससे, इस हेतु से (गउड)। २ यहां से (प्रामा)।

अत्थ देखो **अट्ठ** = अर्थ (कुमा; उप ७२८; ८८४ टी; जी १; प्रासू ६५; गउड); 'अरोइअत्थे कहिए विलावो' (गोय ७); 'अत्थसद्दो फलत्थोयं' (विसे १०३६; १२४३)। °**जोणि** स्त्री [°योनि] धनोपार्जन का उपाय, साम, दाम, दण्ड रूप अर्थ-नीति (ठा ३,३)। °**णय** पुं [°नय] शब्द को छोड़ अर्थ को ही मुख्य वस्तु माननेवाला पक्ष (अणु)। °**सत्थ** न [°शास्त्र] अर्थ-शास्त्र, संपत्ति-शास्त्र (णाया १, १)। °**वइ** पुं [°पति] १ धनी। २ कुबेर (वव ७)। °**वाय** पुं [°वाद] १ गुणवर्णन। २ दोष-निरूपण। ३ गुण-वाचक शब्द। ४ दोष-वाचक शब्द (विसे)। °**वि** वि [°वित्] अर्थ का जानकार (पिंड १ भा)। °**सिद्ध** वि [°सिद्ध] १ प्रभूत धनवाला (जं ७)। २ पुं. ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव (तित्थ)। °**लिय** न [°लीक] धन के लिए असत्य बोलना (पण्ह १, २)। °**लोयण** न [°लोचन] पदार्थ का सामान्य ज्ञान (आचू १)। °**लोयण** न [°लोकन] पदार्थ का निरीक्षण,

'अत्थालोयण-तरला,इयरकईणं भमंति बुद्धीओ।
अत्थच्चेय निरारम्भमेंति हिययं कइन्दाणं।।'
(गउड)।

अत्थ पुं [अस्त] १ जहां सूर्य अस्त होता है वह पर्वत (से १०, १०)। २ मेरु पर्वत (सम ६५)। ३ वि. अविद्यमान (णाया १, १३)। °**गिरि** पुं [°गिरि] अस्ताचल (सुर ३, २७७; पउम १६. ४५)। °**सेल** पुं [°शैल] अस्ताचल (सुर ३, २२६)। °**चल** पुं [°चल] अस्त-गिरि (कप्पू)।

अत्थ न [अस्त्र] हथियार, आयुध (पउम ८, ५०; से १४, ६१)।

अत्थ सक [अर्थय्] मांगना, याचना करना, प्रार्थना करना, विज्ञप्ति करना। अत्थयए (निचू ४)।

अत्थ अक [स्था] बैठना। अत्थइ (आरा ७१)।

अत्थ } देखो **अत्त** = अत्र (कप्प; पि २६३,
अत्थं } ३६१)।

अत्थंडिल वि [अस्थण्डिल] साधुओं के रहने के लिए अयोग्य स्थान, क्षुद्र जन्तुओं से व्याप्त स्थान (ओघ १३)।

अत्थंत वकृ [अस्तं यत्] अस्त होता हुआ (वज्जा २२)।

अत्थकिरिआ स्त्री [अर्थक्रिया] वस्तु का व्यापार, पदार्थ से होनेवाली क्रिया (धर्मसं ४६६)।

अत्थक्क न [दे] १ अकाण्ड, अकस्मात्, बे-समय (उप ३३०; से ११, २४; श्रा ३०; भवि); 'अत्थक्कगज्जिउब्भंतहित्थहिअआ पहिअजाआ' (गा ३८६)। २ वि. अखिन्न (वज्जा ६)। ३ क्रिवि. अनवरत, हमेशा (गउड)।

अत्थग्घ वि [दे] १ मध्य-वर्ती, बीच का; 'सभए अत्थग्घे वा ओइण्णेसुं घणं पट्टं' (ओघ ३४)। २ अगाध, गंभीर। ३ न. लम्बाई, आयाम। ४ स्थान, जगह (दे १, ५४)।

अत्थण न [अर्थन] प्रार्थना, याचना (उप ७२८ टी)।

अत्थणिऊर पुंन [अर्थनिपूर] देखो **अच्छणिउर** (अणु ६६)।

अत्थणिऊरंग पुंन [अर्थनिपूराङ्ग] देखो **अच्छणिउरंग** (अणु ६६)।

अत्थत्थि वि [अर्थार्थिन्] धन की इच्छावाला (उव १३६)।

अत्थम अक [अस्तम् + इ] अस्त होना, अदृश्य होना। अत्थमइ (पि ५५८)। वकृ. **अत्थमंत** (पउम ८२, ५६)।

अत्थमण न [अस्तमयन] अस्त होना, अदृश्य होना (ओघ ५०७; से ८, ८५; गा २८४)।

अत्थमाविय वि [अस्तमापित] अस्त कराया हुआ (सम्मत्त १६१)।

अत्थमिय वि [अस्तमित] १ अस्त हुआ,

डूब गया, अदृश्य हुआ (ओघ ५०७, महा; सुपा १५५)। २ हीन, हानि-प्राप्त (ठा ४,३)।

अत्थयारिआ स्त्री [दे] सखी, वयस्या (दे १ १६)।

अत्थर सक [आ + स्तृ] बिछाना, शय्या करना, पसारना। अत्थरइ (उव)। संकृ. अत्थरिऊण (महा)।

अत्थरण न [आस्तरण] १ बिछौना, शय्या (से १४, ५०)। २ बिछाना, शय्या करना (विसे २३२२)।

अत्थरय वि [आस्तरक] १ आच्छादन करनेवाला (राय)। २ पुं. बिछौने के ऊपर का वस्त्र (भग ११, ११; कप्प)।

अत्थरय वि [अस्तरजस्क] निर्मल, शुद्ध (भग ११, ११)।

अत्थवण देखो **अत्थमण** (भवि)।

अत्थसिद्ध पुं [अर्थसिद्ध] पक्ष का दशवाँ दिवस, दशमी तिथि (सुज्ज १०, १४)।

अत्था देखो **अट्ठा** = आस्था।

अत्था / **अत्थाअ** सक [अस्ताय्] अस्त होना, डूब जाना, अदृश्य होना। अत्थाइ; अत्थाए (पउम ७३, ३५)। अत्थाअंति (से ७, २३)। वकृ. **अत्थाअंत** (से ७, ६६)।

अत्थाअ वि [अस्तमित] अस्त हुआ, डूबा हुआ; 'तावच्चिय दिवसयरो अत्थाओ विगयकिरणसंघाओ' (पउम १०,६६; से ६,५२)।

अत्थाइया स्त्री [दे] गोष्ठी-मण्डप (स ३६)।

अत्थाण न [आस्थान] सभा, सभा-स्थान (सुर १, ८०)।

अत्थाणिय वि [अस्थानिन्] गैर-स्थान में लगा हुआ, 'अत्थाणियनयणेहिं' (भवि)।

अत्थाणी स्त्री [आस्थानी] सभा-स्थान (कुमा)।

अत्थाणीअ वि [आस्थानीय] सभा-संबन्धी (कुप्र ७८)।

अत्थाम वि [अस्थामन्] बल-रहित, निर्बल (णाया १,१)।

अत्थार पुं [दे] सहायता, साहाय्य (दे १,६; णाया)।

अत्थारिय पुं [दे] नौकर, कर्मचारी (वव ६)।

अत्थावग्गह देखो **अत्थुग्गह** (पण्ण ५)।

अत्थावत्ति स्त्री [अर्थापत्ति] अनुक्त अर्थ को अटकल से समझना, एक प्रकार का अनुमान-ज्ञान; जैसे 'देवदत्त पुष्ट है और दिन में नहीं खाता है' इस वाक्य से 'देवदत्त रात में खाता है' ऐसा अनुक्त अर्थ का ज्ञान (उप ९९८)।

अत्थाह वि [अस्ताघ] १ अथाह, थाह-रहित, गंभीर (णाया १, १४)। २ नासिका के ऊपर का भाग भी जिसमें डूब सके इतना गहरा जलाशय (बृह ४)। ३ पुं. अतीत चौबीसी में भारत में समुत्पन्न इस नाम के एक तीर्थंकर-देव (पव ६)।

अत्थाह वि [दे] देखो **अत्थग्घ** (दे १, ५४; भवि)।

अत्थि वि [अर्थिन्] १ याचक, माँगनेवाला (सुर १०,१००)। २ धनी, धनवाला (पंचा)। ३ मालिक; स्वामी (विसे)। ४ गरजू, चाहनेवाला;

'धणओ धणत्थियाणं, कामत्थीणं च
सव्वकामकरो।
सग्गापवग्गसंगमहेऊ जिणदेसिओ धम्मो ॥'
(महा)।

अत्थि न [अस्थि] हाड़, हड्डी (महा)।

अत्थि अ [अस्ति] १ सत्त्व-सूचक अव्यय है, 'अत्थेगइया मुंडा भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइया' (औप); 'अत्थि णं भंते ! विमाणाइं' (जीव ३)। २ प्रदेश, अवयव; 'चत्तारि अत्थिकाया' (ठा ४, ४)। °**अवत्तव्व** वि [°अवक्तव्य] सप्तभङ्गी का पांचवाँ भङ्ग, स्वकीय द्रव्य आदि की अपेक्षा से विद्यमान और एक ही साथ कहने को अशक्य पदार्थ;

'सब्भावे आइट्ठो देसो देसो अ उभयहा जस्स।
तं अत्थिअवत्तव्वं च होइ दविअं विअप्पवसा'
(सम्म ३८)।

°**काय** पुं [°काय] प्रदेशों का—अवयवों का समूह (सम १०)। °**णत्थवत्तव्व** वि [°नास्त्यवक्तव्य] सप्तभङ्गी का सातवाँ भङ्ग, स्वकीय द्रव्यादि की अपेक्षा से विद्यमान, परकीय द्रव्यादि की अपेक्षा से अविद्यमान और एक ही समय में दोनों धर्मों से कहने को अशक्य पदार्थ;

'सब्भावासब्भावे, देसो देसो अ उभयहा जस्स।
तं अत्थिणत्थवत्तव्वयं च दविअं विअप्पवसा'
(सम्म ४०)।

°**त्त** न [°त्व] सत्व, विद्यमानता, हयाती (सुर २, १४२)। °**ता** स्त्री [°ता] सत्व, हयाती (उप पृ ३७४)। °**त्तिनय** पुं [°इतिनय] द्रव्यार्थिक नय (विसे ५३७)। °**नत्थि** वि [°नास्ति] सप्तभङ्गी का तीसरा भङ्ग—प्रकार, स्वद्रव्यादि की अपेक्षा से विद्यमान और परकीय द्रव्यादि की अपेक्षा से अविद्यमान वस्तु;

'अह देसो सब्भावे देसोसब्भावपज्जवे णिअओ।
तं दविअमत्थिनत्थि अ, आएसविसेसिअं जम्हा'
(सम्म ३७)।

°**नत्थिप्पवाय** न [°नास्तिप्रवाद] बारहवें जैन अङ्ग-ग्रन्थ का एक भाग, चौथा पूर्व (सम २६)।

अत्थिक्क न [आस्तिक्य] आस्तिकता, आत्मा-परलोक आदि पर विश्वास (श्रा ६; पुप्फ ११०)।

अत्थिय देखो **अत्थि** = अर्थिन् (महा; औप)।

अत्थिय वि [अर्थिक] धनी, धनवान् (हे २, १५९)।

अत्थिय न [अस्थिक] १ हड्डी, हाड़। २ पुं. वृक्ष-विशेष। ३ न. बहु बीजवाला फल-विशेष (पण्ण १)।

अत्थिय वि [आस्तिक] आत्मा, परलोक आदि की हयाती पर श्रद्धा रखनेवाला (धर्म २)।

अत्थिर देखो **अथिर** (पंचा १२)।

अत्थीकर सक [अर्थी + कृ] प्रार्थना करना, याचना करना। अत्थीकरेइ (निचू ४)। वकृ. **अत्थीकरंत** (निचू ४)।

अत्थीकरण न [अर्थीकरण] प्रार्थना, याचना (निचू ४)।

अत्थु सक [आ+स्तृ] बिछाना, शय्या करना। कर्म. अत्थुव्वइ; कवकृ. **अत्थुव्वंत** (विसे २३२१)।

अत्थुअ वि [आस्तृत] बिछाया हुआ (पाअ; विसे २३२१)।

अत्थुग्गह पुं [अर्थावग्रह] इन्द्रियाँ और मन द्वारा होनेवाला ज्ञान-विशेष, निर्विकल्पक ज्ञान (सम ११; ठा २, १)।

अत्थुग्गहण न [अर्थावग्रहण] फल का निश्चय (भग ११, ११)।

अत्थुड वि [दे] लघु, छोटा; (दे १, ६)।

अत्थुरण न [दे. आस्तरण] बिछौना (स ६७)।

अत्थुरिय वि [दे. आस्तृत] बिछाया हुआ (स २३९; दे १, ११३)।

अत्थुवड न [दे] भल्लातक, भिलावाँ वृक्ष का फल (दे १, २३)।

अत्थेक्क वि [दे] आकस्मिक, अचिन्तित (से १२, ४७)।

अत्थोग्गह देखो **अत्थुग्गह** (सम ११)।

अत्थोग्गहण देखो **अत्थुग्गहण** (भग ११, ११)।

अत्थोडिग वि [दे] आकृष्ट, खींचा हुआ (महा)।

अत्थोभय वि [अस्तोभक] 'उत', 'वै' आदि निरर्थक शब्दों के प्रयोग से अदूषित (सूत्र) (बृह १)।

अत्थोवग्गह देखो **अत्थुग्गह** (पराग १५)।

अथक्क न [दे] १ अकाण्ड, अनवसर, अकस्मात् (षड्)। २ वि. पसरनेवाला, फैलनेवाला (कुमा)।

अथव्वण पुं [अथर्वण] चौथा वेद-शास्त्र (कप्प; णाया १, ५)।

अथिर वि [अस्थिर] १ चंचल, चपल (कुमा)। २ अनित्य, विनश्वर (कुमा)। ३ अदृढ, शिथिल (ओघ)। ४ निर्बल (वव २)। ५ मजबूती से नहीं बैठा हुआ, नहीं जमा हुआ (अभ्यास); 'अथिरस्स पुव्वगहियस्स, वत्तणा जं इह थिरीकरणं' (पंचा १२)। °णाम न [°नामन्] नाम-कर्म का एक भेद (सम ६७)।

अद सक [अद्] खाना, भोजन करना। अदइ, अदए (षड्)।

अदंसण देखो **अद्दंसण** (पंचभा)।

अदंसण पुं [दे] चोर, डाकू (दे १, २९; षड्)।

अदंसिया स्त्री [अदंशिका] एक प्रकार की मीठी चीज (पराग १७)।

अदक्खु वि [अदृष्ट] १ नहीं देखा हुआ। २ असर्वज्ञ (सूत्र १, २, ३)।

अदक्खु वि [अदक्ष] अनिपुण, अकुशल (सूत्र १, २, ३)।

अदक्खु वि [अदृश्य] १ नहीं देखनेवाला, अन्धा। २ असर्वज्ञ, 'अदक्खुव! दक्खुवाहियं सद्दहसु अदक्खुदंसणा' (सूत्र १, २, ३)।

अदण न [अदन] भोजन (बृह १)।

अदत्त वि [अदत्त] नहीं दिया हुआ (पराग १, ३)। °हार वि [°हार] चोर (आचा)। °हारि वि [°हारिन्] चोर (सूत्र १,५,१)। °दाण न [°दान] चोरी (सम १०)। °दाणवेरमण न [°दानविरमण] चोरी से निवृत्ति, तृतीय व्रत (पराह २, ३)।

अदन्न देखो अदण्ण (सिरि ३१०)।

अदब्भ वि [अदभ्र] अनल्प, बहुत (जं ३)।

अदय वि [अदय] निर्दय, निष्ठुर (निचू २)।

अदिइ देखो **अइइ** (ठा २, ३)।

अदिण्ण देखो **अदत्त** (ठा १)।

अदित्त वि [अदृप्त] १ दर्प-रहित, नम्र (बृह १)। २ अहिंसक (ओघ ३०२)।

अदिन्न देखो **अदत्त** (सम १०)।

अदिस्स देखो **अदिस्स** (सम ६०; सुपा १५३)।

अदिहि स्त्री [अधृति] अधीराई, धीरज का अभाव (पाअ)।

अदीण वि [अदीन] दीनता-रहित। °सत्तु पुं [°शत्रु] हस्तिनापुर का एक राजा (णाया १, ८)।

अदु अ [दे] १ आनन्तर्य-सूचक अव्यय, अब (आचा)। २ इससे (सूत्र १, २, २)।

अदु अ [दे] १ अथवा, या (सूत्र १, ४, २, १५; उत्त ८, १२; दसचू २, १४)। २ अधिकारान्तर का सूचक (सूत्र १, ४, २, ७)।

अदुत्तरं अ [दे] आनन्तर्य-सूचक अव्यय, अब, बाद (णाया १, १)।

अदुय न [अद्रुत] अ-शीघ्र, धीरे-धीरे (भग ७,६) °बंधण न [°बन्धन] दीर्घ काल के लिए बन्धन (सूत्र २, २)।

अदुव, **अदुवा** अ [दे] या, अथवा, और; 'हिंसेज्ज पाणभूयाइं, तसे अदुव थावरे' (दस ५, ५; आचा)।

अदोलि, **अदोलिर** वि [अदोलिन्] स्थिर, निश्चल (कुमा)।

अद्द वि [आर्द्र] १ गीला, भीगा हुआ, अकठिन (कुमा)। २ पुं. इस नाम का एक राजा। ३ एक प्रसिद्ध राजकुमार और पीछे से जैन मुनि। ४ वि. आर्द्र राजा के वंशज। ५ नगर-विशेष (सूत्र २, ६)। °कुमार पुं [°कुमार] एक राजकुमार और बाद में जैन मुनि; 'अद्दकुमारो दढप्पहारी अ' (पडि)। °मुत्था स्त्री [°मुस्ता] कन्द-विशेष, नागर मोथा (श्र २०)। °मलग न [°मलक] १ हरा आमला। २ पीलु-वृक्ष की कली (धर्म २)। ३ शण वृक्ष की कली (पव ४)। °रिट्ठ पुं [°रिष्ट] कमल कौआ (आवम)।

अद्द पुं [अब्द] १ मेघ, वर्षा, बारिश (हे २, ७९)। २ वर्ष, संवत्सर, संवत् (सुर १३, ७०)।

अद्द पुं [अर्द] आकाश (भग २०, २)।

अद्द पुंन [दे] १ परिहास। २ वर्णन (संक्षि ४७)।

अद्द सक [अर्द्] मारना, पीटना (वव १०)।

अद्दइअ न [अद्वैत] १ भेद का अभाव। २ वि. भेद-रहित ब्रह्म वगैरह (नाट)।

अद्दइज्ज वि [आर्द्रीय] १ आर्द्रकुमार-सम्बन्धी। २ इस नाम का 'सूत्रकृताङ्ग' सूत्र का एक अध्ययन (सूत्र २, ६)।

अद्दंसण न [अदर्शन] १ दर्शन का निषेध, नहीं देखना (सुर ७, २४८)। २ वि. परोक्ष, जिसका दर्शन न हो; 'एक्कपएच्चिय होहिति मज्झ अद्दंसणा इण्हिं' (सुपा ६१७)। ३ नहीं देखनेवाला, अन्धा। ४ 'थीणद्धी' या अधम निद्रा वाला (गच्छ १; पव १०७)। °भूअ, °हूय वि [°भूत] जो अदृश्य हुआ हो (सुर १०, ५६; महा)।

अद्दण, **अद्दण्ण** वि [दे] आकुल, व्याकुल (दे १, १५; बृह १; निचू १०)।

अद्दन्न देखो **अद्दण्ण** (सुख १, १४)।

अद्दव वि [आद्रव] गला हुआ (आव ६)।

अद्दव्व न [अद्रव्य] अवस्तु, वस्तु का अभाव; (पंचा ३)।

अद्दह सक [आ + द्रह] उबालना, पानी-तैल वगैरह को खूब गरम करना। अद्दहेइ, अद्दहेमि; संकृ. अद्दहेत्ता (उवा)।

अद्दहिय वि [आहित] रखा हुआ, स्थापित (विपा १, ६)।

अद्दा स्त्री [आर्द्रा] १ नक्षत्र-विशेष (सम २)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

अद्दाअ पुं [दे] १ आदर्श, दर्पण (दे १, १४; पण्ण १५; निचू १३)। °**पसिण** पुं [°प्रश्न] विद्या-विशेष, जिससे दर्पण में देवता का आगमन होता है (ठा १०)। °**विज्जा** स्त्री [°विद्या] चिकित्सा का एक प्रकार, जिससे बीमार को दर्पण में प्रतिबिम्बित कराने से वह नीरोग होता है (वव ५)।

अद्दाइअ वि [दे] आदर्श वाला, आदर्श से पवित्र (बृह १)।

अद्दाग [दे] देखो **अद्दाअ** (सम १२३)।

अद्दि पुं [अद्रि] पहाड़, पर्वत (गउड)।

अद्दिट्ठ वि [अदृष्ट] १ नहीं देखा हुआ (सुर १, १७२)। २ दर्शन का अविषय (सम्म ६६)।

अद्दिय वि [आर्द्रित] आर्द्र किया हुआ भिंगाया हुआ (विक्र २३)।

अद्दिय वि [अर्दित] पीटा हुआ, पीड़ित (वव १०)।

अद्दिस्स वि [अदृश्य] देखने के अयोग्य या अशक्य (सुर ६, १२०; सुपा ८५; श्रा २७)।

अद्दिस्संत } **अद्दिस्समाण** } वकृ. [अदृश्यमान] नहीं दिखाता हुआ (सुपा १५४; ४५७)।

अद्दीण वि [अद्रीण] क्षोभ को अप्राप्त, अक्षुब्ध, निर्भीक (पण्ह २, १)।

अद्दीण देखो **अदीण** (ओघ ५३७)।

अद्दुमाअ वि [दे] पूर्ण, भरा हुआ (षड्)।

अद्देस वि [अदृश्य] देखने के अशक्य (स १७०)।

अद्देसीकारिणी स्त्री [अदृश्यीकारिणी] अदृश्य बनानेवाली विद्या (सुपा ४५४)।

अद्देस्सीकरण वि [अदृश्यीकरण] १ अदृश्य करना। २ अदृश्य करनेवाली विद्या, 'किंपुण विज्जासिज्भा अद्देस्सीकरणसंगओ वावि' (सुपा ४५५)।

अद्दोहि वि [अद्रोहिन्] द्रोह-रहित, द्वेषवर्जित (धर्म ३)।

गुंजुल्ल देखो गुंजोल्ल गुंजुल्लइ (हे ४, २०२)।

गुंजेल्लिअ वि [दे] पिण्डीकृत, इकट्ठा किया हुआ (दे २, ९२)।

गुंजोल्ल सक [वि + लुल्] बिखेरना। गुंजोल्लइ (प्राकृ ७३)।

गुंजोल्ल अक [उत् + लस्] उल्लास पाना, विकसित होना। गुंजाल्लइ (हे ४, २०२)।

गुंजोल्लिअ वि [उल्लसित] विकसित, विकसित (कुमा)।

गुंठ सक [उद् + धूलय्, गुण्ठ्] धूल वाला करना, धूली के रंग का करना, धूसरित करना। गुंठइ (हे ४, २९)। वकृ. गुंठंत (कुमा)।

गुंठ पुं [दे] अधम अश्व, दुष्ट घोड़ा (दे २, ९१; स ४५४)। २ वि. मायावी, कपटी (वव ३)।

गुंठा स्त्री [दे] माया, दम्भ, छल (वव ३)।

गुंठिअ वि [गुण्ठित] १ धूसरित। २ व्याप्त ३ आच्छादित (दे १, ८५)।

गुंठी स्त्री [दे] नीरंगी, स्त्री का वस्त्र-विशेष (दे २, ९०)।

गुंड न [दे] मुस्ता से उत्पन्न होनेवाला तृण-विशेष (दे २, ९१)।

गुंडण न [गुण्डन] धूलि का लेप, धूल का शरीर में लगाना; 'रयरेणुगुंडणाणि य नो सम्मं सहसि' (णाया १, १—पत्र ७१)।

गुंडिअ वि [गुण्डित] १ धूलि-लिप्त, धूलि-युक्त (पाअ)। २ लिप्त, पता हुआ; 'चुण्णगुंडिअगातं' (विपा १, २—पत्र २४)। ३ घिरा हुआ; 'सउणी जह पसुगुंडिया' (सूअ १, २, १)। ४ आच्छादित, प्रावृत (आवा)। ५ प्रेरित (पण्ह १, ३)।

गुंथण न [ग्रन्थन] गूँथना, गठना (रयण १८)।

गुंद पुं [गुन्द्र] वृक्ष-विशेष (पाअ)।

गुंदल न [दे. गुन्दल] १ आनन्द-ध्वनि, खुशी की आवाज, हर्ष की तुमुलध्वनि; 'मत्तवरकामिणीसंघकयगुंदलं' (सुर ३, ११५)। 'करिणीहिं कलहेहिं य खणमेक्कं हरिसगुंदलं काउं' (सुपा १३७)। २ हर्ष-भर, आनन्द-संदोह, खुशी की वृद्धि; 'अमंदआणंदगुंदलपुरुव्वं', 'आणंदगुंदलेणं ललइ लीलावईहिं परिकलिओ' (सुपा २२; १३६)। वि. आनन्द-

मग्न, खुशी में लीनः 'तं तह दट्ठुं आणंद-गुंदलं' (सुपा १३४)।

गुंदवडय न [दे] एक प्रकार की मिठाई, गुजराती में जिसको 'गुंदवडा' कहते हैं (सुपा ४८५)।

गुंदा } स्त्री [दे] १ बिन्दु २ अधम, नीच
गुंपा } (दे २, १०१)।

गुंध सक [ग्रन्थ्] गठना। गुंधइ (प्राकृ ६३)।

गुंफ सक [गुम्फ्] गूँथना, गठना। गुंफइ (षड्) वकृ. गुंफंत (कुमा)।

गुंफ पुं [गुम्फ] १ रचना, गूँथना, ग्रन्थन (उप १०३१ टी; दे १, १५०; ६, १४२)।

गुंफ पुं [दे] गुप्ति, कारागार, जेल (दे २, ६०)।

गुंफण न [दे] गोफन, पत्थर फेंकने का अस्त्र-विशेषः 'गुंफणफेरणसुंकारएहिं' (सुर २, ८)।

गुंफी स्त्री [दे] शतपदी, क्षुद्र कीट-विशेष, गोजर, कनखजूरा (दे २, ६१)।

गुग्गुल पुं [गुग्गुल] सुगन्धित द्रव्य-विशेष, गूगल या गुग्गुल (सुपा १५१)।

गुग्गुली स्त्री [गुग्गुल] गूगल का पेड़ (जी १०)।

गुग्गुलु देखो **गुग्गुल** (स ४३६)।

गुच्छ } पुं [गुच्छ] १ गुच्छा, गुच्छक,
गुच्छय } स्तबक (उत्त २; स्वप्न ७२)। २ वृक्षों की एक जाति (पण्ण १)। ३ पत्तों का समूह (जं १)।

गुच्छय देखो **गोच्छय** (ओघ ६६८)।

गुच्छिय वि [गुच्छित] गुच्छा वाला, गुच्छ-युक्तः 'निच्चं गुच्छिया' (राय)।

गुज्ज देखो **गोज्ज** (सुपा २८१)।

गुज्जर पुं [गूजर] १ भारत का एक प्रान्त, गुजरात देश (पिंग)। २ वि. गुजरात का निवासी। स्त्री. °री (नाट)।

गुज्जरत्ता स्त्री [गूर्जरत्रा] गुजरात देश (सार्धं ६८)।

गुज्जलिअ वि [दे] संघटित (षड्)।

गुज्झ पुं [गुह्य] एक देव-जाति (दस ७, ५३)।

गुज्झ } वि [गुह्य] १ गोपनीय, छिपाने
गुज्झअ } योग्य (णाया १,१; हे २,१२४)। २ न. गुप्त बात, रहस्य; 'सिमंतिणिहिययगयं गुज्झं पिव तक्खणा फुट्टं' (उप ७२८ टी)। ३ लिंग, पुरुष-चिह्न। ४ योनि, स्त्री-चिह्न (धर्म २)। ५ मैथुन, संभोग (पण्ह १, ४)। °हर वि [°धर] गुप्त बात को प्रकट नहीं करनेवाला (दे २ ४३)। °हर वि [°हर] रहस्य-भेदी, गुप्त बात को प्रसिद्ध करनेवाला (दे २, ६३)।

गुज्झअ } पुं [गुह्यक] देवों की एक जाति
गुज्झग } (ठा ५, ३)।

गुट्ठ न [दे] स्तम्ब, तृण-काण्डः 'अज्जुण-गुट्ठं व तस्स जाणूइं' (उवा)।

गुट्ठ देखो **गोट्ठ** (पाअ; भत्त १६२)।

गुट्ठी देखो **गोट्ठी** (सूक्त ५८)।

गुड सक [गुड्] १ हाथी को कवच वगैरह से सजाना। २ लड़ाई के लिए तय्यार करना, सजाना; 'गुडह गइंदे पउणीकरेह रहचक्कपाइक्के' (सुपा २८८)। कवकृ. 'गुडिअगुडिज्जंतभडं' (से १२, ८७)।

गुड सक [गुड्] नियन्त्रण करना। गुडेइ (संबोध ५४)।

गुड पुं [गुड] १ गुड़, ईख का विकार, लाल शक्कर (हे १, २०२; प्रासू १५१)। २ एक प्रकार का कवच (राज)। °सत्थ न [°सार्थ] नगर-विशेष (आक)।

गुडदालिअ वि [दे] पिण्डीकृत, इकट्ठा किया हुआ (दे २, ६२)।

गुडा स्त्री [गुडा] १ हाथी का कवच। २ अश्व का कवच (विपा १, २)।

गुडिअ वि [गुडित] कवचित, वर्मित, कृत-संनाह (से १२, ७३; ८७; विपा १, २)।

गुडिआ स्त्री [गुटिका] गाली (गा १७७)।

गुडीलद्धिआ स्त्री [दे] चुम्बन (दे २, ६१)।

गुड्डुर पुंन [दे] खीमा या खेमा, तंबू, डेरा, वस्त्र-गृह (सिरि ४८२; ६४४)।

गुण सक [गुणय्] १ गिनना। २ आवृत्ति करना, याद करना। गुणइ (सूक्त ५१; हे ४, ४२२), गुणेइ (उव)। वकृ. **गुणमाण** (उप पृ ३६६)।

गुण पुं [गुण] उच्चारण (सूअनि २०)। २ रसना, मेखला (आचा २, २, १, ७)।

गुण पुंन [गुण] १ गुण, पर्याय, स्वभाव, धर्म (ठा ५, ३)। २ ज्ञान, सुख वगैरह एक ही साथ रहनेवाला धर्म (सम्म १०७; १०६)। ३ ज्ञान, विनय, दान, शौर्य, सदाचार वगैरह दोष-प्रतिपक्षी पदार्थ (कुमा; उत्त १६; अणु; ठा ४, ३; से १, ४)। ४ लाभ, फायदाः 'विहवेहिं गुणाइं मग्गंति' (हे १, ३४; सुपा १०३)। ५ प्रशस्तता, प्रशंसा (णाया १, १)। ६ रज्जू, डोरा, धागा (से १, ४)। ७ व्याकरण-प्रसिद्ध ए, ओ और अर् रूप स्वर-विकार (सुपा १०३)। ८ जैन गृहस्थ को पालने का व्रत-विशेष, गुण-व्रत (पंचव ३)। ९ रूप, रस, गन्ध वगैरह द्रव्याश्रित धर्मः 'गुण-पच्चक्खत्तणओ गुणीवि जाओ घडाव्व पच्चक्खो' (ठा १, १; उत्त २८)। १० प्रत्यञ्चा, धनुष का रोदा (कुमा)। ११ कार्य, प्रयोजन (भग २, १०)। १२ अप्रधान, अमुख्य, गौण (हे १, ३४)। १३ अंश, विभाग (अणु)। १४ उपकार, हित (पंचा ५)। °कर वि [°कर] १ लाभ-कारक। २ उपकार-कारक (पंचा ५)। °कार पुं [°कार] गुणा करना, अभ्यास-राशि (सम ६०)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ एक राजकुमार (आवम)। २ एक जैन मुनि और ग्रन्थकार। ३ श्रेष्ठि-विशेष (राज)। °ट्ठाण न [°स्थान] गुणों का स्वरूप-विशेष, मिथ्यादृष्टि वगैरह चउदह गुण-स्थानक (कम्म ४; पव ६०)। °ट्ठिअ पुं [°र्थिक] गुण को प्रधान माननेवाला मत, नय-विशेष (सम्म १०७)। °ड्ढ वि [°ाढ्य] गुणी, गुणवान् (सुर ३, २०; १३०)। °ण्ण, °ण्णु, °न्न, °न्नु वि [°ज्ञ] गुण का जानकार (गउड; उवर ८६; उप ५३० टी; सुपा १२२)। °पुरिस पुं [°पुरुष] गुणी पुरुष (सूअ १, ४) °मंत वि [°वत्] गुणी, गुण-युक्त (आचा २,१,६)। °रयणसंवच्छर न [°रत्नसंवत्सर] तपश्चर्या-विशेष (भग)। °व, °वंत वि [°वत्] गुणी, गुण-युक्त (श्रा ३६; उप ८७५)। °व्वय न [व्रत] जैन गृहस्थ को पालने योग्य-व्रत-विशेष (पडि)। °सिलय न [°शिलक] राजगृह नगर का एक चैत्य (णाया १, १)। °सेढि स्त्री [°श्रेणि] कर्म-पुद्गलों की रचना-

विशेष (पंच)। °सेण पुं [°सेन] इस नाम का एक प्रसिद्ध राजा (स ६)। °हर वि [°धर] १ गुणों को धारण करनेवाला, गुणी। २ तन्तु-धारक। स्त्री. °रा (सुपा ३२७)। °ायर पुं [°ाकर] गुणों की खान, अनेक गुण-वाला, गुणी (पउम १५, ६८; प्रासू १३४)।

गुण देखो एगूण; 'गुणसट्ठि अपमत्ते सुराउबंधं तु जइ इहागच्छे' (कम्म २, ८; ४, ५४; ५६; श्रा ४४)।

°गुण वि [°गुण] गुना, आवृत्त; 'वीसगुणो तीसगुणो' (कुमा; प्रासू २६)।

गुणण न [गुणन] १ गुणकार (पव २३६)। २ ग्रन्थ-परावर्तन, आवृत्ति; 'गुणणु (? गुण-णाणु) प्पेहासु अ असत्तो' (पिंड ६६४)।

गुणणा स्त्री [गुणना] ऊपर देखो (सम्यक्त्वो १५)।

गुणयालीस स्त्रीन [एकोनचत्वारिंशत्] उनचालीस, ३६ (राय ५६)।

गुणवुड्ढि स्त्री [गुणवृद्धि] लगातार आठ दिनों का उपवास (संबोध ५८)।

गुणसेण पुं [गुणसेन] एक जैन आचार्य जो सुप्रसिद्ध हेमाचार्य के प्रगुरु थे (कुप्र १६)।

गुणा स्त्री [दे] मिष्टान्न-विशेष (भवि)।

गुणाविय वि [गुणित] पढ़ाया हुआ, पाठित; 'तत्थ सो अज्जणए सयलाओ धणुव्वेयाइयाओ महत्थविज्जाओ गुणाविओ' (महा)।

गुणि वि [गुणिन्] गुण-युक्त, गुणवाला (उप ५६७ टी; गउड; प्रासू २६)।

गुणिअ वि [गुणित] १ गुना हुआ, जिसका गुणा किया गया हो वह (श्रा ६)। २ चिंतित, याद किया हुआ (से ११, ३१)। ३ पठित अधीत (ओघ ६२)। ४ जिस पाठ की आवृत्ति की गई हो वह, परावर्तित (वव ३)।

गुणिल्ल वि [गुणवत्] गुणी, गुण-युक्त (पि ५६५)।

गुण्ण देखो गोण्ण (अणु १४०)।

गुण्ह (अप) देखो गिण्ह। गुण्हइ (प्राकृ ११६)।

गुत्त न [गोत्र] साधुत्व, साधुपन (सूअ २, ७, १०)।

गुत्त वि [गुप्त] गुप्त, प्रच्छन्न, छिपा हुआ (णाया १,४; सुर ७,२३४)। २ रक्षित (उत्त १५)। ३ स्व-पर की रक्षा करनेवाला, गुप्ति-युक्त, मन वगैरह की निर्दोष प्रवृत्तिवाला (उप ६०४)। ४ एक स्वनाम-प्रसिद्ध जैनाचार्य (आक)।

गुत्त देखो गोत्त (पाअ; भग; आवम)।

गुत्तण्हाण न [दे] पितृ-तर्पण (दे २, ६३)।

गुत्ति स्त्री [गुप्ति] १ कैदखाना, जेल (सुर १, ७३; सुपा ६३)। २ कठघरा (सुपा ६३)। ३ मन, वचन और काया की अशुभ प्रवृत्ति को रोकना। ४ मन वगैरह की निर्दोष प्रवृत्ति ठा २, १; सम ८)। °गुत्त वि [°गुप्त] मन वगैरह की निर्दोष प्रवृत्तिवाला, संयत (पण्ह २, ४)। °पाल पुं [°पाल] जेल का रक्षक, कैदखाना का अध्यक्ष (सुपा ४६७)। °सेण पुं [°सेन] ऐरवत क्षेत्र में उत्पन्न एक जिनदेव (सम १५३)।

गुत्ति स्त्री [गुप्ति] गोपन, रक्षण (गु १२)।

गुत्ति स्त्री [दे] १ बन्धन (दे २,१०१; भवि)। २ इच्छा, अभिलाषा। ३ वचन, आवाज। ४ लता, वल्ली। ५ सिर पर पहनी जाती फूल की माला (दे २, १०१)।

गुत्तिंदिय वि [गुप्तेन्द्रिय] इंद्रिय-निग्रह करने वाला, संयतेंद्रिय (भग; णाया १, ४)।

गुत्तिय वि [गौप्तिक] रक्षक, रक्षण करने-वाला; 'नगरगुत्तिए सद्दावेइ' (कप्प)।

गुत्तिय वि [गौत्रिक] गोती, समान गोत्र-वाला, गोतिया (कुप्र ३४४)।

गुत्तिवाल देखो गुत्ति-पाल (धर्मवि २६)।

गुत्थ वि [ग्रथित] गुम्फित, गूँथा हुआ (स ३०३; प्राप; गा ६३; कप्पू)।

गुत्थंड पुं [दे] भास-पक्षी, पक्षि-विशेष (दे २, ६२)।

गुद पुंस्त्री [गुद] गाँड़, गुदा (दे ६, ४६)।

गुद्दह न [गोद्रह] नगर-विशेष (मोह ८८)।

गुप्प अक [गुप्] व्याकुल होना। गुप्पइ (हे ४, १५०; षड्)। वकृ. गुप्पंत, गुप्पमाण (कुमा ६, १०२; कप्प; औप)।

गुप्प वि [गोप्य] १ छिपाने योग्य। २ न एकान्त, विजन (ठा ४, १)।

गुप्पई स्त्री [गोष्पदी] गौ का पैर डूबे उतना गहरा, 'को उत्तरिउं जलहिं, निब्बुडुए गुप्पई-नीरे' (धम्म १२ टी)।

गुप्पंत न [दे] १ शयनीय, शय्या। २ वि. गोपित, रक्षित (दे २, १०२)। ३ संमूढ़, मुग्ध, घबड़ाया हुआ, व्याकुल (दे २, १०२; से १, २; २, ४)।

गुप्पय देखो गो-पय (सूक्त ११)।

गुप्फ पुं [गुल्फ] फीली, पैर की गाँठ (स ३३; हे २, ६०)।

गुफगुमिअ वि [दे] सुगन्धी, सुगन्ध-युक्त (दे २, ६३)।

गुब्भ देखो गुप्फ (षड्)।

गुभ सक [गुफ्] गूँथना, गठना। गुभइ (हे १, २३६)।

गुम सक [भ्रम्] घूमना, पर्यटन करना, भ्रमण करना। गुमइ (हे ४, १६१)।

गुमगुम } अक [गुमगुमाय्] १ 'गुम-
गुमगुमाअ } गुम' आवाज करना। २ मधुर अव्यक्त ध्वनि करना। वकृ. गुमगुमंत, गुमगुमिंत, गुमगुमायंत (औप; णाया १, १; कप्प; पउम ३३, ६)।

गुमगुमाइय वि [गुमगुमायित] जिसने 'गुम-गुम' आवाज किया हो वह (औप)।

गुमिअ वि [भ्रमित] भ्रमित, घुमाया हुआ (कुमा)।

गुमिल वि [दे] १ मूढ़, मुग्ध। २ गहन, गहरा। ३ प्रस्खलित। ४ आपूर्ण, भरपूर (दे २, १०२)।

गुमुगुमुगुम देखो गुमगुम। वकृ. गुमुगुमु-गुमंत, गुमुगुमुगुमेंत (पउम २, ४०; ६२, ६)।

गुम्म अक [मुह्] मुग्ध होना, घबड़ाना, व्याकुल होना। गुम्मइ (हे ४, २०७)।

गुम्म पुं [गुल्म] परिवार, परिकर; 'इत्थी-गुम्मसंपरिवुडे' (सूअ २, २, ५५)।

गुम्म पुंन [गुल्म] १ लता, वल्ली, वनस्पति-विशेष (पण्ण १)। २ झाड़ी, वृक्ष-घटा (पाअ)। ३ सेना-विशेष, जिसमें २७ हाथी, २७ रथ, ८१ घोड़ा और १३५ प्यादा हों ऐसी सेना (पउम ५६, ५)। ४ वृन्द, समूह (औप; सूअ २,२)। ५ गच्छ का एक हिस्सा, जैनमुनि-समाज का एक अंश (औप)। ६ स्थान, जगह (ओघ १६३)।

गुम्मइअ वि [दे] १ मूढ़, मूर्ख (दे २,१०३; ओघ १३६; पाअ; षड्)। २ अपूरित, पूर्ण नहीं किया हुआ (षड्)। ३ पूरित, पूर्ण किया हुआ (दे २, १०३)। ४ स्खलित। ५ संचलित, मूल से उच्चलित। ६ विघटित, वियुक्त (दे २, १०३; षड्)।

गुम्मड देखो **गुम्म**। गुम्मडइ (हे ४, २०७)।

गुम्मडिअ वि [मोहित] मोह-युक्त, मुग्ध किया हुआ (कुमा ७, ४७)।

गुम्मागुम्मि अ. जत्थाबन्ध होकर (औप)।

गुम्मिअ वि [मुग्ध] १ मोह-प्राप्त, मूढ़ (कुमा ७, ४७)। २ घूर्णित, मद से घूमता हुआ (बृह १)।

गुम्मिअ पुं [गौल्मिक] कोतवाल, नगर-रक्षक (ओघ १६३; ७६६)।

गुम्मिअ वि [दे] मूल से उखाड़ा हुआ, उन्मूलित (दे २, ९२)।

गुम्मी स्त्री [दे] इच्छा, अभिलाषा (दे २, ९०)।

गुम्मी स्त्री [गुल्मी] शतपदी, यूका, खटमल, जूँ (उत्त ३६, १३९; सुख ३६, १३९)।

गुम्ह सक [गुम्फ्] गूँथना, गठना। गुम्हइ (शौ) (स्वप्न ५३)।

गुह्य देखो **गुज्झ** (हे २, १२४)।

गुरव देखो **गुरु**; 'जो गुरवे साहीणे धम्मं साहेइ पोढबुद्धिओ' (पउम ६, ११४)।

गुरु) पुं [गुरु] १ शिक्षक, विद्या-दाता,
गुरुअ } पढ़ानेवाला (वव १; अणु)। २ धर्मोपदेशक, धर्माचार्य (विसे ९३०)। ३ माता, पिता वगैरह पूज्य लोग (ठा १०)। ४ बृहस्पति, ग्रह-विशेष (पउम १७, १०८; कुमा)। ५ स्वर-विशेष, दो मात्रावाला आ, ई वगैरह स्वर, जिसके पीछे अनुस्वार या संयुक्त व्यञ्जन हो ऐसा भी स्वर-वर्ण (पिंग)। ६ वि. बड़ा, महान् (उवा; से ३, ३८)। ७ भारी, बोझिल (ठा १, १; कम्म १)। ८ उत्कृष्ट, उत्तम (कम्म ४, ७२; ७९)। **°कम्म** वि [°कर्मन्] कर्मों का बोझवाला, पापी (सुपा २६५)। **°कुल** न [°कुल] १ धर्माचार्य का सामीप्य (पंचा ११)। २ गुरु-परिवार (उप ६७७)। **°गइ** स्त्री [°गति] गति-विशेष, भारीपन से ऊँचा-नीचा गमन (ठा ८)। **°लाघव** न [°लाघव] सारासार, अच्छा और बुरापन (वव ४)। **°सज्झिल्लग** पुं [°सहाध्यायिक] गुरु के भाई (बृह ४)।

गुरुई देखो **गरुई** (णाया १, १)।

गुरुणी स्त्री [गुर्वी] १ गुरु-स्थानीय स्त्री (सुर ११, २११)। २ धर्मोपदेशिका, साध्वी (उप ७२८ टी)।

गुरेड न [गुरेट] तृण-विशेष (दे १, ५४)।

गुल देखो **गुड** = गुड (ठा ३, १; ६; णाया १, ८; गा ५५४; औप)।

गुल न [दे] चुम्बन (दे २, ९१)।

गुलगुंछ सक [उत् + क्षिप्] ऊँचा फेंकना। गुलगुंछइ (हे ४, १४४)। संकृ. **गुलगुंछिऊण** (कुमा)।

गुलगुंछ देखो **गुलुगुंछ** = उद् + नमय्। गुलगुंछइ (हे ४, ३६)।

गुलगुल अक [गुलगुलाय्] 'गुलगुल' आवाज करना, हाथी का हर्ष से चिंघाड़ना या बोलना। वकृ. **गुलगुलंत, गुलगुलेंत** (उप १०३१ टी; उवा; पउम ८, १७१; १०२, २०)।

गुलगुलाइअ } न [गुलगुलायित] हाथी की
गुलगुलिय } गर्जना (जं ५; सुपा १३७)।

गुलल सक [चाटौ + कृ] खुशामद करना। गुललइ (हे ४, ७३)। वकृ. **गुललंत** (कुमा)।

गुललावणिया स्त्री [गुडलावणिका] एक तरह की मिठाई, गोलपापड़ी। २ गुड़धाना (पव २५९; सुज्ज २० टी)।

गुलहाणिया स्त्री [गुडधानिका] खाद्य-विशेष (पव ४)।

गुलिअ वि [दे] मथित, विलोड़ित (दे २, १०३; षड्)। २ पुं. गेंद, कन्दुक; 'कंदुओ गुलिओ' (पाअ)।

गुलिआ स्त्री [दे] १ बुसिका। २ गेंद, कन्दुक। ३ स्तबक, गुच्छा (दे २, १०३)।

गुलिआ स्त्री [गुलिका] १ गोली, गुटिका (महा; णाया १, १३; सुपा २९२)। २ वर्णक द्रव्य-विशेष, सुगन्धित द्रव्य-विशेष (औप; णाया १, १—पत्र २४)।

गुलुइय वि [दे] गुल्मित, गुल्मवाला, लता समूहवाला (औप; भग)।

गुलुंछ पुं [गुलुञ्छ] गुच्छ, गुच्छा (दे २, ९२)।

गुलुगुंछ देखो **गुलगुंछ** = उत् + क्षिप्। गुलुगुंछइ (हे ४, १४४)।

गुलुगुंछ सक [उत् + नमय्] ऊँचा करना, उन्नत करना। गुलुगुंछइ (हे ४,३६)।

गुलुगुंछिअ वि [उन्नमित] ऊँचा किया हुआ, उन्नमित (दे २, ९३; कुमा)।

गुलुगुंछिअ वि [दे] बाड़ से अन्तरित (दे २, ९३)।

गुलुगुल देखो **गुलगुल**। गुलुगुलंति (भवि)। वकृ. **गुलुगुलेंत** (पि ५५८)।

गुलुगुलाइय } देखो **गुलगुलाइअ** (औप;
गुलुगुलिय } पण्ह १, ३; स ३६९)।

गुलुच्छ वि [दे] भ्रमित, घुमाया हुआ, (दे २, ९२)।

गुलुच्छ पुं [गुलुच्छ] गुच्छा, स्तबक (पाअ)।

गुलुइय वि [गुल्मवत्] लता-समूहवाला, गुल्म-युक्त (णाया १, १—पत्र ५)।

गुव देखो **गुप्प** = गुप्। गुवंति (भग १५)।

°गुवलय देखो **कुवलय**; 'मुद्दियगुवलयनिहाणं' (णंदि)।

गुवालिया [दे] देखो **गोआलिआ** (जी १७)।

गुविअ वि [गुप्त] व्याकुल, क्षुब्ध (ठा ३, ४—पत्र १६१)।

गुविल वि [गुपिल] १ गहन, गहरा, गाढ़, निबिड़ (सुर ६, ६९; उप पृ ३०; पण्ह १, ३)। २ न. झाड़ी, जंगल (उप ८३३ टी);

'इक्को करइ कम्मं,
इक्को अणुहवइ दुक्कयविभारं।
इक्को संसरइ जिओ,
जरमरणचउग्गइगुविलं' (पच्च ४४)।

गुविल वि [दे] चीनी का बना हुआ, मिस्री-वाला (मिष्टान्न) (उर ५, १०)।

गुव्विणी स्त्री [गुर्विणी] गर्भवती स्त्री (सुपा २७७)।

गुह देखो **गुभ**। गुहइ (हे १, २३६)।

गुह पुं [गुह] कार्त्तिकेय, एक शिव-पुत्र (पाअ)।

गुहा स्त्री [गुहा] गुफा, कन्दरा (पाअ; ठा २, ३; प्रासू २७१)।

गुहिर वि [दे] गम्भीर, गहरा (पाअ; कप्प)।

गूढ वि [गूढ] गुप्त, प्रच्छन्न, छिपा हुआ (पण्ह १, ४; जी १०)। °**दंत** पुं [°दन्त] १ एक अन्तर्द्वीप, द्वीप-विशेष। २ द्वीप-विशेष का निवासी (ठा ४, २)। ३ एक जैन मुनि। ४ 'अनुत्तरोपपातिक दशा' सूत्र का एक अध्ययन (अनु २)। ५ भरत क्षेत्र का एक भावी चक्रवर्ती राजा (सम १५४)।

गूह सक [गुह्] छिपाना, गुप्त रखना। वकृ. **गूहंत** (स ६१०)।

गूह न [गूथ] गू, विष्ठा (तंदु)।

गूहण न [गूहन] छिपाना (सम ७१)।

गूहिय वि [गूहित] छिपाया हुआ (स १८६)।

गृण्ह } **गृन्ह** } (अप) देखो गिण्ह। गृण्हइ (कुमा)। संकृ. **गृण्हेप्पिणु** (हे ४, ३६४)।

गेअ वि [गेय] १ गाने योग्य, गाने लायक, गीत (ठा ४, ४—पत्र २८७, वज्जा ४४)। २ न. गीत, गान; 'मणहरगेयझुणीए' (सुर ३, ६६; गा ३३४)।

गेंठुअ न [दे] स्तनों के ऊपर की वस्त्र-ग्रन्थि (दे २, ९३)।

गेंठुल्ल न [दे] कञ्चुक, चोली (दे २, ९४)।

गेंड न [दे] देखो गेंठुअ (दे २, ९३)।

गेंडुई स्त्री [दे] क्रीड़ा, खेल, गम्मत, विनोद (दे २, ९४)।

गेंदुअ पुं [कन्दुक] गेंद, गेंदा, खेलने की एक वस्तु (हे १, ५७; १८२; सुर १, १२१)।

गेज्ज वि [दे] मथित, विलोड़ित (दे २, ८८)।

गेज्जल न [दे] ग्रीवा का आभरण (दे २, ९४)।

गेज्झ वि [ग्राह्य] ग्रहण-योग्य (हे १, ७८)।

गेडण न [दे] १ फेंकना, क्षेपण। २ दे देना; 'तत्तं बगेडणकए ससंभमा आसमाउ लहुँ' (उप ६४८ टी)।

गेडु न [दे] १ पङ्क, कीच, काँदो। २ यव, अन्न-विशेष (दे २, १०४)।

गेड्डी स्त्री [दे] गेड़ी, गेंद खेलने की लकड़ी (कुमा)।

गेण्ह देखो **गिण्ह**। गेण्हइ (हे ४, २०९; उव; महा)। भूका. गेण्हीअ (कुमा)। भवि. गेण्हिस्सइ (महा)। वकृ. **गेण्हंत, गेण्हमाण** (सुर ३, ७४; विपा १, १)। संकृ. **गेण्हित्ता, गेण्हिऊण, गेण्हिअ** (भग; पि ५८६; कुमा)। कृ. **गेण्हियव्व** (उत्त १)।

गेण्हण न [ग्रहण] आदान, उपादान, लेना (उप ३३६; स ३७५)।

गेण्हणया स्त्री [ग्रहणा] ग्रहण, आदान (उप ५२९)।

गेण्हाविय वि [ग्राहित] ग्रहण कराया हुआ (स ५२९; महा)।

गेण्हिअ न [दे] उरः-सूत्र, स्तनाच्छादक-वस्त्र (दे २, ९४)।

गेद्ध देखो गिद्ध (औप)।

गेरिअ } **गेरुअ** } पुंन [गैरिक] १ गेरु, लाल रङ्ग की मिट्टी (स २२३, पि ६०; ११८)। २ मणि-विशेष, रत्न की एक जाति (पण्ण १—पत्र २६)। ३ वि. गेरु रंग का (कप्पू)। ४ पुं. त्रिदण्डी साधु, सांख्य मत का अनुयायी परिव्राजक (पव ९४)।

गेलण्ण } **गेलन्न** } न [ग्लान्य] रोग, बीमारी, ग्लानि (विसे ५४०; उप ४९६; ओघ ७७; २२१)।

गेविज्ज } **गेवेज्ज** } **गेवेज्जय** } न [ग्रैवेयक] १ ग्रीवा का आभूषण, गले का गहना (औप, णाया १, २)। २ ग्रैवेयक देवों का विमान (ठा ९)। ३ पुं. उत्तम श्रेणी के देवों की एक जाति (कप्प; औप; भग; जी ३३; इक)।

गेवेय देखो **गेवेज्ज** (आचा २, १३, १)।

गेह पुंन [गेह] घर, 'न नई न वणं न उज्जडो गेहो' (वज्जा ९८)।

गेह न [गेह] गृह, घर, मकान (स्वप्न १६; गउड)। °**जामाउय** पुं [°जामातृक] घर-जमाई, सर्वदा ससुर के घर में रहनेवाला जामाता (उप पृ ३९९)। °**ागार** वि [°ाकार] १ घर के आकारवाला। २ पुं. कल्पवृक्ष की एक जाति (सम १७)। °**ालु** वि [°वत्] घरवाला, गृही, संसारी (षड्)। °**ासम** पुं [°ाश्रम] गृहस्थाश्रम (पउम ३१, ८३)।

गेहि वि [गृद्ध] लोलुप, अत्यासक्त (ओघ ८७)।

गेहि स्त्री [गृद्धि] आसक्ति, गार्ध्य, लालच (स ११३; पण्ह १, ३)।

गेहि वि [गेहिन्] नीचे देखो (णाया १; १४))।

गेहिअ वि [गेहिक] १ घरवाला, गृही। २ पुं. भर्त्ता, धनी, पति (उत्त २)।

गेहिअ [गृद्धिक] अत्यासक्त, लोलुप, लालची (पण्ह १, ३)।

गेहिणी स्त्री [गेहिनी] गृहिणी, स्त्री (सुपा ३४१; कुमा; कप्पू)।

गो पुं [गो] भूप, राजा; 'तइओ गो भूपपसुरस्सिणो त्ति' (वव १)। °**माहिसक** न [°माहिषक] गौ और भैंस का झुंड या समूह 'निव्वुयं गोमाहिसकं' (स ६८९)।

गो पुं [गो] १ रश्मि, किरण (गउड)। २ स्वर्ग, देव-भूमि (सुपा १४२)। ३ बैल, बलीवर्द। ४ पशु, जानवर। ५ स्त्री. गैया; 'अपरप्पेरियतिरियानियमियदिग्गमणओणिलो गोव्व' (विसे १७५८; पउम १०३, ५०; सुपा २७५)। ६ वाणी, वाग् (सूअ १, १३)। ७ भूमि; 'जं महइ विब्भवणगोयराण लोओ पुलिंदाण' (गउड; सुपा १४२)। °**आल** देखो °**वाल** (पुप्फ २१९)। °**इल्ल** वि [°मत्] गो-युक्त, जिसके पास अनेक गौ हो वह (दे २, ९८)। °**उल** न [°कुल] १ गौओं का समूह (आव ३)। २ गोष्ठ, गो-बाड़ा; 'सामी गोउलगओ' (आवम)। °**उलिय** वि [°कुलिक] गो-कुलवाला, गो-कुल का मालिक, गोवाला (महा)। °**किलंजय** न [°किलञ्जक] पात्र-विशेष, जिसमें गौ को खाना दिया जाता है (भग ७, ८)। °**कीड** पुं [°कीट] पशुओं की मक्खी, बघी (जी १६)। °**क्खीर**, °**खीर** न [°क्षीर] गैया का दूध (सम ६०; णाया १, १)। °**ग्गह** पुं [°ग्रह] गाय की चोरी, गौ को छीनना (पण्ह १, ३)। °**ग्गहण** न [°ग्रहण] गो-ग्रहण (णाया १, १८)। °**णिसज्जा** स्त्री [°निषद्या] आसन विशेष, गौ की तरह बैठना (ठा १, १)। °**तित्थ** न [°तीर्थ] १ गौओं का तालाब आदि में उतरने का रास्ता, क्रम से नीची जमीन (जीव ३)। २ लवण समुद्र वगैरह की एक जगह (ठा १०)। °**त्तास** वि [°त्रास] १ गौओं को त्रास देनेवाला। २ पुं. एक कूटग्राह का पुत्र (विपा

१, २)। °दास पुं [°दास] १ एक जैन-मुनि, भद्रबाहु स्वामी का प्रथम शिष्य। २ एक जैनमुनिगण (कप्प; ठा ६)। °दोहिया स्त्री [°दोहिका] १ गौ का दोहन। २ आसन विशेष, गौ दुहने के समय जिस तरह बैठा जाता है उस तरह का उपवेशन (ठा ५, १)। °दुह वि [°दुह] गौ को दोहनेवाला (षड्)। °धूलिआ स्त्री [°धूलिका] लग्न-विशेष, गौओं को चरा कर लौटने का समय, सायंकाल; 'वेलव्व गोधूलिया' (रंभा)। °पय °प्पय न [°ष्पद] १ गौ का खुर डूबे उतना गहरा; 'लद्धम्मि जम्मि जीवाण जायइ गोपयं व भवजलही' (आप ६६)। २ गोपद-परिमित भूमि (अणु)। ३ गौ का खुर (ठा ४,४)। °भद्द पुं [°भद्र] श्रेष्ठि-विशेष, शालिभद्र के पिता का नाम (ठा १०)। °भूमि स्त्री [°भूमि] गौओं को चरने की जगह (आवम)। °म वि [°मत्] गौवाला (विसे १४९८)। °मड न [°मृत] गौ का शव (णाया १, ११—पत्र १७३)। °मय न [°मय] गोबर, गौ का मल, गो-विष्ठा (भग ५, २)। °मुत्तिया स्त्री [°मूत्रिका] १ गौ का मूत्र, गोमूत्र (ओघ ६४ भा)। २ गोमूत्र के आकारवाली गृहपंक्ति (पंचव २)। °मुहिअ न [°मुखित] गौ के मुख की आकारवाली ढाल (णाया १, १८)। °रहग पुं [°रथक] तीन वर्ष का बैल (सूअ १, ४, २)। °रोयण स्त्रीन [°रोचन] स्वनाम-ख्यात पीत-वर्ण द्रव्य-विशेष, गोमस्तकस्थित शुष्क-पित्त (सुर १,१३७)। स्त्री. °णा (पंचा ४)। °लेहणिया स्त्री [°लेहनिका] ऊषर भूमि (निचू ३)। °लोम पुं [°लोम] १ गौ का रोम, बाल। २ द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष (जीव १)। °वइ पुं [°पति] १ इन्द्र। २ सूर्य। ३ राजा (सुपा १४२)। ४ महादेव। ५ बैल (हे १,२३१)। °वइय पुं [°व्रतिक] गौओं की चर्या का अनुकरण करनेवाला एक प्रकार का तपस्वी (णाया १, १५)। °वय देखो °पय (राज)। °वाड पुं [°वाट] गौओं का बाड़ा (दे १,१४९)। °व्वइय देखो °वइय (औप)। °साला स्त्री [शाला] गौओं का बाड़ा (निचू ८)। °हण न [°धन] गौओं का समूह (गा ६०९; सुर १, ४९)।

गोअ देखो गोव = गोपय्। कृ. गोअणिज्ज (नाट—मालती १२१)।

गोअंट पुं [दे] १ गौ का चरण। २ स्थल-शृङ्गाट, स्थल में होनेवाला शृङ्गाट या सिंघाड़ा का पेड़ (दे २, ९८)।

गोअग्गा स्त्री [दे] रथ्या, मुहल्ला (दे २, ९६)।

गोअल्ला स्त्री [दे] दूध बेचनेवाली स्त्री (दे २, ९८)।

गोअर पुं [गोचर] छात्रालय (दस ५, २, २)।

गोअलिणी स्त्री [गोपालिनी] ग्वालिन,

'जो गयणभूमिभंडोयरम्मि जुन्हादहीय महणेण।
पुन्निमगोअलिणीए मक्खणपिंडुव्व निम्मविओ।'
(धर्मवि ५५)।

गोआ स्त्री [गोदा] नदी-विशेष, गोदावरी नदी, 'गोआणइकच्छकुडंगवासिणा दरिअसीहेण' (गा १७५)।

गोआ स्त्री [दे] गगरी, कलशी, छोटा घड़ा (दे २, ८९)।

गोआअरी स्त्री [गोदावरी] नदी-विशेष, गोदावरी (गा ३५५)।

गोआलिआ स्त्री [दे] वर्षा ऋतु में उत्पन्न होनेवाला कीट-विशेष (दे २, ९८)।

गोआवरी देखो गोआअरी (हे २, १७४)।

गोउर न [गोपुर] नगर या किले का दरवाजा (सम १३७, सुर १, ५६)।

गोउलिय वि [गोकुलिक] गो-धन पर नियुक्त पुरुष, गोकुल-रक्षक (कुप्र ३१)।

गोंजी, गोंठी } स्त्री [दे] मंजरी, बौर (दे २, ९५)।

गोंड देखो कोंड = कौण्ड (इक)।

गोंड न [दे] कानन, वन, जंगल (दे २, ९४)।

गोंडी स्त्री [दे] मंजरी, बौर (दे २, ९५)।

गोंदल देखो गुंदल (भवि)।

गोंदीण न [दे] मयूर-पित्त, मोर का पित्त (दे २, ९७)।

गोंफ पुं [गुल्फ] पाद-ग्रन्थि, पैर की गाँठ (पण्ह १, ४)।

गोकण्ण, गोकन्न } पुं [गोकर्ण] १ गौ का कान। २ दो खुरवाला चतुष्पद-विशेष (पण्ह १, १)। ३ एक अन्तर्द्वीप, द्वीप-विशेष। ४ गोकर्ण-द्वीप का निवासी मनुष्य (ठा ४, २)।

गोकिलिंज देखो गो-कलिंजय (राय १४०)।

गोक्खुरय पुं [गोक्षुरक] एक औषधि का नाम, गोखरू (स २५६)।

गोच्चय पुं [दे] प्राजन-दण्ड, कोड़ा, चाबुक (दे २, ९७)।

गोच्छ देखो गुच्छ (से ६, ४७; गा ५३२)।

गोच्छअ, गोच्छग } पुंन [गोच्छक] पात्र वगैरह साफ करने का वस्त्र-खण्ड (कस; पण्ह २, ५)।

गोच्छड न [दे] गोमय, गो-विष्ठा (मृच्छ ३४)।

गोच्छा स्त्री [दे] मञ्जरी, बौर (दे २, ९५)।

गोच्छिय देखो गुच्छिय (औप; णाया १, १)।

गोछड देखो गोच्छड (नाट—मृच्छ ४१)।

गोजलोया स्त्री [गोजलौका] क्षुद्र कीट-विशेष, द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष (पण्ण १५)।

गोज्ज पुं [दे] १ शारीरिक दोषवाला बैल (सुपा २८१)। २ गानेवाला, गवैया, गायक;

'वीणावंससणाहं, गीयं नडनट्टछत्तगोज्जेहिं।
बंदिजणेण सहरिसं, जयसद्दालायणं च कयं'
(पउम ८५, १९)।

गोट्ठ पुं [गोष्ठ] गोबाड़ा, गौओं के रहने का स्थान (महा; पउम १०३, ४०; गा ४४७)।

गोट्ठामाहिल पुं [गोष्ठामाहिल] कर्म-पुद्गलों को जीव प्रदेश से अबद्ध माननेवाला एक जैनाभास आचार्य (ठा ७)।

गोट्ठि देखो गोट्ठी (आवम)।

गोट्ठिल्ल, गोट्ठिल्लग, गोट्ठिल्लय पुं [गौष्ठिक] एक मण्डली के सदस्य, मित्र, समान-वयस्क दोस्त (णाया १, १६—पत्र २०५; विपा १, २—पत्र ३७)।

गोट्ठी स्त्री [गोष्ठी] १ मण्डली, समान वय-वालों की सभा (प्राप्र; दसनि १; णाया १, १६)। २ वार्त्तालाप, परामर्श (कुमा)।

गोड पुं [गौड] १ देश-विशेष (स २८६)। २ वि. गौड़ देश का निवासी (पण्ह १, १)।

गोड पुं [दे] गोड़, पाद, पैर (नाट—मृच्छ १६८)।

गोडा स्त्री [गोला] नदी-विशेष, गोदावरी (गा ५८; १०३)।

गोडी स्त्री [गौडी] गुड़ की बनी हुई मदिरा, गुड़ का दारू (बृह २)।

गोड्ड वि [गौड] १ गुड़ का बना हुआ। २ मधुर, मीठा (भग १८, ६)।

गोड्ड [दे] देखो **गोड** (मृच्छ १२०)।

गोण पुं [दे] १ साक्षी (दे २, १०४)। २ बैल, वृषभ, बलीवर्द (दे २, १०४; कुमा, हे २, १७४; सुपा ५४७; औप; दस ५, १; आचा २, ३, ३; उप ६०४; विपा १, १)। °इन्न त्रि [°वत्] गाय वाला, गौओं का मालिक (सुपा ५४७)। °वइ पुंस्त्री [°पति] गौओं का मालिक, गौ वाला (सुपा ५४७)।

गोण (शौ) पुंन [गो] बैल, 'गोणो, गोणं' (प्राकृ ८८)।

गोण वि [गौण] १ गुण निष्पन्न, गुण-युक्त, यथार्थ (विपा १, २; औप)। २ अप्रधान, अमुख्य (औप)।

गोणंगणा स्त्री [गवाङ्गना] गैया, गाय (सुपा ४६५)।

गोणत्त } पुंन [दे] वैद्य का औजार रखने
गोणत्तय } का थैला (उप ३१७; स ४८४)।

गोणस पुं [गोनस] सर्प की एक जाति, फण-रहित साँप की एक जाति (पण्ह १, १; उप पृ ४०३)।

गोणा स्त्री [दे] गाय, गैया, गऊ (षड्)।

गोणिक्क पुं [दे] गो-समूह, गौओं का समूह (दे २, ६७; पाअ)।

गोणिअ त्रि [दे] गौओं का व्यापारी (वव ६)।

गोणी स्त्री [दे] गाय, गैया (ओघ २३ भा)।

गोण्ण देखो **गोण** = गौण (कप्प; णाया १, १—पत्र ३७)।

गोतिहाणी स्त्री [दे. गोत्रिहायणी] गोवत्सा, गौ की बछड़ी (तंदु ३२)।

गोत्त पुं [गोत्र] १ पर्वत, पहाड़; (श्रा १४)। २ न. नाम, अभिधान, आख्या (से १५, १०)। ३ कर्म-विशेष, जिसके प्रभाव से प्राणी उच्च या नीच जाति का कहलाता है (ठा २, ४)। ४ पुंन. गोत, वंश, कुल, जाति; 'सत्त मूलगोत्ता पण्णत्ता' (ठा ७)। °क्खलिय न [°स्खलित] नाम-विपर्यास, एक के बदले दूसरे के नाम का उच्चारण (से ११, १७)। °देवया स्त्री [°देवता] कुल-देवी (श्रा १४)। °फुस्सिया स्त्री [°स्पर्शिका] वल्ली-विशेष (पण्ण १)।

गोत्त पुंन [गोत्र] १ पूर्वज पुरुष के नाम से प्रसिद्ध अपत्य—संतति (णंदि ४६; सुज्ज १०, १६)। २ वि. वाणी का रक्षक (सूअ १, १३, ९)।

गोत्ति वि [गोत्रिन्] समान गोत्रवाला, कुटुम्बी, स्वजन (सुपा १०६)।

गोत्ति देखो **गुत्ति** (स २४२)।

गोत्तिअ वि [गोत्रिक] समान गोत्रवाला, स्वजन, भाई-बंद (श्रा ७)।

गोत्थुभ देखो **गोथुभ** (इक)।

गोत्थूभा देखो **गोथूभा** (इक)।

गोथुभ } पुं [गोस्तूप] १ ग्यारहवें जिन-
गोथूभ } देव का प्रथम-शिष्य (सम १५२; पि २०८)। २ वेलन्धर नागराज का एक आवास-पर्वत (सम ६६)। ३ न. मानुषोत्तर पर्वत का एक शिखर (दीव)। ४ कौस्तुभ-रत्न (सम, १५८)।

गोथूभा स्त्री [गोस्तूपा] १ वापी-विशेष, अंजन पर्वत पर की एक वापी (ठा ३, ३)। २ शक्रेन्द्र की एक अग्रमहिषी की राजधानी (ठा ४, २)।

गोदा स्त्री [दे गोदा] नदी-विशेष, गोदावरी (षड्; गा ६५५)।

गोध पुं [गोध] १ म्लेच्छ देश। २ गोध देश का निवासी मनुष्य (राज)।

गोधा स्त्री [गोधा] गोह, हाथ से चलनेवाली एक साँप की जाति (पण्ह १, १; णाया १, ८)।

गोन्न देखो **गोण्ण** (णाया १, १६—पत्र २००)।

गोपुर देखो **गोउर** (उत्त ६; अभि १८५)।

गोप्पहेलिया स्त्री [गोप्रहेलिका] गौओं को चरने की जगह (आजा २, १०, २)।

गोफणा स्त्री [दे] गोफन, पत्थर फेंकने का अस्त्र-विशेष (राज)।

गोमड्डा स्त्री [दे] रथ्या, मुहल्ला (दे २, ९६)।

गोमाअ } पुं [गोमायु] शृगाल, सियार, गीदड़
गोमाउ } (नाट—मृच्छ ३२०; पि १६५; णाया १, ४; स २२९; पाअ)।

गोमाणसिया स्त्री [गोमानसिका] शय्या-कार स्थान-विशेष (जीव ३)।

गोमाणसी स्त्री [गोमानसी] ऊपर देखो (जीव ३)।

गोमि } वि [गोमिन्] जिसके पास अनेक
गोमिअ } गौ हों वह, (अणु; निचू २)।

गोमिअ देखो **गोम्मिअ** (राज)।

गोमिअ: [दे] देखो **गोमा** (अणु २१२)।

गोमिक (मा) [गौरवित] संमानित (प्राकृ १०१)।

गोमी स्त्री [दे] कनखजूरा, त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (जी १६)।

गोमुह पुं [गोमुख] १ यक्ष-विशेष, भगवान् ऋषभदेव का शासन-यक्ष (संति ७)। २ एक अन्तर्द्वीप, द्वीप विशेष। ३ गोमुख-द्वीप का निवासी मनुष्य (ठा ४, २)। ४ न. उपलेपन (दे २, ८८)।

गोमुही स्त्री [गोमुखी] वाद्य-विशेष; (अणु; राय)।

गोमुही [गोमुखी] वाद्य-विशेष (राय ४६, अणु १२८)।

गोमेअ } पुं [गोमेद] रत्न की एक जाति,
गोमेज्ज } राहुरत्न (कुमा ७०; उत्त २)।

गोमेह पुं [गोमेध] १ यक्ष-विशेष, भगवान् नेमिनाथ का शासन-देव (सं ८)। २ यज्ञ-विशेष, जिसमें गौ का वध किया जाता है (पउम ११, ४१)।

गोम्मिअ पुं [गौल्मिक] कोतवाल, नगर-रक्षक (पण्ह १, २)।

गोम्ही देखो **गोमी** (राज)।

गोय देखो **गोत्त** (सम ३३; कम्म १)। °वाइ पि [°वादिन्] अपने कुल को उत्तम माननेवाला, वंशाभिमानी (आचा)।

गोय न [दे] उदुम्बर—गूलर वगैरह का फल (आव ६)।

गोय न [गोत्र] मौन, वाक्-संयम (सूअ १, १४, २०)। °वाय पुं [°वाद] गोत्र-सूचक वचन (सूअ १, ९, २७)।

गोयम पुं [गौतम] ऋषि-विशेष (ठा ७)। २ छोटा बैल (औप)। ३ न. गोत्र-विशेष (कप्प; ठा ७)।

गोयम वि [गौतम] १ गोतम गोत्र में उत्पन्न, गोतम-गोत्रीय; 'जे गोयमा ते सत्तविहा पएणत्ता' (ठा ७; भग जं १)। २ पुं. भगवान् महावीर का प्रधान-शिष्य (भग १४, ७; उवा)। ३ इस नाम का एक राज-कुमार, राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र, जो भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर शत्रुञ्जय पर्वतपर मुक्त हुआ था (अन्त २)। ४ एक मनुष्य-जाति, जो बैल द्वारा भिक्षा माँग कर अपना निर्वाह चलाती है (णाया १, १४)। ५ एक ब्राह्मण (उप ६१७)। ६ द्वीप विशेष (सम ८०; उप ५६७ टी)। °केसिज्ज न [°केशीय] 'उत्तराध्ययन' सूत्र का एक अध्ययन, जिसमें गौतम स्वामी और केशिमुनि का संवाद है (उत्त २३)। °सगुत्त वि [°सगोत्र] गोतम गोत्रीय (भग; आवम)। °सामि पुं [°स्वामिन्] भगवान् महावीर के सर्व-प्रधान शिष्य का नाम (विपा १, १—पत्र २)।

गोयमज्जिया, गोयमेज्जिया स्त्री [गौतमार्यिका] जैनमुनि-गण की एक शाखा (राज; कप्प)।

गोयर पुं [गोचर] १ गौओं को चरने की जगह, 'णो गोयरे णो वणगाणियाणं' (बृह ३)। २ विषय; 'अंबुरुहगोयरं णमह··· सयंभुं' (गउड)। ३ इन्द्रिय का विषय, प्रत्यक्ष; 'इअ राया उज्जाणं तं कासी नयणगोअरं सव्वं' (कुमा)। ४ भिक्षाटन, भिक्षा के लिए भ्रमण (ओघ ६६ भा; दस ५, १)। ५ भिक्षा, माधुकरी (उप २०४)। ६ वि. भूमि में विचरनेवाला; 'विभवणगोयराण पुलिंदाण' (गउड)। °चरिआ स्त्री [°चर्या] भिक्षा के लिए भ्रमण (उप १३७ टी; पउम ४, ३)। °भूमि स्त्री [°भूमि] १ पशुओं को चरने की जगह (दे ३, ४०)। २ भिक्षा-भ्रमण की जगह (ठा ६)। °वत्ति वि [°वर्त्तिन्] भिक्षा के लिए भ्रमण करनेवाला (गा २०४)।

गोयरी स्त्री [गौचरी] भिक्षा, माधुकरी (सुपा २६६)।

गोर पुं [गौर] १ शुक्ल-वर्ण, सफेद रंग। २ वि. गौर वर्णवाला, शुक्ल (गउड; कुमा)। ३ अवदात, निर्मल (णाया १, ८)। °खर पुं [°खर] गर्दभ की एक जाति (पएण १)। °गिरि पुं [°गिरि] पर्वत-विशेष, हिमाचल (निचू १)। °मिग पुं [°मृग] १ हरिण की एक जाति। २ न. उस हरिण के चमड़े का बना हुआ वस्त्र (आचा २, ५, १)।

गोरअ देखो **गोरव** (गा ८६)।

गोरंग वि [गौराङ्ग] गोरा शरीरवाला, शुक्ल शरीरवाला (कप्पू)।

गोरंफिडी स्त्री [दे] गोधा, गोह, जन्तु-विशेष (दे २, ६८)।

गोरडित वि [दे] स्रस्त, ध्वस्त (षड्)।

गोरव न [गौरव] १ महत्व, गुरुत्व (प्रासू ३०)। २ आदर, सम्मान, बहुमान (विसे ३४७३; रयण ५३)। ३ गमन, गति (ठा ६)।

गोरविअ वि [गौरवित] सम्मानित, जिसका आदर किया गया हो वह (दे ४, ५)।

गोरव्व वि [गौरव्य] गौरव-योग्य (धर्मवि ६४; कुप्र ३७७)।

गोरस पुंन [गोरस] गोरस, दूध, दही, मट्ठा या छाछ वगैरह (णाया १, ८; ठा ४, १)।

गोरस पुं [गोरस] वाणी का आनन्द (सिरि १४०)।

गोरह पुं [दे] हल में जोतने योग्य बैल (आचा २, ४२, ३)।

गोरा स्त्री [दे] लाङ्गल-पद्धति, हल-रेखा। २ चक्षु, आँख। ३ ग्रीवा, गर्दन या डोक (दे २, १०४)।

गोरि° देखो **गोरी** (हे १, ४)।

गोरिअ न [गौरिक] विद्याधर का नगर-विशेष (इक)।

गोरी स्त्री [गौरी] १ शुक्ल-वर्णा स्त्री (हे ३, २८)। २ पार्वती, शिव-पत्नी (कुमा; सुपा २४०; गा १)। ३ श्रीकृष्ण की एक स्त्री का नाम (अंत १५)। ४ इस नाम की एक विद्या-देवी (संति ६)। °कूड न [°कूट] विद्याधर-नगर-विशेष (इक)।

गोरी स्त्री [गौरी] विद्या-विशेष (सूअ २, २, २७)।

गोरूव न [गोरूप] प्रशस्त गाय (धर्मवि ११२)।

गोल पुं [दे] १ साक्षी (दे २, ६५)। २ पुरुष का निन्दा-गर्भ आमन्त्रण (णाया १, ६)। ३ निष्ठुरता, कठोरता (दस ७)।

गोल पुं [गोल] १ वृक्ष-विशेष, 'कदम्बगोलणिहकंटअंतणिअंगे' (अच्चु ५८)। २ गोलाकार, वृत्ताकार, मण्डलाकार वस्तु (ठा ४, ४; अनु ५)। ३ गोलक, कुंडा (सुपा २७०)। ४ गेंद, कन्दुक (सूअ १, ४)।

गोल पुंस्त्री [दे] गोला, जार से उत्पन्न, कुंड (दस ७, १४)। स्त्री. °ली (दस ७, १६)।

गोलग, गोलय पुं [गोलक] ऊपर देखो (सूअ २, २; उप पृ ३६२ काल)।

गोलव्वायण न [गौलव्यायन] गोत्र-विशेष (सुज १०, १६)।

गोला स्त्री [दे] गौ, गैया (दे २, १०४; पाअ)। २ नदी, कोई भी नदी। ३ सखी, सहेली, संगिनी (दे २, १०४)। गोदावरी नदी (दे २, १०४; गा ५८; १७५; हेका २६७; पि ८५; १६४; पाअ; षड्)।

गोलिय पुं [गौडिक] गुड़ बनानेवाला (वव ६)।

गोलिया स्त्री [दे] १ गोली, गुटिका (राय; अणु)। गेंद, लड़कों के खेलने की एक चीज; 'तीए दासीए घडो गोलियाए भिन्नो' (दसनि २)। ३ बड़ा कुण्डा, बड़ी, थाली (ठा ८)। °लिंछ, °लिच्छ न [°लिञ्छ, °लिच्छ] १ चुल्ली, चूल्हा। २ अग्नि-विशेष (ठा ८—पत्र ४१७)।

गोलियायण न [गोलिकायन] १ गोत्र-विशेष, जो कौशिक गोत्र की एक शाखा है। २ वि. गोलिकायन-गोत्रीय (ठा ७)।

गोली स्त्री [दे] मथनी या मथानी, मथनिया, दही मथने की लकड़ी, रही (दे २, ६५)।

गोल्ल न [दे] बिम्बी-फल, कुन्दरुन का फल (णाया १, ८; कुमा)।

गोल्ल पुं [गौल्य] १ देश-विशेष (आवम)। २ न. गोत्र-विशेष, जो काश्यप गोत्र की शाखा है। ३ वि. गौल्य गोत्र में उत्पन्न (ठा ७)।

गोल्हा स्त्री [दे] बिम्बी, वल्ली-विशेष, कुन्दरुन की लतर (दे २, ६५; आवम; पाअ)।

गोव सक [गोपय्] १ छिपाना। २ रक्षण करना। गोवए, गोवेइ (सुपा ३४६; महा)।

कवकृ. गोविज्जंत (सुपा ३३७; सुर ११, १६२; प्रासू ६५)।

गोव } पुं [गोप] गौओं का रक्षक, ग्वाला,
गोवअ } गोपाल (उवा ७; दे २, ५८; कप्पू)। °गिरि पुं [°गिरि] पर्वत-विशेष; 'गोवगिरिसिहरसंठियचरमजिणाययणदारमवरुद्धं (मुणि १०८९७)।

गोवड्ढण देखो गोवद्धण (पि २९१)।

गोवण न [गोपन] १ रक्षण। २ छिपाना (श्रा २८; उप ५९७ टी)।

गोवद्धण पुं [गोवर्धन] १ पर्वत-विशेष (पि २९१)। २ ग्राम विशेष (पउम २०, ११५)।

गोवय वि [गोपक] छिपानेवाला, ढाँकनेवाला (संबोध ३४)।

गोवर पुंन [दे] गोबर, गोमय, गो-विष्ठा (दे २, ९६; उप ५९७ टी)।

गोवर पुं [गोवर] १ मगध देश का एक गाँव, गौतम-स्वामी की जन्मभूमि (आक)। २ वणिग्-विशेष (उप ५९७ टी)।

गोवल न [गोबल] १ गोधन, गोकुल, गौओं का समूह; 'रिति गोवलाइं' (सुपा ४३३)। २ गोत्र-विशेष (सुज्ज १०)।

गोवलायण देखो गोवल्लायण (सुज्ज १०)।

गोवलिय पुं [गोबलिक] ग्वाला, अहीर (सुपा ४३३)।

गोवल्ल पुंन [गोवल] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १६ टी)।

गोवल्लायण वि [गोवलायन] १ गोवल गोत्र में उत्पन्न। २ न. गोत्र विशेष (इक)।

गोवा पुं [गोपा] गौओं का पालन करनेवाला, ग्वाला (प्रामा)।

गोवाय सक [गोपाय्] १ छिपाना। २ रक्षण करना। वकृ. गोवायंत (उप ३५७)।

गोवाल पुं [गोपाल] गौ पालनेवाला, ग्वाला, अहीर (दे २, २८)। °गुज्जरी स्त्री [°गुर्जरी] भैरव रागवाली भाषा-विशेष, गुजरात के अहीरों का गीत (कुमा)।

गोवालय पुं [गोपालक] ऊपर देखो (पउम ५, ९६)।

गोवालि पुं [गोपालिन्] ग्वाला, गोप, अहीर (सुपा ४३२; ४३३)।

गोवालिणी स्त्री [गोपालिनी] गोप-स्त्री, अहीरिन, ग्वालि (सुपा ४३२)।

गोवालिय पुं [गोपालिक] गोप, अहीर, ग्वाला (सुपा ४३३)।

गोवालिया स्त्री [गोपालिका] गोप-स्त्री, गोपी, अहीरिन (णाया १, १६)।

गोवाली स्त्री [गोपाली] वल्ली-विशेष (पण्ण १)।

गोविअ वि [दे] अजल्पाक, नहीं बोलनेवाला (दे २, ९७)।

गोविअ वि [गोपित] १ छिपाया हुआ। २ रक्षित (सुर १, ८८; निर १, ३)।

गोविआ स्त्री [गोपिका] गोपांगना, अहीरिन (कुमा; गा ११४)।

गोविंद पुं [गोपेन्द्र] १ स्वनाम-ख्यात एक योग-विषयक ग्रन्थकार। २ एक जैनमुनि (पंचव; णंदि)।

गोविंद पुं [गोविन्द] १ विष्णु, कृष्ण। २ एक जैन मुनि (ठा १०)। °णिज्जुत्ति स्त्री [°निर्युक्ति] इस नाम का एक जैन दार्शनिक ग्रन्थ (निचू ११)।

गोविल्ल न [दे] कञ्चुक, चोली (दे २, ९४)।

गोवी स्त्री [दे] बाला; कन्या, कुमारी, लड़की (दे २, ९६)।

गोवी स्त्री [गोपी] गोपांगना, अहीरिन (सुपा ४३५)।

गोव्वर [दे] देखो गोवर (उप ५९३; ५९७ टी)।

गोस पुंन [दे] प्रभात, सुबह, प्रातःकाल (दे २, ९६; सण; गउड; वव ६; पंचव २; पाअ; षड्; पव ४)।

गोसंधिय पुं [गोसंधित] गोपाल, अहीर (राज)।

गोसग्ग पुंन [दे गोसर्ग] प्रातःकाल, प्रभात (दे २, ९६; पाअ)।

गोसण्ण वि [दे] मूर्ख, बेवकूफ (दे २, ९७; षड्)।

गोसाल } पुं. ब. [गोशाल] १ देश-विशेष
गोसालग } (पउम ९८, ६५)। २ पुं. भगवान् महावीर का एक शिष्य, जिसने पीछे अपना आजीविक मत चलाया था (भग १५)।

गोसाविआ स्त्री [दे] १ वेश्या, वारांगना (मृच्छ ५५)। २ मूर्ख-जननी (नाट—मृच्छ ७०)।

गोसिय वि [दे] प्रभातिक, प्रातःकाल-संबन्धी (सण)।

गोसीस न [गोशीर्ष] चन्दन-विशेष, सुगन्धित काष्ठ-विशेष (पण्ह २, ४; ५; कप्प; सुर ४, १४; सण)।

गोह पुं [दे] १ गाँव का मुखिया (दे २, ८९)। २ भट, सुभट, योद्धा (दे २, ८९; महा)। ३ जार, उपपति (उप पृ २१५)। ४ सिपाही, पुलिस (उप पृ ३३५)। ५ पुरुष, आदमी, मनुष्य (मृच्छ ५७)।

गोह पुं [दे] कोतवाल आदि क्रूर मनुष्य (सुख ३, ६)। २ वि. ग्रामीण, ग्राम्य, गँवार या गँवारू, देहाती (सुख २, १३)।

गोहा देखो गोधा (दे २, ७३; भग ८, ३)।

गोहिया स्त्री [गोधिका] १ गोधा, गोह, जलजन्तु-विशेष (सुर १०, १८६)। २ साँप की एक जाति (जीव २)। ३ वाद्य-विशेष (अणु)।

गोहुर न [दे] गोमय, गो-विष्ठा (दे २, ९६)।

गोहूम पुं [गोधूम] अन्न-विशेष, गेहूँ (कस)।

गोहेर } पुं [गोधेर] जन्तु-विशेष, साँप
गोहेरय } की तरह का जानवर (पउम ४८, ९२; ९१)।

°ग्गह देखो गह = ग्रह (गउड)।

°ग्गहण देखो गहण = ग्रहण (अभि ५६)।

°ग्गहण देखो गहण = ग्रहण (कुमा)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे गआराइसद्दसंकलणो
बारहमो तरंगो समत्तो ॥

घ

घ पुं [घ] कण्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्राप; प्रामा)।

घअंद न [दे] मुकुर, दर्पण (षड्)।

घइं (अप) म पाद-पूरक और अनर्थक अव्यय (हे ४, ४२४; कुमा)।

घओअ } पुं [घृतोद] १ समुद्र-विशेष, घओद } जिसका पानी घी के तुल्य स्वादिष्ट है (इक; ठा ७)। २ मेघ-विशेष (तित्थ) ३ वि. जिसका पानी घी के समान मधुर हो ऐसा जलाशय। स्त्री. °आ, °दा (जीव ३; राय)।

घंघ पुं [दे] गृह, मकान, घर (दे २, १०५)। °साला स्त्री [°शाला] अनाथ-मण्डप, भिक्षुओं का आश्रय-स्थान (ओघ ६३६; वव ७; आचा)।

घंघल (अप) न [झकट] १ झगड़ा, कलह (हे ४, ४२२)। २ मोह, घबराहट (कुमा)।

घंघलिअ वि [दे] घबड़ाया हुआ (संवे ६; धर्मवि १३४)।

घंघोर वि [दे] भ्रमण-शील, भटकनेवाला (दे २, १०६)।

घंचिय पुं [दे] तेली, तेल निकालनेवाला; गुजराती में 'घांची' (सुर १६, १९०)।

घंट पुंस्त्री [घण्ट] घण्टा, कांस्य-निर्मित वाद्य-विशेष (ओघ ८६ भा)। स्त्री. °टा (हे १, १९५; राय)।

घंटिय पुं [घण्टिक] चाण्डाल का कुल-देवता, यक्ष-विशेष (बृह १)।

घंटिय पुं [घाण्टिक] घण्टा बजानेवाला (कप्प)।

घंटिया स्त्री [घण्टिका] १ छोटी घण्टी (प्रामा)। २ किंकिणी, घुँघुरू (सुर १,२४८; जं २)। ३ आभरण-विशेष (णाया १, ६)।

घंस पुं [घर्ष] घर्षण, घिसन (णाया १, १—पत्र ६३)।

घंसण न [घर्षण] घिसन, रगड़ (स ४७)।

घंसिय वि [घर्षित] घिसा हुआ, रगड़ा हुआ (औप)।

घक्कूण देखो घे।

घग्घर न [दे] घँघरा, घघरा, लहँगा, स्त्रियों के पहनने का एक वस्त्र (दे २, १०७)।

घग्घर पुं [घर्घर] १ शब्द-विशेष (गा८००)। २ खोखला गला; 'घग्घरगलम्मि' (दे ६,१७)। ३ खोखला आवाज; 'रुयमाणी घग्घरेण-सद्देण' (सुर २, ११२)। ४ न. श्याद्वल, शैवाल या सेवार वगैरह का समूह (गउड)।

घट्ट सक [घट्ट्] १ स्पर्श करना, छूना। २ हिलना, चलना। ३ संघर्ष करना। ४ आहत करना। घट्टइ (सुपा ११६)। वकृ. घट्टंत (ठा ७)। कवकृ. घट्टिज्जंत (से २, ७)।

घट्ट सक [घट्टय्] हिलाना। संकृ. घट्टियाण (दस ५, १, ३०)।

घट्ट अक [भ्रंश्] भ्रष्ट होना। घट्टइ (षड्)।

घट्ट पुं [दे] १ कुसुम्भ रंग से रँगा हुआ वस्त्र। २ नदी का घाट। ३ वेणु, वंश, बाँस (दे २, १११)।

घट्ट पुं [घट्ट] १ शर्कराप्रभा-नामक नरक-भूमि का एक नरकावास (इक)। २ पुंन. जमाव (श्रा २८)। ३ समूह, जत्था; 'हयघट्टाइं' (सुपा २५६)। ४ वि. गाढ़ा, निबिड; 'मूल घट्टकररुहओ' (सुपा ११)।

घट्टंसुअ न [दे. घटांशुक] वस्त्र-विशेष, बूटेदार कौसुम्भ वस्त्र (कुमा)।

घट्टण वि [घट्टन] चालक, हिला देनेवाला (पिंड ६३३)।

घट्टण न [घट्टन] १ छूना, स्पर्श करना। २ चलाना, हिलाना (दस ४)।

घट्टणग पुं [घट्टनक] पात्र वगैरह को चिकना करने के लिए उस पर घिसा जाता एक प्रकार का पत्थर (बृह ३)।

घट्टणया } स्त्री [घट्टना] १ आघात, आह-घट्टणा } नन (औप; ठा ४,४)। २ चलन, हिलन (ओघ ६)। ३ विचार। ४ पृच्छा (बृह ४)। ५ कदर्थना, पीड़ा (आचा)। ६ स्पर्श; छूना (पएण १६)।

घट्टय देखो घट्ट (महा)।

घट्टिय वि [घट्टित] १ आहत, संघर्ष-युक्त (जं १)। २ प्रेरित, चालित (पण्ह १, ३)। ३ स्पृष्ट, छुआ हुआ (जं १; राय)।

घट्ठ वि [घृष्ट] १ घिसा हुआ (हे २ १७४; औप; सम १३७)।

घड सक [घट्] १ चेष्टा करना। २ करना, बनाना। अक. परिश्रम करना। ४ संगत होना, मिलना। घडइ (हे १, १९५) वकृ. घडंत, घडमाण (से १, ५; निचू १)। कृ. घडियव्व (णाया १, १—पत्र ६०)।

घड सक [घटय्] १ मिलाना, जोड़ना, संयुक्त करना। २ बनाना, निर्माण करना। ३ संचालन करना। घडेइ (हे ४, ५०)। भवि. घडिस्सामि (स ३६४)। वकृ. घडंत (सुपा २५५)। संकृ. घडिअ (दस ५, १)।

घड पुं [घट] घड़ा, कुम्भ, कलश (हे १, १९५)। °कार पुं [°कार] कुम्भकार, मिट्टी का बरतन बनानेवाला (उप पृ ४१५)। °चेडिया स्त्री [°चेटिका] पानी भरनेवाली दासी, पनहारिन (सुपा ४९०)। °दास पुं [°दास] पानी भरनेवाला नौकर, पनिहारा (आचा)। °दासी स्त्री [°दासी] पानी भरने-वाली, पनिहारी (सूअ १, १५)।

घड वि [दे] सृष्टीकृत, बनाया हुआ (षड्)।

घडइअ वि [दे] संकुचित (षड्)।

घडग पुं [घटक] छोटा घड़ा (जं २; अणु)।

घडगार देखो घड-कार (वव १)।

घडचडग पुं [घटचटक] एक हिंसा-प्रधान संप्रदाय (मोह १००)।

घडण स्त्रीन [घटन] १ घटना, प्रसंग (वि १३)। २ अन्वय, संबंध (चेइय ४६७)।

घडण न [घटन] १ घड़ना या गढ़ना, कृति, निर्माण (से ७, ७१)। २ यत्न, चेष्टा, परि-श्रम (अनु ४; पण्ह २, १)।

घडणा स्त्री [घटना] मिलान, मेल, संयोग (सूअ १, १, १)।

घडय देखो घडग (जं २)।

घडा स्त्री [घटा] समूह, जत्था (गउड)।

घडाघडी स्त्री [दे] गोष्ठी, सभा, मण्डली (षड्)।
घडाव सक [घटय्] १ बनाना। २ बनवाना। ३ संयुक्त करना, मिलाना। घडावइ (हे ४, ३४०)। संकृ. **घडावित्ता** (आवम)।
घडि वि [घटिन्] घटवाला (अणु १४४)।
घडि° स्त्री [घटी] देखो घडिआ = घटिका (प्रासू ५५)। °मंतय, °मत्तय न [°मात्रक] छोटे घड़े के आकार का पात्र-विशेष (राज; कस)। °जंत न [°यन्त्र] रेंट, रेंहट, पानी निकालने का कल (पाअ)।
घडिअ वि [घटित] १ कृत, निर्मित (पाअ)। २ संसक्त संबद्ध, श्लिष्ट, मिला हुआ (पाअ; स १६४; औप; महा)।
घडिअघडा स्त्री [दे] गोष्ठी, मण्डली (दे २, १०५)।
घडिआ स्त्री [घटिका] १ छोटा घड़ा, कलशी (गा ४६०; श्रा २७)। २ घड़ी, मुहूर्त (सुपा १०८)। ३ समय बतानेवाला यन्त्र, घटी-यन्त्र, घड़ी (पाअ)। °लय न [°लय] घण्टागृह, घण्टा बजाने का स्थान (सुर ७, १७)।
घडिआ, घडी स्त्री [दे] गोष्ठी, मण्डली (षड्; दे २, १०५)।
घडिगा देखो घडिआ (सूअ १, ४, २, १४)।
घडी स्त्री [घटी] देखो घडिआ (स २३८; प्रारू)।
घडुक्कय पुं [घटोत्कच] भीम का पुत्र (हे ४, २९९)।
घडुब्भव वि [घटोद्भव] १ घट से उत्पन्न। २ पुं. ऋषि-विशेष, अगस्त्य मुनि (प्रारू)।
घढ न [दे] थूहा, टीला, स्तूप (पाअ)।
घण पुं [घन] १ मेघ, बादल (सुर १३, ४५; प्रासू ७२)। २ हथौड़ा (दे ६, ११)। ३ गणित-विशेष, तीन अंकों का पूरण करना, जैसे दो का घन आठ होता है (ठा १०—पत्र ४९६; विसे ३५४०)। ४ वाद्य का शब्द-विशेष, कांस्यताल वगैरह (ठा २, ३)। ५ वि. दृढ, ठोस (औप)। ६ अविरल, निबिड़, निश्छिद्र, सान्द्र (कुमा; औप)। ७ गाढ, प्रगाढ; 'जाया पीई घणा तेसिं' (उप ५९७ टी)। ८ अतिशय, अधिक, अत्यन्त (राय)। ९ कठिन, तरलता-रहित, स्त्यान (जी ७; ठा ३, ४)। १० न. देवविमान-विशेष (सम ३७)। ११ पिण्ड (सूअ १, १, १)। १२ वाद्य-विशेष (सुज्ज १२)। °उदहि देखो घणोदहि (भग)। °णिचिय वि [°निचित] अत्यन्त निबिड़ (भग ७, ८; औप)। °तव न [°तपस्] तपश्चर्या-विशेष (उत्त ३)। °दंत पुं [°दन्त] १ इस नाम का एक अन्तर्द्वीप। २ उसका निवासी मनुष्य (ठा ४, २)। °माल न [°माल] वैताढ्य पर्वत पर स्थित विद्याधर-नगर-विशेष (इक)। °मुइंग पुं [°मृदङ्ग] मेघ की तरह गम्भीर आवाजवाला वाद्य-विशेष (औप)। °रह पुं [°रथ] एक जैन मुनि (पउम २०; १९)। °वाउ पुं [°वायु] स्त्यान वायु, जो नरक-पृथ्वी के नीचे है (उत्त ३६)। °वाय पुं [°वात] देखो °वाउ (भग; जी ७)। °वाहण पुं [°वाहन] विद्याधरों के राजा का नाम (पउम ५, ७७)। °विज्जुआ स्त्री [°विद्युता] देवी-विशेष, एक दिक्कुमारी देवी का नाम (इक)। °समय पुं [°समय] वर्षा-काल, वर्षा ऋतु (कुमा पाअ)।
घणंगुल पुंन [घनाङ्गुल] परिमाण-विशेष, सूची से गुना हुआ प्रतरांगुल (अणु १५८)।
घणसंमद्द पुं [घनसंमर्द] ज्योतिष-प्रसिद्ध योग विशेष, जिसमें चन्द्र या सूर्य ग्रह अथवा नक्षत्र के बीच में होकर जाता है वह योग (सुज्ज १२—पत्र २३३)।
घणघणाइय न [घनघनायित] रथ की घनघनाहट या गड़गड़ाहट, अव्यक्त शब्द-विशेष (पण्ह १, ३)।
घणवाहि पुं [दे] इन्द्र, स्वर्गपति (दे २, १०७)।
घणसार पुं [घनसार] कपूर (पाअ; भवि)। °मंजरी स्त्री [°मञ्जरी] एक स्त्री का नाम (कप्पू)।
घणा स्त्री [घना] धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी, इन्द्राणी-विशेष (णाया २, १—पत्र २५१)।
घणा स्त्री [घृणा] घृणा, जुगुप्सा, गर्हा (प्राप्र)।
घणिय न [घनित] गर्जना, गर्जन (सुज्ज २०)।
घणोदहि पुं [घनोदधि] पत्थर की तरह कठिन जल-समूह (सम ३७)। °वलय न [°वलय] वलयाकार कठिन जल-समूह (पण्ण २)।
घण्ण पुं [दे] १ उर, वक्षस्, छाती। २ वि. रक्त, रंगा हुआ (दे २, १०५)। ३ घात्य, मार डालने योग्य (सूत्र कृ० २—७, पत्र ४१०)।
घत्त सक [क्षिप्] १ फेंकना, डालना। २ प्रेरणा। घत्तइ (हे ४, १४३)। संकृ. 'अंकाओ घत्तिऊण वरवीणं' (पउम ७८, २०; स ३५१)।
घत्त सक [ग्रह्] ग्रहण करना। भवि. घत्तिस्सं (प्रयौ ३३)।
घत्त सक [गवेषय्] खोजना, ढूँढ़ना, अनुसंधान करना। घत्तइ (हे ४, १८९)। संकृ **घत्तिअ** (कुमा)।
घत्त सक [यत्] यत्न करना, उद्योग करना। घत्तह (तंदु ५६)।
घत्त वि [घात्य] १ मार डालने योग्य। २ जो मारा जा सके (पि २८१, सूअ २, ७, ६; ८)।
घत्तण न [क्षेपण] फेंकना (कुमा)।
घत्ता स्त्री [घत्ता] छन्द विशेष (पिंग)।
घत्ताणंद न [घत्तानन्द] छन्द-विशेष (पिंग)।
घत्ति अ [दे] शीघ्र, जल्दी (प्राकृ ८१)।
घत्तिय वि [क्षिप्त] प्रेरित (स २०७)।
घत्तु वि [घातुक] मारनेवाला, घातक, जल्लाद (उत्त १८, ७)।
घत्थ वि [ग्रस्त] गृहीत, पकड़ा हुआ (पिंड ११९)।
घत्थ वि [ग्रस्त] १ भक्षित, निगला हुआ, कवलित (पउम ७१, ५१; पण्ह १, ५)। २ आक्रान्त, अभिभूत (सुपा ३५२; महा)।
घम्म पुं [घर्म] घाम, गरमी, संताप, धूप (दे १, ८७; गा ४१४)। २ पसीना, स्वेद (हे ४, ३२७)।
घम्मा स्त्री [घर्मा] पहली नरक-पृथिवी (ठा ७)।
घम्मोई स्त्री [दे] तृण-विशेष (दे २, १०६)।
घम्मोडी स्त्री [दे] १ मध्याह्न काल। २ मशक, मच्छर, क्षुद्र जन्तु-विशेष। ३ ग्रामणी नामक-तृण (दे २, ११२)।

घय न [घृत] घी, घृत (हे १, १२६; सुर १६, ६३)। °आसव पुं [°श्रव] जिसका वचन घी की तरह मधुर लगे ऐसा लब्धिमान् पुरुष (श्रावम)। °किट्ट न [°किट्ट] घी का मैल (धर्म २)। °किट्टिया स्त्री [°किट्टिका] घी का मैल (पव ४)। °गोल न [°गोल] घी और गुड़ की बनी हुई एक प्रकार की मिठाई, मिष्टान्न-विशेष (सुपा ६३३)। °घट्ट पुं [°घट्ट] घी का मैल (बृह १)। °पुन्न पुं [°पूर्ण] घेवर, मिष्टान्न विशेष (उप १४२ टी)। °पूर पुं [°पूर] घेवर या घीवर, मिष्टान्न-विशेष (सुपा ११)। °पूसमित्त पुं [°पुष्यमित्र] एक जैन मुनि, आर्यरक्षित सूरि का एक शिष्य (आचू १)। °मंड पुं [°मण्ड] ऊपर का घी, घृतसार (जीव ३)। °मिल्लिया स्त्री [°इलिका] घी का कीट, क्षुद्र जन्तु-विशेष (जो १६)। °मेह पुं [°मेघ] घी के तुल्य पानी बरसनेवाली वर्षा (जं ३)। °वर पुं [°वर] द्वीप-विशेष (इक)। °सागर पुं [°सागर] समुद्र-विशेष (दीव)।

घयण पुं [दे] भाण्ड, भाँड़ा, भडवा (उप पृ २०४; २७५; पंचव ४)।

घयपूस पुं [घृतपुष्य] एक जैन महर्षि (कुलक २२)।

घर पुंन [गृह] घर, मकान, गृह (हे २, १४४; ठा ५, प्रासू ७५)। °कुडी स्त्री [°कुटी] १ घर के बाहर की कोठरी। २ चौक के भीतर की कुटिया (ओघ १०५)। ३ स्त्री का शरीर (तंदु)। °कोइला, °कोइलिआ स्त्री [°कोकिला] गृहगोधा, छिपकली (पिंड; सुपा ६४०)। °गोली स्त्री [°गोली] गृह-गोधा, छिपकली (दे २, १०५)। °गोहिआ स्त्री [°गोधिका] छिपकली, जन्तु-विशेष (दे २, १६)। °जामाउय पुं [°जामातृक] घर-जमाई, ससुर घर में ही हमेशा रहनेवाला जामाता (णाया १, १६)। °त्थ पुं [°स्थ] गृही, संसारी, घरबारी (प्रासू १३१)। °नाम न [°नामन्] असली नाम, वास्तविक नाम (महा)। °वाडय न [°पाटक] ढकी हुई जमीन वाला घर (पाअ)। °वार न [°द्वार] घर का दरवाजा (काप्र १६५)। °सउणि पुं [°शकुनि] पालतू जानवर (वव २)। °समुदाणिय पुं [समुदानिक] आजीविक मत का अनुयायी साधु (औप)। °सामि [°स्वामिन्] घर का मालिक (हे २, १४४)। °सामिणी स्त्री [°स्वामिनी] गृहिणी, स्त्री (पि ९२)। °सूर [°शूर] अलीक शूर, झूठा शूर, घर में ही बहादुरी दिखानेवाला (दे)।

घरंगण न [गृहाङ्गण] घर का आँगन, चौक (गा ४४०)।

घरकुडी स्त्री [गृहकुटी] स्त्री-शरीर (तंदु ४०)।

घरग देखो **घर** (जीव ३)।

घरघंट पुं [दे] चटक, गौरैया पक्षी (दे २, १०७; पाअ)।

घरघरग पुं [दे] गला का आभूषण-विशेष (जं १)।

घरट्ट पुं [घरट्ट] जाँता, चक्की, अन्न पीसने का पाषाण यन्त्र (गा ८००; सण)।

घरट्ट पुं [दे] अरघट्ट, अरहट, पानी का चरखा (निचू १)।

घरट्टी स्त्री [घरट्टी] शतघ्नी, तोप (दे ३, १०)।

घरणी देखो **घरिणी**; 'तं वरघरणि वरणि व' (७२८ टी; प्रासू ४५)।

घरयंद पुं [दे] आदर्श, दर्पण, शीशा (दे २, १०७)।

घरस पुं [दे. गृहवास] गृहाश्रम, गृहस्थाश्रम (बृह ३)।

घरसण देखो **घंसण** (सण)।

घरिंत वि [गृहवत्] घरवाला, गृहस्थ (प्राकृ ३५)।

घरिणी स्त्री [गृहिणी] घरवाली, स्त्री, भार्या, पत्नी (उप ७२८ टी; से २, ३८; सुर २ १००; कुमा)।

घरिल्ल पुं [गृहिन्] गृही, संसारी, घरबारी (गा ७३६)।

घरिल्ला स्त्री [गृहिणी] घरवाली, स्त्री, पत्नी (कुमा)।

घरिल्ली स्त्री [दे. गृहिणी] गृहिणी, पत्नी (दे २, १०६)।

घरिस पुं [घर्ष] घर्षण, रगड़ (णाया १, १६)।

घरिसण न [घर्षण] घर्षण, रगड़ (सण)।

घरोइला स्त्री [दे] गृहगोधा, छिपकली; बिस्तुइया (पि १६८)।

घरोल न [दे] गृह-भोजन-विशेष (दे २, १०६)।

घरोलिया } स्त्री [दे] गृहगोधिका, छिपकली;
घरोली } गुजराती में 'घरोली' (पण्ह १, १; दे २, १०५)।

घलघल पुं [घलघल] 'घल-घल' आवाज, ध्वनि-विशेष (विपा १, ६)।

घल्ल सक [क्षिप्] फेंकना, डालना, घालना। घल्लइ, घल्लंति (भवि; हे ४, ३३४; ४२२)।

घल्ल वि [दे] अनुरक्त, प्रेमी (दे २, १०५)।

घल्लय } पुं [दे] द्वीन्द्रिय जीव की एक
घल्लोय } जाति (सुख ३६, १३०; उत्त ३६, १३०)।

घल्लिअ वि [क्षिप्त] फेंका हुआ, डाला हुआ (भवि)।

घल्लिअ वि [दे] घटित, निर्मित, किया हुआ; 'अइरुट्ठेणं तेणावि घल्लिओ तिक्खखग्गप्पुरुघाओ' (सुपा २४६)।

घस सक [घृष्] १ घिसना, रगड़ना। २ मार्जन करना, सफा करना। घसइ (महा; षड्) संकृ. 'घसिऊण अरणिकट्ठं अग्गी पज्जालिओ मए पच्छा' (सुर ७, १८६)।

घस स्त्रीन [दे] १ फटी हुई जमीन, फाटवाली भूमि (आचा २, १०, २)। २ शुषिर भूमि, पोली जमीन। ३ क्षार भूमि (दस ६, ३२)।

घसण देखो **घंसण** (सुपा १४; दे १, १६६)।

घसणिअ वि [दे] अन्विष्ट, गवेषित (षड्)।

घसणी स्त्री [घर्षणी] सर्प-रेखा, टेढ़ी लकीर (स ३५७)।

घसा स्त्री [दे] १ पोली जमीन। २ भूमि-रेखा, लकीर (राज)।

घसिय वि [घृष्ट] घिसा हुआ, रगड़ा हुआ (दसा ५)।

घसिर वि [ग्रसितृ] बहु-भक्षक, बहुत खानेवाला (ओघ १३३ भा)।

घसी स्त्री [दे] १ भूमि-राजि, लकीर। २ नीचे उतरना, अवतरण (राज)।

घसी स्त्री [दे] जमीन का उतार, ढाल (आचा २, १, ५, ३)।

घसुमर वि [घस्मर] खाने की आदतवाला, खाधुक (प्राकृ २८)।

घाइ वि [घातिन्] घातक, नाशक, हिंसक (गा ४३७; विसे १२३८; भग)। °**कम्म** न [°कर्मन्] कर्म-विशेष; ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय ये चार कर्म (अंत)। °**चउक्क** न [चतुष्क] पूर्वोक्त चार कर्म (प्राकृ)।

घाइअ वि [घातित] १ मारित, विनाशित (णाया १, ८; उव)। २ घवाया हुआ, जो शक्ति-शून्य हुआ हो, सामर्थ्यरहित; 'करणाइं घाइयाइं जाया अह वेयणा मंदा' (सुर ४, २३९)।

घाइआ स्त्री [घातिका] १ विनाश करनेवाली स्त्री, मारनेवाली स्त्री (जं २)। २ घात, हत्या। ३ घाव करना (सुर १६, १५०)।

घाइज्जमाण, **घाइयव्व** } देखो घाय=हन्।

घाइयव्व देखो घाय=घातय्।

घाइर वि [घ्रायिन्] सूँघनेवाला (गा ८८६)।

घाउकाम वि [हन्तुकाम] मारने की इच्छावाला (णाया १, १८)।

घाएंत देखो घाय=हन्।

घाड अक [भ्रंश्] भ्रष्ट होना, च्युत होना। घाडइ (षड्)।

घाड पुं [घाट] १ मित्रता, सौहार्द (बृह णाया १, २)। २ मस्तक के नीचे का भाग (णाया १, ८—पत्र १३३)।

घाडिय वि [घाटिक] वयस्य, मित्र (णाया १, २ बृह १)।

घाडेरुय पुं [दे] खरगोश की एक जाति (?) 'जे तुह संगसुहासारज्जुनिबद्धा दुहं मए रुद्धा। घाडेरुयससया इव अबंधणा ते पलायंति' (उप ७२८ टी)।

घाण पुं [दे] १ घानी, कोल्हू, तिल-पीड़न-यन्त्र (पिंड)। २ घान, चक्की आदि में एक बार डालने का परिमाण (सुपा १४)।

घाण पुंन [घ्राण] नाक, नासिका; 'दो घाणा' (पुरण १५; उप ६४८ टी; दे २, ७६)। °**रिस** पुंन [°र्शस्] नासिका में होनेवाला रोग-विशेष, पीनस (ओघ १८४ भा)।

घाणिंदिय न [घ्राणेन्द्रिय] नासिका, नाक (उत्त २९)।

घाय सक [हन्] मारना, मार डालना, विनाश करना। वकृ. घाएइ (उव)। वकृ. 'घाएंत रिउभंडहवे' (पउम ६०, १७)। **घायंत** (पउम २४, २९; विसे १७६३)। कवकृ. 'से धरणे चिलाएणं चोरसेणावइणा पंचहिं चोरसएहिं सद्धिं गिहं घाइज्जमाणं पासइ' (णाया १,१८)। वकृ. **घाइयव्व** (पउम ६६, ३४)।

घाय सक [घातय्] मरवाना, दूसरे द्वारा मार डालना, विनाश करवाना। वकृ. **घायमाण** (सूअ २,१)। कृ. **घाइयव्व** (पउम ६६, ३४)।

घाय पुं [घात] गमन, गति (सुज्ज १, १)।

घाय पुं [घात] १ प्रहार, चोट, वार (पउम ५६; २५)। २ नरक (सूअ १, ५, १)। ३ हत्या, विनाश, हिंसा (सूअ १, १, २)। ४ संसार (सूअ १, ७)

घायग वि [घातक] मार डालनेवाला, विनाशक (स २६४; सुपा २०७)।

घायण न [हनन] १ हत्या, नाश, हिंसा (सुपा ३४६; द्र २९)। २ वि. हिंसक, मार डालनेवाला (स १०८)।

घायण पुं [दे] गायक, गवैया (दे २, १०८; हे २, १७४; षड्)।

घायणा स्त्री [हनन] मारना, हिंसा, वध (पण्ह १, १)।

घायय देखो घायग (विसे १७६३; स २६७)।

घायय पुं [घातक] नरक-स्थान विशेष (देवेन्द्र २६; ३०)।

घायावणा स्त्री [घातना] १ मरवाना, दूसरे द्वारा मारना। २ लूटपाट मचवाना; 'बहुणगामघायावणाहि ताविया' (विपा १, ३)।

घार अक [घारय्] १ विष का फैलना, विष की असर से बेचैन होना। २ सक. विष से बेचैन करना। ३ विष से मारना। कर्म. 'घारिज्जंतो य तओ विसेण' (स १८९)। हेकृ. **घारिज्जिउं** (स १८९)।

घार पुं [दे] प्राकार, किला, दुर्ग (दे २, १०८)।

घारंत पुं [दे] घृतपूर, घेवर, एक प्रकार की मीठाई (दे २, १०८)।

घारण न [घारण] विष की असर से होनेवाली बेचैनी (सुपा १२४)।

घारिय वि [घारित] जो विष की असर से बेचैन हुआ हो; 'तत्तओ भोगो। सव्वत्थ तदुवघाया विसघारियभोगतुल्लोत्ति' (उप ४४२); 'विसवा (? घा) रियस्स जह वा घणचन्दणकामिणीसंगो' (उवर ६७); 'विसघारिओ सि धत्तूरिओ सि मोहेण किव ठगिओ सि' (सुपा १२४; ४४७)।

घारिया स्त्री [दे] मिष्टान्न-विशेष, गुजराती में जिसे 'घारी' कहते हैं (भवि)।

घारी स्त्री [दे] १ शकुनिका, पक्षि-विशेष (दे २, १०७; पाअ)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

घास सक [घृष्] १ घिसना। २ पीड़ा करना। कर्म. घासइ (सूअ १, १३, १५)।

घास पुं [घास] तृण, पशुओं को खाने का तृण (दे २, ८५; औप)।

घास पुं [ग्रास] १ कवल, कौर (औप; उत्त २)। २ आहार, भोजन (आचा; ओघ ३३०)।

घास पुं [घर्ष] घर्षण, रगड़; 'जो मे उवज्जिओ इह करुरुहघसणेण चरणघासेण' (सुपा १४)।

घासेसणा स्त्री [ग्रासैषणा] आहार-विषयक शुद्धि अशुद्धि का पर्यालोचन (ओघ ३३८)।

घि देखो घे। भवि. घिच्छिइ (विसे १०२३)। कर्म. घिप्पंति (प्रासू ४)। संकृ घित्तूण (कुमा ७,४९)। हेकृ. घित्तुं (सुपा २०९)। कृ. घित्तव्व (सुर १४, ७७)।

घिअ न [घृत] घी, घीव, आज्य (गा २२)।

घिअ वि [दे] भर्त्सित, तिरस्कृत, अवधीरित (दे २, १०८)।

घिं°, **घिंसु** } पुं [ग्रीष्म] १ गरमी की ऋतु, ग्रीष्म काल; 'घिंसिसिरवासे' (ओघ ३१० भा; उत्त २, ८; पि ६; १०१)। २ गरमी, अभिताप (सूअ १, ४, २)।

घिट्ठ वि [दे] कुब्ज, कूबड़ा (दे २, १०८)।

घिट्ठ वि [घृष्ट] घिसा हुआ, रगड़ा हुआ (सुपा २७८; गा ६२९ अ)।

घिणा स्त्री [घृणा] १ जुगुप्सा, अरुचि। २ दया, अनुकम्पा (हे १, १२८)।

घिणिल्ल वि [घृणावत्] घृणावाला, नफरत करनेवाला (पिंड १७६)।

घित्त (अप) वि [क्षिप्त] फेंका हुआ, डाला हुआ (भवि)।

घित्तुमण वि [ग्रहीतुमनस्] ग्रहण करने की इच्छावाला (सुपा २०६)।

घित्तूण } देखो घि।
घिप्प° }

घिस सक [ग्रस्] ग्रसना, निगलना, भक्षण करना। घिसइ (हे ४, २०४)।

घिसरा स्त्री [दे] मछली पकड़ने का जाल-विशेष (विपा १, ८—पत्र ८५)।

घिसिअ वि [ग्रस्त] कवलित, निगला हुआ, भक्षित (कुमा ७, ४६)।

घुंघुरुड पुं [दे] उत्कर, ढग, ढेर, समूह (दे २, १०६)।

घुंट पुं [दे] घूँट, एक बार पीने योग्य पानी आदि (हे ४, ४२३)।

घुग्घ } (अप) पुंन [घुग्घिका] कपि-चेष्टा,
घुग्घिअ } बन्दर की चेष्टा (हे ४, ४२३; कुमा)।

घुग्घुच्छण न [दे] खेद, तकलीफ, परिश्रम (दे २, ११०)।

घुग्घुरि पुं [दे] मण्डूक, भेक, मेढ़क (दे २, १०६)।

घुग्घुस्सुअ वि [दे] निःशंक होकर गया हुआ (षड्)।

तंबकरोड पुंन [दे] ताम्र वर्णवाला द्रव्य-विशेष (पण्ण १७)।

तंबकिमि पुं [दे] कीट-विशेष, इन्द्रगोप (दे ५, ६; षड्)।

तंबकुसुम पुंन [दे] वृक्ष-विशेष, कुरुबक, कटसरैया (दे ५, ६; षड्)।

तंबक्क न [दे] वाद्य-विशेष; 'अणाहयतंबक्केसु वज्जंतेसु' (ती १५)।

तंबच्छिवाडिआ स्त्री [दे] ताम्र वर्ण का द्रव्य-विशेष (पण्ण १७)।

तंबटकारी स्त्री [दे] शेफालिका, पुष्प-प्रधान लता-विशेष (दे ५, ४)।

तंबरत्ती स्त्री [दे] गेहूँ में कुंकुम की छाया (दे ५, ५)।

तंबा स्त्री [दे] गौ, धेनु, गैया (दे ५, १; गा ४६०; पाअ; वज्जा ३४)।

तंबाय पुं [तामाक] भारतीय ग्राम-विशेष (राज)।

तंबिम पुंस्त्री [ताम्रत्व] अरुणता, ईषद् रक्तता (गउड)।

तंबिय न [ताम्रिक] परिव्राजक का पहनने का एक उपकरण (औप)।

तंबिर वि [दे] ताम्र वर्णवाला (हे २, ५६; गउड; भवि)।

तंबिरा [दे] देखो **तंबरत्ती** (दे ५, ५)।

तंबुक्क न [दे] वाद्य-विशेष; 'बुक्कतंबुक्कसद्दुकडं' (सुपा ५०)।

तंबरेम पुं [स्तम्बेरम] हस्ती, हाथी (उप पृ ११७)।

तंबेही स्त्री [दे] पुष्प-प्रधान वृक्ष-विशेष, शेफालिका (दे ५, ४)।

तंबोल न [ताम्बूल] पान (हे १, १२४; कुमा)।

तंबोलिअ पुं [ताम्बूलिक] १ तमोली, पान बेचनेवाला (श्रा १२)। २ पान में होनेवाला तंबोलिआ नाग।

तंबोली स्त्री [ताम्बूली] पान का गाछ (षड्; जीव ३)।

तंभ देखो **थंभ** (षड्)।

तंस पुं [त्र्यंश] तीसरा हिस्सा (पंच ५, ३७; ३६; कम्म ५, ३४)।

तंस वि [त्र्यस्र] त्रि-कोण, तीन कोनवाला (हे १, २६; गउड; ठा १; गा १०, प्राप्र; आचा)।

तक्क सक [तर्क्] तर्क करना, अनुमान करना, अटकल करना। तक्केमि (मै १३)। संकृ. **तक्कियाणं** (आचा)।

तक्क न [तक्र] मट्ठा छाछ (ओघ ८७; सुपा ५८३ उप पृ ११६)।

तक पुं [तर्क] १ विमर्श, विचार, अटकल-ज्ञान (श्रा १२; ठा ६)। २ न्याय-शास्त्र (सुपा २८७)।

तकणा स्त्री [दे] इच्छा, अभिलाष (दे ५, ४)।

तकय वि [तर्कक] तर्क करनेवाला (पराह १, ३)।

तकर पुं [तस्कर] चोर (हे २, ४; औप)।

तकलि स्त्री [दे] कदली-वृक्ष, केले का गाछ (आचा २; १, ८, ६)।

तकलि } स्त्री [दे] वलयाकार वृक्ष-विशेष
तकली } (पराण १)।

तका स्त्री [तर्का] देखो त = तर्क (ठा १; सूअ १, १३, आचा)।

तकाल क्रिवि [तत्काल] उसी समय (कुमा)।

तकिअ वि [तार्किक] तर्कशास्त्र का जानकार (अच्चु १०१)।

तकियाणं देखो **तक** = तर्क।

तक्कु पुं [तर्कु] सूत बनाने का यन्त्र, तकुआ, तकला, चरखा (दे ३, १)।

तक्कुय पुं [दे] स्वजन-वर्ग, 'सम्माणिया सामंता, अहिणंदिया नायरया, परिओसिआ तक्कुयजणा त्ति' (स ५२०)।

तक्ख सक [तक्ष्] छिलना, काटना। तक्खइ (षड्; हे ४, १९४)। कर्म. तक्खिज्जइ (कुप्र १७)। वकृ. तक्खमाण (अणु)।

तक्ख पुं [तार्क्ष्य] गरुड़ पक्षी (पाअ)।

तक्ख पुं [तक्षन्] १ लकड़ी काटनेवाला, बढ़ई। २ विश्वकर्मा, शिल्पी-विशेष (हे ३, ५६; षड्)। °सिला स्त्री [°शिला] प्राचीन ऐतिहासिक नगर, जो पहले बाहुबलि की राजधानी थी, यह नगर पंजाब में है (पउम ४, ३८; कुप्र ५३)।

तक्खग पुं [तक्षक] १-२ ऊपर देखो। ३ स्वनाम-प्रसिद्ध सर्प-राज (उप ९२५)।

तक्खण न [तत्क्षण] १ तत्काल, उसी समय (ठा ४, ४)। २ क्रिवि. शीघ्र, तुरन्त (पाअ)।

तक्खय देखो **तक्खग** (स २०६; कुप्र १३६))।

तक्खाण देखो **तक्ख** = तक्षन् (हे ३, ५६; षड्)।

तगर देखो **टगर** (पराह २, ५)।

तगरा स्त्री [तगरा] संनिवेश-विशेष (स ४६८)

तगरा स्त्री [तगरा] एक नगरी का नाम (सुख २, ८)।

तग्ग न [दे] सूत्र-कंकण, धागे का कंकण (दे ५, १; गउड)।

तग्गंधिय वि [तद्गन्धिक] उसके समान गंधवाला (प्रासू ३४)।

तच्च वि [तृतीय] तीसरा (सम ८; उवा)।

तच्च न [तत्त्व] सार, परमार्थ (आचा; आरा ११५)। °वाय पुं [°वाद] १ तत्त्व-वाद, परमार्थ-चर्चा। २ दृष्टिवाद, जैन अंग-ग्रंथ-विशेष (ठा १०)।

तच्च न [तथ्य] १ सत्य, सचाई (हे २, २१; उत्त २८)। २ वि. वास्तविक, सत्य (उत्त ३)। °त्थ पुं [°र्थ] सत्य, हकीकत (पउम ३, १३) °वाय पुं [°वाद] देखो ऊपर °वाय (ठा १०)।

तच्चं अ [त्रिः] तीन बार (भग; सुर २, २६)।

तच्चित्त वि [तच्चित्त] उसी में जिसका मन लगा हो वह, तल्लीन (विपा १, २)।

तच्छ सक [तक्ष्] छिलना, काटना। **तच्छइ** (हे ४, १९४; षड्)। संकृ. तच्छिय (सूअ १, ४, १)। कवकृ. तच्छिज्जंत (सुर १, २८)।

तच्छ } वि [तष्ट] छिला हुआ, तनूकृत; 'ते भिन्नदेहा फलगं तच्छा' (सूअ
तच्छिअ } १, ५, २, १४; १, ४, १, २१; उत्त १९, ६६)।

तच्छण स्त्रीन [तक्षण] छिलना, कर्तन (पराह १, १) स्त्री. °णा (णाया १; १३)।

तच्छिड वि [दे] कराल, भयंकर (दे ५, ३)।

तच्छिज्जंत देखो **तच्छ**।

तच्छिल वि [दे] तत्पर (षड्)।

तजा देखो **तया** = त्वच् (दे १, १११)।

तज्ज सक [तर्जय्] तर्जन करना, भर्त्सन करना। तज्जइ (भवि)। तज्जेइ (णाया १, १८) वकृ. **तज्जंत**, **तज्जित तज्जयंत**, **तज्जमाण**, **तज्जेमाण** (भवि, सुर १२, २३३; णाया १, ८; राज; विपा १, १—पत्र ११)। कवकृ. तज्जिज्जंत (उप पृ १३४; उप १४६ टी)।

तज्जण न [तर्जन] भर्त्सन, तिरस्कार (औप; उव; पउम ६५, ५३)।

तज्जणा स्त्री [तर्जना] ऊपर देखो (पराह २, १; सुपा १)।

तज्जणी स्त्री [तर्जनी] दूसरी अंगुली, अँगूठे के पासवाली अंगुली, प्रदेशिनी (सुपा १; कुमा)।

तज्जाय वि [तज्जात] समान जातिवाला, तुल्य-जातीय (आव ४)।

तज्जाविअ } वि [तर्जित] तर्जित, भर्त्सित
तज्जिअ } (स १२२; सुपा २६२; भवि)।

तज्जित }
तज्जिज्जंत } देखो **तज्ज**।
तज्जेमाण }

तट्टवट्ट न [दे] आभरण, आभूषण; 'सणियं सणियं बालत्तणाओ तणुयाइं तट्टवट्टाइं। अवहरिवि नियधराओ हारेइ रहम्मि खिल्लंतो' (सुपा ३९९)।

तट्टिगा स्त्री [दे. तट्टिका] दिगंबर जैन साधु का एक उपकरण (धर्मसं १०४६; १०४८)।

तट्टी स्त्री [दे] वृति, बाड़ (दे ५, १)।

तट्ठ वि [त्रस्त] १ डरा हुआ, भीत (हे २, १३६; कुमा)। २ न. मुहूर्त-विशेष (सम ५१)।

तट्ठ वि [तष्ट] छिला हुआ (सूअ १, ७)।

तट्ठव न [त्रस्तप] मुहूर्त-विशेष (सम ५१)।

तट्ठि वि [तष्टिन्] तनूकृत, कृशतावाला (सूअ १, ७, ३०)।

तट्ठि } पुं [त्वष्टृ] १ तक्षक, विश्वकर्मा
तट्ठु } (गउड)। २ नक्षत्र-विशेष का अधि-ष्ठायक देव (ठा २, ३)।

तट्ठु पुं [त्वष्टृ] अहोरात्र का बारहवाँ मुहूर्त (सुज्ज १०, १३)।

तड सक [तन्] १ विस्तार करना। २ करना। तडइ (हे ४, १३७)।

तड पुंन [तट] किनारा, तीर (वाअ; कुमा)। °त्थ वि [°स्थ] १ मध्यस्थ, पक्षपात-हीन। २ समीप स्थित (कुमा; दे ३; ६०)।

तडउडा [दे] देखो **तडवडा** (जीव ३; जं १)।

तडकडिअ वि [दे] अनवस्थित (षड्)।

तडक्कार पुं [तटत्कार] चमकारा, 'तडित-डक्कारो' (सुपा १३३)।

तडतडा अक [तडतडाय्] तड़-तड़ आवाज होना। वकृ. तडतडंत, तडतडेंत, तड-तडयंत (राज; गाया १, ६; सुपा १७६)।

तडतडा स्त्री [तडतडा] तड़-तड़ आवाज (स २५७)।

तडप्फड, तडफड अक [दे] तड़फना, छटपटाना, तड़फड़ाना, व्याकुल होना। तड-प्फडइ (कुमा; हे ४, ३६६; विवे १०२)। तडफडसि (सुर ३,१४८)। वकृ. तडप्फडंत, डतफडंत (उप ७६८ टी; सुर १२, १६४; सुपा १७६; कुप्र २६)।

तडफडिअ वि [दे] १ सब तरफ से चलित, तड़फड़ाया हुआ, व्याकुल (दे ५, ६; स ५८६)।

तडमड वि [दे] क्षुभित, क्षोभ प्राप्त (दे ५, ७)।

तडयड वि [दे] क्रिया-शील, सदाचार-युक्त (सट्ठि १०७)।

तडयडंत देखो तडतडा।

तडवडा स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष, आउली का पेड़ (दे ५, ५)।

तडाअ, तडाग न [तडाग] तालाब, सरोवर (गा ११०; पि २३१; २४०)।

तडि स्त्री [तडित्] बिजली (पाअ)। °डंड पुं [°दण्ड] विद्युद्दंड (महा)। °केस पुं [°केश] राक्षस-वंशीय एक राजा, एक लंका-पति (पउम ६, ६६)। °वेअ पुं [°वेग] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, १८)।

तडिअ वि [तत] विस्तृत, फैला हुआ (पाअ; गाया १, ८—पत्र १३३)।

तडिआ स्त्री [तडित्] बीजली (प्रामा)।

तडिण वि [दे] विरल, अत्यल्प (से १३, ५०)।

तडिणी स्त्री [तटिनी] नदी, तरंगिणी (सण)।

तडिम न [तडिम] १ भित्ति, भीत। २ कुट्टिम, पाषाण आदि से बँधा हुआ भूमितल (से २, २)। ३ द्वार के ऊपर का भाग (से १२, ६०)।

तडी स्त्री [तटी] तट, किनारा (विपा १, १; अनु ६)।

तड्ड, तड्डव सक [तन्] १ विस्तार करना। २ करना। तड्डइ, तड्डवइ (हे ४, १३७)। भूका—तड्डवीअ (कुमा)।

तड्डविअ, तड्डिअ वि [तत] विस्तीर्ण, फैला हुआ (पाअ; महा; कुमा; सुर ३, ७२)।

तड्डु स्त्री [तर्दु] काठ की करछी (प्राकृ २०)।

तण सक [तन्] १ विस्तार करना। २ करना। तणइ, तणए (षड्)। कर्म. तणि-ज्जए (विसे १३८३)।

तण न [दे] उत्पल, कमल (दे ५, १)।

तण न [तृण] तृण, घास (प्राप्र; उव)। °इल्ल वि [°वत्] तृणवाला (गउड)। °जीवि वि [°जीविन्] घास खाकर जीनेवाला (सुपा ३७०) °राय पुं [°राज] ताल-वृक्ष, ताड़ का पेड़ (गउड)। °विंटय, °वेंटय पुं [°वृन्तक] एक क्षुद्र जंतु-जाति, त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (राज)।

तणग वि [तृणक] तृण का बना हुआ (आचा २, २, ३, १४)।

तणय पुं [तनय] पुत्र, लड़का (सुपा २४७; ४२४)।

तणय वि [दे] संबन्धी, 'मह तणए' (सुर ३, ८७; हे ४, ३६१)।

तणयमुद्दिआ स्त्री [दे] अंगुलीयक, अंगूठी (दे ५, ६)।

तणया स्त्री [तनया] लड़की, पुत्री (कुमा)।

तणरासि, तणरासिअ वि [दे] प्रसारित फैलाया हुआ (दे ५, ६)।

तणवरंडी स्त्री [दे] उडुप, डोंगी, छोटी नौका (दे ५, ७)।

तणसोल्लि, तणसोल्लिया स्त्री [दे] १ मल्लिका, पुष्प-प्रधान वृक्ष-विशेष (दे ५, ६; गाया १, १६)। २ वि. तृण-शून्य (षड्)।

तणहार, तणहारय पुं [तृणहार] १ त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १३८)। २ वि. घास काटकर बेचनेवाला, घसियारा (अणु १४६)।

तणिअ वि [तत] विस्तीर्ण, फैला हुआ (कुमा)।

तणु वि [तनु] १ पतला (जी ७)। २ कृश, दुर्बल (पंचा १६)। ३ अल्प, थोड़ा (दे ३, ५१)। ४ लघु, छोटा (जीव ३)। ५ सूक्ष्म (कप्प)। ६ स्त्री. शरीर, काय (दे २, ५६; जी ८)। °तणुई, तणू स्त्री [°तन्वी] ईषत्प्राग्भारा-नामक पृथ्वी (ठा ८; इक)। °पज्जत्ति स्त्री [°पर्याप्ति] उत्पन्न होते समय जीव द्वारा ग्रहण किये हुए पुद्गलों को शरीर रूप से परिणत करने की शक्ति (कम्म ३, १२)। °ब्भव वि [°उद्भव] १ शरीर से उत्पन्न। २ पुं. लड़का (भवि)। °ब्भवा स्त्री [°उद्भवा] लड़की (भवि)। °भू पुंस्त्री [°भू] १ लड़का। २ लड़की (प्राक)। °य वि [°ज] देखो °ब्भव (उत्त १४)। °रुह पुंन [°रुह] १ केश, बाल (रंभा)। २ पुं. पुत्र, लड़का (भवि)। °वाय पुं [°वात] सूक्ष्म वायु-विशेष (ठा ३, ४)।

तणुअ वि [तनुक] ऊपर देखो (पउम १६, ७; आव ५; भग १५; पाअ)।

तणुअ सक [तनय्] १ पतला करना। २ कृश करना, दुर्बल करना। तणुएइ (गा ६१; काप्र १७४)।

तणुआ, तणुआअ अक [तनुकाय्] दुर्बल होना, कृश होना। तणुआइ, तणुआ-अइ, तणुआअए (गा ३०; २६२, ५६) वकृ. तणुआअंत (गा २६८)।

तणुआअरअ वि [तनुत्वकारक] कृशता उपजानेवाला, दौर्बल्य-जनक (गा ३४८)।

तणुइअ वि [तनूकृत] दुर्बल किया हुआ, कृश किया हुआ (गा १२२; पउम १६, ४)।

तणुई स्त्री [तन्वी] १ पृथ्वी-विशेष, सिद्ध-शिला (सम २२)। २ पतला शरीरवाली, कृशांगी, कोमलांगी स्त्री (षड्)।

तणुईकय वि [तनूकृत] पतला किया हुआ (पाअ)।

तणुग देखो तणुअ (जं २; ३)।

तणुज देखो तणु-य (धर्मवि १२८)।

तणुजम्म पुं [तनुजन्मन्] पुत्र, लड़का (धर्मवि १४८)।

तणुभव देखो तणु-ब्भव (धर्मवि १४२)।

तणुवी } देखो तणुई (हे २, ११३;
तणुवीआ } कुमा)।

तणू स्त्री [तनू] शरीर, काया (गा ७८; पाअ; दं ५)। २ ईषत्प्राग्भारा-नामक पृथिवी (ठा ८)। °अ वि [°ज] १ शरीर से उत्पन्न। २ पुं. लड़का, पुत्र (उप ६८६)। °अतरा स्त्री [°कतरा] ईषत्प्राग्भारा-नामक पृथिवी, जिसपर मुक्त जीव रहते हैं, सिद्ध-शिला (सम २२)। °रुह पुंन [°रुह] केश, रोम, बाल (उप ५९७ टी)।

तणूइय देखो तणुइअ (गउड)।

तणेण (अप) अ. लिए, वास्ते (हे ४, ४२५; कुमा)।

तणेसि पुं [दे] तृण-राशि (दे ५,३, षड्)।

तण्णय पुं [तर्णक] वत्स, बछड़ा (पाअ; गा १९; गउड)।

तण्णाय वि [दे] आर्द्र, गीला (दे ५, २; पाअ; गउड; से १, ३१; ११, १२६)।

तण्हा स्त्री [तृष्णा] १ प्यास, पिपासा (पाअ)। २ स्पृहा, वाञ्छा, इच्छा (ठा २, ३; औप)। °लु, °लुअ वि [°वत्] तृष्णा-वाला, प्यासा; 'समरतण्हालू' (पउम ८, ८७; ८, ४७)।

तण्हाइअ वि [तृष्णित] तृषातुर, अति प्यासा (धर्मवि १४१)।

तत देखो तय = तत (ठा ४, ४)।

तत्त न [तत्त्व] सत्य स्वरूप, तथ्य, परमार्थ (उप ७२८ टी; पुप्फ ३२०)। °ओ अ [°तस्] वस्तुतः (उप ६८६)। °ण्णु वि [°ज्ञ] तत्व का जानकार (पंचा १)।

तत्त पुं [तप्त] १ तीसरी नरक-भूमि का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ८)। २ प्रथम नरक-भूमि का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ४)।

तत्त वि [तप्त] गरम किया हुआ (सम १२५; विपा १, ६; दे १, १०५)। °जला स्त्री [°जला] नदी-विशेष (ठा २, ३)।

तत्त अ [तत्र] वहाँ। °भव, °होंत वि [°भवत्] पूज्य ऐसे आप (पि २९३; अभि ५६)।

तत्तट्ठसुत्त न [तत्त्वार्थसूत्र] एक प्रसिद्ध जैन दर्शन-ग्रन्थ (अज्झ ७७)।

तत्तडिअ न [दे] रँगा हुआ कपड़ा (गच्छ २, ४६)।

तत्ति स्त्री [तृप्ति] तृप्ति, संतोष (कुमा, कप्प २६)। °ल्ल वि [°मत्] तृप्ति-युक्त, तृप्त, संतुष्ट (राज)।

तत्ति स्त्री [दे] १ आदेश, हुकुम (दे ५, २०; सण)। २ तत्परता (दे २०)। ३ चिन्ता, विचार (गा २; ५१; २७३ अ; सुपा २३७; २८०)। ४ वार्ता, बात (गा २; वज्जा २)। ५ कार्य, प्रयोजन (पण्ह १, २; वव १)।

तत्तिय वि [तावत्] उतना (प्रासू १५६)।

तत्तिल } वि [दे] तत्पर (षड्; दे ५, ३;
तत्तिल्ल } गा ५५७; प्रासू ५९)।

तत्तु (अप) देखो तत्थ = तत्र (हे ४, ४०४; कुमा)।

तत्तुडिल्ल न [दे] सुरत, संभोग (दे ५, ६)।

तत्तुरिअ वि [दे] रञ्जित (षड्)।

तत्तो देखो तओ (कुमा; जी २९)। °मुह वि [°मुख] जिसका मुँह उस तरफ हो वह (सुर २, २३४)।

तत्तोहुत्त न [दे] तदभिमुख, उसके सामने (गउड)।

तत्थ अ [तत्र] वहाँ, उसमें (हे २, १६१)। °भव वि [°भवत्] पूज्य ऐसे आप (पि २९३)। °य वि [°त्य] वहाँ का रहनेवाला (उप ५९७ टी)।

तत्थ वि [त्रस्त] भीत, डरा हुआ (हे २,१६१; कुमा)।

तत्थ देखो तच्च = तथ्य (धर्मसं ३०४; णंदि ५३)।

तत्थरि पुं [त्रस्तरि] नय-विशेष; 'तत्थरिनएण ठविआ सोहउ मज्झ थुई' (अच्चु ४)।

तदा देखो तया = तदा (गा ९९६)।

तदीय वि [त्वदीय] तुम्हारा (महा)।

तदो देखो तओ (हे २, १६०)।

तद्दीअचय न [दे] नृत्य, नाच (दे ५, ८)।

तद्दिअस } न [दे] प्रतिदिन, अनुदिन,
तद्दिअसिअ } हररोज (दे ५, ८; गउड;
तद्दिअह } पाअ)।

तद्दोसि देखो त-द्दोसि = त्वग्दोषिन्।

तद्धिय पुं [तद्धित] १ व्याकरण-प्रसिद्ध प्रत्यय-विशेष (पण्ह २, २; विसे १००३)। २ तद्धित प्रत्यय की प्राप्ति का कारण-भूत अर्थ (अणु)।

तधा देखो तहा (ठा ३, १; ७)।

तन्नय देखो तण्णय (सुर १४, १७४)।

तन्हा देखो तण्हा (सुर १, २०३; कुमा)।

तप देखो तव = तपस् (चंड)।

तप्प सक [तप्] १ तप करना। २ अक. गरम होना। तप्पइ, तप्पंति (पिंग; प्रासू ५३)।

तप्प सक [तर्पय्] तृप्त करना। वकृ. तप्पमाण (सुर १६, १९)। हेकृ. 'न इमो जीवो सक्को तप्पेउं कामभोगेहिं' (आउ ५०)। कृ. तप्पेयव्व (सुपा २३२)।

तप्प न [तल्प] शय्या, बिछौना (पाअ)। °अ वि [°ग] शय्या पर जानेवाला, सोने-वाला (पण्ह १, २)।

तप्प पुंन [तप्र] डोंगी, छोटी नौका (पण्ह १, १; विसे ७०६)।

तप्प पुंन [तप्र] नदी में दूर से बहकर आता हुआ काष्ठ समूह (णंदि ८८ टी)।

तप्पक्खिअ वि [तत्पाक्षिक] उस पक्ष का (श्रा १२)।

तप्पज्ज न [तात्पर्य] तात्पर्य, मतलब (राज)।

तप्पण न [तर्पण] १ सक्तु, सतुआ, सत्तू (पण्ह २, ५)। २ स्त्रीन. तृप्ति-करण, प्रीणन (सुपा ११३)। ३ स्निग्ध वस्तु से शरीर की मालिश (णाया १, १३)।

तप्पणग न [दे] जैन साधु का पात्र-विशेष, तरपणी (कुलक १०)।

तप्पणाडुआलिआ स्त्री [दे] सक्तुमिश्रित भोजन (दश वै० चू०, वसुदेवहिंडी, धम्मि-लहिंडी)।

तप्पभिइं अ [तत्प्रभृति] तबसे, तबसे लेकर (कप्प; णाया १, १)।

तप्पमाण देखो तप्प = तर्पय्।

तप्पर वि [तत्पर] आसक्त (दे ५, २०)।

तप्पुरिस पुं [तत्पुरुष] व्याकरण-प्रसिद्ध समास-विशेष (अणु)।

तप्पेयव्व देखो तप्प = तर्पय्।

तब्भत्तिय वि [तद्भाक्तिक] उसका सेवक (भग ५, ७)।

तब्भव पुं [तद्भव] वही जन्म, इस जन्म के समान पर-जन्म। °**मरण** न [°मरण] वह मरण, जिससे इस जन्म के समान ही परलोक में भी जन्म हो, यहाँ मनुष्य होने से आगामी जन्म में भी जिससे मनुष्य हो ऐसा मरण (भग २१, १)।

तब्भारिय पुं [तद्भार्य] दास, नौकर, कर्मचारी, कर्मकर (भग ३, ७)।

तब्भारिय पुं [तद्भारिक] ऊपर देखो (भग ३, ७)।

तब्भूम वि [तद्भौम] उसी भूमि में उत्पन्न (बृह १)।

तब्भत्ति अ [दे] शीघ्र, जल्दी (प्राकृ ८१)।

तम अक [तम्] १ खेद करना। २ सक. इच्छा करना। तमइ (प्राकृ. ६६)।

तम पुं [दे] शोक, अफसोस (दे ५, १)।

तम पुंन [तमस्] १ अन्धकार। २ अज्ञान (हे १, ३२; पि ४०६; औप; धर्म २)। °**तम** पुं [°तम] सातवीं नरक-पृथिवी का जीव (कम्म ५; पंच ५)। °**तमप्पभा** स्त्री [तमःप्रभा] सातवीं नरक-पृथिवी (अणु)। °**तमा** स्त्री [°तमा] सातवीं नरक-पृथिवी (सम ६६; ठा ७)। °**तिमिर** न [°तिमिर] १ अन्धकार (बृह ४)। २ अज्ञान (पडि)। ३ अन्धकार-समूह (बृह ४)। °**प्पभा** स्त्री [°प्रभा] छठवीं नरक-पृथिवी (पएण १)।

तमंग पुं [तमङ्ग] मतवारण, घर का वरण्डा, छज्जा (सुर १३, १५६)।

तमंधयार पुं [तमोन्धकार] प्रबल अन्धकार (पउम १७, १०)।

तमण न [दे] चूल्हा, जिसमें आग रखकर रसोई की जाती है वह (दे ५, २)।

तमणि पुंस्त्री [दे] १ भुज, हाथ। २ भूर्ज, वृक्ष-विशेष की छाल, भोजपत्र (दे २, २०)।

तमय पुं [तमक] १ चौथा नरक का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र १०)। २ पाँचवीं नरक-भूमि का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ११)।

तमस न [तमस्] अन्धकार, 'तमसाउ मे दिसा य' (पउम ३६, ८)।

तमस वि [तामस] अन्धकारवाला (दस ५, १, २०)।

तमस देखो **तम** = तमस्; 'अंतरिओ वा तमसे वा न वंदई, वंदई उ दीसंतो' (पव २)।

तमस्सई स्त्री [तमस्वती] घोर अन्धकारवाली रात (बृह १)।

तमा स्त्री [तमा] १ छठवीं नरक-पृथिवी (सम ६६; ठा ७)। २ अधोदिशा (ठा १०)।

तमाड सक [भ्रमय्] घुमाना, फिराना। तमाडइ (हे ४, ३०)। वकृ. **तमाडंत** (कुमा)।

तमाल पुं [तमाल] १ वृक्ष-विशेष (उप १०३१ टी; भत्त ४२)। २ न. तमाल वृक्ष का फूल (से १, ६३)।

तमिस पुं [तमिस्र] पाँचवाँ नरक का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ११)।

तमिस न [तमिस्र] १ अन्धकार (सूअ १, ५, १)। °**गुहा** स्त्री [°गुहा] गुफा-विशेष (इक)।

तमिसंधयार पुं [तमिस्रान्धकार] प्रबल अन्धकार, घोर अंधेरा (सूअ १, ५, १)।

तमिस्स देखो **तमिस** (दे २, २६)।

तमी स्त्री [तमी] रात्रि, रात (गउड)।

तमुकाय देखो **तमुक्काय** (भग ६, ५—पत्र २, ६८)।

तमुक्काय पुं [तमस्काय] अंधकार-प्रचय (ठा ४, २)।

तमुय वि [तमस्] १ जन्मान्ध, जात्यन्ध। २ अत्यन्त अज्ञानी (सूअ २, २)।

तमोकसिय वि [तमःकाषिक] प्रच्छन्न क्रिया करनेवाला (सूअ २, २)।

तम्म अक [तम्] खेद करना। (गा ४८३)।

तम्म देखो **तम** = तम्। तम्मइ (प्राकृ. ६६)।

तम्मण वि [तन्मनस्] तल्लीन, तच्चित्त (विपा १, २)।

तम्मय वि [तन्मय] १ तल्लीन, तत्पर। २ उसका विकार (पएह १, १)।

तम्मि न [दे] वस्त्र, कपड़ा (गउड)।

तम्मिर वि [तमिन्] खेद करनेवाला (गा ५८६)।

तय वि [तत] विस्तार-युक्त (दे १, ४६; से २, ३१; महा)। २ न. वाद्य-विशेष (ठा २, २)।

तय न [त्रय] तीन का समूह, त्रिक; 'कालत्तए वि न मयं' (चउ ४५; श्रा २८)।

तय° देखो **तया** = तदा। °**प्पभिइ** अ [°प्रभृति] तब से (स ३१६)।

तय° देखो **तया** = त्वच्। °**क्खाय** वि [°खाद] त्वचा को खानेवाला (ठा ४, १)।

तया अ [तदा] उस समय (कुमा)।

तया स्त्री [त्वच्] १ त्वचा, छाल, चमड़ी (सम ३६)। २ दालचीनी (भत्त ४१)। °**मंत** वि [°मत्] त्वचा वाला (णाया १, १)। °**विस** पुं [°विष] सर्प की एक जाति (जीव १)।

तयाणंतर न [तदनन्तर] उसके बाद (औप)।

तयाणि } अ [तदानीम्] उस समय (पि **तयाणिं** } ३५८; हे १, १०१)।

तयाणुग वि [तदनुग] उसका अनुसरण करनेवाला (सूअ १, १, ४)।

तर अक [तॄ] कुशल रहना, नीरोग रहना। तरई (पिंड ४१७)।

तर अक [त्वर्] त्वरा होना, जल्दी होना, तेज होना। तर (विसे २६०१)।

तर अक [शक्] समर्थ होना, सकना। तरइ (हे ४, ८६)। वकृ. **तरंत** (ओघ ३२४)।

तर सक [तॄ] तैरना, तरइ (हे ४, ८६)। कर्म. तरिज्जइ, तीरइ (हे ४, २५०; गा ७१)। वकृ. **तरंत, तरमाण** (पाअ; सुपा १८२)। हेकृ. **तरिउं तरीउं** (णाया १, १४; हे २, १९८)। कृ. **तरिअव्व** (श्रा १२; सुपा २७६)।

तर न [तरस्] १ वेग। २ बल, पराक्रम। °**मल्लि** वि [°मल्लि] १ वेगवाला। २ बलवाला। °**मल्लिहायण** वि [°मल्लिहायन] तरुण, युवा (औप)।

तरंग पुं [तरङ्ग] १ कल्लोल, वीचि, लहर (पएह १, ३; औप)। °**णंदण** न [°नन्दन] नृप-विशेष (दंस ३)। °**मालि** पुं [°मालिन्] समुद्र, सागर (पाअ)। °**वई** स्त्री [°वती] १ एक नायिका। २ कथा-ग्रंथ-विशेष (दंस ३)।

तरंगलोला स्त्री [तरङ्गलोला] बप्पभट्टिसूरि-कृत एक अद्भुत प्राकृत जैन कथा-ग्रंथ (सम्मत्त १३८)।

तरंगि वि [तरङ्गिन्] तरंग-युक्त (गउड; कप्पू)।

तरंगिअ वि [तरङ्गित] तरंग-युक्त (गउड; से ८, ११; सुपा १५७)।

तरंगिणी स्त्री [तरङ्गिणी] नदी, सरिता (प्रासू ६६; गउड; सुपा ५३८)।

तरंगिणीनाह पुं [तरङ्गिणीनाथ] समुद्र, सागर (वज्जा १५६)।

तरंड } पुंन [तरण्ड, °क] डोंगी, नौका
तरंडय } (सुपा २७२, ५००; सुर ८, १०६; पुप्फ १०५)।

तरग वि [तर, °क] तैरनेवाला, तैराक (ठा ४, ४)।

तरच्छ पुंस्त्री [तरक्ष] श्वापद जन्तु-विशेष, व्याघ्र की एक जाति (पराह १, १, गाया १, १; स २५७)। स्त्री. °च्छी (पि १२३)। °भल्ल पुंस्त्री [°भल्ल] श्वापद जन्तु-विशेष (पउम ४२, १२)।

तरट्ट वि [दे] प्रगल्भ, धृष्ट, समर्थ, चतुर, हाजिरजवाब 'तरट्टो' (प्राकृ ३८)।

तरट्टा } स्त्री [दे] प्रगल्भ स्त्री, प्रौढा नायिका,
तरट्टी } होशियार स्त्री; 'भाणेण टुट्टदि चिरं तरुणी तरट्टी' (कप्पू; काप्र ५६६); 'अट्ठ व आगयाओ तरुणतरट्टाओ एयाओ' (सुपा ४२)।

तरण न [तरण] १ तैरना (श्रा १४; स ३५६; सुपा २६२)। २ जहाज, नौका (विसे १०२७)।

तरणि पुं [तरणि] १ सूर्य, रवि (कुमा)। २ जहाज, नौका। ३ घृतकुमारी का पेड़, घीकुँआर का पेड़। ४ अर्क वृक्ष, अकवन वृक्ष (हे १, ३१)।

तरतम वि [तरतम] न्यूनाधिक, 'तरतम-जोगजुत्तेहिं' (कप्प)।

तरमाण देखो **तर** = तृ।

तरल वि [तरल] चंचल, चपल (गउड; पाअ; कप्पू; प्रासू ६६; सुपा २०४; सुर २, ८६)।

तरल सक [तरलय्] चंचल करना, चलित करना। **तरलेइ** (गउड)। वकृ. **तरलंत** (सुपा ४७०)।

तरलण न [तरलन] तरल करना, हिलाना; 'कण्णाडीएँ कुणंता कुरलतरलणं' (कप्पू)।

तरलाविअ वि [तरलित] चंचल किया हुआ, चलायमान किया हुआ (गउड; भवि)।

तरलि वि [तरलिन्] हिलानेवाला (कप्पू)।

तरलिअ वि [तरलित] चंचल किया हुआ (गा ७८; उप पृ ३३; सार्धं ११५)।

तरवट्ट पुं [दे] वृक्ष-विशेष, चकवड़, पमाड, पवार (दे ५, ५; पाअ)।

तरस न [दे] मांस (दे ५, ४)।

तरसा अ [तरसा] शीघ्र, जल्दी (सुपा ५८२)।

तरा स्त्री [त्वरा] जल्दी, शीघ्रता (पाअ)।

तरिअव्व देखो **तर** = तृ।

तरिअव्व न [दे] उडुप, एक तरह की छोटी नौका (दे ५, ७)।

तरिउ वि [तरीतृ] तैरनेवाला (विसे १०२७)।

तरिउ देखो **तर** = तृ।

तरिया स्त्री [दे] दूध आदि का सार, मलाई (प्रभा ३३)।

तरिहि अ [तर्हि] तो, तब (सुर १, १३२; ११, ७१)।

तरी स्त्री [तरी] नौका, डोंगी (सुवा १११; दे ६, ११०; प्रासू १४६)।

तरु पुं [तरु] वृक्ष, पेड़, गाछ (जी १४; प्रासू २६)।

तरुण वि [तरुण] जवान, मध्य वयवाला (पउम ५, १६८)।

तरुणग } वि [तरुणक] बालक, किशोर
तरुणय } (सूअ १, ३, ४)। २ नवीन, नया (भग १५)। स्त्री. °णिगा, °णिया (आचा २, १)।

तरुणरहस पुंन [दे] रोग, बीमारी (ओघ १३६)।

तरुणिम पुंस्त्री [तरुणिमन्] यौवन, जवानी (कप्प)।

तरुणी स्त्री [तरुणी] युवति स्त्री, जवान स्त्री (गउड; स्वप्न ८२; महा)।

तल सक [तल्] तलना, भूजना, तेल आदि में भूनना। तलेज्जा (पि ४६०)। वकृ. **तलंत** (विपा १, ३)। हेकृ. **तलिज्जिउं** (स २५८)।

तल न [दे] १ शय्या, बिछौना (दे ५, १६; षड्)। २ पुं. ग्रामेश, गाँव का मुखिया (दे ५, १६)।

तल पुं [तल] १ वृक्ष-विशेष, ताड़ का पेड़ (गाया १, १ टी—पत्र ४३; पउम ५३, ७६)। २ न. स्वरूप; 'धरणितलंसि' (कप्प), 'कासवितलम्मि' (कुमा)। ३ हथेली (जं १)। ४ तला, भूमिका; 'सत्ततले पासाए' (सुर २, ८१)। ५ अधोभाग, नीचे (गाया १, १)। ६ हाथ, हस्त (कप्प, पराह २, ५)। ७ मध्य खण्ड (ठा ८)। ८ तलवा, पानी के नीचे का भाग या सतह (पराह १,३)। °ताल पुंन [°ताल] १ हस्त-ताल, ताली। २ वाद्य-विशेष (कप्प)। °प्पहार पुं [°प्रहार] तमाचा, चपेटा (दे)। °भंगय न [°भङ्गक] हाथ का आभूषण-विशेष (औप)। °वट्ट न [°पट्ट] बिछौने की चद्दर (वज्जा १०४)। °वट्ट न [°पत्र] ताड़ वृक्ष का पत्ता (वज्जा १०४)।

तल पुंन [तल] १ वाद्य-विशेष (राय ४६)। २ हथेली; 'अयमाउसो करतले' (सूअ २, १, १६)। ताल वृक्ष की पत्ती (सूअ १, ५, १२)। °वर पुं [°वर] राजा ने प्रसन्न होकर जिसको रत्न-जटित सोने का पट्टा दिया हो वह (अणु २२)।

तलअंट सक [भ्रम्] भ्रमण करना, घूमना, फिरना। तलअंटइ (हे ४, १६१)।

तलआगत्ति पुं [दे] कूप, इनारा (दे ५, ८)।

तलओडा स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष (पराण १)।

तलण न [तलन] तलना, भर्जन (पराह १, १)।

तलप्प अक [तप्] तपना, गरम होना। तलप्पइ (पिंग)।

तलप्फल पुं [दे] शालि, ब्रीहि, धान (दे ५,७)।

तलवत्त पुं [दे] १ कान का आभूषण-विशेष (दे ५, २१; पाअ)। २ वरांग, उत्तमांग (दे ५, २१)।

तलवर पुं [दे. तलवर] नगर-रक्षक, कोतवाल (गाया १, १; सुपा ३; ७३; औप; महा; ठा ६; कप्प; राय; अणु; उवा)।

तलविंट }
तलवेंट } न [तालवृन्त] व्यजन, पंखा (हे १, ६७; प्राप्र)।
तलवोंट }

तलसारिअ वि [दे] १ गालित। २ मुग्ध, मूर्ख (दे ५, ६)।

तलहट्ट सक [सिच्] सींचना। तलहट्टइ, तलहट्टए (सुपा ३६३)। वकृ. **तलहट्टंत** (सुपा ३६३)।

तलहट्टिया स्त्री [दे] पर्वत का मूल, पहाड़ के नीचे की भूमि; तलहटी, तराई; गुजराती में—'तळेटी' (सम्मत्त १३७)।

तलाई स्त्री [तड़ागिका] छोटा तालाब (कुमा)।

तलाग, तलाय न [तड़ाग] तालाब, सरोवर (औप; हे १, २०३; प्राप्र; णाया १, ८; उव)।

तलार पुं [दे] नगर-रक्षक, कोतवाल (दे ५, ३, सुपा २३३; ३६१; षड्; कुप्र १५५)।

तलारक्ख पुं [दे. तलारक्ष] ऊपर देखो (श्रा १२)।

तलाव देखो **तलाग** (उवा; पि २३१)।

तलिअ वि [तलित] भूना हुआ, तला हुआ (विपा १, २)।

तलिआ, तलिगा न [दे] उपानह, जूता, (ओघ ३६; ६८; बृह १)।

तलिण वि [तलिन] १ प्रतल, सूक्ष्म, बारीक (पराह १, ४; औप; दे ५, ६)। २ तुच्छ, क्षुद्र (से १०, ७)। ३ दुर्बल (पाअ)।

तलिम पुंन [दे] १ शय्या, बिछौना (दे ५, २०; पाअ; णाया १, १६—पत्र २०१; २०२; गउड)। २ कुट्टिम, फरस-बन्द जमीन (दे ५, २०; पाअ)। ३ घर के ऊपर की भूमि। ४ वास-भवन, शय्या-गृह। ५ भ्राष्ट्र, भूनने का भाजन—बरतन (दे ५, २०)।

तलिमा स्त्री [तलिमा] वाद्य-विशेष (विसे ७८ टी, णंदि टी)।

तलुण देखो **तरुण** (णाया १, १६; राय; वा १५)।

तलेर [दे] देखो **तलार** (भवि)।

तल्ल न [दे] १ पल्वल, छोटा तालाब (दे ५, १६)। २ तृण-विशेष, बरू (दे ५, १६; पराह २, ३)। ३ शय्या, बिछौना (दे ५, १६; षड्)।

तल्लक पुं [तल्लक] सुरा-विशेष (राज)।

तल्लड न [दे] शय्या, बिछौना (दे ५, २)।

तल्लिच्छ वि [दे] तत्पर, तल्लीन, (दे ५, ३; सुर १, १३; पाअ)।

तल्लेस, तल्लेस्स वि [तल्लेश्य] उसी में जिसका अध्यवसाय हो, तल्लीन, तदासक्त विपा १, २; राज)।

तल्लोविल्लि स्त्री [दे] तड़फड़ना तड़फना, व्याकुल होना; 'थोडइ जलि जिम मच्छलिया तल्लोविल्लि करंत' (कुप्र ८६)।

तव अक [तप्] १ तपना, गरम होना। २ सक. तपश्चर्या करना। तवइ (हे १, १३१; गा २२४)। भूका. तविसु (भग)। वकृ. **तवमाण** (श्रा २७)।

तव सक [तापय्] गरम करना। तवेइ (भग)।

तव पुंन [तपस्] तपस्या, तपश्चर्या (सम ११; नव २६; प्रासू २८)। °**गच्छ** पुं [°गच्छ] जैन मुनियों की एक शाखा, गण-विशेष (संति १४)। °**गग** पुं [°गण] पूर्वोक्त ही अर्थ (द्र ७०)। °**चरण**, °**चरण** न [°चरण] १ तपश्चर्या, तपः-करण (सूअ १, ५, १; उप पृ ३६०; अभि १४७)। २ तप का फल, स्वर्ग का भोग (णाया १, ६)। °**चरणि** त्रि [°चरणिन्] तपस्या करनेवाला (ठा ५, ३)। देखो **तवो**°।

तव देखो **थव** (हे २, ४६; षड्)।

तव देखो **थुण**। तवइ (प्राकृ ६७)।

तवग्ग पुं [तवर्ग] 'त' से लेकर 'न' तक पाँच अक्षर। °**पविभत्ति** न [°प्रविभक्ति] नाट्य-विशेष (राय)।

तवण पुं [तपन] १ सूर्य सूरज (उप १०३१ टी; कुप्र २१५)। २ रावण का एक प्रधान सुभट (से १३, ८५)। ३ न. शिखर-विशेष (दीव)।

तवण पुं [तपन] तीसरी नरक-भूमि का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ८)। °**तणया** स्त्री [°तनया] तापी नदी (हम्मीर १५)।

तवणा स्त्री [तपना] आतापना (सुपा ४१३)।

तवणिज्ज न [तपनीय] सुवर्ण, सोना (पराह १, ४; सुपा ३६)।

तवणिज्ज पुंन [तपनीय] एक देव-विमान (देवेन्द्र १३२)।

तवणी स्त्री [दे] १ भक्ष्य, भक्षण-योग्य कण आदि (दे ५, १; सुपा ५४८; वज्जा ६२)। २ धान्य को खेत से काटकर भक्षण योग्य बनाने की क्रिया (सुपा ५४६)। ३ तवा, पूआ आदि पकाने का पात्र (दे २, ५६)।

तवणीय देखो **तवणिज्ज** (सुपा ४८)।

तवमाण देखो **तव** = तप।

तवय वि [दे] व्यापृत, किसी कार्य में लगा हुआ (दे ५, २)।

तवय पुं [तपक] तवा, भूनने का भाजन (विपा १, ३; सुपा ११८; पाअ)।

तवसि देखो **तवस्सि**; 'पयमित्तंपि न कप्पइ इत्तो तवसीए जं गंतुं' (धर्मवि ५३; १६)।

तवस्सि वि [तपस्विन्] १ तपस्या करनेवाला (सम ५१; उप ८३३ टी)। २ पुं. साधु, मुनि, ऋषि (स्वप्न १८)।

तविअ वि [तप्त] तपा हुआ, गरम (हे २, १०५; पाअ)।

तविअ वि [तापित] १ गरम किया हुआ। २ संतापित; 'एयाए को न तविओ, जयम्मि लच्छीए सच्छंदं' (सुपा २०४; महा; पिंग)।

तविअ वि [तपित] तीसरी नरक-भूमि का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ८)।

तविआ स्त्री [तापिका] तवा का हाथा (दे १, १६३)।

तवु देखो **तउ** (पउम ११८, ८)।

तवो देखो **तओ** (रंभा)।

तवो° देखो **तव** = तपस्। °**कम्म** न [°कर्मन्] तपः-करण (सम ११)। °**धण** पुं [°धन] ऋषि, मुनि (प्रासू)। °**धर** पुं [°धर] तपस्वी, मुनि (पउम २०, १६५; १०३, १०८)। °**वण** न [°वन] ऋषि का आश्रम (उप ७४५; स्वप्न १६)।

तव्वणिय वि [दे] सौगत, बौद्ध, बुद्ध-दर्शन का अनुयायी; 'तव्वणियाण बियं विसयसुह-कुसत्थभावणाघणियं' (विसे १०४१)।

तव्वन्निग वि [दे. तृतीयवर्णिक] तृतीय आश्रम में स्थित (उप पृ २६८)।

तव्विह वि [तद्विध] उसी प्रकार का (भग)।

तस अक [त्रस्] डरना, त्रास पाना। तसइ (हे ४, १९८)। कृ. **तसियव्व** (उप ३३६ टी)।

तस पुं [त्रस] १ स्पर्श-इन्द्रिय से अधिक इन्द्रियवाला जीव, द्वीन्द्रिय आदि प्राणी (जीव

१; जी २)। २ एक स्थान से दूसरे स्थान में जाने-आने की शक्तिवाला प्राणी (निचू १२)। °काइय पुं [°कायिक] जंगम प्राणी, द्वीन्द्रियादि जीव (पण्ह १, १)। °काय पुं [°काय] १ त्रस-समूह (ठा २, १)। २ जंगम प्राणी (आचा)। °णाम, °नाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, जिसके प्रभाव से जीव त्रसकाय में उत्पन्न होता है (कम्म १; सम ६७)। °रेणु पुं [°रेणु] परिमाण-विशेष, बत्तीस हजार सात सौ अड़सठ परमाणुओं का एक परिमाण (अणु; पव २५४)। °वाइया स्त्री [°पादिका] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (जीव)।

तसण न [त्रसन] १ स्पन्दन, चलन, हिलन (राज)। २ पलायन (सूअ १, ७)।

तसनाडी स्त्री [त्रसनाडी] त्रस जीवों के रहने का प्रदेश, जो ऊपर-नीचे मिलाकर चौदह रज्जू परिमित है (पव १४३)।

तसर देखो टसर (कप्पू)।

तसिअ वि [दे] शुष्क, सूखा (दे ५, २)।

तसिअ वि [तृषित] तृषातुर, पिपासित, प्यासा हुआ (रयण ८४)।

तसिअ वि [त्रस्त] भीत, डरा हुआ (जीव ३; महा)।

तसियव्व देखो तस = त्रस्।

तसेयर वि [त्रसेतर] एकेन्द्रिय जीव, स्थावर प्राणी (सुपा १६८)।

तह अ [तथा] १ उसी तरह (कुमा; प्रासू १६; स्वप्न १०)। २ और, तथा (हे १, ६७)। ३ पाद-पूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय (निचू १)। °कार पुं [°कार] 'तथा' शब्द उच्चारण (उत्त २६)। °णाण वि [°ज्ञान] प्रश्न के उत्तर को जाननेवाला (ठा ६)। २ न. सत्य ज्ञान (ठा १०)। °त्ति अ [इति] स्वीकार-द्योतक अव्यय—वैसा ही (जैसा आप फरमाते हैं) (णाया १, १)। °य अ [°च] १ उक्त अर्थ की दृढ़ता-सूचक अव्यय। २ समुच्चय-सूचक अव्यय (पंचा २)। °वि अ [°पि] तो भी (गउड)। °विह वि [°विध] उस प्रकार का (सुपा ४५६)। देखो तहा।

तह वि [तथ्य] तथ्य, सत्य, सच्चा (सूअ १, १३)।

तह पुं [तथ] आज्ञाकारक, दास, नौकर (ठा ४, २—पत्र २१३)।

तह } न [तथ्य] १ स्वभाव, स्वरूप
तहीय } (सूअनि १२२)। २ सत्य वचन (सूअ १, १४, २१)।

तहं देखो तह = तथा (औप)।

तहरी स्त्री [दे] पङ्कवाली सुरा (दे ५, २)।

तहल्लिआ स्त्री [दे] गो-वाट, गौओं का बाड़ा, गोशाला (दे ५, ८)।

तहा देखो तह = तथा (कुमा; गउड; आचा; सुर ३, २७)। °गय पुं [°गत] १ मुक्त आत्मा। २ सर्वज्ञ (आचा)। °भूय वि [°भूत] उस प्रकार का (पउम २२, ६५)। °रूव वि [°रूप] उस प्रकार का (भग १५)। °वि वि [°विद्] १ निपुण, चतुर २ पुं. सर्वज्ञ (सूअ १, ४, १)। °हि अ [°हि] वह इस प्रकार (उप ६८६ टी)।

तहि देखो तह = तथा (गा ८७८; उत्त ६)।

तहिं } अ [तत्र] वहाँ, उसमें (गा २०६;
तहि } प्राप्र; गा २३४, ऊरु १०५)।

तहिय वि [तथ्य] सत्य, सच्चा, वास्तविक (णाया १, १२)।

तहियं अ [तत्र] वहाँ, उसमें (विसे २७८)।

तहेय } अ [तथैव] उसी तरह, उसी प्रकार
तहेव } (कुमा; षड्)।

ता अ [तद्] उससे, उस कारण से (हे ४, २७८; गा ४६; ६७; उव)।

ता देखो ताव = तावत् (हे १, २७१; गा १४१; २०१)।

ता अ [तदा] तब, उस समय (रंभा; कुमा; सण)।

ता अ [तर्हि] तो, तब (रंभा; कुमा)।

ता स्त्री [ता] लक्ष्मी (सुर १६, ४८)।

ता° स [तद्] वह। °गंध पुं [°गन्ध] १ उसका गन्ध। २ उसके गन्ध के समान गन्ध (पण्ण १७)। °फास पुं [°स्पर्श] १ उसका स्पर्श। २ वैसा स्पर्श (पण्ण १७)। °रस पुं [°रस] १ वह स्पर्श। २ वैसा स्पर्श (पण्ण १७)। °रूव न [°रूप] १ वह रूप। २ वैसा रूप (पण्ण १७—पत्र ५२२)।

ताअ देखो ताव = ताप (गा ७६७; ८१४; हेका ५०)।

ताअ पुं [तात] १ तात, पिता, बाप (सुर १, १२३; उत्त १४)। २ पुत्र, वत्स (सूअ १, ३, २)।

ताअ सक [त्रै] रक्षण करना। कृ. तायव्व (आ १२)।

ताअप्प न [तादात्म्य] तद्रूपता, अभेद, अभिन्नता (प्राकृ २४)।

ताइ वि [त्यागिन्] त्याग करनेवाला (गा २३०)।

ताइ वि [तायिन्] रक्षक, परिपालक (उत्त ८)।

ताइ वि [तापिन्] ताप-युक्त (सूअ १, १५)।

ताइ वि [त्रायिन्] रक्षक, रक्षण करनेवाला (उत्त २१, २२)।

ताइ वि [तायिन्] उपकारी (सूअ १, २, २, १७)।

ताइ पुं [त्रायिन्] मुनि, साधु (दसनि २, ६)।

ताइअ वि [त्रात] रक्षित (उव)।

ताउं (अप) देखो ताव = तावत् (कुमा)।

ताठा (चूपै) देखो दाढा (हे ४, ३२५)।

ताड सक [ताडय्] १ ताड़न करना, पीटना। २ प्रेरणा करना, आघात करना। ३ गुणाकार करना। ताडइ (हे ४, २७)। भवि. ताडइस्सं (पि २४०)। वकृ. ताडिंत (काल)। कवकृ. ताडिज्जमाण, ताडीअंत, ताडीअमाण (सुपा २६; पि २४०, अभि १५१) हेकृ. ताडिउं (कप्पू)। कृ. ताडिअ (उत्त १६)।

ताड पुं [ताल] ताड़ का पेड़ (स २५६)।

ताडंक पुं [ताडङ्क] कान का आभूषण-विशेष, कुण्डल (दे ६, ६३; कप्पू; कुमा)।

ताडण न [ताडन] १ ताड़न, पीटना (उप ६८६ टी; गा ५४६)। २ प्रेरणा, आघात (से १२, ८३)।

ताडाविय वि [ताडित] पिटवाया गया (सुपा २८८)।

ताडिअ देखो ताड = ताडय्।

ताडिअ वि [ताडित] १ जिसका ताडन किया गया हो वह, पीटा हुआ (पाअ)। २

जिसका गुणाकार किया हो वह; 'इक्कासीई सा करणकारणागुमइताडिआ होइ' (श्रा ६)।

ताडिअय न [दे] रोदन, रोना (दे ५, १०)।

ताडिज्जमाण देखो ताड = ताडय्।

ताडी स्त्री [ताडी] वृक्ष-विशेष (गउड)।

ताडीअंत, **ताडीअमाण** } देखो ताड = ताडय्

ताण न [त्राण] १ शरण, रक्षण कर्ता (सुपा ५७४)। २ रक्षण (सम ५१)।

ताण पुं [तान] संगीत-प्रसिद्ध स्वर-विशेष, 'ताणा एगूणपएणासं' (अणु)।

ताणव न [तानव] कृशता, दुर्बलता (किरात १५)।

ताणिअ वि [तानित] ताना हुआ (ती १५)।

ताद देखो ताअ = तात (प्राकृ १२)।

तादत्थ न [तादर्थ्य] तदर्थभाव, उसके लिए (श्रावक १२४, १२७)।

तादवत्थ न [तादवस्थ्य] स्वरूप का अपभ्रंश वही अवस्था, अभिन्नरूपता (धर्मसं ४०४; ४०५; ४१६)।

तादिस देखो तारिस (गा ७३८; प्रासू ३४)।

ताम देखो तम्म = तम्। तामइ (गा ८५३)।

ताम (अप) देखो ताव = तावत् (हे ४, ४०६; भवि)।

तामर वि [दे] रम्य, सुन्दर (दे ५, १०; पाअ)।

तामरस न [तामरस] कमल, पद्म (दे ५, १०; पाअ)।

तामरस न [दे] पानी में उत्पन्न होनेवाला पुष्प (दे ५; १०)।

तामलि पुं [तामलि] स्वनाम-ख्यात एक तापस (भग ३, १; श्रा ६)।

तामलित्ति स्त्री [ताम्रलिप्ति] एक प्राचीन नगरी, वंग देश की प्राचीन राजधानी (उप ६८८; भग ३, १; पएण १)।

तामलित्तिया स्त्री [ताम्रलिप्तिका] जैनमुनि-वंश की एक शाखा (कप्प)।

तामस न [तामस] १ अन्धकार। २ अन्धकार-समूह (चेइय ३२३)।

तामस वि [तामस] तमोगुणवाला (पउम ८, ५०; कुप्र ४२८)। °त्थ न [°स्त्र] कृष्ण वर्ण का अस्त्र-विशेष (पउम ८, ५०)।

तामहि, **तामहिं** } (अप) देखो ताव = तावत् (षड्; भवि; पि २६१; हे ४, ४०६)।

तायण न [त्राण] रक्षण (धर्मवि १२८)।

तायत्तीसग पुं [त्रायस्त्रिंशक] गुरु-स्थानीय देव-जाति (ठा ३, १; कप्प)।

तायत्तीसा स्त्री [त्रयस्त्रिंशत्] १ संख्या-विशेष, तेत्तीस। २ तेत्तीस संख्यावाला, तेत्तीस; 'तायत्तीसा लोगपाला' (ठा; पि ४४७; कप्प)।

तायव्व देखो ताअ = त्रै।

तार पुं [तार] १ चौथी नरक का एक स्थान (देवेन्द्र १०)। २ शुद्ध मोती। ३ प्रणव, ओंकार। ४ मायाबीज, 'ह्रीं' अक्षर। ५ तरण, तैरना (हे १, १७७)।

तार वि [तार] १ निर्मल, स्वच्छ (से ६, ४२)। २ चमकता, देदीप्यमान (पाअ)। ३ अति ऊँचा (से ६, ४)। ४ अति ऊँचा स्वर (राय; मा ४६४)। ५ न. चाँदी (ती २)। ६ पुं. वानर-विशेष (से १, ३४)। °वई स्त्री [°वती] एक राज-कन्या (आचू ४)।

तारंग न [तारङ्ग] तरंग-समूह (से ६, ४२)।

तारग वि [तारक] तारनेवाला, पार उतारनेवाला (उप पृ ३२)। २ पुं. नृप-विशेष, द्वितीय प्रतिवासुदेव (पउम ५, १५६)। ३ सूर्य आदि नव ग्रह (ठा ६) देखो तारय।

तारगा स्त्री [तारका] १ नक्षत्र (सूअ २, ६)। २ एक इन्द्राणी, पूर्णभद्र-नामक इन्द्र की एक पटरानी (ठा ४, १)। देखो तारया।

तारण न [तारण] १ पार उतारना (सुपा २५७)। २ वि. तारनेवाला (सुपा ४१७)।

तारत्तर पुं [दे] मुहूर्त (दे ५, १०)।

तारय देखो तारग (सम १; प्रासू १०१)। ४ न. छन्द-विशेष (पिंग)।

तारया देखो तारगा। ३ आँख की तारा (गउड; गा १४८; २५४)।

तारा स्त्री [तारा] १ आँख की पुतली (गा ४११; ४३५)। २ नक्षत्र (ठा ५, १; से १, ३४)। ३ सुग्रीव की स्त्री (से १, ३४)। ४ सुभूम चक्रवर्त्ती की माता (सम १५२)। ५ नदी-विशेष (ठा १०)। ६ बौद्धों की शासन-देवी (कुप्र ४४२)। °उर न [°पुर] तारंगा-स्थान (कुप्र ४४२)। °चंद पुं [°चन्द्र] एक राज-कुमार (धम्म ७२ टी)। °तणय पुं [°तनय] वानर-विशेष, अङ्गद (से १३, ६७)। °पह पुं [°पथ] आकाश, गगन (अणु)। °पहु पुं [°प्रभु] चन्द्रमा (उप ३२० टी)। °मेत्ती स्त्री [°मैत्री] निःस्वार्थ मित्रता (कप्पू)। °यण न [°यन] कनीनिका का चलना, आँख की पुतली का हिलन; 'भग्गं तारायणं नियइ' (सुपा १८७)। °वइ पुं [°पति] चन्द्रमा (गउड)।

तारि वि [तारिन्] तारनेवाला, तारक (सम्मत्त २३०)।

तारिम वि [तारिम] तरणीय, तैरने योग्य (भास ६३)।

तारिय वि [तारित] पार उतारा हुआ (भवि)।

तारिया स्त्री [तारिका] तारा के आकार की एक प्रकार की विभूषा, टिकली, टिकिया; 'विचित्तलंबंततारियाइन्नं' (सुर ३, ७१)।

तारिस वि [तादृश] वैसा, उस तरह का (कप्प; प्राप्र; कुमा)। स्त्री. °सी (प्रासू १२५)।

तारी स्त्री [तारी] तारकजातीय देवी (पव १६, ४)।

तारुअ वि [तारक] तारनेवाला (चेइय ५२१)।

तारुण्ण, **तारुन्न** } न [तारुण्य] तरुणता, यौवन (गउड; कप्पू; कुमा; सुपा ३१६)।

ताल देखो ताड = ताडय्। तालेइ (पि २४०)। वकृ. तालेमाण (विपा १, १)। कवकृ. तालिज्जंत, तालिज्जमाण (पउम ११८, १०; पि २४०)।

ताल सक [तालय्] ताला लगाना, बन्द करना। संकृ. तालेवि (सुपा ४२८)।

ताल पुं [ताल] १ वृक्ष-विशेष (पण्ह १, ४)। २ वाद्य-विशेष, कंसिका (पण्ह २, ५)। ३ ताली (दस २)। ४ चपेटा, तमाचा (से ६, ५६)। ५ वाद्य-समूह (राज)। ६ आजीवक मत का एक उपासक (भग ८, ५)। ७ न. ताला, द्वार बन्द करने की कल (उप ३३३)। ८ ताल वृक्ष का फल (दे ६, १०२)। °उड न [°पुट] तत्काल प्राण-नाशक विष-विशेष (णाया १, १४; सुपा १३७; ३१६)। °जंघ पुं [°जङ्घ] १ नृप-विशेष (धर्म १)। २ वि.

ताल की तरह लम्बी जाँघवाला (णाया १, ८)। °ज्झय पुं [°ध्वज] १ बलदेव (आवम)। २ नृप-विशेष (दंस १)। ३ शत्रुञ्जय पहाड़ (ती १)। °पलंब पुं [°प्रलम्ब] गोशालक का एक उपासक (भग ८; ५)। °पिसाय पुं [°पिशाच] दीर्घ-काय राक्षस (पण्ण १)। °पुड देखो °उड (आ १२)। °यर पुं [°चर] एक मनुष्य-जाति, चारण (ओघ ७६६)। °विंट, °विंत, °वेंट, °वोंट न [°वृन्त] व्यजन, पंखा (पि ५३, नाट—वेणी १०४; हे १, ६७; प्राप्र)। °संवुड पुं [°संपुट] ताल के पत्रों का संपुट, ताल-पत्र-संचय (सूअ १, ५, १)। °सम वि [°सम] ताल के अनुसार स्वर, स्वर-विशेष (ठा ७)।

तालंक पुं [ताडङ्क] १ कुण्डल, कान का आभूषण-विशेष। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

तालंकि पुंस्त्री [तालङ्किन्] छन्द-विशेष। स्त्री. °णी (पिंग)।

तालग न [तालक] ताला, द्वार बन्द करने का यन्त्र (उप ३३६ टी)।

तालण देखो **ताडण** (औप)।

तालणा स्त्री [ताडना] चपेटा आदि का प्रहार (पण्ह २, १; औप)।

तालप्फली स्त्री [दे] दासी, नौकरानी (दे ५, १)।

तालय देखो **तालग** (सुपा ४१४; कुप्र २५२)।

तालसम न [तालसम] गेय काव्य का एक भेद (दसनि २, २३)।

तालहल पुं [दे] शालि, व्रीहि (दे ५, ७)।

ताला अ [तदा] उस समय, 'ताला जाअंति गुणा, जाला ते सहिअएहिं घिप्पंति' (हे ३, ६५; काप्र ५२१)।

ताला स्त्री [दे] लाजा, खोई, धान का लावा (दे ५, १०)।

तालाचर पुं [तालचर] ताल (वाद्य) बजाने-वाला (निचू १५)।

तालाचर } पुं [तालाचर] १ प्रेक्षक-विशेष,
तालायर } ताल देनेवाला प्रेक्षक (णाया १, १)। १ नट, नर्त्तक आदि मनुष्य-जाति (बृह ३)।

तालिअ वि [ताडित] आहत, पीटा हुआ (णाया १, ५)।

तालिअंट सक [भ्रमय्] घुमाना, फिराना। तालिअंटइ (हे ४, ३०)।

तालिअंट न [तालवृन्त] व्यजन, पंखा (स ३०८)।

तालिअंटिर वि [भ्रमयितृ] घुमानेवाला (कुमा)।

तालिज्जंत देखो **ताल** = ताडय्।

तालिस देखो **तारिस** (उत्त ५, ३१)।

ताली स्त्री [ताली] १ वृक्ष-विशेष (चारु ६३)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। °पत्त न [°पत्र] ताल-वृक्ष के पत्ता का बना हुआ पंखा (चारु ६३)।

तालु } न [तालु, °क] तालु, मुँह के अन्दर
तालुअ } का ऊपरी भाग, तलुआ (सत्त ४६; णाया १, १६)।

तालुग्घाडणी स्त्री [तालोद्घाटनी] विद्या-विशेष, ताला खोलने की विद्या (वसु)।

तालुर पुं [दे] १ फेन, फीण। २ कपित्थ वृक्ष, कैथ का पेड़ (दे ५, २१)। ३ पानी का आवर्त्त (दे ५, २१; गा ३७; पाअ)। ४ पुं. पुष्प का सत्व (विक्र ३२)।

तालेवि देखो **ताल** = तालय्।

ताव सक [तापय्] १ तपाना, गरम करना। २ संताप करना, दुःख उपजाना। तावेंति (गा ८५०)। कर्म. ताविज्जंति (गा ७)। कृ. तावणिज्ज (भग १५)।

ताव पुं [ताप] १ गरमी, ताप (सुपा ३८६; कप्पू)। २ संताप, दुःख (आव ४)। ३ सूर्य, रवि। °दिसा स्त्री [°दिश्] सूर्य-तापित दिशा (राज)।

ताव अ [तावत्] इन अर्थों का सूचक अव्यय। १ तबतक (पउम ६८, ५०)। २ प्रस्तुत अर्थ (आवम)। ३ अवधारण, निश्चय। ४ अवधि, हद। ५ पक्षान्तर। ६ प्रशंसा। ७ वाक्य-भूषा। ८ मान। ९ साकल्य, संपूर्णता। १० तब, उस समय (हे १, ११)।

तावअ वि [तावक] त्वदीय, तुम्हारा (अच्चु ५३)।

तावइअ वि [तावत्] उतना (सम १४४; भग)।

तावं देखो **ताव** = तावत् (भग)।

तावँ } (अप) देखो **ताव** = तावत्
तावँहिं } (कुमा)।

तावण पुं [तापन] चौथी नरकभूमि का एक नरकस्थान (देवेन्द्र ८)। २ वि. तपानेवाला (त्रि ६७)।

तावण न [तापन] १ गरम करना, तपाना (निचू १)। २ पुं. इक्ष्वाकु वंश का एक राजा (पउम ५, ५)।

तावणिज्ज देखो **ताव** = तापय्।

तावत्तीस }
तावत्तीसग } देखो **तायत्तीसय** (औप, पि ४४५; ४३८; काल)।
तावत्तीसय }

तावत्तीसा देखो **तायत्तीसा** (पि ४३८)।

तावस पुं [तापस] १ तपस्वी, योगी, संन्यासि-विशेष (औप)। २ एक जैनमुनि (कप्प)। °गेह न [°गेह] तापसों का मठ (पाअ)।

तावसा स्त्री [तापसा] जैन मुनियों की एक शाखा (कप्प)।

तावसी स्त्री [तापसी] तपस्विनी, योगिनी (गउड)।

ताविअ वि [तापित] तपाया हुआ, गरम किया हुआ (गा ५३; विपा १, ३; सुर ३, २२०)।

ताविआ स्त्री [तापिका] तवा, पूआ आदि पकाने का पात्र (दे २, ५६)। २ कड़ाही, छोटा कड़ाह (आवम)।

ताविच्छ पुंन [तापिच्छ] वृक्ष-विशेष, तमाल का पेड़ (कुमा; दे १, ३७; सुपा ५८)।

तावी स्त्री [तापी] नदी-विशेष (पउम ३५, १; गा २३९)।

तास पुं [त्रास] १ भय, डर (उप पृ ३५)। २ उद्वेग, संताप (पण्ह १, १)।

तासण वि [त्रासन] त्रास उपजानेवाला (पण्ह १, १)।

तासि वि [त्रासिन्] १ त्रास-युक्त, त्रस्त। २ त्रास-जनक (ठा ४, २; कप्पू)।

तासिअ वि [त्रासित] जिसको त्रास उप-जाया गया हो वह (भवि)।

ताहे अ [तदा] उस समय, तब (हे ३, ६५)।

ति अ [त्रिः] तीन बार (ओघ ५४२)।

ति देखो तइअ = तृतीय (कम्म २, १६)। °**भाग**, °**भाय**, °**हाअ** पुं [°भाग] तृतीय भाग, तीसरा हिस्सा (कम्म २; णाया १, १६—पत्र २१८; कप्पू)।

ति देखो थी; 'उल्लुलु गायंति भुणि सभत्तिपुत्ता तिग्रो चच्चरियाउर्दिति' (रंभा)।

ति त्रि.ब. [त्रि] तीन, दो और एक (नव ४; महा)। °**अणुअ** न [°अणुक] तीन परमाणुओं से बना हुआ द्रव्य; 'अणुअतणेहि आरद्धदव्वे तिअणुअं ति निद्देसो' (सम्म १३६)। °**उण** वि [°गुण] १ तीनगुना। २ सत्व रजस् और तमस् गुणवाला (अच्चु ३०)। °**उणिय** वि [°गुणित] तीनगुना (भवि)। °**उत्तरसय** वि [°उत्तरशततम] एक सौ तीसरा, १०३ वाँ (पउम १०३, १७६)। °**उल** वि [°तुल] १ तीन को जीतनेवाला। २ तीन को तौलनेवाला (णाया १, १—पत्र ६४)। °**ओय** न [°ओजस्] विपम राशि-विशेष (ठा ४, ३)। °**कंड**, °**कंडग** वि [°काण्ड,°क] तीन काण्डवाला, तीन भागवाला (कप्पू; सूअ १, ६)। °**कडुअ** न [°कटुक] सोंठ, मरीच और पीपल (अणु)। °**करण** देखो °गरण (राज)। °**काल** न [°काल] भूत, भविष्य और वर्त्तमान काल (भग; सुपा ८८)। °**काल** देखो °काल (सुपा १६६)। °**खंड** वि [°खण्ड] तीन खण्डवाला (उप ९८६ टी)। °**खंडाहिवइ** पुं [°खण्डाधिपति] अर्ध चक्रवर्त्ती राजा, वासुदेव (पउम ९१, २६)। °**गडु**, °**गडुअ** देखो °कडुअ (स २५८; २६३)। °**गरण** न [°करण] मन, वचन और काया (द्र २०)। °**गुण** देखो °उण (अणु)। °**गुत्त** वि [°गुप्त] मनोगुप्ति आदि तीन गुप्तिवाला, संयमी (सं ८)। °**गोण** वि [कोण] तीन कोनेवाला (राज)। °**चत्ता** स्त्री [°चत्वारिंशत्] तेतालीस (कम्म ४, ५५)। °**जय** न [°जगत्] स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक (ति १)। °**णयण** पुं [°नयन] महादेव, शिव (से १५, ५८; सुपा १३८; ५६६; गउड)। °**तुल** देखो °उल (णाया १, १ टी—पत्र ६७)। °**त्तिस** (अप) देखो °त्तीस। °**त्तीस** स्त्रीन [त्रयस्त्रिंशत्] १ संख्या-विशेष, ३३। २ तेतीस संख्यावाला, तेत्तीस (कप्प; जी ३६; सुर १२, १३६; दं २७)। °**दंड** न [°दण्ड] १ हथियार रखने का एक उपकरण (महा)। २ तीन दण्ड (औप)। °**दंडि** पुं [°दण्डिन्] संन्यासी, सांख्य मत का अनुयायी साधु (उप १३९ टी; सुपा ४३६ महा)। °**नवइ** स्त्री [°नवति] १ संख्या विशेष, तिरानवे। २ तिरानवे संख्यावाला (कम्म १, ३१)। °**पंच** त्रि.ब. [°पञ्चन्] पंद्रह (ओघ १४)। °**पंचासइम** वि [°पञ्चाश] त्रिपनवाँ (पउम ५३, १५०)। °**पह** न [°पथ] जहाँ तीन रास्ते एकत्रित होते हों वह स्थान (राज)। °**पायण** न [°पातन] १ शरीर, इन्द्रिय और प्राण इन तीनों का नाश। २ मन, वचन और काया का विनाश (पिंड)। °**पुंड** न [°पुण्ड्र] तिलक-विशेष (स ६)। °**पुर** पुं [°पुर] १ दानव-विशेष। २ न. तीन नगर (राज)। °**पुरा** स्त्री [°पुरा] विद्या-विशेष (सुपा ३९७)। °**भंगी** स्त्री [°भङ्गी] छन्द-विशेष (पिंग)। °**महुर** न [°मधुर] घी, शक्कर और मधु (अणु)। °**मासिआ** स्त्री [त्रैमासिकी] जिसकी अवधि तीन मास की है ऐसी एक प्रतिमा, व्रत-विशेष (सम २१)। °**मुह** वि [°मुख] १ तीन मुखवाला (राज)। २ पुं. भगवान् संभवनाथजी का शासन-देव (संति ७)। °**रत्त** न [°रात्र] तीन रात (स ३४२); 'धम्मपरस्स मुहुत्तोवि दुल्लहो किंपुण तिरत्तं' (कुप्र ११८)। °**रासि** न [°राशि] जीव, अजीव और नोजीव रूप तीन राशियाँ (राज)। °**लोअ** न [°लोकी] स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक (कुमा; प्रासू ८६; सं १)। °**लोअण** पुं [°लोचन] महादेव, शिव (श्रा २८; पउम ५, १२२; पिंग)। °**लोअपुज्ज** पुं [°लोकपूज्य] धातकीषण्ड के विदेह में उत्पन्न एक जिनदेव (पउम ७५, ३१)। °**लोई** स्त्री [°लोकी] देखो °लोअ (गउड; भत्त १५२)। °**लोग** देखो °लोअ (उप पृ ३)। °**वई** स्त्री [°पदी] १ तीन पदों का समूह। २ भूमि में तीन बार पाँव का न्यास (औप)। ३ गति-विशेष (अंत १६)। °**वग्ग** पुं [°वर्ग] १ धर्म, अर्थ और काम ये तीन पुरुषार्थ (ठा ४, ४—पत्र २८३; स ७०३; उप पृ २०७)। २ लोक, वेद और समय इन तीन का वर्ग। ३ सूत्र, अर्थ और उन दोनों का समूह (आचू १; आवम)। °**वण्ण** पुं [°पर्ण] पलाश वृक्ष (कुमा)। °**वरिस** वि [°वर्ष] तीन वर्ष की अवस्थावाला (वव ३)। °**वलि** स्त्री [°वलि] चमड़ी की तीन रेखाएँ (कप्पू)। °**वलिय** वि [°वलिक] तीन रेखावाला (राय)। °**वली** देखो °वलि (गा २७८; औप)। °**वट्ठ** पुं [°पृष्ठ] भरतक्षेत्र के भावी नवम वासुदेव (सम १५४)। °**वय** न [°पद] तीन पाँववाला (दे ८, १)। °**वहआ** स्त्री [°पथगा] गंगा नदी (से ६, ८; अच्चु ३)। °**वायणा** स्त्री [°पातना] देखो °पायण (पण्ह १, १)। °**विट्ठु**, °**विट्‌ठु** पुं [°पृष्ठ, °विष्टु] भारतक्षेत्र में उत्पन्न प्रथम अर्ध-चक्रवर्त्ती राजा का नाम (सम ८८; पउम ५, १५५)। °**विह** वि [°विध] तीन प्रकार का (उवा; जी २०; नव ३)। °**विहार** पुं [°विहार] राजा कुमारपाल का बनवाया हुआ पाटण का एक जैन मन्दिर (कुप्र १४४)। °**संकु** पुं [°शङ्कु] सूर्यवंशीय एक राजा (अभि ८२)। °**संझ** न [°सन्ध्य] प्रभात, मध्याह्न और सायंकाल का समय (सुर ११, १०९)। °**सट्ठ** वि [°षष्ट] तिरसठवाँ, ६३ वाँ (पउम ६३, ७३)। °**सट्ठि** स्त्री [°षष्टि] तिरसठ, ६३ (भवि)। °**सत्त** त्रि.ब. [°सप्तन्] एक्कीस (श्रा ६)। °**सत्तखुत्तो** अ [°सप्तकृत्वस्] एक्कीस बार (णाया १, ६; सुपा ४४९)। °**समइय** वि [°सामयिक] तीन समय में उत्पन्न होनेवाला, तीन समय की अवधिवाला (ठा ३,४)। °**सरय** न [°सरक] तीन सरा या लड़ीवाला हार (णाया १, १; औप; महा)। २ वाद्य-विशेष (पउम ९६, ४४)। °**सरा** स्त्री [°सरा] मच्छली पकड़ने का जाल-विशेष (विपा १, ८)। °**सरिय** न [°सरिक] १ तीन सरा या लड़ी वाला हार (कप्प)। २ वाद्य-विशेष (पउम ११३,११)। ३ वि. वाद्य-विशेष-संबन्धी (पउम १०२, १२३)। °**सीस** पुं [°शीर्ष] देव-विशेष (दीव)। °**सूल** न [°शूल] शस्त्र-विशेष (पउम

१२, ३४; स ६६६)। °सूलपाणि पुं [°शूलपाणि] १ महादेव, शिव। २ त्रिशूल का हाथ में रखनेवाला सुभट (पउम ५६, ३५)। °सूलिया स्त्री [°शूलिका] छोटा त्रिशूल (सूअ १, ५, १)। °हत्तर वि [°सप्तत] तिहत्तरवाँ, ७३ वाँ (पउम ७३, ३६)। °हा अ [°धा] तीन प्रकार से (पि ४५१; अणु)। °हुअण, °हुण, °हुवण न [°भुवन] १ तीन जगत्, स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक (कुमा; सुर १, ८; प्रासू ४६; अच्चु १६)। २ पुं. राजा कुमारपाल के पिता का नाम (कुप्र १४४)। °हुअणपाल पुं [°भुवनपाल] राजा कुमारपाल का पिता (कुप्र १४४)। °हुअणालंकार पुं [°भुवनालंकार] रावण के पट्टहस्ती का नाम (पउम ८१, १२२)। °हुणविहार पुं [°भुवनविहार] पाटण (गुजरात) में राजा कुमारपाल का बनवाया हुआ एक जैन मन्दिर (कुप्र १४४)। देखो ते°।

°ति देखो इअ = इति (कुमा; कम्म २, १२; २३)।

तिअ (अप) अक [तिम्, स्तिम्] १ आर्द्र होना। २ सक. आर्द्र करना। तिअइ (प्राकृ १२०)।

तिअ न [त्रिक] १ तीन का समुदाय (श्रा १; उप ७२८ टी)। २ वह जगह जहाँ तीन रास्ते मिलते हों (सुर १, ६३)। °संजअ पुं [°संयत] एक राजर्षि (पउम ५, ५१)। देखो तिग।

तिअ वि [त्रिज] तीन से उत्पन्न होनेवाला (राज)।

तिअंकर पुं [त्रिकंकर] स्वनाम-ख्यात एक जैनमुनि (राज)।

तिअग न [त्रिकक] तीन का समुदाय (विसे २६४३)।

तिअडा स्त्री [त्रिजटा] स्वनाम-ख्यात एक राक्षसी (से ११, ८७)।

तिअभंगी स्त्री [त्रिभङ्गी] छन्द-विशेष (पिंग)।

तिअय न [त्रितय] तीन का समूह (विसे १४३२)।

तिअलुक्क, तिअलोय न [त्रैलोक्य] तीन जगत्—स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक (धर्म ६०; लहुअ ६)।

तिअस पुं [त्रिदश] देव, देवता (कुमा; सुर १, ६)। °गअ पुं [°गज] ऐरावत या ऐरावण हाथी, इन्द्र का हाथी (से ६, ६१)। °नाह पुं [°नाथ] इन्द्र (उप ६८६ टी; सुपा ४४)। °पहु पुं [°प्रभु] इन्द्र, देव-नायक (सुपा ४७; १७६)। °रिसि पुं [°ऋषि] नारद मुनि (कुप्र २७२)। °लोअ पुं [°लोक] स्वर्ग (उप १०१६)। °विलया स्त्री [°वनिता] देवी, स्त्री देवता (सुपा २६७)। °सरि स्त्री [°सरित्] गंगा नदी (कुप्र)। °सेल पुं [°शैल] मेरु पर्वत (सुपा ४८)। °लय पुंन [°लय] स्वर्ग (कुप्र १६; उप ७२८ टी; सुर १, १७२)। °हिव पुं [°धिप] इन्द्र (सुपा ३४)। °हिवइ पुं [°धिपति] इन्द्र (सुपा ७६)।

तिअससूरि पुं [त्रिदशसूरि] बृहस्पति (सम्मत्त १२०)।

तिअसिंद पुं [त्रिदशेन्द्र] इन्द्र, देव-पति (वज्जा १५४)।

तिअसेंद देखो तिअसिंद (चेइय ६१०)।

तिअसीस पुं [त्रिदशेश] इन्द्र, देव-नायक (हे १, १०)।

तिआमा स्त्री [त्रियामा] रात्रि, रात (अच्चु ४६)।

तिइक्ख सक [तितिक्ष्] सहन करना। तिइक्खए (आचा)। वकृ. तिइक्खमाण (आचा)।

तिइक्खा स्त्री [तितिक्षा] क्षमा, सहिष्णुता (आचा)।

तिइज्ज, तिइय वि [तृतीय] तीसरा पि ४४६; संक्षि २०)।

तिउक्खर न [त्रिपुष्कर] वाद्य-विशेष (अजि ३१)।

तिउट्ट सक [त्रोटय्] १ तोड़ना। २ परित्याग करना। तिउट्टिज्जा (सूअ १, १, १, १)।

तिउट्ट अक [त्रुट्] १ टूटना। २ मुक्त होना; 'सव्वदुक्खा तिउट्टइ' (सूअ १, १५, ५)।

तिउट्ट वि [त्रुट्ट, त्रुटित] १ टूटा हुआ। २ अपसृत (आचा)।

तिउड पुं [दे] कलाप, मोर-पिच्छ (पाअ)।

तिउडग पुंन [त्रिपुटक] धान्य विशेष (दसनि ६, ८; पव १५६)।

तिउडय न [दे] १ मालव देश में प्रसिद्ध धान्य-विशेष (श्रा १८)। २ लौंग, लवंग (श्रा पत्र ६६)।

तिउर न [त्रिपुर] एक विद्याधर-नगर (इक)।

तिउर पुं [त्रिपुर] असुर-विशेष (त्रि ६४)। °णाह पुं [°नाथ] वही (त्रि ८७)।

तिउरी स्त्री [त्रिपुरी] नगरी-विशेष, चेदि देश की राजधानी (कुमा)।

तिउल वि [दे] मन, वचन और काया को पीड़ा पहुँचानेवाला, दुःख का हेतु (उत्त २)।

तिऊड देखो तिकूड (से ८, ८३; ११, ६८)।

तिंगिआ स्त्री [दे] कमल-रज (दे ५, १२)।

तिंगिच्छ देखो तिगिच्छ (इक)।

तिंगिच्छायण न [चिकित्सायन] नक्षत्र-गोत्र-विशेष (इक)।

तिंगिच्छि स्त्री [दे] कमल-रज, पद्म का रज, पराग (दे ५, १२; गउड; हे २, १७४; जं ४)।

तिंत वि [तीमित] भींजा हुआ (स ३३२; हे ४, ४३१)।

तिंतिण, तिंतिणिअ वि [दे] बड़बड़ करनेवाला, बड़बड़ानेवाला, वाञ्छित लाभ न होने पर खेद से मन में जो आवे सो बोलनेवाला (वव १; ठा ६—पत्र ३७१; कस)।

तिंतिणी स्त्री [तिन्त्रिणी] १ चिंचा, इमली का पेड़ (अभि ७१)।

तिंतिणी स्त्री [दे] बड़बड़ाना (वव ३)।

तिंदुइणी स्त्री [तिन्दुकिनी] वृक्ष-विशेष (कुप्र १०२)।

तिंदुग, तिंदुय पुं [तिन्दुक] १ वृक्ष-विशेष, तेंदू का पेड़ (पाअ; पउम २०, ३७; सम १५२; पण्ण १७)। २ न. फल-विशेष (पण्ण १७)। ३ श्रावस्ती नगरी का एक उद्यान (विसे २३०७)।

तिंदुग, तिंदुय पुं [तिन्दुक] त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १३६; सुख ३६, १३६)।

तिंदूस } पुंन [तिन्दूस, °क] १ वृक्ष विशेष
तिंदूसग } (पराण १)। २ कन्दुक, गेंद
तिंदूसय } (णाया १, १८; सुपा ५३)। ३ क्रीड़ा-विशेष (श्रावम)।

तिकल्ल न [त्रैकाल्य] तीनों काल का विषय (पराह २, २)।

तिकूड पुं [त्रिकूट] १ लंका के समीप का एक पहाड़, सुवेल पर्वत (पउम ५, १२७)। २ शीता महानदी के दक्षिण किनारे पर स्थित पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)। °सामिश्र पुं [°स्वामिन्] सुवेल पर्वत का स्वामी, रावण (पउम ६५, २१)।

तिक्ख वि [तीक्ष्ण] १ तेज, तीखा, पैना (महा; गा ५०४)। २ सूक्ष्म। ३ चोखा, शुद्ध (कुमा)। ४ परुष, निष्ठुर (भग १६, ३)। ५ वेग-युक्त, क्षिप्र-कारी (जं २)। ६ क्रोधी, गरम प्रकृतिवाला। ७ तीता, कडुवा ८ उत्साही। ९ आलस्य-रहित। १० चतुर, दक्ष। ११ न. विष, जहर। १२ लोहा। १३ युद्ध, संग्राम। १४ शस्त्र, हथियार। १५ समुद्र का नोन। १६ यवक्षार। १७ श्वेत-कुष्ठ। १८ ज्योतिष-प्रसिद्ध तीक्ष्ण गण, यथा अश्लेषा, आर्द्रा, ज्येष्ठा और मूल नक्षत्र (हे २, ७५, ८२)।

तिक्ख सक [तीक्ष्णय्] तीक्ष्ण करना, तेज करना। तिक्खेइ (हे ४, ३४४)।

तिक्खण न [तीक्ष्णन] तेज-करण, उत्तेजन (कुमा)।

तिक्खाल सक [तीक्ष्णय्] तीक्ष्ण करना। कर्म. तिक्खालिज्जंति (सुर १२, १०६)।

तिक्खालिअ वि [दे] तीक्ष्ण किया हुआ (दे ५, १३; पाअ)।

तिक्खुत्तो अ [त्रिस्] तीन बार (विपा १, १; कप्प; औप; राय)।

तिग देखो **तिअ** = त्रिक (जी ३२; सुपा ३१; णाया १, १)। °वस्सि वि [°वशिन्] मन, वचन और शरीर को काबू में रखनेवाला; 'नरस्स तिगवस्सिस्स विसं तालउडं जहा' (सुपा १६७)।

तिगसंपुण्ण न [त्रिकसंपूर्ण] लगातार तीस दिन का उपवास (संबोध ५८)।

तिगिंछ पुं [तिगिञ्छ] द्रह-विशेष (इक)।

तिगिंछायण न [तिगिञ्छायन] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १६ टी)।

तिगिंछि पुं [तिगिञ्छि] १ पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७०; इक; सम; ३३)। २ द्रह-विशेष, निषध पर्वत पर स्थित एक ह्रद (ठा २, ३—पत्र ७२)।

तिगिच्छ सक [चिकित्स्] प्रतीकार करना, इलाज करना, दवा करना। तिगिच्छइ (उत्त १९, ७९; पि २१५; ५५५)।

तिगिच्छ पुं [चिकित्स] वैद्य, हकीम (वव ५)।

तिगिच्छ पुं [तिगिच्छ] १ द्रह-विशेष, निषध पर्वत पर स्थित एक द्रह (इक)। २ न. देवविमान-विशेष (सम ३८)।

तिगिच्छ न [चैकित्स] चिकित्सा-शास्त्र (सिरि ५६)।

तिगिच्छग } वि [चिकित्सक] प्रतीकार
तिगिच्छय } करनेवाला। २ पुं. वैद्य, हकीम (ठा ४, ४; पि २१५; ३२७)।

तिगिच्छण न [चिकित्सन] चिकित्सा (पिंड १८८)।

तिगिच्छय न [चैकित्स्य] चिकित्सा-कर्म (ठा ६—पत्र ४५१)।

तिगिच्छा स्त्री [चिकित्सा] प्रतीकार, इलाज, दवा (ठा ३, ४)। °सत्थ न [°शास्त्र] आयुर्वेद, वैद्यकशास्त्र (राज)।

तिगिच्छायण न [तिगिच्छायन] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १६)।

तिगिच्छि देखो **तिगिंछि** (ठा २, ३—पत्र ८०; सम ८४; १०४; पि ३५४)।

तिगिच्छिय पुं [चैकित्सिक] वैद्य, चिकित्सक (पउम ८, १२४)।

तिग्ग वि [तिग्म] तीक्ष्ण, तेज (हे २, ६२)।

तिग्घ वि [त्रिघ्न] तिगुना, तीन-गुना (राज)।

तिचूड पुं [त्रिचूड] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४५)।

तिजड पुं [त्रिजट] १ विद्याधर वंश के एक राजा का नाम (पउम १०, २०)। २ राक्षस वंश का एक राजा (पउम ५, २६२)।

तिजामा } स्त्री [त्रियामा] रात्रि, रात (कुप्र
तिजामी } २४७; रंभा)।

तिज्ज वि [तार्य] तैरने योग्य (भास ९३)।

तिड्ड पुंस्त्री [दे] अन्न-नाश करनेवाला कीट, टिड्डी (जी १८)। स्त्री. °ड्डी (सुपा ५४६)।

तिड्डव सक [ताडय्] ताड़न करना। तिड्डवइ (प्राकृ ७६)।

तिण न [तृण] तृण, घास (सुपा २३३, अभि १७५; स १७६)। °सूय न [°शूक] तृण का अग्र भाग (भग १५)। °हत्थय पुं [°हस्तक] घास का पूला (भग ३, ३)।

तिणिस पुं [तिनिश] वृक्ष-विशेष, बेंत (ठा ४, २; कम्म १, १९; औप)।

तिणिस न [दे] मधु-पाल, मधपुड़ा (दे ५, ११; ३, १२)।

तिणिस वि [तैनिश] तिनिश-वृक्ष-संबंधी, बेंत का (राय ७४)।

तिणीकय वि [तृणीकृत] तृण-तुल्य माना हुआ (कुप्र ५)।

तिण्ण } अक [तिम्] १ आर्द्र होना।
तिण्णाअइ } २ सक. आर्द्र करना। तिण्णा-अइ (प्राकृ ७५)।

तिण्ण वि [तीर्ण] १ पार पहुँचा हुआ (औप)। २ शक्त, समर्थ (से ११, २१)।

तिण्ण न [स्तैन्य] चोरी, 'तिलतिण्णतप्परो' (उप ५९७ टी)।

तिण्ण° देखो **ति** = त्रि। °भंग वि [°भङ्ग] त्रि-खण्ड, तीन खण्डवाला (अभि २२४)। °विह वि [°विध] तीन प्रकार का (नाट—चैत ४३)।

तिण्णिअ पुं [तिन्निक] देखो **तित्तिअ** = तित्तिक (इक)।

तिण्ह देखो **तिक्ख** (हे २, ७५; ८२; पि ३१२)।

तिण्हा देखो **तण्हा** (राज; वज्जा ९०)।

तितउ पुं [तितउ] चालनी या चलनी, आखा, आटा या मैदा छानने का पात्र (प्रामा)।

तितय देखो **तिअय** (वव १)।

तितिक्ख देखो **तिइक्ख**। तितिक्खइ, तितिक्खए (कप्प; पि ४५७)। वकृ. तितिक्खमाण (राज)।

तितिक्खण न [तितिक्षण] सहन करना (ठा ६)।

तितिक्खया देखो **तितिक्खा** (पिंड ६६६)।

तितिक्खा देखो तिइक्खा (सम ५७)।

तित्त वि [तृप्त] तृप्त, संतुष्ट, खुश (विसे २४०६; औप; दे १, १६; सुपा १६३)।

तित्त वि [तिक्त] १ तीता, कडुआ (णाया १६)। २ पुं. तीता रस (ठा १)।

तित्ति देखो तत्ति = दे (सिरि २७; संबोध ६)।

तित्ति स्त्री [तृप्ति] तृप्ति, संतोष (उव ५६७ टी; दे १, ११७; सुपा ३७५; प्रासू १४०)।

तित्ति [दे] तात्पर्य, सार (दे ५, ११; षड्)।

तित्तिअ वि [तावत्] उतना (हे २, १५६)।

तित्तिअ पुं [तित्तिक] १ म्लेच्छ देश-विशेष। २ उस देश में रहनेवाली म्लेच्छ जाति (पण्ह १, १)। देखो तिण्णिअ।

तित्तिर } पुं [तित्तिरि] पक्षि-विशेष, तीतर
तित्तिर } या तित्तिर (हे १, ९०; कुप्र ४२७)।

तित्तिरिअ वि [दे] स्नान से आर्द्र (दे ५, १२)।

तित्तिल वि [तावत्] उतना (षड्)।

तित्तिल्ल पुं [दे] द्वारपाल, प्रतीहार (गा ५५६)।

तित्तुअ वि [दे] गुरु, भारी (दे ५, १२)।

तित्तुल (अप) देखो तित्तिल (हे ४, ४३५)।

तित्थ पुं [त्रिस्थ] साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका का समुदाय, जैनसंघ (विसे १०३५)।

तित्थ पुं [त्र्यर्थ] ऊपर देखो (विसे १३०३)।

तित्थ न [तीर्थ] प्रथम गणधर (णंदि १३० टी)।

धरित्ती स्त्री [धरित्री] पृथिवी, भूमि (श्रु १२७; सम्मत्त २२६)।

धरिम न [धरिम] १ जो तराजू में तौल कर बेचा जाय वह (श्रा १८; णाया १, ८)। २ ऋण, करजा (णाया १, १)। ३ एक तरह की नाप, तौल (जो २)।

धरियव्व देखो धर = धृ।

धरिस अक [धृष्] १ संहत होना, एकत्रित होना। २ प्रगल्भता करना, ढीठाई करना। ३ मिलना, संबद्ध होना। ४ सक. हिंसा करना, मारना। ५ अमर्ष करना, सहन नहीं करना। धरिसइ (राज)।

धरिस सक [धर्षय्] क्षुब्ध करना, विचलित करना। धरिसेइ (उत्त ३२, १२)।

धरिसण न [धर्षण] १ परिभव, अभिभव। २ संहति, समूह। ३ अमर्ष, असहिष्णुता। ४ हिंसा; ५ बन्धन, योजन (निचू १; राज)। ६ प्रगल्भता, धृष्टता, ढीठाई (औप)।

धरेंत देखो धर = धृ।

धव पुं [धव] १ पति, स्वामी (णाया १, १; वव ७)। २ वृक्ष-विशेष (पएण १; उप १०३१ टी; औप)।

धवक्क अक [दे] धड़कना, भय से व्याकुल होना, धुकधुकाना। धवक्कइ (सण)।

धवक्किय वि [दे] धड़का हुआ, भयसे व्याकुल बना हुआ (सण)।

धवण न [धावन] धौन, चावल आदि का धावन-जल (सूक्त ८८)।

धवल पुं [दे] स्व-जाति में उत्तम (दे ५, ५७)।

धवल न [धवल] लगातार सोलह दिन का उपवास (संबोध ५८)।

धवल वि [धवल] १ सफेद, श्वेत (पाअ; सुपा २८५)। २ पुं. उत्तम बैल (गा ६३८)। ३ पुं न. छन्द-विशेष (पिंग)। °गिरि पुं [°गिरि] कैलास पर्वत (ती ४६)। °गेह न [°गेह] प्रासाद, महल (कुमा)। चंद पुं [°चन्द्र] एक जैन मुनि (दं ४७)। °रव पुं [°रव] मंगलगीत (सुपा २६५)। °हर न [°गृह] प्रासाद, महल (श्रा १२; महा)।

धवल सक [धवलय्] सफेद करना। धवलइ (पि ५५७)। कवकृ. धवलिज्जंत (गउड)।

धवलक्क न [धवलार्क] ग्राम-विशेष, जो आजकल 'धोलका' नाम से गुजरात में प्रसिद्ध है (ती ३)।

धवलण न [धवलन] सफेद करना, श्वेती-करण (कुमा)।

धवलसउण पुं [दे] हंस (दे ५, ५६; पाअ)।

धवला स्त्री [धवला] गौ, गैया (गा ६३८)।

धवलाअ अक [धवलाय्] सफेद होना। धवलाअंत (गा ६)।

धवलाइअ वि [धवलायित] १ उत्तम बैल की तरह जिसने कार्य किया हो वह। २ न. उत्तम वृषभ की तरह आचरण (सार्ध ६)।

धवलिम पुंस्त्री [धवलिमन्] सफेदपन, शुक्लता, सफेदी (सुपा ७४)।

धवलिय वि [धवलित] सफेद किया हुआ (भवि)।

धवली स्त्री [धवली] उत्तम गौ, श्रेष्ठ गैया (गउड)।

धव्व पुं [दे] वेग (दे ५, ५७)।

धस अक [धस्] १ धसना। २ नीचे जाना। ३ प्रवेश करना। धसइ, धसउ (पिंग)।

धस पुं [धस्] 'धस्' ऐसा आवाज, गिरने की आवाज; 'धसत्ति महिमंडले पडिओ' (महा; णाया १, १—पत्र ४७)।

धसक्क पुं [दे] हृदय की घबराहट की आवाज, गुजराती में 'धासको'; 'तो जायहिअधसक्का' (श्रा १४; कुप्र ४३५)।

धसक्किअ वि [दे] खूब घबड़ाया हुआ (श्रा १४)।

धसल वि [दे] विस्तीर्ण, फैला हुआ (दे ५, ५८)।

धसिअ वि [धसित] धसा हुआ (हम्मीर १३)।

धा सक [धा] धारण करना। धाइ, धाग्रइ धाग्रए (षड्)। कर्म, धीयए (पिंड)।

धा सक [ध्यै] ध्यान करना, चिन्तन करना। धाअंति (संक्षि ७६)।

धा सक [धाव्] १ दौड़ना। २ शुद्ध करना, धोना। धाइ, धाग्रइ (हे ४, २४०)। भवि. धाहिइ (षड्)।

धाइअ वि [धावित] दौड़ा हुआ (से ८, ६८; भवि)।

धाइअसंड देखो धायइ-संड; (महा)।

धाई देखो धत्ती (हे २, ८१; पव ६७)। ४ धाई का काम करने से प्राप्त की हुई भिक्षा (ठा ३, ४)। ५ छन्द-विशेष (पिंग)। °पिंड पुं [°पिण्ड] धाई का काम कर प्राप्त की हुई भिक्षा (पव ६७)।

धाई देखो धायई; (उप ६४८ टी)।

धाउ पुं [धातु] १ सोना, चाँदी, तांबा, लोहा, राँगा, सीसा और जस्ता ये सात वस्तु (जी ३)। २ गेरु, मनसिल आदि पदार्थ (से ४, ४; पण्ह १, २)। ३ शरीर-धारक वस्तु—कफ, वात, पित्त, रस, रक्त, माँस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र (औप; कुप्र १५८)। ४ पृथिवी, जल, तेज और वायु ये चार महाभूत (सूअ १, १, १)। ५ व्याकरण प्रसिद्ध शब्द-योनि, 'भू', 'पच्' आदि (अणु)। ६ स्वभाव, प्रकृति (स २४१)। ७ नाट्य-शास्त्र-प्रसिद्ध आलप्तिका-विशेष (कुमा २, ६६)। °य वि [°ज] १ धातु से उत्पन्न। २ वस्त्र-विशेष (पंचभा)। ३ नाम, शब्द (अणु)। °वाइअ वि [°वादिक] औषधि आदि के योग से ताम्र आदि को सोना वगैरह बनानेवाला, किमियागर (कुप्र ३६७)।

धाउ पुं [धातृ] पणपन्नि नामक व्यन्तर देवों का एक इन्द्र (ठा २, ३)।

धाउसोसण न [धातुशोषण] आयंबिल तप (संबोध ५८)।

धाड अक [निर्+सृ] बाहर निकलना। धाड़इ (हे ४; ७९)।

धाड सक [निर्+सारय्] बाहर निकालना। संकृ. धाडिऊण (कुप्र ८३)। कवकृ. धाडिज्जंत (पउम १७, २८; ३१, ११९)।

धाड सक [ध्राट्] प्रेरणा करना। २ नाश करना। धाडेंति (सूअनि ७०)। कवकृ. धाडीयंत (पण्ह १, ३—पत्र ५४)।

धाडण न [ध्राटन] बाहर निकालना (वव ४)।

धाडण न [ध्राटन] १ प्रेरणा। २ नाश (औप)।

धाडय वि [दे. ध्राटक] डाका डालनेवाला, 'धाडयपुरिसा हया तत्थ' (सिरि ११४६)।

धाडाविअ वि [निस्सारित] बाहर निकाली हुआ, निर्वासित (पउम २२, ८)।

धाडि वि [दे] निरस्त, निराकृत (दे ५, ५६)।

धाडिअ वि [निःसृत] बाहर निकला हुआ (कुमा)।

धाडिअ पुं [दे] आराम, बगीचा (दे ५, ५९)।

धाडिअ वि [निस्सारित] निर्वासित, बाहर निकाला हुआ (पउम १०१, ६०; स २९८; उप ७२८ टी)।

धाडी स्त्री [धाटी] १ डाकुओं का दल (सुर २, ४; प्रासू)। २ हमला, आक्रमण, धावा (कप्पू)।

धाण देखो धण्ण = धन्य (वज्जा ९०)।

धाणा स्त्री [धाना] धनिया, एक प्रकार का मसाला (दे ७, ६९; प्रासू)।

धाणुक्क वि [धानुष्क] धनुर्धर, धनुर्विद्या में निपुण (उप पृ ८६; सुर १३, १९२; वेणी ११४; कुप्र ४५२)।

धाणूरिअ न [दे] फल-भेद (दे ५, ६०)।

धाम पुंन [धामन्] अहंकार, गर्व। २ रस आदि में लम्पटता। ३ वि. गर्व-युक्त। ४ रस आदि में लम्पट (संबोध १६)।

धाम न [धामन्] बल, पराक्रम (आरा ९३; सण)।

धाय वि [ध्रात] १ तृप्त, संतुष्ट (ओघ ७७ भा; सुर २, ९७)। २ न. सुभिक्ष, सुकाल (बृह ५)।

धायइ°, धायई स्त्री [धातकी] वृक्ष-विशेष, धाय का पेड़ (पण्ण १; पउम ५३, ७९; ठा २, ३; सम १५२)। °खंड पुं [°खण्ड] स्वनाम-ख्यात एक द्वीप (ठा २, ३; अणु)। °संड पुं [°षण्ड] स्वनाम-ख्यात एक द्वीप (जीव ३; ठा ८; इक)।

धार सक [धारय्] १ धारण करना। २ करजा रखना। धारेइ (महा)। वकृ. धारंत, धारअंत, धारेमाण, धारयमाण, धारिंत (सुर ३, १८६; नाट—विक्र १०९; भग; सुपा २५४; २६४)। हेकृ. धारिउं, धारेत्तए, धारित्तए, (पि ५७३; कस; ठा ५, ३)। कृ. धारणिज्ज, धारणीय, धारेयव्व (णाया १, १; भग ७, ९; सुर १४, ७७; सुपा ४८२)।

धार न [धार] १ धारा-संबन्धी जल। २ वि धारण करनेवाला (राज)।

धार वि [दे] लघु, छोटा (दे ५, ५९)।

धारग वि [धारक] धारण करनेवाला (कप्प; उप पृ ७५; सुपा २५४)।

धारण न [धारण] १ धारने की अवस्था। २ ग्रहण। ३ रक्षण, रखना। ४ परिधान करना। ५ अवलम्बन (औप; ठा ३, ३)।

धारणा स्त्री [धारणा] १ मर्यादा, स्थिति (आवम)। २ विषय ग्रहण करनेवाली बुद्धि (ठा ८; दंस ५)। ३ ज्ञात विषय का अविस्मरण (विसे २९१)। ४ अवधारण, निश्चय (आवम)। ५ मन की स्थिरता। ६ घर का एक अवयव, धरनो या धरन (भग ८, २)। °ववहार पुं [°व्यवहार] व्यवहार-विशेष (ठा ५, २)।

धारणा स्त्री [धारणा] मकान का खंभा, धरन (आचा २, २, ३, १ टी; पव १३३)।

धारणिज्ज देखो धार = धारय्।

धारणी स्त्री [धारणी] १ धारण करनेवाली (औप)। २ ग्यारहवें जिनदेव की प्रथम शिष्या (सम १५२)। ३ वसुदेव आदि अनेक राजाओं की रानी का नाम (अंत; आचू १; विपा २, १; णाया १, १)।

धारणीय देखो धार = धारय्।

धारय देखो धारग (ओघ १; भवि)।

धारयमाण देखो धार = धारय्।

धारा स्त्री [दे] रण-मुख, रण-भूमि का अग्रभाग (दे ५, ५६)।

धारा स्त्री [धारा] १ अस्त्र के आगे का भाग, धार (गउड; प्रासू ६२)। २ प्रवाह, गाली (महा)। ३ अश्व की गति-विशेष (कुमा; महा)। ४ जल धारा, पानी की धारा। ५ वर्षा, वृष्टि। ६ द्रव पदार्थों का प्रवाह रूप से पतन (गउड)। ७ एक राज-पत्नी (आवम)। °कयंब पुं [°कदम्ब] कदम्ब की एक जाति, जो वर्षा से फलती-फूलती है (कुमा)। °धर पुं [°धर] मेघ (सुपा २०१)। °वारि न [°वारि] धारा से गिरता जल (भग १३, ६)। °वारिय वि [°वारिक] जहाँ धारा से पानी गिरता हो वह (भग १३, ६)। °हय वि [°हत] वर्षा से सिक्त (कप्प)। °हर देखो °धर (सुर १३, १६५)।

धारा स्त्री [धारा] मालव देश की एक नगरी (मोह ८८)।

धारावास पुं [दे] १ भेक, मेढ़क, बेंग (दे ५, ६३; षड्)। २ मेघ (दे ५, ६३)।

धारि वि [धारिन्] धारण करनेवाला (औप; कप्प)।

धारिंत देखो धार = धारय्।

धारिट्ठ न [धाष्टर्य] धृष्टता, उद्दण्डता, गर्व, साहस (आख्या० म० कोश० अ० २३ भावटीका कथा पद्य ५२६)।

धारिणी देखो धारणी (औप)।

धारित्तए देखो धार = धारय्।

धारिय वि [धारित] धारण किया हुआ (भवि; आचा)।

धारी देखो धत्ती (हे २, ८१)।

धारी देखो धारा (कुमा)।

धारेत्तए } देखो धार = धारय्।
धारेयव्व }

धाव सक [धाव्] १ दौड़ना। २ शुद्ध करना, धोना। धावइ (हे ४, २२८; २३८)। वकृ. धावंत, धावमाण (प्रासू ८४; महा; कप्प)। संकृ. धाविऊण (महा)।

धावण न [धावन] १ वेग से गमन, दौड़ना। (सूअ १, ७)। २ प्रक्षालन, धोना, (कुप्र १६४)।

धावणय पुं [धावनक] दौड़ते हुए समाचार पहुँचाने का काम करनेवाला, हरकारा, संदेसिया (सुपा १०५, २६५)।

धावणया स्त्री [धान] स्तन-पान करना (उप; ८३३)।

धावमाण देखो धाव।

धाविअ वि [धावित] दौड़ा हुआ (भवि)।

धाविर वि [धावितृ] दौड़नेवाला (सण; सुपा ५४)।

धावी देखो धाई = धात्री (उप १३६ टी; स ६६; सुर २, ११२; १६, ६८)।

धाहा स्त्री [दे] धाह, पुकार, चिल्लाहट (पउम ५३, ८८; सुपा ३१७, ३४०)।

धाहाविय न [दे] धाह, पुकार, चिल्लाहट (स ३७०; सुपा ३८०; ४६६; महा)।

धाहिय वि [दे] पलायित, भागा हुआ (धम्म ११ टी)।

धि अ [धिक्] धिक्कार, छीः (रंभा)।

धिइ स्त्री [धृति] १ धैर्य, धीरज (सूअ १, ८; षड्)। २ धारण (आवम)। ३ धारणा, ज्ञात विषय का अविस्मरण (विसे)। ४ धरण, अवस्थान (सूअ १, ११)। ५ अहिंसा (पण्ह २, १)। ६ धैर्य की अधिष्ठायिका देवी। ७ देवी की प्रतिमा-विशेष (राज; णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ८ तिगिच्छि-द्रह की अधिष्ठायिका देवी (इक; ठा २३)। °कूड न [°कूट] धृति-देवी का अधिष्ठित शिखर-विशेष (जं ४)। °धर पुं [°धर] १ एक अन्तकृद् महर्षि। २ 'अंतगड-दसा' सूत्र का एक अध्ययन (अंत १८)। °म, °मंत वि [°मत्] धीरजवाला (ठा ८; पण्ह २, ४)।

धिइ स्त्री [धृति] तेला, लगातार तीन दिन का उपवास (संबोध ५८)।

धिक्कय वि [धिक्कृत] १ धिक्कारा हुआ (वव १)। २ न. धिक्कार, तिरस्कार (बृह ६)।

धिक्करण न [धिक्करण] तिरस्कार, धिक्कार (णाया १, १६)।

धिक्करिअ वि [धिक्कृत] धिक्कारा हुआ (कुप्र १५७)।

धिक्कार पुं [धिक्कार] १ धिक्कार, तिरस्कार (पण्ह १, ३; द्र २६)। २ युगलिक मनुष्यों के समय की एक दण्ड-नीति (ठा ७—पत्र ३६८)।

धिक्कार सक [धिक् + कारय्] धिक्कारना, तिरस्कार करना। कवकृ. धिक्कारिज्जमाण (पि ५६३)।

धिज्ज न [धैर्य] धीरज, धृति (हे २, ६४)।

धिज्ज वि [धेय] धारण करने योग्य (णाया १, १)।

धिज्ज वि [ध्येय] ध्यान-योग्य, चिन्तनीय (णाया १, १)।

धिज्जाइ पुंस्त्री [द्विजाति, धिग्जाति] ब्राह्मण, विप्र। स्त्री. 'तत्थ भद्दा नाम धिज्जाइणी' (आवम)।

धिज्जाइय } पुंस्त्री [द्विजातिक, धिग्जा-
धिज्जाईय } तीय] ब्राह्मण, विप्र (महा; उप १२६; आव ३)।

धिज्जीविय न [धिग्जीवित] निन्दनीय जीवन (सूअ २, २)।

धिट्ठ वि [धृष्ट] ढीठ, प्रगल्भ। २ निर्लज्ज, बेशरम (हे १, १३०; सुर २, ६; गा ६२७; श्रा १४)।

धिट्ठज्जुण्ण देखो धट्ठज्जुण्ण (पि २७८)।

धिट्ठिम पुंस्त्री [धृष्टत्व] धृष्टता, ढीठाई (सुपा १२०)।

धिद्धी } अ [धिक् धिक्] छीः छीः (उव;
धिधी } व ६१; रंभा)।

धिप्प अक [दीप्] दीपना, चमकना। धिप्पइ (हे १, २२३)।

धिप्पिर वि [दीप्र] देदीप्यमान, चमकीला (कुमा)।

धिय अ [धिक्] धिक्कार, छीः; 'बेइ गिरं धिय मुंडिय' (उप ६३४)।

धिरत्थु अ [धिगस्तु] धिक्कार हो (णाया १, १६; महा; प्रारू)।

धिसण पुं [धिषण] बृहस्पति, सुर-गुरु (पाअ)।

धिसि अ [धिक्] धिक्कार, छीः (सुपा ३६५; सण)।

धी देखो धीआ; 'जं मंगलं कुंभनिवस्स धीए मल्लीइ राईसरवंदि आए' (मंगल १२, २०)।

धी स्त्री [धी] बुद्धि, मति (पाअ; णाया १, १६; कुप्र ११६; २४७; प्रासू २०)। °**धण** वि [°धन] १ बुद्धिमान, विद्वान्। २ पुं. एक मन्त्री का नाम (उप ७३८ टी)। °**म**, °**मंत** वि [°मत्] बुद्धिशाली, विद्वान् (उप ७२८ टी; कप्प; राज)।

धी अ [धिक्] धिक्कार, छीः (उव; वै ५५)।

धीआ स्त्री [दुहितृ] लड़की, पुत्री (मृच्छ १०६; पि ३६२; महा; भवि; पच्च ४२)।

धीइ देखो धिइ; 'तुच्छा गारवकलिया चलिंदिया दुब्बला य धीईए' (पव ६२ टी)।

धीउल्लिआ स्त्री [दे] पुतली (स ७३७)।

धीमल न [धिङ्मल] निन्दनीय मैल (तंदु ३८)।

धीर अक [धीरय्] १ धीरज धरना। २ सक. धीरज देना, आश्वासन देना। धीरेंत (गउड)।

धीर वि [धीर] १ धैर्यवाला, सुस्थिर, अचञ्चल (से ४, ३०; गा ३६७; ठा ४, २)। २ बुद्धिमान्, पण्डित, विद्वान् (उप ७६८ टी; धर्म २)। ३ विवेकी, शिष्ट (सूअ १, ७)। ४ सहिष्णु (सूअ १, ३, ४)। ५ पुं. परमेश्वर, परमात्मा, जिन-देव। ६ गणधर-देव (आचा; श्राव ४)।

धीर न [धैर्य] धीरज, धीरता (हे २, ६४; कुमा)।

धीरव सक [धीरय्] सान्त्वना देना, दिलासा देना। कर्म. धीरविज्जंति (कुप्र २७३)।

धीरवण न [धीरण] धीरज देना, सान्त्वना (वव १)।

धीरविय वि [धीरित] जिसको सान्त्वना दी गई हो वह, आश्वासित (स ६०४)।

धीराअ अक [धीराय्] धीर होना, धीरज धरना। वकृ. धीराअत (से १२, ७०)।

धीराविअ देखो धीरविय (पि ५५६)।

धीरिअ देखो धीर = धैर्य (हे २, १०७)।

धीरिअ देखो धीरविय (भवि)।

धीरिम पुंस्त्री [धीरत्व] धैर्य, धीरज (उप पृ ६२; सुपा १०६; भवि; कुप्र १५०)।

धीवर पुं [धीवर] १ मछलीमार, मछुआ, मल्लाह, जालजीवी (कुमा; कुप्र २४७)। २ वि. उत्तम बुद्धिवाला (उप ७३८ टी; कुप्र २४७)।

धुअ देखो धुव = धाव्। धुअइ (गा १३०)

धुअ सक [धु] १ कंपाना। २ फेंकना। ३ त्याग करना। वकृ. धुअमाण (से १४, ६६)।

धुअ वि [धुव = ध्रुव (भवि)। छन्द-विशेष (पिंग)।

धुअ वि [धूत] १ कम्पित। २ न. कम्प (प्राकृ ७०)।

धुअ वि [धुत] १ कम्पित (गा ७८; दे १, १७३)। २ त्यक्त (औप)। ३ उच्छलित (से ४, ४)। ४ न. कर्म (सूअ २, २)। ५ मोक्ष, मुक्ति (सूअ १, ७)। ६ त्याग, संग-त्याग, संयम (सूअ १, २, २; आचा)। °**वाय** पुं [°वाद] कर्म-नाश का उपदेश (आचा)।

धुअगाय पुं [दे] भ्रमर, भौंरा, भमरा (दे ५, ५७; पाअ)।

धुअण देखो धुवण (पव १०१)।

धुअराय पुं [दे] ऊपर देखो (षड्)।

धुंधुमार पुं [धुन्धुमार] नृप-विशेष (कुप्र २६३)।

धुंधुमारा स्त्री [दे] इन्द्राणी, शची (दे ५, ६०)।

धुक्क अक [क्षुध्] भूख लगना। धुक्कइ (प्राकृ ६३)।

धुक्काधुक्क अक [कम्प्] काँपना, 'धुक्-धुक्' होना। धुक्काधुक्कइ (गा ५८३)।

धुक्कुद्धुअ / **धुक्कुद्धुगिअ** } वि [दे] उल्लसित, उल्लास-युक्त (दे ५, ६०)।

धुक्कुधुअ देखो धुक्काधुक्क। वकृ. धुक्कुधुअंत (भवि)।

धुक्कोडिअ न [दे] संशय, संदेह (वज्जा ६०)।

धुगुधुग अक [धुगधुगाय्] 'धुग् धुग्' आवाज करना। वकृ. धुगुधुगंत (पण्ह १, ३—पत्र ४५)।

धुट्ठुअ देखो धुद्धुअ। धुट्ठुअइ (हे ४; ३६५)।

धुण सक [धू] १ कँपाना, हिलाना। २ दूर करना, हटाना। ३ नाश करना। धुणइ, धुणाइ (हे ४, ५९; आचा; पि १२०)। कर्म. धुव्वइ, धुणिज्जइ (हे ४, २४२)। वकृ. धुणंत (सुपा १८५)। संकृ. धुणिऊण, धुणिया, धुणेऊण (षड्; दस ६, ३)। हेकृ. धुणित्तए (सूअ १, २, २)। कृ. धुणेज्ज (आचू १)।

धुणण न [धूनन] १ अपनयन। २ परित्याग, छोड़ना (राज)।

धुणणा स्त्री [धूनना] कम्पन, हिलना (ओघ १६५ भा)।

धुणा देखो धुणणा (उत्त २६, २७)।

धुणाव सक [धूनय्] कँपाना, हिलाना। धुणावइ (वज्जा ६)।

धुणाविअ वि [धूनित] कँपाया हुआ (उप ७६८ टी)।

धुणि देखो झुणि (षड्)।

धुणिऊण / **धुणित्तए** } देखो धुण।

धुणिय वि [धूत] कम्पित, हिलाया हुआ; 'मत्थयं धुणियं' (सुपा ३२०; २०१)।

धुणिया / **धुणेज्ज** } देखो धुण।

धुण्ण वि [धाव्य] १ दूर करने योग्य। २ न. पाप। ३ कर्म (दस ६, १; दसा ६)।

धुत्त वि [धूर्त्त] १ ठग, वञ्चक; प्रतारक (प्रासू ४०; श्रा १२)। २ जुआ खेलनेवाला। ३ पुं. धतूरे का पेड़। ४ लोहे की काट—मैल। ५ लवण-विशेष, एक प्रकार का नोन (हे २, ३०)।

धुत्त वि [दे] १ विस्तीर्ण (दे ५, ५८)। २ आक्रान्त (षड्)।

धुत्त / **धुत्तार** } सक [धूर्त्तय्] ठगना। धुत्तारसि (सुपा ११४)। वकृ. धुत्तयंत (श्रा १२)।

धुत्तारिअ वि [धूर्त्तित] ठगा हुआ, वञ्चित (उप ७२८ टी)।

धुत्ति स्त्री [धूर्त्ति] जरा, बुढ़ापा (राज)।

धुत्तिअ वि [धूर्त्तित] वञ्चित, प्रतारित (सुपा ३२४; श्रा १२)।

धुत्तिम पुंस्त्री [धूर्त्तत्व] धूर्त्तता, धूर्त्तपन, ठगाई (हे १, ३५; कुमा; श्रा १२)।

धुत्ती स्त्री [धूर्त्ता] धूर्त्त स्त्री (वज्जा १०६)।

धुत्तीरय न [धत्तूरक] धतूरे का पुष्प (वज्जा १०६)।

धुद्धुअ (अप) अक [शब्दाय्] आवाज करना। धुद्धुअइ (हे ४, ३९५)।

धुप्प देखो धिप्प। धुप्पइ (प्राकृ ७०)।

धुम्म पुं [धूम्र] १ धूम, धुआँ। २ वर्ण-विशेष, कपोत-वर्ण। ३ वि. कपोत वर्ण-वाला। °क्ख पुं [°क्ष] एक राक्षस (से १२, ६०)।

धुर न. देखो धुरा (उप पृ ६३)।

धुर पुं [धुर] १ ज्योतिष्क ग्रह-विशेष (ठा २, ३)। २ कर्जदार, ऋणी; 'जस्स कलसम्मि वहियाखंडाइं तस्स धुरधणं लब्भं, पुणरवि देउं धुराणं' (सुपा ४२६)।

धुरंधर वि [धुरन्धर] १ भार को वहन करने में समर्थ, किसी कार्य को पार पहुँचाने में शक्तिमान्, भार-वाहक (से ३, ३६)। २ नेता, मुखिया, अगुआ (सण; उत्तर २०)। ३ पुं. गाड़ी, हल आदि खींचनेवाला बैल (दे ८, ४४)।

धुरा स्त्री [धुर्] १ गाड़ी वगैरह का अग्र भाग, धुरी (उव)। २ भार, बोझा। ३ चिंता (हे १, १६)। °धार वि [°धार] धुरा को वहन करनेवाला, धुरन्धर (पउम ७, १७१)।

धुरी स्त्री [धुरी] अक्ष, धुरा, गाड़ी का जूआ (अणु)।

धुरीण वि [धुरीण] धुरन्धर, मुखिया, अगुआ (धर्मवि १३६; सम्मत्त ११८)।

धुव सक [धाव्] धोना, शुद्ध करना। धुवइ, धुवंति (हे ४, २३८; गा ४३३; पिंड २८)। वकृ. धुवंत (से ८, १०२)। कवकृ. धुव्वंत, धुव्वमाण (गा ५६३; से ६, ४५; वज्जा २४; पि ५३८)।

धुव सक [धू] कँपाना, हिलाना। धुवइ (हे ४, ५९; षड्)। कर्म. धुव्वइ (कुमा)। कवकृ. धुव्वंत (कुमा)।

धुव वि [ध्रुव] १ निश्चल, स्थिर (जीव ३)। २ नित्य, शाश्वत, सर्वदा-स्थायी (ठा ५, ३; सूअ २, ४)। ३ अवश्यभावी (सूअ २, १)। ४ निश्चित, नियत (आचा)। ५ पुं. अश्व के शरीर का आवर्त्त (कुमा)। ६ मोक्ष, मुक्ति। ७ संयम, इन्द्रियादि-निग्रह (सूअ १, २, १)। ८ संसार (अणु)। ९ न. मुक्ति का कारण, मोक्ष-मार्ग (आचा)। १० कर्म (अणु)। ११ अत्यन्त, अतिशय; 'धुवमोगिणहइ' (ठा ६)। °कम्मिय पुं [°कर्मिक] लोहार आदि शिल्पी (वव १)। °चारि वि [°चारिन्] मुमुक्षु, मुक्ति का अभिलाषी (आचा)। °णिग्गह पुं [°निग्रह] आवश्यक, अवश्य करने योग्य अनुष्ठान-विशेष (अणु)। °मग्ग पुं [°मार्ग] मुक्ति-मार्ग, मोक्ष-मार्ग (सूअ १, ४, १)। °राहु पुं [°राहु] राहु-विशेष (सम २९)। °वण्ण पुं [°वर्ण] १ संयम। २ मोक्ष, मुक्ति। ३ शाश्वत यश (आचा)। देखो धुअ = ध्रुव।

धुवण न [धावन] १ प्रक्षालन (ओघ ७२; ३४७; स २७२)। २ वि. कँपानेवाला, हिलानेवाला। स्त्री. °णी (कुमा)।

धुवण पुंन [धूपन] १ धूप देना। धूम-पान (दस ३, ९)।

धुविया स्त्री [ध्रुविता] कर्म-विशेष, ध्रुव-बन्धिनी कर्म-प्रकृति (पंच ५, ६६)।

धुव्व देखो धुव = धाव्। धुव्वइ (संक्षि ३६)।

धुव्वंत देखो धव = धू।

धुव्वंत, **धुव्वमाण** } देखो धुव = धाव्।

धुहअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ (षड्)।

धूअ वि [धूत] देखो धुअ = धुत (आचा; दस ३, १३; पि ३१२; ३९२; सूअ १, ४, २)।

धूअ देखो धूव = धूप (सुपा ६५७)।

धूअ न [धूत] पहले बँधा हुआ कर्म, पूर्व-कर्म (सूअ २, २, ६५)।

धूआ स्त्री [दुहितृ] लड़की, पुत्री (हे २; १२६; प्रासू ९४)।

धूण पुं [दे] गज, हाथी (दे ५, ६०)।

धूणिय वि [धूनित] कम्पित (कुप्र ६८)।

धूम पुं [धूम] १ हींग आदि बघार (पिंड २५०)। २ क्रोध, गुस्सा। ३ वि. क्रोधी (संबोध १६)।

धूम पुं [धूम] १ धूम, धुआँ, अग्नि-चिह्न (गउड)। २ द्वेष, अप्रीति (पण्ह २, १)। °इंगाल पुं ब. [°ाङ्गार] द्वेष और राग (ओघ २८८ भा)। °केउ पुं [°केतु] १ ज्योतिष्क ग्रह-विशेष (ठा २, ३; पण्ह १, ५; औप)। २ वह्नि, अग्नि, आग (उत्त २२)। ३ अशुभ उत्पात का सूचक तारा-पुञ्ज (गउड)। °चारण पुं [°चारण] धूम के अवलम्बन से आकाश में गमन करने की शक्तिवाला मुनि-विशेष (गच्छ २)। °जोणि पुं [°योनि] बादल, मेघ (पाअ)। °ज्झय देखो °द्धय (राज)। °दोस पुं [°दोष] भिक्षा का एक दोष, द्वेष से भोजन करना (आचा २, १, ३)। °द्धय पुं [°ध्वज] वह्नि, अग्नि (पाअ; उप १०३१ टी)। °प्पभा, °प्पहा स्त्री [°प्रभा] पाचवीं नरक-पृथिवी (ठा ७; प्रासू)। °ल वि [°ल] धुआँ वाला (उप २६४ टी)। °वडल पुंन [°पटल] धूम-समूह (हे २, १६८)। °वण्ण वि [°वर्ण] पाण्डुर वर्णवाला (णाया १, १७)। °सिहा स्त्री [°शिखा] धुएँ का अग्रभाग (ठा ४, २)।

धूमंग पुं [दे] भ्रमर, भौंरा, भमरा (दे ५,५७)।

धूमण न [धूमन] धूम-पान (सूअ २, १)।

धूमद्दार न [दे] गवाक्ष, वातायन, झरोखा (दे ५)।

धूमद्धय पुं [दे] १ तड़ाग, तलाव, तालाब २ महिष, भैंसा (दे ५, ६३)।

धूमद्धयमहिसी स्त्री. ब. [दे] कृत्तिका नक्षत्र (दे ५ ६२)।

धूमपलियाम वि [दे] गर्त्त में डालकर आग लगाने पर भी जो कच्चा रह जाय वह (निचू १५)।

धूममहिसी स्त्री [दे] नीहार, कुहरा, कुहासा (दे ५, ६१; पाअ)।

धूमरी स्त्री [दे] १ नीहार, कुहासा (दे ५, ६१)। २ तुहिन, हिम (षड)।

धूमसिहा, **धूमा** } स्त्री [दे] नीहार, कुहासा (दे ५, ६१; ठा १०)।

धूमा देखो धूमाअ। धूमाइ (प्राकृ ७१)।

धूमाअ अक [धूमाय्] १ धुआँ करना। २ जलाना। ३ धूम की तरह आचरना।

धूमाअंति (से ८,१६; गउड)। वकृ. धूमायंत (गउड; से १, ८)।

धूमाभा स्त्री [धूमाभा] पाँचवीं नरक-पृथिवी (पउम ७५, ४७)।

धूमिअ वि [धूमित] १ धूमयुक्त (पिंड)। २ छौंका हुआ (शाक आदि) (दे ६; ८८)।

धूमिआ स्त्री [दे] नीहार, कुहासा (दे ५, ६१; पात्र; ठा १०; भग ३, ७; अणु)।

धूयरा देखो धूआ (सूअ १, ४, १, १३)।

धूरिअ वि [दे] दीर्घ, लम्बा (दे ५, ६२)।

धूरिअवट्ट पुं [दे] अश्व, घोड़ा (दे ५, ६१)।

धूलडिआ (अप) देखो धूलि (हे ४, ४३२)।

धूलि } स्त्री [धूलि, °ली] धूल, रज, रेणु
धूली } (गउड; प्रासू २८; ८४)। °कंब, °कलंब पुं [°कदम्ब] ग्रीष्म ऋतु में विकसनेवाला कदम्ब-वृक्ष (कुमा)। °जंघ वि [°जङ्घ] जिसके पाँव में धूल लगी हो वह (वव १०)। °धूसर वि [°धूसर] धूल से लिप्त (गा ७७४; ८२६)। °धोउ वि [°धोत] धूल को साफ करनेवाला (सुपा ३३६)। °पंथ पुं [°पथ] धूलि-बहुल मार्ग (ओघ २४ टी)। °वरिस पुं [°वर्ष] धूल की वर्षा (आवम)। °हर न [°गृह] वर्षा ऋतु में लड़के लोग जो धूल का घर बनाते हैं वह (उप ५९७ टी)।

धूलिहडी स्त्री [दे] पर्व-विशेष, होली; धूलिहडीरायत्तणसरिसा सव्वेसि हसणिज्जा' (कुलक ५)।

धूलीवट्ट पुं [दे] अश्व, घोड़ा (दे ५, ६१)।

धूव सक [धूपय्] धूप करना। धूवेज (आचा २, १३)। वकृ. धूवेंत (पि ३९७)।

धूव पुं [धूप] १ सुगन्धि द्रव्य से उत्पन्न धूम। २ सुगन्धि द्रव्य-विशेष, जो देव-पूजा आदि में जलाया जाता है (णाया १, १; सुर ३, ६५)। °घडी स्त्री [°घटी] धूप-पात्र, धूप से भरी हुई कलशी (जं १)। °जंत न [°यन्त्र] धूप-पात्र (दे ३, ३५)।

धूवण न [धूपन] १ धूप देना। २ धूम-पान, रोग की निवृत्ति के लिए किया जाता धूम का पान; 'धूवणे त्ति वमणे य व त्थीकम्मविरेयणे' (दस ३, ६)। °वट्टि स्त्री [°वर्त्ति] धूप की बनी हुई वर्त्तिका, अगरबत्ती (कप्पू)।

धूविअ वि [धूपित] १ तापित, गरम किया हुआ। २ हींग आदि से छौंका हुआ (चारु ६)। ३ धूप दिया हुआ (औप; गच्छ १)।

धूसर पुं [धूसर] १ हलका पीला रंग, ईषत् पाण्डु वर्ण। २ वि. धूसर रंगवाला, ईषत् पाण्डु वर्णवाला (प्रासू ८४; गा ७७४, से ६, ८२)।

धूसरिअ वि [धूसरित] धूसर वर्णवाला (पाअ; भवि)।

धे सक [धा] धारण करना। धेइ (संक्षि ३३); 'धेहि धीरत्तं' (कुप्र १००)।

धेअ } वि [ध्येय] ध्यान-योग्य (अजि
धेज्ज } १४; णाया १, १)।

धेउल्लिया देखो धीउल्लिया (सुख ३, १)।

धेज्ज वि [धेय] धारण करने योग्य (णाया १, १)।

धेज्ज न [धैर्य] धीरज, धीरता (पण्ह २, २)।

धेणु स्त्री [धेनु] १ नव-प्रसूता गौ। २ सवत्सा गौ। ३ दूधार गाय (हे ३, २९; चंड)।

धेर देखो धीर = धैर्य (विक्र १७)।

धेवय पुं [धैवत] स्वर-विशेष, 'धेवयस्सरसंपण्णा भवंति कलहप्पिया' (ठा ७—पत्र ३९३)।

धोअ सक [धाव्] धोना, शुद्ध करना, पखारना। धोएज्जा (आचा)। वकृ. धोयंत (सुपा ८५)।

धोअ वि [धौत] धोया हुआ, प्रक्षालित (से १, २५; ७, २०; गा ३६६)।

धोअग वि [धावक] १ धोनेवाला। २ पुं. धोबी (उप पृ ३३३)।

धोअण वि [धावन] धोना, प्रक्षालन (आ २०; रयण १८; ओघ ३४७)।

धोइअ देखो धोअ = धौत (गा १८)।

धोज्ज वि [धुर्य] १ धुरीण, भार-वाहक। २ अगुआ, नेता, धुरन्धर (वव १)।

धोरग न [दे] गति-चातुर्य (औप)।

धोरणि } स्त्री [धोरणि, °णी] पंक्ति, कतार
धोरणी } (सुपा ४६; भवि; षड्)।

धोरिय देखो धोज्ज (सुपा २८२)।

धोरुगिणी स्त्री [धोरुकिनिका] देश-विशेष में उत्पन्न स्त्री (णाया १, १—पत्र ३७)।

धोरेय वि [धौरेय] देखो धोज्ज (सुपा ६५०)।

धोव देखो धोअ = धाव्। धोवइ (स १५७; पि ७८)। धोवेजा (आचा)। वकृ. धोवंत (भवि)। कवकृ. धोव्वंत, धोव्वमाण (पउम १०, ४४; णाया १, ८)। कृ. धोवणिय (णाया १, १६)।

धोवण देखो धोअण (पिंड २३)।

धोवय देखो धोवग (दे ८, ३६)।

ध्रुवु (अप) अ [ध्रुवम्] अटल, स्थिर (हे ४, ४१८)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि धआराइसद्दसंकलणो
छव्वीसइमो तरंगो समत्तो ॥

न देखो ण

१ प्राकृत भाषा में नकरादि सब शब्द णकारादि होते हैं, अर्थात् आदि के नकार के स्थान में नित्य या विकल्प से 'ण' होनेका व्याकरणों का सामान्य नियम है (प्राप्र २, ४२; दे ५, ६३ टी; हे १, २२९; षड् १, ३, ५३), और प्राकृत-साहित्य-ग्रन्थों में दोनों तरह के प्रयोग पाए जाते हैं। इससे ऐसे सब सब शब्द णकार के प्रकरण में आ जाने से यहाँ पर पुनरावृत्ति कर व्यर्थ में पुस्तक का कलेवर बढ़ाना उचित नहीं समझा गया है। पाठकगण णकार के प्रकरण में आदि के 'ण' के स्थान में सर्वत्र 'न' समझ लें। यही कारण है कि नकारादि शब्दों के भी प्रमाण णकारादि शब्दों में ही दिए गए हैं।

प

प पुं [प] १ ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्राप)। २ पाप-त्याग; 'पत्ति य पाववज्जणे' (आवम)।

प अ [प्र] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ प्रकर्ष; 'पओस' (से २, ११)। २ प्रारम्भ; 'पणमिअ', 'पकरेइ' (जं १; भग १, १)। ३ उत्पत्ति। ४ ख्याति, प्रसिद्धि। ५ व्यवहार। ६ चारों ओर से (निचू १; हे २, २१७)। ७ प्रस्रवण, मूत्र (विसे ७८१)। ८ फिर-फिर (निचू ३; १७)। ९ गुजरा हुआ, विनष्ट; 'पासुअ' (ठा ४, २—पत्र २१३ टी)।

प° वि [प्राच्] पूर्व तरफ स्थित (भवि)।

पअंगम पुं [प्लवङ्गम] छन्द-विशेष (पिंग)।

पअंच पुं [प्रजङ्घ] राक्षस-विशेष (से १२, ८३)।

पअब्भ देखो **पगब्भ** = प्रगल्भ (प्राकृ ७८)।

पइ अ [प्रति] १ अपेक्षा-सूचक (दसनि ३, १)। २ लक्ष्य, तरफ, ओर; 'भरुयच्छं पइ चलियं (सम्मत्त १४१; धर्मवि ५९)।

पइ पुं [पति] १ धव, भर्ता, परवरिश करने-वाला (पाअ; गा १५९; कप्प)। २ मालिक। ३ रक्षक; 'भूवई', 'तिअसगणवई', 'नरवइ' (सुपा ३६; अजि १७; १९)। ४ श्रेष्ठ, उत्तम; 'धरणिधरवई' (अजि १७)। °घर न [°गृह] ससुराल (षड्)। °वया, °व्वया स्त्री [°व्रता] पति-सेवा-परायण स्त्री, कुलवती स्त्री, सती (गा ४१७; सुर ६, ९७)। °हर देखो °घर (हे १, ४)।

पइ देखो **पडि** (ठा २, १; काल; उवर २१)।

पइअ वि [दे] १ भर्त्सित, तिरस्कृत। २ न. पहिया, रथ-चक्र (दे ६, ६४)।

पइइ देखो **पगइ** = प्रकृति (से २, ४५)।

पइउं देखो **पय** = पच्।

पइउवचरण न [प्रत्युपचरण] प्रत्युपचार, प्रति-सेवा (रंभा)।

पइऊल देखो **पडिकूल** (नाट—विक्र ४५)।

पइंवया देखो **पइ-वया** (णाया १, १६—पत्र २०४)।

पइक (अप) देखो **पाइक्क** (पिंग)।

पइकिदि देखो **पडिकिदि** (नाट—शकु ११६)।

पइक्क देखो **पाइक्क** (पिंग; पि १९४)।

पइगिइ देखो **पडिकिदि** (स ६२५)।

पइच्छन्न पुं [प्रतिच्छन्न] भूत-विशेष (राज)।

पइज्ज (अप) वि [पतित] गिरा हुआ (पिंग)।

पइज्ज (अप) वि [प्राप्त] मिला हुआ, लब्ध (पिंग)।

पइज्जा देखो **पइण्णा** (भवि; सण)।

पइट्ठ वि [दे] १ जिसने रस को जाना हो वह। २ विरल। ३ पुं. मार्ग, रास्ता (दे ६, ६६)।

पइट्ठ देखो **पगिट्ठ** (सट्ठि ५ टी)।

पइट्ठ वि [दे] प्रेषित, भेजा हुआ; 'जह अद्द-कुमर मिच्छो अभयपइट्ठं जिणस्स पडिबिंब' (संबोध ३)।

पइट्ठ पुं [प्रतिष्ठ] भगवान् सुपार्श्वनाथ के पिता का नाम (सम १५०)।

पइट्ठ वि [प्रविष्ट] जिसने प्रवेश किया हो वह (स ४२६)।

पइट्ठव सक [प्रति-स्थापय्] मूर्ति आदि की विधि-पूर्वक स्थापना करना। पइट्ठवेज्जा (पंचा ७, ४३)।

पइट्ठवण देखो **पइट्ठावण** (राज)।

पइट्ठा स्त्री [प्रतिष्ठा] १ आदर, सम्मान। २ कीर्त्ति, यश। ३ व्यवस्था (हे १, २०६)। ४ स्थापना, संस्थापन (गंदि)। ५ अवस्थान, स्थिति (पंचा ८)। ६ मूर्त्ति में ईश्वर के गुणों का आरोपण; 'जिणबिंबाण पइट्ठं कइया वि हु आइसंतस्स' (सुर १६, १३)। ७ आश्रय, आधार (औप)।

पइट्ठा स्त्री [प्रतिष्ठा] १ धारणा, वासना (णंदि १७६)। २ समाधान, शंका निरास-पूर्वक स्वपक्ष-स्थापन (चेइय ५३५)।

पइट्ठाण पुं [प्रतिष्ठान] मूल प्रदेश (राय २७)।

पइट्ठाण न [प्रतिष्ठान] १ स्थिति, अवस्थान; 'काऊण पइट्ठाणं रमणिज्जे एत्थ अच्छामो' (पउम ४२, २७; ठा ६)। २ आधार, आश्रय (भग)। ३ महल आदि की नींव (पव १४८)। ४ नगर-विशेष (आक २१)।

पइट्ठाण न [दे] नगर, शहर (दे ६, २९)।

पइट्ठावक, **पइट्ठावग** देखो पइट्ठावय (णाया १, १६ राज)।

पइट्ठावण न [प्रतिष्ठापन] १ संस्थापन (पंचा ७)। २ व्यवस्थापन (पंचा ७)।

पइट्ठावय वि [प्रतिष्ठापक] प्रतिष्ठा करने-वाला (औप; पि २२०)।

पइट्ठाविय वि [प्रतिष्ठापित] संस्थापित (स ६२; ७०५)।

पइट्ठिअ वि [प्रतिष्ठित] प्रतिबद्ध, रुका हुआ (आचा २, १६, १२)।

पइट्ठिय वि [प्रतिष्ठित] १ स्थित, अवस्थित (उवा)। २ आश्रित; 'रयणायरतीरपइट्ठियाण पुरिसाण जं च दालिद्दं' (प्रासू ७०)। ३ व्यवस्थित (आचा २, १, ७)। ४ गौरवान्वित (हे १, ३८)।

पइणियय वि [प्रतिनियत] नियम-संगत, नियमित (धर्मवि २९६)।

पइण्ण वि [दे] विपुल, विस्तृत (दे ६, ७)।

पइण्ण वि [प्रतीर्ण] प्रकर्ष से तीर्ण (आचा)।

पइण्ण, **पइण्णग** वि [प्रकीर्ण, °क] १ विक्षिप्त फेंका हुआ; 'रत्थापइण्णणअणु-प्पला तुमं सा पडिच्छए एंतं' (गा १४०)। २ अनेक प्रकार से मिश्रित (पंचू)। ३ बिखरा हुआ (ठा ६)। ४ विस्तारित (बृह १)। ५ न. ग्रंथ-विशेष, तीर्थंकर-देव के सामान्य शिष्य द्वारा बनाया हुआ ग्रंथ (णंदि)। °कहा स्त्री [°कथा] उत्सर्ग, सामान्य नियम; 'उस्सग्गो पइण्णकहा भण्णइ अववादो नियच्छकहा भण्णइ' (निचू ५)। °तव पुं [°तपस्] तपश्चर्या-विशेष (पंचा १९)।

पइण्णा स्त्री [प्रतिज्ञा] १ प्रण, शपथ (नाट—मालती १०६)। २ नियम (औप; पंचा १८)। ३ तर्कशास्त्र प्रसिद्ध अनुमान-प्रमाण का एक अवयव, साध्य वचन का निर्देश (दसनि १)।

पइण्णाद (शौ) वि [प्रतिज्ञात] जिसकी प्रतिज्ञा की गई हो वह (मा १५)।

पइण्णि वि [प्रतिज्ञावत्] प्रतिज्ञावाला, 'बंधमोक्खपइण्णिणो' (उत्त ६, १०; सुख, १०)।

पइत्त देखो पउत्त = प्रवृत्त (भवि)।

पइत्त वि [प्रदीप्त] जला हुआ, प्रज्वलित (से १५, ७३)।

पइत्त देखो पवित्त = पवित्र (सुपा ७४)।

पइदि (शौ) देखो पगइ (नाट—शकु ६१)।

पइदिण न [प्रतिदिन] हर रोज (काल)।

पइद्धिय वि [प्रदिग्ध] विलिप्त (सूअ १, ५, १)।

पइदियह न [प्रतिदिवस] प्रतिदिन, हर रोज (सुर १, ५०)।

पइनियय वि [प्रतिनियत] मुकर्रर किया हुआ, नियुक्त किया हुआ (आवम)।

पइन्न देखो पइण्ग = प्रतीर्ण (पण्ह २, १ टी—पत्र १०५)।

पइन्न, **पइन्नग** देखो पइण्ण (उव; भवि; श्रा ६)।

पइन्नय देखो पइन्नग (चेइय १६)।

पइन्ना देखो पइण्णा (सुर १, १)।

पइप्प देखो पलिप्प। वकृ. पइप्पमाण (गा ४१६)।

पइप्पईय न [प्रतिप्रतीक] प्रत्यंग, हर अंग (रंभा)।

पइभय वि [प्रतिभय] प्रत्येक प्राणी को भय उपजानेवाला (णाया १, २; पण्ह १, १; औप)।

पइभा स्त्री [प्रतिभा] बुद्धि-विशेष, प्रत्युत्पन्न-मति (पुप्फ ३३१)।

पइभाणाण न [प्रतिभाज्ञान] प्रतिभा से उत्पन्न होता ज्ञान, प्रातिभ प्रत्यक्ष (धर्मसं १२०९)।

पइमुह वि [प्रतिमुख] संमुख (उप ७४४)।

पइर सक [वप्] बोना, वपन करना। पइरिंति (आचा २, १०, २)। भूका. पइरिंसु (आचा २, १०, २)। भवि. पइरिस्संति (आचा २, १०, २)। कर्म. पइरिज्जंति (स ७१३)।

पइरिक्क वि [दे. प्रतिरिक्त] १ शून्य, रहित (दे ६, ७१; से २, १५)। २ विशाल, विस्तीर्ण (दे ६, ७१)। ३ तुच्छ, हलका (से १, ५८)। ४ प्रचुर, विपुल (ओघ २४९—पत्र १०३)। ५ नितान्त, अत्यन्त 'पइरिक्कसुहाए मणाणुकूलाए विहारभूमीए' (कप्प)। ६ न. एकान्त स्थान, विजन स्थान, निर्जन जगह (दे ६, ७१; स २३५; ७५५; गा ८८; उप २९३)।

पइल (अप) देखो पढम (पि ४४९)।

पइलाइया स्त्री [प्रतिलादिका] हाथ के बल चलनेवाली सर्प की एक जाति (राज)।

पइल्ल पुं [दे. पदिक] १ ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)। २ रोग-विशेष, श्लीपद (पण्ह २, ५)।

पइव पुं [प्रतिव] एक यादव का नाम (राज)।

पइवरिस न [प्रतिवर्ष] हरएक वर्ष (पि २२०)।

पइवाइ वि [प्रतिवादिन्] प्रतिवादी, प्रतिपक्षी (विसे २४८८)।

पइविसिट्ठ वि [प्रतिविशिष्ट] विशेष-युक्त, विशिष्ट (उवा)।

पइविसेस पुं [प्रतिविशेष] विशेष, भेद, भिन्नता (विसे ५२)।

पइस देखो पविस। पइसइ (भवि)। पइसंति (दे १, ९४ टि)। कर्म. पइसिज्जइ (भवि)। वकृ. पइसंत (भवि)। कृ. पइसियव्व (स २३४)।

पइसमय न [प्रतिसमय] हर समय, प्रतिक्षण (पि २२०)।

पइसर देखो पविस। पइसरइ (भवि)।

पइसार सक [प्र + वेशय्] प्रवेश कराना। पइसारइ (भवि)।

पइसारिय वि [प्रवेशित] जिसका प्रवेश कराया गया हो वह, 'पइसारिओ य नयरिं' (महा; भवि)।

पइहंत पुं [दे] जयन्त, इन्द्र का एक पुत्र (दे ६, १६)।

पइहा सक [प्रति + हा] त्याग करना। संकृ. पइहिऊण (उव)।

पई° देखो पइ = पति (षड्; हे १, ४; सुर १, १७६)।

पईअ वि [प्रतीत] १ विज्ञात। २ विश्वस्त। ३ प्रसिद्ध, विख्यात (विसे ७०६)।

पईअ न [प्रतीक] अंग, अवयव (रंभा)।

पईइ स्त्री [प्रतीति] १ विश्वास। २ प्रसिद्धि (राज)।

पईव देखो पलीव। पईवेइ (कस)।

पईव पुं [प्रदीप] दीपक, दिया (पाअ; जी १)।

पईव वि [प्रतीप] १ प्रतिकूल (हे १, २०६)। २ पुं. शत्रु, दुश्मन (उप ६४८ टी; हे १, २३१)।

पईस (अप) देखो पइस। पईसइ (भवि)।

पउ (अप) वि [पतित] गिरा हुआ (पिंग)।

पउअ देखो पागय = प्राकृत (प्राकृ ५)।

पाउअ पुं [दे] दिन, दिवस (दे ६, ५)।

पउअ न [प्रयुत] संख्या-विशेष, 'प्रयुताङ्ग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (इक; ठा २, ४)।

पउअंग न [प्रयुताङ्ग] संख्या-विशेष, 'अयुत' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (ठा २, ४)।

पउंज सक [प्र + युज्] १ जोड़ना, युक्त करना। २ उच्चारण करना। ३ प्रवृत्त करना। ४ प्रेरणा करना। ५ व्यवहार करना। ६ करना। पउंजइ (महा; भवि; पि ५०७)। पउंजंति (कप्प)। वकृ. पउंजंत, पउंजमाण (औप; पउम ३५, ३६)। कवकृ. पउज्जमाण (प्रयौ २३)। कृ. पउंजिअव्व, पउज्ज (पण्ह २, ३; उप ७२८ टी; विसे ३३८४), पउइव्व (अप) (कुमा)।

पउंजग वि [प्रयोजक] प्रेरक, प्रेरणा करनेवाला (पंचव १)।

पउंजग वि [प्रयोजन] प्रयोग करनेवाला (पउम १४, १०)। देखो पओअण।

पउंजणया, **पउंजणा** स्त्री [प्रयोजना] प्रयोग (ओघ ११४); 'दुक्खं कीरइ कव्वं कव्वम्मि कए पउंजणा दुक्खं' (वज्जा २)।

पउंजिअ वि [प्रयुक्त] जिसका प्रयोग किया गया हो वह (सुपा १४०; ४४७)।

पउंजित्तु वि [प्रयोक्तृ] प्रवृत्ति करनेवाला (ठा ५, १)।

पउंजित्तु वि [प्रयोजयितृ] प्रवृत्ति करनेवाला (ठा ५, १)।

पउज्ज, **पउज्जमाण** देखो पउंज।

पउट्ट अ [परिवृत्य] मार कर। °परिहार पुं [°परिहार] मर कर फिर उसी शरीर में उत्पन्न होकर उस शरीर का परिभोग करना, 'एवं खलु गोसाला ! वणस्सइ-काइयाओ पउट्ट-परिहारं परिहरंति' (भग १५—पत्र ६६७)।

पउट्ट वि [परिवर्त] १ परिवर्त, मर कर फिर उसी शरीर में उत्पन्न होना। २ परिवर्तवाद; 'एस णं गोयमा ! गोसालस्स मंखलिपुत्तस्स पउट्टे' (भग १५—पत्र ६६७)।

पउट्ठ वि [प्रवृष्ट] बरसा हुआ (हे १, १३१)।

पउट्ट पुं [प्रकोष्ठ] हाथ का पहुँचा, कलाई और केहुनी के बीच का भाग (पण्ह १, ४—पत्र ७८; कप्प; कुमा)।

पउट्ठ वि [प्रजुष्ट] १ विशेष सेवित। २ न. अति उच्छिष्ट (चंड)।

पउट्ठ वि [प्रद्विष्ट] द्वेष-युक्त; 'तो सो पउट्ठचित्तो' (सुपा ४७५)।

पउढ न [दे] १ गृह, घर। २ पुं. घर का पश्चिम प्रदेश (दे ६, ४)।

पउण अक [प्रगुणय्] तन्दुरुस्त होना, नीरोग होना; 'अन्नस्स विगिच्छाए पउणइ अन्नो न लोगम्मि' (धर्मसं ११८४)।

पउण पुं [दे] १ व्रण-प्ररोह। २ नियम-विशेष (दे ६, ६५)।

पउण वि [प्रगुण] १ पटु, निर्दोष; 'कह सच्चरणविहाणं जायइ पउणिंदियाणंपि' (सुपा ४७२; महा)। २ तैयार, तय्यार (दंस ३)।

पउणाड पुं [प्रपुनाट] वृक्ष-विशेष, पमाड का पेड़, चकवड़ (दे ५, ५ टि)।

पउत्त अक [प्र + वृत्] प्रवृत्ति करना। कृ. पउत्तिदव्व (शौ) (नाट—शकु ८७)।

पउत्त वि [प्रयुक्त] जिसका प्रयोग किया गया हो वह (महा; भवि)। २ न. प्रयोग (णाया १, १)।

पउत्त पुं [पौत्र] लड़के का लड़का, पोता (प्राकृ १०; श्रु ११७)।

पउत्त न [प्रतोत्र] प्रतोद, प्राजन, चाबुक, पैना (दसा १०)।

पउत्त वि [प्रवृत्त] जिसने प्रवृत्ति की हो वह (उवा)।

पउत्ति स्त्री [प्रवृत्ति] १ प्रवर्तन (भग १५)। २ समाचार, वृत्तान्त (पाअ; सुर २, ४८; ३, ८४)। ३ कार्य, काज, काम। °वाउय वि [°व्यापृत] कार्य में लगा हुआ (औप)।

पउत्ति स्त्री [प्रयुक्ति] बात, हकीकत (उप पृ २२८; राज)।

पउत्तिदव्व देखो पउत्त = प्र + वृत्।

पउत्तु [प्रयोक्तृ] १ प्रयोग-कर्ता। २ प्रेरणा कर्ता। ३ कर्ता, निर्माता। स्त्री °त्ती (तंदु ४५)।

पउत्थ न [दे] १ गृह, घर (दे ६, ६६)। २ वि. प्रोषित, प्रवास में गया हुआ; 'एहिइ सोवि पउत्थो अहं अ कुप्पेज्ज सोवि अणुणेज्ज' (गा १७; ६६७; हेका ३०, पउम १७, ३; वज्जा ७६; विवे १३२; उव; दे ६, ६६; भवि)। °वइया स्त्री [पतिका] जिसका पति देशान्तर गया हो वह स्त्री (ओघ ४१३; सुपा ५०८)।

पउद्दव्व देखो पउंज।

पउप्पय देखो पओप्पय (भग ११, ११ टी)।

पउप्पय देखो पओप्पय = प्रपौत्रिक (भग ११, ११ टी)।

पउम न [पद्म] १ सूर्य-विकासी कमल (हे २, ११३; पण्ह १, ३; कप्प; औप; प्रासू ११३)। २ देव-विमान-विशेष (सम ३३; ३५)। ३ संख्या-विशेष; 'पद्मांग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह

(ठा २, ४; इक)। ४ गन्ध-द्रव्य-विशेष (श्रौप; जीव ३)। ५ सुधर्मा सभा का एक सिंहासन (णाया २)। ६ दिन का नववाँ मुहूर्त्त (जो २)। ७ दक्षिण-रुचक-पर्वत का एक शिखर (ठा ८)। ८ पुं. राजा रामचन्द्र, सीता-पति (पउम १, ५; २५, ८)। ९ आठवाँ बलदेव, श्रीकृष्ण के बड़े भाई। १० इस अवसर्पिणीकाल में उत्पन्न नववाँ चक्रवर्त्ती राजा, राजा पद्मोत्तर का पुत्र (पउम ५, १५३; १५४)। ११ एक राजा का नाम (उप ६४८ टी)। १२ माल्यव नामक पर्वत का अधिष्ठाता देव (ठा २, ३)। १३ भरतक्षेत्र में आगामी उत्सर्पिणी में उत्पन्न होनेवाला आठवाँ चक्रवर्त्ती राजा (सम १५४)। १४ भरत क्षेत्र का भावी आठवाँ बलदेव (सम १५४)। १५ चक्रवर्त्ती राजा का निधि, जो रोग-नाशक सुन्दर वस्त्रों की पूर्ति करता है (उप ९८६ टी)। १६ राजा श्रेणिक का एक पौत्र (निर २, १)। १७ एक जैन मुनि का नाम (कप्प)। १८ एक ह्रद (कप्प)। १९ पद्म-वृक्ष का अधिष्ठाता देव (ठा २, ३)। २० महापद्म नामक जिनदेव के पास दीक्षा लेनेवाला एक राजा, एक भावी राजर्षि (ठा ८)। °गुम्म न [°गुल्म] १ आठवें देव-लोक में स्थित एक देव-विमान का नाम (सम ३५)। २ प्रथम देवलोक में स्थित एक देव-विमान का नाम (महा)। ३ पुं. राजा श्रेणिक का एक पौत्र (निर २, १)। ४ एक भावी राजर्षि, महापद्म नामक जिनदेव के पास दीक्षा लेनेवाला एक राजा (ठा ८)। °चरिय न [°चरित] १ राजा रामचन्द्र की जीवनी—चरित्र। २ प्राकृत भाषा का एक प्राचीन ग्रंथ, जैन रामायण (पउम ११८, १२१)। °णाभ पुं [°नाभ] १ वासुदेव, विष्णु (पउम ४०, १) २ आगामी उत्सर्पिणी-काल में भरतक्षेत्र में होनेवाला प्रथम जिन-देव का नाम (पव ४६)। ३ कपिल-वासुदेव के एक माण्डलिक राजा का नाम (णाया १, १६—पत्र २१३)। °दल न [°दल] कमल-पत्र (प्रासू)। °द्दह पुं [°द्रह] विविध प्रकार के कमलों से परिपूर्ण एक महान् ह्रद का नाम (सम १०४; कप्प; पउम १०२, ३०)। °द्धय पुं [°ध्वज] एक भावी राजर्षि, जो महापद्म नामक जिनदेव के पास दीक्षा लेगा (ठा ८)। °नाह देखो °णाभ (उप ६४८ टी)। °पुर न [°पुर] एक दक्षिणात्य नगर, जो आजकल 'नासिक' नाम से प्रसिद्ध है (राज)। °प्पभ पुं [°प्रभ] इस अव-सर्पिणी काल में उत्पन्न षष्ठ जिन-देव का नाम (कप्प)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] एक पुष्क-रिणी का नाम (इक)। °प्पह देखो °प्पभ (ठा ५, १, सम ४३; पडि)। °भद्द पुं [°भद्र] राजा श्रेणिक का एक पौत्र (निर २, १)। °मालि पुं [°मालिन्] विद्याधर-वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ४२)। °मुह देखो पउमाणण (षड्)। °रह पुं [°रथ] १ विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, ४३)। २ मथुरा नगरी के राजा जयसेन का पुत्र (महा)। °राय पुं [°राग] रक्त-वर्ण मणि-विशेष (१३९; १६६)। °राय पुं [°राज] धातकीखण्ड की अपर-कंका नगरी का एक राजा, जिसने द्रौपदी का अपहरण किया था (ठा १०)। °रुक्ख पुं [°वृक्ष] १ उत्तर-कुरुक्षेत्र में स्थित एक वृक्ष (ठा २, ३)। २ वृक्ष-सदृश बड़ा कमल (जीव ३)। °लया स्त्री [°लता] १ कमलिनी, पद्मिनी (जीव ३; भग; कप्प)। २ कमल के आकारवाली वल्ली (णाया १,१)। °वडिंसय, °वडेंसय न [°वतंसक] पद्मावती-देवी का सौधर्म नामक देवलोक में स्थित एक विमान (राज; णाया २—पत्र २५३)। °वरवेइया स्त्री [°वरवेदिका] १ कमलों की श्रेष्ठ वेदिका (भग) २ जम्बू द्वीप की जगती के ऊपर रही हुई देवों की एक भोग-भूमि (जीव ३)। °वूह पुं [°व्यूह] सैन्य की पद्माकार रचना (पण्ह १, ३)। °सर पुं [°सरस्] कमलों से युक्त सरोवर (णाया १, १; कप्प; महा)। °सिरी स्त्री [°श्री] १ अष्टम चक्र-वर्त्ती सुभूमराज की पटरानी (सम १५२)। २ एक स्त्री का नाम (कुमा)। °सेण पुं [°सेन] १ राजा श्रेणिक के एक पौत्र का नाम, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (निर १, २)। २ नागकुमार-जातीय एक देव का नाम (दीव)। °सेहर पुं [°शेखर] पृथ्वीपुर नगर के एक राजा का नाम (धम्म ७)। °ागर पुं [°ाकर] १ कमलों का समूह। २ सरोवर (उप १३३ टी)। °ासण न [°ासन] पद्माकार आसन (जं १)।

पउमग पुंन [पद्मक] केसर (दस ६, ६४)।

पउमप्पह पुं [पद्मप्रभ] विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का एक जैन आचार्य (विपा ३)।

पउमा स्त्री [पद्मा] १ लक्ष्मी। २ देवी-विशेष। ३ लौंग, लवँग। ४ पुष्प-विशेष, कुसुम्भ-पुष्प (प्राकृ २८)।

पउमा स्त्री [पद्मा] १ बीसवें तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रतस्वामी की माता का नाम (सम १५१)। २ सौधर्म देवलोक के इन्द्र की एक पटरानी का नाम (ठा ८—पत्र ४२९; पउम १०२, १५९)। ३ भीम नामक राक्षसेन्द्र की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ४ एक विद्याधर कन्या का नाम (पउम ६, २४)। ५ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, १०)। ६ लक्ष्मी (राज)। ७ वनस्पति-विशेष (पण्ण १—पत्र ३६)। ८ चौदहवें तीर्थंकर श्रीअनन्तनाथ की मुख्य शिष्या का नाम (पव ९)। ९ सुदर्शना-जम्बू की उत्तर दिशा में स्थित एक पुष्करिणी (इक)। १० दूसरे बलदेव और वासुदेव की माता का नाम। ११ लेश्या-विशेष (राज)।

पउमाड पुं [दे] वृक्ष-विशेष, पमाड़ का पेड़ चकवड़ (दे ५, ५)।

पउमाणण पुं [पद्मानन] एक राजा का नाम (उप १०३१ टी)।

पउमाभ पुं [पद्माभ] षष्ठ तीर्थंकर का नाम (पउम १, २)।

पउमार [दे] देखो **पउमाड** (दे ५, ५ टि)।

पउमावई स्त्री [पद्मावती] १ जम्बूद्वीप के सुमेरु पर्वत के पूर्व तरफ के रुचक पर्वत पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी-देवी (ठा ८)। २ भगवान् पार्श्वनाथ की शासन-देवी, जो नाग-राज धरणेन्द्र की पटरानी है (संति १०)। ३ श्रीकृष्ण की एक पत्नी का नाम (अंत १५)। ४ भीम-नामक राक्षसेन्द्र की एक पटरानी (भग १०, ५)। ५ शक्रेन्द्र की एक

पटरानी (णाया २—पत्र २५३)। ६ चम्पेश्वर राजा दधिवाहन की एक स्त्री का नाम (आव ४)। ७ राजा कूणिक की एक पत्नी (भग ७, ९)। ८ अयोध्या के राजा हरिसिंह की एक पत्नी (धम्म ८)। ९ तेतलिपुर के राजा कनककेतु की पत्नी (दंस १)। १० कौशाम्बी नगरी के राजा शतानीक के पुत्र उदयन की पत्नी (विपा १, ५)। ११ शैलकपुर के राजा शैलक की पत्नी (णाया १, ५)। १२ राजा कूणिक के पुत्र कालकुमार की भार्या का नाम। १३ राजा महाबल की भार्या का नाम (निर १, १; ५; पि १३६)। १४ बीसवें तीर्थंकर श्रीमुनिसुव्रतस्वामी की माता का नाम (पव ११)। १५ पुण्डरीकिणी नगरी के राजा महापद्म की पटरानी (आचू १)। १६ रम्यनामक विजय की राजधानी (जं ४)।

पउमावत्ती (अप) स्त्री [पद्मावती] छन्द-विशेष (पिंग)।

पउमिणी स्त्री [पद्मिनी] १ कमलिनी, कमल-लता (कप्प; सुपा १५५)। २ एक श्रेष्ठी की स्त्री का नाम (उप ७१८ टी)।

पउमुत्तर पुं [पद्मोत्तर] १ नववें चक्रवर्ती श्रीमहापद्मराज के पिता का नाम (सम १५२)। २ मन्दर पर्वत के भद्रशाल वन का एक दिग्हस्ती पर्वत (इक)।

पउमुत्तरा स्त्री [पद्मोत्तरा] एक प्रकार की शक्कर, खाँड, चीनी (णाया १, १७—पत्र २२९; १७)।

पउर वि [प्रचुर] प्रभूत, बहुत (हे १, १८०; कुमा; सुर ४, ७४)।

पउर वि [पौर] १ पुर-संबन्धी, नगर से संबन्ध रखनेवाला। २ नगर में रहनेवाला (हे १, १६२)।

पउरव पुं [पौरव] पुरुनामक चन्द्र-वंशीय नृप का पुत्र (संक्षि ६)।

पउराण (अप) देखो पुराण (भवि)।

पउरिस वि [पौरुषेय] पुरुष-कृत, पुरुष का बनाया हुआ; 'वेदस्स तह यापउरिसभावा' (धर्मसं ८९२)।

पउरिस } पुंन [पौरुष] पुरुषत्व, पुरुषार्थ,
पउरुस } वीरता, मरदानी (हे १, १११; १६२); 'पउरुसा' (प्राप्र); 'पउरुसं' (संक्षि ६)।

पउल सक [पच्] पकाना। पउलइ (हे ४, ९०; दे ६, २९)।

पउलण न [पचन] पकाना, पाक (पण्ह १, १)।

पउलिअ वि [पक्व] पका हुआ (पाम)।

पउलिअ वि [प्रज्वलित] दग्ध, जला हुआ (उवा)।

पउल्ल देखो पउल। पउल्लइ (षड्; हे ४, ९० टि)।

पउल्ल वि [पक्व] पका हुआ (पंचा १)।

पउल्लग न [पचनक] रसोई का पात्र (दशवै० बृ० हारि० पत्र ९७, २)।

पउविय वि [प्रकुपित] विशेष कुपित, क्रुद्ध (महा)।

पउस सक [प्र + द्विष्] द्वेष करना। पउसेज्जा (ओघ २५ भा)।

पउसय वि [दे] देश-विशेष में उत्पन्न। स्त्री. °सिया (ओप)।

पउस्स देखो पउस। पउस्ससि (कुप्र ३७७)। वकृ. पउस्संत, पउस्समाण (राज; अंत २२)। संकृ. पउस्सिऊण (स ५१३)।

पउहण (अप) देखो पवहण (भवि)।

पऊढ न [दे] गृह, घर (दे ६, ४)।

पए अ [प्रगे] पहले, पूर्व; 'तित्थगरवयणकरणे आयरिआणं कयं पए होइ' (ओघ ४७ भा); 'जइ पुण वियालपत्ता पए व पत्ता उवस्सयं न लभे' (ओघ १९८)।

पएणियार पुं [प्रैणीचार] व्याध की एक जाति, जो हरिणों को पकड़ने के लिए हरिणी-समूह को चराते एवं पालते हैं (पण्ह १, १—पत्र १४)।

पएर पुं [दे] १ वृति-विवर, बाड़ का छिद्र। २ मार्ग, रास्ता। ३ कंठदीनार नामक भूषण-विशेष। ४ गले का छिद्र। ५ दीननाद, आर्त्त-स्वर। ६ वि. दुश्शील, दुराचारी (दे ६, ६७)।

पएस पुं [दे] प्रातिवेश्मिक, पड़ोसी (दे ६, ३)।

पएस पुं [प्रदेश] १ जिसका विभाग न हो सके ऐसा सूक्ष्म अवयव (ठा १, १)। २ कर्म-दल का संचय (नव ३१)। ३ स्थान, जगह (कुमा ६, ५९)। ४ देश का एक भाग, प्रान्त (कुमा ६)। ५ परिमाण-विशेष, निरंश-अवयव-परिमित माप। ६ छोटा भाग। ७ परमाणु। ८ द्व्यणुक। ९ त्र्यणुक, तीन परमाणुओं का समूह (राज)। °कम्म न [°कर्मन्] कर्म-विशेष, प्रदेश-रूप कर्म (भग)। °ग्ग न [°ाग्र] कर्मों के दलिकों का परिमाण (भग)। °घण वि [°घन] निबिड प्रदेश (ओप)। °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष (ठा ६)। °णाम पुं [°नाम] कर्म-द्रव्यों का परिणाम (ठा ६)। °बंध पुं [°बन्ध] कर्म-दलों का आत्म-प्रदेशों के साथ संबन्धन (सम ९)। °संकम पुं [°संक्रम] कर्म-द्रव्यों को भिन्न स्वभाव वाले कर्मों के रूप में परिणत करना (ठा ४, २)।

पएसण न [प्रदेशन] उपदेश, 'पएसणयं णाम उवएसो' (आचू १)।

पएसय वि [प्रदेशक] उपदेशक, प्रदर्शक; 'सिद्धिपहपएसए वंदे' (विसे १०२५)।

पएसि पुं [प्रदेशिन्] स्वनाम-ख्यात एक राजा, जो श्री पार्श्वनाथ भगवान् के केशि-नामक गणधर से प्रबुद्ध हुआ था (राय; कुप्र १४५; श्रा ६)।

पएसिणी स्त्री [दे] पड़ोस में रहनेवाली स्त्री, पड़ोसिनी (दे ६, ३ टी)।

पएसिणी स्त्री [प्रदेशिनी] अंगुष्ठ के पास की उंगली, तर्जनी (ओघ ३६०)।

पएसिय देखो पदेसिय (राज)।

पओअ पुं [पयोद] मेघ (दस ७, ५२)।

पओअ देखो पओग (हे १, २४५; अभि ९; सण; पि ८५)।

पओअण न [प्रयोजन] १ हेतु, निमित्त, कारण (सूअ १, १२)। २ कार्य, काम। ३ मतलब (महा; उत्त २३; स्वप्न ४८)।

पओइद (शौ) वि [प्रयोजित] जिसका प्रयोग कराया गया हो वह (नाट—विक्र १०३)।

पओग पुं [प्रयोग] प्रयोजन (सूअ २,७,२)।

पओग पुं [प्रयोग] १ शब्द-योजना (भास ६३)। २ जीव का व्यापार, चेतन का प्रयत्न; 'उप्पाओ दुविगप्पो पओगजणिओ य विस्ससो चेव' (सम २५; ठा ३, १; सम्म १२६; स ५२४)। ३ प्रेरणा (श्रा १४)। ४ उपाय (आचू १)। ५ जीव के प्रयत्न में कारण-भूत मन आदि (ठा ३, ३)। ६ वाद-विवाद, शास्त्रार्थ (दसा ४)। °कम्म न [°कर्मन्] मन आदि की चेष्टा से आत्म-प्रदेशों के साथ बँधनेवाला कर्म (राज)। °करण न [°करण] जीव के व्यापार द्वारा होनेवाला किसी वस्तु का निर्माण; 'होइ उ एगो जीवव्वावारो तेण जं विणिम्माणं पओगकरणं तयं बहुहो' (विसे)। °किरिया स्त्री [°क्रिया] मन आदि की चेष्टा (ठा ३, ३)। °फड्डय न [°स्पर्धक] मन आदि के व्यापार-स्थान की वृद्धि-द्वारा कर्म-परमाणुओं में बढ़नेवाला रस (कम्मप २३)। °बंध पुं [°बन्ध] जीव-प्रयत्न द्वारा होनेवाला बन्धन (भग १८, ३)। °मइ स्त्री [°मति] वाद-विषयक-परिज्ञान (दसा ४)। °संपया स्त्री [°संपत्] आचार्य का वाद-विषक सामर्थ्य (ठा ८)। °सा अ [प्रयोगेण] जीव-प्रयत्न से (पि ३६४)।

पओज देखो पउंज = प्र + युज्। पओजए (पव ६४)।

पओजग वि [प्रयोजक] विनिश्चायक, निर्णायक, गमक (धर्मसं १२२३)।

पओट्ठ देखो पउट्ठ = प्रकोष्ठ (प्राप्र; औप; पि ८४)।

पओत्त न [प्रतोत्र] प्रतोद, प्राजन-यष्टि, पैना। °धर पुं [°धर] बैलगाड़ी हाँकनेवाला, बहल-वान या गाड़ीवान (णाया १, १)।

पओद पुं [प्रतोद] ऊपर देखो (औप)।

पओप्पय पुं [प्रपौत्रक] १ प्रपौत्र, पौत्र का पुत्र। २ प्रशिष्य का शिष्य; 'तेणं कालेणं तेणं समएणं विमलस्स अरहओ पओप्पए धम्मघासे नामं अणगारे' (भग ११, ११—पत्र ५४८)।

पओप्पिय पुं [दे. प्रपौत्रिक] १ वंश-परम्परा। २ शिष्य-संतति, शिष्य-संतान (भग ११, ११—पत्र ५४८ टी)।

पओरासि पुं [पयोराशि] समुद्र (सम्मत्त १७४)।

पओल पुं [पटोल] पटोल, परवर, परोरा (पएण १)।

पओली स्त्री [प्रतोली] १ नगर के भीतर का रास्ता (अणु)। २ नगर का दरवाजा; 'गोउरं पओली य' (पाअ; सुपा २६१; श्रा १२; उप पृ ८५; भवि)।

पओवट्टाव देखो पज्जयत्थाव। पओवट्टाविहि (पि २८४)।

पओवाह पुं [पयोवाह] मेघ, बादल (पउम ८, ४६; से १, २४; सुर २, ८५)।

पओस सक [प्र + द्विष्] द्वेष करना, बैर करना। पओसइ (सुख १, १४)।

पओस पुं [दे. प्रद्वेष] प्रद्वेष, प्रकृष्ट द्वेष (ठा १०; अंत; राय; आव ४; सुर १५, ५८; पुप्फ ४६५, कम्म १; महानि ४, कुप्र १०; स ६६६)।

पओस पुंन [प्रदोष] १ सन्ध्याकाल, दिन और रात्रि का सन्धि-काल (से १, ३४; कुमा)। २ वि. प्रभूत दोषों से युक्त (से २, ११)।

पओहण (अप) देखो पवहण (भवि)।

पओहर पुं [पयोधर] १ स्तन, थन (पाअ; से १, २४, गउड; सुर २, ८५)। २ मेघ, बादल (वज्जा १००)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

पंक पुंन [पङ्क] १ कर्दम, कीचड़, कादा, काँदो, कीच; 'धम्ममितंपि नो लग्गं पंकंव गयणंगणे' (श्रा २८; हे १, ३०; ४; ३५७, प्रासू २५); 'सुसइ व पंकं' (वज्जा १३४)। २ पाप (सूअ २, २)। ३ असंयम, इन्द्रिय वगैरह का अनिग्रह (निचू १)। °आवलिआ स्त्री [°ावलिका] छन्द-विशेष (पिंग)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] चौथी नरक-भूमि (ठा ७; इक)। °बहुल वि [°बहुल] १ कर्दम-प्रचुर (सम ६०)। २ पाप-प्रचुर (सूअ २, २)। ३ पुंन. रत्नप्रभा नामक नरक-भूमि का प्रथम काण्ड (जीव ३)। °य न [°ज] कमल, पद्म (हे ३, २६; गउड; कुमा)। °वई स्त्री [°वती] नदी-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)।

पंकज देखो पंक-य (सम्मत्त ११८)।

पंका स्त्री [पङ्का] चौथी नरक-भूमि (इक; कम्म ३, ५)।

पंकाभा स्त्री [पङ्काभा] चौथी नरक-पृथिवी (उत्त ३६, १५८)।

पंकावई स्त्री [पङ्कावती] पुष्कल नामक विजय के पश्चिम तरफ की एक नदी (इक; जं ४)।

पंकिय वि [पङ्कित] पंक-युक्त, कीचवाला (भग ६, ३; भवि)।

पंकिल वि [पङ्किल] कर्दमवाला (श्रा २८; गा ७६६; कप्पू; कुप्र १८७)।

पंकेरुह न [पङ्केरुह] कमल, पद्म (कप्पू; कुप्र १४१)।

पंख पुंस्त्री [पक्ष] १ पंख, पाँखि, पाँख, पक्ष (पि ७४; राय; पउम ११; ११८; श्रा १४)। २ पनरह दिन, पखवाड़ा (राज)। °ासण न [°ासन] आसन-विशेष (राय)।

पंखि पुंस्त्री [पक्षिन्] पंखी, चिड़िया, पक्षी (श्रा १४)। स्त्री. °णी (पि ७४)।

पंखुडिआ, **पंखुडी** स्त्री [दे] पंख, पत्र (कुप्र २६; दे ६, ८)।

पंग सक [ग्रह्] ग्रहण करना। पंगइ (हे ४, ४०६)।

पंगण न [प्राङ्गण] आँगन (कुप्र २५०)।

पंगु वि [पङ्गु] पाद-विकल, खञ्ज, लंगड़ा, लूला, खोड़ा (पाअ; पि ३८०; पिंग)।

पंगुर सक [प्रा + वृ] ढकना, आच्छादन करना। पंगुरइ (भवि)। संकृ. पंगुरिवि (भवि)।

पंगुरण न [प्रावरण] वस्त्र, कपड़ा (हे १, १७५; कुमा; गा ७८२)।

पंगुल वि [पङ्गुल] देखो पंगु (विपा १, १; सं ७५; पाअ)।

पंच त्रि. ब. [पञ्चन्] पाँच, ५ (हे ३, १२३, कप्प; कुमा)। °उल न [°कुल] पंचायत (स २२२)। °उलिय पुं [°कुलिक] पंचायत में बैठ कर विचार करनेवाला (स २२२)। °कत्तिय पुं [°कृत्तिक] भगवान् कुन्थुनाथ, जिनके पाँचों कल्याणक कृत्तिका नक्षत्र में हुए थे (ठा ५, १)। °कप्प पुं [°कल्प] श्रीभद्रबाहुस्वामि-कृत प्राचीन ग्रन्थ का नाम (पंचभा)। °कल्लाणय न [कल्याणक] १ तीर्थंकर का च्यवन, जन्म, दीक्षा,

केवलज्ञान और निर्वाण। २ काम्पिल्यपुर, जहाँ तेरहवें जिन-देव श्रीविमलनाथ के पाँचों कल्याणक हुए थे (ती २४)। ३ तप-विशेष (जीत)। °कोट्ठग वि [°कोष्ठक] १ पाँच कोष्ठों से युक्त। २ पुं. पुरुष (तंदु)। °गव्व न [°गव्य] गाय के ये पाँच पदार्थ—दूध, दही, घृत, गोमय और मूत्र, पंचगव्य (कप्पू)। °गाह न [°गाथ] गाथाछन्द वाले पाँच पद्य (कस)। °गुण वि [°गुण] पाँचगुना (ठा ५,३)। °चित्त पुं [°चित्र] षष्ठ जिन-देव श्रीपद्मप्रभ, जिनके पाँचों कल्याणक चित्रा नक्षत्र में हुए थे (ठा ५, १: कप्प)। °जाम न [°याम] १ अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और त्याग ये पाँच महाव्रत। २ वि. जिसमें इन पांच महाव्रतों का निरूपण हो वह (ठा ९)। °णउइ स्त्री [°नवति] पंचानबे, ९५ (काल)। °णउय वि [°नवत] ९५ वाँ (काल)। °तालीस (अप) स्त्रीन [°चत्वारिंशत्] पैतालीस, ४५ (पिंग; पि ४४५)। °तित्थी स्त्री [°तीर्थी] पाँच तीर्थों का समुदाय (धर्म २)। °तीसइम वि [°त्रिंशत्तम] पैतीसवाँ, ३५ वाँ (पउम ३५)। °दस त्रि. ब. [दशन्] पनरह, १५ (कप्पू)। °दसम वि [दशम] पनरहवाँ; १५ वाँ (णाया १, १)। °दसी स्त्री [°दशी] १ पनरहवीं, १५ वीं (विसे ५७९)। २ पूर्णिमा। ३ अमावास्या (सुज्ज १०)। °दसुत्तरसय वि [°दशोत्तरशत-तम] एक सौ पनरहवाँ, ११५ वाँ (पउम ११५, २४)। °नउइ देखो °णउइ (पि ४४७); नाणि वि [°ज्ञानिन्] मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यव और केवल इन पाँचों ज्ञानों से युक्त, सर्वज्ञ (सम्म ६९)। °पव्वी स्त्री [°पर्वी] मास की दो अष्टमी, दो चतुर्दशी और शुक्ल पंचमी ये पाँच तिथियाँ (रयण २६)। °पुव्वासाढ पुं [°पूर्वाषाढ] दसवें जिनदेव श्रीशीतलनाथ, जिनके पाँचों कल्याणक पूर्वाषाढा नक्षत्र में हुए थे (ठा ५, १)। °पूस पुं [°पुष्य] पनरहवें जिनदेव श्रीधर्मनाथ (ठा ५, १)। °बाण पुं [°बाण] कामदेव (सुर ४, २४६; कुमा)। °भूय न न [°भूत] पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश ये पाँच पदार्थ (सूअ १, १, १)। °भूयवाइ वि [°भूतवादिन्] आत्मा आदि पदार्थों को न मान कर केवल पाँच भूतों को ही माननेवाला, नास्तिक (सूअ १, १, १)। °महव्वइय वि [°महाव्रतिक] पाँच महाव्रतोंवाला (सूअ २, ७)। महव्वय न [°महाव्रत] हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुन, और परिग्रह का सर्वथा परित्याग (पण्ह २, ५)। °महाभूय न [°महाभूत] पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश ये पाँच पदार्थ (विसे)। °मुट्ठिय वि [°मुष्टिक] पाँच मुष्टियों का, पाँच मुष्टियों से पूर्ण किया जाता (लोच) (णाया १, १; कप्प, महा)। °मुह पुं [°मुख] सिंह, पंचानन (उप १०३१ टी)। °यसी देखो °दसी (पउम ६६, १४)। °रत्त, °राय पुं [°रात्र] पाँच रात (मा ४३; पण्ह २, ५—पत्र १४९)। °रासिय न [°राशिक] गणित-विशेष (ठा ४, ३)। °रूविय वि [°रूपिक] पाँच प्रकार के वर्णवाला (ठा ४, ४)। °वत्थुग न [°वस्तुक] आचार्य हरिभद्रसूरि-रचित ग्रन्थ-विशेष (पंचव १, १)। °वरिस वि [°वर्ष] पाँच वर्ष की अवस्थावाला (सुर २, ७३)। °विह वि [°विध] पाँच प्रकार का (अणु)। °वीसइम वि [°विंशतितम] पचीसवाँ (पउम २५, २६)। °संगह पुं [°संग्रह] आचार्य श्रीहरिभद्रसूरि-कृत एक जैन ग्रन्थ (पंच १)। °संवच्छरिय वि [°सांवत्सरिक] पाँच वर्ष परिमाणवाला, पाँच वर्ष की आयुवाला (सम ७५)। °सट्ठ वि [°षष्ट] पैंसठवाँ, ६५ वाँ (पउम ६५, ५१)। °सट्ठि स्त्री [षष्टि] पैंसठ, ६५ (कप्प)। °समिय वि [°समित] पाँच समितियों का पालन करनेवाला (सं ८)। °सर पुं [°शर] कामदेव (पाअ; सुर २, ९३; सुपा ६०, रंभा)। °सीस पुं [°शीर्ष] देव-विशेष (दीव)। °सुण्ण न [°शून्य] पांच प्राणिवध-स्थान (सूअ १, १, ४)। °सुत्तग न [°सूत्रक] आचार्य-श्रीहरिभद्रसूरि-निर्मित एक जैन ग्रन्थ (पसू १)। °सेल, °सेलग, °सेलय पुं [°शैल, °क] लवणोदधि में स्थित और पाँच पर्वतों से विभूषित एक छोटा द्वीप (महा; बृह ४)। °सोगंधिअ वि [°सौगन्धिक] इलायची, लवंग, कपूर, कंकोल और जातीफल—जायफल इन पाँच सुगन्धित वस्तुओं से संस्कृत; 'नन्नत्थ पञ्चसोगंधिएणं तंबोलेणं, अवसेसमुह-वासविहिं पच्चक्खामि' (उवा)। °हत्तर वि [°सप्तत] पचहत्तरवाँ, ७५ वाँ (पउम ७५, ८६)। °हत्तरि स्त्री [°सप्तति] १ संख्या विशेष, ७५। २ जिनकी संख्या पचहत्तर हो वे (पि २६४; कप्प)। °हत्थुत्तर पुं [°हस्तोत्तर] भगवान् महावीर, जिनके पाँचों कल्याणक उत्तराफाल्गुनी-नक्षत्र में हुए थे (कप्प)। °उह पुं [°युध] कामदेव (सण)। °णउइ स्त्री [°नवति] १ संख्या-विशेष, पंचानबे, ९५। २ जिनकी संख्या पंचानबे हो वे (सम ९७; पउम २०, १०३; पि ४४०)। °णउय वि [°नवत] पंचानवाँ, ९५ वाँ (पउम ९५, ६९)। °णण पुं [°नन] सिंह, गजेन्द्र (सुपा १७६; भवि)। °णुव्वइय वि [°णुव्रतिक] हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुन और परिग्रह का आंशिक त्यागवाला (उवा; औप, णाया १; १२)। °याम देखो °जाम (बृह ६)। °स स्त्रीन [°शत्] १ संख्या-विशेष, पचास, ५०। २ जिनकी संख्या पचीस हो वे; 'पंचासं अज्जियासाहस्सीओ' (सम ७०)। °सग न [°शक] आचार्य श्रीहरिभद्रसूरि-कृत एक जैन ग्रन्थ (पंचा)। °सीइ स्त्री [°शीति] १ संख्या-विशेष, अस्सी और पाँच, ८५। २ जिनकी संख्या पचासी हो वे (सम ९२; पि ४४६)। °सीइम वि [°शीतितम] पचासीवाँ, ८५ वाँ (पउम ८५, ३१; कप्प; पि ४४९)।

पंचअण्ण देखो **पंचजण्ण** (गउड)।

पंचंग न [**पञ्चाङ्ग**] १ दो हाथ; दो जानु और मस्तक ये पाँच शरीरावयव। २ वि. पूर्वोक्त पाँच अंगवाला (प्रणाम आदि); 'पंचंगं करिय ताहे पणिवायं' (सुर ४, ६८)।

पंचंगुलि पुं [**दे**] एरण्ड-वृक्ष, रेंडी का गाछ (दे ६, १७)।

पंचंगुलि पुं [**पञ्चाङ्गुलि**] हस्त, हाथ (णाया १, १; कप्प)।

पंचंगुलिआ स्त्री [पञ्चाङ्गुलिका] वल्ली-विशेष (पराग १—पत्र ३३)।

पंचग वि [पञ्चक] पाँच (रुपया आदि) की कीमत का (दसनि ३, १३)।

पंचग न [पञ्चक] पाँच का समूह (आचा)।

पंचजण्ण पुं [पाञ्चजन्य] श्रीकृष्ण का शंख (काप्र ८६२; गा ६७४)।

पंचत्त } न [पञ्चत्व] १ पाँचपन, पञ्च-
पंचत्तण } रूपता (सुर १, ५)। २ मरण, मौत (सुर १, ५; सण; उप पृ १२४)।

पंचपुंड वि [पञ्चपुण्ड्र] पाँच स्थानों में पुण्ड्र-चिह्न (सफेदी) वाला (पिंड भा ४३)।

पंचपुल पुंन [दे] मत्स्य-बन्धन विशेष, मछली पकड़ने का जाल-विशेष (विपा १, ८—पत्र ८५ टी)।

पंचम वि [पञ्चम] १ पाँचवाँ (उवा)। २ पुं. स्वर-विशेष (ठा ७)। °धारा स्त्री [°धारा] अश्व की एक तरह की गति (महा)।

पंचमहब्भूइअ वि [पाञ्चमहाभूतिक] पाँच महाभूतों को माननेवाला, सांख्यमत का अनुयायी (सूअ २, १, २०)।

पंचमासिअ वि [पाञ्चमासिक] १ पाँच मास की उम्र का। २ पाँच मास में पूर्ण होनेवाला (अभिग्रह आदि)। स्त्री. °आ (सम २१)।

पंचमिय वि [पाञ्चमिक] पाँचवाँ, पंचम (ओघ ६१)।

पंचमी स्त्री [पञ्चमी] १ पाँचवीं (आचा)। २ तिथि-विशेष, पंचमी तिथि (सम २६; श्रा २८)। ३ व्याकरण-प्रसिद्ध अपादान विभक्ति (अणु)।

पंचयन्न देखो पञ्चजण्ण (णाया १, १६; सुपा २६४)।

पंचलोइया स्त्री [पञ्चलौकिका] भुजपरिसर्प-विशेष, हाथ से चलनेवाले सर्प-जातीय प्राणी की एक जाति (जीव २)।

[पञ्चवटी] पाँच वट-वृक्षवाला ... श्रीरामचन्द्रजी ने अपने ... था, इस स्थान ... नगर के पास गोदावरी नदी के किनारे मानते हैं, जब कि आधुनिक गवेषक लोग बस्तर रजवाड़े के दक्षिणी छोर पर, गोदावरी के किनारे, इसका होना सिद्ध करते है (उत्तर ८१)।

पंचवयण पुं [पञ्चवदन] सिंह, मृगराज (सम्मत्त ११८)।

पंचामय न [पञ्चामृत] ये पाँच वस्तु—दही, दूध, घी, मधु तथा शक्कर (सिरि २१८)।

पंचाल पुं [पाञ्चाल] कामशास्त्र-प्रणेता एक ऋषि (सम्मत्त १३७)।

पञ्चाल पुं. ब. [पञ्चाल, पाञ्चाल] १ देश-विशेष, पञ्जाब देश (णाया १, ८; महा; पराग १)। २ पुं. पञ्जाब देश का राजा (भवि)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

पंचालिआ स्त्री [पञ्चालिका] पुतली, काष्ठादि-निर्मित छोटी प्रतिमा (कप्पू)।

पंचालिआ स्त्री [पाञ्चालिका] १ द्रुपद-राज की कन्या, द्रौपदी (वेणी १५८)। २ गान का एक भेद (कप्पू)।

पंचावण्ण } स्त्रीन [दे.पञ्चपञ्चाशत्] १
पंचावन्न } संख्या-विशेष, पचपन, ५५। २ जिनकी संख्या पचपन हो वे (हे २, १७४; दे २, २७; दे २, २७ टि)।

पंचावन्न वि [दे. पञ्चपञ्चाश] पचपनवाँ (पउम ५५, ६१)।

पंचिंदिय } वि [पञ्चेन्द्रिय] १ वह जीव
पंचिंद्रिय } जिसको त्वचा, जीभ, नाक, आँख और कान ये पाँचो इन्द्रियाँ हों (पराग १; कप्प; जीव १; भवि)। २ न. त्वचा आदि पाँच इन्द्रियाँ (धर्म ३)।

पंचिया स्त्री [पञ्चिका] १ पाँच की संख्या-वाला। २ पाँच दिन का (वव १)।

पंचुंबर स्त्रीन [पञ्चोदुम्बर] वट, पीपल, उदुम्बर, प्लक्ष और काकोदुम्बरी का फल (भवि)। स्त्री. °री (श्रा २०)।

पंचुत्तरसय वि [पञ्चोत्तरशततम] एक सौ पाँचवाँ, १०५ वाँ (पउम १०५, ११५)।

पंचेडिय वि [दे] विनाशित, 'जेण लोयस्स लोहत्तणं फेडियं दुट्ठकंदप्पदप्पं च पंचेडियं' (भवि)।

पंचेसु पुं [पञ्चेषु] कामदेव, कंदर्प (कप्पू; रंभा)।

पंछि पुं [पक्षिन्] पंछी, पक्षी, पखेरू, चिड़िया (उप १०३१ टी)।

पंजर पुंन [पञ्जर] १ आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्तक आदि मुनि-गण। २ उन्मार्ग-गमन-निषेध, सन्मार्ग-प्रवर्तन। ३ स्वच्छन्दता-प्रति-षेध (वव १)।

पंजर न [पञ्जर] पिंजरा, पिंजड़ा (गउड, कप्पू; अच्चु २)।

पंजरिअ पुं [दे] जहाज का कर्मचारी-विशेष (सिरि ४२७)।

पंजरिय वि [पञ्जरित] पिंजरे में बंद किया हुआ (गउड)।

पंजल वि [प्राञ्जल] सरल, सीधा, ऋजु (सुपा ३६४; वज्जा ३०)।

पंजलि पुंस्त्री [प्राञ्जलि] प्रणाम करने के लिए जोड़ा हुआ कर-संपुट, हस्त-न्यास-विशेष, संयुक्त कर-द्वय (उवा)। °उड पुं [°पुट] अञ्जलि-पुट, संयुक्त कर-द्वय (सम १५१, औप)। °उड, °कड वि [कृतप्राञ्जलि] जिसने प्रणाम के लिए हाथ जोड़ा हो वह (भग; औप)।

पंजिअ न [दे] यथेच्छ दान, मुँह-माँगा दान; 'रायकुलेसु भमंतो पंजिअदाणं पणिएहेइ' (सिरि ११८)।

पंड वि [पाण्ड्य] देश-विशेष में उत्पन्न। स्त्री. °डी; 'पंडीणं गंडवालीपुलअणचवला' (कप्पू)।

पंड } पुं [पण्ड, °क] १ नपुंसक, क्लीब
पंडग } (ओघ ४६७; सम १५; पाअ)। २
पंडय } न. मेरु पर्वत का एक वन (ठा २, ३; इक)।

पंडय देखो पंडव (हे १, ७०)।

पंडर पुं [पाण्डर] १ क्षीरवर नामक द्वीप का अधिष्ठाता देव (राज)। २ श्वेत वर्ण, सफेद रंग। ३ वि. श्वेतवर्णवाला, सफेद (कप्प)। °भिक्खु पुं [°भिक्षु] श्वेताम्बर जैन संप्रदाय का मुनि (स ५५२)।

पंडर देखो पंडुर (स्वप्न ७१)।

पंडरंग पुं [दे] रुद्र, महादेव, शिव (दे ६, २३)।

पंडरंगु पुं [दे] ग्रामेश, गाँव का अधिपति (षड्)।

पंडरिय देखो पंडुरिअ (भवि)।

पंडव पुं [पाण्डव] राजा पाण्डु का पुत्र—१ युधिष्ठिर, २ भीम, ३ अर्जुन, ४ सहदेव और ५ नकुल (णाया १, १६; उप ६४८ टी)।

पंडव पुं [दे] अश्व-रक्षक (?); 'सिट्ठि सुहडेहिं तासियपंडववयणेहिं नरवरो रुट्ठो' (सम्मत्त २१६)।

पंडविअ वि [दे] जलार्द्र, पानी से भींजा हुआ (दे ६, २०)।

पंडिअ वि [पण्डित] १ विद्वान्, शास्त्रों के मर्म को जाननेवाला, बुद्धिमान्, तत्त्वज्ञ; 'कामज्झया णामं गणिया होत्था बावत्तरी-कलापंडिया' (विपा १, २; प्रासू ७४; १२९)। २ संयत, साधु (सूत्र १, ८, ९)। °मरण न [°मरण] साधु का मरण, शुभ मरण-विशेष (भग; पच्च ४९)। °माण वि [°म्मन्य] विद्याभिमानी, निज को पण्डित माननेवाला, दुर्विदग्ध, अधपका, मूर्ख, अनाड़ी (ओघ २७ भा)। °माणि वि [°मानिन्] देखो पूर्वोक्त अर्थ (पउम १०५, २१; उप १३४ टी)। °वीरिअ न [°वीर्य] संयत का आत्म-बल (भग)।

पंडिच्चमाणि वि [पाण्डित्यमानिन्] पंडिताई का अभिमान रखनेवाला, विद्वत्ता का घमंड रखनेवाला (चेइय १९)।

पंडिच्च } न [पाण्डित्य] पण्डिताई, पंडित्त } विद्वत्ता, वैदुष्य (उव; सुर १२, ६८; सुपा २६; रंभा; सं ५७)।

पंडी देखो पंड = पाण्ड्य।

पंडीअ (अप) देखो पंडिअ (पिंग)।

पंडु पुं [पाण्डु] १ नृप-विशेष, पाण्डवों का पिता (उप ६४८ टी; सुपा २७०)। २ रोग-विशेष, पाण्डु-रोग (जं १)। ३ वर्ण-विशेष, शुक्ल और पीत वर्ण। ४ श्वेत वर्ण। ५ वि. शुक्ल और पीतवर्णवाला (कप्पू; गउड)। ६ सफेद, श्वेत; 'सेग्रं सिग्रं वलक्खं अवदायं पंडुं धवलं च' (पाग्र; गउड)। ७ शिला-विशेष, पाण्डुकम्बला नामक शिला (जं ४; इक)। कंबलसिला स्त्री [°कम्बलशिला] मेरु पर्वत के पाण्डक वन के दक्षिण छोर पर स्थित एक शिला, जिस पर जिन-देवों का जन्माभिषेक किया जाता है (जं ४)। °कंबला स्त्री [°कम्बला] वही पूर्वोक्त अर्थ (ठा २, ३)। °तणय पुं [°तनय] पण्डु-राज का पुत्र, पाण्डव (गउड ४८५)। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि, जो आर्य संभूति-विजय के शिष्य थे (कप्प)। °मट्टिया, °मत्तिया स्त्री [°मृत्तिका] एक प्रकार की सफेद मिट्टी (जीव १; पण्ण १—पत्र २५)। °महुरा स्त्री [°मथुरा] स्वनाम-ख्यात एक नगरी, पाण्डवों द्वारा बनाई हुई भारतवर्ष के दक्षिण तरफ की एक नगरी का नाम (णाया १, १६—पत्र २२५; अंत)। °राय पुं [°राज] राजा पाण्डु, पाण्डवों का पिता (णाया १, १६)। °सुय पुं [°सुत] पाण्डव (उप ६४८ टी)। °सेण पुं [°सेन] पाण्डवों का द्रौपदी से उत्पन्न एक पुत्र (णाया १, १६; उप ६४८ टी)।

पंडुइय वि [पाण्डुकित] १ श्वेत रंग का किया हुआ (णाया १, १—पत्र २८)।

पंडुग } पुं [पाण्डक] १ चक्रवर्ती का धान्यों पंडुय } की पूर्ति करनेवाला एक निधि (राज; ठा २, १—पत्र ४४; उप ९८६ टी)। २ सर्प की एक जाति (आचू १)। ३ न. मेरु पर्वत पर स्थित एक वन, पाण्डक-वन (सम ६६)।

पंडुर पुं [पाण्डुर] १ श्वेत वर्ण, सफेद रंग। २ पीत-मिश्रित श्वेत वर्ण। ३ वि. सफेद वर्ण-वाला। ४ श्वेत-मिश्रित पीत वर्णवाला (कप्प; उव; से ८, ४९)। °ज्जा स्त्री [°र्या] एक जैन साध्वी का नाम (आवम)। °त्थिय [°स्थिक] एक गाँव का नाम (आचू १)।

पंडुरंग पुं [पाण्डुराङ्ग] संन्यासी की एक जाति, भस्म लगानेवाला संन्यासी (अणु २४)।

पंडरग } पुं [पाण्डुरक] १ शिव-भक्त पंडुरय } संन्यासियों की एक जाति (णाया १, १५—पत्र १९३)। २ देखो पंडुर; 'केसा पंडुरया हवंति ते' (उत्त ३)।

पंडुरिअ } वि [पाण्डुरित] पाण्डुर वर्ण-पंडुलइय } वाला बना हुआ (गा ३८८; विपा १, २—पत्र २७)।

पंत वि [प्रान्त] १ अन्तवर्त्ती, अन्तिम (भग ९; ३३)। २ अशोभन, असुन्दर (आचा; ओघ १७ भा)। ३ इन्द्रियों के अननुकूल, इन्द्रिय-प्रतिकूल (पण्ह २, ५)। ४ अभद्र, असभ्य, अशिष्ट (ओघ ३६ टी)। ५ अपसद, नीच, दुष्ट (णाया १, ८)। ६ दरिद्र, निर्धन (ओघ ६१)। ७ जीर्ण, फटा-टूटा; 'पंत-वत्थ—' (बृह २)। ८ व्यापन्न, विनष्ट; 'णिप्फावचणगमाई अंतं; पंतं च होइ वावन्नं' (बृह १; आचा)। ९ नीरस, सूखा (उत्त ८)। १० भुक्तावशिष्ट, खा लेने पर बचा हुआ। ११ पर्युषित, बासी (णाया १, ५—पत्र १११)। °कुल न [°कुल] नीच कुल, जघन्य जाति। (ठा ८)। °चर वि [°चर] नीरस आहार की खोज करनेवाला तपस्वी (पण्ह २, १)। °जीवि वि [°जीविन्] नीरस आहार से शरीर-निर्वाह करनेवाला (ठा ५, १)। °ाहार वि [°ाहार] रूखा-सूखा आहार करनेवाला (ठा ५, १)।

पंताव सक [दे] ताड़न करना, मारना। पंतावे (पिंड ३२५)।

पंति स्त्री [पङ्क्ति] १ पंक्ति, श्रेणी, कतार (हे १,२५; कुमा; कप्प)। २ सेना-विशेष, जिसमें एक हाथी, एक रथ, तीन घोड़े और पाँच पदाती हों ऐसी सेना (पउम ५६, ४)।

पंति स्त्री [दे] वेणी, केश-रचना (दे ६, २)।

पंतिय स्त्रीन [पङ्क्ति] पंक्ति, श्रेणी; 'सराणि वा सरपंतियाणि वा सरसरपंतियाणि वा' (आचा २, ३, ३, २)। स्त्री. 'पंतियाओ' (अणु)।

पंथ पुं [पन्थ, पथिन्] मार्ग, रास्ता; 'पंथं किर देसित्ता' (हे १, ८८), 'पंथम्मि पह-परिब्भट्ठं' (सुपा ५५०; हेका ५४; प्रासू १७३)।

पंथ पुं [पान्थ] पथिक, मुसाफिर (हे १, ३०; अच्चु ७४)। °कुट्टण न [°कुट्टन] मार-पीटकर मुसाफिरों को लूटना (णाया १, १८)। °कोट्ट पुं [°कुट्ट] वही अर्थ (विपा १, १—पत्र ११)। °कोट्टि स्त्री [°कुट्टि] वही अर्थ; 'से चोरसेणावई गामघायं वा जाव पंथकोट्टिं वा काउं वच्चति' (णाया १, १८)।

पंथग पुं [पान्थक] एक जैन मुनि (णाया १, ५; धम्म ६ टी)।

पंथाण देखो पंथ = पन्थ, पथिन्; 'पंथभाणो पंथाणंभाणो' (श्राउ ११)।

पंथिअ पुं [पन्थिक, पथिक] मुसाफिर, पान्थ; 'पंथिअ ण एत्थ संथर' (काप्र १५८; महा; कुमा; णाया १, ८; वजा ६०; १५८)।

पंथुच्छुहणी स्त्री [दे] श्वशुर-गृह से पहली बार श्रानीत स्त्री (दे ६, ३५)।

पंपुअ वि [दे] दीर्घ, लम्बा (दे ६, १२)।

पंफुल्ल वि [प्रफुल्ल] विकसित (पिंग)।

पंफुल्लिअ वि [दे] गवेषित, जिसकी खोज की गई हो वह (दे ६, १७)।

पंस सक [पांसय्] मलिन करना। पंसेई (विसे ३०५२)।

पंसण वि [पांसन] कलंकित करनेवाला, दूषण लगानेवाला (हे १, ७०; सुपा ३४५)।

पंसु पुं [पांसु, पांशु] धूली, रज, रेणु (हे २६; पाश्र; श्राचा)। °कीलिय, °क्कीलिय वि [°क्रीडित] जिसके साथ बचपन में पांशु-क्रीड़ा की गई हो वह, बचपन का दोस्त (महा; सण)। °पिसाय पुंस्त्री [°पिशाच] जो रेणु-लिप्त होने के कारण पिशाच के तुल्य मालूम पड़ता हो वह (उत्त १२)। °मूलिय पुं [°मूलिक] विद्याधर, मनुष्य-विशेष (राज)।

पंसु पुं [पर्शु] कुठार, फरसा (हे १, २६)।

पंसु देखो पसु (षड्)।

पंसुखार पुं [पांशुक्षार] एक तरह का नोन, ऊषर लवण (दस ३, ८)।

पंसुल पुं [दे] १ कोकिल, कोयल। २ जार, उपपति (दे ६, ६६)। ३ वि. रुद्ध, रोका हुआ (षड्)।

पंसुल पुं [पांसुल] १ पुंश्चल, परस्त्री-लम्पट (गा ५१०; ५६६)। २ वि. धूलि-युक्त (गउड)।

पंसुला स्त्री [पांसुला] कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री (कुमा)।

पंसुलिअ वि [पांसुलित] धूलि-युक्त किया हुआ; 'पंसुलिअकरेण' (गउड)।

पंसुलिआ स्त्री [दे· पांशुलिका] पार्श्व की हड्डी (पव २५३)।

पंसुली स्त्री [पांसुली] कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री (पाश्र; सुर १५, २; हे २, १७६)।

पकंथ देखो पगंथ (श्राचा १, ६, २)।

पकंथग पुं [प्रकन्थक] अश्व-विशेष, एक प्रकार का घोड़ा (ठा ४, ३—पत्र २४८)।

पकंप पुं [प्रकम्प] कम्प, काँपना (श्राव ४)।

पकंपण न [प्रकम्पन] ऊपर देखो (सुपा ६५१)।

पकंपिअ वि [प्रकम्पित] प्रकम्प-युक्त, काँपा हुआ (श्राव २)।

पकंपिर वि [प्रकम्पितृ] काँपनेवाला (उप पृ १३२)। स्त्री. °री (रंभा)।

पकड वि [प्रकृत] १ प्रस्तुत, प्रक्रान्त, उप-स्थित, असली, सच्चा (भग ७, १०—पत्र ३२४; १८, ७—पत्र ३५०)। २ कृत, निर्मित (भग १८, ७)।

पकड देखो पगड = प्रकट (भग ७, १०)।

पकड्ढ देखो पगडढ। कवकृ. पकड्ढिज्ज-माण (श्रौप)।

पकड्ढ वि [प्रकृष्ट] १ प्रकर्ष-युक्त। २ खींचा हुआ (श्रौप)।

पकड्ढण न [प्रकर्षण] श्राकर्षण, खींचाव (निचू २०)।

पकत्थ सक [प्र + कत्थ्] श्लाघा करना, प्रशंसा करना। पकत्थइ (सूश्र १, ४, १, १६, पि ५४३)।

पकप्प श्रक [प्र + क्लृप्] १ काम में श्राना, उपयोग में श्राना। २ काटना, छेदना। कृ. पकप्प (ठा ५, १—पत्र ३००)। देखो पगप्प = प्र + क्लृप्।

पकप्प सक [प्र + कल्पय्] १ करना, बनाना। २ संकल्प करना; 'वासं वयं वित्ति पकप्पयामो' (सूश्र २, ६, ५२)।

पकप्प पुं [प्रकल्प] १ उत्कृष्ट श्राचार, उत्तम श्राचरण (ठा ४, ३)। २ अपवाद, बाधक नियम (उप ६७७ टी; निचू १)। ३ अध्ययन-विशेष; 'श्राचारांग' सूत्र का एक अध्ययन। ४ व्यवस्थापनः 'श्रट्ठावीसविहे श्रायारपकप्पे' (सम २८)। ५ कल्पना। ६ प्ररूपणा। ७ विच्छेद, प्रकृष्ट छेदन (निचू १)। ८ जैन साधुओं का एक प्रकार का श्राचार, स्थविर-कल्प (पंचभा)। ६ एक महाग्रह, ज्यौतिष देव-विशेष (सुज २०)। °गंथ पुं [°ग्रन्थ] एक प्राचीन जैन ग्रन्थ, 'निशीथ' सूत्र (जीव १)। °जइ पुं [°यति] 'निशीथ' अध्ययन का जानकार साधु; 'धम्मो जिणपन्नत्तो पकप्पजइणा कहेयव्वो' (धर्म १)। °धर वि [°धर] 'निशीथ' अध्ययन का जानकार (निचू २०)। देखो पगप्प = प्रकल्प।

पकप्पणा स्त्री [प्रकल्पना] प्ररूपणा, व्याख्या; 'परूवण त्ति वा पकप्पण त्ति वा एगट्ठा' (निचू १)।

पकप्पणा स्त्री [प्रकल्पना] कल्पना (चेइय १४१; श्रज्झ १४२)।

पकप्पधारि वि [प्रकल्पधारिन्] 'निशीथ' सूत्र का जानकार (वव १)।

पकप्पि वि [प्रकल्पिन्] ऊपर देखो (वव १)।

पकप्पिअ वि [प्रकल्पित] काटा हुआ, 'एसा परजुत्तिलया एएण पकंपि (? कप्पि)। श्रा णेश्रा' (श्रज्झ १०२)।

पकप्पिअ वि [प्रकल्पित] १ संकल्पित (द्र २)। २ निर्मित (महा)। ३ न. पूर्वोपार्जित द्रव्य; 'ण णो अत्थि पकप्पियं' (सूश्र १, ३, ३, ४)। देखो पगप्पिअ।

पकय वि [प्रकृत] प्रवृत्त, कार्य में लगा हुआ (उप ६२०)।

पकर सक [प्र + कृ] १ करने का प्रारम्भ करना। २ प्रकर्ष से करना। ३ करना। पकरेइ, पकरंति, पकरेंति (भग; पि ५०६)। वकृ. पकरेमाण (भग)। संकृ. पकरित्ता (भग)।

पकर देखो पयर = प्रकर (नाट—वेणी ७२)।

पकरणया स्त्री [प्रकरणता] करण, कृति (भग)।

पकहिअ वि [प्रकथित] जिसने कहने का प्रारम्भ किया हो वह (उप १०३१ टी; वसु)।

पकाम न [प्रकाम] १ अत्यर्थ, अत्यन्त (णाया १, १; महा; नाट—शकु २७)। २ पुं. प्रकृष्ट अभिलाष (भग ७, ७)।

पकाव (अप) सक [पच्] पकाना। पकावउ (पिंग; पि ४५४)।

पकास देखो पयास = प्रकाश (पिंग)।

पकिट्ठ देखो पगिट्ठ (राज)।

पकिण्ण वि [प्रकीर्ण] १ उप्त, बोया हुआ। २ दत्त, दिया हुआ; 'जहि पकिण्णा (आ) विरुहंति पुण्णा' (उत्त १२, १३)। देखो पइण्ण = प्रकीर्ण।

पकित्तिअ वि [प्रकीर्त्तित] वर्णित, कथित (श्रु १०८)।

पकिदि देखो पगइ = प्रकृति (प्राकृ १२)।

पकिदि (शौ) देखो पइइ = प्रकृति (स्वप्न ६०; अभि ६५)।

पकिन्न देखो पकिण्ण (उत्त १२, १३)।

पकिरण न [प्रकिरण] देने के लिए फेंकना (वव १)।

पकुण देखो पकर = प्र + कृ। पकुणइ (कम्म १, ६०)।

पकुप्प अक [प्र + कुप्] क्रोध करना, गुस्सा करना। पकुप्पंति (महानि ४)।

पकुप्पित (चूपै) वि [प्रकुपित] क्रुद्ध, कुपित, गुस्साया हुआ (हे ४, ३२६)।

पकुविअ ऊपर देखो (महानि ४)।

पकुव्व सक [प्र + कृ, प्र + कुर्व्] १ करने का प्रारम्भ करना। २ प्रकर्ष से करना। ३ करना। पकुव्वइ (पि ५०८)। वकृ. पकुव्वमाण (सुर १६, २४; पि ५०८)।

पकुव्वि वि [प्रकारिन्, प्रकुर्विन्] १ करनेवाला, कर्ता। २ पुं. प्रायश्चित्त देकर शुद्धि कराने में समर्थ गुरु (द्र ४९; ठा ८, पुप्फ ३५६)।

पकूविअ वि [प्रकूजित] ऊँचे स्वर से चिल्लाया हुआ (उप पृ ३३२)।

पकोट्ठ देखो पओट्ठ (राज)।

पकोव पुं [प्रकोप] गुस्सा, क्रोध (श्रा १४)।

पक्क वि [पक्व] पका हुआ (हे १, ४७; २, ७९; पाअ)।

पक्क वि [दे] १ दृप्त, गर्वित। २ समर्थ, पक्का, पहुँचा हुआ (दे ६, ६४; पाअ)।

पक्कंत वि [प्रक्रान्त] प्रस्तुत, प्रकृत (कुमा २७)।

पक्कग्गाह पुं [दे] १ मकर, मगरमच्छ (दे ६, २३)। २ पानी में बसनेवाला सिंहाकार जल-जन्तु (से ५, ५७)।

पक्कण वि [दे] १ असहन, असहिष्णु। २ समर्थ, शक्त (दे ६, ६९)। ३ पुं. चाण्डाल (सं ६३)। ४ एक अनार्य देश। ५ पुंस्त्री. अनार्य देश-विशेष में रहनेवाली एक मनुष्य-जाति (औप; राज)। स्त्री. °णी (णाया १,१; औप; इक)। ६ पुं. एक नीच जाति का घर, शबर-गृह (पंरा ५२)। °उल न [°कुल] १ चाण्डाल का घर (बृह ३)। २ एक गर्हित कुल; 'पक्कणउले वसंतो सउणी इयरोवि गरहिओ होइ' (आव ३)।

पक्कणि वि [दे] १ अतिशय शोभमान, खूब शोभता हुआ। २ भग्न, भाँगा हुआ। ३ प्रियवद, प्रियभाषी (दे ६, ६५)।

पक्कणिय पुंस्त्री [दे] एक अनार्य देश में रहनेवाली मनुष्य-जाति (पण्ह १, १—पत्र १४; इक)।

पक्कन्न न [पक्वान्न] केवल घी में बनी हुई वस्तु, मिठाई आदि (सुपा ३८७)।

पक्कम सक [प्र + क्रम्] प्रकर्ष से समर्थ होना। पक्कमइ (भग १५—पत्र ६७८)।

पक्कम सक [प्र + क्रम्] १ प्रकर्ष से जाना, चला जाना, गमन करना। २ अक. प्रयत्न होना। प्रवृत्ति होना। पक्कमई (उत्त ३, १३)। पक्कमंति (उत्त २७, १४; दस ३, १३); 'अणुसासणमेव पक्कमे' (सूअ १, २, १, ११)।

पक्कम पुं [प्रक्रम] प्रस्ताव, प्रसंग (सुपा ३७४)।

पक्कमणी स्त्री [प्रक्रमणी] विद्या-विशेष (सूअ २, २, २७)।

पक्कल वि [दे] १ समर्थ, शक्त (हे २, १७४; पाअ; सुर ११, १०४; वज्जा ३४)। १ दर्प-युक्त, गर्वित (सुर ११, १०४; गा ११८)। ३ प्रौढ; 'चत्तारि पक्कलबइल्ला' (गा ८१२; पि ४३९)।

पक्कस देखो वक्कस (आचा)।

पक्कसावअ पुं [दे] १ शरभ। २ व्याघ्र (दे ६, ७५)।

पक्काइय वि [पक्कीकृत] पकाया हुआ, 'पक्काइयमाउलिंगसारिच्छा' (वज्जा ६२)।

पक्किर सक [प्र + कृ] फेंकना। वकृ. 'छारं च धूलिं च कयवरं च उवरिं पक्किरमाणा' (णाया १, २)।

पक्कीलिय वि [प्रक्रीडित] जिसने क्रीड़ा का प्रारम्भ किया हो वह (णाया १, १; कप्प)।

पक्केल्लय वि [पक्व] पका हुआ (उवा)।

पक्ख पुं [पक्ष] वेदिका का एक भाग (राय ८२)।

पक्ख पुं [पक्ष] १ पाख, पखवारा, आधा महीना, पन्द्रह दिन-रात (ठा २, ४—पत्र ८६; कुमा)। २ शुक्ल और कृष्ण पक्ष, उजेला और अँधेरा पाख (जीव ३; हे २, १०६)। ३ पार्श्व, पंजर, कन्धा के नीचे का भाग। ४ पक्षियों का अवयव-विशेष, पंख, पर, पतत्र (कुमा)। ५ तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध अनुमान-प्रमाण का एक अवयव, साध्यवाली वस्तु (विसे २८२४)। ६ तरफ, ओर। ७ जत्था, दल, टोली। ८ मित्र, सखा। ९ शरीर का आधा भाग। १० तरफदार। ११ तीर का पंख (हे २, १४७)। १२ तरफदारी (वव १)। °ग वि [°ग] पक्ष-गामी, पक्ष-पर्यन्त स्थायी (कम्म १, १८)। °पिंड पुंन [°पिण्ड] आसन-विशेष—१ जानु और जाँघ पर वस्त्र बाँध कर बैठना। २ दोनों हाथों से शरीर का बन्धन कर बैठना (उत्त १, १९)। °य पुं [°क] पंखा, ताल-वृन्त (कप्प)। °वंत वि [°वत्] तरफदारीवाला (वव १)। °वाइल्ल वि [°पातिन्] पक्षपात करनेवाला, तरफदारी करनेवाला (उप ७२८ टी; धम्म १ टी)। °वाद पुं [°पात] तरफदारी (उप ६७०; स्वप्न ४५)। °वादि (शौ) देखो °वाइल्ल (नाट—विक्र २; मालती ६५)। °वाय देखो °वाद (सुपा २०६; २६३)। °वाय पुं [°वाद] पक्ष-सम्बन्धी विवाद (उप पृ ३१२)। °वाहु पुं [°बाहु] वेदिका का एक देश-विशेष (जं १)। °विडिअ वि [°पतित] पक्षपाती (हे ४, ४०१)। °वाइया स्त्री [°वापिका] होम-विशेष (स ७५७)।

पक्खंत न [पक्षान्त] अन्यतर इन्द्रिय-जात, 'अन्नयरं इंदियजायं पक्खंतं भणइ' (निचू ६)।

पक्खंतर न [पक्षान्तर] अन्य पक्ष, भिन्न पक्ष, दूसरा पक्ष (नाट—महावी २५)।

पक्खंद सक [प्र + स्कन्द्] १ आक्रमण करना। २ दौड़कर गिरना। ३ अध्यवसाय करना; 'पक्खंदे जलियं जोइं धूमकेउं दुरासयं' (राज), 'अगरिंग व पक्खंद पयंगसेणा' (उत्त १२, २७)।

पक्खंदण न [प्रस्कन्दन] १ आक्रमण। २ अध्यवसाय। ३ दौड़कर गिरना (भिक्खु ११)।

पक्खंदोलग पुं [पक्ष्यन्दोलक] पक्षी का हिंडोला, झूला (राय ७५)।

पक्खज्जमाण वि [प्रखाद्यमान] जो खाया जाता हो वह (सूम १, ५, २)।

पक्खडिअ वि [दे] प्रस्फुरित, विजृम्भित, समुत्पन्न; 'पक्खडिए सिहिपडिंसिरे विरहे' (दे ६, २०)।

पक्खर सक [सं + नाहय्] संनद्ध करना, अश्व को कवच से सज्जित करना। पक्खरेह (सुपा २८८)। संकृ पक्खरिअ (पिंग)।

पक्खर पुं [प्रक्षर] क्षरण, टपकना (कर्पूर २६)।

पक्खर पुं [दे] जहाज की रक्षा का एक उपकरण, सामग्री (सिरि ३८७)।

पक्खर न [दे] पाखर, अश्व-संनाह, घोड़े का कवच (कुप्र ४४६; पिंग)।

पक्खरा स्त्री [दे] पाखर, अश्व-संनाह (दे ६, १०); 'ओसारिअपक्खरे (विपा १, २)।

पक्खरिअ वि [संनद्ध] कवचित, संनद्ध, कवच से सज्जित (अश्व) (सुपा ५०२; कुप्र १२०; भवि)।

पक्खल अक [प्र + स्खल्] गिरना, पड़ना, स्खलित होना। पक्खलइ (कस)। वकृ. पक्खलंत, पक्खलमाण (दस ५, १; पि ३०६; नाट—मृच्छ १७; बृह ६)।

पक्खाउज्ज न [पक्षातोद्य] पखाउज, पखावज, एक प्रकार का बाजा, मृदंग (कप्पू)।

पक्खाय वि [प्रख्यात] प्रसिद्ध, विश्रुत (प्राकृ)।

पक्खारिण पुं [प्रक्षारिण] १ अनार्य-देश विशेष। २ पुंस्त्री. उस देश का निवासी मनुष्य। स्त्री. °णी (राय)।

पक्खाल सक [प्र + क्षालय्] पखारना, शुद्ध करना, धोना। कवकृ. पक्खालिज्जमाण (णाया १, ५)। संकृ पक्खालिअ, पक्खालिऊण (नाट—चैत ४०; महा)।

पक्खालण न [प्रक्षालन] पखारना, धोना (स ५२; औप)।

पक्खालिअ वि [प्रक्षालित] पखारा हुआ, धोया हुआ (औप; भवि)।

पक्खासण न [पक्ष्यासन] आसन-विशेष, जिसके नीचे अनेक प्रकार के पक्षियों का चित्र हो ऐसा आसन (जीव ३)।

पक्खि पुंस्त्री [पक्षिन्] पाखी, पक्षी (ठा ४, ४; आचा; सुपा ५६२)। स्त्री. °णी (श्रा १४)। °बिराल पुंस्त्री [°बिराल] पक्षि-विशेष (भग १३, ६)। स्त्री. °ली (जीव १)। °राय पुं [°राज] गरुड़ (सुपा २१०)। नीचे देखो।

पक्खिअ पुंस्त्री [पक्षिक] १ ऊपर देखो (श्रा २८)। २ वि. पक्षपाती, तरफदारी करनेवाला; 'तप्पक्खिओ पुणो अएणो' (श्रा १२)।

पक्खिअ वि [पाक्षिक] स्वजन, ज्ञाति का (पव २६८)।

पक्खिअ वि [पाक्षिक] १ पाख में होनेवाला। २ पक्ष से सम्बन्ध रखनेवाला, अर्ध-मास-सम्बन्धी (कप्प; धर्म २)। ३ न. पर्व-विशेष, चतुर्दशी (लहुअ १६; द्र ४५)। °पक्खिअ पुं [°पक्षिक] नपुंसक-विशेष, जिसको एक पाख में तीव्र विषयाभिलाष होता हो और एक पक्ष में अल्प, ऐसा नपुंसक (पुप्फ १२७)।

पक्खिकायण न [पाक्षिकायन] गोत्र-विशेष, जो कौशिक गोत्र की एक शाखा है (ठा ७)।

पक्खिण देखो पक्खि; 'जह पक्खिणाण गरुडो' (पउम १४, १०४)।

पक्खिणी देखो पक्खि।

पक्खित्त वि [प्रक्षिप्त] फेंका हुआ (महा; पि १८२)।

पक्खिनाह पुं [पक्षिनाथ] गरुड पक्षी (धर्मवि ८४)।

पक्खिप्प } देखो पक्खिव।
पक्खिप्पमाण }

पक्खिव सक [प्र + क्षिप्] १ फेंकना, फेंक देना। २ छोड़ना, त्यागना। ३ डालना। पक्खिवइ (महा; कप्प)। पक्खिवइ (महा; कप्प)। पक्खिवह, पक्खिवेज्जा (आचा २, ३, २, ३)। कवकृ. पक्खिप्पमाण (णाया १, ८—पत्र १२६; १४७)। संकृ. पक्खिऊण, पक्खिप्प (महा; सूअ १, ५, १; पि ३१६)। कृ. पक्खिवेयव्व (उप ६४८ टी)। प्रयो. वकृ. पक्खिवावेमाण (णाया १, १२)।

पक्खीण वि [प्रक्षीण] अत्यन्त क्षीण; 'अहं पक्खीणविभवो' (महा)।

पक्खुडिअ वि [प्रखण्डित] खण्डित, असंपूर्ण (सुपा ११६)।

पक्खुब्भ अक [प्र + क्षुभ्] १ क्षोभ पाना। २ वृद्ध होना, बढ़ना। वकृ. पक्खुब्भंत (से २, २४)।

पक्खुब्भंत देखो पक्खोभ।

पक्खुभिय वि [प्रक्षुभित] क्षोभ प्राप्त, प्रक्षुब्ध (औप)।

पक्खेव पुं [प्रक्षेप] शास्त्र में पीछे से किसी के द्वारा डाला या मिलाया हुआ वाक्य (धर्मसं १०११)। °हार पुं [°हार] कवलाहार (सूअनि १७१)।

पक्खेव } पुं [प्रक्षेप, °क] १ क्षेपण, फेंकना; 'बहिया पोग्गलपक्खेवे' (उवा)। २ पूर्ति करनेवाला द्रव्य, पूर्ति के लिए पीछे से डाली जाती वस्तु; 'अपक्खेवगस्स पक्खेवं दलयइ' (णाया १, १५—पत्र १९१)।
पक्खेवग }

पक्खेवण न [प्रक्षेपण] क्षेपण, प्रक्षेप (औप)।

पक्खेवय देखो पक्खेवग (बृह १)।

पक्खोड सक [वि + कोशय्] १ खोलना। २ फैलाना। पक्खोडइ (हे ४, ४२)। संकृ. पक्खोडिऊण (सुपा ३३८)।

पक्खोड सक [शद्] १ कंपाना। २ झाड़ कर गिराना। पक्खोडइ (हे ४, १३०)। संकृ. पक्खोडिय (उप ५८४)।

पक्खोड सक [प्र + छादय्] ढकना, आच्छादन करना। संकृ. पक्खोडिय (उप ५८४)।

पक्खोड सक [प्र + स्फोटय] १ खूब झाड़ना। २ बारम्बार झाड़ना। पक्खोडिज्जा; वकृ. पक्खोडंत (दस ४,१)। प्रयो. पक्खोडाविज्जा (दस ४, १)।

पक्खोड पुं [प्रस्फोट] प्रमार्जन, प्रतिलेखन की क्रिया-विशेष (पव २)।

पक्खोडण न [शदन] धूनन, कँपाना (कुमा)।

पक्खोडिअ वि [शादित] निर्झाटित. झाड़ कर गिराया हुआ (दे ६, २७; पाअ)।

पक्खोडिय देखो पक्खोड = शद्, प्र + छादय्।

पक्खोभ सक [प्र + क्षोभय्] क्षुब्ध करना, क्षोभ उत्पन्न कर हिला देना। कवकृ. पक्खुब्भंत (से २, २४)।

पक्खोलण न [शदन] १ स्खलित होनेवाला। २ वि. रुष्ट होनेवाला (राज)।

पखम (पै) देखो = पक्ष्मन्; 'पखमलगभराएं' (प्राकृ. १२४)।

पखोड देखो पक्खोड = प्रस्फोट (पव २)।

पखल वि [प्रखर] प्रचण्ड, तीव्र, तेज (प्राप्र)।

पगइ स्त्री [प्रकृति] १ प्रकृति, स्वभाव (भग; कम्म १, २; सुर १४, ६६, सुपा ११०)। २ प्रकृत अर्थ, प्रस्तुत अर्थ; 'पडिसेहदुगं पगइं गमेइ' (विसे २५०२)। ३ प्राकृत लोक, साधारण जन-समूह; 'दिन्नमुद्धारे बहुदव्वं पगईणं' (सुपा ५६७)। ४ कुम्भकार आदि अठारह मनुष्य-जातियाँ; अट्ठारसपगइब्भंतराण को सो न जो एइ' (श्राक १२)। ५ कर्मों का भेद (सम ६)। ६ सत्व, रज और तम की साम्यावस्था। ७ बलदेव के एक पुत्र का नाम (राज)। °बंध पुं [°बन्ध] कर्म-पुद्गलों में भिन्न-शक्तियों का पैदा होना (कम्म १, २)। देखो पगडि।

पगंठ पुं [प्रकण्ठ] १ पीठ-विशेष। २ अन्त का अवनत प्रदेश (जीव ३)।

पगंथ सक [प्र + कथय्] निन्दा करना; 'अलियं पगं(कं)थे अदुवा पगं(कं)थे' (आचा)।

पगड वि [प्रकट] व्यक्त, खुला, स्पष्ट, प्रत्यक्ष, (पि २१६)।

पगड वि [प्रकृत] प्रविहित, विनिर्मित (उत्त १३)।

पगड पुं [प्रगर्त्त] बड़ा गड्डा या गड़हा (आचा २, १०, २)।

पगडण न [प्रकटन] प्रकाश करना, खुला करना (गंदि)।

पगडि स्त्री [प्रकृति] १ भेद; प्रकार (भग)। २—देखो पगइ (सम ५६; सुर १४, ६८)।

पगडीकय वि [प्रकटीकृत] व्यक्त किया हुआ, स्पष्ट किया हुआ (सुपा १८१)।

पगड्ढ सक [प्र + कृष्] खींचना। कवकृ. पगड्ढिज्जमाण (विपा १, १)।

पगप्प देखो पकप्प = प्र + कल्पय्। संकृ. पगप्पएत्ता (सूअ २, ६, ३७)।

पगप्प देखो पकप्प = प्र + क्लृप् (सूअ १, ८, ५)।

पगप्प वि. [प्रकल्प] १ उत्पन्न होनेवाला, प्रादुर्भूत होनेवाला; 'बहुगुणप्पगप्पाइं कुज्जा अत्तसमाहिए' (सूअ १, ३, ३, १६)। देखो पकप्प = प्रकल्प (आचा)।

पगप्पिअ वि [प्रकल्पित] प्ररूपित, कथित; 'ण उ एयाहिं दिट्ठीहिं पुव्वमासि पगप्पियं' (सूअ १, ३, ३, १६)। देखो पकप्पिअ।

पगप्पित्तु वि [प्रकल्पयितृ, प्रकर्तयितृ] काटनेवाला, कतरनेवाला; 'हंता छेत्ता पगब्भि-(?प्पि)त्ता आयसायाणुगामिणो' (सूअ १, ८, ५)।

पगब्भ अक [प्र + गल्भ्] १ धृष्टता करना, धृष्ट होना। २ समर्थ होना। पगब्भइ, पगब्भई (आचा; सूअ १, २, २, २१; १, २, ३, १०; उत्त ५, ७)।

पगब्भ वि [प्रगल्भ] धृष्ट, ढीठ (पउम ३३, ६६)। २ समर्थ (उप २६४ टी)।

पगब्भ न [प्रागल्भ्य] धृष्टता, ढीठाई; 'पगब्भि पाणे बहुणंतिवाती' (सूअ १, ७, ८)।

पगब्भणा स्त्री [प्रगल्भना] प्रगल्भता, धृष्टता (सूअ १, १०, १७)।

पगब्भा स्त्री [प्रगल्भा] भगवान् पार्श्वनाथ की एक शिष्या (आवम)।

पगब्भिअ वि [प्रगल्भित] धृष्टता-युक्त (सूअ १, १, १, १३; १, २, ३, ४)।

पगब्भित्तु वि [प्रगल्भितृ] काटनेवाला, 'हंता छेत्ता पगब्भित्ता' (सूअ १, ८, ५)।

पगय न [प्रकृत] १ प्रस्ताव, प्रसंग (सूअनि ४७)। २ पुं. गाँव का अधिकारी (पव २६८)।

पगय वि [प्रगत] संगत (श्रावक १८६)।

पगय वि [प्रकृत] प्रस्तुत, अधिकृत (विसे ८३३; उप ४७६)।

पगय वि [प्रगत] १ प्राप्त (राज)। २ जिसने गमन करने का प्रारम्भ किया हो वह; 'मुणिणोवि जहाभिमयं पगया पगएण कज्जेण (सुपा २३५)। ३ न. प्रस्ताव, अधिकार (सूअ १, ११; १५)।

पगय न [दे] पग, पाँव, पैर; 'एत्थंतरम्मि लग्गो चंडमारुओ। तेण भग्गो तुरयपगयमग्गो' (महा)।

पगर पुं [प्रकर] समूह, राशि (सुपा ६५५)।

पगरण न [प्रकरण] १ अधिकार, प्रस्ताव। २ ग्रंथ-खण्ड-विशेष, ग्रंथांश-विशेष (विसे ११११५)। ३ किसी एक विषय को लेकर बनाया हुआ छोटा ग्रन्थ (उव)।

पगरिअ वि [प्रगलित] गलित्कुष्ठ, कुष्ठ-विशेष की बीमारीवाला (पिंड ५७२)।

पगरिस पुं [प्रकर्ष] १ उत्कर्ष, श्रेष्ठता (सुपा १०६)। २ आधिक्य, अतिशय (सुर ४, १६६)।

पगरिसण न [प्रकर्षण] ऊपर देखो (यति १६)।

पगल अक [प्र + गल्] झरना, टपकना। वकृ. पगलंत (विपा १, ७; महा)।

पगहिय वि [प्रगृहीत] ग्रहण किया हुआ, उपात्त (सुर ३, १६७)।

पगाइय वि [प्रगीत] जिसने गाने का प्रारंभ किया हो वह; 'पगाइयाइं मंगलमंतेउराइं' (स ७३६)।

पगाढ वि [प्रगाढ] अत्यन्त गाढ़ (विपा १, १; सुपा ५३०)।

पगाम देखो पकाम (आचा; श्रा १४; सुर ३, ८७; कुप्र ३१५)।

पगामसो अ [प्रकामम्] अत्यन्त, अतिशय; 'पगामसो भुच्चा' (उत्त १७, ३)।

पगार पुं [प्रकार] १ भेद (आचू १)। २ रीति; 'एएण पगारेण सव्वं, दव्वं दवाविओ' (महा)। ३ आदि, वगैरह, प्रभृति (सूअ १, १३)।

पगास देखो **पयास**=प्र+काशय्। वकृ. **पगासेंत** (महा)।

पगास पुं [प्रकाश] १ प्रभा, दीप्ति, चमक (णाया १, १); 'एगं महं नीलुप्पलगवलगुलियअयसिकुसुमप्पगासं असिं सुरधारं गहाय' (उवा)। २ प्रसिद्धि, ख्याति (सूअ १, ६)। ३ आविर्भाव, प्रादुर्भाव। ४ उद्द्योत, आतप (राज)। ५ क्रोध, गुस्सा; 'छन्नं च पसंस णो करे न य उक्कोस पगास माहणे' (सूअ १, २, २६)। ६ वि. प्रकट, व्यक्त (निचू १)।

पगासग देखो **पगासय** (राज)।

पगासण देखो **पयासण** (औप)।

पगासणया स्त्री [प्रकाशनता] प्रकाश, आलोक (ओघ ५५०)।

पगासणा स्त्री [प्रकाशना] प्रकटीकरण (उत्त ३२, २)।

पगासय वि [प्रकाशक] प्रकाश करनेवाला (विसे ११५५)।

पगासिय वि [प्रकाशित] उद्द्योतित, दीप्त; 'से सूरियस्स अब्भुग्गमेणं मग्गं वियाणाइ पगासियंसि' (सूअ १, १४, १२)।

पगिइ देखो **पगइ** (संबोध ३६)।

पगिज्झ अक [प्र+गृध्] आसक्ति का प्रारम्भ होना। पगिज्झिज्जा (उत्त ८, १६; सुख ८, १६)।

पगिज्झिय देखो **पगिण्ह** (कस; औप; पि ५६१)।

पगिट्ठ वि [प्रकृष्ट] १ प्रधान, मुख्य (सुपा ७७)। २ उत्तम, श्रेष्ठ (कुप्र २०; सुपा २२६)।

पगिण्ह सक [प्र+ग्रह्] १ ग्रहण करना। २ उठाना। ३ धारण करना। ४ करना। संकृ. **पगिण्हित्ता, पगिण्हित्ताणं, पगिज्झिय** (पि ५८२; ५८३; औप; आचा २, ३, ४, १; कस)।

पगीअ वि [प्रगीत] १ गाया हुआ (पउम ३७, ४८)। २ जिसकी गीत गाई गई हो वह (उप २११ टी)।

पगीय वि [प्रगीत] जिसने गाने का प्रारम्भ किया हो वह (राय ४६)।

पगुण देखो **पउण** (सूअ १, १, २)।

पगुणीकर सक [प्रगुणी+कृ] प्रगुण करना, तय्यार करना, सज्ज करना। कवकृ. **पगुणीकीरंत** (सुर १३, ३१)।

पगे अ [प्रगे] सुबह, प्रभात काल (सुर ७, ७८; कुप्र १५५)।

पग्ग सक [ग्रह्] ग्रहण करना। पग्गइ (षड्)।

पग्गल वि [दे] पागल, उन्मत्त (प्राकृ. १०३)।

पग्गह पुं [प्रग्रह] खाने के लिए उठाया हुआ भोजन-पान (सूअ २, २, ७३)।

पग्गह पुं [प्रग्रह] १ उपधि, उपकरण (ओघ ६६६)। २ लगाम (से ६, २७; १२, ६६)। ३ पशुओं को नाक में लगाई जाती डोरी, नाक की रस्सी, नाथ। ४ पशुओं को बाँधने की डोरी, रस्सी, पगहा (णाया १ ३; उवा)। ५ नायक, मुखिया (ठा १)। ६ ग्रहण, उपादान। ७ योजन, जोड़ना; 'अंजलिपग्गहेणं' (भग)।

पग्गहिअ वि [प्रगृहीत] १ अभ्युपगत, सम्यक् स्वीकृत (अनु ३)। २ प्रकर्ष से गृहीत (भग; औप)। ३ उठाया हुआ (धर्म ३; ठा ६)।

पग्गहिय वि [प्रग्रहिक] ऊपर देखो (उवा)।

पग्गिम, पग्गिम्व (अप) अ [प्रायस्] प्रायः बहुधा (षड्; हे ४, ४१४; कुमा)।

पग्गेज्ज पुं [दे] निकर, समूह (दे ६, १५)।

पघंस सक [प्र+घृष्] फिर-फिर घिसना। पघंसेज्ज (निचू १७)। प्रयो. वकृ **पघंसावंत** (निचू १७)।

पघंसण न [प्रघर्षण] पुनः पुनः घर्षण, 'एक्कं दिणं आघंसणं, दिणे दिणे पघंसणं' (निचू ३)।

पघोल अक [प्र+घूर्णय्] मिलना, संगत होना। वकृ. 'कंठपघोलंतपंचमुग्गारो' (कुप्र २२६)।

पघोस पुं [प्रघोष] उच्चैः शब्द-प्रकाश, उद्घोषणा (भवि)।

पघोसिय वि [प्रघोषित] घोषित किया हुआ, उच्च स्वर से प्रकाशित किया हुआ (भवि)।

पच सक [पच्] पकाना। पचइ, पचए, पचंति; पचसि, पचसे, पचह, पचत्थ; पचामि, पचामो, पचामु, पचाम, पचिमो, पचिमु (संक्षि ३०; पि ४३६, ४५५)। कवकृ. **पच्चमाण**; 'नरए नेरइयाणं अहोनिसिं पचमाणाणं' (सुर १४, ४६; सुपा ३२८)।

पच (अप) देखो **पंच**। °**आलीस,** °**तालीस** स्त्रीन [°चत्वारिंशत्] १ संख्या-विशेष, पैतालीस, ४५। २ पैतालीस संख्या जिनकी हो वे (पि २७३; ४४५; पिंग)।

पचंकमणग न [प्रचङ्क्रमण, °क] पाँव से चलना (औप)।

पचंकमावण न [प्रचङ्क्रमण] पाँव से संचारण, पाँव से चलाना (औप १०५ टि)।

पचंड देखो **पयंड** (वव ८)।

पचलिय देखो **पयलिय**=प्रचलित (औप)।

पचार सक [प्र+चारय्] चलाना। पचारेइ (सिरि ४३५)।

पचार पुं [प्रचार] विस्तार, फैलाव (मोह २०)। देखो **पयार**=प्रचार।

पचाल सक [प्र+चालय्] अतिशय चलाना, खूब चलाना। वकृ. **पचालेमाण** (भग १७, १)।

पचिय वि [प्रचित] समृद्ध (स्वप्न ६६)।

पचीस (अप) स्त्रीन [पञ्चविंशति] १ पचीस, संख्या-विशेष, बीस और पाँच, २५। २ जिनकी संख्या पचीस हो वे (पिंग; पि २७३)।

पचुन्निय वि [प्रचूर्णित] चूर-चूर किया हुआ (सुर २, ८७)।

पचेलिम वि [पचेलिम] पक्व, पका हुआ; 'सहमहुरपचेलिमफलेहिं' (सुपा ८३)।

पचोइअ वि [प्रचोदित] प्रेरित (सूअ १, २, ३)।

पच्चइग देखो **पच्चइय**=प्रत्ययिक (सुख २, १७)।

पच्चइय वि [प्रत्ययिक] १ विश्वासी, विश्वास-वाला (णाया १, १२) । २ ज्ञानवाला, प्रत्ययवाला । ३ न. श्रुत-ज्ञान, आगम-ज्ञान (विसे २१३९) ।

पच्चइय वि [प्रत्ययित] विश्वासवाला, विश्वस्त (महा; सुर १६, १९६) ।

पच्चइय वि [प्रात्ययिक] प्रत्यय से उत्पन्न, प्रतीति से संजात (ठा ३, ३—पत्र १५१) ।

पच्चंग न [प्रत्यङ्ग] हर एक अवयव (गुण १५; कप्पू) ।

पच्चंगिरा स्त्री [प्रत्यङ्गिरा] विद्यादेवी-विशेष, 'ईसिवियसंतवयणा पभणइ पच्चंगिरा अहं विज्जा' (सुपा ३०६) ।

पच्चंत पुं [प्रत्यन्त] १ अनार्यदेश (प्रयौ १६) । २ वि. समीपस्थ देश, संनिकृष्ट प्रान्त भाग (सुर २, २००) ।

पच्चंतिग देखो **पच्चंतिय** = प्रत्यन्तिक (आचा २, ३, १, ५) ।

पच्चंतिय वि [प्रत्यन्तिक] समीप-देश में स्थित (उप २११ टी) ।

पच्चंतिय वि [प्रात्यन्तिक] प्रत्यन्त देश से आया हुआ (धम्म ६ टी) ।

पच्चक्ख न [प्रत्यक्ष] १ इन्द्रिय आदि की सहायता के बिना ही उत्पन्न होनेवाला ज्ञान (विसे ८६) । २ इन्द्रियों से उत्पन्न होनेवाला ज्ञान (ठा ४, ३) । ३ वि. प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय; 'पचक्खाओ अणंगो एगो तरुणो महाभागो' (सुर ३, १७१) ।

पच्चक्ख } **पच्चक्खा** } सक [प्रत्या + ख्या] त्याग करना, त्याग करने का नियम करना । पच्चक्खाइ (भग) । वकृ. **पच्चक्खमाण, पच्चक्खाएमाण** (पि ५६१; उवा । संकृ. **पच्चक्खाइत्ता** (पि ५८२) । कृ. **पच्चक्खेय** (आव ६) ।

पच्चक्खाण न [प्रत्याख्यान] १ परित्याग करने की प्रतिज्ञा (भग; उवा) । २ जैन ग्रन्थांश-विशेष, नववाँ पूर्व-ग्रन्थ (सम २६) । ३ सर्व सावद्य—निंद्य कर्मों से निवृत्ति (कम्म १, १७) । °वरण पुं [°वरण] कषाय-विशेष, सावद्य-विरति का प्रतिबन्धक क्रोध-आदि (कम्म १, १७) ।

पच्चक्खाणि वि [प्रत्याख्यानिन्] त्याग की प्रतिज्ञा करनेवाला (भग ६, ४) ।

पच्चक्खाणी स्त्री [प्रत्यख्यानी] भाषा-विशेष, प्रतिषेधवचन (भग १०, ३) ।

पच्चक्खाय वि [प्रत्याख्यात] त्यक्त, छोड़ दिया हुआ (णाया १, १; भग; कप्प) ।

पच्चक्खायय वि [प्रत्याख्यायक] त्याग करनेवाला, 'भत्तपच्चक्खायए' (भग १४, ७)।

पच्चक्खाव सक [प्रत्या + ख्यापय्] त्याग कराना किसी विषय का त्याग करने की प्रतिज्ञा कराना । वकृ. **पच्चक्खावित** (आव ६) ।

पच्चक्खि वि [प्रत्यक्षिन्] प्रत्यक्ष ज्ञानवाला (वव १) ।

पच्चक्खिय देखो **पच्चक्खाय** (सुपा ६२४) ।

पच्चक्खीकर सक [प्रत्यक्षी + कृ] प्रत्यक्ष करना, साक्षात् करना । भवि. **पच्चक्खीकरिस्सं** (अभि १८८) ।

पच्चक्खीकिद (शौ) वि [प्रत्यक्षीकृत] प्रत्यक्ष किया हुआ, साक्षात् जाना हुआ (पि ४९) ।

पच्चक्खीभू अक [प्रत्यक्षी + भू] प्रत्यक्ष होना, साक्षात् होना । संकृ. **पच्चक्खीभूय** (आवम) ।

पच्चक्खेय देखो **पच्चक्खा** ।

पच्चग्ग वि [प्रत्यग्र] १ प्रधान, मुख्य (स २४) । २ श्रेष्ठ, सुन्दर (उप ९८६ टी; सुर १०, १५२) । ३ नवीन, नया (पाअ) ।

पच्चच्छिम देखो **पच्चत्थिम** (राज; ठा २, ३—पत्र ७९) ।

पच्चच्छिमा देखो **पच्चत्थिमा** (राज) ।

पच्चच्छिमिल्ल वि [पाश्चात्य] पश्चिम दिशा में उत्पन्न, पश्चिम दिशा-सम्बन्धी (सम ६६; पि ३९५) ।

पच्चच्छिमुत्तरा देखो **पच्चत्थिमुत्तरा** (राज) ।

पच्चड अक [क्षर्] झरना, टपकना । पच्चडइ (हे ४, १७३) । वकृ. **पच्चडमाण** (कुमा) ।

पच्चड्ड सक [गम्] जाना, गमन करना । पच्चड्डइ (हे ४, १६२) ।

पच्चड्डिअ वि [क्षरित] झरा हुआ, टपका हुआ (हे २, १७४) ।

पच्चड्डिया स्त्री [दे. प्रत्यड्डिका] मल्लों का एक प्रकार का करण (विसे ३३५७) ।

पच्चणीय वि [प्रत्यनीक] विरोधी, प्रतिपक्षी, दुश्मन (उप १४९ टी; सुपा ३०७) ।

पच्चणुभव सक [प्रत्यनु + भू] अनुभव करना । वकृ. **पच्चणुभवमाण** (णाया १, २) ।

पच्चणुहो देखो **पच्चणुभव** । पच्चणुहोइ (उत्त १३, २३) ।

पच्चत्त वि [प्रत्यक्त] जिसका त्याग करने का प्रारम्भ किया गया हो वह (उप ८२८) ।

पच्चत्तर न [दे] चाटु, खुशामद (दे ६, २१) ।

पच्चत्थरण न [प्रत्यास्तरण] बिछौना (पि २८५) । देखो **पल्हत्थरण** ।

पच्चत्थि वि [प्रत्यर्थिन्] प्रतिपक्षी, विरोधी, दुश्मन (उप १०३१ टी; पाअ; कुप्र १४१) ।

पच्चत्थिम वि [पाश्चात्य, पश्चिम] १ पश्चिम दिशा तरफ का, पश्चिम का । २ न. पश्चिम दिशा; 'पुरत्थिमेणं लवणसमुद्दे जोयणसाहस्सियं खेत्तं जाणइ, पासइ; एवं दक्खिणेणं, पच्चत्थिमेणं' (उवा; भग; आचा; ठा २, ३) ।

पच्चत्थिमा स्त्री [पश्चिमा] पश्चिम दिशा (ठा १०—पत्र ४७८; आचा) ।

पच्चत्थिमिल्ल वि [पाश्चात्य] पश्चिम दिशा का (विपा १, ७; पि ५९५; ६०२) ।

पच्चत्थिमुत्तरा स्त्री [पश्चिमोत्तरा] पश्चिमोत्तर दिशा, वायव्य कोण (ठा १०—पत्र ४७८) ।

पच्चत्थुय वि [प्रत्यास्तृत] आच्छादित, ढका हुआ (पउम ९४; ९६; जीव ३) । २ बिछाया हुआ (उप ६४८ टी) ।

पच्चद्ध न [पश्चार्ध] पिछला आधा, उत्तरार्ध (गउड) ।

पच्चद्धचक्कवट्टि पुं [प्रत्यर्धचक्रवर्तिन्] वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा, प्रतिवासुदेव (ती ३) ।

पच्चप्पण न [प्रत्यर्पण] वापस देना, लौटा देना (विसे ३०५७) ।

पच्चप्पिण सक [प्रति + अर्पय्] १ वापस देना, लौटाना । २ सौंपे हुए कार्य को करके निवेदन करना । पच्चप्पिणइ (कप्प) । कर्म. पच्चप्पिणिज्जइ (पि ५५७) । वकृ. **पच्चप्पिणमाण** (ठा ५, २—पत्र ३११) । संकृ. **पच्चप्पिणित्ता** (पि ५५७) ।

पच्चबलोक वि [दे] आसक्त-चित्त, तल्लीन-मनस्क (दे ६, ३४)।

पच्चब्भास पुं [प्रत्याभास] निगमन, प्रत्युच्चारण (विसे २६३२)।

पच्चभिआण देखो **पच्चभिजाण**। पच्चभिआणादि (शौ) (पि १७०; ५१०)।

पच्चभिआणिद (शौ) देखो **पच्चभिजाणिअ** (पि ५६५)।

पच्चभिजाण सक [प्रत्यभि + ज्ञा] पहिचानना, पहिचान लेना। पच्चभिजाणइ (महा)। वकृ. पच्चभिजाणमाण (णाया १, १६)। संकृ. पच्चभिजाणिऊण (महा)।

पच्चभिजाणिअ वि [प्रत्यभिज्ञात] पहिचाना हुआ (स ३६०)।

पच्चभिणाण न [प्रत्यभिज्ञान] पहिचान (स २१२; नाट—शकु ८४)।

पच्चभिन्नाय देखो **पच्चभिजाणिअ** (स १००; सुर ६, ७६; महा)।

पच्चमाण देखो **पच** = पच्।

पच्चय पुं [प्रत्यय] १ प्रतीति, ज्ञान, बोध (उव; ठा १; विसे २१४०)। २ निर्णय, निश्चय (विसे २१३२)। ३ हेतु, कारण (ठा २, ४)। ४ शपथ, विश्वास उत्पन्न करने के लिए किया या कराया जाता तप्त-माष आदि का चर्वण वगैरह (विसे २१३१)। ५ ज्ञान का कारण। ६ ज्ञान का विषय, ज्ञेय पदार्थ (राज)। ७ प्रत्यय-जनक, प्रतीति का उत्पाक (विसे २१३१; आवम)। ८ विश्वास, श्रद्धा। ९ शब्द, आवाज। १० छिद्र, विवर। ११ आधार, आश्रय। १२ व्याकरण-प्रसिद्ध प्रकृति में लगता शब्द-विशेष (हे २, १३)।

पच्चल वि [दे] १ पक्का, समर्थ, पहुँचा हुआ (दे ६, ६९; सुपा ३४; सुर १, १४; कुप्र ६९; पाअ)। २ असहन, असहिष्णु (दे ६, ६९)।

पच्चलिउ, पच्चल्लिउ (अप) अ [प्रत्युत] वैपरीत्य, वरुन, वरन् (हे ४, ४२०)।

पच्चवणद (शौ) वि [प्रत्यवनत] नमा हुआ, 'एस मं कोवि पच्चवणदसिरोहरं उच्छुं विअ तिएण (?) भंगं करेदि' (अभि २२४)।

पच्चवत्थय वि [प्रत्यवस्तृत] १ बिछाया हुआ। २ आच्छादित (आवम)।

पच्चवत्थाण न [प्रत्यवस्थान] १ शङ्का-परिहार, समाधान (विसे १००७)। २ प्रतिवचन, खण्डन (बृह १)।

पच्चवर न [दे] मुसल, एक प्रकार की मोटी लकड़ी जिससे चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं (दे ६, १५)।

पच्चवाय पुं [प्रत्यवाय] १ बाधा, विघ्न, व्याघात (णाया १, ९; महा; स २०९)। २ दोष, दूषण (पउम ६५, १२; अच्चु ७०; ओघ २४)। ३ पाप; 'बहुपच्चवायभरिओ गिहवासो' (सुपा १६२)। ४ दुःख, पीड़ा (कुप्र ५५२)।

पच्चवाय पुं [प्रत्यवाय] १ उपघात-हेतु, नाश का कारण (उत्त १०, ३)। २ अनर्थ (पंचा ७, ३९)।

पच्चवेक्खिद (शौ) वि [प्रत्यवेक्षित] निरीक्षित (नाट—शकु १३०)।

पच्चह न [प्रत्यह] हररोज, प्रतिदिन (अभि ६०)।

पच्चहिजाण, पच्चहियाण देखो **पच्चभिजाण**। पच्चहिजाणेदि (पि ५१०)। पच्चहियाणइ (स ४२)। संकृ. **पच्चहियाणिऊण** (स ४४०)।

पच्चा स्त्री [दे] तृण-विशेष, बल्वज (ठा ५, ३)। °**पिच्चियय** न [दे] बल्वज तृण की कूटी हुई छाल का बना हुआ रजोहरण—जैन साधु का एक उपकरण (ठा ५, ३—पत्र ३३८)।

पच्चा देखो **पच्छा** (प्रयौ ३९; नाट—रत्ना ७)।

पच्चाअच्छ सक [प्रत्या + गम्] पीछे लौटना, वापस आना। पच्चाअच्छइ (षड्)।

पच्चाअद (शौ) देखो **पच्चागय** (प्रयौ २५)।

पच्चाइक्ख देखो **पच्चक्ख** = प्रत्या + ख्या। पच्चाइक्खामि (आचा २, १५, ५, १)। भवि. पच्चाइक्खिस्सामि (पि ५२९)। वकृ. **पच्चाइक्खमाण** (पि ४९२)।

पच्चाउट्टणया स्त्री [प्रत्यावर्त्तनता] अवाय—संशय रहित निश्चयात्मक ज्ञान-विशेष, निश्चयात्मक मति-ज्ञान (णंदि १७६)।

पच्चाएस पुंन [प्रत्यादेश] दृष्टान्त, निदर्शन, उदाहरण; 'पच्चाएसोव्व धम्मनिरयाणं' (स ३५; उव; कुप्र ५०); 'पच्चाएसं दिट्ठंतं' (पाअ)। देखो **पच्चादेस**।

पच्चागय वि [प्रत्यागत] १ वापस आया हुआ (गा ६३३; दे १, ३१; महा)। २ न. प्रत्यागमन (ठा ६—पत्र ३६५)।

पच्चाचक्ख सक [प्रत्या + चक्ष्] परित्याग करना। हेकृ. **पच्चाचक्खिदुं** (शौ) (पि ४९९; ५७४)।

पच्चाणयण न [प्रत्यानयन] वापस ले आना (मुद्रा २७०)।

पच्चाणि°, पच्चाणी सक [प्रत्या + णी] वापस ले आना। कवकृ. **पच्चाणिज्जंत** (से ११, १३५)।

पच्चाणीद (शौ) वि [प्रत्यानीत] वापस लाया हुआ (पि ८१; नाट—विक्र १०)।

पच्चाथरण न [प्रत्यास्तरण] सामने होकर लड़ना (राज)।

पच्चादिट्ठ वि [प्रत्यादिष्ट] निरस्त, निराकृत (पि १४५; मृच्छ ९)।

पच्चादेस पुं [प्रत्यादेश] निराकरण (अभि ७२; १७८; नाट—विक्र ३)। देखो **पच्चाएस**।

पच्चापड अक [प्रत्या + पत्] वापस आना, लौटकर आ पड़ना। वकृ. 'अग्गपडिहयपुणरविपच्चापडंतचंचलमिरिइकवयं (औप)।

पच्चामित्त पुंन [प्रत्यमित्र] अमित्र, दुश्मन (णाया १, २—पत्र ८७; औप)।

पच्चाय सक [प्रति + आयय्] १ प्रतीति कराना। २ विश्वास कराना। पच्चाअइ (गा ७१२)। पच्चाएमो (स ३२४)।

पच्चाय° देखो **पच्चाया**।

पच्चायण न [प्रत्यायन] ज्ञान कराना, प्रतीति-जनन (विसे २१३९)।

पच्चायय वि [प्रत्यायक] १ निर्णय-जनक। २ विश्वास-जनक (विक्र ११३)।

पच्चाया अक [प्रत्या + जन्] उत्पन्न होना, जन्म लेना। पच्चायंति (औप)। भवि. पच्चायाहिइ (औप; पि ५२७)।

पच्चाया अक [प्रत्या + या] ऊपर देखो। पच्चायंति (पि ५२७)।

पच्चायाइ स्त्री [प्रत्याजाति, प्रत्यायाति] उत्पत्ति, जन्म-ग्रहण (ठा ३, ३—पत्र १४४)।

पच्चायाय वि [प्रत्यायात] उत्पन्न (भग)।

पच्चार सक [उपा + लम्भ्] उपालम्भ देना, उलाहना देना। पच्चारइ, पच्चारंति (हे ४, १५६; कुमा)।

पच्चारण न [उपालम्भन] प्रतिभेद (पाअ)।

पच्चारिअ वि [प्रचारित] चलाया हुआ (सिरि ४३६)।

पच्चारिय वि [उपालब्ध] जिसको उलाहना दिया गया हो वह (भवि)।

पच्चालिय वि [दे. प्रत्यार्दित] आर्द्र किया हुआ, गीला किया हुआ; 'पच्चालिया. य से अहिययरं बाहसलिलेण दिट्ठी' (स ३०८)।

पच्चालीढ न [प्रत्यालीढ] वाम पाद को पीछे हटा कर और दक्षिण पाँव को आगे रखकर खड़े रहनेवाले धानुष्क की स्थिति धनुषधारियों का पैतरा (वव १)।

पच्चावड पुं [प्रत्यावर्त्त] आवर्त्त के सामने का आवर्त्त, पानी का भँवर (राय ३०)।

पच्चावरण्ह पुं [प्रत्यपराह्ण] मध्याह्न के बाद समय, तीसरा पहर (विपा १, ३ टि; पि ३३०)।

पच्चासण्ण वि [प्रत्यासन्न] समीप में स्थित, सन्निकट, बहुत पास (विसे २६३१)।

पच्चासत्ति स्त्री [प्रत्यासत्ति] समीपता, सामीप्य (मुद्रा १६१)।

पच्चासन्न देखो **पच्चासण्ण**; 'निच्चं पच्चासन्नो परिसक्कइ सव्वओ मच्चू' (उप ६ टी)।

पच्चासा स्त्री [प्रत्याशा] १ आकांक्षा, वाञ्छा, अभिलाषा। २ निराशा के बाद की आशा (स ३६८)। ३ लोभ, लालच (उप पृ ७६)।

पच्चासि वि [प्रत्याशिन्] वान्त या क्रय किया हुआ वस्तु का भक्षण करनेवाला (आचा)।

पच्चाह सक [प्रति + ब्रू] उत्तर देना। पच्चाह (पिंड ३७८)।

पच्चाहर सक [प्रत्या + हृ] उपदेश देना। वकृ. 'पच्चाहरओ वि एां हिययगमणीओ जोयणनीहारी सरो' (सम ६०)।

पच्चाहुत्त क्रिवि [पश्चान्मुख] पीछे, पीछे की तरफ; 'जाव न सत्तट्ठ पए पच्चाहुत्तं नियत्तो सि' (धर्मवि ५४)।

पच्छिम देखो **पच्छिम** (पिंग; पि ३०१)।

पच्चुअ (दे) देखो **पच्चुहिअ** (दे ६, २५)।

पच्चुअआर देखो **पच्चुवयार** (चारु ३६; नाट—मृच्छ ५७)।

पच्चुग्गच्छणया स्त्री [प्रत्युद्गमनता] अभिमुख गमन, (भग १४, ३)।

पच्चुच्चार पुं [प्रत्युच्चार] अनुवाद, अनुभाषण (स १८४)।

पच्छुच्छुहणी स्त्री [दे] नूतन सुरा, ताजा दारू (दे २, ३५)।

पच्चुज्जीविअ वि [प्रत्युज्जीवित] पुनर्जीवित (गा ६३१; कुप्र ३१)।

पच्चुट्ठिअ वि [प्रत्युत्थित] जो सामने खड़ा हुआ हो वह (सुर १, १३४)।

पच्चुण्णम अक [प्रत्युद् + नम्] थोड़ा ऊँचा होना। पच्चुण्णमइ (कप्प)। संकृ. पच्चुण्णमित्ता (कप्प; औप)।

पच्चुत्त वि [प्रत्युप्त] फिर से बोया हुआ (दे ७, ७७; गा ६१८)।

पच्चुत्तर सक [प्रत्यव + तृ] नीचे आना। पच्चुत्तरइ (पि ४४७)। संकृ. पच्चुत्तरित्ता (राज)।

पच्चुत्तर न [प्रत्युत्तर] जवाब, उत्तर (श्रा १२; सुपा २१; १०४)।

पच्चुत्थ वि [दे] प्रत्युप्त, फिर से बोया हुआ (दे ६, १३)।

पच्चुत्थय } वि [प्रत्यवस्तृत] आच्छादित
पच्चुत्थुय } (णाया १, १—पत्र १३, २०; कप्प)।

पच्चुद्धरिअ वि [दे] संमुखागत, सामने आया हुआ (दे ६, २४)।

पच्चुद्धार पुं [दे] संमुख आगमन (दे ६, २४)।

पच्चुप्पण्ण } वि [प्रत्युत्पन्न] वर्त्तमान काल-
पच्चुप्पन्न } संबन्धी (पि ५१६; भग; णाया १, ८; सम्म १०३)। °नय पुं [°नय] वर्त्तमान वस्तु को ही सत्य माननेवाला पक्ष, निश्चय नय (विसे ३१६१)।

पच्चुप्पन्न पुं [प्रत्युत्पन्न] वर्त्तमान काल (सूअ १, २, ३, १०)।

पच्चुप्फलिअ वि [प्रत्युत्फलित] वापस आया हुआ (से १४, ८१)।

पच्चुब्भड वि [प्रत्युद्भट] अतिशय प्रबल (संबोध ५३)।

पच्चुरस न [प्रत्युरस] हृदय के सामने (राज)।

पच्चुल्लं अ [दे. प्रत्युत] प्रत्युत; उलटा; 'न तुमं रुट्ठो, पच्चुल्लं ममं पूएसि' (वव १)।

पच्चुवक्कार देखो **पच्चुवयार** (नाट—मृच्छ २५५)।

पच्चुवगच्छ सक [प्रत्युप + गम्] सामने जाना। पच्चुवगच्छइ (भग)।

पच्चुवगार } पुं [प्रत्युपकार] उपकार के
पच्चुवयार } बदले उपकार (ठा ४, ४; पउम ४६, ३६; स ४४०; प्राकृ)।

पच्चुवयारि वि [प्रत्युपकारिन्] प्रत्युपकार करनेवाला (सुपा ५६५)।

पच्चुवेक्ख सक [प्रत्युप + ईक्ष्] निरीक्षण करना। पच्चुवेक्खेइ (औप)। संकृ. पच्चुवेक्खित्ता (औप)।

पच्चुवेक्खिय वि [प्रत्युपेक्षित] अवलोकित, निरीक्षित (स ४४१)।

पच्चुहिअ वि [दे] प्रस्नुत, प्रक्षरित, अच्छी तरह चूने या टपकनेवाला (दे ६, २५)।

पच्चूढ न [दे] थाल, थार, भोजन करने का पात्र, बड़ी थाली (दे ६, १२)।

पच्चूस [दे] देखो **पच्चूह** = (दे); 'किडएहिं पयत्तेणावि छाइज्जइ कह णु पच्चूसो?' (सुर ३, १३४)।

पच्चूस } पुं [प्रत्यूष] प्रभात काल (हे २,
पच्चूह } १४; णाया १, १; गा ६०४)।

पच्चूह पुंन [प्रत्यूह] विघ्न, अन्तराय (पाअ; कुप्र ५२)।

पच्चूह पुं [दे] सूर्य, रवि (दे ६, ५; गा ६०४; पाअ)।

पच्चेअ न [प्रत्येक] प्रत्येक, हर एक (षड्)।

पच्चेड न [दे] मुसल (दे ६, १५)।

पच्चेल्लिउ (अप) देखो **पच्चल्लिउ** (भवि)।

पच्चोगिल सक [प्रत्यव + गिल्] आस्वादन करना, रस या स्वाद लेना। वकृ. **पच्चोगिलमाण** (कस ५, १०)।

पच्चोणामिणी स्त्री [प्रत्यवनामिनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से वृक्ष आदि फल देने के लिए स्वयं नीचे नमते हैं (उप पृ १५५)।

पच्चोणियत्त वि [प्रत्यवनिवृत्त] ऊँचा उछल कर नीचे गिरा हुआ (पगह १, ३—पत्र ४५)।

पच्चोणिवय अक [प्रत्यवनि + पत्] उछल कर नीचे गिरना। वकृ. **पच्चोणिवयंत** (औप)।

पच्चोणी [दे] देखो पच्चोवणी (स २३५; ३०२; सुपा ६१; २२४; २७६)।

पच्चोयड न [दे] १ तट के समीप का ऊँचा प्रदेश (जीव ३)। २ वि. आच्छादित (राय)।

पच्चोयर सक [प्रत्यव + तृ] नीचे उतरना। पच्चोयरइ (आचा २, १५, २८)। संकृ. **पच्चोयरित्ता** (आचा २, १५, २८)।

पच्चोरुभ, पच्चोरुह सक [प्रत्यव + रुह्] नीचे उतरना। पच्चोरुभइ (णाया १, १)। पच्चोरुहइ (कप्प)। संकृ. **पच्चोरुहित्ता** (कप्प)।

पच्चोवणिअ वि [दे] संमुख आया हुआ (दे ६, २४)।

पच्चोवणी स्त्री [दे] संमुख आगमन (दे ६, २४)।

पचोसक्क अक [प्रत्यव + ष्वष्क्] १ नीचे उतरना। २ पीछे हटना। पच्चोसक्कइ, पच्चोसक्कंति (उवा; पि ३०२; भग)। संकृ. **पच्चोसक्कित्ता** (उवा; भग)।

पच्छ सक [प्र + अर्थय्] प्रार्थना करना। कवकृ. **पच्छिज्जमाण** (कप्प, औप)।

पच्छ वि [पथ्य] १ रोगी का हितकारी आहार (हे २, २१; प्राप्र; कुमा; स ७२४; सुपा ५७६)। २ हितकारक, हितकारी; 'पच्छा वाया' (णाया १, ११—पत्र १७१)।

पच्छ न [पश्चात्] १ चरम, शेष (चंद १)। २ पीछे, पृष्ठ भाग। ३ पश्चिम दिशा; 'पुव्वेण सणं पच्छेण वंजुला दाहिणेण वडविडओ' (वज्जा ६६)। °**ओ** अ [°तस्] पीछे, पीठ की ओर; 'हत्थी वेगेण पच्छओ लग्गो' (महा); 'वहइ व महीअलभरिओ णोल्लेइ व पच्छओ धरेइ व पुरओ' (से १०, ३०); 'तो चेडयाओ तक्खणमाणावेऊण पच्छओ बाहं बद्धं दंसइ' (सुपा २२१)। °**कम्म** न [°कर्मन्] १ अनन्तर का कर्म, बाद की क्रिया। २ यतियों की भिक्षा का एक दोष, दातृ-कर्तृक दान देने के बाद की पात्र को साफ करने आदि क्रिया (ओघ ५१६)। °**त्ताअ** पुं [°ताप] अनुताप (वज्जा १४२)। °**द्ध** न [°अर्ध] पीछला आधा, उत्तरार्ध (गउड; महा)। °**वत्थुक्क** न [°वास्तुक] पिछला घर, घर का पिछला हिस्सा (पगह २, ४—पत्र १३१)। °**याव** पुं [°ताप] पश्चात्ताप, अनुताप (आवम)। देखो **पच्छा** = पश्चात्।

पच्छइ, पच्छए (अप) अ [पश्चात्] ऊपर देखो (हे ४, ४२०; षड्; भवि)। °**ताव** पुं [°ताप] अनुताप, अनुशय (कुमा)।

पच्छंद सक [गम्] जाना, गमन करना। पच्छंदइ (हे ४, १६२)।

पच्छंदि वि [गन्तृ] गमन करनेवाला (कुमा)।

पच्छंभाग पुं [पश्चाद्भाग] १ दिवस का पिछला भाग (राज)। २ पुंन. नक्षत्र-विशेष, चन्द्र पृष्ठ देकर जिसका भोग करता है वह नक्षत्र (ठा ६)।

पच्छण स्त्रीन [प्रतक्षण] त्वक् का बारीक विदारण, चाकू आदि से पतली छाल निकालना; 'तच्छणेहि य पच्छणेहि य' (विपा १, १); 'तच्छणाहि य पच्छणाहि य' (णाया १, १३)।

पच्छण्ण वि [प्रच्छन्न] गुप्त, अप्रकट, (गा १८३)। °**पइ** पुं [°पति] जार, उपपति, यार (सूअ १, ४, १)।

पच्छद देखो **पच्छय** (औप)।

पच्छदण न [प्रच्छदन] आस्तरण, चादर—शय्या के ऊपर का आच्छादन-वस्त्र; 'सुप्पच्छदणाए सय्याए णिद्दं ण लभामि' (स्वप्न ६०)।

पच्छन्न देखो **पच्छण्ण** (उवः सुर २, १८४)।

पच्छय पुं [प्रच्छद] वस्त्र-विशेष, दुपट्टा, पिछौरी (णाया १, १६)।

पच्छयण देखो **पत्थयण** (···   )।

पच्छयण देखो **पत्थयण** (मोह ८०)।

पच्छलिउ (अप) देखो **पच्चलिउ** (षड्)।

पच्छा अ [पश्चात्] १ अनन्तर, बाद, पीछे (सुर २, २४४; पाअ; प्रासू ५७); 'पच्छा तस्स विवागे रुअंति कलुणं महादुक्खा' (प्रासू १२६)। २ परलोक, परजन्म; 'पच्छा कडुअविवागा' (राज)। ३ पिछला भाग, पृष्ठ। ४ चरम, शेष (हे २, २१)। ५ पश्चिम दिशा (णाया १, ११)। °**उत्त** वि [°आयुक्त] जिसका आयोजन पीछे से किया गया हो वह (कप्प)। °**कड** पुं [°कृत] साधुपन को छोड़कर फिर गृहस्थ बना हुआ (द्र ५०; बृह १)। °**कम्म** देखो °**पच्छ-कम्म** (पि ११२)। °**णिवाइ** देखो °**निवाइ** (राज)। °**णुताव** पुं [°अनुताप] पश्चात्ताप, अनुताप; 'पच्छाणुतावेण सुभज्झवसाणेण' (आवम)। °**णुपुव्वी** स्त्री [°आनुपूर्वी] उलटा क्रम (अणु; कम्म ४, ४३)। °**ताव** पुं [°ताप] अनुताप (भाव ४)। °**ताविय** वि [°तापिक] पश्चात्तापवाला (पगह २, ३)। °**निवाइ** वि [°निपातिन्] १ पीछे से गिर जानेवाला। २ चारित्र ग्रहण कर बाद में उससे च्युत होनेवाला (आचा)। °**भाग** पुं [°भाग] पिछला हिस्सा (णाया १, १)। °**मुह** वि [°मुख] परांमुख, जिसने मुँह पीछे की तरफ फेर लिया हो वह (श्रा १२)। °**यव**, °**याव** देखो °**ताव** (पउम ६५, ६६; सुर १५, १४५; सुपा १२१, महा)। °**यावि** वि [°तापिन्] पश्चात्ताप करनेवाला (उप ७२८ टी)। °**वाय** पुं [°वात] पश्चिम दिशा का पवन। २ पीछे का पवन (णाया १, ११)। °**संखडि** स्त्री [दे. संस्कृति] १ पिछला संस्कार। २ मरण के उपलक्ष्य में ज्ञाति—कुटंबी वगैरह प्रभृत मनुष्यों के लिए पकायी जाती रसोई (आचा २, १, ३, २)। °**संथव** पुं [°संस्तव] १ पिछला संबन्ध, स्त्री, पुत्री वगैरह का संबन्ध। २ जैन मुनियों के लिए भिक्षा का एक दोष, श्वशुर आदि पक्ष में अच्छी भिक्षा मिलने की लालच से पहले भिक्षार्थ जाना (ठा ३, ४)। °**संथुय** वि [°संस्तुत] पिछले संबन्ध से परिचित (आचा २, १, ४, ५)। °**हुत्त** वि [दे] पीछे की तरफ का; 'थलमत्थयम्मि पच्छाहुत्ताइं पयाइं तीए दट्ठूण' (सुपा २८१)।

पच्छा स्त्री [पथ्या] हर्रे, हरीतकी (हे २, २१)।

पच्छाअ सक [प्र + छदय्] १ ढकना। २ छिपाना। वकृ. **पच्छाअंत** (से ६, ४६; ११, ६)। कृ. **पच्छाइज्ज** (वसु)।

पच्छाअ वि [प्रच्छाय] प्रचुर छायावाला (ग्रभि ३६)।

पच्छाइअ वि [प्रच्छादित] १ ढका हुआ, आच्छादित। २ छिपाया हुआ (पाग्र; भवि)।

पच्छाइज्ज देखो **पच्छाअ** = प्र + छादय्।

पच्छाग पुं [प्रच्छादक] पात्र बाँधने का कपड़ा (ओघ २६५ भा)।

पच्छाडिद (शौ) वि [प्रक्षालित] धोया हुआ (नाट—मृच्छ २५५)।

पच्छागिअ [दे] देखो **पच्चोवणिअ** (षड्)।

पच्छाणुताविअ वि [पश्चादनुतापिक] पश्चात्ताप-युक्त, पछतावा करनेवाला (राय १४१)।

पच्छादो (शौ) देखो **पच्छा** = पश्चात् (पि ६९)।

पच्छायण न [पथ्यदन] पाथेय, रास्ते में खाने का भोजन; 'वहणं करियं पच्छायणस्स भारियं' (महा)।

पच्छायण न [प्रच्छादन] १ आच्छादन, ढकना। २ त्रि. आच्छादन करनेवाला। °या स्त्री [°ता] आच्छादन; 'परगुणपच्छायणया' (उव)।

पच्छाल देखो **पक्खाल**। पच्छलेइ (काल)।

पच्छि स्त्री [दे] पिटिका, पिटारी, वेत्रादि-रचित भाजन-विशेष (दे ६, १)। °पिडय न [°पिटक] 'पच्छी' रूप पिटारी (भग ७, ८ टी—पत्र ३१३)।

पच्छि (अप) देखो **पच्छइ** (हे ४, ३८८)।

पच्छिज्जमाग देखो **पच्छ** = प्र + अर्थय्।

पच्छित्त न [प्रायश्चित्त] १ पाप की शुद्धि करनेवाला कर्म, पाप का क्षय करनेवाला कर्म (उव; सुपा ३६६; द्र ५२)। २ मन को शुद्ध करनेवाला कर्म (पंचा १६, ३)।

पच्छित्ति वि [प्रायश्चित्तिन्] प्रायश्चित्त का भागी, दोषी (उप ३७९)।

पच्छिम न [पश्चिम] १ पश्चिम दिशा (उपा ७४ टि)। २ वि. पश्चिम दिशा का, पाश्चात्य (महा; हे २, २१; प्राप्र)। ३ पिछला, बाद का; 'दियसस्स पच्छिमे भाए' (कप्प)। ४ अन्तिम, चरम; 'पुरिमपच्छिमगाणं तित्थगराणं' (सम ४४)। °द्ध न [°ार्ध] उत्तरार्ध, उत्तरी आधा हिस्सा (महा; ठा २, ३—पत्र ८१)। °सेल पुं [°शैल] अस्ताचल पर्वत (गउड)।

पच्छिमा स्त्री [पश्चिमा] पश्चिम दिशा (कुमा; महा)।

पच्छिमिल्ल वि [पाश्चात्य] पीछे से उत्पन्न, पीछे का (विसे १७६५)।

पच्छियापिडय देखो **पच्छि-पिडय** (राय १४०)।

पच्छिल (अप) देखो **पच्छिम** (भवि)।

पच्छिल्ल } वि [पश्चिम, पाश्चात्य] १
पच्छिल्लय } पश्चिम दिशा का। २ पिछला, पूर्ववर्ती (पि ५९५, ५९५ टि ४)।

पच्छुत्ताव पुं [पश्चादुत्ताप] पछतावा, पश्चात्ताप (सम्मत्त १६०; धर्मवि ३५, १२२; १३०)।

पच्छुत्ताविअ (अप) वि [पश्चात्तापित] जिसको पश्चात्ताप हुआ हो वह (भवि)।

पच्छेकम्म देखो **पच्छ-कम्म** (हे १, ७९)।

पच्छेणय न [दे] पाथेय, रास्ते में निर्वाह करने की भोजन-सामग्री, कलेवा (दे ६, २४)।

पच्छोववण्णग } वि [पश्चादुपपन्न] पीछे
पच्छोववन्नक } से उत्पन्न (भग)।

पजंप सक [प्र + जल्प्] बोलना, कहना। पजंपह (पि २९६)।

पजंपावण न [प्रजल्पन] बोलाना, कथन कराना (ग्रौप; पि २९६)।

पजंपिअ वि [प्रजल्पित] कथित, उक्त, कहा हुआ (गा ६४९)।

पजणण वि [प्रजनन] उत्पादक, उत्पन्न करनेवाला (राय ११४)।

पजणण न [प्रजनन] लिंग, पुरुष-चिह्न (विसे २५७९ टी; ओघ ७२२)।

पजल अक [प्र + ज्वल्] १ विशेष जलना, अतिशय दग्ध होना। २ चमकना। वकृ. **पजलंत** (भवि)।

पजलिर वि [प्रज्वलितृ] अत्यन्त जलनेवाला, 'सियज्झाणानलपजलिरकम्मकंतारधूमलइउव्व' (सुपा १)।

पजह सक [प्र + हा] त्याग करना। पजहामि (पि ५००)। कृ. **पजहियव्व** (आचा)।

पजाला स्त्री [प्रज्वाला] अग्नि-शिखा, आग की लौ या लपट (कुप्र ११७)।

पजीवण न [प्रजीवन] आजीविका, जीवनोपाय, रोजी (पिंड ४७८)।

पजुत्त देखो **पउत्त** = प्रयुक्त (चंड)।

पजूहिअ वि [प्रयूथिक] यूथ या समूह को दिया हुआ, याचक-गण को अर्पित (आचा २, १, ४, २)।

पजेमण न [प्रजेमन] भोजन-ग्रहण, भोजन लेना (राय १४६)।

पज्ज सक [पायय्] पिलाना, पान कराना। पज्जेइ (विपा १, ६)। कवकृ. 'तण्हाइया ते तउ तंब तत्तं पज्जिज्जमाणाट्टतरं रसंति' (सूग्र १, ५, १, २५)। कृ. **पज्जेयव्व** (भत्त ४०)।

पज्ज न [पद्य] छन्दो-बद्ध वाक्य (ठा ४, ४—पत्र २८७)।

पज्ज न [पाद्य] पाद-प्रक्षालन जल; 'अग्घं च पज्जं च गहाय' (णाया १, १६—पत्र २०९)।

पज्ज देखो **पज्जत्त** (दं ३३; कम्म ३, ७)।

पज्जंत पुं [पर्यन्त] अन्त, सीमा, प्रान्त भाग (हे १, ५८; २, ६५; सुर ४, ३१६)।

पज्जग न [दे] पान, पीना (दे ६, ११)।

पज्जण न [पायन] पिलाना, पान कराना (भग १४, ७)।

पज्जण्ण देखो **पजणण** (सूग्रनि ५७)।

पज्जणुओग } पुं [पर्यनुयोग] प्रश्न (धर्मसं
पज्जणुजोग } १७९; २९२)।

पज्जण्ण पुं [पर्जन्य] मेघ, बादल (भग १४, २; नाट. पृच्छ १७५)। देखो **पज्जन्न**।

पज्जतर वि [दे] दलित, विदारित (षड्)।

पज्जत वि [पर्याप्त] १ 'पर्याप्ति' से युक्त, 'पर्याप्ति' वाला (ठा २, १; पण्ह १, १; कम्म १, ४९)। २ समर्थ, शक्तिमान्। ३ लब्ध, प्राप्त। ४ काफी, यथेष्ट, उतना जितने से काम चल जाय। ५ न. तृप्ति। ६ सामर्थ्य। ७ निवारण। ८ योग्यता (हे २, २४; प्राप्र)। ९ कर्म-विशेष, जिसके उदय से जीव अपनी अपनी 'पर्याप्तियों' से युक्त होता है वह कर्म (कम्म १, २६)। °णाम, °नाम न

[°नामन्] अनन्तर उक्त कर्म-विशेष (राज; सम ६७)।

पज्जत्त न [पर्याप्त] लगातार चौतीस दिन का उपवास (संबोध ५८)।

पज्जत्तर [दे] देखो पज्जतर (षड्—पत्र २१०)।

पज्जत्ति स्त्री [पर्याप्ति] १ शक्ति, सामर्थ्य (सूअ १, १, ४)। २ जीव की वह शक्ति, जिसके द्वारा पुद्गलों को ग्रहण करने तथा उनको आहार, शरीर आदि के रूप में बदल देने का काम होता है, जीव की पुद्गलों को ग्रहण करने तथा परिणमाने या पचाने की शक्ति (भग; कम्म १, ४६; नव ४; दं ४)। ३ प्राप्ति, पूर्ण प्राप्ति (दे ५, ६२)। ४ तृप्ति; 'पियदंसणधणजीवियाण को लहइ पज्जत्ति ?' (उप ७६८ टी)।

पज्जत्ति स्त्री [पर्याप्ति] १ पूर्त्ति, पूर्णता (धर्मवि ३८)। २ अन्त, अवसान (सुख २, ८)।

पज्जन्न पुं [पर्जन्य] मेघ-विशेष, जिसके एक बार बरसने से भूमि में एक हजार वर्ष तक चिकनाहट रहती है; 'पज्जु - (?ज) न्ने णं महामेहे एगे णं वासेणं दस वाससयाइं भावेति' (ठा ४, ४—पत्र २७०)।

पज्जय पुं [दे. प्रार्यक] प्रपितामह, पितामह का पिता, परदादा (भग ६,३; दस ७; सुर १, १७४; २२०)।

पज्जय पुं [पर्यय] १ श्रुत-ज्ञान का एक भेद, उत्पत्ति के प्रथम समय में सूक्ष्म-निगोद के लब्धि-अपर्याप्त जीव को जो कुश्रुत का अंश होता है उससे दूसरे समय में ज्ञान का जितना अंश बढ़ता है वह श्रुतज्ञान (कम्म १, ७)। २—देखो पज्जाय (सम्म १०३; णंदि; विसे ४७८; ४८८; ४६०; ४६१)। °समास पुं [°समास] श्रुतज्ञान का एक भेद, अनन्तर उक्त पर्यय-श्रुत का समुदाय (कम्म १, ७)।

पज्जयण न [पर्ययन] निश्चय, अवधारण (विसे ८३)।

पज्जर सक [कथय्] कहना, बोलना। पज्जरइ, पज्जर (हे ४, २; दे ६, २६, कुमा)।

पज्जरय पुं [प्रजरक] रत्नप्रभा-नामक नरक-पृथिवी का एक नरकावास (ठा ६—पत्र ३६५)। °मज्झ पुं [°मध्य] एक नरकावास (ठा ६—पत्र ३६७ टी)। °वट्ट पुं [°वर्त्त] नरकावास-विशेष (ठा ६)। °सिट्ठ पुं [°विशिष्ट] एक नरकावास, नरक-स्थान-विशेष (ठा ६)।

पज्जल देखो पजल। पज्जलेइ (महा)। वकृ. पज्जलंत (कप्प)।

पज्जलण वि [प्रज्वलन] जलानेवाला (ठा ४, १)।

पज्जलिअ पुं [प्रज्वलित] तीसरी नरक-भूमि का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ८)।

पज्जलिय वि [प्रज्वलित] १ जलाया हुआ, दग्ध (महा)। २ खूब चमकनेवाला, देदीप्यमान (गच्छ २)।

पज्जलिर वि [प्रज्वलितृ] १ जलनेवाला। २ खूब चमकनेवाला (सुपा ६३८; सण)।

पज्जलीढ वि [प्रर्यवलीढ] भक्षित (विचार ३२६)।

पज्जव पुं [पर्यव] १ परिच्छेद, निर्णय (विसे ८३; आवम)। २ देखो पज्जाय (आचा; भग; विसे २७५२, सम्म ३२)। °कसिण न [°कृत्स्न] चतुर्दश पूर्व-ग्रंथ तक का ज्ञान, श्रुतज्ञान-विशेष (पंचभा)। °जाय वि [°जात] १ भिन्न अवस्था को प्राप्त (पण्ह २, ५)। २ ज्ञान आदि गुणोंवाला (ठा १)। ३ न. विषयोपभोग का अनुष्ठान (आचा)। °जाय वि [°यात] ज्ञान-प्राप्त (ठा १)। °ट्ठिय पुं [स्थित, °र्थिक, °स्तिक] नय-विशेष, द्रव्य को छोड़कर केवल पर्यायों को ही मुख्य माननेवाला पक्ष (सम्म ६)। °णय, °नय पुं [°नय] वही अनन्तर उक्त अर्थ (राज; विसे ७५); उप्पज्जंति वयंति अ भावा नियमेण पज्जवनयस्स' (सम्म ११)।

पज्जवण न [पर्यवन] परिच्छेद, निश्चय (विसे ८३)।

पज्जवत्थाव सक [पर्यव + स्थापय्] १ अच्छी अवस्था में रखना। २ विरोध करना। ३ प्रतिपक्ष के साथ वाद करना। पज्जवत्थावेदु (शौ), (मा ३६)। पज्जवत्थावेहि (पि ५५१)।

पज्जवसाण न [पर्यवसान] अन्त, अवसान (भग)।

पज्जवसिअ न [पर्यवसित] अवसान, अन्त; 'अपज्जवसिए लोए' (आचा)।

पज्जा देखो पण्णा (हे २, ८३)।

पज्जा स्त्री [पद्या] मार्ग, रास्ता; 'भेअं च पडुच्च समा भावाणं पन्नवणपज्जा' (सम्म १५७; दे ६, १; कुप्र १७६)।

पज्जा स्त्री [दे] निःश्रेणि, सीढ़ी (दे ६, १)।

पज्जा स्त्री [पर्याय] अधिकार, प्रबन्ध-भेद (दे ६, १; पाअ)।

पज्जा देखो पया; 'अगणिज्जंति नासे विज्जा दंडिज्जंती नासे पज्जा' प्रासू ६६)।

पज्जाअर पुं [प्रजागर] जागरण, निद्रा का अभाव (अभि ६६)।

पज्जाउल वि [पर्याकुल] विशेष आकुल, व्याकुल (स ७२; ६७३; हे ४, २६६)।

पज्जाभाय सक [पर्या + भाजय्] भाग करना। संकृ. पज्जाभाइत्ता (राज)।

पज्जाय पुं [पर्याय] १ समान अर्थ का वाचक शब्द (विसे २५)। २ पूर्ण प्राप्ति (विसे ८३)। ३ पदार्थ-धर्म, वस्तु-गुण। ४ पदार्थ का सूक्ष्म या स्थूल रूपान्तर (विसे ३२१; ४७६; ४८०; ४८१; ४८२; ४८३; ठा १, १०)। ५ क्रम, परिपाटी (णाया १, १)। ६ प्रकार, भेद (आवम)। ७ अवसर। ८ निर्माण (हे २, २४)। देखो पज्जय तथा पज्जव।

पडिविरइ स्त्री [प्रतिविरति] निवृत्ति (पण्ह २, ३)।

पडिविरय वि [प्रतिविरत] निवृत्त (सम ५१; सूअ २, २, ७५; औप; उव)।

पडिविसज्ज सक [प्रतिवि + सर्जय्] विसर्जन करना, बिदा करना। पडिविसज्जेइ (कप्प; औप)। भवि. पडिविसज्जेहिति (औप)।

पडिविसज्जिय वि [प्रतिविसर्जित] बिदा किया हुआ, विसर्जित (णाया १, १—पत्र ३०)।

पडिविहाण न [प्रतिविधान] प्रतीकार (स ५६७)।

पडिवुज्झमाण देखो **पडिवह** = प्रति + वह्।

पडिवुत्त वि [प्रत्युक्त] १ जिसका उत्तर दिया गया हो वह (अनु ३; उप ७२८ टी)। २ न. प्रत्युत्तर (उप ७२८ टी)।

पडिवुद (शौ) वि [परिवृत्त] परिकरित (अभि ५७; नाट—मृच्छ २०५)।

पडिवूह पुं [प्रतिव्यूह] व्यूह का प्रतिपक्षी व्यूह, सैन्य-रचना-विशेष (औप)।

पडिवूहण वि [प्रतिबृंहण] १ बढ़नेवाला (आचा १, २, ५, ५)। २ न. वृद्धि, पुष्टि (आचा १, २, ५, ४)।

पडिवेस पुं [दे] विक्षेप, फेंकना (दे ६, २१)।

पडिवेसिअ वि [प्रातिवेश्मिक] पड़ोसी, पड़ोस में रहनेवाला (दे ६, ३, सुपा ५५२)।

पडिवोह देखो **पडिबोह** (सण)।

पडिसंका स्त्री [प्रतिशङ्का] भय, शंका (पउम ६७, १५)।

पडिसंखा सक [प्रतिसं + ख्या] व्यवहार करना, व्यपदेश करना। पडिसंखाए (आचा)।

पडिसंखिव सक [प्रतिसं + क्षिप्] संक्षेप करना। संकृ. **पडिसंखिविय** (भग १४, ७)।

पडिसंखेव सक [प्रतिसं + क्षेपय्] सकेलना, समेटना। वकृ. **पडिसंखेवेमाण** (राय ४२)।

पडिसंचिक्ख सक [प्रतिसम् + ईक्ष्] चिन्तन करना। पडिसंचिक्खे (उत्त २, ३१)।

पडिसंजल सक [प्रतिसं + ज्वालय्] उद्दीपित करना। पडिसंजलेज्जासि (आचा)।

पडिसंत वि [परिशान्त] शान्त, उपशान्त (से ६, ६१)।

पडिसंत वि [प्रतिश्रान्त] विश्रान्त (बृह १)।

पडिसंत वि [दे] १ प्रतिकूल। २ अस्तमित, अस्त-प्राप्त (दे ६, १६)।

पडिसंध } सक [प्रतिसं + धा] १ फिर **पडिसंधया** } से साँधना। २ उत्तर देना।

३ अनुकूल करना। पडिसंधए (उत्त २७, १)। पडिसंधयाइ (सूत्र २, ६, ३)। संकृ. पडिसंधाय (सूत्र २, २, २६)।

पडिसंध } सक [प्रतिसं + धा] १ आदर
पडिसंधा } करना। २ स्वीकार करना। पडिसंघए (पच्च ७)। संकृ. पडिसंधाय (सूत्र २, २, ३१; ३२; ३३; ३४, ३५)।

पडिसंमुह न [प्रतिसंमुख] संमुख, सामने; 'गओ पडिसंमुहं पज्जोयस्स' (महा)।

पडिसंलाव पुं [प्रतिसंलाप] प्रत्युत्तर, जवाब (से १, २६; ११, ३४)।

पडिसंलीण वि [प्रतिसंलीन] १ सम्यक् लीन, अच्छी तरह लीन। २ निरोध करनेवाला (ठा ४, २; औप)। °पडिया स्त्री [°प्रतिमा] क्रोध आदि के निरोध करने की प्रतिज्ञा (औप)।

पडिसंविक्ख सक [प्रतिसंवि + ईक्ष्] विचार करना। पडिसंविक्खे (उत्त २, ३१)।

पडिसंवेद } सक [प्रतिसं + वेदय्]
पडिसंवेय } अनुभव करना। पडिसंवेदेइ, पडिसंवेययंति (भग; पि ४६०)।

पडिसंसाहणया स्त्री [प्रतिसंसाधना] अनुव्रजन, अनुगमन (औप; भग १४; ३; २५, ७)।

पडिसंहर सक [प्रतिसं + हृ] १ निवृत्त करना। २ निरोध करना। पडिसंहरेज्जा (सूत्र १, ७, २०)।

पडिसक्क देखो परिसक्क। पडिसक्कइ (भवि)।

पडिसडण न [प्रतिशदन, परिशदन] १ सड़ जाना। २ विनाश; 'निरन्तरपडिसडणसीलाणि आउदलाणि' (काल)।

पडिसडिय वि [परिशटित] जो सड़ गया हो, जो विशेष जीर्ण हुआ हो वह (पिंड ५१७)।

पडिसत्तु पुं [प्रतिशत्रु] प्रतिपक्षी, दुश्मन, वैरी (सम १५३; पउम ५, १५६)।

पडिसत्थ पुं [प्रतिसार्थ] प्रतिकूल यूथ (निचू ११)।

पडिसद्द पुं [प्रतिशब्द] १ प्रतिध्वनि (पउम १६, ५३; भवि)। २ उत्तर, प्रत्युत्तर, जवाब (पउम ६, ३५)।

पडिसद्दिय वि [प्रतिशब्दित] प्रतिध्वनि-युक्त (सम्मत्त २१८)।

पडिसम अक [प्रति + शम्] विरत होना। पडिसमइ (से ६, ४४)।

पडिसमाहर सक [प्रतिसमा + हृ] पीछे खींच लेना; 'दिट्ठि पडिसमाहरे' (दस ८, ५५)।

पडिसय पुं [प्रतिश्रय] उपाश्रय, साधु का निवास-स्थान (दस २, १, टी)।

पडिसर पुं [प्रतिसर] १ सैन्य का पश्चाद्भाग (प्राप्र)। २ हस्त-सूत्र, वह धागा जो विवाह से पहले वर-वधू के हाथ में रक्षार्थ बाँधते हैं; कंकण (धर्म २)।

पडिसरण न [प्रतिसरण] कंकण (पंचा ८, १५)।

पडिसरीर न [प्रतिशरीर] प्रतिमूर्त्ति, 'पट्टविओ पडिसरीरं व' (धर्मवि ३)।

पडिसलागा स्त्री [प्रतिशलाका] पल्य-विशेष (कम्म ४, ७३)।

पडिसव सक [प्रति + शप्] शाप के बदले में शाप देना, 'अहमाहओ त्ति न य पडिहणंति सत्तावि न य पडिसवंति' (उव)।

पडिसव सक [प्रति + श्रु] १ प्रतिज्ञा करना। २ स्वीकार करना। ३ आदर करना। कृ. पडिसवणीय (सण)।

पडिसवत्त वि [प्रतिसपत्न] विरोधी शत्रु (दसनि ६, १८)।

पडिसा अक [शम्] शान्त होना। पडिसाइ (हे ४, १६७)।

पडिसा अक [नश्] भागना, पलायन होना। पडिसाइ, पडिसंति (हे ४, १७८; कुमा)।

पडिसाइल्ल वि [दे] जिसका गला बैठ गया हो, घर्घर कण्ठवाला (दे ६, १७)।

पडिसाड सक [प्रति + शादय्, परिशाटय्] १ सड़ाना। २ पलटाना। ३ नाश करना। पडिसाडेंति (आचा २, १५, १८)। संकृ. पडिसाडित्ता (आचा २, १५, १८)।

पडिसाडणा स्त्री [परिशाटना] च्युत करना, भ्रष्ट करना (वव १)।

पडिसाम अक [शम्] शान्त होना। पडिसामइ (हे ४, १६७; षड्)।

पडिसाय वि [शान्त] शान्त, शम-प्राप्त (कुमा)।

पडिसाय पुं [दे] घर्घर कण्ठ, बैठा हुआ गला (दे ६, १७)।

पडिसार सक [प्रतिस्मारय्] याद दिलाना। पडिसारेउ (भग १५)।

पडिसार सक [प्रति + सारय्] सजाना, सजावट करना। पडिसारेदि (शौ), कर्म. पडिसारीअदि (शौ) (कप्पू)।

पडिसार सक [प्रति+ सारय्] खिसकाना, हटाना, अन्य स्थान में ले जाना। पडिसारेइ (से १०, ७०)।

पडिसार पुं [दे] १ पटुता। २ वि. निपुण, पटु, चतुर (दे ६, १६)।

पडिसार पुं [प्रतिसार] १ सजावट। २ अपसरण। ३ विनाश। ४ पराङ्मुखता (हे १, २०६; दे ६, ७६)।

पडिसार पुं [प्रतिसार] अपसारण (हे १, २०६)।

पडिसारण न [प्रतिस्मारण] याद दिलाना (वव १)।

पडिसारणा स्त्री [प्रतिस्मारणा] संस्मारण (भग १५)।

पडिसारिअ वि [दे] स्मृत, याद किया हुआ (दे ६, ३३)।

पडिसारिअ वि [प्रतिसारित] १ दूर किया हुआ, अपसारित (से ११, १)। २ विनाशित (से १४, ५८)। ३ पराङ्मुख (से १३, ३२)।

पडिसारी स्त्री [दे] जवनिका, परदा (दे ६, २२)।

पडिसाह सक [प्रति + कथय्] उत्तर देना। पडिसाहिज्जा (सूत्र १, ११, ४)।

पडिसाहर सक [प्रतिसं + हृ] निवृत्त करना। पडिसाहरेज्जा (सूत्र २, २, ८५)।

पडिसाहर सक [प्रतिसं + हृ] १ सकेलना, समेटना। २ वापस ले लेना। ३ ऊँचे ले जाना। पडिसाहरइ (औप; णाया १, १—पत्र ३३)। संकृ. पडिसाहरित्ता, पडिसाहरिय (णाया १, १; भग १४, ७)।

पडिसाहरण न [प्रतिसंहरण] १ समेट, संकोच। २ विनाश; 'सीयतेयलेस्सापडिसाहरणट्ठयाए' (भग १५—पत्र ६६६)।

पडिसिद्ध वि [दे] १ भीत, डरा हुआ। २ भग्न, त्रुटित (दे ६, ७१)।

पडिसिद्ध वि [प्रतिषिद्ध] निषिद्ध, निवारित (पाअ; उव, ओघ १ टी; सण)।

पडिसिद्धि स्त्री [दे] प्रतिस्पर्धा (षड्)।

पडिसिद्धि स्त्री [प्रतिसिद्धि] १ अनुरूप सिद्धि। २ प्रतिकूल सिद्धि (हे १, ४४; षड्)।

पडिसिद्धि देखो पडिप्फद्धि (संक्षि १६)।

पडिसिलोग पुं [प्रतिश्लोक] श्लोक के उत्तर में कहा गया श्लोक (सम्मत्त १४६)।

पडिसिविणअ पुं [प्रतिस्वप्नक] एक स्वप्न का विरोधी स्वप्न, स्वप्न का प्रतिकूल स्वप्न (कप्प)।

पडिसीसअ } न [प्रतिशीर्षक] १ शिरो-
पडिसीसक } वेष्टन, पगड़ी (कप्पू)। २ सिर के प्रतिरूप सिर, पिसान (आटा) आदि का बनाया हुआ सिर (पण्ह १, २—पत्र ३०)।

पडिसुइ पुं [प्रतिश्रुति] १ ऐरवत वर्ष के एक भावी कुलकर (सम १५३)। २ भरतक्षेत्र में उत्पन्न एक कुलकर पुरुष का नाम (पउम ३, ५०)।

पडिसुण सक [प्रति + श्रु] १ प्रतिज्ञा करना। २ स्वीकार करना। पडिसुणइ, पडिसुणेइ (ओप; कप्प; उवा)। वकृ. पडिसुणमाण (वव १; पि ५०३)। संकृ. पडिसुणित्ता, पडिसुणेत्ता (प्राव ४; कप्प)। हेकृ. पडिसुणेत्तए (पि ५७८)।

पडिसुणण न [प्रतिश्रवण] अंगीकार (उप ४६३)।

पडिसुणण स्त्री न [प्रतिश्रवण] १ सुनाना, सुनकर उसको जवाब देना, प्रत्युत्तर (पव २)। स्त्री. °णा (पव २)। २ श्रवण (पंचा १२, १५)।

पडिसुणणा स्त्री [प्रतिश्रवण] १ अंगीकार, स्वीकार। २ मुनि-भिक्षा का एक दोष, आधाकर्म-दोषवाली भिक्षा लाने पर उसका स्वीकार और अनुमोदन (धर्म ३)।

पडिसुण्ण वि [प्रतिशून्य] खाली, रिक्त, शून्य; 'नय निलया निचपडिसुण्णा' (ठा १ टी—पत्र २६)।

पडिसुत्ति वि [दे] प्रतिकूल (दे ६, १८)।

पडिसुद्ध वि [परिशुद्ध] अत्यन्त शुद्ध (चेइय ८०७)।

पडिसुय वि [प्रतिश्रुत] १ स्वीकृत, अंगीकृत (उप पृ १८४)। २ न. अंगीकार, स्वीकार (उत्त २६)। देखो **पडिस्सुय**।

पडिसुया देखो पडंसुआ = प्रतिश्रुत् (पण्ह १, १—पत्र १८)।

पडिसुया स्त्री [प्रतिश्रुता] प्रव्रज्या-विशेष, एक प्रकार की दीक्षा (ठा १० टी—पत्र ४७४)।

पडिसुहड पुं [प्रतिसुभट] प्रतिपक्षी योद्धा (काल)।

पडिसूयग पुं [प्रतिसूचक] गुप्तचरों की एक श्रेणी, नगर-द्वार पर रहनेवाला जासूस (वव १)।

पडिसूर वि [दे] प्रतिकूल (दे ६, १६, भवि)।

पडिसूर पुं [प्रतिसूर्य] सूर्य के सामने देखा जाता उत्पातादि-सूचक द्वितीय सूर्य (अणु १२०)।

पडिसूर पुं [प्रतिसूर्य] इन्द्र-धनुष (राज)।

पडिसेज्जा स्त्री [प्रतिशय्या] शय्या-विशेष, उत्तर-शय्या (भग ११, ११; पि १०१)।

पडिसेग पुं [प्रतिषेक] नख के नीचे का भाग (राय ६४)।

पडिसेव सक [प्रति + सेव्] १ प्रतिकूल सेवा करना, निषिद्ध वस्तु की सेवा करना। २ सहन करना। ३ सेवा करना। पडिसेवइ, पडिसेवए, पडिसेवंति (कस, वव ३, उव)। वकृ. पडिसेवंत, पडिसेवमाण (पंचू ५; सम ३६; पि १७); 'पडिसेवमाणो फरुसाइं अचले भगवं रीइत्था' (आचा)। कृ. पडिसेवियव्व (वव १)।

पडिसेवग देखो पडिसेवय (निचू १)।

पडिसेवण न [प्रतिषेवण] निषिद्ध वस्तु का सेवन (कस)।

पडिसेवणा स्त्री [प्रतिषेवणा] ऊपर देखो (भग २५, ७; उव; ओघ २)।

पडिसेवय वि [प्रतिषेवक] प्रतिकूल सेवा करनेवाला, निषिद्ध वस्तु का सेवन करनेवाला (भग २५, ७)।

पडिसेवा स्त्री [प्रतिषेवा] १ निषिद्ध वस्तु का आसेवन (उप ८०१)। २ सेवा (कुप्र ५२)।

पडिसेवि वि [प्रतिषेविन्] शास्त्र-प्रतिषिद्ध वस्तु का सेवन करनेवाला (उव; पउम ५; २८)।

पडिसेविअ वि [प्रतिषेवित] जिस निषिद्ध वस्तु का आसेवन किया गया हो वह (कप्प; ओप)।

पडिसेवेत्तु वि [प्रतिषेवितृ] प्रतिषिद्ध वस्तु की सेवा करनेवाला (ठा ७)।

पडिसेह सक [प्रति + सिध्] निषेध करना, निवारण करना। कृ. **पडिसेहेअव्व** (भग)।

पडिसेह पुं [प्रतिषेध] निषेध, निवारण, रोक (ओघ ६ भा; पंचा ६)।

पडिसेहग वि [प्रतिषेधक] निषेध-कर्ता (धर्मसं ४०; ६१२)।

पडिसेहण न [प्रतिषेधन] ऊपर देखो (विसे २७५१; श्रा २७)।

पडिसेहिय वि [प्रतिषेधित] जिसका प्रतिषेध किया गया हो वह, निवारित (विपा १, ३)।

पडिसेहेअव्व देखो पडिसेह = प्रति + सिध्।

पडिसोअ } पुं [प्रतिस्रोतस्] प्रतिकूल
पडिसोत्त } प्रवाह, उलटा प्रवाह (ठा ४, ४; हे, २, ६८; उप २५२; पि ६१)।

पडिसोत्त वि [दे] प्रतिकूल (षड्)।

पडिस्संत देखो परिस्संत (नाट—मृच्छ १८८)।

पडिस्संति स्त्री [परिश्रान्ति] परिश्रम (नाट—मृच्छ ३२१)।

पडिस्सय पुं [प्रतिश्रय] जैन साधुओं को रहने का स्थान, उपाश्रय (ओघ ८७ भा; उप ५७१; स ६८७)।

पडिस्सर देखो **पडिसर** (पंचा ८, ४६)।

पडिस्साव सक [प्रति + श्रावय्] १ प्रतिज्ञा कराना। २ स्वीकार कराना। वकृ. **पडिस्सावअन्त** (नाट—वेणी १८)।

पडिस्साविं वि [प्रतिस्राविन्] झरनेवाला, टपकनेवाला (राज)।

पडिस्सुण सक [प्रति + श्रु] १ सुनना। २ अंगीकार करना। पडिस्सुणंति (सूअ २, ६, ३०)। पडिस्सुणेज्जा (सूअ १, १४, ६)। पडिस्सुणे (उत्त १, २१)।

पडिस्सुय वि [प्रतिश्रुत] १ प्रतिज्ञात। २ स्वीकृत (महा; ठा १०)। देखो **पडिसुय**।

पडिस्सुया देखो **पडंसुआ** (णाया १, ५)।

पडिस्सुया देखो **पडिसुया** = प्रतिश्रुता (ठा १०—पत्र ४७३)।

पडिहच्छ वि [दे] पूर्ण (सण)। देखो **पडिहत्थ**।

पडिहट्टु अ [प्रतिहृत्य] अर्पण करके (कस; बृह ३)।

पडिहड पुं [प्रतिभट] प्रतिपक्षी योद्धा (से ३, ५३)।

पडिहण सक [प्रति + हन्] प्रतिघात करना, प्रतिहिंसा करना। पडिहणंति (उव)।

पडिहणण न [प्रतिहनन] १ प्रतिघात। २ वि. प्रतिघातक (कुप्र ३७)।

पडिहणणा स्त्री [प्रतिहनन] प्रतिघात (ओघ ११०)।

पडिहणिअ देखो **पडिहय** (सुपा २३)।

पडिहणिय देखो **पडिभणिय** (धर्मसं ७०८)।

पडिहत्थ वि [दे] १ पूर्ण, भरा हुआ (दे ६, २८; पात्र; कुप्र ३४; वज्जा १२६; उप पृ १८१; सुर ४, २३६; सुपा ४८८); 'पडिहत्थबिबगहवइअरणे ता वज्ज उज्जाएं' (वाग्र १५)। २ प्रतिक्रिया, प्रतिकार, बदला। ३ वचन, वाणी (दे ६, १६)। ४ अतिप्रभूत (जीव ३)। ५ अपूर्व, अद्वितीय (षड्)।

पडिहत्थ सक [दे] प्रत्युपकार करना, उपकार का बदला चुकाना। पडिहत्थेइ (से १२, ६६)।

पडिहत्थ वि [प्रतिहस्त] तिरस्कृत (चंड)।

पडिहत्थी स्त्री [दे] वृद्धि (दे ६, १७)।

पडिहम्म देखो **पडिहण**। पडिहम्मेज्जा (पि ५४०)। भवि. पडिहम्मिहिइ (पि ५४९)।

डिहय वि [प्रतिहत] प्रतिघात-प्राप्त (औप; कुमा; महा; सण)।

पडिहर सक [प्रति + हृ] फिर से पूर्ण करना। पडिहरइ (हे ४, २५९)।

पडिहा अक [प्रति + भा] मालूम होना, लगना। पडिहाइ (वज्जा १६२; पि ४८७)।

पडिहा स्त्री [प्रतिभा] बुद्धि-विशेष, नूतन-नूतन उल्लेख करने में समर्थ बुद्धि (कुमा)।

पडिहा देखो **पडिहाय** = प्रतिघात; 'पंचविहा पडिहा पन्नत्ता, तं जहा, गतिपडिहा' (ठा ५, १—पत्र ३०३)।

पडिहाण देखो **पणिहाण**; 'मणदुप्पडिहाणे' (उवा)।

पडिहाण न [प्रतिभान] प्रतिभा, बुद्धि-विशेष। °व वि [°वत्] प्रतिभावाला (सूत्र १, १३; १४)।

पडिहाअ देखो **पडिहा** = प्रति + भा। पडिहाअइ (स ४६१; स ७५६)।

पडिहाय पुं [प्रतिघात] १ प्रतिहनन, घात का बदला। २ निरोध, अटकाव, रोक (पउम ६, ५३)।

पडिहार पुं [प्रतिहार] इन्द्र-नियुक्त देव (पव ३९)।

पडिहार पुंस्त्री [प्रतिहार] द्वारपाल, दरवान (हे १, २०६; णाया १, ५; स्वप्न २२८; अभि ७७)। स्त्री. °री (बृह १)।

पडिहारिय देखो **पाडिहारिय** (कस; आचा २, २, ३, १७; १८)।

पडिहारिय वि [प्रतिहारित] अवरुद्ध, रोका हुआ (स ५४९)।

पडिहास अक [प्रति + भास्] मालूम होना, लगना। पडिहासेदि (शौ) (नाट)।

पडिहास पुं [प्रतिभास] प्रतिभास, प्रतिभान (हे १, २०६; षड्)।

पडिहासिय वि [प्रतिभासित] जिसका प्रतिभास हुआ हो वह (उप ९८६ टी)।

पडिहुअ, **पडिहू** पुं [प्रतिभू] जामीन, जामीनदार, मनौतिया (पात्र; दे ५, ३८)।

पडिहू अक [परि + भू] पराभव करना, हराना। कवकृ. **पडिहूअमाण** (अभि ३६)।

पडी स्त्री [पटी] वस्त्र, कपड़ा (गउड; सुर ३, ४१)।

पडीआर पुं [प्रतीकार] देखो **पडिआर** = प्रतिकार (वेणी १७७; कुप्र ६१)।

पडीकर सक [प्रति + कृ] प्रतिकार करना। पडीकरेमि (मै ६६)।

पडीकार देखो **पडिआर** (पण्ह १, १)।

पडीच्छ देखो **पडिच्छ** = प्रति = इष्। पडीछंति (पि २७५)।

पडीण वि [प्रतीचीन] पश्चिम दिशा से संबन्ध रखनेवाला (आचा; औप, ठा ५, ३)। °वाय पुं [°वात] पश्चिम का वायु (ठा ७)।

पडीणा स्त्री [प्रतीची] पश्चिम दिशा (ठा ६—पत्र ३५९; सूत्र २, २, ५८)।

पडीर पुं [दे] चोर-समूह, चोरों का यूथ (दे ६, ८)।

पडीव वि [प्रतीप] प्रतिकूल, प्रतिपक्षी, विरोधी (भवि)।

पडु वि [पटु] निपुण, चतुर, कुशल (औप; कुमा; सुर २, १४५)।

पडु (अप) देखो **पडिअ** = पतित (पिंग)।

पडुआलिअ वि [दे] १ निपुण बनाया हुआ। २ ताड़ित, पिटा हुआ। ३ धारित (दे ६, ७३)।

पडुक्खेव पुं [प्रत्युत्क्षेप] १ वाद्य-ध्वनि। २ उत्थापन, उठान (अणु १३१)।

पडुक्खेव पुं [प्रत्युत्थेप, प्रतिक्षेप] १ वाद्य-ध्वनि। क्षेपण, फेंकना; 'समतालपडुक्खेवं' (ठा ७—पत्र ३९४)।

पडुच्च अ [प्रतीत्य] १ आश्रय करके (आचा; सूत्र १, ७; सम ३६; नव ३६)। २ अपेक्षा करके (भग)। ३ अधिकार करके; 'पडुच्च त्ति वा पप्प त्ति वा अहिकिच्च त्ति वा एगट्ठा' (आचू १; अणु)। °करण न [°करण] किसी की अपेक्षा से जो कुछ करना, आपेक्षिक कृति (बृह १)। °भाव पुं [°भाव] सप्रतियोगिक पदार्थ, आपेक्षिक वस्तु (भास २८)। °वयण न [°वचन] आपेक्षिक वचन (सम्म १००)। °सच्चा स्त्री [°सत्या] सत्य भाषा का एक भेद, अपेक्षा-कृत सत्य वचन (पण्ण ११)।

पडुच्चा ऊपर देखो; 'जे हिंसंति आयसुहं पडुच्चा' (सूत्र १, ५, १, ४)।

पडुजुवइ स्त्री [दे] युवति, तरुणी (दे ६, ३१)।

पडुत्तिया स्त्री [प्रत्युक्ति] प्रत्युत्तर, जवाब (भवि)।

पडुप्पण्ण, **पडुप्पन्न** पुं [प्रत्युत्पन्न] १ वर्त्तमान काल (ठा ३, ४)। २ वि. वार्त्तमानिक, वर्त्तमान काल में विद्यमान (ठा १०; भग ८, ५; सम १३२; उवा)। ३ प्राप्त, लब्ध (ठा ४, २); 'न पडुप्पन्नो य से जहोचिओ आहारो' (स २९१)। ४ उत्पन्न,

जात (ठा ४, २); 'होंति य पडुप्पन्नविणास-णम्मि गंधव्विया उदाहरणं' (दसनि १)।

पडुल्ल न [दे] १ लघु पिठर, छोटी थाली। २ वि. चिरप्रसूत (दे ६, ६८)।

पडुवइअ वि [दे] तीक्ष्ण, तेज (दे ६, १४)।

पडुवत्ती स्त्री [दे] जवनिका, परदा (दे ६, २२)।

पड्ह देखो **पड्डुह**। पडुहइ (हे ४, १५४ टि)।

पडोअ वि [दे] बाल, लघु. छोटा (दे ६,६)।

पडोच्छन्न वि [प्रत्यवच्छन्न] आच्छादित, आवृत; 'अट्टविहकम्मतमपडलपडोच्छन्ने' (उवा)।

पडोयार सक [प्रत्युप + चारय्] प्रतिकूल उपचार करना। पडोयारेंति, पडोयारेह (भग १५—पत्र ६७६)। पडोयारेउ (भग १५—पत्र ६७१)। पडोयारे (पि १५५)। कवकृ. **पडोय (? या) रिज्जमाण, पडोयारेज्ज-माण** (पि १६३; भग १५—पत्र ६७६)।

पडोयार पुं [दे] उपकरण (पिंड २८)।

पडोयार पुं [प्रत्युपचार] प्रतिकूल उपचार (भग १५—पत्र ६७१; ६७६)।

पडोयार पुं [प्रत्यवतार] १ अवतरण। २ आविर्भाव; 'भरहस्स वासस्स केरिसए आगार-भावपडोयारे होत्था' (भग ६,७—पत्र २७६; ७, ६—पत्र ३०५; औप)।

पडोयार पुं [पदावतार] किसी वस्तु का पदों में विचार के लिए अवतरण (ठा ४, १—पत्र १८८)।

पडोयार पुं [प्रत्युपकार] उपकार का उपकार (राज)।

पडोयार पुं [दे] १ सामग्री। २ परिकर, 'पायस्स पडोयारं' (ओघ ३५२)।

पडोल पुंस्त्री [पटोल] लता-विशेष, परवल का गाछ (पराण १—पत्र ३२)।

पडोहर न [दे] घर का पीछला आँगन (दे ६, ३२; गा ३१३; काप्र २२४)।

पड्ड वि [दे] धवल, सफेद (दे ६, १)।

पड्डंस पुं [दे] गिरि-गुहा, पहाड़ की गुफा (दे ६, २)।

पड्डुच्छी स्त्री [दे] भैंस, 'पड्डुच्छिखीर' (ओघ ८७)।

पड्डुत्थी स्त्री [दे] १ बहुत दूधवाली। २ दोहनेवाली (दे ६, ७०)।

पड्डुय पुं [दे] भैंसा, पाड़ा, गुजराती में 'पाडो'; 'सो चेव इमो वसभो पड्डुयपरिहट्टणं सहइ' (महा)।

पड्डुला स्त्री [दे] चरण-घात, पाद-प्रहार (दे ६, ८)।

पड्डुस वि [दे] सुसंयमित, अच्छी तरह से संयमित (दे ६, ६)।

पड्डाविअ वि [दे] समापित, समाप्त कराया हुआ (षड्)।

पड्डिया स्त्री [दे] १ छोटी भैंस, पाड़ी। २ छोटी गौ, बछिया (विपा १,२—पत्र २६)। ३ प्रथमप्रसूता गौ। ४ नव-प्रसूता महिषी (वव ३)। **पड्डी** स्त्री [दे] प्रथम-प्रसूता (दे ६, १)।

पड्डुआ स्त्री [दे] चरण-घात, पाद-प्रहार (दे ६, ८)।

पड्डुह अक [क्षुभ्] क्षुब्ध होना। पड्डुहइ (हे ४, १५४; कुमा)।

पढ सक [पठ्] १ पढ़ना, अभ्यास करना। २ बोलना, कहना। पढइ (हे १, १९९; २३१)। कर्म. पढीअइ, पढिज्जइ (हे ३, १६०)। वकृ. **पढंत** (सुर १०, १०३)। कवकृ. **पढिज्जंत, पढिज्जमाण** (सुपा २६७; उप ५३० टी)। संकृ. **पढित्ता** (हे ४, २७१; षड्), **पढिअ, पढिऊण** (शौ) (हे ४, २७१), **पढि** (अप) (पिंग)। हेकृ. **पढिउं** (गा २; कुमा)। कृ. **पढियव्व, पढेयव्व** (पंसू १; वज्जा ६)। प्रयो. पढावइ (कुप्र १८२)।

पढ पुं [पढ] भारतीय देश-विशेष (इक)।

पढग वि [पाठक] पढ़नेवाला (कप्प)।

पढण न [पठन] पाठ, अभ्यास (विसे १३८४; कप्पू)।

पढम वि [प्रथम] १ पहला, आद्य (हे १, ५५; कप्प; उवा; भग; कुमा; प्रासू ४८; ६८)। २ नूतन, नया (दे)। ३ प्रधान, मुख्य (कप्प)। °**करण** न [°करण] आत्मा का परिणाम-विशेष (पंचा ३)। °**कसाय** पुं [°कषाय] कषाय-विशेष, अनन्तानुबन्धी कषाय (कम्मप)। °**ट्ठाणि, °ठाणि** वि [°स्थानिन्] अव्युत्पन्न-बुद्धि, अनिष्णात (पंचा १६)। °**पाउस** पुं [°प्रावृष्] आषाढ़ मास (निचू १०)। °**समोसरण** न [°समवसरण] वर्षा-काल; 'बिइयसमोसरणं उदुबद्धं तं पडुच्च वासावासोग्गहो पढमसमो-सरणं भएणइ' (निचू १)। °**सरय** पुं [°शरत्] मार्गशीर्ष मास (भग १५)। °**सुरा** स्त्री [°सुरा] नया दारू, शराब (दे)।

पढमा स्त्री [प्रथमा] १ प्रतिपदा तिथि, पड़वा (सम २६)। २ व्याकरण-प्रसिद्ध पहली विभक्ति; 'णिद्देसे पढमा होइ' (अण)।

पढमालिआ स्त्री [दे. प्रथमालिका] प्रथम भोजन (ओघ ४७ भा; धर्म ३)।

पढमिल्ल, पढमिल्लुअ, पढमिल्लुग, पढमुल्लअ, पढमेल्लुय वि [प्रथम] पहला, आद्य (भग; श्रा २८; सुपा ५७; पि ४४९; ५९५; विसे १२२६; (णाया १, ६—पत्र १४४, बृह १; पउम ६२, ११; धण १६; सण)।

पढाइद [शौ] नीचे देखो (नाट—चैत ८६)।

पढाव सक [पाठय्] पढ़ाना। पढावेइ (प्राकृ ६०)। संकृ. **पढाविऊण, पढावेऊण** (प्राकृ ६१)। हेकृ. **पढाविउं, पढावेउं** (प्राकृ ६१)। कृ. **पढावणिज्ज, पढाविअव्व** (प्राकृ ६१)।

पढावअ वि [पाठक] अध्यापक (प्राकृ ६०)।

पढावण न [पाठन] पढ़ाना (कुप्र ६०)।

पढाविअ वि [पाठित] पढ़ाया हुआ (सुपा ४५३; कुप्र ६१)।

पढाविअवंत वि [पाठितवत्] जिसने पढ़ाया हो वह (प्राकृ ६१)।

पढाविउ, पढाविर वि [पाठयितृ] अध्यापक (प्राकृ ६०)।

पढि, पढिअ देखो पढ = पठ्।

पढिअ वि [पठित] पढ़ा हुआ (कुमा; प्रासू १३८)।

पढिज्जंत, पढिज्जमाण देखो पढ = पठ्।

पढिर वि [पठितृ] पढ़नेवाला (सण)।

पढुक्क वि [प्रढौकित] भेंट के लिए उपस्था-पित (भवि)।

पढुम देखो **पढम** (हे १, ५५; नाट—विक्र २९)।

पढेयव्व देखो पढ = पठ्।

पढे देखो **पढाव**। पढेइ (प्राकृ ६०)।

पण देखो पंच (सुपा १; नव १०; कम्म २,६;२६; ३१)। °णउइ स्त्री [°नवति] पंचानबे, नब्बे और पाँच (पि ४४६)। °तीस स्त्रीन [°त्रिंशत्] पैंतीस, तीस और पाँच (औप; कम्म ४, ५३; पि २७३; ४४५)। °नुवइ देखो °णउइ (सुपा ६७)। °रस त्रि. ब. [°दशन्] पनरह (सण)। °वन्निय वि [°वर्णिक] पाँच रंग का (सुपा ४०२)। °वीस स्त्रीन [°विंशति] पचीस, बीस और पाँच (सम ४४; नव १३; कम्म २)। °वीसइ स्त्री [विंशति] वही अर्थ (पि ४४५)। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] पैंसठ, साठ और पाँच (सम ७८; पि २७३)। °सय न [°शत] पाँच सौ (दं ६)। °सीइ स्त्री [°शीति] पचासी, अस्सी और पाँच (कम्म २)। °सुन्न न [°सून] पाँच हिंसा-स्थान (राज)।

पण पुं [पण] १ शर्त, होड़; 'लक्खपणेण जुज्झावेंतस्स' (महा)। २ प्रतिज्ञा (श्राक)। ३ धन। ४ विक्रेय वस्तु, क्रयाणक; 'तत्थ विढप्पिअ पणगणं' (तो ३)

पण पुं [प्रण] पन, प्रतिज्ञा (नाट—मालती १२४)।

पण } न [पञ्चक] १ पाँच का समूह (पंच **पणग** } ३, १६)। २ तप-विशेष, नीवी तप (संबोध ५७)।

पणअत्तिअ वि [दे] प्रकटित, व्यक्त किया हुआ (दे ६, ३०)।

पणअन्न देखो **पणपन्न** (हे २, १७४ टि; राज)।

पणइ स्त्री [प्रणति] प्रणाम, नमस्कार (पउम ६६, ६६; सुर १२, १३३; कुमा)।

पणइ वि [प्रणयिन्] १ प्रणयवाला, स्नेही, प्रेमी। २ पुं. पति, स्वामी (पाअ; गउड ८३७)। ३ याचक, अर्थी, प्रार्थी (गउड २४६; २५१; सुर १, १०८)। ४ भृत्य, दास; 'बप्पइराओत्ति पणइलवो' (गउड ७६७)।

पणइणी स्त्री [प्रणयिनी] पत्नी, भार्या, प्रिया, जोरू (सुपा २१६)।

पणइय वि [प्रणयिक, प्रणयिन्] देखो **पणइ** = प्रणयिन् (सण)।

पणंगणा स्त्री [पणाङ्गना] वेश्या, वारांगना (उप १०३१ टी; सुपा ४६०; कुप्र ५)।

पणग न [पञ्चक] पाँच का समूह (सुर ६, ११२; सुपा ६३६; जी ६; दं ३१; कम्म २, ११)।

पणग पुं [दे. पनक] १ शैवाल, सेवार या सिवार, तृण-विशेष जो जल में उत्पन्न होता है (बृह ४; दस ८; पण्ण १ णंदि)। २ काई, वर्षा-काल में भूमि, काष्ठ आदि में उत्पन्न होनेवाला एक प्रकार का जल-मैल (आचा; पडि; ठा ८—पत्र ४२६; कप्प)। ३ कर्दम-विशेष, सूक्ष्म पंक (बृह ६; भग ७, ६)। देखो **पणय** (दे)। °मट्टिया, °मत्तिया स्त्री [°मृत्तिका] नदी आदि के पूर के खतम होने पर रह जाती कोमल चिकनी मिट्टी (जीव १; पण्ण १—पत्र २५)।

पणच्च अक [प्र + नृत्] नाचना, नृत्य करना। वकृ. **पणच्चमाण** (णाया १, ८—पत्र १३३; सुपा ४७२)। स्त्री. °णी (सुपा २४२)।

पणच्चण न [प्रनर्तन] नृत्य, नाच (सुपा १५४)।

पणच्चिअ वि [प्रनृत्तित] नाचा हुआ, जिसका नाच हुआ हो वह (णाया १, १—पत्र २५)।

पणच्चिअ वि [प्रनृत्त] नाचा हुआ, 'अन्नया रायपुरओ पणच्चिया देवदत्ता' (महा; कुप्र १०)।

पणच्चिअ वि [प्रनर्त्तित] नचाया हुआ (भवि)।

पणट्ठ वि [प्रनष्ट] प्रकर्ष से नाश को प्राप्त (सूअ १, १, २; से ७, ८; सुर २, २४७; ३, ९६; भवि; उव)।

पणद्ध वि [प्रणद्ध] परिगत (औप)।

पणपण्ण देखो **पणपन्न** (कप्प १४७ टि)।

पणपण्णइम देखो **पणपन्नइम** (कप्प १७४ टि; पि २७३)।

पणपन्न स्त्रीन [दे. पञ्चपञ्चाशत्] पचपन, पचास और पाँच (हे २, १७४; कप्प; सम ७२; कम्म ४, ५४; ५५; ति ५)।

पणपन्नइम वि [दे. पञ्चपञ्चाश] पचपनवाँ, ५५ वाँ (कप्प)।

पणपन्निय देखो **पणवन्निय** (इक)।

पणपन्निय पुं [पंचप्रज्ञप्तिक] व्यन्तर देवों की एक जाति (पव १९४)।

पणम सक [प्र + नम्] प्रणाम करना, नमन करना। पणमइ, पणमए (स ३४४; भग)। वकृ. **पणमंत** (सण)। कवकृ. **पणमिज्जंत** (सुपा ८८)। संकृ. **पणमिअ, पणमिऊण, पणमिऊणं, पणमित्ता, पणमित्तु** (अभि ११८; प्राकृ; पि ५९०; भग; काल)।

पणमण न [प्रणमन] प्रणाम, नमस्कार (उव; सुपा २७; ५६१)।

पणमिअ देखो **पणम**।

पणमिअ वि [प्रणत] १ नमा हुआ (भग; औप)। २ जिसने नमने का प्रारम्भ किया हो वह (णाया १, १—पत्र ५)। ३ जिसको नमन किया गया हो वह; 'पणमिओ भणेण राया' (स ७३०)।

पणमिअ वि [प्रणमित] नमाया हुआ (भवि)।

पणमिर वि [प्रणम्र] प्रणाम करनेवाला, नमनेवाला (कुमा; कुप्र ३५०; सण)।

पणय सक [प्र + णी] १ स्नेह करना, प्रेम करना। २ प्रार्थना करना। वकृ. **पणअंत** (से २, ६)।

पणय वि [प्रणत] १ जिसको प्रणाम किया गया हो वह, 'नरनाहपणयपयकमलं' (सुपा २४०)। २ जिसने नमस्कार किया हो वह; 'पणयपडिवक्खं' (सुर १, ११२; सुपा ३६१)। ३ प्राप्त (सूअ १, ४, १)। ४ निम्न, नीचा (जीव ३; राय)।

पणय पुं [प्रणय] १ स्नेह, प्रेम (णाया १, ६; महा; गा २७)। २ प्रार्थना (गउड)। °वंत वि [°वत्] स्नेहवाला, प्रेमी (उप १३१)।

पणय पुं [दे] पंक, कर्दम (दे ६, ७)।

पणय पुं [दे. पनक] १ शैवाल, सेवार, तृण-विशेष। २ काई, जल-मैल (ओघ ३४६)। ३ सूक्ष्म कर्दम (पण्ह १, ४)।

पणयाल वि [दे. पञ्चचत्वारिंश] पैंतालीसवाँ, ४५ वाँ (पउम ४५, ४६)।

पणयाल } स्त्रीन [दे. पञ्चचत्वारिंशत्] **पणयालीस** } पैंतालीस, चालीस और पाँच, ४५ (सम ६६; कम्म २, २७; ति ३; भग; सम ६८; औप; पि ४४५)।

पणव देखो पणम। पणवइ (भवि)। पणवह (हे २, १९५)। वकृ. पणवंत (भवि)।

पणव पुं [प्रणव] ओंकार, 'ओं' अक्षर (सिरि १९६)।

पणव पुं [पणव] पटह, ढोल, वाद्य-विशेष (औप; कप्प; अंत)।

पणवणिय देखो पणवन्निय (औप)।

पणवण्ण } देखो पणपन्न (पि २६५; २७३;
पणवन्न } भग; हे २, १७४ टि)।

पणवन्निय पुं [पणपन्निक] व्यन्तर देवों की एक जाति (पण्ह १, ४)।

पणविय देखो पणमिय = प्रणत (भवि)।

पणवीसी स्त्री [पञ्चविंशतिका] पचीस का समूह (संबोध २५)।

पणस पुं [पनस] वृक्ष-विशेष, कटहल या कटहर (पि २०८; नाट—मृच्छ २१८)।

पणसुंदरी स्त्री [पणसुन्दरी] वेश्या (धर्मवि १२७)।

पणाम सक [अर्पय्] अर्पण करना, देने के लिए उपस्थित करना। पणामइ (हे ४, ३९), 'वंदिओ य पणयाण कल्लाणाइं पणामइ' (सुपा ३६३)।

पणाम सक [प्र + नमय्] नमाना। पणामेइ (महा)।

पणाम सक [उप + नी] उपस्थित करना। पणामेइ (प्राकृ ७१)।

पणाम पुं [प्रणाम] नमस्कार, नमन (दे ७, ९; भवि)।

पणामणिआ स्त्री [दे] स्त्रीविषयक प्रणय (दे ६, ३०)।

पणामय वि [अर्पक] देनेवाला (सूअ १, २, २)।

पणामय वि [प्रणामक] १ नमानेवाला। २ शब्द आदि विषय (सूअ १, २, २; २७)।

पणामिअ वि [अर्पित] समर्पित, देने के लिए धरा हुआ (पाअ; कुमा); 'अपणामियंपि गहिअं कुसुमसरेण महुमासलच्छीए मुहं' (हेका ५०)।

पणामिअ वि [प्रणामित] नमाया हुआ (से ४, ३१; गा २२)।

पणामिअ वि [प्रणमित] नत, नमा हुआ; 'पणामिया सायरं' (स ३१६)।

पणायक } वि [प्रणायक] ले जानेवाला,
पणायग } 'निव्वाणगमणसग्गप्पणायकाइं' (पण्ह २, १; पण्ह २, १ टी; वव १)।

पणाल पुं [प्रणाल] मोरी, पानी आदि जाने का रास्ता (से १३, ५४; उर १, ५; ६)।

पणालिआ स्त्री [प्रणालिका] १ परम्परा (सूअ १, १३)। २ पानी जाने का रास्ता (कुमा)।

पणाली स्त्री [प्रणाली] मोरी, पानी जाने का रास्ता (गउड)।

पणाली स्त्री [प्रनाली] शरीर-प्रमाण लम्बी लाठी (पण्ह १, ३—पत्र ५४)।

पणास सक [प्र + नाशय्] विनाश करना। पणासेइ, पणासए (महा)।

पणास पुं [प्रणाश] विनाश, उच्छेदन (आवम)।

पणासण वि [प्रणाशन] विनाश करनेवाला; 'सव्वपावप्पणासणो' (पडि; कप्प)। स्त्री. °णी (श्रा ४६)।

पणासिय वि [प्रणाशित] जिसका विनाश किया गया हो वह (कप्प; भवि)।

पणिअ वि [दे] प्रकट, व्यक्त (दे ६, ७)।

पणिअ वि [प्रणीत] रचित (सुअनि ११२)।

पणिअ न [पणित] १ बेचने योग्य वस्तु (दे १, ७४; ६, ७; णाया १, १)। २ व्यवहार, लेन-देन, क्रय-विक्रय (भग १५; णाया १, ३—पत्र ९५)। ३ शर्त, होड़, एक तरह का जुआ (मास ९२)। °भूमि, °भूमी स्त्री [°भूमि, °भूमी] १ अनार्य देश-विशेष, जहाँ भगवान् महावीर ने एक चौमासा बिताया था (राज; कप्प)। २ विक्रेय वस्तु रखने का स्थान (भग १५)। °साला स्त्री [°शाला] हाट, दुकान (बृह २, निचू १६)।

पणिअ न [पण्य] विक्रेय वस्तु (सुपा २७५; औप; आचा)। °गिह, °घर न [°गृह] दूकान, हाट (निचू १२; आचा २, २, २)। °साला स्त्री [°शाला] °हाट, दूकान (आचा)। °वण पुं [°पण] दूकान, हाट (आचा)।

पणिअ वि [प्रणीत] सुन्दर, मनोहर। °भूमि स्त्री [°भूमि] मनोज्ञ भूमि (भग १५)।

पणिअट्ठ वि [पणितार्थ] चोर (दस ७, ३७)।

पणिअसाला स्त्री [पण्यशाला] बखार, अन्न या माल रखने का घिरा हुआ स्थान, गोदाम (आचा २, २, २, १०)।

पणिआ स्त्री [दे] करोटिका, सिरकी हड्डी, खोपड़ी (दे ६, ३)।

पणिंदि } वि [पञ्चेन्द्रिय] त्वक्, जीभ,
पणिंदिय } नाक, आँख और कान इन पाँचों इन्द्रियोंवाला प्राणी (कम्म २; ४, १०; १८; १९)।

पणिद्ध वि [प्रस्निग्ध] विशेष स्निग्ध (अणु २१५)।

पणिधाण देखो पडिहाण (अभि १८९; नाट.—विक्र ७२)।

पणिधि पुंस्त्री [प्रणिधि] माया, छल; 'पुणो पुणो पणिधि(? धी)ए हरित्ता उवहसे जणं' (सम ५०)। देखो पणिहि।

पणियत्थ वि [प्रणिवसित] पहना हुआ (औप)।

पणिल्लिअ वि [दे] हत, मारा हुआ (षड्)।

पणिवइअ वि [प्रणिपतित] नत, नमा हुआ; 'पणिवइयवच्छला णं देवाणुप्पिया! उत्तमपुरिसा' (णाया १, १६—पत्र २१६; स ११; उप ७६८ टी)।

पणिवइअ वि [प्रणिपतित] जिसको नमस्कार किया गया हो वह; 'नरपहूहिं पणिवइओ··· वीरो' (धर्मवि ३७)।

पणिवय सक [प्रणि + पत्] नमन करना, वन्दन करना। पणिवयामि (कप्प; सार्ध ६१)।

पणिवाय पुं [प्रणिपात] वन्दन, नमस्कार (सुर ४, ६८; सुपा २८; २२२; महा)।

पणिहा सक [प्रणि + धा] १ एकाग्र चिन्तन करना, ध्यान करना। २ अपेक्षा करना। ३ अभिलाषा करना। ४ चेष्टा करना, प्रयत्न करना। संकृ. पणिहाय (णाया १, १०; भग १५)।

पणिहाण न [प्रणिधान] १ एकाग्र ध्यान, मनो-नियोग, अवधान (उत्त १६,१४; स ८७; प्रासा)। २ प्रयोग, व्यापार, चेष्टा; 'तिविहे पणिहाणे पण्णत्ते; तं जहा—मणपणिहाणे, वयपणिहाणे, कायपणिहाणे' (ठा ३, १, ४, १; भग १८; उवा)। ३ अभिलाष, कामना;

'संकाथाणाणि सव्वाणि वज्जेज्जा पणिहाणवं' (उत्त १६, १४)।

पणिहाय देखो पणिहा।

पणिहि पुंस्त्री [प्रणिधि] १ एकाग्रता, अवधान (पण्ह २, ५)। २ कामना, अभिलाष (स ८७)। ३ पुं. चरपुरुष, दूत (पण्ह १, ३; पाअ; सुर ३, ४; सुपा ४६२)। ४ चेष्टा, व्यापार (दसनि १)। ५ माया, कपट (आव ४)। ६ व्यवस्थापन (राज)।

पणिहि पुंस्त्री [प्रणिधि] बड़ा निधि (दस ८, १)।

पणिहिय वि [प्रणिहित] १ प्रयुक्त, व्यापृत (दसनि ८)। २ व्यवस्थित (आव ४)।

पणीअ वि [प्रणीत] १ निर्मित, कृत, रचित; 'वइसेसियं पणीयं' (विसे २५०७; सुर १२, ६२; सुपा २८; १६७)। २ स्निग्ध, घृत आदि स्नेह की प्रचुरतावाला; 'विभूसा इत्थी-संसग्गी पणीयरसभोयणं' (दस ८, ५७; उत्त १६, ७; ओघ १५० भा; औप; बृह ५)। ३ निरूपित, प्ररूपित, आख्यात (अणु; आव ३)। ४ मनोज्ञ, सुन्दर (भग ५, ४)। ५ सम्यग् आचरित (सूअ १, ११)।

पणीहाण देखो **पणिहाण** (आत्म ८; हित १५)।

पणुल्ल देखो **पणोल्ल**। वकृ. **पणुल्लेमाण** (पि २२४)।

पणुल्लिअ देखो **पणोल्लिअ** (पाअ; सुपा २४; प्रासू १६६)।

पणुवीस स्त्रीन [पञ्चविंशति] संख्या-विशेष, पचीस, बीस और पाँच। २ जिनकी संख्या पचीस हों वे (स १०६; पि १०४; २७३)।

पणुवीसइम वि [पञ्चविंशतितम] पचीसवाँ, २५ वाँ (विसे ३१२०)।

पणोल्ल सक [प्र+णुद्] १ प्रेरणा करना। २ फेंकना। ३ नाश करना। पणोल्लइ (प्राप्र); 'पावाइं कम्माइं पणोल्लयामो' (उत्त १२, ४०)। कवकृ. **पणोल्लिज्जमाण** (णाया १, १; पण्ह १, ३)। संकृ. **पणोल्ल** (सूअ १, ८)।

पणोल्लण न [प्रणोदन] प्रेरणा (ठा ८; उप पृ ३४१)।

पणोल्लय वि [प्रणोदक] प्रेरक (आचा)।

पणोल्लि वि [प्रणोदिन्] १ प्रेरणा करनेवाला। २ पुं. प्राजन दण्ड, बैल इत्यादि हाँकने की लड़की (पण्ह १, ३—पत्र ५४)।

पणोल्लिअ वि [प्रणोदित] प्रेरित (औप; पि २४४)।

पण्ण वि [प्रज्ञ] जानकार, दक्ष, निपुण (उत्त १, ८; सूअ १, ६)।

पण्ण वि [प्राज्ञ] १ प्रज्ञावाला, बुद्धिमान्, दक्ष (हे १, ५६; उप ६२३)। २ वि. प्राज्ञ-सम्बन्धी (सूअ २, १)।

पण्ण न [पर्ण] पत्र पत्ता, पत्तो (कुमा)।

पण्ण देखो **पणिअ** = पण्य (नाट)।

पण्ण स्त्रीन [दे] पचास, ५०। स्त्री. °ण्णा (षड्)।

पण्ण देखो **पंच**, पग (पि २७३; ४४०; ४४५)। °**रस** त्रि. ब. [°दशन्] पनरह, १५ (सम २६; उवा)। °**रसम** वि [°दश] पनरहवाँ (उवा)। °**रसी** स्त्री [°दशी] १ पनरहवीं। २ तिथि-विशेष (पि २७३; कप्प)। °**रह** देखो °**रस** (प्राप्र)। °**रह** वि [°दश] पनरहवाँ, १५ वाँ (प्राप्र)। देखो **पन्न** = पंच।

पण्ण वि [पार्ण] पर्ण सम्बन्धी, पत्ते का, पत्ती से संबन्ध रखनेवाला (राज)।

पण्ण° देखो **पण्णा°**। °**व** वि [°वत्] प्रज्ञा-वाला (उप ६१२ टी)।

पण्णई [पन्नगा] भगवान् धर्मनाथ की शासन-देवी (पव २७)।

पण्णग पुं [पन्नग] सर्प, साँप (उप ७२८ टी)। °**ासन** पुं [°ाशन] गरुड पक्षी (पिंग)। देखो **पन्नय**।

पण्णग वि [दे. पन्नक] दुर्गन्धी। °**तिल** पुं [°तिल] दुर्गन्धी तिल (राज)।

पण्णट्ठि स्त्री [पञ्चषष्टि] पैंसठ, साठ और पाँच, ६५ (कप्प)।

पण्णत्त वि [प्रज्ञप्त] निरूपित, उपदिष्ट, कथित (औप; उवा; ठा ३, १; ४, १; २; विपा १, १; प्रासू १२१)। २ प्रणीत, रचित (आवम; चंद २०; भग ११, ११; औप)।

पण्णत्ति स्त्री [प्रज्ञप्ति] १ विद्यादेवी-विशेष (जं १)। २ जैन आगम ग्रंथ-विशेष, सूर्य-प्रज्ञप्ति आदि उपांग-ग्रंथ (ठा ३, १; ४, १)। ३ विद्या-विशेष (आवू १)। ४ प्ररूपण, प्रतिपादन (उवा; वव ३)। °**खेवणी** स्त्री [°क्षेपणी] कथा का एक भेद (ठा ४, २)। °**पक्खेवणी** स्त्री [°प्रक्षेपणी] कथा का एक भेद (राज)।

पण्णपण्णिय पुं [पण्णपर्णि] व्यन्तर देवों की एक जाति (इक)।

पण्णय देखो **पण्णग** (से ४, ४)।

पण्णव सक [प्र+ज्ञापय्] प्ररूपण करना, उपदेश करना, प्रतिपादन करना। पण्णवेइ, पण्णवेंति (उवा; भग)। वकृ. **पण्णवयंत** **पण्णवेमाण** (भग; पि ५५१)। कृ. **पण्णवणिज्ज** (द्र ७)।

पण्णवग वि [प्रज्ञापक] प्ररूपक, प्रतिपादक (विसे ५४६)।

पण्णवण न [प्रज्ञापन] १ प्ररूपण, प्रतिपादन। २ शास्त्र, सिद्धान्त (विसे ८६४)।

पण्णवण वि [प्रज्ञापन] ज्ञापक, निरूपक (संबोध ५)।

पण्णवणा स्त्री [प्रज्ञापना] १ प्ररूपणा, प्रतिपादन (णाया १, ६; उवा)। २ एक जैन आगम ग्रंथ, 'प्रज्ञापना' सूत्र (भग)।

पण्णवणिज्ज देखो **पण्णव**।

पण्णवणी स्त्री [प्रज्ञापनी] भाषा-विशेष, अर्थ-बोधक भाषा (भग १०, ३)।

पण्णवण्ण स्त्रीन [दे. पञ्चपञ्चाशत्] पचपन, पचास और पाँच (दे ६, २७; षड्)।

पण्णवय देखो **पण्णवग** (विसे ५४७)।

पण्णवयंत देखो **पण्णव**।

पण्णविय वि [प्रज्ञापित] प्रतिपादित, प्ररूपित (अणु; उत्त २६)।

पण्णवेत्तु वि [प्रज्ञापयितृ] प्रतिपादक, प्ररूपण करनेवाला (ठा ७)।

पण्णवेमाण देखो **पण्णव**।

पण्णा सक [प्र+ज्ञा] १ प्रकर्ष से जानना। २ अच्छी तरह जानना। कर्म. पण्णायंति (भग)।

पण्णा देखो **पण्ण** (दे)।

पण्णा स्त्री [प्रज्ञा] मनुष्य की दस अवस्थाओं में पाँचवीं अवस्था (तंदु १६)।

पण्णा स्त्री [प्रज्ञा] १ बुद्धि, मति (उप १५४; ७२८ टी; निचू १)। २ ज्ञान (सूअ १,

१२)। °परिसह, °परीसह पुं [°परिषह, °परीषह] १ बुद्धि का गर्व न करना। २ बुद्धि के अभाव में खेद न करना (भग ८, ८; पव ८६)। °मय पुं [°मद] बुद्धि का अभिमान (सूअ १, १३)। °वंत वि [°वत्] ज्ञानवान् (राज)।

पण्णाग वि [प्रज्ञ] विद्वान् (पंचा १७, २७)।

पण्णाड देखो पन्नाड पराणाडइ (दे ६, २६)।

पण्णाण न [प्रज्ञान] १ प्रकृष्ट ज्ञान। २ सम्यग् ज्ञान (सम ५१)। ३ आगम, शास्त्र (आचा)। °व वि [°वत्] १ ज्ञानवान्। २ शास्त्रज्ञ (आचा)।

पण्णाराह (अप) त्रि. ब. [पञ्चदशन्] पनरह (पिंग)।

पण्णावीसा स्त्री [पञ्चविंशति] पचीस, बीस और पाँच, २५ (षड्)।

पण्णास स्त्रीन [दे. पञ्चाशत्] पचास, ५० (दे ६, २७; षड्; पि २७३; ४४५; कुमा)। देखो पन्नास।

पण्णासग त्रि [पञ्चाशक] पचास वर्ष की उम्र का (तंदु १७)।

पण्णुवीस देखो पणुवीस (स १४६)।

पण्ह पुंस्त्री [प्रश्न] प्रश्न, पृच्छा (हे १, ३५; कुमा)। स्त्री. °ण्हा (हे १, ३५)। (हे १; ३५)। °वाहण न [°वाहन] जैन मुनि-गण का एक कुल (ती ३८)। °वागरण न [°व्याकरण] ग्यारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ (पण्ह २, ५; ठा १०; विपा १, १; सम १)। देखो पसिण।

पण्हअ अक [प्र + स्नु] झरना, टपकना; 'एक्को पण्हअइ थणो' (गा ४०६; ४६२ अ)।

पण्हअ, पण्हव पुं [दे. प्रस्नव] १ स्तन-धारा, स्तन से दूध का झरना (दे ६, ३; पि २३१; राज; अंत ७; षड्। २ झरन, टपकना; 'दिट्ठिपण्हव' (पिंड ४८७)।

पण्हव पुं [पह्लव] १ अनार्य देश-विशेष। २ वि. उस देश का निवासी (पण्ह १, १—पत्र १४)।

पण्हवण न [प्रस्नवन] क्षरण, झरना (विपा १, २)।

पण्हविअ देखो पण्हुअ (दे ६, २५)।

पण्हा देखो पण्ह।

पण्हि पुंस्त्री [पार्ष्णि] फीली का अधोभाग, गुल्फ को नीचला हिस्सा, एड़ी (पण्ह १, ३; दे ७, ६२)।

पण्हिया स्त्री [प्रश्निका] एड़ी, गुल्फ का अधोभाग; 'मेलित्तु पण्हियाओ चरणे वित्था-रिऊण बाहिरओ' (चेइय ४८६)।

पण्हुअ वि [प्रस्नुत] १ क्षरित, झरा हुआ। २ जिसने झरने का प्रारम्भ किया हो वह; 'पण्हुयपयोहराओ' (पउम ७६, २०; हे २, ७५)।

पण्हुइर वि [प्रस्नोतृ] झरनेवाला, 'हत्थप्फंसेण जरग्गवीवि पण्हअइ दोहअगुणेण। अवलोअणपण्हुइरिं पुत्तअ पुण्णेहिं पाविहिसि' (गा ४६२)।

पण्होत्तर न [प्रश्नोत्तर] सवाल-जवाब (सुर १६, ४१; कप्पू)।

पतणु देखो पयणु (राज)।

पतार सक [प्र + तारय्] ठगना। संकृ. पतारिअ (अभि १७१)।

पतारग वि [प्रतारक] वञ्चक, ठग (धर्मसं १४७)।

पतिण्ण, पतिन्न वि [प्रतीर्ण] पार पहुँचा हुआ, निस्तीर्ण (राज; पण्ह २, १—पत्र ६६)।

पतुण्ण, पतुन्न न [प्रतुन्न] वल्कल का बना हुआ वस्त्र (आचा २, ५, १, ७)।

पतेरस, पतेलस वि [प्रत्रयोदश] प्रकृष्ट तेरहवाँ। °वास न [°वर्ष] १ प्रकृष्ट तेरहवाँ वर्ष। २ प्रकृत तेरहवाँ वर्ष। ३ प्रस्थित तेरहवाँ वर्ष (आचा)।

पत्त वि [प्राप्त] मिला हुआ, पाया हुआ (कप्प; सुर ४, ७०; सुपा ३५७; जी ४४; दं ४६; प्रासू ३१; १६२; १८२; गा २४१)। °काल, °याल न [°काल] १ चैत्य-विशेष (राज)। २ वि. अवसरोचित (स ४६०)।

पत्त न [पत्र] १ पत्ती, पत्ता, दल, पर्ण (कप्प; सुर १, ७२; जी १०; प्रासू ६२)। २ पक्ष पंख, पाँख (णाया १, १—पत्र २४)। ३ जिसपर लिखा जाता है वह, कागज, पन्ना (स ६२; सुर १, ७२, से २, १७३)। °च्छेज्ज न [°च्छेद्य] कला-विशेष (औप; स ६५)। °मंत वि [°वत्] पत्रवाला (णाया १, १)। °रह पुं [°रथ] पक्षी (पाअ)। °लेहा स्त्री [°लेखा] चन्दनादि से पत्र के आकृतिवाली रचना-विशेष, भूषा का एक प्रकार (अजि २८)। °वल्ली स्त्री [°वल्ली] १ पत्रवाली लता। २ मुँह पर चन्दन आदि से की जाती पत्र-श्रेणी-तुल्य रचना (कुप्र ३६५)। °विंट न [°वृन्त] पत्र का बन्धन (पि ५३)। °विंटिय वि [°वृन्तक, °वृन्तीय] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष, पत्र वृन्त में उत्पन्न होता एक प्रकार का त्रीन्द्रिय जन्तु (पण्ण १—पत्र ४५)। °विच्छुय पुं [°वृश्चिक] जीव-विशेष, एक तरह का वृश्चिक, चतुरिन्द्रिय जीवों की एक जाति (जीव १)। °वेंट देखो °विंट (पि ५३)। °सगडिआ स्त्री [°शकटिका] पत्तों से भरी हुई गाड़ी (भग)। °समिद्ध वि [°समृद्ध] प्रभूत पत्तेवाला (पाअ)। °हार पुं [°हार] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (पण्ण १—पत्र ४५; उत्त ३६, १३८)। °हार पुं [°हार] पत्ती पर निर्वाह करनेवाला वानप्रस्थ (औप)।

पत्त न [पात्र] १ भाजन (कुमा; प्रासू ३६)। २ आधार, आश्रय, स्थान (कुमा)। ३ दान देने योग्य गुणी लोक (उप ६४८ टी; महा)। ४ लगातार बत्तीस उपवास (संबोध ५८)। °बंध पुं [°बन्ध] पात्रों को बाँधने का कपड़ा (ओघ ६६८)। देखो पाय = पात्र।

पत्त वि [प्रात्त] प्रसारित (कप्प)।

पत्तइअ वि [प्रत्ययित] विश्वस्त (भग)।

पत्तइअ वि [पत्रकित] १ अल्प पत्रवाला। २ कुत्सित पत्रवाला (णाया १, ७—पत्र ११६)।

पत्तउर पुं [दे] वनस्पति-विशेष, एक प्रकार का गाछ (पण्ण १—पत्र ३१)।

पत्तच्छेज्ज न [पत्रच्छेद्य] बाण से पत्ती बेधने की कला (जं २ टी पत्र १३७)। २ नक्काशी का काम, खोदने का काम (आचा २, १२, १)।

पत्तट्ठ वि [दे प्राप्तार्थ] १ बहु-शिक्षित, विद्वान्, अति कुशल (दे ६, ६८; सुर १,

८१; सुपा १२६, भग १४, १; पाअ)। २ समर्थ (जीवस २८५)।

पत्तट्ठ वि [दे] सुन्दर, मनोहर (दे ६, ६८)।

पत्तण देखो पट्टण (राज)।

पत्तण न [दे. पत्त्रण] १ इषु-फलक, बाण का फलक। २ पुंख, बाण का मूल भाग (दे ६, ६४; गा १०००)।

पत्तणा स्त्री [दे. पत्त्रणा] १—२ ऊपर देखो (गउड; से १५, ७३)। ३ पुंख में की जाती रचना-विशेष (से ७, ५२)।

पत्तणा स्त्री [प्रापणा] प्राप्ति (पंचू ४)।

पत्तपसाइआ स्त्री [दे] पत्तियों की एक की पगड़ी, जिसे भील लोग पहनते हैं (दे ६, २)।

पत्तपिसालस न [दे] ऊपर देखो (दे ६, २)।

पत्तय न [पत्रक] एक प्रकार का गेय (ठा ४, ४)।

पत्तय देखो पत्त (महा)।

पत्तरक न [दे. प्रतरक] आभूषण-विशेष (पण्ह २, ५—पत्र १४६)।

पत्तल वि [दे] १ तीक्ष्ण, तेज (दे ६, १४), 'नयणाइं समाणियपत्तलाइं
परपुरिसजीवहरणाइं।
असियसियाइं व मुद्धे खग्गा
इव कं न मारंति ?'
(वज्जा ६०)। २ पतला, कृश (दे ६, १४; वज्जा ४६)।

पत्तल वि [पत्रल] १ पत्र-समृद्ध, बहुत पत्ती-वाला (पाअ; से १, ६२; गा ५३२; ६३५; दे ६, १४)। २ पक्ष्मवाला (औप; जं २)।

पत्तल न [पत्र] पत्ती, पर्ण (हे २, १७३; प्रामा; सण; हे ४, ३८७)।

पत्तलण न [पत्रलन] पत्र-समृद्ध होना, पत्र-बहुल होना; 'वाउलिआपरिसोसणकुडंगपत्त-लणसुलहसंकेअ' (गा ६२६)।

पत्तली स्त्री [दे] कर-विशेष, एक प्रकार का राज-देय; 'गिण्हह तद्देसपत्तलिं झत्ति' (सुपा ४६३)।

पत्तहारय वि [पत्रहारक] पत्तों को बेचने का काम करनेवाला (अणु १४६)।

पत्ताण सक [दे] पताना, मिटाना; 'पुच्छउ अन्नु कोवि जो जाणइ सो तुम्हह विवाउ पत्ताणइ' (भवि), पत्ताणहि (भवि)।

पत्तामोड पुंन [आमोटपत्र] तोड़ा हुआ पत्र, 'दब्भे य कुसे य पत्तामोडं च गेण्हइ' (अंत ११)।

पत्ति स्त्री [प्राप्ति] लाभ (दे १, ४२; उप २२६; चेइय ८६४)।

पत्ति पुं [पत्ति] १ सेना-विशेष, जिसमें एक रथ, एक हाथी, तीन घोड़े और पाँच पैदल हों। २ पैदल चलनेवाली सेना (उप ७२८ टी)।

पत्ति } सक [प्रति + इ] १ जानना। २
पत्तिअ } विश्वास करना। ३ आश्रय करना। पत्तिअइ, पत्तियंति, पत्तिअसि, पत्तिआमि (से १३, ४४; पि ४८७; से ११, ६०; भग)। पत्तिएज्जा, पत्तिअ, पत्तिहि, पत्तिसु (राय; गा २१६; ६६६; पि ४८७)। वकृ. पत्तिअंत, पत्तियमाण (गा २१६, ६७८; आचा २, २, २, १०)। संकृ. पडियच्च, पत्तियाइत्ता (सूअ १, ६, २७; उत्त २६; १)।

पत्तिअ वि [पत्रित] संजात-पत्र, जिसमें पत्र उत्पन्न हुए हो वह (णाया १, ७; ११—पत्र १७१)।

पत्तिअ वि [प्रतीति, प्रत्ययित] प्रतीति-वाला, विश्वस्त (ठा ६—पत्र ३५५; कप्प; कस)।

पत्तिअ न [प्रीतिक] प्रीति, स्नेह (ठा ४, ३; ठा ६—पत्र ३५५)।

पत्तिअ पुंन [प्रत्यय] प्रत्यय, विश्वास (ठा ४, ३—पत्र २३५; धर्म २)।

पत्तिअ न [पत्रिक] मरकत-पत्र (कप्प)।

पत्तिआ स्त्री [पत्रिका] पत्र, पर्ण, पत्ती (कुमा)।

पत्तिआअ देखो पत्तिअ = प्रति + इ। पत्तिआअइ (प्राकृ ७५), पत्तिआअंति (पि ४८७)।

पत्तिआव सक [प्रति + आयय्] विश्वास कराना, प्रतीति कराना। पत्तिआवेइ (भास २३)।

पत्तिग देखो पत्तिअ = प्रीतिक (पंचा ७, १०)।

पत्तिज्ज देखो पत्तिअ = प्रति + इ। पत्तिज्जसि, पत्तिज्जामि (पि ४८७)।

पत्तिज्जाव देखो पत्तिआव। पत्तिज्जावइ (सुपा ३०२)। पत्तिज्जावेमि (धर्मवि १३४)।

पत्तिसमिद्ध वि [दे] तीक्ष्ण (दे ६, १४)।

पत्ती स्त्री [दे] पत्तों की बनी हुई एक तरह की पगड़ी जिसे भील लोग सिर पर पहनते हैं (दे ६, २)।

पत्ती स्त्री [पत्नी] स्त्री, भार्या (उप पृ १६३; आप ६६; महा; पाअ)।

पत्ती स्त्री [पात्री] भाजन, पात्र (उप ६२२; महा; धर्मवि १२६)।

पत्तुं देखो पाव = प्र + आप्।

पत्तुवगद (शौ) वि [प्रत्युपगत] १ सामने गया हुआ। २ वापस गया हुआ (नाट.—विक्र २३)।

पत्तेअ } न [प्रत्येक] १ हरएक, एक एक
पत्तेग } (हे २, १०; कुमा; निचू १; पि ३४६)। २ एक की तरफ, एक के सामने; 'पत्तेयं पत्तेयं वणसंडपरिक्खित्ताओ' (जीव ३)। ३ न. कर्म-विशेष, जिसके उदय से एक जीव का एक अलग शरीर होता है; 'पत्तेयतणू 'पत्तेउदएणं'(कम्म १,५०)। ४ पृथक् पृथक्, अलग अलग (कम्म १, ५०)। ५ पुं. वह जीव जिसका शरीर अलग हो, एक स्वतन्त्र शरीरवाला जीव; 'साहारणपत्तेआ वणस्सइ-जीवा दुहा सुए भणिया' (जी ८)। °णाम न [°नामन्] देखो ऊपर का तीसरा अर्थ (राज)। °निगोयय पुं [°निगोदक] जीव-विशेष (कम्म ४, ८२)। °बुद्ध पुं [°बुद्ध] अनित्यतादि भावना के कारणभूत किसी एक वस्तु से परमार्थ का ज्ञान जिसको उत्पन्न हुआ हो ऐसा जैन मुनि (महा; नव ४३)। °बुद्धसिद्ध पुं [°बुद्धसिद्ध] प्रत्येकबुद्ध होकर मुक्ति को प्राप्त जीव (धर्म २)। °रस वि [°रस] विभिन्न रसवाला (ठा ४, ४)। °सरीर वि [°शरीर] १ विभिन्न शरीरवाला; 'पत्तेयसरीराणं तह होंति सरीर-संघाया' (पंच ३)। २ न. कर्म-विशेष, जिसके उदय से एक जीव का एक विभिन्न शरीर

होता है (पराह १, १)। °सरीरनाम न [°शरीरनामन्] वही पूर्वोक्त अर्थ (सम ६७)।

पत्तेय वि [प्रत्येक] बाह्य कारण (गांदि १३०, १३१ टी)।

पत्थ सक [प्र + अर्थय्] १ प्रार्थना करना। २ अभिलाषा करना। ३ अटकाना, रोकना। पत्थेइ, पत्थेंति (उव; औप)। कर्म. पत्थिज्जसि (महा)। वकृ. **पत्थंत, पत्थिंत, पत्थेअमाण** (नाट—मालवि २५; सुपा २१३; प्रासू १२०); 'कामे **पत्थेमाणा** अकामा जंति दुग्गइं' (उप ३५७ टी)। कवकृ. **पत्थिज्जंत, पत्थिज्जमाण** (गा ४००; सुर १, २०; से ३, ३३; कप्प)। कृ. **पत्थ, पत्थणिज्ज, पत्थेयव्व** (सुपा ३७०; सुर १, ११६; सुपा १४८; पराह २, ४)।

पत्थ पुं [पार्थ] १ अर्जुन, मध्यम पाण्डव (स ६१२; वेणी १२६; कुमा)। २ पाञ्चाल देश के एक राजा का नाम (पउम ३७, ८)। ३ भद्दिलपुर नगर का एक राजा (सुपा ६२६)।

पत्थ पुं [प्रार्थ] १ प्रार्थन, प्रार्थना (राय)। २ दो दिनों का उपवास (संबोध ५८)।

पत्थ देखो **पच्छ** = पथ्य (गा ८१४; पउम १७, ६४; राज)।

पत्थ देखो **पत्थ** = प्र + अर्थय्।

पत्थ पुं [प्रस्थ] १ कुडव का एक परिमाण (बृह ३; जीवस ८८; तंदु २६)। २ सेतिका, एक कुडव का परिमाण (उप पृ ६६); 'पत्थगा उ जे पुरा आसी हीणमाणा उ तेधुणा' (वव १)।

पत्थंत देखो **पत्थ** = प्र + अर्थय्।

पत्थंत देखो **पत्था**।

पत्थग देखो **पत्थय** (राज)।

पत्थड पुं [प्रस्तर] १ रचना-विशेषवाला समूह (ठा ३, ४—पत्र १७६)। २ भवनों के बीच का अन्तराल भाग (पराण २, सम २५)।

पत्थड वि [प्रस्तृत] १ बिछाया हुआ। २ फैला हुआ (भग ६, ८)।

पत्थण न [प्रार्थन] प्रार्थना (महा; भवि)।

पत्थणया, **पत्थणा** स्त्री [प्रार्थना] १ अभिलाषा, वाञ्छा (आव ४)। २ याचना, माँग। ३ विज्ञप्ति, निवेदन (भग १२, ५; सुर १, २; सुपा २६६; प्रासू २१)।

पत्थय देखो **पत्थ** = पथ्य (णाया १, १)।

पत्थय वि [प्रार्थक] अभिलाषा करनेवाला (सूअ १, २, २, १६; स २५३)।

पत्थय देखो **पत्थ** = प्रस्थ (उप १७६ टी; औप)।

पत्थयण न [पथ्यदन] शम्बल, पाथेय, मार्ग में खाने का खुराक, कलेवा (णाया १, १५; स १३०; उर ८, ७; सुपा ६२४)।

पत्थर सक [प्र + स्तृ] १ बिछाना। २ फैलाना। संकृ. **पत्थरेत्ता** (कस; ठा ६)।

पत्थर पुं [प्रस्तर] पत्थर, पाषाण (औप; उव; पउम १७, ३६; सिरि ३३२); 'पत्थरेणाहओ कीवो पत्थरं डक्कुमिच्छई। मिगारिओ सरं पप्प सरुप्पत्तिं विमग्गई' (सुर ६, २०७)।

पत्थर न [दे] पाद-ताडन, लात (षड्)।

पत्थर देखो **पत्थार** (प्राप्र; संक्षि २)।

पत्थरण न [प्रस्तरण] बिछौना, 'खट्टापत्थरणयं तहा एगं' (धर्मवि १४७)।

पत्थरभल्लिअ न [दे] कोलाहल करना (दे ६, ३६)।

पत्थरा स्त्री [दे] चरण-घात, लात (दे ६, ८)।

पत्थरिअ पुं [दे] पल्लव, कोपल (दे ६,२०)।

पत्थरिअ वि [प्रस्तृत] बिछाया हुआ, 'पत्थरिअं अत्थुअं' (पाअ)।

पत्थव देखो **पत्थाव** (हे १, ६८; कुमा; पउम ५, २१६)।

पत्था अक [प्र + स्था] प्रस्थान करना, प्रवास करना। वकृ. **पत्थंत** (से ३, ५७)।

पत्थाण न [प्रस्थान] प्रयाण, गमन (अभि ८१; अजि ६)।

पत्थार पुं [प्रस्तार] १ विस्तार (उवर ६६)। २ तृणवन। ३ पल्लवादि-निर्मित शय्या। ४ पिंगल-प्रसिद्ध प्रक्रिया-विशेष (प्राप्र)। ५ प्रायश्चित्त की रचना-विशेष (ठा ६—पत्र ३७१; कस)। ६ विनाश (पिंड ५०१; ५११)।

पत्थारी स्त्री [दे] १ निकर, समूह (दे ६, ६६)। २ शय्या, बिछौना, गुजराती में 'पथारी' (दे ६, ६६; पाअ; सुपा ३२०)।

पत्थाव सक [प्र + स्तावय्] प्रारंभ करना। वकृ. **पत्थावअंत** (हास्य १२२)।

पत्थाव पुं [प्रस्ताव] १ अवसर। २ प्रसंग, प्रकरण (हे १, ६८; कुमा)।

पत्थिअ वि [प्रस्थित] १ जिसने प्रयाण किया हो वह (से २, १६; सुर ४, १६८)। २ न. प्रस्थान, गति, चाल (अजि ६)।

पत्थिअ वि [प्रार्थित] १ जिसके पास प्रार्थना की गई हो वह। २ जिस चीज की प्रार्थना की गई हो वह (भग; सुर ६, १८; १६, ६; उव)।

पत्थिअ वि [दे] शीघ्र, जल्दी करनेवाला (दे ६, १०)।

पत्थिअ वि [प्रार्थिक] प्रार्थी, प्रार्थना करनेवाला (उव)।

पत्थिअ वि [प्रास्थित] विशेष आस्थावाला, प्रकृष्ट श्रद्धावाला (उव)।

पत्थिअ°, **पत्थिआ** स्त्री [दे] बाँस का बना हुआ भाजन-विशेष (ओघ ४७६)। °पिडग, °पिडय न [°पिटक] बाँस का बना हुआ भाजन-विशेष (विपा १, ३)।

पत्थिद देखो **पत्थिअ** = प्रस्थित, प्रार्थित (प्राकृ २५)।

पत्थिव पुं [पार्थिव] १ राजा, नरेश (णाया १, १६; पाअ)। २ वि. पृथिवी का विकार (राज)।

पत्थी स्त्री [दे. पात्री] पात्र, भाजन; 'अंधकरबोरपत्थि व माउआ मह पई विलुंपंति' (गा २४० अ)।

पत्थोण न [दे] १ स्थूल वस्त्र, मोटा कपड़ा। २ वि. स्थूल, मोटा (दे ६, ११)।

पत्थुय वि [प्रस्तुत] १ प्रकरण-प्राप्त, प्राकरणिक (सुर ३, १६६; महा)। २ प्राप्त, लब्ध (सूअ १, ४, १, १७)।

पत्थुर देखो **पत्थर** = प्र + स्तृ। संकृ. **पत्थुरेत्ता** (कस)।

पत्थेअमाण, **पत्थेंत**, **पत्थेमाण**, **पत्थेयव्व** देखो **पत्थ** = प्र + अर्थय्।

पत्थोउ वि [प्रस्तोतृ] १ प्रस्ताव करनेवाला। २ प्रवर्त्तक। स्त्री. °त्थोई (पण्ह १, ३—पत्र ४२)।

पथम (पै) देखो पढम (पि १९०)।

पद देखो पय = पद (भग; स्वप्न १५; हे ४, २७०; पण्ह २, १; नाट—शकु ८१)।

पदअ सक [गम्] जाना, गमन करना। पदअइ (हे ४, १६२)। पदअंति (कुमा)।

पदंसिअ वि [प्रदर्शित] दिखलाया हुआ, बतलाया हुआ (श्रा ३०)।

पदक्खिण वि [प्रदक्षिण] १ जिसने दक्षिण की तरफ से लेकर मण्डलाकार भ्रमण किया हो वह। २ न. दक्षिणावर्त्त भ्रमण; 'पदक्खिणीकरअंतो भट्टारं' (प्रयौ ३५)। देखो पदाहिण।

पदक्खिण सक [प्रदक्षिणय्] प्रदक्षिणा करना, दक्षिण से लेकर मण्डलाकार भ्रमण करना। हेकृ. पदक्खिणेउं (पउम ४८, १११)।

पदक्खिणा स्त्री [प्रदक्षिणा] दक्षिण की ओर से मण्डलाकार भ्रमण (नाट—चैत ३८)।

पदण न [पदन] प्रत्यायन, प्रतीति कराना (उप ८८३)।

पदण (शौ) न [पतन] गिरना (नाट—मालती ३७)।

पदम (शौ) देखो पउम (नाट—मृच्छ १३९)।

पदय देखो पयय = पदग, पदक, पतग, पतंग (इक)।

पदरिसिय देखो पदंसिअ (भवि)।

पदहण न [प्रदहन] संताप, गरमी (कुमा)।

पदाइ वि [प्रदायिन्] देनेवाला (नाट—विक्र ८)।

पदाण न [प्रदान] दान, वितरण (औप; अभि ४५)।

पदादि (शौ) पुं [पदाति] पैदल चलनेवाला सैनिक (प्रयौ १७; नाट—वेणी ६६)।

पदायग वि [प्रदायक] देनेवाला (विसे ३२००)।

पदाव देखो पयाव (गा ३२६)।

पदाहिण वि [प्रदक्षिण] प्रकृष्ट दक्षिण, प्रकर्ष से दक्षिण दिशा में स्थित (जीव ३)। देखो पदक्खिण।

पदिकिदि (शौ) देखो पडिकिदि (मा १०; नाट—विक्र २१)।

पदित्त देखो पलित्त (राज)।

पदिस° स्त्री [प्रदिश्] विदिशा, ईशान आदि कोण; 'तसंति पाणा पदिसो दिसासु य' (आचा)।

पदिस्सा देखो पदेक्ख।

पदीव सक [प्र + दीपय्] १ जलाना। २ प्रकाश करना। पदीवेसि (पि २४४)। वकृ पदीवेंत (पउम १०२, १०)।

पदीव देखो पईव = प्रदीप (नाट—मृच्छ ३०)।

पदीविआ स्त्री [प्रदीपिका] छोटा दिया (नाट—मृच्छ ५१)।

पदुग्ग पुंन [प्रदुर्ग] कोट, किला (आचा, २, १०, २)।

पदुट्ठ वि [प्रद्विष्ट, प्रदुष्ट] विशेष द्वेष को प्राप्त (उत्त ३२; बृह ३)।

पदुब्भेइय न [पदोद्भेदक] पद-विभाग और शब्दार्थ मात्र का पारायण (राज)।

पदूमिय वि [प्रदावित, प्रदून] अत्यन्त पीड़ित (बृह ३)।

पदूस सक [प्र + द्विष्] द्वेष करना। पदूसंति (पंचा २, ३५)।

पदूसणया स्त्री [प्रद्वेषणा, प्रदूषणा] द्वेष, मात्सर्य (उप ४८९)।

पदेक्ख सक [प्र + दृश्] प्रकर्ष से देखना। पदेक्खइ (भवि)। संकृ. 'पदिस्सा य दिस्सा वयमाणा' (भग १८, ८; पि ३३४)।

पदेस देखो पएस = प्रदेश (भग)।

पदेस पुं [प्रद्वेष] द्वेष (धर्मसं ९७)।

पदेसिअ वि [प्रदेशित] प्ररूपित, प्रतिपादित (आचा)।

पदोस देखो पओस = दे, प्रद्वेष (अंत १३; निचू १)।

पदोस देखो पओस = प्रदोष (राज)।

पद्द न [दे] १ ग्राम-स्थान (दे ६, १)। २ छोटा गाँव (पाअ)।

पद्द न [पद्य] श्लोक, वृत्त, काव्य (प्राकृ २१)।

पद्देस देखो पदेस = प्रद्वेष (सूअ १, १६, ३)।

पद्धइ स्त्री [पद्धति] १ मार्ग, रास्ता (सुपा १८६)। २ पंक्ति, श्रेणी (ठा २, ४)। ३ परिपाटी, क्रम (आवम)। ४ प्रक्रिया, प्रकरण (वज्जा २)।

पद्धंस पुं [प्रध्वंस] ध्वंस, नाश। °भाव पुं [°भाव] अभाव-विशेष, वस्तु के नाश होने पर उसका जो अभाव होता है वह (विसे १८३७)।

पद्धर वि [दे] ऋजु, सरल, सीधा (दे ६, १०)। २ शीघ्र; गुजराती में 'पाधरुं'; 'पद्धरपएहिं सुङ्डे पचारेइ' (सिरि ४३५)।

पद्धल वि [दे] दोनों पार्श्वों में अप्रवृत्त (षड्)।

पद्धार वि [दे] जिसका पूँछ कट गया हो वह, पूँछ-कटा (दे ६, १३)।

पधाइय देखो पधाविय (भवि)।

पधाण देखो पहाण (नाट—मृच्छ २०५)।

पधार देखो पहार = प्र + धारय्। भूका. पधारेत्थ (औप; णाया १, २—पत्र ८८)।

पधाव सक [प्र + धाव्] दौड़ना, अधिक वेग से जाना। संकृ. पधाविअ (नाट)।

पधावण न [प्रधावन] १ दौड़, वेग से गमन। २ कार्य की शीघ्र सिद्धि (श्रा १)। ३ प्रक्षालन (धर्मसं १०७८)।

पधाविअ वि [प्रधावित] १ दौड़ा हुआ (महा; पण्ह १, ४)। २ गति-रहित (राज)।

पधाविर वि [प्रधावितृ] दौड़नेवाला (श्रा २८)।

पधूवण न [प्रधूपन] १ धूप देना। २ एक प्रकार का आलेपन द्रव्य (कस)।

पधूविय वि [प्रधूपित] जिसको धूप दिया गया हो वह (राज)।

पधोअ सक [प्र + धाव्] धोना। संकृ. पधोइत्ता (आचा २, १, ६, ३)।

पधोअ वि [प्रधौत] धोया हुआ (औप)।

पधोव सक [प्र + धाव्] धोना। पधोवेंति (पि ४८२)।

पन देखो पंच । °**र**, °**रस** त्रि. ब. [°दशन्] पनरह, दस और पाँच, १५ (कम्म १; ४, ५२, ६८; जी २५)।

पनय (पै. चूपै) देखो **पणय** = प्रणय (हे ४, ३२६)।

पन्न देखो **पण्ण** = पर्ण (सुपा ३३६; कुप्र ४०८)।

पन्न देखो पण्ण = दे (भग; कम्म ४, ५४)।

पन्न देखो पण्ण = प्रज्ञ (आचा; कुप्र ४०८)।

पन्न वि [प्राज्ञ] १ पंडित, जानकार, विद्वान् (ठा ७; उप १५१; धर्मसं ४५२)। २ वि. प्रज्ञ-संबन्धी (सूअ २, १, ५६)।

पन्न देखो पंच । °**र**, °**रस** त्रि. ब. [°दशन्] पनरह, १५ (दं २२; सम २६; भग; सण)। °**रस**, °**रसम** वि [°दश] पनरहवाँ, १५ वाँ (सुर १५, २५०; पउम १५, १००)। °**रसी** स्त्री [°दशी] १ पनरहवीं। २ पनरहवीं तिथि (कप्प)।

पन्न देखो **पणिअ** = पण्य (उप १०३१ टी)।

पन्नंगणा स्त्री [पण्याङ्गना] वेश्या, वाराङ्गना (उप १०३१ टी)।

पन्नग देखो **पण्णग** = पन्नग (विपा १, ७; सुर २, २३८)।

पन्नट्ठि देखो **पण्णट्ठि** (कप्प)।

पन्नत्त देखो **पण्णत्त** (णाया १, १; भग; सम १)।

पन्नत्तरि स्त्री [पञ्चसप्तति] पचहत्तर, ७५ (सम ८५; ति ३)।

पन्नत्ति देखो **पण्णत्ति** (सुपा १५३; संति ५; महा)। ५ प्रकृष्ट ज्ञान। जिससे प्ररूपण किया जाय वह (तंदु ५४)। ७ पाँचवाँ अंग-ग्रन्थ, भगवतीसूत्र (श्रावक ३३३)।

पन्नत्तु वि [प्रज्ञापयितृ] आख्याता, प्रतिपादक (पि ३६०)।

पन्नपत्तिया स्त्री [प्रज्ञप्रत्यया] देखो **पुन्नपत्तिया** (कप्प)।

पन्नपन्नइम देखो **पणपन्नइम** (पि ४४६)।

पन्नय देखो **पण्णग** (पाअ)। °**रिउ** पुं [°रिपु] गरुड़ पक्षी (पाअ)।

पन्नया स्त्री [पन्नगा] भगवान् धर्मनाथजी की शासन-देवी (संति १०)।

६८

पन्नव देखो **पण्णव**। पन्नवेइ (उव)। कर्म. पन्नविज्जइ (उव)। वकृ. **पन्नवयंत** (सम्म १३४)। संकृ. **पन्नवेऊणं** (पि ५८५)।

पन्नवग वि [प्रज्ञापक] प्रतिपादक, प्ररूपक (कम्म ५, ८५ टी)।

पन्नवण देखो **पण्णवण** (सुपा २६६)।

पन्नवणा देखो **पण्णवणा** (भग; पएण १; ठा ३, ४)।

पन्नवय देखो **पण्णवग** (सम्म १६)।

पन्नवयंत देखो **पन्नव**।

पन्ना देखो **पण्णा** = प्रज्ञा (आचा; ठा ४, १; १०)।

पन्ना देखो **पण्णा** = दे (पव ५०)।

पन्नाड सक [मृद्] मर्दन करना। पन्नाडइ (हे ४, १२६)।

पन्नाडिअ वि [मृदित] जिनका मर्दन किया गया हो वह (पाअ; कुमा)।

पन्नाण देखो **पण्णाण** (आचा; पि ६०१)।

पन्नारस (अप) त्रि. ब. [पञ्चदशन्] पनरह, १५ (भवि)।

पन्नास देखो **पण्णास** (सम ७०; कुमा)। स्त्री. °**सा** (कप्प)। °**इम** वि [°तम] पचासवाँ, ५० वाँ; (पउम ५०, २३)।

पन्ह देखो **पण्ह** (कप्प)।

पन्हु (अप) देखो **पण्हुअ** = दे. प्रस्नव (भवि)।

पपंच देखो **पवंच** (सुपा २३५)।

पपलीण वि [प्रपलायित] भागा हुआ (पि ३४६; ३६७; नाट—मृच्छ ५८)।

पपिआमह पुं [प्रपितामह] १ ब्रह्मा, विधाता (राज)। २ पितामह का पिता, परदादा (धर्मसं १४६)।

पपुत्त पुं [प्रपुत्र] पौत्र, पुत्र का पुत्र, पोता (सुपा ४०७)।

पपुत्त } **पपोत्त** } पुं [प्रपौत्र] पौत्र का पुत्र; पोते का पुत्र, परपोता (विसे ८६२; राज)।

पप्प सक [प्र + आप्] प्राप्त करना। पप्पोइ, पप्पोति (पि ५०४; उत्त १४, १४)। पप्पोदि (शौ) (पि ५०४)। संकृ. **पप्प** (पएण १७; ओघ ५५; विसे ५५१)। कृ. पप्प (विसे २६८७)।

पप्पग न [दे. पर्पक] वनस्पति-विशेष (सूअ २, २, ६)।

पप्पड } **पप्पडग** } पुंस्त्री [पर्पट] १ पापड़, मूँग या उड़द की बहुत पतली एक प्रकार की रोटी (पव ३७; भवि)। २ पापड़ के आकारवाला शुष्क मृत्खण्ड (निचू १)। °**पायय** पुं [°पाचक] नरकावास-विशेष (देवेन्द्र ३०)। °**मोदय** पुं [°मोदक] एक प्रकार की मिष्ट वस्तु (पएण १७—पत्र ५३३)।

पप्पडिया स्त्री [पर्पटिका] तिल आदि की बनी हुई एक प्रकार की खाद्य वस्तु (पएण १; पिंड ५५०)।

पप्पल देखो **पप्पड** (नाट—विक्र २१)।

पप्पीअ पुं [दे] चातक पक्षी, पपीहा या पपीहरा (दे ६, १२)।

पप्पुअ वि [प्रप्लुत] १ जलार्द्र, पानी से भीजा हुआ (पण्ह १, १; णाया १, ८)। २ व्याप्त; 'घयपप्पुयवंजणाइं च' (पव ४ टी)। ३ न. कूदना, लाँघना (गउड १२८)।

पप्पोइ } **पप्पोति** } देखो **पप्प**।

पप्फंदण न [प्रस्पन्दन] प्रचलन, फरकना (राज)।

पप्फाड पुं [दे] अग्नि-विशेष (दे ६, ६)।

पप्फिडिअ वि [दे] प्रतिफलित (दे ६, २२)।

पप्फुअ वि [दे] १ दीर्घ, लम्बा। २ उड्डीयमान, उड़ता (दे ६, ६४)।

पप्फुट्ट अक [प्र + स्फुट्] १ खिलना। २ फूटना। पप्फुट्टइ (प्राकृ ७४)।

पप्फुडिअ पुं [प्रस्फुटित] नरकावास-विशेष (देवेन्द्र २६)।

पप्फुय देखो **पप्पुअ**; 'बाहपप्फुयच्छो' (सुख २, २६)।

पप्फुर अक [प्र + स्फुर्] १ फरकना, हिलना। २ काँपना। पप्फुरइ (से १५, ७७; गा ६४७)।

पप्फुरिअ वि [प्रस्फुरित] फरका हुआ (दे ६, १६)।

पप्फुल्ल अक [प्र + फुल्ल्] विकसना। वकृ. पप्फुल्लंत (रंभा)।

पप्फुल्ल वि [प्रफुल्ल] विकसित, खिला हुआ (णाया १, १३; उप पृ ११४; पउम ३, ६६; सुर २, ७६; षड्; गा ६३६; ६७०);

'इग्र भणिएण णग्रंगी पप्फुल्लविलोग्रणा जाग्रा' (काप्र १६१)।

पप्फुल्लिअ वि [प्रफुल्लित] ऊपर देखो (सम्मत्त १८६; भवि)।

पप्फुल्लिआ स्त्री [प्रफुल्लिका] देखो उप्फुल्लिआ (गा १६६ ग्र)।

पप्फुसिय न [प्रस्पृष्ट] उत्तम स्पर्श (राय १८)।

पप्फोड देखो पप्फुट्ट। पप्फोडइ, फप्फोडए (धात्वा १४३)।

पप्फोड सक [प्र + स्फोटय्] १ झाड़ना, झाड़कर गिराना। २ ग्रास्फालन करना। ३ प्रक्षेपण करना। पप्फोडइ (गा ४३३)। पप्फोडे (उत्त २६, २४) वकृ. **पप्फोडंत, पप्फोडयंत, पप्फोडेमाण** (गा १४५, पि ४९१; ठा ६)। संकृ. 'पप्फोडेऊण सेसयं कम्मं' (ग्राउ ६७)।

पप्फोडण न [प्रस्फोटन] १ झाड़ना, प्रकृष्ट धूनन (ग्रोघ भा १६३)। २ ग्रास्फोटन, ग्रास्फालन (पण्ह २, ५—पत्र १४८; पिंड २६३))

पप्फोडणा स्त्री [प्रस्फोटना] ऊपर देखो (ग्रोघ २६६; उत्त २६, २६)।

पप्फोडिअ वि [दे. प्रस्फोटित] निर्झाटित, झाड़ कर गिराया हुग्रा (दे ६, २७, पाग्र); 'पप्फोडिग्रमोहजालस्स' (पडि)। २ फोड़ा हुग्रा, तोड़ा हुग्रा; 'पप्फोडिग्रसउणिग्रंडगं व ते हुंति निस्सारा' (संबोध १७)।

पप्फोडेमाण देखो पप्फोड = प्र + स्फोटय्।

पफुल्ल देखो पप्फुल्ल (षड्)।

पफुल्लिअ देखो पप्फुल्लिअ (हे ४, ३९६; पिंग)।

पबंध सक [प्र + बन्ध्] प्रबन्ध रूप से कहना, विस्तार से कहना। पबंधिजा (दस ५, २, ८)।

पबंध पुं [प्रबन्ध] १ सन्दर्भ, ग्रन्थ, परस्पर ग्रन्वित वाक्य-समूह (रंभा ८)। २ ग्रविच्छेद, निरन्तरता (उत्त ११, ७)।

पुंडरिय देखो **पुंडरीअ** = पुण्डरीक, पौण्डरीक (उव; काल; पि ३५४)।

पुंडरीअ पुं [पुण्डरीक] १ ग्यारह रुद्र पुरुषों में सातवाँ रुद्र (विचार ४७३)। २ एक राजा, महापद्म राजा का एक पुत्र (कुप्र २६५; णाया १, १९)। ३ व्याघ्र, शार्दूल (पाअ)। ४ पुंन. तप-विशेष (पव २७१)। ५ श्वेत पद्म, सफेद कमल (सूअनि १४५)। ६ कमल, पद्म; 'अंबुरुहं सयवत्तं सरोरुहं पुंडरीअमरविंदं' (पाअ; सम १; कप्प)। ६ देव-विमान विशेष (सम ३५)। ७ वि. श्वेत, सफेद (संग १३२)। °**गुम्म** न [°गुल्म] देव-विमान-विशेष (सम ३५)। °**दह**, °**द्दह** पुं [°द्रह] शिखरी पर्वत पर का एक महा-ह्रद (ठा २, ३; सम १०४)।

पुंडरीअ वि [पौण्डरीक] १ श्वेत पद्म का, श्वेत-पद्म-संबन्धी (सूअनि १४५)। २ प्रधान, मुख्य। ३ कान्त, श्रेष्ठ, उत्तम (सूअनि १४७; १४८)। ४ न. सूत्रकृतांग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कन्ध का पहला अध्ययन (सूअनि १५७)। देखो **पोंडरीग**।

पुंडरीया स्त्री [पुण्डरीका] देखो **पोंडरी** (राज)।

पुंडेअ [दे] जाओ (दे ६, ५२)।

पुंढ देखो **पुंड** (उप ७६५)।

पुंढ पुं [दे] गर्त, गड्हा, गढा (दे ६, ५२)।

पुंनाग पुं [पुन्नाग] १ वृक्ष-विशेष, पुष्प-प्रधान एक वृक्ष-जाति, पुन्नाग, पुलाक, सुलतान चम्पक, पाटल का गाछ (उप पृ १८; ७६८ टी; सम्मत्त १७५)। २ श्रेष्ठ पुरुष, उत्तम मर्द (धम्म १२ टी; सम्मत्त १७५)। **देखो पुन्नाम**।

पुंपुअ पुं [दे] संगम (दे ६, ५२)।

पुंभ पुंन [दे] नीरस, दाड़िम का छिलका (?); 'मग्गइ अलत्तयं जा निपीलियं पुंभमप्पए ताव' (धर्मवि ६७); ['अलत्तए मग्गिए नीरसं पणामेइ' (महा ५६)]।

पुंवउ पुंन [पुंवचस्] व्याकरणोक्त संस्कार-युक्त शब्द-विशेष, पुंलिंग शब्द (पण्ण ११—पत्र ३६३)।

पुंवेय पुं [पुंवेद] १ पुरुष को स्त्री-स्पर्श का अभिलाष। २ उसका कारण-भूत कर्म (पि ४१२)।

पुंस सक [पुंस्, मृज्] मार्जन करना, पोंछना। पुंसइ (हे ४, १०५)।

पुंस° देखो **पुं°**। °**कोइल**, °**कोइलग** पुं [°कोकिल] मरदाना कोयल, पिक (ठा १०—पत्र ५६६; पि ४१२)।

पुंसण न [पुंसन] मार्जन (कुमा)।

पुंसद्द पुं [पुंशब्द] 'पुरुष' ऐसा नाम (कुमा)।

पुंसली स्त्री [पुंश्चली] कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री (वज्जा ६८; धर्मवि १३७)।

पुंसिअ वि [पुंसित] पोंछा हुआ (दे १, ६६)।

पुक्क } सक [पूत्+कृ] पुकारना, डाँकना,
पुक्कर } आह्वान करना। पुक्करेइ (धम्म ११ टी)। वकृ. **पुक्कंत, पुक्करंत** (पण्ह १, ३—पत्र ४५; श्रा १२)। देखो **पोक्क**।

पुक्करिय वि [पूत्कृत] पुकारा हुआ (सुपा ३८१)।

पुक्कल देखो **पुक्खल** (पण्ह २, ५—पत्र १५१)।

पुक्का स्त्री. देखो **पुक्कार** = पूत्कार (पाअ; सुपा ५१७)।

पुक्कार देखो **पुक्कर**। पुक्कारेंति (राय)। वकृ. **पुक्कारंत, पुक्कारिंत, पुक्कारेमाण** (सुपा ४१५; ३८१; २४८; णाया १, १८)।

पुक्कार पुं [पूत्कार] पुकार, डाँक, आह्वान (सुपा ५१७; महा; सण)।

पुक्खर देखो **पोक्खर** = पुष्कर (कप्प; महा; पि १२५)। °**कण्णिया** स्त्री [°कर्णिका]

पद्म का बीज-कोश, कमल का मध्य भाग (ग्रौप)। °क्ख पुं [°क्ष] १ विष्णु, श्रीकृष्ण। २ कश्मीर के एक राजा का नाम (मुद्रा २४२)। °गय न [°गत] वाद्य-विशेष का ज्ञान, कला-विशेष (ग्रौप)। °द्ध न [°र्ध] पुष्करवर नामक द्वीप का ग्राधा हिस्सा (सुज्ज १९)। °वर पुं [°वर] द्वीप-विशेष (ठा २, ३; पडि)। °संवट्टग देखो पुक्खल-संवट्टय (राज)। °वित्त देखो पुक्खलावट्टय (राज)।

पुक्खरिणी देखो पोक्खरिणी (सूग्र २, १, २, ३; ग्रौप; पाग्र)।

पुक्खरोअ } पुं [पुष्करोद] समुद्र-विशेष
पुक्खरोद } (इक; ठा ३,१;७; सुज्ज १९)।

पुक्खल पुं [पुष्कर] एक विजय, प्रान्त-विशेष, जिसकी मुख्य नगरी का नाम ग्रोषधि है (इक)। २ पद्म, कमल; 'भिसभिसमुणाल-पुक्खलत्ताए' (सूग्र २, ३, १८)। ३ पद्म-केसर (ग्राचा २, १, ८—सूत्र ४७)। °विभंग न [°विभङ्ग] पद्म-कन्द (ग्राचा २, १, ८—सूत्र ४७)। °संवट्ट, °संवट्टय पुं [°संवर्त, °क] मेघ-विशेष, जिसके बरसने से दस हजार वर्ष तक पृथिवी वासित रहती है (उर २, ९; ठा ४, ४—पत्र २७०)। देखो पुक्खर।

पुक्खल पुं [पुष्कल] १ एक विजय, प्रदेश-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)। २ ग्रनार्य देश-विशेष। ३ पुंस्त्री. उस देश में उत्पन्न, उसमें रहनेवाला; 'सिघलीहिं पुलिंदिहिं पुक्खलीहिं (?)' (भग ९, ३३—पत्र ४५७), ['सिंहलीहिं पुलिंदीहिं पक्कणीहिं (?)' (भग ९, ३३ टी—पत्र ४६०)]। ४ वि. ग्रत्यन्त, प्रभूत (कुप्र ४१०)। ५ संपूर्ण, परिपूर्ण (सूग्र २, १, १)।

पुक्खलच्छिभग } पुंन [दे] जलरुह-विशेष,
पुच्छलच्छिभय } जल में होनेवाली वनस्पति-विशेष (सूग्र २, ३, १८; १९)। देखो पोक्खलच्छिलय।

पुक्खलावई स्त्री [पुष्करावती, पुष्कलावती] महाविदेह वर्ष का विजय—प्रान्त-विशेष (ठा २, ३; इक; महा)। °कूड पुंन [°कूट] एक-शैल पर्वत का एक शिखर (इक)।

पुक्खलावट्टय पुं [पुष्करावर्तक, पुष्कलावर्तक] मेघ-विशेष; 'पुक्खल (?ला) वट्टए एं महामेहे एगेणं वासेणं दस वाससहस्साइं भावेति' (ठा ४, ४)।

पुक्खलावत्त पुं [पुष्करावर्त, पुष्कलावर्त] महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रान्त (जं ४)। °कूड पुं [°कूट] एकशैल पर्वत का एक शिखर (इक)।

पुगारिया स्त्री [दे] वस्त्रादि खादक जंतु-विशेष (सूत्र० चू० गा० २८२)।

पुग्ग पुंन [दे] वाद्य-विशेष, 'सो पुरम्मि पुग्गाइं वाएइ' (कुप्र ४०३)।

पुग्गल पुं [पुद्गल] १ वृक्ष-विशेष। २ न. फल-विशेष। ३ माँस (दस ५, १, ७३)।

पुग्गल देखो पोग्गल (सिक्खा १५; नव ४२; पि १२५)। °परट्ट, °परावत्त पुं [°परावर्त] देखो पोग्गल-परिअट्ट (कम्म ५, ८६; वै. ५०; सिक्खा ८)।

पुच्छड देखो पोच्छड; 'सेयमलपुव्व (? च्च) डम्मी' (तंदु ४०)।

पुच्छ सक [प्रच्छ्] पूछना, प्रश्न करना। पुच्छइ (हे ४, ९७)। भूका. पुच्छिंसु, पुच्छीग्र, पुच्छे (पि ५१६; कुमा; भग)। कर्म. पुच्छिज्जइ (भवि)। वकृ. पुच्छंत (गा ४७; ३५७; कुमा)। कवकृ. पुच्छिज्जंत (गा ३४७; सुर ३, १५१)। संकृ. पुच्छित्ता (भग)। हेकृ. पुच्छिउं, पुच्छित्तए (पि ५७३; भग)। कृ. पुच्छणिज्ज, पुच्छणीअ, पुच्छियव्व, पुच्छेयव्व (श्रा १४, पि ५७१; उप ८६४; कप्प)।

पुच्छ देखो पुंछ = प्र + उञ्छ्। पुच्छइ (षड्)।

पुच्छ देखो पुंछ = पुच्छ (कप्प)।

पुच्छअ } वि [प्रच्छक] पूछनेवाला,
पुच्छग } प्रश्न-कर्ता (ग्रोघभा २८; सुर १०, ६५)। स्त्री. °च्छिआ (ग्रभि १२५)।

पुच्छण न [प्रच्छन, प्रश्न] पृच्छा (सूग्रनि ११३; धर्मवि ८; श्रावक ९३ टी)।

पुच्छणया } स्त्री [प्रच्छना] ऊपर देखो
पुच्छणा } (उप ४९६, ग्रौप)।

पुच्छणी स्त्री [प्रच्छनी] प्रश्न की भाषा (ठा ४, १—पत्र १८२)।

पुच्छल (ग्रप) देखो पुट्ठ = पृष्ट (पिंग)।

पुच्छा स्त्री [पृच्छा] प्रश्न (उवा; सुर ३, ३५)।

पुच्छिअ वि [पृष्ट] पूछा हुआ (ग्रौप; कुमा; भग; कप्प; सुर २, १६८)।

पुच्छिर वि [प्रष्टृ] प्रश्न-कर्ता (गा ५९८)।

पुछल देखो पुच्छल (पिंग)।

पुज्ज सक [पूजय्] पूजना, ग्रादर करना। पुज्जइ (कुप्र ४२३; भवि)। कर्म. पुज्जिज्जइ (भवि)। वकृ. पुज्जंत (कुप्र १२१)। कवकृ. पुज्जिज्जंत (भवि)। संकृ. पुज्जिउं, पुज्जिऊण (कुप्र १०२, भवि)। कृ. पुज्जिअव्व (ती ७)। प्रयो. पुज्जावइ (भवि)।

पुज्ज देखो पूज = पूजय्।

पुज्जंत देखो पुज्ज=पूजय्।

पुज्जंत देखो पूर = पूरय्।

पुज्जण न [पूजन] पूजा, ग्रर्चा (कुप्र १२१)।

पुज्जमाण देखो पूर = पूरय्।

पुज्जा स्त्री [पूजा] पूजा, ग्रर्चा (उप पृ २४२)।

पुज्जिय वि [पूजित] सेवित, ग्रर्चित (भवि)।

पुट्ट सक [प्र + उञ्छ्] पोंछना। पुट्टइ (प्राकृ ६७)।

पुट्ट न [दे] पेट, उदर (श्रा २८; मोह ४१; पव १३५; सम्मत्त २२६; सिरि २४२; सरण)।

पुट्टल } पुंन [दे] गट्ठर, गाँठ; गुजराती
पुट्टलय } में 'पोटलु'; 'संबलपुट्टलयं च गहियं' (सम्मत्त ६१)।

पुट्टलिया स्त्री [दे] छोटी गठरी, पोटली, मोटरी (सुपा ४३; ३४४)।

पुट्टिल पुं [पोट्टिल] १ भगवान् महावीर का एक शिष्य, जो भविष्य में तीर्थंकर होनेवाला है (विचार ४७८)। २ एक ग्रनुत्तर-देवलोक-गामी जैन महर्षि (ग्रनु २)।

पुट्ठ वि [स्पृष्ट] १ छुग्रा हुग्रा (भग; ग्रौप; हे १, १३१)। २ न. स्पर्श (ठा २, १, नव १८)।

पुट्ठ वि [पृष्ट] १ पूछा हुग्रा (ग्रौप; सण; हे २, ३४)। २ न. प्रश्न (ठा २, १)। °लाभिय वि [°लाभिक] ग्रभिग्रह-विशेष-वाला (मुनि) (ग्रौप; पण्ह २, १)। °सेणियापरिकम्म पुंन [°श्रेणिकापरिकर्मन्] दृष्टिवाद का एक प्रतिपाद्य विषय (सम १२८)।

पुट्ठ वि [पुष्ट] उपचित (णाया १, ३; स ४१६)।

पुट्ठ देखो पिट्ठ = पृष्ठ (प्राप्र; संक्षि १६)।

पुट्ठव वि [स्पृष्टवत्] जिसने स्पर्श किया हो वह (आचा १, ७, ८, ८)।

पुट्ठवई देखो पोट्ठवई (सुज्ज १०, ६)।

पुट्ठवया स्त्री [प्रोष्ठपदा] नक्षत्र-विशेष (सुज्ज १०, ५)।

पुट्ठि स्त्री [पुष्टि] पोषण, उपचय (विसे २२१; चेइय ८)। २ अहिंसा, दया (पण्ह २, १—पत्र ९९)। °म वि [°मत्] १ पुष्टिवाला। २ पुं. भगवान् महावीर का एक शिष्य (अनु)।

पुट्ठि देखो पिट्ठि = पृष्ठ; 'पाअपडिअस्स पइणो पुट्ठि पुत्ते समारुहंतम्मि' (गा ११; ३३, ८७; प्राप्र; संक्षि १६)।

पुट्ठि स्त्री [पृष्टि] पृच्छा, प्रश्न। °य वि [°ज] प्रश्न-जनित (ठा २, १—पत्र ४०)।

पुट्ठि स्त्री [स्पृष्टि] स्पर्श। °य वि [°ज] स्पर्श-जनित (ठा २, १)।

पुट्ठिया स्त्री [पृष्टिका] प्रश्न से होनेवाली क्रिया—कर्मबन्ध (ठा २, १)।

पुट्ठिया स्त्री [स्पृष्टिका] स्पर्श से होनेवाली क्रिया—कर्मबन्ध (ठा २, १)।

पुट्टिल देखो पोट्टिल (अनु २)।

पुट्ठीया स्त्री [स्पृष्टीया] देखो पुट्ठिया = स्पृष्टिका (नव १८)।

पुट्ठीया स्त्री [पृष्टीया] पृच्छा से होनेवाली क्रिया—कर्मबन्ध (नव १८)।

पुड पुं [पुट] १ परिमाण-विशेष। २ पुट-परिमित वस्तु (राय ३४)।

पुड पुंन [पुट] १ मिथः संबन्ध, परस्पर जोड़ान, मिलाव, मिलान; 'अंजलिपुड—', 'ताहे करयलपुडेण णीओ सो' (औप; महा)। २ खाल, ढोल आदि का चमड़ा; 'हुरुब्भपुड-संठाणसंठिया' (उवा ६४ टी; गउड ११६७; कुमा)। ३ संबद्ध दलद्वय, मिला हुआ दो दल; 'सिप्पपुडसंठिया' (उवा; गउड ५७६)। ४ ओषधि पकाने का पात्र-विशेष (णाया १, १३)। ५ पत्रादि-रचित पात्र, दोना (रंभा)। ६ आच्छादन, ढक्कन (उवा; गउड)। ७ कमल, पद्म; 'पुडइणी' (विक्र २३)। °भेयण न [°भेदन] नगर, शहर (कस)। °वाय पुं [°पाक] १ पुट-पात्रों से ओषधि का पाक-विशेष। २ पाक-निष्पन्न औषध-विशेष; 'पुढ (? ड) वाएहिं' (णाया १, १३—पत्र १८१)।

पुड (शौ) देखो पुत्त = पुत्र (पि २९२; प्राप्र)।

पुडइअ वि [दे] पिण्डीकृत, एकत्रित (दे ६, ५४)।

पुडइणी स्त्री [दे. पुटकिनी] नलिनी, कमलिनी (दे ६, ५५; विक्र २३)।

पुडग पुंन [पुटक] देखो पुट = पुट (उवा)।

पुडपुडी स्त्री [दे] मुँह से सीटी बजाना, एक प्रकार की अव्यक्त आवाज (पव ३८)।

पुडम देखो पुढम (प्रति ७१; पि १०४)।

पुडय देखो पुडग (उवा; सुपा ६५६)।

पुडिंग न [दे] मुँह, वदन। २ बिन्दु (दे ६, ८०)।

पुडिया स्त्री [पुटिका] पुड़ी, पुड़िया (दे ५, १२)।

पुड्ड (शौ) देखो पुत्त = पुत्र (प्राप्र)।

पुढं देखो पिहं (षड्)।

पुढम वि [प्रथम] पहला (हे १, ५५; कुमा; स्वप्न २३१)।

पुढवि° देखो पुढवी (आचानि १, १, २; भग १९, ३; पि ६७)। °काइय, °क्काइय वि [°कायिक] पृथिवी शरीरवाला (जीव), (पण्ण १; भग १९, ३; ठा १; आचानि १, १, २)। °काय देखो पुढवी-काय (आचानि १, १, २)।

पुढवी स्त्री [पृथिवी] १ पृथिवी, धरती, भूमि (हे १, ८८; १३१; ठा ३, ४)। २ काठिन्यादि गुणवाला पदार्थ, द्रव्य-विशेष—मृत्तिका पाषाण, धातु आदि (पण्ण १)। ३ पृथिवीकाय का जीव (जी २)। ४ ईशानेन्द्र के एक लोकपाल की अग्र-महिषी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ५ एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६)। ६ भगवान् सुपार्श्वनाथ की माता का नाम (राज)। °काइय देखो पुढवि-काइय (राज)। °काय वि [°काय] पृथिवी शरीरवाला (जीव), (आचानि १, १, २)। °वइ पुं [°पति] राजा (ठा ७)। °सत्थ न [°शस्त्र] १ पृथिवी रूप शस्त्र। २ पृथिवी का शस्त्र, हल, कुद्दाल आदि (आचा)। देखो पुहई, पुहवी।

पुढीभूय वि [पृथग्भूत] जो अलग हुआ हो (सुपा २३६)।

पुढुम वि [प्रथम] पहला, आद्य (हे १, ५५; कुमा)।

पुढो अ [पृथग्] अलग, भिन्न (सुपा ३६२; रयण ३०; श्रावक ४०; आचा)। °छंद वि [°छन्द] विभिन्न अभिप्रायवाला (आचा; पि ७८)। °जण पुं [°जन] प्राकृत मनुष्य, साधारण लोक (सूअ १, ३, १, ६)। °जिय पुं [°जीव] विभिन्न प्राणी (सूअ १; १, २, ३)। °विमाय, °वेमाय वि [°विमात्र] अनेक प्रकार का, बहुविध (राज; ठा ४, ४—पत्र २८०)।

पुढोजग वि [दे. पृथग्जक] पृथग्भूत, भिन्न व्यवस्थित; 'जमिणं जगती पुढोजगा' (सूअ १, २, १, ४)।

पुढोवम वि [पृथिव्युपम] पृथिवी की तरह सब सहन करनेवाला (सूअ १, ६, २६)।

पुढोसिय वि [पृथिवीश्रित] पृथिवी के आश्रय में रहा हुआ (सूअ १, १२,१३; आचा)।

पुण सक [पू] १ पवित्र करना। २ धान्य आदि को तुषरहित करना, साफ करना। पुणइ (हे ४, २४१)। पुणंति (णाया १, ७)। कर्म. पुणिज्जइ, पुव्वइ (हे ४, २४२)।

पुण अ [पुनर्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ भेद, विशेष (विसे ८११)। २ अवधारण, निश्चय। ३ अधिकार, प्रस्ताव। ४ द्वितीय बार, बारान्तर। ५ पक्षान्तर। ६ समुच्चय (पण्ह २, ३; गउड; कुमा; औप; जी ३७; प्रासू ६, ५२; १६८; स्वप्न ७२; पिंग)। ७ पादपूर्त्ति में भी इसका प्रयोग होता है (निचू १)। °करण न [°करण] फिर से बनाना। २ वि. जिसकी फिर से बनावट की जाय वह; 'भिन्नं संखं न होइ पुणकरणं' (उव)। °ण्णव वि [°नव] फिर से नया बना हुआ, ताजा (उप ७६८ टी; कप्पू)। °पुण अ [°पुनर्] फिर-फिर, बारंबार। °पुणकरण न [°पुनःकरण] फिर फिर बनाना, बारंबार निर्माण (दे १,

३२)। °ब्भव पुं [°भव] फिर से उत्पत्ति, फिर से जन्म-ग्रहण (चेइय ३५७; औप)। °ब्भू स्त्री [°भू] फिर से विवाहित स्त्री, जिसका पुनर्लग्न हुआ हो वह महिला; 'अत्थि पुणब्भूकप्पो त्ति विवाहिया पच्छन्नं' (कुप्र २०८; २०६)। °रवि, °रावि अ [°अपि] फिर भी (उवा; उत्त १०, १६; १६)। °राविति स्त्री [°आवृत्ति] पुनः आवर्तन (पडि)। °रुत्त वि [°उक्त] फिर से कहा हुआ। २ न. पुनरुक्ति (चेइय ५३८)। °वि अ [°अपि] फिर भी (संक्षि १६; प्राकृ ८७)। °व्वसु पुं [°वसु] १ नक्षत्र-विशेष (सम १०; ६६)। २ आठवें वासुदेव के पूर्व जन्म का नाम (सम १५३; पउम २०, १७२)।

पुण (अप) देखो पुण्ण = पुण्य। °मंत वि [°मत्] पुण्यशाली (पिंग)।

पुणअ सक [दृश्] देखना। पुणअइ (धात्वा १४५)।

पुणइ पुं [दे] श्वपच, चाण्डाल (दे ६, ३८)।

पुणण वि [पवन] पवित्र करनेवाला। स्त्री. °णी (कुमा)।

पुणरुत्त } अ. कृत-करण, बारंबार, फिर-फिर;
पुणरुत्तं } 'अइ सुप्पइ पंसुलि णीसहेहिं अंगेहिं पुणरुत्तं' (हे १, १७६; कुमा), 'ण वि तह छेअरआइँवि हरंति पुणरुत्तराअरसिआइं' (गा २७४)।

पुणा
पुणाइ } अ. देखो पुण = पुनर् (पि ३४३; हे १, ६५; कुमा; पउम ६, ६७;
पुणाइं उवा)।

पुणु (अप) देखो पुण = पुनर् (कुमा; पि ३४२)।

पुणो देखो पुण = पुनर् (औप; कुमा; प्राकृ ८७)।

पुणोत्त देखो पुण-रुत्त, पुणरुत्त (प्राकृ ३०)।

पुणोल्ल सक [प्र + नोदय्] १ प्रेरणा करना। २ अत्यन्त दूर करना। पुणोल्लयामो (उत्त १२, ४०)।

पुण्ण पुंन [पुण्य] १ शुभ कर्म, सुकृत (औप; महा; प्रासू ७५; पाअ)। २ दो उपवास, बेला; 'भद्दं पुण्णं (? ण्णं) मुही (? हि)यं छुट्टमत्तस्स एगट्ठा' (संबोध ५८)। ३ वि. पवित्र, 'थाणुपियाजलपुण्णं' (कुमा)। कलसा स्त्री [°कलशा] लाट देश के एक गाँव का नाम (राज)। °घण पुं [°घन] विद्याधरों का एक स्वनाम-ख्यात राजा (पउम ५, ६५)। °मंत, °मंत्त वि [°वत्] पुण्यवाला, भाग्यवान् (हे २, १५६, चंड)। देखो पुन्न = पुण्य।

पुण्ण वि [पूर्ण] १ संपूर्ण, भरपूर, पूरा (औप; भग; उवा)। २ पुं. द्वीपकुमार देवों का दाक्षिणात्य इन्द्र (इक)। ३ इक्षुवर समुद्र का अधिष्ठायक देव (राज)। ४ तिथि-विशेष, पक्ष की पाँचवीं, दसवीं और पनरहवीं तिथि (सुज्ज १०, १५)। ५ पुंन. शिखर-विशेष (इक)। °कलस पुं [°कलश] संपूर्ण घट (जं १)। °घोस पुं [°घोष] ऐरवत वर्ष का एक भावी जिन-देव (सम १५४)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ संपूर्ण चन्द्रमा। २ विद्याधर वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ४४)। °प्पभ पुं [°प्रभ] इक्षुवर द्वीप का अधिपति देव (राज)। °भद्द पुं [°भद्र] १ स्वनाम-ख्यात एक गृह-पति, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पाई थी (अंत)। २ यक्ष-निकाय का एक इन्द्र (४, १)। ३ पुंन. अनेक कूट-शिखरों का नाम (इक)। ४ यक्ष का चैत्य-विशेष (औप; विपा १, १; उवा)। °मासी स्त्री [°मासी] पूर्णिमा तिथि (दे)। °सेण पुं [°सेन] राजा श्रेणिक का पुत्र, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अनु)। देखो पुन्न = पूर्ण।

पुण्णमासिणी स्त्री [पौर्णमासी] तिथि-विशेष, पूर्णिमा (औप; भग)।

पुण्णवत्त न [दे] आनन्द से हृत वस्त्र (दे ६, ५३; पाअ)।

पुण्णा स्त्री [पूर्णा] १ तिथि-विशेष, पक्ष की ५, १० और १५ वीं तिथि (संबोध ५४; सुज्ज १०, १५)। २ पूर्णभद्र और मणिभद्र इन्द्र की एक महादेवी—अग्र-महिषी (इक; णाया २); 'पुण्णभद्दस्स णं जक्खिंदस्स जक्खरण्णो चत्तारि अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ तं जहा—पुत्ता (? ण्णा) बहुपुत्तिआ उत्तमा तारगा, एवं माणिभद्दस्सवि' (ठा ४, १—पत्र २०४)।

पुण्णाग } देखो पुन्नाग (पउम ४३, ३६; से
पुण्णाम } ६, ५६; हे १, १६०; पि २३१)।

पुण्णाली स्त्री [दे] असती, कुलटा, पुंश्चली (दे ६, ५३; षड्)।

पुण्णाह पुंन [पुण्याह] १ पुण्य दिन, शुभ दिवस (गा १६५; गउड)। २ वाद्य-विशेष; 'पुण्णाहतूरेण' (स ४०१; ७३४)।

पुण्णिमसी स्त्री [पूर्णमासी] पूर्णिमा (संबोध ३६)।

पुण्णिमा स्त्री [पूर्णिमा] तिथि-विशेष, पूर्णमासी (काप्र १६४)। °यंद पुं [°चन्द्र] पूर्णिमा का चन्द्र (महा; हेका ४८)।

पुण्णिमासिणी देखो पुण्णमासिणी (सम ६६; श्रा २६; सुज्ज १०, ६)।

पुत्त पुं [पुत्र] लड़का (ठा १०; कुमा, सुपा ६६; ३३४; प्रासू २७; ७७; णाया १, २)। °वई स्त्री [°वती] लड़कावाली स्त्री (सुपा २८१)।

पुत्तंजीवय पुं [पुत्रंजीवक] वृक्ष-विशेष, पुतजीया, जियापोता का पेड़; 'पुत्तंजीवयरिट्ठे' (पण्ण १—पत्र ३१)। २ न. जियापोता का बीज; 'पुत्तंजीवयमालालंकिएणं' (स ३३७)।

पुत्तय पुं [पुत्रक] देखो पुत्त (महा)।

पुत्तरे पुंस्त्री [दे] योनि, उत्पत्ति-स्थान; 'पुत्तरे योनौ' (संक्षि ४७)।

पुत्तलय पुं [पुत्रक] पूतला (सिरि ८६१; ६२; ६४)।

पुत्तलिया } स्त्री [पुत्रिका] शालभञ्जिका, पूतली
पुत्तली } (पाअ; कुम्मा ६; प्रवि १३; सुपा २६६; सिरि ८१५)।

पुत्तह देखो पुत्त (प्राकृ ३५)।

पुत्ताणुपुत्तिय वि [पौत्रानुपुत्रिक] पुत्र-पौत्रादि के योग्य, 'पुत्ताणुपुत्तियं वित्ति कप्पेति' (णाया १, १—पत्र ३७)।

पुत्तिआ स्त्री [पुत्रिका] १ पुत्री, लड़की (अभि १७८)। २ पूतली (दे ६, ६२, कुमा)।

पुत्तिल्ल देखो पुत्त (प्राकृ ३५)।

पुत्ती स्त्री [पुत्री] लड़की (कप्पू)।

पुत्ती स्त्री [पोती] १ वस्त्र-खण्ड, मुख-वस्त्रिका (पव ६०; संबोध ५४)। २ साड़ी, कटी-वस्त्र (धर्मवि १७)। देखो पोत्ती।

पुत्तुल्ल पुं [पुत्र] पुत्र, लड़का (प्राकृ ३५)।

पुत्थ वि [दे] मृदु, कोमल (दे ६, ५२)।

पुत्थ, पुत्थय पुंन [पुस्त, °क] १ लेप्यादि कर्म (श्रा १)। २ पुस्तक, पोथी, किताब; 'पुत्थए लिहावेइ' (कुप्र ३४८), 'अवहरिओ पुत्थओ सहसा' (सम्मत्त ११८)। देखो पोत्थ।

पुथवी देखो पुढवी (चंड)।

पुथुणी, पुथुवी (पै) देखो पुढवी (प्राकृ १२४; पि १९०)। °**नाथ** (पै) पुं [°नाथ] राजा (प्राकृ १२४)।

पुध देखो पिहु = पृथक् (ठा १०)।

पुधं देखो पिधं (हे १, १८८)।

पुधम, पुधुम (पै) देखो पुढम, पुढुम (पि १०४; हे ४, ३१६)।

पुन्न देखो पुण्ण = पुन्य: 'कह मह इत्तियापुन्ना जं सो दीसिज्ज पच्चक्खं' (सुर १२, ११८; उप ७६८टी; कुमा)। °**कंखिअ** वि [°काङ्क्षित, °काङ्क्षिन्] पुण्य की चाहवाला (भग)। °**कलस** पुं [°कलश] एक राजा का नाम (उव ७६८ टी)। °**जसा** स्त्री [°यशस्] एक स्त्री का नाम (उप ७२८ टी)। °**पत्तिया** स्त्री [°प्रत्यया] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °**पिवासय** वि [°पिपासक] पुण्य का प्यासा, पुण्य की चाहवाला (भग)। °**भागि** वि [°भागिन्] पुण्य का भागी, पुण्य-शाली (सुपा ६४१)। °**सम्म** पुं [°शर्मन्] एक ब्राह्मण का नाम (उप ७२८ टी)। °**सार** पुं [°सार] एक स्वनाम-ख्यात श्रेष्ठी (उप ७२८ टी)।

पुन्न देखो पुण्ण = पूर्ण (सुर २, ६७; उप ७६८ टी; ठा २, ३; अनु २)। °**तल्ल** पुं [°तल] एक जैन मुनि-गच्छ (कुप्र ६)। °**पाय** वि [°प्राय] करीब-करीब संपूर्ण, कुछ कम पूर्ण (उप ७२८ टी)। °**भद्द** पुं [°भद्र] १ यक्ष-विशेष (सिरि ६६६)। २ यक्ष-निकाय एक इन्द्र (ठा २, ३)। ३ एक अन्तकृद् मुनि (अंत १८)। ४ एक जैन मुनि, आर्य श्री संभूतविजय का एक शिष्य (कप्प)।

पुन्नयण पुं [पुण्यजन] यक्ष, एक देव-जाति (पाअ)।

पुन्नाग, पुन्नाम, पुन्नाय देखो पुंनाग (कप्प; कुमा; पउम २१, ४९; पाअ)। ३ न. पुन्नाग का फूल (कुमा; हे १, १९०)।

पुन्नालिया, पुन्नाली [दे] देखो पुण्णाली (सुपा ५९६; ५९७)।

पुन्निमा देखो पुण्णिमा (रंभा)।

पुप्पुअ वि [दे] पीन, पुष्ट, उपचित (दे ६, ५२)।

पुप्फ न [पुष्प] १ फूल, कुसुम (णाया १,१; कप्प; सुर ३,६५; कुमा)। २ एक विमानावास, देवविमान-विशेष (देवेन्द्र १३५; सम ३८)। ३ स्त्री का रज। ४ विकास। ५ आँख का एक रोग। ६ कुबेर का विमान (हे १, २३६; २, ५३; ९०, १५४)। °**इरि** पुं [गिरि] एक पर्वत का नाम (पउम ७६, १०)। °**कंत** न [°कान्त] एक देव-विमान; 'पुप्फकंतं' (सम ३८)। °**करंडय** पुं [°करण्डक] हस्तिशीर्ष नगर का एक उद्यान, 'पुप्फकरंडए उज्जाणे' (विपा २, १)। °**केउ** पुं [°केतु] १ ऐरवत क्षेत्र का सातवाँ भावी तीर्थंकर—जिनदेव (सम १५४)। २ ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)। °**ग** न [°क] १ मूल भाग; 'भाणस्स पुप्फगंतो इमेहिं कज्जेहिं पडिलेहे' (ओघ २८९)। २ पुष्प, फूल (कप्प)। ३ देखो नीचे °य (औप)। °**चूला** स्त्री [°चूला] १ भगवान् पार्श्वनाथ की मुख्य शिष्या का नाम (सम १५२; कप्प)। २ एक महासती, अन्निकाचार्य की सुयोग्य शिष्या (पडि)। ३ सुबाहुकुमार की मुख्य पत्नी का नाम (विपा २, १)। °**चूलिया** स्त्री [°चूलिका] एक जैन ग्रन्थ (निर १, ४)। °**च्चणिया** स्त्री [°अर्चनिका] पुष्पों से पूजा (णाया १, २)। °**च्चिणिया** स्त्री [°चायिनी] फूल बिननेवाली स्त्री (पाअ)। °**छज्जिया** स्त्री [°छादिका] पुष्प-पात्र-विशेष (राज)। °**ज्झय** न [°ध्वज] एक देव-विमान (सम ३८)। °**णंदि** पुं [°नन्दिन्] एक राजा का नाम (ठा १०)। °**णालिया** देखो °नालिया (तंदु)। °**दंत** पुं [°दन्त] १ नववाँ जिनदेव, श्री सुविधिनाथ (सम ९२; ठा २, ४)। २ ईशानेन्द्र के हस्ति-सैन्य का अधिपति देव (ठा ५, १; इक)। ३ देव-विशेष (सिरि ६६७)। °**दंती** स्त्री [°दन्ती] दमयन्ती की माता का नाम, एक रानी (कुप्र ४८)। °**नालिया** स्त्री [°नालिका] पुष्प का बेंट—डंठल (तंदु ४)। °**निज्जास** पुं [°निर्यास] पुष्प-रस (जीव ३)। °**पुर** न [°पुर] पाटलिपुत्र, पटना शहर (राज)। °**पूरय** पुं [°पूरक] पुष्प की रचना-विशेष (णाया १, १६)। °**प्पभ** न [°प्रभ] एक देव-विमान (सम ३८)। °**बलि** पुं [°बलि] उपचार, पुष्प-पूजा (पाअ)। °**बाण** पुं [°बाण] कामदेव (रंभा)। °**भद्द** स्त्रीन [°भद्र] नगर-विशेष, पटना शहर (राज)। °**मंत** वि [°वत्] पुष्पवाला (णाया १, १)। °**माल** न [°माल] वैताढ्य की उत्तर श्रेणि का एक नगर (इक)। °**माला** स्त्री [°माला] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)। °**य** पुं [°क] १ फेन, डिण्डीर (पाअ)। २ न. ईशानेन्द्र का एक पारियानिक विमान, देव-विमान-विशेष (ठा ८; इक; पउम ७९, २८; औप)। ३ पुष्प, फूल (कप्प)। ४ ललाट का एक पुष्पाकार आभूषण (जं २)। देखो ऊपर °ग। °**लाई**, °**लावी** स्त्री [°लावी] फूल बिननेवाली स्त्री (पाअ; दे १, ६)। °**लेस** न [°लेश्य] एक देव-विमान (सम ३८)। °**वई** स्त्री [°वती] १ ऋतुमती स्त्री (दे ६, ९४; गा ४८०)। २ सत्पुरुष नामक किंपुरुषेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १; णाया २)। ३ बीसवें जिनदेव की प्रवर्त्तिनी—प्रमुख साध्वी का नाम (सम १५२; पव ९)। ४ चैत्य-विशेष (भग)। °**वण्ण** न [°वर्ण] एक देव-विमान (सम ३८)। °**सिंग** न [°श्रृङ्ग] एक देव-विमान (सम ३८)। °**सिद्ध** न [°सिद्ध] देव-विमान-विशेष (सम ३८)। °**सुय** पुं [°शुक] व्यक्ति-वाचक नाम (उव)। °**ावत्त** न [°ावर्त्त] एक देव-विमान (सम ३८)।

पुप्फस न [दे] फेफसा, शरीर का एक भीतरी अंग (पउम १०५, ५५)।

पुप्फा स्त्री [दे] फूफी, पिता की बहिन (दे ६, ५२)।

पुप्फिअ वि [पुष्पित] कुसुमित, संजात-पुष्प (धर्मवि १४८; कुमा; णाया १, ११; सुपा ५८)।

पुप्फिआ स्त्री [दे] देखो पुप्फा (पात्र)।

पुप्फिआ स्त्री [पुष्पिता] एक जैन आगम-ग्रंथ (निर १, ३)।

पुप्फिम पुंस्त्री [पुष्पत्व] पुष्पपन (हे २, १५४)।

पुप्फी [दे] देखो पुप्फा (षड्)।

पुप्फुआ स्त्री [दे] करीष (गोयठा) का अग्नि, 'सूइज्जइ हेमंतम्मि दुग्गग्रो पुप्फुग्रासुग्रंधेण' (गा ३२६)।

पुप्फुत्तर न [पुष्पोत्तर] एक विमान (कप्प)। °वडिंसग न [°ावतंसक] एक देव-विमान (सम ३८)।

पुप्फुत्तरा } स्त्री [पुष्पोत्तरा] शक्कर की
पुप्फोत्तरा } एक जाति (णाया १, १७—पत्र २२६; पराण १७—पत्र ५३३)।

पुप्फोदय न [पुष्पोदक] पुष्प-रस से मिश्रित जल (णाया १, १—पत्र १६)।

पुप्फोवय } वि [पुष्पोपग] पुष्प प्राप्त
पुप्फोवा° } करनेवाला, फूलनेवाला (वृक्ष) (ठा ३, १—पत्र ११३)।

पुम पुं [पुंस्] १ पुरुष, नर; 'थीग्रपुमाणं विसुज्झंता' (पंच ५, ७२), 'पुमत्तमागम्म कुमार दोवि' (उत्त १४, ३; ठा ८; औप)। २ पुरुष-वेद (कम्म ५, ६०)। °आणमणी स्त्री [°आज्ञापनी] पुरुष को आज्ञा देनेवाली भाषा, भाषा-विशेष (पराण ११)। °पन्नावणी स्त्री [प्रज्ञापनी] भाषा-विशेष; पुरुष के लक्षणों का प्रतिपादन करनेवाली भाषा (पराण ११—पत्र ३६४)। °वयण न [°वचन] पुंलिंग शब्द का उच्चारण (पराण ११—पत्र ३७०)।

पुम्म (अप) सक [दृश्] देखना। पुम्मइ (प्राकृ ११६)।

पुयली स्त्री [दे] पुत-प्रदेश, कमर के नीचे का भाग; 'पुयलिं पप्फोडेमाणे' (भग १५—पत्र ६७६)।

पुयावइत्ता देखो पुआव।

पुर (अप) देखो पूर = पूरय्। पुरह (पिंग)।

पुर न [पुर] १ नगर, शहर (कुमा; कुप्र ४३८)। २ शरीर, देह (कुप्र ४३८)। °चंद पुं [°चन्द्र] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४४)। °भेयण वि [°भेदन] नगर का भेदन करनेवाला। स्त्री—°णी (उत्त २०, १८)। °वइ पुं [°पति] नगर का अधिपति (भवि)। °वर न [°वर] श्रेष्ठ नगर, (उवा; पराह १, ४)। °वरी स्त्री [°वरा] श्रेष्ठ नगरी (णाया १, ६; उवा; सुर २, १५२)। °वाल पुं [°पाल] नगर-रक्षक, राजा (भवि)।

पुर देखो पुरं; 'पुरकम्मम्मि य पुच्छा' (बृह १)।

पुरएअ } देखो पुरदेव (भवि)।
पुरएव }

पुरओ अ [पुरतस्] १ अग्रतः, आगे (सम १५१; ठा ४, २; गा ३५०; कुमा; औप)। २ पहले, पूर्व में; 'पुरम्रो कयं जं तु तं पुरेकम्मं' (ओघ ४८६)।

पुरं अ [पुरस्] १ पहले, पूर्व में। २ समक्ष; 'तए णं से दरिद्दे समुक्किट्ठे समाणे पच्छा पुरं च णं विउलभोगसमितिसमन्नागते यावि विहरिज्जा' (ठा २, १—पत्र ११७)। ३ अग्रे, आगे। °गम वि [°गम] अग्र-गामी, पुरोवर्त्ती (सूत्र १, ३, ३, ६)। देखो पुरे, पुरो।

पुरंजय पुं [पुरञ्जय] एक विद्याधर राजा। °पुर न [°पुर] एक विद्याधर-नगर (इक)।

पुरंदर पुं [पुरन्दर] १ इन्द्र, देवराज। २ गन्ध-द्रव्य-विशेष (हे १, १७७)। ३ वृक्ष-विशेष, चव्य जा पेड़; 'पुरंदरकुसुमदाम-सुविरोण सूइया जाया' (उप ६८६ टी)। ४ एक राजर्षि (पउम २१, ८०)। ५ मन्दर-कुञ्ज नगर का एक विद्याधर राजा (पउम ६, १७०)। °जसा स्त्री [°यशस्] एक राज-कन्या का नाम (उप ६७३)। °दिसि स्त्री [°दिश्] पूर्व दिशा (उप १४२ टी)।

पुरंधि } स्त्री [पुरन्ध्री] १ बहु कुटुम्बवाली
पुरंधी } स्त्री। २ पति और पुत्रवाली स्त्री (कुमा; कुप्र १०७; सुपा २६; पात्र)। ३ अनेक काल पहले व्याही हुई स्त्री (कप्पू)।

पुरकड देखो पुरक्खड (सूत्र २, २, १८)।

पुरक्कार पुं [पुरस्कार] १ आगे करना, अग्रतः स्थापन (आचा)। २ सम्मान, आदर (सम ४०)।

पुरक्खड वि [पुरस्कृत] १ आगे किया हुआ (श्रा ६)। २ पुरोवर्त्ती, आगामी; 'गहण-समयपुरक्खडे पोग्गले उदीरेंति' (भग १, १)।

पुरच्छा देखो पुरत्था (राज)।

पुरच्छिम देखो पुरत्थिम (ठा २, ३—पत्र ६७; सुज्ज २०—पत्र २८७; पि ५६५)। °दाहिणा स्त्री [°दक्षिणा] पूर्व-दक्षिण दिशा, अग्निकोण (ठा १०—पत्र ४७८)।

पुरच्छिमा देखो पुरत्थिमा (ठा १०—पत्र ४७८)।

पुरच्छिमिल्ल देखो पुरत्थिमिल्ल (सम ६६)।

पुरत्थ वि [पुरःस्थ] आगे रहा हुआ, अग्र-वर्त्ती, पुरस्सर; 'पुरत्थं होइ सहायं रणे समं तेण' (उप १०३१ टी), 'जेण गहिएणणत्था इत्थ परत्थावि हु पुरत्था' (श्रा १४)।

पुरत्थ } अ [पुरस्तात्] १ पहले, काल
पुरत्थओ } या देश की अपेक्षा से आगे; 'तप्पुर-
पुरत्था } पुरत्थभाए' (सुपा ३६०), 'मोसस्स पच्छा य पुरत्थम्रो य' (उत्त ३२, ३१), 'आदीणियं दुक्कडियं पुरत्था' (सूत्र १, ५, १, २)। २ पूर्वदिशा; 'पुरत्थाभिमुहे' (कप्प; औप; भग; णाया १, १—पत्र १६)।

पुरत्थिम वि [पौरस्त्य, पूर्व] १ पूर्व की तरफ का; 'उत्तर-पुरत्थिमे दिसीभाए' (कप्प; औप)। २ न. पूर्व दिशा; 'पुरतो पुरत्थिमेणं' (णाया १, १—पत्र ५४; उवा)।

पुरत्थिमा स्त्री [पूर्वा] पूर्व दिशा; 'पुरत्थिमाम्रो वा दिसाम्रो आगम्रो' (आचा; मुच्छ १५८ टि)।

पुरत्थिमिल्ल वि [पौरस्त्य] पूर्व दिशा का, पूर्व दिशा में स्थित (विपा १, ७, पि ५६५)।

पुरदेव पुं [पुरादेव] भगवान् आदिनाथ, 'पुरदेवजिणस्स निव्वाणं' (पउम ४, ८७)।

पुरव देखो पुव्व (गउड; हे ४, २७०; ३२३)।

पुरस्सर वि [पुरस्सर] अग्रगामी (कप्पू)।

पुरा स्त्री [पुर्] नगरी, शहर (हे १, १६)।

पुरा देखो पुरिल्ला = पुरा (सूत्र १, १, २, २४; विपा १, १)। °इय, °कय वि [°कृत] पूर्व काल में किया हुआ (भवि; कुप्र ३१६)। °भव पुं [°भव] पूर्व जन्म (कुप्र ४०६)।

पुराअण वि [पुरातन] पुराना, प्राचीन। स्त्री. °णी (नाट—चैत १३१)।

पुराकर सक [पुरा + कृ] आगे करना। पुराकरंति (सूअ १, ५, २, ५)।

पुराण वि [पुराण] १ पुराना, पुरातन (गउड; उत्त ८, १२)। २ न. व्यासादि-मुनि-प्रणीत ग्रन्थ-विशेष, पुरातन इतिहास के द्वारा जिसमें धर्म-तत्त्व निरूपित किया जाता हो वह शास्त्र (धर्मवि ३८; भवि)। °पुरिस पुं [°पुरुष] श्रीकृष्ण (वज्जा १२२)।

पुरिकोबेर पुं. ब. [पुरीकौबेर] देश-विशेष (पउम ६८, ६७)।

पुरित्थिमा देखो पुरत्थिमा (सूअ २, १, ६)।

पुरिम देखो पुव्व = पूर्व (हे २, १३५; प्राकृ २८; भग; कुमा); 'पंचवओ खलु धम्मो पुरिमस्स य पच्छिमस्स य जिणस्स' (पव ७४; पंचा १७, १)। °ड्ढ पुंन [°र्ध] १ पूर्वार्ध। २ प्रत्याख्यान-विशेष (पंचा ५; पडि)। ३ तप-विशेष, निर्विकृतिक तप (संबोध ५७)। °ड्ढिय वि [°र्धिक] 'पुरिमड्ढ' प्रत्याख्यान करनेवाला (पण्ह २, १; ठा ५, १)।

पुरिम वि [पौरस्त्य] अग्र-भव, अग्रेतन, आगे का; 'इय पुव्वुत्तचउक्के झाणेसु पढमदुगि खु मिच्छत्तं। पुरिमदुगे सम्मत्तं' (संबोध ५२)।

पुरिम पुं [दे] प्रस्फोटन, प्रतिलेखन की क्रिया-विशेष, 'छ प्पुरिमा नव खोडा' (ओघ २६५)।

पुरिमताल न [पुरिमताल] नगर-विशेष (विपा १, ३; औप)।

पुरिमिल्ल वि [पूर्वीय] पहले का, पुरातन, प्राचीन; 'आसि नरा पुरिमिल्ला, ता किं अम्हेवि तह होमो' (चेइय ११५)।

पुरिल पुं [दे] दैत्य, दानव (षड्)।

पुरिल्ल वि [पुरातन] पुरा-भव, पहले का, पूर्ववर्त्ती (विसे १३२६; हे २, १६३)।

पुरिल्ल वि [पौरस्त्य] पुरो-भव, पुरो-वर्त्ती, अग्र-गामी (से १३, २; हे २, १६३; प्राप्र; षड्)।

पुरिल्ल वि [पौर] पुर-भव, नागरिक (प्राकृ ३५; हे २, १६३)।

पुरिल्ल वि [दे] प्रवर, श्रेष्ठ (दे ६, ५३)।

पुरिल्ल देखो पुरिल्ला = पुरा, पुरस्; 'पुरिल्लो' (हे २, १६४ टि; षड्)।

पुरिल्लदेव पुं [दे] असुर, दानव (दे ६, ५५)।

पुरिल्लपहाणा स्त्री [दे] साँप की दाढ (दे ६, ५६)।

पुरिल्ला अ [पुरा] १ निरन्तर क्रिया-करण, विच्छेद-रहित क्रिया करना। २ प्राचीन, पुराना। ३ पुराने समय में। ४ भावी। ५ निकट, सन्निहित। ६ इतिहास, पुरावृत्त (हे २, १६४)।

पुरिल्ला अ [पुरस्] आगे, अग्रतः (हे २, १६४)।

पुरिस पुंन [पुरुष] १ पुमान्, नर, मर्द (हे १, १२४; भग; कुमा; प्रासू १२६); 'इत्थीणि वा पुरिसाणि वा' (आचा २, ११, १८)। २ जीव, जीवात्मा (विसे २०६०; सूअ २, १, २६)। ३ ईश्वर (सूअ २, १, २६)। ४ शङ्कु, छाया नापने का काष्ठादि-निर्मित कीलक। ५ पुरुष-शरीर (णंदि)। °कार, °क्कार, °गार पुं [°कार] १ पौरुष, पुरुषपन, पुरुष-चेष्टा, पुरुष-प्रयत्न (प्रासू ४३; उवा; सुर २, ३५; उवर ४७)। २ पुरुषत्व का अभिमान (औप)। °जाय पुं [°जात] १ पुरुष। २ पुरुष-जातीय (सूअ २, १, ६; ७; ठा ३, १; २; ४, १)। °जुग न [°युग] क्रम-स्थित पुरुष (सम ६८)। °जेट्ठ पुं [°ज्येष्ठ] प्रशस्त पुरुष (पंचा १७, १०)। °त्त, °त्तण न [°त्व] पौरुष, पुरुषपन; 'नहि नियजुवइसलहिया पुरिसा पुरिसत्तणमुविंति' (सुर २, २४; महा; सुपा ८४)। °त्थ पुं [°र्थ] धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप पुरुष-प्रयोजन; 'सयलपुरिसत्थकारणमइदुलहो माणुसो भवो एसो' (धर्मवि ८२; कुमा; सुपा १२६)। °पुंडरीअ पुं [°पुण्डरीक] इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न षष्ठ वासुदेव (पव २१०)। °प्पणीय वि [°प्रणीत] १ ईश्वर-निर्मित। २ जीव-रचित (सूअ २, १, २६)। °मेह पुं [°मेध] यज्ञ-विशेष, जिसमें पुरुष का होम किया जाय वह यज्ञ (राज)। °यार देखो °कार (गउड; सुर २, १६; सुपा २७१)। °लक्खण न [°लक्षण] कला-विशेष, पुरुष के शुभाशुभ चिह्न पहचानने की एक सामुद्रिक कला (जं २)। °लिंग, न [°लिङ्ग] पुरुष-चिह्न। °लिंगसिद्ध पुं [°लिङ्गसिद्ध] पुरुष-शरीर से जो मुक्त हुआ हो वह (णंदि)। °वयण न [°वचन] पुंलिंग शब्द (आचा २, ४, १, ३)। °वर पुं [°वर] श्रेष्ठ पुरुष (औप)। °वरगंधहत्थि पुं [°वरगन्धहस्तिन्] १ पुरुषों में श्रेष्ठ गन्धहस्ती के तुल्य। २ जिन-देव (भग; पडि)। °वरपुंडरीय पुं [°वरपुण्डरीक] १ पुरुषों में श्रेष्ठ पद्म के समान। २ जिन-देव, अर्हन् (भग; पडि)। °विजय पुं [°विचय, °विजय] ज्ञान-विशेष (सूअ २, २, २७)। °वेय पुं [°वेद] १ कर्म-विशेष, जिसके उदय से पुरुष को स्त्री-संभोग की इच्छा होती है वह कर्म। २ पुरुष को स्त्री-भोग की अभिलाषा (पण्ण २३; सम १५०)। °सिंह, °सीह पुं [°सिंह] १ पुरुषों में सिंह के समान, श्रेष्ठ पुरुष। २ पुं. जिनदेव, जिन भगवान् (भग; पडि)। ३ भगवान् धर्मनाथ के प्रथम श्रावक का नाम (विचार ३७८)। ४ इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न पाँचवाँ वासुदेव (सम १०५; पउम ५, १५५; पव २१०)। °सेण पुं [°सेन] १ भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर मोक्ष जानेवाला एक अन्तकृद् महर्षि, जो वासुदेव के अन्यतम पुत्र थे (अंत १४)। २ भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर विमान में उत्पन्न होनेवाले एक मुनि, जो राजा श्रेणिक के पुत्र थे (अनु १)। °ादाणिअ, °ादाणीय पुं [°ादानीय] उपादेय पुरुष, आप्त पुरुष (सम १३; कप्प)।

पुरिसकारिआ स्त्री [पुरुषकारिका, °ता] पुरुषार्थ, प्रयत्न (दस, ५, २, ६)।

पुरिसाअ अक [पुरुषाय्] विपरीत मैथुन करना। वकृ. पुरिसाअंत (गा १९६; ३९१)।

पुरिसाइअ न [पुरुषायित] विपरीत मैथुन (दे १, ४२)।

पुरिसाइर वि [पुरुषायितृ] विपरीत रत करनेवाला, 'दरपुरिसाइरि विसमिरि सुजाण पुरिसाण जं दुक्खं' (गा ५२; ४४६)।

पुरिसुत्तम, पुरिसोत्तम पुं [पुरुषोत्तम] १ उत्तम पुरुष, श्रेष्ठ पुमान्। २ जिन-

देव, अर्हन् (सम १; भग; पडि)। ३ चौथा त्रिखण्डाधिपति, चतुर्थ वासुदेव (सम ७०; पउम ५, १५५)। ४ भगवान् अनन्तनाथ का प्रथम श्रावक (विचार ३७८)। ५ श्रीकृष्ण (सम्मत्त २२६)।

पुरी स्त्री [पुरी] नगरी, शहर (कुमा)। °**नाह** पुं [°नाथ] नगरी का अधिपति, राजा (उप ७२८ टी)।

पुरीस पुंन [पुरीष] विष्ठा (णाया १, ८; उप १३९ टी; ३२० टी; पाअ); 'मुत्तपुरीसे य पिक्खंति' (धर्मवि १९)।

पुरु पुं [पुरु] १ स्व-नाम-ख्यात एक राजा (अभि १७६)। २ वि. प्रचुर, प्रभूत। स्त्री. °**ई** (प्राकृ २८)।

पुरुपुरिआ स्त्री [दे] उत्कण्ठा, उत्सुकता (दे ६, ५)।

पुरुमिल्ल देखो **पुरिमिल्ल** (गउड)।

पुरुव, **पुरुव्व** देखो **पुव्व**=पूर्व; 'ण ईरिसो दिट्ठपुरुवो' (स्वप्न ५५), 'अमंद-आणंदगुंदलपुरुव्वं' (सुपा २२, नाट—मृच्छ १२१; पि १२५)।

पुरुस (शौ) देखो **पुरिस** (प्राकृ ८३; स्वप्न २६; अवि ८५; प्रयौ ६६)।

पुरुसोत्तम (शौ) देखो **पुरिसोत्तम** (पि १२४)।

पुरुहूअ पुं [दे] घूक, उल्लू (दे ६, ५५)।

पुरुहूअ पुं [पुरुहूत] इन्द्र, देव-राज (गउड)।

पुरूरव पुं [पुरूरवस्] एक चंद्र-वंशीय राजा (पि ४०८; ४०९)।

पुरे देखो **पुरं**; 'जस्स नत्थि पुरे पच्छा मज्झे तस्स कुओ सिया' (आचा)। °**कड** वि [°कृत] आगे किया हुआ, पूर्व में किया हुआ (औप; सूअ १, ५, २, १; उत्त १०, ३)। °**कम्म** न [°कर्मन्] पहले करने का काम; पूर्व में की जाती क्रिया; 'पुरओ कयं जं तु तं पुरेकम्मं' (ओघ ४८६; हे १, ५७)। °**कार** पुं [°कार] सम्मान, आदर (उत्त २९, ७; सुख २९, ७)। °**क्खड** देखो °**कड** (पण्ण ३६—पत्र ७९६; पण्ह १, १)। °**वाय** पुं [°वात] १ सस्नेह वायु। २ पूर्व दिशा का पवन (णाया १, ११—पत्र १७१)। °**संखडि** स्त्री [दे. संस्कृति] पहले ही किया जाता जिमनवार—भोजनोत्सव; (आचा २, १, २, ६; २, १ ४, १)। °**संथुय** वि [°संस्तुत] १ पूर्व-परिचित। २ स्व-पक्ष का सगा (आचा २, १, ४, ५)।

पुरेस पुं [पुरेश] नगर-स्वामी (भवि)।

पुरो देखो **पुरं** (मोह ४६, कुमा)। °**अ**, °**ग** वि [°ग] अग्रगामी, अग्रेसर (प्रति ४०; विसे २५४८)। °**गम** वि [°गम] वही अर्थ (उप पृ ३५१)। °**भाइ** वि [°भागिन्] दोष को छोड़ कर गुण-मात्र को ग्रहण करने वाला (नाट—विक्र ६७)।

पुरोकर सक [पुरस्+कृ] १ आगे करना। २ स्वीकार करना। ३ सम्मान करना। संकृ. **पुरोकरिअ**, **पुरोकाउं** (मा १६; सूअ १, १, ३, १५)।

पुरोत्तमपुर न [पुरोत्तमपुर] एक विद्याधर-नगर का नाम (इक)।

पुरोवग पुं [पुरोपक] वृक्ष-विशेष (औप)।

पुरोह पुं [पुरोधस्] पुरोहित (उप ७२८ टी; धर्मवि १४६)।

पुरोहड वि [दे] १ विषम, असम। २ पच्छोकड (?) (दे ६, १५)। ३ पुंन. आवृत भूमि का वास्तु (दे ६, १५)। ४ अग्रद्वार, दरवाजा का अग्रभाग (ओघ ६२२)। ५ बाडा, वाटक; 'संझासमए पत्ते मज्झ बलद्दा पुरोहडस्संतो। मह दिट्ठीए दंसिवि ठाएयव्वा' (सुपा ५४५; बृह २)।

पुरोहिअ पुं [पुरोहित] पुरोधा, याजक, होम आदि से शान्ति-कर्म करनेवाला ब्राह्मण (कुमा; काल)।

पुल पुं [दे. पुल] छोटा फोड़ा, फुनसी; 'ते पुला भिज्जंति' (ठा १०—पत्र ५२१)।

पुल वि [पुल] समुच्छ्रित, उन्नत; 'पुलनिप्पुलाए' (दस १०, १६)।

पुल अक [पुल्] उन्नत होना (दस १०, १६)।

पुल, **पुलअ** सक [दृश्] देखना। पुलइ, पुलअइ (प्राकृ ७१; हे ४, १८१; प्राप्र ८, ६९)। पुलएइ (गउड १०६३), पुलएमि (गा ५३१)। वकृ. **पुलंत**, **पुलअंत**, **पुलएंत** (कप्पू; नाट—मालवि ६; पउम ३, ७७; ८, १६०, सुर ११, १२०, १२, २०४; ७, २१२)। संकृ. **पुलइअ** (स ६८६)।

पुलअ पुं [पुलक] १ रोमाञ्च (कुमा)। २ रत्न-विशेष, मणि की एक जाति (पण्ण १; उत्त ३६, ७७; कप्प)। ३ जलचर जन्तु-विशेष, ग्राह का एक भेद, 'सीमागारपुलु(? ल)-यसुंसुमार—' (पण्ह १, १—पत्र ७)। °**कंड** पुंन [°काण्ड] रत्नप्रभा नरक-पृथिवी का एक काण्ड (ठा १०)।

पुलअण वि [दर्शन] देखनेवाला, प्रेक्षक (कुमा)।

पुलअण न [पुलकन] पुलकित होना (कप्पू)।

पुलआअ अक [उत्+लस्] उल्लसित होना, उल्लास पाना। पुलआअइ (हे ४, २०२)। वकृ. **पुलआअमाण** (कुमा)।

पुलइअ वि [दृष्ट] देखा हुआ (गा ११८; सुर १४, ११; पाअ)।

पुलइअ वि [पुलकित] रोमाञ्चित (पाअ; कुमा ४, १९; कप्प; महा; गा २०)।

पुलइज्ज अक [पुलकाय्] रोमाञ्चित होना। वकृ. **पुलइज्जंत** (सण)।

पुलइल्ल वि [पुलकिन्] रोमाञ्च-युक्त, रोमाञ्चित (वज्जा १६४)।

पुलएंत देखो **पुलअ**=दृश्।

पुलंधअ पुं [दे] भ्रमर, भौंरा (षड्)।

पुलंपुल न [दे] अनवरत, निरन्तर (पण्ह १, ३—पत्र ४५; औप)।

पुलक, **पुलग** देखो **पुलअ**=पुलक (पि २०३ टि; णाया १, १; सम १०४; कप्प)।

पुलय पुंन [पुलक] कीट-विशेष (आचा २, १३, १)।

पुलाग, **पुलाय** पुंन [पुलाक] १ असार अन्न, 'धन्न-मसारं भन्नइ पुलायसद्देण' (संबोध २८; पव ९३); 'निस्सारए होइ जहा पुलाए' (सूअ १, ७, २६)। २ चना आदि शुष्क अन्न (उत्त ८, १२, सुख ८, १२)। ३ लहसुन आदि दुर्गन्ध द्रव्य। ४ दुष्ट रसवाला द्रव्य; 'तिविहं होइ पुलागं धण्णे गंधे यरस-पुलाए य' (बृह ५)। ५ पुं. अपने संयम को निस्सार बनानेवाला मुनि, शिथिलाचारी साधुओं का एक भेद (ठा ३, २; ५, ३; संबोध २८; पव ९३)।

पुलासिअ पुं [दे] अग्नि-कण (दे ६, ५५)।

पुलिंद पुं [पुलिन्द] १ अनार्य देश-विशेष (इक)। २ पुंस्त्री. उस देश मे रहनेवाला मनुष्य (पण्ह १, १; औ[illegible]; [illegible] उव)। स्त्री. °दी (णाया १, १; औ.)।

पुलिण न [पुलिन] तट, किनारा; 'पोइएणो नइपुलिणाओ' (पउम १०, ५४)। २ लगातार बाईस दिनों का उपवास (संबोध ५८)।

पुलिय न [पुलित] गति-विशेष (औप)।

पुलुट्ठ वि [प्लुष्ट] दग्ध (पाअ)।

पुलोअ सक [दृश्, प्र + लोक्] देखना। पुलोएइ (हे ४, १८१; सुर १, ८६)। वकृ. **पुलअंत, पुलोएंत** (पि १०४; सुर ३, ११८)।

पुलोअण न [दर्शन, प्रलोकन] विलोकन (दे ६, ३०; गा ३२२)।

पुलोइअ वि [दृष्ट, प्रलोकित] १ देखा हुआ (सुर ३, १६४)। २ न. अवलोकन (से ७, ५६)।

पुलोएंत देखो **पुलोअ**।

पुलोम पुं [पुलोमन्] दैत्य-विशेष। °**तणया** स्त्री [°तनया] शची, इन्द्राणी (पाअ)।

पुलोमी स्त्री [पौलोमी] इन्द्राणी (प्राकृ १०; हे १, १६०)।

पुलोव देखो **पुलोअ**। पुलोवेदि (शौ) (पि १०४)।

पुलोस पुं [प्लोष] दाह, दहन (गउड)।

पुल्ल [दे] देखो **पोल्ल** (सुख ६, १)।

पुल्लि पुंस्त्री [दे] १ व्याघ्र, शेर (दे ६, ७६; पाअ)। २ सिंह, पञ्चानन, मृगेन्द्र (दे ६, ७६)। स्त्री. 'को पियइ पयं च पुल्लीए' (सुपा ३१२)।

पुव } सक [प्लु] गति करना, चलना।
पुव्व } पुवंति (पि ४७३), पुव्वंति (भग १५—पत्र ६७०; टी—पत्र ६७३)।

पुव्व° देखो **पुण = पू**।

पुव्व वि [पूर्व] १ दिशा, देश और काल की अपेक्षा से पहले का, आद्य, प्रथम (ठा ४, ४; जी १; प्रासू १२२)। २ समस्त, सकल। ३ ज्येष्ठ भ्राता (हे २, १३५; षड्)। ४ पुंन. काल-मान-विशेष, चौरासी लाख को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो उतने वर्ष (ठा २, ४; सम ७४; जी ३७; इक)। ५ जैन ग्रन्थांश-विशेष, बारहवें अंग-ग्रन्थ का एक विशाल विभाग, अध्ययन, परिच्छेद; 'चोद्दसपुव्वी' (विपा १, १)। ६ द्वन्द्व, वधू-वर आदि युग्म; 'पुव्वट्ठाणाणि' (आचा २, ११, १३)। ७ पूर्व-ग्रन्थ का ज्ञान (कम्म १, ७)। ८ कारण, हेतु (णंदि)। °**कालिय** वि [°कालिक] पूर्व काल का, पूर्व काल से संबन्ध रखनेवाला (पण्ह १, २—पत्र २८)। °**गय** न [°गत] जैन शास्त्रांश-विशेष, बारहवें अंग का विभाग-विशेष (ठा १०—पत्र ४९१)। °**ण्ह** पुं [°ाह्ण] १ दिन का पूर्व भाग, सुबह से दो पहर तक का समय (हे १, ६७)। २ तप-विशेष, 'पुरिमड्ढ' तप (संबोध ५८)। °**तव** पुंन [°तपस्] वीतराग अवस्था के पहले का—सराग अवस्था का तप (भग)। °**दारिअ** वि [°द्वारिक] पूर्व दिशा में गमन करने में कल्याण-कारी (नक्षत्र) (सम १२)। °**द्ध** पुंन [°ार्ध] पहला आधा (नाट)। °**धर** वि [°धर] पूर्व-ग्रन्थ का ज्ञान-वाला (पण्ह २, १)। °**पय** न [°पद] उत्सर्ग-स्थान (निचू १)। °**पुट्ठवया** स्त्री [°प्रोष्ठपदा] नक्षत्र-विशेष (सुज्ज १०, ५)। °**पुरिस** पुं [°पुरुष] पूर्वज, पुरखा (सुर २, १६४)। °**प्पओग** पुं [°प्रयोग] पहले की क्रिया, पूर्व काल का प्रयत्न (भग ८, ९)। °**फग्गुणी** स्त्री [°फाल्गुनी] नक्षत्र-विशेष (राज)। °**भद्दवया** स्त्री [°भाद्रपदा] नक्षत्र-विशेष (राज)। °**भव** पुं [°भव] गत जन्म, अतीत जन्म (णाया १, १)। °**भविय** वि [°भविक] पूर्वजन्म संबंधी (भवि)। °**य** पुं [°ज] पूर्व पुरुष, पुरखा (सुपा २३२)। °**रत्त** पुं [°रात्र] रात्रि का पूर्व भाग (भग; महा)। °**व** न [°वत्] अनुमान प्रमाण का एक भेद (अणु)। °**विदेह** पुं [°विदेह] महाविदेह वर्ष का पूर्वीय हिस्सा (ठा २, ३; इक)। °**समास** पुंन [°समास] एक से ज्यादा पूर्व-शास्त्रों का ज्ञान (कम्म १, ७)। °**सुय** न [°श्रुत] पूर्व का ज्ञान (राज)। °**सूरि** पुं [°सूरि] पूर्वाचार्य, प्राचीन आचार्य (जीव १)। °**हर** देखो °**धर** (पउम ११८, १२१)। °**णुपुव्वी** स्त्री [°ानुपूर्वी] क्रम, परिपाटी (भग; विपा १, १; औप; महा)। °**ाह** देखो °**ण्ह** (हे १, ६७; षड्)। °**ाफग्गुणी** देखो °**फग्गुणी** (सम ७; इक)। °**भद्दवया** देखो °**भद्दवया** (सम ७)। °**ासाढा** स्त्री [°ाषाढा] नक्षत्र-विशेष (सम ९)।

पुव्वंग पुंन [पूर्वाङ्ग] १ समय-परिमाण-विशेष, चौरासी लाख वर्ष (ठा २, ४; इक)। २ पक्ष के पहले दिन का नाम, प्रतिपत् (सुज्ज १०, १४)।

पुव्वंग वि [दे] मुण्डित (षड्)।

पुव्वा स्त्री [पूर्वा] पूर्व दिशा (कुमा)।

पुव्वाड वि [दे] पीन, मांसल, पुष्ट (दे ६, ५२)।

पुव्वामेव अ [पूर्वमेव] पहले ही (कस)।

पुव्वावईणय न [पूर्वावकीर्णक] नगर-विशेष (इक)।

पुव्वि वि [पूर्विन्] पूर्व-शास्त्र का जानकार (विपा १, १; राज)।

पुव्वि } क्रिवि [पूर्वम्] पहिले, पूर्व में
पुव्विं } (सण; उवा; सुर १, १६४; ४, १११; औप)। °**संथव** पुं [°संस्तव] पूर्व में की जाती श्लाघा, जैन मुनि की भिक्षा का एक दोष, भिक्षा-प्राप्ति के पहले दायक की स्तुति करना (ठा ३, ४)।

पुव्विम पुंस्त्री [पूर्वत्व] पहिलापन, प्रथमता (षड्)।

पुव्विल्ल वि [पूर्व, पूर्वीय] पहले का, पूर्व का; 'पुव्विल्लसमं करणं' (चेइय ८८९); 'पुव्विल्लए किंचिवि दुट्ठकम्मे' (निसा ४; सुपा ३४६; सण)।

पुव्वुत्त वि [पूर्वोक्त] पहले कहा हुआ, पूर्व में उक्त (सुर २, २४८)।

पुव्वुत्तरा स्त्री [पूर्वोत्तरा] ईशान कोण (राज)।

पुस सक [प्र + उञ्छ्, मृज्] साफ करना, शुद्ध करना, पोंछना। पुसइ (प्राकृ ६६; हे ४, १०५; गा ४३३)। कवकृ. **पुसिज्जंत** (गा २०६)।

पुस देखो **पुस्स** (प्राकृ २६; प्राप्र)।

पुस पुं [पौष] मास-विशेष, पौष मास; 'पुसो' (प्राकृ १०)।

पुसिअ वि [प्रोञ्छित, मृष्ट] पोंछा हुआ (गउड; से १०, ४२; गा ५४)।

पुसिअ पुं [पृषत] मृग-विशेष (गा ६२६)।

पुस्स पुं [पुष्य] १ नक्षत्र-विशेष, कृत्तिका से आठवाँ नक्षत्र (प्राकृ २६; प्राप्र; सम ८; १७; ठा २, ३)। २ रेवती नक्षत्र का अधिपति देव (सुज्ज १०, १२)। ३ ऋषि-विशेष (राज)। °माणअ, °माणव पुं [°मानव] मागध, स्तुति-पाठक, भाट-चारण आदि (णाया १, ८—पत्र १३३; टी—पत्र १३६)। देखो पूस = पुष्य।

पुस्सदेवय न [पुष्यदैवत] जैनेतर शास्त्र-विशेष (णंदि १५४)।

पुस्सायण न [पुष्यायण] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १६)।

पुह } देखो पिह = पृथक् (हे १, १८८)।
पुहं } °ब्भूअ वि [°भूत] अलग, जो जुदा हुआ हो (अज्झ ६०)।

पुहइ° } स्त्री [पृथिवी] १ तृतीय वासुदेव की
पुहई } माता का नाम (पउम २०, १८४)। २ एक नगरी का नाम (पउम २०, १८८)। ३ भगवान् सुपार्श्वनाथ की माता का नाम (सुपा ३६)। ४—देखो पुढवी, पुहवी (कुमा; हे १, ८८; १३१)। °धर पुं [°धर] राजा (पउम; ८५, ४)। °नाह पुं [°नाथ] राजा (सुपा १२२)। °पहु पुं [°प्रभु] राजा (उप ७२८ टी)। °पाल पुं [°पाल] राजा (सुर १, २४३)। °राय पुं [°राज] विक्रम की बारहवीं शताब्दी का शाकम्भरी देश का एक राजा; 'पुहईराएण सयंभरीनरिंदेण' (मुणि १०६०१)। °वइ पुं [°पति] राजा (सुपा २०१; २४८; ५१६)। °वाल देखो °पाल (उप ६४८ टी)।

पुहईसर पुं [पृथिवीश्वर] राजा (सुपा १०७; २४१)।

पुहत्त न [पृथक्त्व] १ भेद, पार्थक्य (अणु)। २ विस्तार (राज)। ३ बहुत्व (भग १, २; ठा १०)। ४ वि. भिन्न, अलग; 'अत्थपुहत्तस्स' (विसे १०६६)। °वियक्क न [°वितर्क] शुक्ल ध्यान का एक भेद (संबोध ५१)। देखो पुहुत्त, पोहत्त।

पुहत्तिय देखो पोहत्तिय (भग)।

पुहय देखो पिह = पृथक्; 'पुहय देवीणं' (कुमा)।

पुहवि° } देखो पुढवी, पुहई (पि ३८६; श्रा
पुहवी } १४; प्राप्र; प्रासू ५; ११३; सम १५१; स १५२)। ६ भगवान् श्रेयांसनाथ की दीक्षा-शिविका (विचार १२६)। १० एक छन्द का नाम (पिंग)। °चंद पुं [°चन्द्र] एक राजा (यति ५०)। °पाल पुं [°पाल] १ एक राजकुमार (उप ६८६ टी)। २ देखो पुहई-पाल (सिरि ४५)। °पुर न [°पुर] एक नगर का नाम (उप ८४४)।

पुहवीस पुं [पृथिवीश] राजा (हे १, ६)।

पुहु वि [पृथु] विशाल, विस्तीर्ण। स्त्री. °ई (प्राकृ २८)।

पुहुत्त न [पृथक्त्व] १ दो से नव तक की संख्या (सम ४४; जी ३०; भग)। २—देखो पुहत्त (ठा १०—पत्र ४७१; ४६५)।

पुहुवी देखो पुहु-ई (हे २, ११३)।

पू° देखो पुं°। °सुअ पुं [°शुक] तोता, मर्द पिक-पक्षि (गा ५६३ अ)।

पूअ सक [पूजय्] पूजा करना। पूएइ (महा)। कर्म. पूइज्जसि (गउड)। वकृ. पूयंत (सुपा २२४)। कवकृ. पूइज्जंत (पउम ३२, ६)। कृ. पूअणीअ, पूएअव्व, पूअणिज्ज (नाट—मृच्छ १६५; उवर १६६; औप; णाया १, १ टी; पंचा २, ८; उप ३२० टी)। संकृ. पूइऊण (महा)।

पूअ न [दे] दधि, दही (दे ६, ५६)।

पूअ पुं [पूग] १ वृक्ष-विशेष, सुपारी का गाछ (गउड)। २ न. फल-विशेष, सुपारी (स ३४५)। देखो पूग। °प्फली, °फली स्त्री [°फली] सुपारी का पेड़ (पउम ५३, ७६; पण्ण १)।

पूअ न [पूर्त] तालाब, कुआँ आदि खुदवाना, अन्न-दान करना, देव-मन्दिर बनाना आदि जन-समूह के हित का कार्य; 'गरहियाणि इट्ठपूयाणि' (स ७१३)।

पूअ वि [पूत] १ पवित्र, शुद्ध (णाया १, ५; औप)। २ न. लगातार छः दिनों का उपवास (संबोध ५८)। ३ वि. सूप आदि से साफ—तुष-रहित किया हुआ (णाया १, ७—पत्र ११६)।

पूअ न [पूय] पीब, दुर्गन्ध रक्त, व्रण से निकला हुआ गन्दा सफेद बिगड़ा हुआ खून (पण्ह १, १; णाया ३, ८)।

पूअण न [पूजन] पूजा, सेवा (कुमा; औप; सुपा ५८४; महा)।

पूअणा स्त्री [पूजना] १ ऊपर देखो (पण्ह २, १; से ७६३; संबोध ६)। २ काम-विभूषा (सूअ १, ३, ४, १७)।

पूअणा } स्त्री [पूतना] १ दुष्ट व्यन्तरी, डाइन,
पूअणी } डाकिनी (सूअ १, ३, ४, १३; पिंडभा ४१; सुपा २६; पण्ह १, ४)। २ गाडर, भेड़ी, मेषी (सूअ १, ३, ४, १३)।

पूअय वि [पूजक] पूजा करनेवाला (सुर १३, १४३)।

पूअर देखो पोर = पूतर (श्रा १४; जी १५)।

पूअल पुं [पूप] अपूप, पूआ, खाद्य-विशेष (दे ६, १८)।

पूअलिया स्त्री [पूपिका] ऊपर देखो (पव ४)।

पूआ स्त्री [दे] पिशाच-गृहीता, भूताविष्ट स्त्री (दे ६, ५४)।

पूआ स्त्री [पूजा] पूजन, अर्चा, सेवा (कुमा)। °भत्त न [°भक्त] पूज्य के लिए निष्पादित भोजन (बृह २)। °मह पुं [°मह] पूजोत्सव (कुप्र ८५)। °रह पुं [°रथ] राक्षस-वंश में उत्पन्न एक राजा का नाम, एक लंका-पति (पउम ५, २५६)। °रिह, °रुह वि [°र्ह] पूजा-योग्य (सुपा ४६१; अभि ११८)।

पूआहिज्ज वि [पूजाहार्य] पूजित-पूजक (ठा ५, ३ टी—पत्र ३४२)।

पूइ वि [पूति] १ दुर्गन्धी, दुर्गन्धवाला (पउम ४४, ५५; उप ७२८ टी; तंदु ४१) २। अपवित्र (पंचा १३, ५)। ३ स्त्री. दुर्गन्ध। ४ अपवित्रता (तंदु ३८)। ५ भिक्षा का एक दोष, पूति-कर्म (पिंड २६८)। ६ रोग-विशेष, एक नासिका-रोग, नासा-कोथ (विसे २०८)। ७ पूय, पीब; 'गलंतपूइनिवहं' (महा), 'पूइ-वसरुहिरपुन्नं' (सुर १४, ४६), 'जहा सुणी

पूइकएणी' (उत्त १, ४)। ८ वृक्ष-विशेष, एकास्थिक वृक्ष की एक जाति; 'पूई य निंबकरए' (पएण १—पत्र ३१)। °कम्म पुंन [°कर्मन्] मुनि-भिक्षा का एक दोष, पवित्र वस्तु में अपवित्र वस्तु को मिलाकर दी जाती भिक्षा का ग्रहण (ठा ३, ४ टी; औप; पंचा १३, ५)। °म वि [°मन्] १ दुर्गन्धी। २ अपवित्र (तंदु ३८)।

पूइ वि [पूति] कुथित, सड़ा हुआ (आचा २, १, ८, ४)। °पिन्नाग पुंन [°पिण्याक] सर्षप-खल, सरसों की खली (दस ५, २, २२)।

पूइअ वि [पूयित] ऊपर देखो (राय १८)।

पूइआलुग न [दे. पूत्यालुक] जल में होनेवाली वनस्पति-विशेष (आचा २, १, ८—सूत्र ४७)।

पूइज्जंत देखो पूअ = पूजय्।

पूइम वि [पूज्य] पूजा योग्य, सम्माननीय; 'जया य पूइमो होइ पच्छा होइ अपूइमो' (दसचू १, ४)।

पूइय वि [पूजित] अर्चित, सेवित (औप; उव)।

पूइय वि [पूतिक] १ अपवित्र, अशुद्ध, दूषित (पएह २, ५, उप पृ २१०)। २ दुर्गन्धी, दुष्ट गन्धवाला (णाया १, ८; तंदु ४१)। ३ पूति नामक भिक्षा-दोष से युक्त (पिंड २६८)।

पूइय देखो पोइय = (दे); 'बलो गओ पूइयावणं (सुख २, २६; उव)।

पूएअव्व देखो पूअ = पूजय्।

पूंडरिअ न [दे] कार्य, काम, काज, प्रयोजन (दे ६, ५७)।

पूग पुं [पूग] १ समूह, संघात (मोह २८)। २ देखो पूअ = पूग (स ७०; ७१)।

पूगी स्त्री [पूगी] सुपारी का पेड़। °फल न [°फल] सुपारी, कसैली (रयण ५५)।

पूज देखो पूअ = पूजय्। कर्म. पूज्जए (उव)। वकृ. पूजयंत (विसे २८८८)। कृ. पूज्ज, पूज (पउम ११, ६७; सुपा १८०; सुर १, १७; उवर १६६; उव; उप ५६८)।

पूजग देखो पूअय (पंचा ४, ४४)।

पूजण देखो पूअण (पंचा ६, ३८)।

पूजा देखो पूआ = पूजा (उप १०१६)।

पूजिय देखो पूइय = पूजित (औप)।

पूण पुं [दे] हस्ती, हाथी (दे ६, ५६)।

पूणिआ } स्त्री [दे] पूणी, पूनी, रुई की
पूणी } पहल (दे ६, ७८; ६, ५६)।

पूप देखो पूअल (पिंड ५५७)।

पूयइ पुं [पूपकिन्] हलवाई (णंदि १६४)।

पूयंत देखो पूअ = पजय्।

पूयली स्त्री [दे] रोटी (आचा २, १, ८, ६)।

पूयावणा स्त्री [पूजना] पूजा कराना (संबोध १५)।

पूर सक [पूरय्] पूर्ति करना, भरना। पूरइ, पूरए (हे ४, १६६, औप; भग; महा; पि ४६२)। वकृ. पूरंत, पूरयंत (कुमा, कप्प; औप)। कवकृ. पुज्जंत, पुज्जमाण, पूरिज्जंत, पूरंत, पूरमाण (उप पृ १५४; सुपा ६८; उप १३६ टी; भवि; गा ११६; से ११, ६३; ६, ६७)। संकृ पूरित्ता (भग), पूरि (अप), (पिंग)। हेकृ. पूरिइत्तए (पि ५७८)। कृ. पूरिअव्व (से ११, ४४)।

पूर पुं [पूर] १ जल-समूह, जल-प्रवाह, जलधारा (कुमा)। २ खाद्य-विशेष; 'कप्पूरपूरसहिए तंबोले' (सुर २, ६०)। ३ वि. पूरा, पूर्ण; 'पूराणि य से समं पणइमणोरहेहिं अज्जेव सत्त राइंदियाइं, भविस्सइ य सुए सामिणी विज्जासिद्धी' (स ३६३)।

पूरइत्तअ (शौ) वि [पूरयितृ] पूर्ण करनेवाला (मा ४३)।

पूरंतिया स्त्री [पूरयन्तिका] राजा की एक परिषत्—परिवार (राज)।

पूरग वि [पूरक] पूर्ति करनेवाला (कप्प; औप; रयण ७७)।

पूरण न [पूरण] शूर्प, सूप, सिरकी का बना एक पात्र जिससे अन्न पछोरा जाता है (दे ६, ५६)।

पूरण न [पूरण] १ पूर्ति, 'समस्सापूरणं' (सिरि ८६८)। २ पालन (आचू ५)। ३ पुं. यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र (अंत ३)। ४ एक गृह-पति का नाम (उवा)। ५ वि. पूर्ति करनेवाला (राज)।

पूरमाण देखो पूर = पूरय्।

पूरय देखो पूरग; 'बत्तीसं किर कवला आहारो कुच्छिपूरओ भणिओ' (पिंड ६४२)।

पूरयंत } देखो पूर = पूरय्।
पूरिअव्व }

पूरिगा स्त्री [पूरिका] मोटा कपड़ा (राज)।

पूरिम वि [पूरिम] पूरने से—भरने से होनेवाला (णाया १, १३, पएह २, ५; औप)।

पूरिमा स्त्री [पूरिमा] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३९३)।

पूरिय वि [पूरित] भरा हुआ (गउड; सण; भवि)।

पूरी स्त्री [पूरी] तन्तुवाय का एक उपकरण (दे ६ ५६)।

पूरेंत देखो पूर = पूरय्।

पूरोट्टी स्त्री [दे] अवकर, कतवार, कूड़ा (दे ६, ५७)।

पूल पुंन [पूल] पूला, घास की अँटिया (उप ३२० टी; कुप्र २१५)।

पूव } देखो पूअल (कस; दे ६, ११७;
पूवल } निचू १)।

पूवलिआ } देखो पूअलिया (बृह १; निचू
पूविगा } १६)।

पूस अक [पुष्] पुष्ट होना। पूसइ (हे ४, २३६; प्राकृ ६८)।

पूस देखो पुस्स = पुष्य (णाया १, ८; हे १, ४३)। °गिरि पुं [°गिरि] एक जैन मुनि (कप्प)। °फली स्त्री [°फली] वल्ली-विशेष (पएण १)। °माण, °माणग पुं [°माण, °मानव] मागध, मङ्गल-पाठक; '—वद्धमाणपूसमाणघंटियगणेहिं' (कप्प; औप)। °माणग पुं [°मानक] ज्योतिर्देवता-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)। °माणय देखो °माण (औप)। °मित्त पुं [°मित्र] १ स्वनाम-प्रसिद्ध जैन मुनि-त्रय—१ घृतपुष्यमित्र, २ वस्त्रपुष्यमित्र, ३ दुर्बलिकापुष्यमित्र, जो आर्य रक्षितसूरि के शिष्य थे (विसे २५१०; २२८९)। २ एक राजा (विचार ४९३)। °मित्तिय न [°मित्रीय] एक जैन मुनि-कुल (कप्प)।

पूस पुं [दे] १ राजा सातवाहन (दे ६, ८०)। २ शुक, तोता (दे ६, ८०; गा २६३; वज्जा १३४; पाअ)।

पूस पुं [पूषन्] १ सूर्य, रवि (हे ३, ५६)। २ मणि-विशेष (पउम ६, ३६)।

पूसा स्त्री [पुष्या] व्यक्ति-वाचक नाम, कुण्ड-कोलिक श्रावक की पत्नी (उवा)।

पूसाण देखो पूस = पूषन् (हे ३, ५६)।

°पूह पुं [अपोह] विचार, मीमांसा; 'ईहापूह-मग्गणगवेसणं करेमाणस्स' (औप; पि १४२; २८६)। देखो अपोह = अपोह।

पृथुम (पै) देखो पढम; 'पृथुमसिनेहो' (प्राकृ १२४)।

पेअ पुं [प्रेत] १ व्यन्तर-भेद, एक देव-जाति (सुपा ४६१; ४६२; जय २६)। २ मृतक (पउम ५, ६०)। °कम्म न [°कर्मन्] अन्त्येष्टि क्रिया, मृत का दाहादि कार्य (पउम २३, २४)। °करणिज्ज न [°करणीय] अन्त्येष्टि क्रिया (पउम ७५, १)। °काइय वि [°कायिक] प्रेत-योनि में उत्पन्न, व्यन्तर-विशेष (भग ३, ७)। °देवयकाइय वि [°देवताकायिक] प्रेत-देवता का, प्रेत-सम्बन्धी (भग ३, ७)। °नाह पुं [°नाथ] यमराज, जम (स ३१६)। °भूमि, °भूमी स्त्री [°भूमि, °मी] श्मशान (सुपा २६५)। °लोय पुं [°लोक] श्मशान (पउम ८६, ४३)। °वइ पुं [°पति] यम (उप ७२८ टी)। °वण न [°वन] श्मशान (पाअ; सुर १६, २०४; वज्जा २; सुपा ५१२)। °ाहिव पुं [°ाधिप] यम, जमराज (पाअ)।

पेअ वि [प्रेयस] अतिशय प्रिय। स्त्री. °सी (सम्मत्त १७५)।

पेअ, पेअव्व } देखो पा = पा।

पेआ स्त्री [पेया] यवागू, पीने की वस्तु-विशेष (हे १, २४८)।

पेआल न [दे] १ प्रमाण (दे ६, ५७; विसे १६६ टी; णंदि; उव)। २ विचार (विसे १३६१)। ३ सार, रहस्य (ठा ४, ४ टी—पत्र २८३; उप पृ २०७। ४ प्रधान, मुख्य (उवा)।

पेआलणा स्त्री [दे] प्रमाण-करण, 'पज्जव-पेयालणा पिंडो' (पिंड ६५)।

पेआलुय वि [दे] विचारित (विसे १४८२)।

पेइअ वि [पैतृक] १ पिता से आया हुआ, पितृ-क्रम-प्राप्त; 'पेइओ धम्मो' (पउम ८२, ३३; सिरि ३४८; स ५६६)। २ न. स्त्री के पिता का घर, पीहर, नैहर, मैका; 'ता जा कुले कलंकं नो पयडइ ताव पेइए एयं पेसेमि', 'विमलेण तओ भणियं गच्छ पिए पेइयमियाणिं' (सुपा ६००)।

पेईहर न [पितृगृह, पैतृकगृह] पीहर, स्त्री के पिता का घर; 'इय चिंतिऊण सिग्घं धणसिरिपेईहरम्मि संचलिओ' (सुपा ६०३)।

पेऊस न [पीयूष] अमृत, सुधा (हे १, १०५; गा ६५; कप्पू)। °ासण पुं [°ाशन] देव, सुर (कुमा)।

पेंखिअ वि [प्रेङ्खित] कम्पित (कप्पू)।

पेंखोल अक [प्रेङ्खोलय्] झूलना, हिलना। वकृ. पेंखोलमाण (णाया १, १—पत्र ३१)।

पेंड देखो पिंड = पिण्ड (हे १, ८५; प्राकृ ५; प्राप्र; कुमा)।

पेंड न [दे] १ खण्ड, टुकड़ा। २ वलय (दे ६, ८)।

पेंडधव पुं [दे] खड्ग, तलवार (दे ६, ५६)।

पेंडबाल वि [दे] देखो पेंडलिअ (दे ६, ५४)।

पेंडय पुं [दे] १ तरुण, युवा। २ षण्ढ, नपुंसक (दे ६, ५३)।

पेंडल पुं [दे] रस (दे ६, ५८)।

पेंडलिअ वि [दे] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया हुआ (दे ६, ५४)।

पेंडव सक [प्र + स्थापय्] १ रखना, स्थापन करना। २ प्रस्थान कराना। पेंडवइ (हे ४, ३७)।

पेंडविर वि [प्रस्थापयितृ] प्रस्थापन करने-वाला (कुमा)।

पेंडार पुं [दे] १ गोप, गो-पाल, ग्वाला। २ महिषी-पाल (दे ६, ५८)।

पेंडोली स्त्री [दे] क्रीड़ा (दे ६, ५६)।

पेंढा स्त्री [दे] कलुष सुरा, पंकवाली मदिरा (दे ६, ५०)।

पेंत देखो पा = पा।

पेक्ख सक [प्र + ईक्ष्] देखना, अवलोकन करना। पेक्खइ, पेक्खए (सण; पिंग)। वकृ. पेक्खंत (पि ३६७)। कवकृ. पेक्खिज्जंत (से १५, ६३)। संकृ. पेक्खिअ, पेक्खिऊण (अभि ४२; काप्र १५८)। कृ. पेक्खणिज्ज (नाट—वेणी ७३)।

पेक्खअ, पेक्खग } वि [प्रेक्षक] देखनेवाला, निरीक्षक, द्रष्टा (सुर ७, ८०; स ३७६; महा)।

पेक्खण न [प्रेक्षण] निरीक्षण, अवलोकन (सुपा १६६; अभि ५३)।

पेक्खणग, पेक्खणय } न [प्रेक्षणक] खेल, तमाशा, नाटक (सुर ७, १८२; कुप्र ३०)।

पेक्खणा स्त्री [प्रेक्षणा] निरीक्षण, अवलोकन (ओघ ३)।

पेक्खा स्त्री [प्रेक्षा] ऊपर देखो (पउम ७२; २६)। देखो पेच्छा।

पेक्खिय देखो पेच्छिअ (राज)।

पेखिल (अप) वि [प्रेक्षित] दृष्ट (रंभा)।

पेच्च, पेच्चा } अ [प्रेत्य] परलोक, आगामी जन्म (भग; औप); 'संबोही खलु पेच्च दुल्लहा' (वै ७३)। °भव पुं [°भव] आगामी जन्म, परलोक (औप)। °भाविअ वि [°भाविक] जन्मांतर-संबन्धी (पण्ह २, २)।

पेच्चा देखो पिअ = पा।

पेच्छ सक [दृश्, प्र + ईक्ष्] देखना। पेच्छइ, पेच्छए (हे ४, १८१, उव; महा; पि ४५७)। भवि. पेच्छिहिसि (पि ५२५)। वकृ. पेच्छंत (गा ३७३; महा)। संकृ. पेच्छिऊण (पि ५८५)। हेकृ. पेच्छिउं, पेच्छित्तए (उप ७२८ टी; औप)। कृ. पेच्छणिज्ज, पेच्छिअव्व (गा ६६; औप; पण्ह १, ४; से ३, ३३)।

पेच्छ वि [प्रेक्ष] द्रष्टा, दर्शक; 'अपरमत्थपेच्छो' (स ७१५)।

पेच्छग देखो पेक्खग (भास ४७; धर्मसं ७४३)।

पेच्छण देखो पेक्खण (सुपा ३७)।

पेच्छणग, पेच्छणय } देखो पेक्खणग (पंचा ६, ११; महा)।

पेच्छय वि [प्रेक्षक] द्रष्टा, निरीक्षक (पउम ८६, ७१; स ३६१; गा ४६८)।

पेच्छय वि [दे] जो देखे उसी को चाहनेवाला, दृष्ट-मात्र का अभिलाषी (दे ६, ५८)।

पेच्छा स्त्री [प्रेक्षा] प्रेक्षणक, तमाशा, खेल, नाटक; 'पेच्छाछणो सिएणविलोअणाण जहा सुचोक्खोवि न किंचिदेव' (उपपं ३७; सुर १३, ३७; औप)। देखो पेक्खा। °घर न [°गृह] देखो °हर (ठा ४, २)। °मंडव पुं [°मण्डप] नाट्य-गृह, खेल आदि में प्रेक्षकों के बैठने का स्थान (पव २६६)। °हर न [°गृह] नाटक-गृह, खेल-तमाशा का स्थान (पउम ८०, ५)।

पेच्छि वि [प्रेक्षिन्] प्रेक्षक, द्रष्टा (चेइय १०६; गा २१४)।

पेच्छिअ वि [प्रेक्षित] १ निरीक्षित, अवलोकित (कुमा)। २ न. निरीक्षण, अवलोकन (सुर १२, १८३; गा २२५)।

पेच्छिर वि [प्रेक्षितृ] निरीक्षक, द्रष्टा (गा १७४; ३७१)।

पेज्ज देखो पा = पा।

पेज्ज पुंन [प्रेमन्] प्रेम अनुराग (सूअ २, ५, २२; आचा; भग; ठा १; चेइय ६३४)। °दंसि वि [°दर्शिन्] अनुरागी (आचा)।

पेज्ज वि [प्रेयस्] अत्यन्त प्रिय (औप)।

पेज्ज वि [प्रेज्य] पूज्य, पूजनीय (राज)।

पेज्ज देखो पेर = प्र + ईरय्।

पेज्जल न [दे] प्रमाण (दे ६, ५७)।

पेज्जलिअ वि [दे] संघटित (षड्)।

पेज्जा देखो पेआ (ओघ १४६; हे १, २४८)।

पेज्जाल वि [दे] विपुल, विशाल (दे ६, ७)।

रंखोल अक [दोलय्] १ झूलना। २ हिलना, चलना, काँपना। रंखोलइ (हे ४, ४८; वज्जा ६४)।

रंखोलिय वि [दोलित] कम्पित (गउड)।

रंखोलिर वि [दोलितृ] झूलनेवाला (गउड; कुमा; पाअ)।

रंग अक [रङ्ग्] इधर-उधर चलना। वकृ. रंगंत (कप्प; पउम १०, ३१; पण्ह १, ३—पत्र ५५)।

रंग सक [रङ्गय्] रँगना। कर्म. रंगिज्जइ (संबोध १७)। वकृ. 'रायगिहं वरनयरं वर-नय-रंगत-मंदिरं अत्थि' (कुम्मा १८)।

रंग वि [राङ्ग] रँगा हुआ, रंग कर बनाया हुआ (दसनि २, १७)।

रंग न [दे] राँग, राँगा, धातु-विशेष, सीसा (दे ७, १; से २, २९)।

रंग पुं [रङ्ग] १ राग, प्रेम (सिरि ५१५)। २ नाट्यशाला, प्रेक्षा-भूमि (पाअ; सुपा १, कुमा)। ३ युद्ध-मण्डप, जय-भूमि (धर्मसं ७८३)। ४ संग्राम, लड़ाई (पिंग)। ५ रक्त वर्ण, लाली (से २, २९)। ६ वर्ण, रँग (भवि)। ७ रँगना, रंजन, रंग चढाना (गउड)। °अ वि [°द] कुतूहल-जनक (से ६, ४२)। °वलि स्त्री [°आवलि] रंगोली (चउप्पन्न० पत्र ३२९ गा ७१४)।

रंगण न [रङ्गन] १ राग, रँगना। २ पुं. जीव, आत्मा (भग २०, २—पत्र ७७६)।

रंगिर वि [रङ्गितृ] चलनेवाला (सुपा ३)।

रंगिल्ल वि [रङ्गवत्] रँगवाला (उर ६, २)।

रंज सक [रञ्जय्] १ रँग लगाना। २ खुशी करना। रंजए, रंजेइ (वज्जा १३६; हे ४, ४९)। कर्म. रंजिज्जइ (महा)। वकृ. रंजंत (संवे ३)। संकृ. रंजिऊण (पि ५८६)। कृ. रंजियव्व (आत्महि ६)।

रंजग वि [रञ्जक] रञ्जन करनेवाला (रंभा)।

रंजण न [रञ्जन] १ रँगना (विसे २९६१)। २ खुशी करना; 'परचित्तरंजणे' (उप ९८६

टी; संवे ५)। ३ पुं. छन्द-विशेष (पिंग)। ४ वि. खुशी करनेवाला, रागजनक (कुमा)।

रंजण पुं [दे] १ घड़ा, कुम्भ (दे ७, ३)। २ कुण्डा, पात्र-विशेष (दे ७, ३, पाप्र)।

रंजविय } वि [रञ्जित] राग-युक्त किया
रंजिअ } हुआ (सण; से ६; ४८; गउड; महा; हेका २७२)।

रंडा स्त्री [रण्डा] राँड़, विधवा (उप पृ ३१३; वज्जा ४४; कप्पू; पिंग)।

रंडुअ न [दे] रज्जु, रस्सी; गुजराती में 'राढवु' (दे ७, ३)।

रंध सक [रध्, राधय्] राँधना, पकाना। 'रंधो राधयतेः स्मृतः' रंधइ (प्राकृ ७०), रंधेहि (स २४६)। वकृ. **रंधंत** (गाया १, ७—पत्र ११७)। संकृ. **रंधिऊण** (कुप्र २०५)।

रंध न [रन्ध्र] छिद्र, विवर (गा ६५२; रंभा; भवि)।

रंधण न [रन्धन, राधन] राँधना; पचन, पाक (गा १४; पव ३८; सुअनि १२१ टीं; सुपा १२; ४०१)। °**घर** न [°गृह] पाक-गृह (रयण ३१)।

रंधण न [रन्धन] पाक-गृह, रसोईघर (आचा २, १०, १४)।

रंप सक [तक्ष्] छिलना, पतला करना। रंपइ (हे ४, १९४; प्राकृ ६५; षड्)।

रंपण न [तक्षण] तनू-करण, पतला करना (कुमा)।

रंफ देखो **रंप**। रंफइ, रंफए (हे ४, १९४; षड्)।

रंफण देखो **रंपण** (कुमा)।

रंभ सक [गम्] जाना, गति करना। रंभइ (हे ४, १६२), रंभंति (कुमा)।

रंभ देखो **रंफ**। रंभइ (धात्वा १४९)।

रंभ सक [आ+रभ्] आरम्भ करना। रंभइ (षड्)।

रंभ पुं [दे] अन्दोलन-फलक, हिंडोले का तख्ता (दे ७, १)।

रंभा स्त्री [रम्भा] १ कदली, केला का गाछ (सुपा २५४; ६०५; कुप्र ११७; पाप्र)। २ देवांगना-विशेष, एक अप्सरा (सुपा २५४; रयण ५)। ३ वैरोचन नामक बलीन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ५, १—पत्र ३०२; णाया २—पत्र २५१)। ४ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, ८)।

रक्ख सक [रक्ष्] रक्षण करना, पालन करना। रक्खइ (उव; महा)। भूका. रक्खीअ (कुमा)। वकृ. **रक्खंत** (गा ३८; औप; मा ३७)। कवकृ. **रक्खीअमाण** (नाट—मालती २८)। कृ. **रक्ख, रक्खणिज्ज, रक्खियव्व, रक्खेयव्व** (से ३, ५; सार्ध १००; गउड; सुपा २४०)।

रक्ख पुंन [रक्षस्] राक्षस (पाप्र; कुप्र ११३; सुपा १३०, सट्ठि ६ टी; संबोध ४४)।

रक्ख वि [रक्ष] १ रक्षक, रक्षा करनेवाला (उप पृ ३६८; कप्प)। २ पुं. एक जैन मुनि (कप्प)।

रक्ख देखो **रक्ख** = रक्ष्।

रक्खअ } वि [रक्षक] रक्षण-कर्ता (नाट—
रक्खग } मालवि ५३; रंभा; कुप्र २३३; सार्ध ९९)।

रक्खण न [रक्षण] रक्षा, पालन (सुर १३, १६७; गउड; प्रासू २३)।

रक्खणा स्त्री [रक्षणा] ऊपर देखो (उप ८५०; स ९९)।

रक्खणिया स्त्री [दे] रखी हुई स्त्री, रखेलिन, रखनी, रखात (सुपा ३८३)।

रक्खवाल वि [दे] रखवाला, रक्षा करनेवाला (महा)।

रक्खस पुं [राक्षस] १ देवों की एक जाति (पण्ह १,४—पत्र ६८)। २ विद्याधर-मनुष्यों का एक वंश (पउम ५, २५२)। ३ वंश-विशेष में उत्पन्न मनुष्य, एक विद्याधरजाति; 'तेणं चिय खयराणं रक्खसनामं कयं लोए' (पउम ५, २५७)। ४ निशाचर, क्रव्याद (से १५, १७; नाट—मृच्छ १३२)। ५ अहोरात्र की तीसवाँ मुहूर्त्त (सम ५१; सुज्ज १०, १३)। °**उरी** स्त्री [°पुरी] लंका नगरी (से १२, ८४)। °**णअरी** स्त्री [°नगरी] वही अर्थ (से १२, ७८)। °**णाह** पुं [°नाथ] राक्षसों का राजा (से ८, १०४)। °**त्थ** न [°स्त्र] अस्त्र-विशेष (पउम ७१, ६३)। °**दीव** पुं [°द्वीप] सिंहल द्वीप (पउम ५, १२६)। °**नाह** देखो °**णाह** (पउम ६, ३६)। °**वइ** पुं [°पति] राक्षसों का मुखिया (पउम ५, १२३; से ११, १)। °**ाहिव** पुं [°ाधिप] वही अर्थ (से १५, ८७; ९१)।

रक्खसिंद पुं [राक्षसेन्द्र] राक्षसों का राजा (पउम १२, ४)।

रक्खसी स्त्री [राक्षसी] १ राक्षस की स्त्री (नाट—मृच्छ २३८)। २ लिपि-विशेष (विसे ४६४ टी)।

रक्खसेंद देखो **रक्खसिंद** (से १२, ७७)।

रक्खा स्त्री [रक्षा] १ रक्षण, पालन (श्रा १०; सुपा १०३; ११३)। २ राख, भस्म; 'सो चंदणं रक्खकए दहिज्जा' (सत्त २८; सुपा ६५७)।

रक्खिअ वि [रक्षित] १ पालित (गउड; गा ३३३)। २ पुं. एक प्रसिद्ध जैन महर्षि (कप्प; विसे २२८८)।

रक्खिआ देखो **रक्खसी** (रंभा १७)।

रक्खी स्त्री [रक्षी] भगवान् अरनाथ की मुख्य साध्वी (सम १५२; पव ८)।

रक्खोवग वि [रक्षोपग] रक्षण में तत्पर (राय ११३)।

रगिल्ल [दे] देखो **रइगेल्ल** (षड्)।

रग्ग देखो **रत्त** = रक्त (हे २, १०; ८९; षड्)।

रग्गय न [दे] कुसुम्भ-वस्त्र (दे ७, ३; पाप्र; गउड)।

रघुस पुं [रघुष] हरिवंश का एक राजा (पउम २२, ९९)।

रच्च अक [दे. रञ्ज्] राचना, आसक्त होना, अनुराग करना। रच्चइ, रच्चंति, रच्चेह (कुमा; वज्जा ११२)। कर्म. 'रत्ते रच्चिज्जए जम्हा' (कुप्र १३२)। वकृ. **रच्चंत** (भवि)। प्रयो. रच्चावंति (वज्जा ११२)।

रच्चण न [दे. रञ्जन] १ अनुराग। २ वि. अनुराग करनेवाला, राचनेवाला (कुमा)।

रच्चिर वि [दे. रञ्जितृ] राचनेवाला (कुमा)।

रच्छा देखो **रक्खा** (रंभा १६)।

रच्छा स्त्री [रथ्या] मुहल्ला (गा ११९; औप; कस)।

रच्छामय पु [दे. रथ्यामृग] श्वान, कुत्ता (दे ७, ४)।

रज देखो **रय** = रजस् (कुमा)।

रजक } पुंस्त्री [रजक] धोबी, कपड़ा धोने **रजग** } का धन्धा करनेवाला (श्रा १२; दे ५, ३२)। स्त्री. °की (दे १, ११४)।

रजय देखो **रयय** = रजत (इक)।

रज्ज अक [रञ्ज्] १ अनुराग करना, आसक्त होना। २ रँगाना, रँग-युक्त होना। रज्जइ (आचा; उव), रज्जह (णाया १, ८—पत्र १४८)। भवि. रज्जिहिति (औप)। वकृ. **रज्जंत, रज्जमाण** (से १०, २०; णाया १, १७; उत्त २६, ३)। कृ. **रज्जियव्व** (पगह २, ५—पत्र १४६)।

रज्ज न [राज्य] १ राज, राजा का अधिकृत देश। २ शासन, हुकूमत (णाया १, ८; कुमा; दं ४७; भग, प्रासू)। °**पालिया** स्त्री [°पालिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °**वइ** पुं [°पति] राजा (कप्प)। °**सिरी** स्त्री [°श्री] राज्य-लक्ष्मी (महा)। °**ाहिसेय** पुं [°ाभिषेक] राजगद्दी पर बैठाने का उत्सव (पउम ७७, ३६)।

रज्जव पुंन. नीचे देखो; 'खररज्जवेसु बद्धा' (पउम ३६, ११६)।

रज्जु स्त्री [रज्जु] १ रस्सी (पाअ; उवा)। २ एक प्रकार की नाप; 'चउदसरज्जू लोगो' (पव १४३)।

रज्जु वि [दे] लेखक, लिखने का काम करनेवाला (कप्प)। °**सभा** स्त्री [°सभा] १ लेखक-गृह। २ शुल्क-गृह, चूँगी-घर; 'हत्थिपालस्स रन्नो रज्जुसभाए' (कप्प)।

रज्झिअ देखो **रहिअ** = रहित; 'अरज्झिया-भिताबा तहवी तविति' (सूअ १,५,१,१७)।

रट्ठ न [राष्ट्र] देश, जनपद (सुपा ३०७; महा)। °**उड, °कूड** पुं [°कूट] राज-नियुक्त प्रतिनिधि, सूबेदार (विपा १, १ टी—पत्र ११; विपा १, १—पत्र ११)।

रट्ठिअ वि [राष्ट्रिय] १ देश-सम्बन्धी। २ पुं. नाटक की भाषा में राजा का साला (अभि १६४)।

रट्ठिअ पुं [राष्ट्रिक] देश की चिन्ता के लिए नियुक्त राज-प्रतिनिधि, सूबेदार (पगह १, ५—पत्र ६४)।

रड अक [रट्] १ रोना। २ चिल्लाना। रडइ (भवि)। वकृ. **रडंत** (हे ४, ४४५; भवि)।

रडण न [रटन] चिल्लाहट, चीख (पिंड २२५)।

रडिय न [रटित] १ रुदन, रोना (पगह २, ५)। २ आवाज करना, शब्द-करण; 'परहुय-वहूय रडियं कुहूकुहूमहुरसद्देण' (रंभा)। ३ चिल्लाना, चीख (णाया १, १—पत्र ६३)। ४ वि. कलहायित, झगड़ालू, झगड़ाखोर; 'कलहाइअं रडिअं' (पाअ)।

रडरडिय न [रटरटित] शब्द-विशेष, वाद्य-विशेष की आवाज (सुपा ५०)।

रड्डु वि [दे] खिसक कर गिरा हुआ, गुजराती में 'रडेलु' (कुप्र ४५६)।

रड्डा स्त्री [रड्डा] छन्द-विशेष (पिंग)।

रण पुंन [रण] १ संग्राम, लड़ाई (कुमा; पाअ)। २ पुं. शब्द, आवाज (पाअ)। °**खंभउर** न [°स्तम्भपुर] अजमेर के समीप का एक प्राचीन नगर; 'रणखंभउरजिणहरे चडाविया कणयमयकलसा' (मुणि १०६०१)।

रणक्कार पुं [रणत्कार] शब्द-विशेष (गउड)।

रणझण अक [रणझणाय्] 'रन् झन्' आवाज करना। रणझणइ (वज्जा १२८)। वकृ. **रणझणंत** (भवि)।

रणझणिर वि [रणझणायितृ] 'रन् झन्' आवाज करनेवाला (सुपा ६४१; धर्मवि ८८)।

रणरण अक [रणरणाय्] 'रन् रन्' आवाज करना। वकृ. **रणरणंत** (पिंग)।

रणरण } पुं [दे. रणरणक] १ निःश्वास, **रणरणय** } नीसास; 'अइउण्हा रणरणया दुप्पेच्छा दूसहा दुरालोया' (वज्जा ७८)। २ उद्वेग, पीड़ा, अधृति; 'गरुयपियसंगमासा-भंससमुच्छलियरणरणाइन्नं' (सुर ४, २३०; पाअ)। ३ उत्कण्ठा, औत्सुक्य (दे १, १३६; गउड; रुक्मि ४८; संवे २)।

रणरणाय देखो **रणरण** = रणरणाय्। वकृ. **रणरणायंत** (पउम ६४, ३६)।

रणिअ न [रणित] शब्द, आवाज (सुर १, २४८)।

रणिर वि [रणितृ] आवाज करनेवाला (सुपा ३२७; गउड)।

रण्ण न [अरण्य] जंगल, अटवी (हे १, ६६; प्राप्र; औप)।

रत्त पुं [रक्त] १ लाल वर्ण, लाल रंग। २ कुसुंभ। ३ वृक्ष-विशेष, हिज्जल का पेड़ (हे २, १०)। ४ न. कुंकुम। ५ ताम्र, ताँबा। ६ सिंदूर। ७ हिंगुल। ८ खून, रुधिर। ६ राग (प्राप्र)। १० वि. रँगा हुआ (हेका २७२)। ११ लाल रँगवाला (पाअ)। १२ अनुराग-युक्त (ओघ ७५७; प्रासू १५५; १६०)। °**कंबला** स्त्री [°कम्बला] मेरु पर्वत के पण्डक वन में स्थित एक शिला, जिसपर जिनदेवों का अभिषेक किया जाता है (ठा २, ३—पत्र ८०)। °**कूड** न [°कूट] शिखर-विशेष (राज)। °**कोरिंटय** पुं [°कुरण्टक] वृक्ष-विशेष (पउम ५३, ७६)। °**क्ख, °च्छ** वि [°क्ष] १ लाल आँखवाला (राज; सुर २, ६)। स्त्री. °**च्छी** (ओघभा २२ टी)। २ पुं. महिष, भैंसा (दे ७, १३)। °**ट्ठ** पुं [°र्थ] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४४)। °**धाउ** पुं [°धातु] कुण्डल पर्वत का एक शिखर (दीव)। °**पड** पुं [°पट] परिव्राजक, संन्यासी (णाया १, १५—पत्र १६३)। °**प्पवाय** पुं [°प्रपात] द्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७३)। °**प्पह** पुं [°प्रभ] कुण्डल-पर्वत का एक शिखर (दीव)। °**रयण** न [°रत्न] रत्न की एक जाति; पद्म-राग मणि (औप)। °**वई** स्त्री [°वती] एक नदी (सम २७; ४३; इक)। °**वड** देखो °**पड** (सुख ८, १३)। °**सुभद्दा** स्त्री [°सुभद्रा] श्रीकृष्ण की एक भगिनी (पगह १, ४—पत्र ८५)। °**ासोग, °ासोय** पुं [°ाशोक] लाल अशोक का पेड़ (णाया १, १; महा)।

रत्त पुं [°रात्र] रात, निशा (जी ३४)।

रत्तग देखो **रत्त** = रक्त (महा)।

रत्तंदण न [रक्तचन्दन] लाल चन्दन (सुपा १८१)।

रत्तक्खर न [दे] सीधु, मद्य-विशेष (दे ७, ४)।

रत्तच्छ पुं [दे] १ हंस। २ व्याघ्र (७, १३)।

रत्तडि (अप) देखो **रत्ति** = रात्रि (पि ५६६)।

रत्तय न [दे. रक्तक] बन्धूक वृक्ष का फूल (दे ७, ३)।

रत्ता स्त्री [रक्ता] एक नदी (सम २७; ४३, इक)। °**वइप्पवाय** पुं [°वतीप्रपात] द्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७३)।

रत्ति स्त्री [दे] आज्ञा, हुकुम (दे ७, १)।

रत्ति स्त्री [रात्रि] रात, निशा (हे २, ७६; कुमा; प्रासू ६०)। °**अंधय** वि [°अन्धक] रात को नहीं देख सकनेवाला (गा ६६७; हेका २६)। °**अर** वि [°चर] १ रात में विहरनेवाला। २ पुं. राक्षस (षड्)। °**दिवह** न [°दिवस] रात-दिन, अहर्निश (पि ८८)। देखो **राइ** = रात्रि।

रत्तिचर देखो **रत्ति** = अर (धर्मवि ७२)।

रत्तिदिअह न [रात्रिदिवस] रात-दिन, अहर्निश, निरन्तर (अच्चु ७८)।

रत्तिंदिय } न [रात्रिन्दिव] ऊपर देखो
रत्तिंदिव } (पउम ८, १६४; ७५, ८५)।

रत्तिंध वि [रात्र्यन्ध] जो रात में न देख सकता हो वह (प्रासू १७५)।

रत्तीअ पुं [दे] नापित, हजाम (दे ७, २; पाअ)।

रत्तुप्पल न [रक्तोत्पाल] लाल कमल (पराह १, ४)।

रत्तोआ स्त्री [रक्तोदा] एक नदी (इक)।

रत्तोप्पल देखो **रत्तुप्पल** (नाट—मृच्छ १४५)।

रत्था देखो **रच्छा** (गा ४०; अंत १२; सुर १, ६६)।

रद्ध वि [रद्ध, राद्ध] राँधा हुआ, पक्व (पिंड १६५; सुपा ६३६)।

रद्धि वि [दे] प्रधान, श्रेष्ठ (दे ७, २)।

रन्न वि **रण्ण** (सुपा ४०१; कुमा)।

रप्प सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना। रप्पइ (प्राकृ ७३)।

रप्फ पुं [दे] वल्मीक, गुजराती में 'राफडो' (दे ७, १; पाअ)। २ रोग-विशेष; 'करि कंपु पायमूलिसु रप्फय' (सण)।

रप्फडिआ स्त्री [दे] गोधा, गोह (दे ७, ४)।

रब्बा वि [दे] राब, यवागू (श्रा १४; उर २, १२; धर्मवि ४२)।

रभस देखो **रहस** = रभस (गा ८७२; ८९४; ९३४)।

रम अक [रम्] १ क्रीड़ा करना। २ संभोग करना। रमइ, रमए, रमंते, रमिज्ज, रमेज्जा (कुमा)। भवि. रमिस्सदि, रमिहिइ (कुमा)। कर्म. रमिज्जइ (कुमा)। वकृ. **रमंत, रममाण** (गा ४४; कुमा)। संकृ. **रमिअ, रमिउं, रमिऊण, रंतूण** (हे २, १४६, ३, १३६; महा; पि ३१२), **रमेप्पि, रम्मेप्पिणु, रमेवि** (अप) (पि ५८८)। हेकृ. **रमिउं** (उप पृ ३८)। कृ. **रमिअव्व** (गा ४६१), देखो **रमणिज्ज, रमणीअ, रम्म**। प्रयो. रमावेंति (पि ५५२)।

रमण न [रमण] १ क्रीडा, क्रीडन। २ सुरत, संभोग, रति-क्रीड़ा (पव ३८; कुमा; उप पृ १८७)। ३ स्मर-कूपिका, योनि (कुमा)। ४ पुं. जघन, नितम्ब (पाअ)। ५ पति, वर, स्वामी (पउम ५१, १६; पिंग)। ६ छन्द-विशेष (पिंग)।

रमणिज्ज वि [रमणीय] १ सुन्दर, मनोहर, रम्य (प्राप्र; पाअ; अभि २००)। २ न. एक देव-विमान (सम १७)। ३ पुं. नन्दीश्वर द्वीप के मध्य में उत्तर दिशा की ओर स्थित एक अञ्जन-गिरि (पव २६९ टी)। ४ एक विजय, प्रान्त-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)।

रमणी स्त्री [रमणी] १ नारी, स्त्री (पाअ; उप पृ १८७; प्रासू १५५; १८०)। २ एक पुष्करिणी (इक)।

रमणीअ वि [रमणीय] रम्य, मनोरम (प्राप्र; स्वप्न ४०; गउड; सुपा २५५; भवि)।

रमा स्त्री [रमा] लक्ष्मी, श्री (कुम्मा ३)।

रमिअ देखो **रम**।

रमिअ वि [रत] १ क्रीडित, जिसने क्रीडा की हो वह (कुमा ४, ५०)। २ न. रमण, क्रीडा (णाया १, ६—पत्र १६५; कुमा; सुपा ३७६; प्रासू ६५)।

रमिअ वि [रमित] रमाया हुआ (कुमा ३, ८६)।

रमिर वि [रन्तृ] रमण करनेवाला (कुमा)।

रम्म वि [रम्य] १ मनोरम, रमणीय, सुन्दर (पाअ; से ६, ४७; सुर १, ६६; प्रासू ७१)। २ पुं. विजय-विशेष, एक प्रान्त (ठा २, ३—पत्र ८०)। ३ चम्पक का गाछ (से ६, ४७)। ४ न. एक देव-विमान (सम १७)।

रम्मग } पुं [रम्यक] १ एक विजय, प्रान्त-
रम्मय } विशेष (ठा २. ३—पत्र ८०)। २ एक युगलिक-क्षेत्र, जंबू-द्वीप का वर्ष-विशेष (सम १२; ठा २, ३—पत्र ६७; इक)। ३ न. एक देव-विमान (सम १७)। ४ पर्वत-विशेष का एक कूट (जं ४)।

रम्ह देखो **रंफ**। रम्हइ (प्राकृ ६५)।

रय सक [रज्] रँगना, 'नो धोएजा, नो रएज्जा, नो धोयरत्ताइं वत्थाइं धारेज्जा' (आचा)।

रय सक [रचय्] बनाना, निर्माण करना। रयइ, रएइ (हे ४,९४; षड्; महा)। कवकृ. **रइज्जंत** (से ८, ८७)।

रय पुंन [रजस्] १ रेणु, धूल (औप; पाअ; कुप्र २१)। २ पराग, पुष्प-रज (से ३, ४८)। ३ सांख्य-दर्शन में उक्त प्रकृति का एक गुण (कुप्र २१)। ४ बध्यमान कर्म (कुमा ७, ५८; चेइय ६२२; उव)। °**त्ताण** न [°त्राण] जैन मुनि का एक उपकरण (ओघ ६६८; पराह २, ५—पत्र १४८)। °**स्सला** स्त्री [°स्वला] ऋतुमती स्त्री (दे १, १२५)। °**हर** पुंन [°हर] जैन मुनि का एक उपकरण (संबोध १५)। °**हरण** न [°हरण] वही अर्थ (णाया १, १; कस)।

रय वि [रत] १ अनुरक्त, आसक्त (औप; उव; सुर १, १२; सुपा ३०६; प्रासू १६६)। २ स्थित (से ६, ४२)। ३ न. रति-कर्म, मैथुन (सम १५; उव; गा १५५; स १८०; वज्जा १००; सुपा ४०३)।

रय पुं [रय] वेग (कुमा; से २, ७; सण)।

रय देखो **रव** (पउम ११४, १७)।

रयग देखो **रयय** = रजक (श्रा १२; सुपा ५८८)।

रयण न [रजन] रँगना; रँग-युक्त करना (सूअ १, ६, १२)।

रयण वि [रचन] करनेवाला, निर्माता; 'चेडीसचितारयणु' (सण)।

रयण पुं [रदन] दाँत, दशन (उप ६८६ टी; पाअ; काप्र १७२; नाट. रत्ना १३)।

रयण पुंन [रत्न] १ माणिक्य आदि बहुमूल्य पत्थर, मणि; 'दुवे रयणा समुप्पन्ना' (निर १, १; उप ५६३; णाया १, १; सुपा १४७; जी ३; कुमा; हे २, १०१)। २ श्रेष्ठ, स्वजाति में उत्तम (सम २६; कुमा ३, ४७); 'तहवि हु चंद-सरिच्छा विरला रयणायरे रयणा' (वज्जा १५६)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। ४ द्वीप-विशेष (णाया १, ६; पउम ५५, १७)। ५ पर्वत-विशेष का एक कूट (ठा ४, २; ८)। ६ पुं. ब. रत्न-द्वीप का निवासी (पउम ५५, १७)। °उर न [°पुर] नगर-विशेष (सण)। °चित्त पुं [°चित्र] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, १५)। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष (णाया १, ६—पत्र १६५)। °निहि पुं [°निधि] समुद्र, सागर (सुपा ७, १२६)। °पुढवी स्त्री [°पृथिवी] पहली नरक-भूमि, रत्नप्रभा नामक नरक-पृथिवी (स १३२)। °पुर देखो °उर (कुप्र ६; महा; सण)। °प्पभा, °प्पहा स्त्री [°प्रभा] १ पहली नरक-भूमि (ठा ७—पत्र ३८८; औप; भग)। २ भीम नामक राक्षसेन्द्र की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ३ रत्न का तेज (स १३३)। °मय त्रि [°मय] रत्नों का बना हुआ (महा)। °माला स्त्री [°माला] छन्द-विशेष (अजि २४)। °मालि पुं [°मालिन्] विद्याधर-वंश में उत्पन्न नमि-राज का एक पुत्र (पउम ५, १४)। °मुस वि [°मुष्] रत्नों को चुरानेवाला (षड्)। °रह पुं [°रथ] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, १४)। °रासि पुं [°राशि] समुद्र (प्रारू)। °वइ पुं [°पति] रत्नों का मालिक, धनी, श्रीमंत (सुपा २६६)। °वई स्त्री [°वती] एक रानी (रयण ३)। °वज्ज पुं [°वज्र] विद्याधर-वंशीय एक राजा (पउम ५, १४)। °वह वि [°वह] रत्न-धारक (गउड १०७१)। °संचय न [°संचय] १ रुचक पर्वत का कूट (इक)। २ एक नगर (इक; सुर ३, २०)। °संचया स्त्री [°संचया] १ मंगलावती नामक विजय की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०)। २ ईशानेन्द्र की वसुन्धरा-नामक इन्द्राणी की एक राजधानी (इक)। °समया स्त्री [°समया] मंगलावती नामक विजय की एक राजधानी (इक)। °सार पुं [°सार] १ एक राजा (राज)। २ एक शेठ का नाम (उप ७२८ टी)। °सिंह पुं [°सिंह] एक जैन आचार्य, संवेगचूलिकाकुलक कर्त्ता (संवे १२)। °सिह पुं [°शिख] एक राजा (उप १०३१ टी)। °सेहर पुं [°शेखर] १ एक राजा (रयण ३)। २ विक्रम की पनरहवीं शताब्दी में विद्यमान एक जैन आचार्य और ग्रंथकार (सिरि १३४०)। °ाअर, °ागर पुं [°ाकर] १ रत्न की खान (षड्)। २ समुद्र (पाअ; सुपा ३७; प्रासू ६७; णाया १, १७—पत्र २२८)। °ाभा स्त्री [°ाभा] देखो °प्पभा (उत्त ३६, १५७)। °ामय देखो °मय (महा; औप)। °ायरसुअ पुं [°ाकरसुत] १ चन्द्रमा। २ एक वणिक्-पुत्र (श्रा १६)। °ावलि, °ावली स्त्री [°ावलि, °ावली] १ रत्नों का हार (सम्म २२)। २ तप-विशेष (अंत २५)। ३ ग्रन्थ-विशेष (दे ८, ७७)। ४ एक विद्याधर-राजकन्या (पउम ६, ५२)। °ावह न [°ावह] नगर-विशेष (महा)। °ासव पुं [°ास्रव] रावण का पिता (पउम ७, ५६; ७१) °ासवसुअ पुं [°ास्रवसुत] रावण (पउम ८, २२१)। °ाहिय वि [°ाधिक] ज्येष्ठ, अवस्था में बड़ा (राज)।

रयणप्पभिय वि [रात्नप्रभिक] रत्नप्रभा-संबन्धी (पंच २, ६६)।

रयणा स्त्री [रचना] निर्माण, कृति (उत्त १५, १८; चेइय ८६६; सुपा ३०४; रंभा)।

रयणा स्त्री [रत्ना] रत्नप्रभा नामक नरक-भूमि (पव १७५)।

रयणि पुंस्त्री [रत्नि] एक हाथ की नाप, बद्ध-मुष्टि हाथ का परिमाण (कस; पव ५८; १७६)।

रयणि स्त्री [रजनि] देखो रयणी = रजनी (णाया १, २—पत्र ७६; कप्प)। °अर पुं [°चर] १ राक्षस (से १०, ६६; पाअ)। °अर, °कर पुं [°कर] चन्द्रमा (हे १, ८ टि; कप्प)। °णाह, °नाह पुं [°नाथ] चन्द्रमा (पाअ; सुपा ३३)। °भत्त न [°भक्त] रात्रि में खाना (सुपा ४६५)। °रमण पुं [°रमण] चन्द्रमा (सण)। °वल्लह पुं [°वल्लभ] चन्द्रमा (कप्पू)। °विराम पुं [°विराम] प्रातःकाल, सुबह (पाअ)।

रयणिंद पुं [रजनीन्द्र] चन्द्रमा (सण)।

रयणिद्धय न [दे] कुमुद, कमल (दे ७, ४; षड्)।

रयणी स्त्री [रत्नी] देखो **रयणि** = रत्नि (ठा १; सम १२; जीवस १७७; जी ३३; औप)।

रयणी स्त्री [रजनी] १ रात्रि, रात (पाअ; प्रासू १३६; कुमा)। २ ईशानेन्द्र के लोकपाल की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ३ चमरेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ५, १—पत्र ३०२)। ४ मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३६३)। ५ षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना; 'मंगी कोरव्वीया हरी य रयतणी(? यणी) सारकंता य' (ठा ७—पत्र ३६३)। °भोअण न [°भोजन] रात में खाना (श्रा २०)। °सार न [°सार] सुरत, मैथुन (से ३, ४८)। देखो **रयणि** = रजनि (हे १, ८)।

रयणी स्त्री [रजनी] औषधि-विशेष—१ पिंडदारु। २ हरिद्रा, हलदी (उत्तनि ३)।

रयणुच्चय, **रयणोच्चय** पुं [रत्नोच्चय] १ मेरु-पर्वत (सुज ५ टी—पत्र ७७; इक)। २ कूट-विशेष (इक)।

रयणोच्चया स्त्री [रत्नोच्चया] वसुगुप्ता नामक इन्द्राणी की एक राजधानी (इक)।

रयत, **रयद**, **रयय** न [रजत] १ रूप्य, चाँदी (णाया १, १—पत्र ६६; प्राकृ १२; प्राप्र; पाअ; उवा; औप)। २ एक देव-विमान (देवेन्द्र १३१)। ३ हाथी का दाँत। ४ हार, माला। ५ सुवर्ण, सोना। ६ रुधिर, खून। ७ शैल, पर्वत। ८ धवल वर्ण। ९ शिखर-विशेष। १० वि. सफेद वर्णवाला, श्वेत (प्राकृ १२; प्राप्र; हे १, १७७; १८०; २०६)। °गिरि पुं [°गिरि] पर्वत-विशेष (णाया १, १; औप)। °वत्त न [°पात्र]

चाँदी का बरतन (गउड)। °मय वि [°मय] चाँदी का बना हुआ (णाया १, १—पत्र ५४; पि ७०)।

रयय पुं [रजक] धोबी (स २८६; पाअ)।

रयवल्ली स्त्री [दे] शिशुत्व, बाल्य (दे ७, ३)।

रयवाडी देखो **राय-वाडिआ** (सिरि ७५८)।

रयाव सक [रचय्] बनवाना, निर्माण कराना। रयावेइ, रयाविंति, रयावेह (कप्प)। संकृ. **रयावेत्ता** (कप्प)।

रयाविय वि [रचित] बनवाया हुआ (स ४३५)।

रल्ला स्त्री [दे] प्रियंगु, मालकाँगनी (दे ७, १)।

रल्लि पुंस्त्री [दे] लम्बा मधुर शब्द (माल ६०)।

रव सक [रु] १ कहना, बोलना। २ वध करना। ३ गति करना। ४ अक. रोना। ५ शब्द करना; 'सुद्धं रवति परिसाए' (सूअ १, ४, १, १८), रवइ (हे ४, २३३; संक्षि ३३)। वकृ. **रवंत, रवेंत** (णाया १, १—पत्र ६५; पिंग; औप)।

रव सक [रावय्] बुलवाना, आह्वान करना। वकृ. **रवेंत** (औप)।

रव सक [दे] आर्द्र करना। भवि—**रवेहिइ** (णंदि)।

रव पुं [रव] १ शब्द, आवाज (कप्प; महा; सण; भवि)। २ वि. मधुर शब्दवाला; 'रवं अलसं कलमंजुलं' (पाअ)।

रव (अप) देखो **रय** = रजस् (भवि)।

रवँण, रवण (अप) देखो **रमण** (भवि)।

रवण न [रवण] आवाज करना, 'पच्चासन्ने य करेणुया सया रवणसीला आसी' (महा)।

रवण्ण, रवन्न (अप) देखो **रम्म** = रम्य (हे ४, ४२२; भवि)।

रवय पुं [दे] मन्थान-दण्ड, विलोने की लकड़ी. गुजराती में 'रवैयो' (दे ७, ३)।

रवरव अक [रोरूय्] १ खूब आवाज करना। २ बारंबार आवाज करना। वकृ. **रवरवंत** (औप)।

रवि वि [रविन्] आवाज करनेवाला (से २, २६)।

रवि न [रवि] १ सूर्य, सूरज (से २, २६; गउड; सण)। २ राक्षस-वंश का एक राजा (पउम ५, २६२)। ३ अर्क वृक्ष, आक का पेड़ (हे १, १७२)। °तेअ पुं [°तेजस्] १ इक्ष्वाकु वंश का एक राजा (पउम ५, ४)। २ राक्षस वंश का एक राजा, एक लंकेश (पउम ५, २६५)। °तेया स्त्री [°तेजा] एक विद्या (पउम ७, १४१)। °नंदण पु [°नन्दन] शनि-ग्रह (श्रा १२)। °प्पभ पुं [°प्रभ] वानरद्वीप का एक राजा (पउम ६, ६८)। °भत्ता स्त्री [°भक्ता] एक महौषधि (ती ५)। °भास पुं [°भास] खड्ग-विशेष, सूर्यहास खड्ग (पउम ५५, २६)। °वार पुं [°वार] दिन-विशेष, रविवार (कुप्र ४११)। °सुअ पुं [°सुत] १ शनिश्चर ग्रह (से ८, २८; सुपा ३६)। २ रामचन्द्र का एक सेनापति, सुग्रीव (से १५, ५६)। °हास पुं [°हास] सूर्यहास खड्ग (पउम ५३, २७)।

रविगय न [रविगत] जिसपर सूर्य हो वह नक्षत्र (वव १)।

रविय वि [दे] आर्द्र किया हुआ, भिजाया हुआ (विसे १४५६)।

रव्वारिअ पुं [दे] दूत, संदेश-हारक, 'जेण अवज्झो रव्वारिओ त्ति' (सुपा ४२८)।

रस सक [रस्] चिल्लाना, आवाज करना। रसइ (गा ४३६)। वकृ. **रसंत** (सुर २, ७४; सुपा २७३)।

रस पुंन [रस] १ जिह्वा का विषय—मधुर, तिक्त आदि; 'एगे रसे', 'एवं गंधाइं रसाइं फासाइं' (ठा १०—पत्र ४७१; प्रासू १७४)। २ स्वभाव, प्रकृति (से ४,३२)। ३ साहित्य-शास्त्र-प्रसिद्ध शृंगार आदि नव रस (उत्त १४, ३२; धर्मवि १३; सिरि ३६)। ४ जल, पानी (से २, २७; धर्मवि १३)। ५ सुख (उत्त १४, ३१)। ६ आसक्ति, दिलचस्पी (सत्त ५३; गउड)। ७ अनुराग, प्रेम (पाअ)। ८ मद्य आदि द्रव पदार्थ (पण्ह १, १; कुमा)। ९ पारद, पारा (निचू १३)। १० भुक्त अन्न का प्रथम परिणाम, शरीरस्थ धातु-विशेष (गउड)। ११ कर्म-विशेष (कम्म २, ३१)। १२ छन्दःशास्त्र-प्रसिद्ध प्रस्तार-विशेष (पिंग)। १३ माधुर्य आदि रसवाला पदार्थ (सम ११; नव २८)। °नाम न [°नामन्] कर्म-विशेष (सम ६७)। °न्नु वि [°ज्ञ] रस का जानकार (सुपा २६१)। °भेइ वि [°भेदिन्] रसवाली चीजों का भेल-सेल करनेवाला (पउम ७५, ५२)। °मंत वि [°वत्] रस-युक्त (भग, ठा ५, ३—पत्र ३३३)। °वई स्त्री [°वती] रसोई (सुपा ११)। °ल, °लु वि [°वत्] रसवाला (हे २, १५९; सुख ३, १)। °वण पुं [°आपण] मद्य की दूकान (पव ११२)।

रस पुंन [रस] निष्यन्द, निचोड़, सार (दसनि ३, १६)।

रसण न [रसन] जिह्वा, जीभ (पण्ह १, १—पत्र २३; आचा)।

रसणा स्त्री [रसना] १ मेखला, कांची (पाअ; गउड; से १, १८)। २ जिह्वा, जीभ (पाअ)। °ल वि [°वत्] रसनावाला (सुपा ५५६)।

रसद्द न [दे] चुल्ली-मूल, चूल्हे का मूल भाग (दे ७, २)।

रसा स्त्री [रसा] पृथिवी, धरती (हे १, १७७; १८०; कुमा)।

रसाउ पुं [दे. रसायुष्] भ्रमर, भौंरा (दे ७, २; पाअ)।

रसाय पुं [दे] ऊपर देखो (दे ७, २)।

रसायण न [रसायन] वैद्यक-प्रसिद्ध औषध-विशेष (विपा १, ७; प्रासू १६२; भवि)।

रसाल पुं [रसाल] आम्र-वृक्ष, आम का गाछ (सम्मत्त १७३)।

रसाला स्त्री [दे. रसाला] मार्जिता, पेय-विशेष (दे ७, २; पाअ)।

रसालु पुं [दे. रसालु] मज्जिका, राज-योग्य पाक-विशेष—दो पल घी, एक पल मधु, आधा आढक दही, बीस मिरचा तथा दस पल चीनी या गुड़ से बनता पाक (ठा ३, १—पत्र ११८; सुज २० टी; पव २५९)।

रसि देखो **रस्सि** (प्राकृ २६)।

रसिअ वि [रसिक] १ रसज्ञ, रसिया, शौकीन (से १, ६)। २ रस-युक्त, रसवाला (सुपा २६; २१७; पउम ३१, ४६)।

रसिअ वि [रसित] १ रस-युक्त, रसवाला (पव २)। २ न. शब्द, आवाज (गउड; पण्ह १, १)।

रसिआ स्त्री [दे. रसिका] १ पूय, पीब, व्रण से निकलता गंदा सफेद खून, गुजराती में 'रसी' (श्रा १२; विपा १, ७; पण्ह १, १)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

रसिंद पुं [रसेन्द्र] पारद, पारा (जी ३; श्रु १५८)।

रसिग देखो **रसिअ** = रसिक (पंचा २, ३४)।

रसिर वि [रसितृ] आवाज करनेवाला (सण)।

रसोइ (अप) देखो रस-वई (भवि)।

रस्सि पुंस्त्री [रश्मि] १ किरण, 'भरहं समासियाओ आइच्चं चेव रस्सीओ' (पउम ८०, ६४; पाअ; प्राप्र)। २ रस्सी, रज्जु (प्रासू ११७)।

रह अक [दे] रहना। रहइ, रहए, रहेइ (पिंग; महा; सिरि ८६३), रहसु, रहह (सिरि ३५५; ३५३)।

रह सक [रह्] त्यागना, छोड़ना (कप्पू; पिंग)।

रह पुं [रभस] उत्साह, 'पुणो पुणो ते स-रहं दुहेंति' (सूअ १, ५, १, १८)। देखो **रहस** = रभस।

रह पुंन [रहस्] १ एकान्त, निर्जन; 'तत्थ रहो त्ति आगच्छं' (कुप्र ८२), 'लहु मे रहं देसु' (सुपा १७४; वज्जा १५२)। २ प्रच्छन्न, गोप्य (ठा ३, ४)।

रह पुंन [रथ] १ यान-विशेष, स्यन्दन; 'धम्मस्स निव्वाणपहे रहाणि' (सत्त १८, पाअ; कुमा)। २ पुं. एक जैन महर्षि (कप्प)। °**कार** पुं [°कार] रथ-निर्माता, वर्धकि, बढ़ई (सुपा ४४४; कुप्र १०४; उव)। °**चरिया** स्त्री [°चर्या] रथ को हाँकना; 'ईसत्थसत्थरहचरियाकुसलो' (महा)। °**जत्ता** स्त्री [°यात्रा] उत्सव-विशेष (सुपा ५४१; सुर १६, १६; सिरि ११७५)। °**णेउर** न [°नूपुर] नगर-विशेष (पउम २८, ७; इक)। °**णेउरचक्कवाल** न [°नूपुरचक्रवाल] वैताढ्य पर्वत पर स्थित एक नगर (पउम ५, ६४; इक)। °**नेमि** पुं [°नेमि] भगवान् नेमिनाथ का भाई (उत्त २२, ३६)। °**नेमिज्ज** न [°नेमीय] उत्तराध्ययन सूत्र का बाइसवाँ अध्ययन (उत्त २२)। °**मुसल** पुं [°मुसल] भारतवर्ष की एक प्राचीन लड़ाई, राजा कोणिक और राजा चेटक का संग्राम (भग ७, ६)। °**यार** देखो °**कार** (पाअ)। °**रेणु** पुं [°रेणु] एक नाप, आठ त्रसरेणु का एक परिमाण (इक)। °**वीरउर**, °**वीरपुर** न [°वीरपुर] एक नगर (राज; विसे २५५०)।

रहइं अ [रभसा] वेग से (स ७६२)।

रहंग पुंस्त्री [रथाङ्ग] १ चक्रवाक पक्षी, चकवा (पाअ; सुर ३, २४७, कुमा)। स्त्री. °**गी** (सुपा ४६८; सुर १०, १८५, कुमा)। २ न. चक्र, पहिया (पाअ)।

रहट्ट देखो **अरहट्ट** (गा ४६०; पि १४२)।

रहण न [दे] रहना, स्थिति, निवास (धर्मवि २१; रयण ६)।

रहण न [रहन] १ त्याग। २ विरति, विराम; 'रसरहणं' (पिंग)।

रहमाण पुं [दे] १ यवन मत का एक तत्त्व-वेत्ता (मोह १००)। २ खुदा, अल्ला, परमेश्वर (ती १५)।

रहस पुं [रभस] १ औत्सुक्य, उत्कण्ठा (कुमा)। २ वेग। ३ हर्ष। ४ पूर्वापर का अविचार (संक्षि ७; गउड)।

रहस देखो **रहस्स** = रहस्य; 'रहसाभक्खाणे' (उवा, संबोध ४२; सुपा ४५४)।

रहसा अ [रभसा] वेग से (गउड)।

रहस्स वि [रहस्य] १ गुह्य, गोपनीय (पाअ; सुपा ३१८)। २ एकान्त में उत्पन्न, एकान्त का (हे २, २०४)। ३ न. तत्त्व, तात्पर्य, भावार्थ (ओघ ७६०; रंभा १६)। ४ अपवाद-स्थान (बृह ६)।

रहस्स वि [ह्रस्व] १ लघु, छोटा (विपा १, ८—पत्र ८३)। २ एक मात्रावाला स्वर (उत्त २६, ७२)।

रहस्स न [ह्रास्व] १ लाघव, छोटाई। °**मंत** वि [°वत्] लघु, छोटा (सूअ २, १, १३)।

रहस्सिय वि [राहसिक] प्रच्छन्न, गुप्त (विपा १, १—पत्र ५)।

रहाविअ वि [दे] स्थापित, रखवाया हुआ (हम्मीर १३)।

रहि वि [रथिन्] १ रथ से लड़नेवाला योद्धा (उप ७२८ टी)। २ रथ को हाँकनेवाला (कुप्र २८७; ४६०; धर्मवि १११)।

रहिअ वि [रथिक] उपर देखो, 'रहिएहिं महारहिणो' (उप ७२८ टी; पण्ह २, ४—पत्र १३०; धर्मवि २०)।

रहिअ वि [रहित] परित्यक्त, वर्जित, शून्य (उवा, दं ३२)।

रहिअ वि [रहित] एकाकी, अकेला (वव १)।

रहिअ वि [दे] रहा हुआ, स्थित (धर्मवि २२)।

रहु पुं [रघु] १ सूर्य वंश का एक स्वनाम-ख्यात राजा (उत्तर ५०)। २ पुं. ब. रघु-वंश में उत्पन्न क्षत्रिय (से ४, १६)। ३ पुं. श्रीरामचन्द्र; 'ताहे कयंतसरिसी देइ रहु रिवुबले दिट्ठी' (पउम ११३, २१)। ४ कालिदास-प्रणीत एक संस्कृत काव्य-ग्रन्थ (गउड)। °**आर** पुं [°कार] रघुवंश नामक संस्कृत काव्य-ग्रन्थ का कर्त्ता, कवि कालिदास (गउड)। °**णाह** पुं [°नाथ] १ श्रीरामचन्द्र (से १४, १६; पउम ११३, ५५)। २ लक्ष्मण (से १४, ६२)। °**तणय** पुं [°तनय] वही अर्थ (से २, १; १४, २६)। °**तिलय** पुं [°तिलक] श्रीरामचन्द्र (सुपा २०४)। °**त्तम** पुं [°उत्तम] वही अर्थ (पउम १०२, १७६)। °**पुंगव** पुं [°पुङ्गव] वही (से ३, ५; हे २, १८८; ३, ७०)। °**सुअ** पुं [°सुत] वही (से ५, १६)।

रहो° देखो **रह** = रहस् (कप्प; औप)। °**कम्म** न [°कर्मन्] एकान्त-व्यापार (ठा ६—पत्र ४६०)।

रा सक [रा] देना, दान करना। राइ (धात्वा १४६)।

रा अक [रै] शब्द करना, आवाज करना। राइ (प्राकृ ६६)।

रा अक [ली] श्लेष करना, चिपकना। राइ (षड्)।

राअला स्त्री [दे] प्रियंगु, मालकाँगनी (दे ७, १)।

राइ देखो रत्ति (हे २, ८८; काप्र १८६; महा; षड्)। २ चमरेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ५, १—पत्र ३०२)। ३ ईशानेन्द्र के सोम लोकपाल की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। °भत्त न [°भक्त] रात्रि-भोजन, रात में खाना (सुपा ४८५)। °भोअण न [°भोजन] वही अर्थ (सम ३६; कस)। देखो **राई** = रात्रि।

राइ स्त्री [राजि] पंक्ति, श्रेणी (पाअ; औप)। २ रेखा, लकीर (कम्म १, १६, सुपा १६७)। ३ राई, राज-सर्षप, एक प्रकार का मसाला (दे ६, ८८)।

राइ वि [रागिन्] राग-युक्त, रागवाला (दसा ६)। स्त्री. °णी (महा)।

राइ वि [राजिन्] शोभनेवाला (निचू १६)।

राइ° देखो **राय** = राजन् (हे २, १४८; ३, ५२; ५३; कुमा)।

राइअ वि [राजित] शोभित (से १, ५६; कुमा, ६, ६३)।

राइअ वि [रात्रिक] रात्रि-सम्बन्धी (उत्त २६, ४६; औप; पडि)।

राइआ स्त्री [राजिका] राई का गाछ, 'गोलाणईअ कच्छे चक्खंतो राइआइ पत्ताइं' (गा १७१ अ)। देखो **राइगा**।

राइंद पुं [राजेन्द्र] बड़ा राजा (कुमा)।

राइंदिअ पुं [रात्रिन्दिव] रात-दिन, अहोरात्र (भग; आचा; कप्प; पव ७८; सम २१)।

राइक्क वि [राजकीय] राज-सम्बन्धी (हे २, १४८; कुमा)।

राइगा स्त्री [राजिका] राई, राज-सरसों (कुप्र ४५)।

राइणिअ वि [रात्निक] १ चारित्रवाला, संयमी (पंचा १२, ६)। २ पर्याय से ज्येष्ठ, साधुत्व-प्राप्ति की अवस्था से बड़ा (सम ३७; ५८; कप्प)।

राइणिअ वि [राजकल्प] राजा के समान वैभववाला, श्रीमन्त (सूअ १, २, ३, ३)।

राइण्ण } पुं [राजन्य] राजवंशीय, क्षत्रिय
राइन्न } (सम १५१; कप्प; औप; भग)।

राइलेऊण संकृ. चीरकर (नंदीटिप्पनक ग्रंथिम पादलिप्तकथा वैनयिकी बुद्धि विषयक)।

राइल्ल वि [रागिन्] राग-युक्त (देवेन्द्र २७८)।

राई स्त्री [राजी] देखो **राइ** = राजि (गउड; सुपा ३४; प्रासू ६२; पव २५६)।

राई स्त्री [रात्रि] देखो **राइ** = रात्रि (पाअ; णाया २—पत्र १५०; औप; सुपा ४६१; कस)। °दिवस न [°दिवस] रात्रिदिवस, अहर्निश (सुपा १२७)।

राईमई स्त्री [राजीमती] राजा उग्रसेन की पुत्री और भगवान् नेमिनाथ की पत्नी (पडि)।

राईव न [राजीव] कमल, पद्म (पाअ; हे १, १८०)।

राईसर पुं [राजेश्वर] १ राजाओं के मालिक, महाराज। २ युवराज (औप; उवा; कप्प)।

राउत्त पुं [राजपुत्र] राजपूत, क्षत्रिय (प्राकृ ३०)।

राउल पुं [राजकुल] १ राजाओं का यूथ, राज-समूह (कुमा; हे १, २६७; प्राप्र)। २ राजा का वंश (षड्)। ३ राज-गृह, दरबार; 'एं ईदिसस्स राउलस्स दूरेण पणामो कीरदि, जत्थ बंभणावि एवं विडंबिज्जंति' (मोह ११)। देखो **राओल**।

राउलिय वि [राजकुलिक] राजकुल-सम्बन्धी (सुख २, [illegible])।

राउल्ल देखो **राइक्क** (प्राकृ ३५)।

राएसि पुं [राजर्षि] १ श्रेष्ठ राजा। २ ऋषि-तुल्य राजा, संयतात्मा भूपति (अभि ३६; विक्र ६८; मोह ३)।

राओ अ [रात्रौ] रात में (णाया १, १—पत्र ६१; सुपा ४६७; कप्प)।

राओल देखो **राउल**;

'तो किंपि धणं सयणेहिं
विलसियं किंपि वाणिपुत्तेहिं।
किंपि गयं राओले एस
अपुत्तत्ति भणिऊण ॥
(धर्मवि १४०)।

राग देखो **राय** = राग (कप्प; सुपा २४१)।

रागि देखो **राइ** = रागिन् (पउम ११७, ४१)।

राघव देखो **राहव**। °घरिणी स्त्री [°गृहिणी] सीता, जानकी (पउम ४६, ५७)।

राच } [चूपै. पै] देखो **राय** = राजन् (हे
राचि° } ४, ३२५; ३०४; प्राप्र)।

राज देखो **राय** = राजन् (हे ४, २६७; पि १६८)।

राजस वि [राजस] रजो-गुण-प्रधान, 'राज-सचित्तस्स पुरस्स' (कुप्र ४२८)।

राडि स्त्री [राटि] बूम, चिल्लाहट (सुख २, १५)।

राडि स्त्री [दे. राटि] संग्राम, लड़ाई (दे ७, ४)।

राढा स्त्री [राढा] १ विभूषा (धर्मसं १०१८; कप्पू)। २ भव्यता (वज्जा १८)। ३ बंगाल का एक प्रान्त। ४ बंगाल देश का एक नगरी (कप्पू)। °इत्त वि [°वत्] भव्य आत्मा; 'गंजणरहिओ धम्मो राढाइत्ताण संपडइ' (वज्जा १८)। °मणि पुं [°मणि] काच-मणि (उत्त २०, ४२)।

राण सक [वि + नम्] विशेष नमना। राणइ (?) (धात्वा १४६)।

राण पुं [राजन्] राणा, राजा (चंड; सिरि ११४)।

राणय पुं [राजक] १ राणा, राजा (ती १५; सिरि १२३; १२५)। २ छोटा राजा (सिरि ६८६; १०४०)।

राणिआ } स्त्री [राज्ञिका, °ज्ञी] रानी, राज-
राणी } पत्नी (कुमा ३; श्रावक ६३ टी; सिरि १२५; २६७)।

राम सक [रमय्] रमण कराना। कृ. **रामेयव्व** (भत्त ८५)।

राम पुं [राम] १ श्री रामचन्द्र, राजा दशरथ का बड़ा पुत्र (गा ३५; उप पृ ३७५; कुमा)। २ परशुराम (कुमा १, ३१)। ३ क्षत्रिय परिव्राजक-विशेष (औप)। ४ बलदेव, बलभद्र, वासुदेव का बड़ा भाई (पाअ)। ५ वि. रमने-वाला (उप पृ ३७५)। °कण्ह पुं [°कृष्ण] राजा श्रेणिक का एक पुत्र (राज)। °कण्हा स्त्री [°कृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। °गिरि पुं [°गिरि] पर्वत-विशेष (पउम ४०, १६)। °गुत्त पुं [°गुप्त] एक राजर्षि (सूअ १, ३, ४, २)। °देव पुं [°देव] श्रीरामचन्द्र (पउम ४५, २६)। °पुत्त पुं [°पुत्र] एक जैन मुनि (अनु २)। °पुरी स्त्री [°पुरी] अयोध्या नगरी (ती ११)। °रक्खिआ स्त्री [°रक्षिता]

ईशानेन्द्र की एक पटरानी (ठा ८—पत्र ४२६; इक)।

रामणिज्जअ न [रामणीयक] रमणीयता, सौन्दर्य (विक्र २८)।

रामा स्त्री [रामा] १ स्त्री, महिला, नारी (तंदु ५०; कुमा; पाअ; वज्जा १०६; उप ३५७ टी)। २ नववें जिनदेव की माता (सम १५१)। ३ ईशानेन्द्र की एक पटरानी (ठा ८—पत्र ४२६; इक)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)।

रामायण न [रामायण] १ वाल्मीकि-कृत एक संस्कृत काव्यग्रन्थ (पउम २, ११६; महा)। २ रामचन्द्र तथा रावण की लड़ाई (पउम १०५, १६)।

रामिअ वि [रमित] रमण कराया हुआ (गा ५६; पउम ८०, १६)।

रामेसर पुं [रामेश्वर] दक्षिण भारत का एक हिन्दू-तीर्थ (सम्मत्त ८४)।

राय अक [राज्] चमकना, शोभना। रायइ (हे ४, १००)। वकृ. **राय°, रायमाण** (कप्प)।

राय देखो **रा** = रै। राअइ (प्राकृ ६६)।

राय पुं [राग] १ प्रेम, प्रीति (प्रासू १८०)। २ मत्सर, द्वेष; 'न पेमराइल्ला' (देवेन्द्र २७८)। ३ रँगना, रंजन। ४ वर्णन। ५ अनुराग। ६ राजा, नरपति। ७ चन्द्र, चाँद। ८ लाल वर्ण। ९ लाल रँगवाली वस्तु। १० वसन्त आदि स्वर (हे १, ६८)।

राय पुं [राजन्] १ राजा, नर-पति, नरेश (आचा; उवा; श्रा २७; सुपा १०३)। २ चन्द्र, चन्द्रमा (श्रा २७, हम्मीर ३; धर्मवि ३)। ३ एक महाग्रह (सुज्ज २०)। ४ इन्द्र। ५ क्षत्रिय। ६ यक्ष। ७ शुचि, पवित्र। ८ श्रेष्ठ, उत्तम (हे ३, ४९; ५०)। ९ इच्छा, अभिलाषा (से १, ६)। १० छन्द-विशेष (पिंग)। °इअ वि [°कीय] राज-संबन्धी (प्राकृ ३५)। °उत्त पुं [°पुत्र] राज-पूत, राजकुमार (सुर ३; १९५)। °उल देखो **राउल** (हे १, २६७; कुमा; षड्; प्राप्र; अभि १८४)। °कीअ देखो °ईअ (नाट—शकु १०४)। °कुल देखो °उल (महा)। °केर, °क्क वि [°कीय] राज-संबन्धी (हे २, १४८; कुमा; षड्)। °गिह न [°गृह] मगध देश की प्राचीन राजधानी, जो आजकल 'राजगीर' नाम से प्रसिद्ध है (ठा १०—पत्र ४७७; उवा; अंत)। °गिहि स्त्री [°गृही] वही अर्थ (ती ३)। °चंपय पुं [°चम्पक] वृक्ष-विशेष, उत्तम चम्पक-वृक्ष (श्रा १२)। °धम्म पुं [°धर्म] राजा का कर्तव्य (नाट—उत्तर ४१)। °धाणी स्त्री [°धानी] राज-नगर, राजा का मुख्य नगर, जहां राजा रहता हो (नाट—चैत १३२)। °पत्ती स्त्री [°पत्नी] रानी (सुर १३, ५; सुपा ३७५)। °पसेणीय वि [°प्रश्नीय] एक जैन आगम-ग्रन्थ (राय)। °पह पुं [°पथ] राज-मार्ग (महा; नाट—चैत १३०)। °पिंड पुं [°पिण्ड] राजा के घर की भिक्षा—आहार (सम ३९)। °पुत्त देखो °उत्त (गउड)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (पउम १,८)। °पुरिस पुं [°पुरुष] राजा का आदमी, राज-कर्मचारी (पउम २८, ४)। °मग्ग पुं [°मार्ग] राजपथ, सड़क (औप; महा)। °मास पुं [°माष] धान्य-विशेष, बरबटी (श्रा १८, संबोध ४३)। °राय पुं [°राज] राजाओं का राजा, राजेश्वर (सुपा १०७)। °रिसि देखो **राएसि** (णाया १, ५—पत्र १११; उप ७२८ टी; कुमा; सण)। °रुक्ख पुं [°वृक्ष] वृक्ष-विशेष (औप)। °लच्छी स्त्री [°लक्ष्मी] राज-वैभव (अभि १३१; महा)। °ललिय पुं [°ललित] आठवें बलदेव के पूर्व जन्म का नाम (सम १५३)। °वट्टय न [°वार्तक] राज-संबंधी वार्त्ता-समूह (हे २, ३०)। °वल्ली स्त्री [°वल्ली] लता-विशेष (पराण १—पत्र ३६)। °वाडिआ, °वाडी स्त्री [°पाटिका, °पाटी] चतुरंग सैन्य-श्रम-करण, राजा की चतुर्विध सेना के साथ सवारी (कुमा; कुप्र ११९; १२०; सुपा २२२)। °सद्दूल पुं [°शार्दूल] चक्रवर्त्ती राजा, श्रेष्ठ राजा (सम १५२)। °सिट्ठि पुं [°श्रेष्ठिन्] नगर-सेठ (भवि)। °सिरी स्त्री [°श्री] राज-लक्ष्मी (से १, १३)। °सुअ पुं [°सुत] राजकुमार (कप्पू; उप ७२८ टी)। °सुअ पुं [°शुक] उत्तम तोता (उप ७२८ टी)। °सुअ पुं [°सूय] यज्ञ-विशेष; 'पिइमेहमाइमेहे रायसुए आसमेहपसुमेहे' (पउम ११, ४२)। °सेण पुं [°सेन] छन्द-विशेष (पिंग)। °सेहर पुं [°शेखर] १ महादेव, शिव। २ एक राजा (सुपा ५२९)। ३ एक कवि, कर्पूरमंजरी का कर्त्ता (कप्पू)। °हंस पुंस्त्री [°हंस] १ उत्तम हंस पक्षी। २ श्रेष्ठ राजा (सुर १२, ३४; गा ६२४; गउड; सुपा १३६; रंभा; भवि)। स्त्री. °सी (सुपा ३३४, नाट—रत्ना २३)। °हर न [°गृह] राजा का महल (पउम ८२, ८६; हे २, १४४)। °हाणी देखो °धाणी; (सम ८०, पउम २०, ८)। °हिराय, °ाहिराय पुं [°अधिराज] राजाओं का राजा, चक्रवर्त्ती राजा (काल; सुपा १०५)। °ाहिव पुं [°ाधिप] वही अर्थ (सुपा १०५)।

राय देखो **राव** = राव (से ६, ७२)।

राय पुं [दे] चटक, गौरैया पक्षी (दे ७, ४)।

राय पुं [रात्र] रात्रि, रात (आचा)।

राय° देखो **राय** = राज्।

रायंछुअ } पुंन [दे] १ वेतस या बेंत का
रायंबु } पेड़ (पाअ; दे ७, १४)। २ पुं. शरभ (दे ७, १४)।

रायंस पुं [राजांस] राज-यक्ष्मा, क्षय का व्याधि (आचा)।

रायंसि वि [राजांसिन्] राजयक्ष्मावाला, क्षय का रोगी (आचा)।

रायगइ स्त्री [दे] जलौका, जोंक (दे ७, ५)।

रायग्गल पुं [राजार्गल] ज्योतिष्क ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)।

रायणिअ देखो **राइणिअ** = रात्निक (उव, ओघभा २२३)।

रायणी स्त्री [राजादनी] खिन्नी, खिरनी का पेड़ (पउम ५३, ७९)।

रायण्ण देखो **राइण्ण** (ठा ३, १—पत्र ११४; उप ३५६ टी)।

रायनीइ स्त्री [राजनीति] राजा की शासन करने की रीति (राय ११७)।

रायमइया स्त्री [राजीमतिका] देखो **राई-मई** (कुप्र १)।

रायस देखो **राजस** (स ३; से ३, १५)।

रायाण देखो राय = राजन्; (हे ३, ५६; षड्)।

राल } पुंन [राल, °क] धान्य-विशेष,
रालग } एक प्रकार की कंगु (सूअ २, २,
रालय } ११; ठा ७—पत्र ४०५; पिंड १६२; वज्जा ३४)।

राला स्त्री [दे] प्रियंगु, मालकाँगनी (दे ७, १)।

राव सक [दे] आर्द्र करना। भवि. रावेहिति (विसे २४९ टी)।

राव देखो रंज = रञ्जय्। रावेइ (हे ४, ४९)। हेकृ. राविउं (कुमा)।

राव सक [रावय्] पुकारना, आह्वान करना। वकृ. रावेंत (औप)।

राव पुं [राव] १ रोला, कलकल (पाअ)। २ पुकार, आवाज (सुपा ३४८; कुमा)।

रावण पुं [रावण] १ एक स्वनाम प्रसिद्ध लंका-पति (पि ३६०)। २ गुल्म-विशेष (पण्ण १—पत्र १२)।

राविअ वि [रञ्जित] रँगा हुआ (दे ७, ५)।

राविअ वि [दे] आस्वादित (दे ७, ५)।

रास } पुं [रास, °क] एक प्रकार का नृत्य,
रासग } जिसमें एक दूसरे का हाथ पकड़कर नाचते-नाचते और गान करते-करते मंडलाकार फिरना होता है (दे २, ३८; पाअ; वज्जा १२२; सम्मत्त १४१; धर्मवि ८१)।

रासभ देखो रासह (सुर २, १०२)।

रासय देखो रासग (सुर १, ४९; सुपा ५०; ४३३)।

रासह पुंस्त्री [रासभ] गर्दभ, गदहा (पाअ; प्राप्र; रंभा)। स्त्री. °ही (काल)।

रासाणंदिअय न [रासानन्दितक] छन्द-विशेष (अजि १२)।

रासालुद्धय पुं [रासालुब्धक] छन्द-विशेष (अजि १०)।

रासि देखो रस्सि (संक्षि १७)।

रासि पुंस्त्री [राशि] १ समूह, ढग, ढेर (ओघ ४०७; औप; सुर २, ५; कुमा)। २ ज्योतिष्क-प्रसिद्ध मेष आदि बारह राशि (विचार १०६)। ३ गणित-विशेष (ठा ४, ३)।

राह पुं [राध] १ वैशाख मास। २ वसन्त ऋतु (से १, १३)। ३ एक जैन आचार्य (उप २८५; सुख २, १५)।

राह पुं [दे] १ दयित, प्रिय। २ वि. निरन्तर। ३ शोभित। ४ सनाथ। ५ पलित, सफेद केशवाला (दे ७, १३)। ६ रुचिर, सुन्दर (पाअ)।

राहअ } पुं [राघव] १ रघुवंश में उत्पन्न
राहव } (उत्तर २०)। २ श्रीरामचन्द्र (से १२, २२; १, १३; ४७)।

राहा स्त्री [राधा] १ वृन्दावन की एक प्रधान गोपी, श्रीकृष्ण की पत्नी (वज्जा १२२; पिंग)। २ राधावेध में रखी जाती पुतली (उप पृ १३०)। ३ शक्ति-विशेष। ४ कर्ण का पालन करनेवाली माता (प्राकृ ४२)। °मंडव पुं [°मण्डप] जहाँ पर राधावेध किया जाय वह स्थान (सुपा २६६)। °वेह पुं [°वेध] एक तरह की वेध-क्रिया, जिसमें चक्राकार घूमती पुतली की वाम चक्षु बींधी जाती है (उप ९३५; सुपा २५५)।

राहिआ } स्त्री [राधिका] ऊपर देखो (गा
राही } ८९; हे ४, ४४२; प्राकृ ४२)।

राहु पुं [राहु] १ ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८; पाअ)। २ कृष्ण पुद्गल-विशेष (सुज्ज २०)। ३ विक्रम की पहली शताब्दी के एक जैन आचार्य (पउम ११८, ११७)।

राहुहय न [राहुहत] जिसमें सूर्य और चन्द्र का ग्रहण हो वह नक्षत्र (वव १)।

राहेअ पुं [राधेय] राधा-पुत्र, कर्ण (गउड)।

रि अ [रे] संभाषण-सूचक अव्यय (तंदु ५०; ५२ टी)।

रि सक [ऋ] गमन करना। कर्म. अज्जए (विसे १३६९)।

रिअ सक [री] गमन करना। रियइ, रियंति, रिए (सूअ २, २, २०; सुपा ४४५; उत्त २४, ४)। वकृ. रियंत (पउम २८, ४)।

रिअ सक [प्र + विश्] प्रवेश करना, पैठना। रिअइ (हे ४, १८३; कुमा)।

रिअ न [ऋत] १ गमन, 'पुरओ रियं सोहमाणे' (भग)। २ सत्य (भग ८, ७)।

रिअ वि [दे] लून, काटा हुआ (षड्)।

रिउ देखो उउ (हे १, १४१; कुमा; पव १४१)।

रिउ वि [ऋजु] १ सरल, सीधा (सुपा ३४६)। २ न. विशेष पदार्थ, सामान्य-भिन्न वस्तु (पव २७०)। °सुत्त पुं [°सूत्र] नय-विशेष (विसे २२३१; २९०८)। देखो उज्जु।

रिउ पुं [रिपु] शत्रु, वैरी, दुश्मन (सुर २, ६९; कुमा)। °महण पुं [°मथन] राक्षस-वंश का एक राजा (पउम ५, २६३)।

रिउ स्त्री [ऋच्] वेद का नियत अक्षर-पादवाला अंश। °व्वेद पुं [°वेद] एक वेद-ग्रंथ (णाया १, ५; कप्प)।

रिंखण न [रिङ्खण] सर्पण, गति, चाल (पउम २५, १२)।

रिंखि वि [रिङ्खिन्] चलनेवाला, 'गिद्धावरिंखि हद्दत्तए (?गिद्धु व्व रिंखी हदन्नए)' (पिंड ४७१)।

रिंग देखो रिंग। रिंगइ, रिंगए (हे ४, २५९ टि; षड्; पिंग)। वकृ. **रिंगत** (हास्य १४६)।

रिंगण न [रिङ्गण] चलना, सर्पण (पव २)।

रिंगणी स्त्री [दे] वल्ली-विशेष, कण्टकारिका, गुजराती में 'रिंगणी' (दे २, ४; उर २, ८)।

रिंगिअ न [दे] भ्रमण (दे ७, ६)।

रिंगिअ न [रिङ्गित] १ रेंगना, कच्छप की तरह हाथ के बल चलना। २ गुरु-वन्दन का एक दोष (गुभा २४)।

रिंगिसिया स्त्री [दे] वाद्य-विशेष (राज)।

रिंछ (अप) देखो रिच्छ = ऋक्ष (भवि)।

रिंछोली स्त्री [दे] पंक्ति, श्रेणी (दे ७, ७; सुर ३, ३१; विसे १४३९ टी; पाअ; चेइय ४४; सम्मत्त १८८; धर्मवि ३७; भवि)।

रिंडी स्त्री [दे] कन्थाप्राया, कन्था की तरह का फटा-टूटा आच्छादन-वस्त्र (दे ७, ५)।

रिक्क वि [दे] स्तोक, थोड़ा (दे ७, ६)।

रिक्क देखो रित्त = रिक्त (आचा; पाअ; पउम ८, ११८; सुपा ४२२; चउ ३९)।

रिक्किअ वि [दे] शटित, सड़ा हुआ (दे ७, ७)।

रिक्ख अक [रिङ्ख्] चलना। वकृ. 'गिरिव्व अच्छिन्नपक्खो अंतरिक्खे रिक्खंतो लक्खिज्जइ' (कुप्र ६७)।

रिक्ख वि [दे] १ वृद्ध, बूढ़ा । २ पुं. वयः-परिणाम, वृद्धता (दे ७, ६) ।

रिक्ख पुं [ऋक्ष] १ भालू, श्वापद प्राणि-विशेष (हे २, १९) । २ न. नक्षत्र (पाअ; सुर ३, २६; ८, ११९) । °पह पुं [°पथ] आकाश (सुर ११, १७१) । °राय पुं [°राज] वानर-वंश का एक राजा (पउम ८, २३४) ।

रिक्खण न [दे] १ उपलम्भ, अधिगम । २ कथन (दे ७, १४) ।

रिक्खा देखो रेहा = रेखा (ओघ १७६) ।

रिग, रिग्ग अक [रिङ्ग्] १ रेंगना, धीरे-धीरे और जमीन से रगड़ खाते हुए चलना । २ प्रवेश करना । रिगइ, रिग्गइ (हे ४, २५९; टि) ।

रिग्ग पुं [दे] प्रवेश (दे ७, ५) ।

रिच स्त्रीन. देखो रिउ = ऋच् (पि ५६; ३१८) । स्त्री. °चा (नाट—रत्ना ३८) ।

रिच्छ वि [दे] वृद्ध, बूढ़ा (दे ७, ६) ।

रिच्छ देखो रिक्ख = ऋक्ष (हे १, १४०; २, १९; पाअ) । °ाहिव पुं [°ाधिप] जाम्बवान्, राम का एक सेनापति (से ४, १८; ४५) ।

रिच्छभल्ल पुं [दे] भालू, रीछ (दे ७, ७) ।

रिजु देखो रिउ = ऋच् (भग) ।

रिजु देखो रिउ = ऋजु (विसे ७८४) ।

रिज्ज देखो रिअ = री । रिज्जइ (आचा) ।

रिज्जु देखो रिउ = ऋजु (हे १, १४१; संक्षि १७; कुमा) ।

रिज्झ अक [ऋध्] १ बढ़ना । २ रीझना, खुशी होना । रिज्झइ (भवि) ।

रिट्ठ पुं [दे. अरिष्ट] १ अरिष्ट, दुरित (षड्; पि १४२) । २ दैत्य-विशेष (षड्; से १, ३) । ३ काक, कौआ (दे ७, ६; णाया १, १—पत्र ६३; षड्; पाअ) । °नेमि पुं [°नेमि] बाईसवें जिनदेव (पि १४२) ।

रिट्ठ पुं [रिष्ट] १ देव-विशेष, रिष्ट नामक विमान का निवासी देव (णाया १, ८—पत्र १५१ । २ वेलम्ब और प्रभञ्जन नामक इन्द्रों के लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९८) । ३ एक दृप्त साँढ, जिसको श्रीकृष्ण ने मारा था (पण्ह १, ४—पत्र ७२) । ४ पक्षि-विशेष (पउम ७, १७) । ५ न. रत्न-विशेष (चेइय ६१५; औप; णाया १, १ टी) । ६ एक देव-विमान (सम ३५) । ७ पुंन. फल-विशेष, रीठा (उत्त ३४, ४; सुख ३४, ४) । °पुरी स्त्री [°पुरी] कच्छावती-विजय की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०; इक) । °मणि पुं [°मणि] श्याम रत्न-विशेष (सिरि ११९०) ।

रिट्ठा स्त्री [रिष्टा] १ महाकच्छ विजय की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०; इक) । २ पाँचवीं नरक-भूमि (ठा ७—पत्र ३८८) । ३ मदिरा, दारू (राज) ।

रिट्ठाभ न [रिष्टाभ] १ एक देव-विमान (सम १४) । २ लोकान्तिक देवों का एक विमान (पव २६७) ।

रिट्ठि स्त्री [रिष्टि] १ खड्ग, तलवार (दे ७, ६) । २ अशुभ । ३ पुं. रन्ध्र, विवर (संक्षि ३) ।

रिड सक [मण्डय्] विभूषित करना । रिडइ (षड्) ।

रिण न [ऋण] १ करजा या कर्ज, उधार लिया हुआ धन (गा ११३; कुमा; प्रासू ७७) । २ जल, पानी । ३ दुर्ग, किला । ४ दुर्ग भूमि । ५ आवश्यक कार्य, फरज । ६ कर्म (हे १, १४१; प्राप्र) । देखो अण = ऋण ।

रिणिअ वि [ऋणित] करजदार, अधमर्ण (कुप्र ४३६) ।

रिते अ [ऋते] सिवाय, बिना (पिंड ३७०) ।

रित्त वि [रिक्त] १ खाली, शून्य (से ७, ११; गा ४९०; धर्मवि ६; ओघभा १६६) । २ न. विरेक, अभाव (उत्त २८, ३३) ।

रित्तुडिअ वि [दे] शातित, झड़वाया हुआ (दे ७, ८) ।

रित्थ न [रिक्थ] धन, द्रव्य (उप ५२०; पाअ; स ६०; सुख ४, ६; महा) ।

रिद्ध वि [ऋद्ध] ऋद्धि-संपन्न (णाया १, १; उवा; औप) ।

रिद्ध वि [दे] पक, पक्का (दे ७, ६) ।

रिद्धि पुंस्त्री [दे] समूह, राशि (दे ७, ६) ।

रिद्धि स्त्री [ऋद्धि] १ संपत्ति, समृद्धि, वैभव (पाअ; विपा २, १; कुमा; सुर २, १९८; प्रासू १२; ६२) । २ वृद्धि । ३ देव-विशेष । ४ ओषधि-विशेष (हे १, १२८; २, ४१; पंचा ८) । ५ छन्द-विशेष (पिंग) । °म, °ल्ल वि [°मत्] समृद्ध, ऋद्धि-सम्पन्न (ओघ ६८४; पउम ५, ५६; सुर २, ६८; सुपा २२३) । °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] एक वणिक्-कन्या (उप ७२८ टी) ।

रिपु देखो रिवु (कप्प) ।

रिप्प न [दे] पृष्ठ, पीठ (दे ७, ५) ।

रिभिय न [रिभित] १ एक प्रकार का नाट्य (ठा ४, ४—पत्र २८५) । २ स्वर का घोलन । ३ वि. स्वर-घोलना से युक्त (राज; णाया १, १—पत्र १३) ।

रिमिण वि [दे] रोने की आदतवाला (दे ७, ७; षड्) ।

रिरंसा स्त्री [रिरंसा] रमण की चाह, मैथुनेच्छा (अज्झ ७९) ।

रिरिअ वि [दे] लीन (दे ७, ७) ।

रिल्ल अक [दे] शोभना । वकृ. रिल्लंत (भवि) ।

रिवु देखो रिउ = रिपु (पउम १२, ४१; ४४, ५०; स १३८; उप पृ ३२१) ।

रिसभ, रिसह पुं [ऋषभ] १ स्वर-विशेष (ठा ७—पत्र ३९३) । २ अहोरात्र का अठाइसवाँ मुहूर्त्त (सम ५१; सुज्ज १०, १३) । ३ संहत अस्थि-द्वय के ऊपर का वलयाकार वेष्टन-पट्ट; 'रिसहो य होइ पट्टो' (जीवस ४९) । देखो उसभ (औप; हे १, १४१; सम १४९; कम्म २, १९; सुपा २६०) ।

°रिसह पुं [°ऋषभ] श्रेष्ठ, उत्तम (कुमा) ।

रिसि पुं [ऋषि] मुनि, संत, साधु (औप; कुमा; सुपा ३१; अवि १०१; उप ७६८ टी) । °घाय पुं [°घात] मुनि-हत्या (उप ४६६) ।

रिह सक [प्र + विश्] प्रवेश करना, पैठना । रिहइ (षड्) ।

री, रीअ अक [री] जाना, चलना । रीयइ, रीयए, रीयंते, रीइज्जा (आचा; सूअ १, २, २, ५; उत्त २४, ७) । भूका. रीइत्था (आचा) । वकृ. रीयंत, रीयमाण (आचा) ।

रीइ स्त्री [रीति] प्रकार, ढंग, पद्धति; 'तं जणं विडंबंति निच्चं नवनवरीईइ' (धर्मवि ३२; कप्पू) ।

रीड सक [मण्डय्] अलंकृत करना। रीडइ (हे ४, ११५)।

रीडण न [मण्डन] अलंकरण (कुमा)।

रीढ स्त्रीन [दे] अवगणन, अनादर (दे ७, ८)। स्त्री. **°ढा** (पाअ; धम्म ११ टी; पंचा २, ८; बृह १)।

रीण वि [रीण] १ क्षरित, स्नुत। २ पीडित (भत्त २)।

रीर अक [राज्] शोभना, चमकना, दीपना। रीरइ (हे ४, १००)।

रीरिअ वि [राजित] शोभित (कुमा)।

रीरी स्त्री [रीरी] धातु-विशेष, पीतल (कुप्र ११; सुपा १४२)।

रु स्त्री [रुज्] रोग, बीमारी; 'अरु (? रू) उवसग्गो' (तंदु ४६)।

रुअ अक [रुद्] रोना। रुअइ (षड्; संक्षि ३६; प्राकृ ६८; महा)। भवि. रोच्छं (हे ३, १७१)। वकृ. **रुअ°, रुअंत, रुयमाण** (गा २१६; ३७६; ४००; सुर २, ६६; ११२; ४, १२६)। संकृ. **रोत्तूण** (कुमा; प्राकृ ३४)। हेकृ. **रोत्तुं** (प्राकृ ३४)। कृ. **रोत्तव्व** (हे ४, २१२; से ११, ९२)। प्रयो. रुयावेइ (महा), रुआवंति (पुप्फ ४४७)।

रुअ न [रुत] शब्द, आवाज (से १, २८; णाया १, १३; पव ७३ टी)।

रुअ देखो **रूअ** = रूप (इक)।

रुअ देखो **रूअ** = (दे) (औप)।

रुअंती स्त्री [रुदती] वल्ली-विशेष (संबोध ४७)।

रुअंस देखो **रूअंस** (इक)।

रुअग पुं [रुचक] १ कान्ति, प्रभा (पण्ह १, ४—पत्र ७८; औप)। २ पर्वत-विशेष; 'नगुत्तमो होइ पव्वओ रुयगो' (दीव)। ३ द्वीप-विशेष (दीव)। ४ एक समुद्र (सुज्ज १९)। ५ एक विमानावास—देव-विमान (देवेन्द्र १३२)। ६ न. इन्द्रों का एक आभाव्य विमान (देवेन्द्र २६३)। ७ रत्न-विशेष (उत्त ३६, ७६, सुख ३६, ७६)। ८ रुचक पर्वत का पाँचवाँ कूट (दीव)। ९ निषध पर्वत का आठवाँ कूट (इक)। **°प्पभ** न [°प्रभ] महाहिमवंत पर्वत का एक कूट (ठा २, ३)। **°वर** पुं [°वर] १ द्वीप-विशेष (सुज्ज १९)। २ पर्वत-विशेष (पण्ह २, ४—पत्र १३०)। ३ समुद्र-विशेष। ४ रुचकवर समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३—पत्र ३६७)। **°वरभद्द** पुं [°वरभद्र] रुचकवर द्वीप का अधिष्ठायक एक देव (जीव ३—पत्र ३६९)। **°वरमहाभद्द** पुं [°वरमहाभद्र] वही अर्थ (जीव ३)। **°वरमहावर** पुं [°वरमहावर] रुचकवर समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। **°वरावभास** पुं [°वरावभास] १ द्वीप-विशेष। २ समुद्र-विशेष (जीव ३)। **°वरावभासभद्द** पुं [°वरावभासभद्र] रुचकवरावभास द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। **°वरावभासमहाभद्द** पुं [°वरावभासमहाभद्र] वही अर्थ (जीव ३)। **°वरावभासमहावर** पुं [°वरावभासमहावर] रुचकवरावभास नामक समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। **°वरावभासवर** पुं [°वरावभासवर] वही अर्थ (जीव ३—पत्र ३६७)। **°वरोद** पुं [°वरोद] समुद्र-विशेष (सुज्ज १९)। **°वरोभास** देखो **°वरावभास** (सुज्ज १९)। **°ावई** स्त्री [°ावती] एक इन्द्राणी (णाया २—पत्र २५२)। **°ोद** पुं [°ोद] समुद्र-विशेष (जीव ३—पत्र ३६६)।

रुअगिंद पुं [रुचकेन्द्र] पर्वत-विशेष (सम ३३)।

रुअगुत्तम न [रुचकोत्तम] कूट-विशेष (इक)।

रुअण न [रोदन] रुदन, रोना (संबोध ४)।

रुअय देखो **रुअग** (सम ९२)।

रुअरुइआ स्त्री [दे] उत्कण्ठा (दे ७, ८)।

रुआ स्त्री [रुज्] रोग, बीमारी (उव, धर्मसं ५९८)।

रुआविअ वि [रोदित] रुलाया हुआ (गा ३८९)।

रुइ स्त्री [रुचि] १ कान्ति, प्रभा, तेज (सुर ७, ४; कुमा)। २ अनुराग, प्रेम (जो ५१)। ३ आसक्ति (प्रासू १६९)। ४ स्पृहा, अभिलाष। ५ शोभा। ६ बुभुक्षा, खाने की इच्छा। ७ गोरोचना (षड्)।

रुइअ वि [रुचित] १ अभीष्ट, पसंद (सुर ७, २४३; महा)। २ पुंन. विमानावास-विशेष, एक देव-विमान (देवेन्द्र १३२)।

रुइअ देखो **रुण्ण** = रुदित (स १२०)।

रुइर वि [रुचिर] १ सुन्दर, मनोरम (पाअ)। २ दीप्र, कान्ति-युक्त (तंदु २०)। ३ पुंन. एक विमानेन्द्रक, देवविमान-विशेष (देवेन्द्र १३१)।

रुइर वि [रोदितृ] रोनेवाला। स्त्री. **°री** (पिं ५६६, गा २१६ अ)।

रुइल वि [°रुचिर, °ल] १ शोभन, सुन्दर (औप; णाया १, १ टी; तंदु २०)। २ दीप्त, चमकता हुआ (पण्ह १, ४—पत्र ७८; सूअ २, १, ३)। ३ पुंन. एक देव-विमान (सम ३८)।

रुइल्ल न [रुचिर, रुचिमत्] एक देव-विमान (सम १५)। **°कंत** न [°कान्त] एक देव-विमान (सम १५)। **°कूड** न [°कूट] एक देव-विमान (सम १५)। **°ज्झय** न [°ध्वज] देवविमान-विशेष (सम १५)। **°प्पभ** न [°प्रभ] एक देवविमान (सम १५)। **°लेस** न [°लेश्य] एक देवविमान (सम १५)। **°वण्ण** न [°वर्ण] देवविमान-विशेष (सम १५)। **°सिंग** न [°शृङ्ग] एक देवविमान (सम १५)। **°सिट्ठ** न [°सृष्ट] एक देवविमान (सम १५)। **°ावत्त** न [°ावर्त्त] एक देवविमान (सम १५)।

रुइल्लुत्तरवडिंसग न [रुचिरोत्तरावतंक] एक देवविमान (सम १५)।

रुंच सक [रुञ्च्] रुई से उसके बीज को अलग करने की क्रिया करना। वकृ. **रुंचंत** (पिंड ५७४)।

रुंचण न [रुञ्चन] रुई से कपास को अलग करने की क्रिया (पिंड ५८८)।

रुंचणी स्त्री [दे] घरट्टी, दलने का पत्थर-यन्त्र (दे ७, ८)।

रुंज अक [रु] आवाज करना। रुंजइ (हे ४, ५७; षड्)।

रुंजग पुं [दे. रुञ्जक] वृक्ष, पेड़, गाछ; 'कुहा महीरुहा वच्छा रोवगा रुंजगाई अ' (दसनि १)।

रुंजिय न [रवण] शब्द, आवाज, गर्जना (स ४२०)।

रुंट देखो रुंज। रुंटइ (हे ४, ५७; षड्)। वकृ. **रुंटंत** (स ६२; पउम १०५, ५५; गउड)।

रुंटणया स्त्री [दे] अवज्ञा, अनादर (पिंड २१०)।

रुंटणिया स्त्री [दे रवणिका] रोदन-क्रिया (णाया १, १६—पत्र २०२)।

रुंटिअ न [रुत] गुञ्जारव, आवाज; 'रुंटिअं अलिविरुअं' (पाअ; कुमा)।

रुंड पुंन [रुण्ड] बिना सिर का धड़, कबन्ध; 'पडिया य मुंडरुंडा' (कुप्र १३५; गउड; भवि; सण)।

रुंढ पुं [दे] आक्षिक, कितव, जूआड़ी (दे ७, ८)।

रुंढिअ वि [दे] सफल (दे ७, ८)।

रुंद वि [दे] १ विपुल, प्रचुर (दे ७, १४; गा ४०२; सुपा २६३; वजा १२८; १६२)। २ विशाल, विस्तीर्ण (विसे ७१०; स ७०२; पव ६१; औप)। ३ स्थूल, मोटा, पीन (पाअ)। ४ मुखर, वाचाल (दे ७, १४)।

रुंदी स्त्री [दे] विस्तीर्णता, लम्बाई (वजा १६४)।

रुंध सक [रुध्] रोकना, अटकाना। रुंधइ (हे ४, १३३; २१८)। कर्म. रुंधिज्जइ, रुब्भइ, रुब्भए (हे ४, २४५; कुमा)। वकृ. **रुंधंत** (कुमा)। कवकृ. **रुब्भंत, रुब्भमाण, रुज्झंत** (पउम ७३, २६; से ४, १७; भवि)। कृ. **रुंधिअव्व** (अभि ५०)।

रुंधिअ वि [रुद्ध] रोका हुआ (कुमा)।

रुंप पुंन [दे] १ त्वचा, सूक्ष्म छाल (गा ११६; १२०; वजा ४२)। २ उल्लिखन (वजा ४२)।

रुंपण न [रोपण] रोपाना, वपन कराना, वापन (पिंड १६२)।

रुंफ देखो रुंप (पि २०८)।

रुंभ देखो रुंध। रुंभइ (हे ४, २१८; प्राप्र)। वकृ. **रुंभंत** (पि ५३५)। कृ. **रुंभिअव्व** (से ६, ३)।

रुंभण न [रोधन] रोक, अटकाव, अवरोध (पण्ह १, १; कुप्र ३७७; गा ६६०)।

रुंभय वि [रोधक] रोकनेवाला (स ३८१)।

रुंभाविअ वि [रोधित] रुकवाया हुआ, बँद किया हुआ (आ २७)।

रुंभिअ वि [रुद्ध] रोका हुआ (हेका ६६; सुपा १२७)।

रुक्क न [दे] बैल आदि की तरह शब्द करना (अणु २६)।

रुक्किणी देखो रुप्पिणी (पि २७७)।

रुक्ख पुंन [वृक्ष] पेड़, गाछ, पादप (णाया १, १; हे २, १२७; प्राप्र; उव; कुमा; जी २७; प्रति ६; प्रासू १६८); 'रुक्खाइं, रुक्खाणि' (पि ३५८)। २ संयम, विरति (सूअ १, ४, १, २५)। °**मूल** न [°मूल] पेड़ की जड़ (कस)। °**मूलिय** पुं [°मूलिक] वृक्ष के मूल में रहनेवाला वानप्रस्थ (औप)। °**सत्थ** न [°शास्त्र] वनस्पति-शास्त्र (स ३११)। °**उवेद** पुं [°ायुर्वेद] वही अर्थ (विसे १७७५)।

रुक्खल्ल ऊपर देखो (षड्)।

रुक्खिम पुंस्त्री [वृक्षत्व] वृक्षपन (षड्)।

रुग्ग वि [रुग्ण] भग्न, भाँगा हुआ (पाअ; गउड; ५६१)।

रुच } सक [दे] पीसना। रुचंति, रुच्चंति;
रुच्च } भूका. रुचिंसु, रुच्चिंसु; भवि. रुचिस्संति, रुच्चिस्संति (आचा २, १, ६, ५)।

रुचिर देखो रुइर (दे १, १४६)।

रुच्च अक [रुच्] रुचना, पसन्द पड़ना। रुच्चइ, रुच्चए (वजा १०६; महा; सिरि १०६; भवि। वकृ. **रुच्चंत, रुच्चमाण** (भवि; उप १४३ टी)।

रुच्च सक [दे] व्रीहि आदि को यन्त्र में निस्तुष करना। वकृ. **रुच्चंत** (णाया १, ७—पत्र ११७)।

रुच्चि देखो रुइ = रुचि (कप्पू)।

रुच्छ देखो रुक्ख (संक्षि १५)।

रुच्मि देखो रुप्पि (हे २, ५२; कुमा)।

रुज्ज न [रोदन] रुदन, रोना; 'दीहुण्हा णीसासा, रणरणओ, रुज्जगग्गिरं गेअं' (गा ८४३)।

रुज्झ देखो रुंध। रुज्झइ (हे ४, २१८)।

रुज्झ° देखो रुह = रुह्।

रुज्झंत देखो रुंध।

रुज्झिअ वि [रुद्ध] रोका हुआ (कुमा)।

रुट्टिया स्त्री [दे] रोटी (सट्ठि ३६)।

रुट्ठ वि [रुष्ट] रोष-युक्त (उवा; सुर २, १२१)। २ पुं. नरकावास-विशेष (देवेन्द्र २८)।

रुणरुण न [दे] करुण क्रन्दन (भवि)।

रुणरुण अक [दे] करुण क्रन्दन करना। रुणरुणइ (वज्जा ५०; भवि)। वकृ. **रुणरुणंत** (भवि)।

रुणुरुण देखो रुणरुण (पउम १०५, ५८)।

रुणुरुणिय वि [दे] करुण क्रन्दनवाला (पउम १०५, ५८)।

रुण्ण न [रुदित] रोदन, रोना (हे १, २०६; प्राप्र; गा १८)।

रुते देखो रिते (वव ४)।

रुत्थिणी देखो रुप्पिणी (षड्)।

रुदिअ देखो रुण्ण (नाट—मालती १०६)।

रुद्द पुं [रुद्र] १ महादेव, शिव (सम्मत्त १४५; हेका ५६)। २ शिव-मूर्ति-विशेष (णाया १, १—पत्र ३६)। ३ जिन देव, जिन भगवान् (पउम १०६, १२)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति (सम २८)। ५ नृप-विशेष, एक वासुदेव का पिता (पउम २०, १८२; सम १५२)। ६ ज्योतिष्क देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७७; सुज्ज १०, १२)। ७ अंग-विद्या का जानकार पुरुष (विचार ४८४)। ८ वि. भयंकर, भय-जनक (सम्मत्त १४५)। देखो **रोद्द = रुद्र**।

रुद्द देखो **रोद्द = रौद्र** (सम ६)।

रुद्दक्ख पुं [रुद्राक्ष] वृक्ष-विशेष (पउम ५३, ७६)।

रुद्दाणी स्त्री [रुद्राणी] शिव-पत्नी, दुर्गा (समु १५४)।

रुद्ध वि [रुद्ध] रोका हुआ (कुमा)।

रुद्र देखो रुद्द (हे २, ८०)।

रुन्न देखो रुण्ण (सुर २, १२६)।

रुप्प सक [रोपय्] रोपना, बोना; 'सहयारभरियदेसे रुप्पसि धत्तूरयं तुमं वच्छे' (धर्मवि ६७)।

रुप्प न [रुक्म] १ काञ्चन, सोना। २ लोहा। ३ धत्तूरा। ४ नागकेसर (प्राप्र)। ५ चाँदी, रजत (जं ४)।

सक्कुलि स्त्री [शष्कुलि] १ कर्ण-विवर, कान का छिद्र (णाया १, ८—पत्र १३३)। २ तिलपापड़ी, एक तरह का खाद्य पदार्थ (पण्ह २, ५—पत्र १४८; दस ५, १, ७१; कस; विसे २९९)। °**कण्ण** पुं [°कर्ण] एक अन्तर्द्वीप। १ उसमें रहनेवाली मनुष्य-जाति (इक)।

सक्ख° देखो सक्क = शक्।

सक्ख न [सख्य] मैत्री, दोस्ती (उत्त १४, २७)।

सक्ख न [साक्ष्य] साक्षिपन, गवाही (सुपा २७९; संबोध १७)।

सक्खं अ [साक्षात्] प्रत्यक्ष, आँखों के सामने, प्रकट (हे १, २४; पि ११४)।

सक्खय देखो सक्कय = संस्कृत (जं २ टी—पत्र १०४)।

सक्खर देखो स-क्खर = साक्षर।

सक्खा देखो सक्खं (पंचा ६, ४०; सुर ५, २२१; १२, ३९; पि ११४)।

सक्खि वि [साक्षिन्] साक्षी, साखी, गवाह (पण्ह १, २—पत्र २९; धर्मसं १२००; कप्पू; श्रा १४; स्वप्न १३१)।

सक्खिअ देखो सक्ख = सख्य; 'कादंबरी-सक्खिअं अम्हाणं पढमसोहिदं इच्छीअदि' (अभि १८८)।

सक्खिज्ज न [साक्षित्व] गवाही, साख (श्रावक २६०)।

सक्खिण देखो सक्खि (हे २, १७४; षड्; सुर ६, ४४)।

सग [स्वक] देखो स = स्व (भग; पण्ण २१—पत्र ६२८; पउम ८२, ११७; उत्त २०, २६; २७; संबोध ५०; चेइय ५६१)।

सग देखो सत्त = सप्तन् (रयण ७२; उर ५, ३; २, २३)। °**वण्ण**, °**वन्न** स्त्रीन [°पञ्चाशत्] सत्तावन, पचास और सात (कम्म ६, ६०; श्रु १११; कम्म २, २०)। °**वीस** स्त्रीन [°विंशति] सताईस (श्रा २८; रयण ७२; संबोध २६)। °**सयरि** स्त्री [°सप्तति] सतहत्तर (कम्म २, ६)। °**सीइ** स्त्री [°शीति] सतासी (कम्म २, १६)।

सग देखो सत्तम (कम्म ४, ७९)।

सग पुं [शक] १ एक अनार्य देश, अफगानिस्तान के उत्तर का एक म्लेच्छ देश (सूअनि ९६; पउम ९८, ६४; इक)। २ उस देश का निवासी (काल)। ३ एक सुप्रसिद्ध राजा जिसका शक-संवत् चलता है (विचार ४९५; ५१३)। °**कूल** न [°कूल] एक म्लेच्छ-देश का किनारा (काल)।

सग° स्त्री [स्रज्] माला; 'सगचंदणविस-सत्थाइजोगओ तस्स अह य दीसंति' (श्रावक १८९)।

सगड न [शकट] १ गाड़ी (उवा; आचा २, ३, १६)। २ पुं. एक सार्थवाह-पुत्र (विपा १, १—पत्र ४; १, ४—पत्र ५५)। °**भद्दिआ** स्त्री [°भद्रिका] जैनेतर ग्रन्थ-विशेष (णंदि १९४; अणु ३)। °**मुह** न [°मुख] पुरिमताल नगर का एक प्राचीन उद्यान (कप्प)। °**वूह** पुं [°व्यूह] कला-विशेष, गाड़ी के आकार से सैन्य की रचना (औप)। देखो सअढ।

सगडब्भि देखो स-गडब्भि = स्वकृतभिद् ।

सगडाल पुं [शकटाल] राजा नन्द का सुप्रसिद्ध मंत्री और महर्षि स्थूलभद्र का पिता (कुप्र ४४३)।

सगडिया स्त्री [शकटिका] छोटी गाड़ी (भग; विपा १, १—पत्र ८; णाया १, १—पत्र ७४)।

सगडी स्त्री [शकटी] गाड़ी (णाया १, ७—पत्र ११८)।

सगण देखो स-गण = स-गण।

सगन्न देखो सकन्न (कुप्र ४०३)।

सगय न [दे] श्रद्धा, विश्वास (दे ८, ३)।

सगर पुं [सगर] एक चक्रवर्ती राजा (सम ८२; उत्त १७, ३५)।

सगल्ल देखो सयल = सकल (णाया १, १६—पत्र २१३; भग; पंच १, १३; सुर १, ११६; पव २१६; सिक्खा ३७)।

सगसग अक [सगसगाय्] 'सग-सग' आवाज करना। वकृ. **सगसगंत** (पउम ४२, ३१)।

सगार देखो स-गार = सागार, साकार।

सगार देखो स-गार = स-कार।

सगास न [सकाश] पास, निकट, समीप (औप; सुपा ४५२; ४८८; महा)।

सगुण देखो स-गुण = स-गुण।

सगुणि देखो सउणि (पएह १, ४—पत्र ७८)।

सगुत्त वि [सगोत्र] समान गोत्रवाला, एकगोत्रीय (कप्प)।

सगेह न [दे] निकट, समीप (दे ८, ६)।

सगोत्त देखो सगुत्त (कुप्र २१७)।

सग्ग पुंन [स्वर्ग] देवों का आवास-स्थान (णाया १, ५—पत्र १०५; भग; सुपा २९३); 'वेरग्गं चेवमिह सग्गं' (श्रु ५८)। °तरु पुं [°तरु] कल्पवृक्ष (से ११, ११)। °सामि पुं [°स्वामिन्] इन्द्र (उप २६४ टी)। °वहू स्त्री [°वधू] देवांगना, देवी (उप ७२८ टी)।

सग्ग पुं [सर्ग] १ मुक्ति, मोक्ष, ब्रह्म (औप)। २ सृष्टि, रचना (रंभा)।

सग्ग देखो स-ग्ग = साग्र।

सग्ग देखो सग = स्वक (उत्त २०, २६; राज)।

सग्गइ देखो स-ग्गइ = सद्गति।

सग्गह वि [दे] मुक्त, मुक्ति-प्राप्त (दे ८, ४ टी)।

सग्गह देखो स-ग्गह = स-ग्रह।

सग्गीय वि [स्वर्गीय] स्वर्ग-सम्बन्धी (विसे १८००)।

सग्गु देखो सिग्गु (उप १०३१ टी)।

सग्गोकस पुं [स्वर्गौकस्] देव, देवता (धर्म ६)।

सग्घ सक [कथ] कहना। सग्घइ (षड्)।

सग्घ वि [श्लाघ्य] प्रशंसनीय (सूत्र १, ३, २, १६; विसे ३५७८)।

सघिण देखो स-घिण = स-घृण।

सचक्खु, **सचक्खुअ** } देखो स-चक्खु = स-चक्षुष्।

सचित्त देखो स-चित्त = स-चित्त।

सचिव देखो सइव (सण)।

सची देखो सई = शची (धर्मवि ६६; नाट—शकु ९७)। °वर पुं [°वर] इन्द्र (सिरि ४२)।

सचेयण देखो स-चेयण = स-चेतन।

सच्च न [सत्य] १ यथार्थ भाषण, अमृषा-कथन (ठा १०—पत्र ४८९; कुमा; पएह २, ५—पत्र १४८; स्वप्न २२; प्रासू १५०; १७७)। २ शपथ, सोगन। ३ सत्य युग। ४ सिद्धान्त (हे २, १३)। ५ वि. यथार्थ, सच्चा, वास्तविक; 'सच्चपरक्कमे' (उत्त १८, ४९; श्रा १२; ठा ४, १—पत्र १९६; कुमा)। ६ पुं. संयम, चारित्र (आचा; उत्त ६, २)। ७ जिनागम, जैन सिद्धान्त (आचा)। ८ अहोरात्र का दसवाँ मुहूर्त्त (सम ५१)। ९ एक वणिक्-पुत्र (उप ५१६)। °उर न [°पुर] भारत का एक प्राचीन नगर, जो आजकल 'साचोर' नाम से मारवाड़ में प्रसिद्ध है (ती ७; सिग्घ ७)। °उरी स्त्री [°पुरी] वही अर्थ (पडि)। °णेमि, °नेमि पुं [°नेमि] भगवान् अरिष्टनेमि के पास दीक्षा ले मुक्ति पानेवाला एक मुनि जो राजा समुद्रविजय का पुत्र था (अंत; अंत १४)। °प्पवाय न [°प्रवाद] छठवाँ पूर्व-ग्रंथ (सम २६)। °भामा स्त्री [°भामा] श्रीकृष्ण की एक पत्नी (अंत १५)। °वाइ वि [°वादिन्] सत्य-वक्ता (पउम ११, ३१)। °संध वि [°सन्ध] सत्य प्रतिज्ञावाला, प्रतिज्ञा-निर्वाहक (उप पृ ३३३; सुपा २८३)। °सिरी स्त्री [°श्री] पाँचवें आरे की अन्तिम श्राविका (विचार ५३४)। °सेण पुं [°सेन] ऐरवत वर्ष में होनेवाला एक जिनदेव (सम १५४)। °हामा देखो °भामा (पि १४)। °वाइ देखो °वाइ (आचा १, ८, ६, ५; १, ८, ७, ५)।

सच्चइ पुं [सत्यकि] १ आगामी काल में बारहवाँ तीर्थंकर होनेवाला एक साध्वी-पुत्र (ठा ९—पत्र ४५७; सम १५४; पव ४६)। २ विषय-लम्पट एक विद्याधर (उव; उर ७, १ टी)। ३ श्रीकृष्ण का संबन्धी एक व्यक्ति (रुक्मि ४६)। °सुय पुं [°सुत] ग्यारह रुद्रों में अन्तिम रुद्र पुरुष (विचार ४७३)।

सच्चंकार वि [सत्यंकार] सत्य साबित करनेवाला, लेन-देन की सच्चाई के लिए दिया जाता बहाना; 'गहिओ संजमभारो सच्चंकारु व्व सिद्धीए' (धर्मवि १४; आप ६६; रयण ३४)।

सच्चव सक [दृश्] देखना। सच्चवइ (हे ४, १८१; षड्; सण)। कर्म. **सच्चविज्जइ** (कुप्र ९८)।

सच्चव सक [सत्यापय्] सत्य साबित करना। सच्चवइ (सुपा २९२)। कर्म. 'अलिअंपि सच्चविज्जइ पहुत्तणं तेण रमणिज्जं' (सूक्त ८५)।

सच्चवण न [दर्शन] अवलोकन, निरीक्षण (कुमा; सुपा २२९)।

सच्चवय वि [दर्शक] द्रष्टा (संबोध २४)।

सच्चविअ वि [दृष्ट] देखा हुआ, विलोकित (गा ५३९; ८०९; सुर ४, २२५; पाअ; महा)।

सच्चविअ वि [दे] अभिप्रेत, इष्ट (दे ८, १७; भवि)।

सच्चा स्त्री [सत्या] १ सत्य वचन (पएण ११—पत्र ३७६)। २ श्रीकृष्ण की एक

१०८

पत्नी, सत्यभामा (कुप्र २५८)। ३ इन्द्राणी (चउप्पन्न० ऋषभ-चरित)। °मोस वि [मृषा] मिश्र-भाषा, सत्य से मिला हुआ झूठ वचन; सच्चामोसाणि भासइ (सम ५०)।

सच्चित्त देखो स-चित्त = स-चित्त।

सच्चिल्लय वि [दे. सत्य] सच्चा, यथार्थ (दे ८, १४)।

सच्चीसग पुं [दे. सच्चीसक] वाद्य-विशेष (पउम १०२, १२३)। देखो वद्धीसक।

सच्चेविअ वि [दे] रचित, निर्मित (दे ८, १८)।

सच्छ वि [स्वच्छ] अति निर्मल (सुपा ३०)।

सच्छंद वि [स्वच्छन्द] १ स्वाधीन, स्व-वश (उव ३३६ टी; सुर १४, ८५)। २ न. स्वेच्छानुसार (णाया १, ८—पत्र १५२; औप; अभि ४६; प्रासू १७)। °गामि वि [°गामिन्] इच्छानुसार गमन करनेवाला, स्वैरी। स्त्री. °णी (सुपा २३५)। °चारि, °यारि वि [°चारिन्] स्वच्छन्दी, इच्छानुसार विहरण करनेवाला, स्वैरी। स्त्री. °णी (सं ३६; श्रा १६; गच्छ १, १०)।

सच्छर सक [दृश्] देखना (संक्षि ३६)।

सच्छह वि [दे. सच्छाय] सदृश, समान, तुल्य (दे ८, ६; गा ५; ४५; ३०८; ५३३; ५८०; ६८१; ७२१; सुर ३, २४६; धर्मवि ५७)।

सच्छाय वि [सच्छाय] १ समान छाया-वाला, तुल्य (गउड; कुप्र २३)। २ अच्छी कान्तिवाला (कुमा)। ३ सुन्दर छायावाला। ४ कान्ति-युक्त। ५ छाया-युक्त (हे १, २४९)।

सच्छाह वि [सच्छाय] जिसकी छाँही सुन्दर हो वह। २ छाँही वाला। ३ समान छाया-वाला, तुल्य, सदृश (हे १, २४९)।

सछत्ता स्त्री [सच्छत्रा] वनस्पति-विशेष (सूअ २, ३, १६)।

सजण देखो स-जण = स्व-जन।

सजिय देखो सज्जीव (सुर १२, २१०)।

सजुत्त देखो संजुत्त (पिंग)।

सजोइ देखो स-जोइ = स-ज्योतिष्।

सजोग वि [सयोगिन्] १ मन आदि का व्यापारवाला। २ पुंन. तेरहवाँ गुण-स्थानक (पि ४११; सम २६; कम्म २, २; २०)।

सजोगिय देखो स-जोगिय = स-योनिक।

सज्ज अक [सञ्ज्] १ आसक्ति करना। २ सक. आलिंगन करना। सज्जइ (उत्त २५, २०), सज्जह (णाया १, ८—पत्र १४८)। वकृ. सज्जमाण (सूअ १, ७, २७; दसचू २, १०; उत्त १४; ६; उवर १२)। कृ. सज्जियव्व (पण्ह २, ५—पत्र १४९)।

सज्ज अक [सस्ज्] १ तय्यार होना। २ सक. तय्यार करना, सजाना। सज्जेइ, सज्जेंति (कुमा; णाया १, ८—पत्र १३२)। कर्म. सज्जीअंति (कप्पू)। कवकृ. सज्जिज्जंत (कप्पू)। संकृ. सज्जिऊण, सज्जेउं (स ६४; महा)। कृ. सज्जियव्व, सज्जेयव्व (सत्त ४०; स ७०)। प्रयो., संकृ. सज्जावेऊण (महा)।

सज्ज पुं [सर्ज] वृक्ष-विशेष (णाया १, १—पत्र २५; विसे २६८२; स १११; कुमा)।

सज्ज पुं [षड्ज] स्वर-विशेष (कुमा)।

सज्ज वि [सज्ज] तय्यार, प्रगुण (णाया १, ८—पत्र १४६; सुपा १२२; १९७; हेका ४६; पिंग)।

सज्ज, सज्जं अ [सद्यस्] तुरन्त, जल्दी, शीघ्र; 'सज्जघायणं से कम्मणजोगं पउंजामि' (स १०८; सुख ८, १३; गा ५९७ अ; कस)।

सज्जंभव पुं [शय्यम्भव] एक प्रसिद्ध जैन महर्षि (सार्ध १२)।

सज्जण देखो स-ज्जण = सज्जन।

सज्जा देखो सेज्जा (राज)।

सज्जिअ वि [सज्जित] सजाया हुआ, तय्यार किया हुआ (औप; कुमा; महा)।

सज्जिअ वि [सर्जित] बनाया हुआ (दे १, १३८)।

सज्जिअ पुं [दे] १ नापित, नाई। २ रजक, धोबी। ३ वि. पुरस्कृत, आगे किया हुआ। ४ दीर्घ, लम्बा (दे ८, ४७)।

सज्जिआ स्त्री [सर्जिका] क्षार-विशेष, साजी खार; 'वत्थं सज्जियाखारेण अणुलिंपति' (णाया १, ५—पत्र १०६)।

सज्जीअ, सज्जीव देखो स-ज्जीअ = स-जीव।

सज्जीहुव अक [सज्जी + भू] सज्ज होना, तय्यार होना। सज्जीहवेइ (श्रा १४)।

सज्जो देखो सज्ज = सद्यस् (सुपा ३९७)।

सज्जोक्क वि [दे] प्रत्यग्र, नूतन, ताजा (दे ८, ३)।

सज्झ वि [साध्य] १ साधनीय, सिद्ध करने योग्य। २ वश में करने योग्य; 'बलिओ हु इमो सत्तू ताव य सज्झो न पुरिसगारस्स' (सुर ८, २६; सा २४)। ३ तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध अनुमेय पदार्थ, जैसे धूम से ज्ञातव्य वह्नि (पंचा १४, ३५)। ४ पुं. साध्यवाला, पक्ष (विसे १०७७)। ५ देवगण-विशेष। ६ योग-विशेष। ७ मन्त्र-विशेष (हे २, २६)।

सज्झ पुं [सह्य] १ पर्वत-विशेष (स ६७९)। २ वि. सहन-योग्य (हे २, २६; १२४)।

सज्झंतिय पुं [दे] ब्रह्मचारी (राज)।

सज्झंतिया स्त्री [दे] भगिनी, बहिन (राज)।

सज्झंतेवासि पुं [स्वाध्यायान्तेवासिन्] विद्या-शिष्य (सुख २, १५)।

सज्झमाण वि [साध्यमान] जिसकी साधना की जाती हो वह (रयण ४०)।

सज्झव सक [दे] ठीक करना, तन्दुरुस्त करना। सज्झवेहि, सज्झवेमि (सुख २, १५)।

सज्झस न [साध्वस] भय, डर (हे २, २६; कुमा)।

सज्झाइय वि [स्वाध्यायिक] १ जिसमें पठन आदि स्वाध्याय हो सके ऐसा शास्त्रोक्त देश, काल आदि (ठा १०—पत्र ४७५)। २ न. स्वाध्याय, शास्त्र-पठन आदि (पव २६८; णंदि २०७ टी)।

सज्झाय पुं [स्वाध्याय] शोभन अध्ययन, शास्त्र का पठन, आवर्तन आदि (औप; हे २, २६; कुमा; नव २९)।

सज्झाराय वि [सह्यराज] सह्याचल के राजा से सम्बन्ध रखनेवाला, सह्याद्रि के राजा का (पउम ५५, १७)।

सज्झिलग पुं [दे] भ्राता, भाई (उप २७५; ३७७; पिंड ३२४)।

सज्झिलगा स्त्री [दे] भगिनी, बहिन (पिंड ३१६; उप २०७)।

सज्झिल्लग देखो सज्झिलग (राज)।

सट्ट पुंस्त्री [दे] १ सट्टा, विनिमय, बदला (सुपा २३३)। स्त्री. °ट्टी (सुपा २७५; वज्जा १४२)। २ वि. सटा हुआ; 'पीणुण्णय-सट्टइं···थणवट्टइं' (भवि)।

सट्ट, सट्टय } पुंन [सट्टक] १ एक तरह का नाटक (कप्पू; रंभा १०); 'रंभं तं परिणेदि अट्ठमतियं एयम्मि सट्टे वरे' (रंभा १०)। २ खाद्य-विशेष (रंभा ३३)।

सट्ठ न [शाठ्य] शठता, धूर्तता (उप ७२८ टी; गुभा २४)।

सट्ठ (शौ) देखो छट्ठ (चारु ७; प्रबो ७३; पि ४४९)।

सट्ठि स्त्री [षष्टि] १ संख्या-विशेष, साठ, ६०। २ साठ संख्यावाला (सम ७४; कप्प; महा; पि ४४८)। °तंत, °तंत न [°तन्त्र] शास्त्र-विशेष, सांख्य-शास्त्र (भग; णाया १, ५—पत्र १०५; औप; अणु ३६)। °म वि [°तम] साठवाँ (पउम ६०, १०)।

सट्ठिक, सट्ठिय, सट्ठीअ } वि [षष्टिक] १ साठ वर्ष की वयवाला (तंदु १७; राज)। २ पुंन. एक प्रकार का चावल (राज; श्रा १८)।

सड अक [सद्] १ सड़ना। २ विषाद करना, खिन्न होना। ३ सक. गति करना, जाना। सडइ (हे ४, २१९; प्राप्र; षड्; धात्वा १५५)।

सड अक [शट्] १ सड़ना। २ खेद करना। ३ रोगी होना। ४ सक. जाना। सडइ (विपा १, १—पत्र १६)।

सडंग न [षडङ्ग] शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष। °वि वि [°विद्] छः अंगों का जानकार (भग; औप; पि ३४१)।

सडण न [शटन] विशरण, सड़ना (पण्ह १, १—पत्र २३; णाया १, १—पत्र ४८)।

सडा देखो सढा (से १, ५०; पि २०७)।

सडिअ वि [सन्न, शटित] सड़ा हुआ, विशीर्ण (विपा १, ७—पत्र ७३; श्रा १४; कुमा)।

सडिअग्गिअ वि [दे] १ वर्धित, बढ़ाया हुआ। २ प्रेरित (षड्)।

सड्ढ सक [शद्] १ विनाश करना। २ कृश करना। सड्ढइ (धात्वा १५५)।

सड्ढ पुंस्त्री [श्राद्ध] १ श्रावक, जैन गृहस्थ (ओघ ६३; महा)। स्त्री. °ड्ढी (सुपा ६५४)। २ वि. श्रद्धेय वचनवाला, जिसका वचन श्रद्धेय हो वह (ठा ३, ३—पत्र १३९)। देखो सड्ढ = श्राद्ध।

सड्ढ देखो स-ड्ढ = सार्ध।

सड्ढइ पुं [श्राद्धकिन्] वानप्रस्थ तापस की एक जाति (औप)।

सड्ढा स्त्री [श्रद्धा] १ स्पृहा, अभिलाष, वांछा (विपा १, १—पत्र २)। २ धर्म आदि में विश्वास, प्रतीति। ३ आदर, सम्मान। ४ शुद्धि। ५ चित्त की प्रसन्नता (हे १, ४१; षड्)। देखो सद्धा।

सड्ढि वि [श्रद्धिन्] १ श्रद्धालु, श्रद्धावान् (ठा ६—पत्र ३५२; उत्त ५, ३१; पिंडभा ३३)। २ पुं. श्रावक, जैन गृहस्थ (कप्प)।

सड्ढिअ वि [श्राद्धिक] देखो सड्ढ = श्राद्ध (पि ३३३; राज)।

सड्ढी देखो सड्ढ = श्राद्ध।

सढ वि [शठ] १ धूर्त, मायावी, कपटी (कुमा; उप २३४ टी; ओघभा ५८; भग; कम्म १, ५८)। २ कुटिल, वक्र (पिंड ६३३)। ३ पुं. धत्तूरा। ४ मध्यस्थ पुरुष (हे १, १९९; संक्षि ८)।

सढ पुं [दे] १ पाल, जहाज का बादवान, गुजराती में 'सढ' (सिरि ३८७)। २ केश, बाल (दे ८, ४६)। ३ स्तम्ब, गुच्छा (दे ८, ४६; पाअ)। ४ वि. विषम (दे ८, ४६)।

सढय न [दे] कुसुम, फूल (दे ८, ३)।

सढा स्त्री [सटा] १ सिंह आदि की केसरा। २ जटा। ३ व्रती का केश-समूह। ४ शिखा (हे १, १९६)।

सढाल पुं [सटाल] सटावाला, सिंह (कुमा)।

सढि पुं [दे. सटिन्] सिंह (दे ८, १)।

सढिल वि [शिथिल] ढीला (हे १, ८९; कुमा)।

सण पुंन [शण] १ धान्य-विशेष (श्रा १८; पव १५४; पण्ह २, ५—पत्र १४८)। २ तृण-विशेष, पाट, जिसके तंतु रस्सी आदि बनाने के काम में लाए जाते हैं (णाया १, १—पत्र २४; पण्ण १—पत्र ३२; कप्पू)। °बंधण न [°बन्धन] सन का पुष्प-वृन्त (औप; णाया १, १ टी—पत्र ६)। °वाडिआ स्त्री [°वाटिका] सन का बगीचा (गा ९)।

सण पुं [स्वन] शब्द, आवाज (स ३७२)।

सणंकुमार पुं [सनत्कुमार] १ एक चक्रवर्ती राजा (सम १५२)। २ तीसरा देवलोक (अनु; औप)। ३ तीसरे देवलोक का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। °वडिंसग पुंन [°ावतंसक] एक देव-विमान (सम १३)।

सणप्पय, सणप्फद, सणप्फय } देखो स-णप्पय = स-नखपद।

सणा अ [सना] सदा, हमेशा। °तण °यण वि [°तन] सदा रहनेवाला, नित्य, शाश्वत (सूअ २, ६, ४७); 'सिद्धाण सणायणओ परिणामिओ दव्वओवि गुणो' (संबोध २)।

सणाण न [स्नान] नहाना, नहान, अवगाहन (उवा)।

सणाह देखो स-णाह = स-नाथ।

सणाहि पुं [सनाभि] १ स्वजन, ज्ञाति; 'बंधू समणो सणाही य' (पाअ)। २ समान, सदृश (रंभा)।

सणि पुं [शनि] १ ग्रह-विशेष, शनैश्चर (पउम १७ ८१)। २ शनिवार (सुपा ५३२)।

सणिअ पुं [दे] १ साक्षी, गवाह। २ ग्राम्य, ग्रामीण (दे ८, ४७)।

सणिअं अ [शनैस्] धीरे, हौले (णाया १, १६—पत्र २२६; गा १०३; हे २, १६८ गउड; कुमा)।

सणिंचर पुं [शनैश्चर] ग्रह-विशेष, शनि-ग्रह (पि ८४)। °संवच्छर पुं [°संवत्सर] वर्ष-विशेष (ठा ५, ३—पत्र ३४४)।

सणिंचारि, सणिचारि } पुं [शनैश्चारिन्] युगलिक मनुष्यों की एक जाति (इक; भग ६, ७—पत्र २७६)।

सणिच्चर, सणिच्छर } देखो सणिंचर (ठा २, ३—पत्र ७७; हे १, १४९; औप; कुमा; सुज्ज १०, २०; २०)।

सणिद्ध देखो सिणिद्ध (हे २, १०६; कुमा)।
सणिप्पवाय पुं [शनैःप्रपात] जीवों से भरी हुई पौद्गलिक वस्तु-विशेष (ठा २, ४—पत्र ८६)।
सणेह पुं [स्नेह] १ प्रेम, प्रीति (अभि २७; कुमा)। २ घृत, तैल आदि स्निग्ध रस। ३ चिकनाई, चिकनाहट (प्राप्र; हे २, १०२)।
सण्ण देखो सन्न (से १३, ७२)।
सण्णज्ज न [सान्नाय्य] मन्त्र आदि से संस्कारा जाता घृत आदि (प्राकृ १६)।
सण्णत्तिअ वि [दे] परितापित (दे ८, २८)।
सण्णविअ वि [दे] १ चिन्तित। २ न. सांनिध्य, मदद के लिए समीप-गमन (दे ८, ५०)।
सण्णिअ वि [दे] आर्द्र, गीला (दे ८, ५)।
सण्णिर देखो सन्निर (राज)।
सण्णुमिअ वि [दे] १ संनिहित। २ मापित, नापा हुआ। ३ अनुनीत, अनुनय-युक्त (दे ८, ४८)।
सण्णुमिअ देखो सन्नुमिअ (दे, ८, ४८ टी)।
सण्णेज्झ पुं [दे] यक्ष-देवता (दे ८, ६)।
सण्ह वि [श्लक्ष्ण] १ मसृण, चिकना (कप्प; औप)। २ छोटा, बारीक (विपा १, ८—पत्र ८३)। ३ न. लोहा (हे २, ७५; षड्)। ४ पुं. वृक्ष-विशेष (पराग १—पत्र ३१)। °करणी स्त्री [°करणी] पीसने की शिला (भग १६, ३—पत्र ७६६)। °मच्छ पुं [°मत्स्य] मछली की एक जाति (विपा १, ८—पत्र ८३; पराग १—पत्र ४७)। °सण्हिआ स्त्री [°श्लक्ष्णिका] आठ उच्छ्लक्ष्णश्लक्ष्णिका का एक नाप (इक)।
सण्ह वि [सूक्ष्म] १ छोटा, बारीक (कुमा)। २ न. कैतव, कपट। ३ अध्यात्म। ४ अलंकार-विशेष (हे २, ७५)। देखो सुहुम, सुहुम।
सण्हाई स्त्री [दे] दूती (दे ८, ६)।
सत देखो सय = शत (गा ३)। °क्कतु पुं [°क्रतु] इन्द्र (कप्प)। °ग्घी स्त्री [°घ्नी] अस्त्र-विशेष (पराह १, १—पत्र ८; वसु)। °द्दु स्त्री [°द्रु] एक महानदी (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °भिसया स्त्री [°भिषज्] नक्षत्र-विशेष (सम २६)। °रिसभ पुं [°ऋषभ] अहोरात्र का इकीसवाँ मुहूर्त्त (सम २१)। °वच्छ पुं [°वत्स] पक्षि-विशेष (पराग १—पत्र ५२)। °वाइया स्त्री [°पादिका] त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (पराग १—पत्र ४५)।
सत देखो सत्त = सप्तन् (पिंग)। °र त्रि [°दशन्] सतरह, १७; 'जं चाणंतगुणंपि हु वणिएज्जइ सतरभेअदसभेअं' (सिरि १२८८; कम्म २, १३; १६)। °रसय न [°दशशत] एक सौ सतरह (कम्म २, १३)।
सतंत देखो स-तंत = स्व-तन्त्र।
सतत देखो सयय = सतत (राज)।
सतय देखो सयय = शतक (सम १५४)।
सतर न [सतर] दधि, दही (ओघ ४८)।
सति देखो सइ = स्मृति (ठा ४, १—पत्र १८७; औप)।
सती देखो सई = सती (कुप्र ६०)।
सतीणा देखो सईणा (ठा ५, ३—पत्र ३४३)।
सतेरा स्त्री [शतेरा] विदिग् रुचक पर रहने वाली एक विद्युत्कुमारी देवी (ठा ४, १—पत्र १६८; इक)।
सत्त वि [शक्त] समर्थ (हे २, २; षड्)।
सत्त वि [शप्त] शाप-ग्रस्त, जिसपर आक्रोश किया गया हो वह (पउम ३५, ६०; पव १०६ टी; प्रति ८६)।
सत्त देखो सच्च = सत्य (अभि १८६; पिंग)।
सत्त वि [सक्त] आसक्त, गृद्ध, लोलुप (सूत्र १, १, १; ६; सुर ८, १३६; महा)।
सत्त पुंन [सत्र] १ सदाव्रत, जहां हमेशा अन्न आदि का दान दिया जाता हो वह स्थान (कुप्र १७२)। २ यज्ञ (अजि ८)। °साला स्त्री [°शाला] सदाव्रत-स्थान, दान-क्षेत्र (सण)। °गार न [°गार] वही अर्थ (धर्मवि २६)।
सत्त वि [दे] गत, गया हुआ (षड्)।
सत्त पुंन [सत्त्व] १ प्राणी, जीव, चेतन (आचा; सुर २, १३६; सुपा १०३; धर्मसं ११८६)। २ अहोरात्र का दूसरा मुहूर्त्त (सम ५१)। ३ न. बल, पराक्रम। ३ मानसिक उत्साह (पिंड ६३३, अणु; प्रासू ७१)। ५ विद्यमानता (धर्मसं १०५)। ६ लगातार सात दिनों का उपवास (संबोध ५८)।
सत्त वि [सप्तन्] सात संख्यावाला, सात (विपा १, १—पत्र २; कप्प; कुमा; जी ३३; ४१)। °खित्ती, °खेत्ती स्त्री [°क्षेत्री] जिन-चैत्य, जिन-बिम्ब, जैन आगम, साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका ये सात धन-व्यय-स्थान (ती ८; श्रु १२६; राज)। °ग न [°क] सात का समुदाय (दं ३५; कम्म २, २६; २७; ६, १३)। °चत्ताल वि [°चत्वारिंश] सैंतालीसवाँ, ४७ वाँ (पउम ४७, ५८)। °चत्तालीस स्त्रीन [°चत्वारिंशत्] सैंतालीस, ४७ (सम ६७)। °च्छय पुं [°च्छद] वृक्ष-विशेष, सतवन का पेड़, सतौना (पाअ; से १, २३; णाया १, १६—पत्र २११; सण)। °ट्ठि स्त्री [°षष्टि] १ संख्या-विशेष, सड़सठ, ६७। २ सड़सठ संख्या वाला (सम १०६; कम्म १, २३; ३२; २, ६)। °ट्ठिधा अ [°षष्टिधा] सड़सठ प्रकार का (सुज्ज १२—पत्र २२०)। °णउइ देखो °णउइ (राज)। °तीसइम वि [°त्रिंशत्तम] सइतीसवाँ, ३७ वां (पउम ३७, ७१)। °तंतु पुं [°तन्तु] यज्ञ (पाअ)। °दस त्रि [°दशन्] सतरह, १७ (पउम ११७, ४७)। °वण्ण देखो वण्ण (राज)। °भूम वि [°भूम] सात तलावाला प्रासाद (श्रा १२)। °भूमिय वि [°भूमिक] वही पूर्वोक्त अर्थ (महा)। °म वि [°म] सातवाँ, ७ वाँ (कप्प)। स्त्री. °मा (जी २६)। °मासिअ वि [°मासिक] सात मास का (भग)। °मासिआ स्त्री [°मासिकी] सात मास में पूर्ण होनेवाली एक साधु-प्रतिज्ञा, व्रत-विशेष (सम २१)। °मिया, °मी स्त्री [°मिका, °मी] १ सातवीं, ७ वीं (महा; सम २६; [illegible] ३०; कम्म ३; ६; प्रासू १२१)। २ सा[illegible] विभक्ति (चेइय ६८२; राज)। °य देखो °ग (कम्म ६, ६६ टी)। °र वि [°त] सत्तरवाँ, ७० वाँ (पउम ७०, ७२)। °र त्रि [दशन्] सतरह, १७ (कम्म २, ३)। °रत्त पुं [°रात्र] सात रातदिन का समय (महा)। °रस त्रि [°दशन्] सतरह, १७ (भग)। °रस, °रसम वि [°दश] सतरहवाँ;

(कम्म ३, १६; पउम १७. १२३; पव ४६)। °रह देखो °रस = °दशन् (षड)। °रि स्त्री [°ति] सत्तर, ७० (सम ८१, कप्प; षड)। रिसि पुं [°ऋषि] सात नक्षत्रों का मंडल-विशेष (सुपा ३५४)। °वण्ण, °वन्न पुं [°पर्ण] १ वृक्ष-विशेष, सतौना (औप; भाग)। २ देव-विशेष (राय ८०)। °वन्नव-डिसय पुं [°पर्णावतंसक] सौधर्म देवलोक का एक विमान (राय ५६)। °विह वि [°विध] सात प्रकार का (जी १६; प्रासू १०४; पि ४५१)। °वीसइ, °वीसा स्त्री [°विंशति] सताईस, २७ (पि ४४५; भग)। °सइय वि [°शतिक] सात सौ की संख्या-वाला (णाया १, १—पत्र ६४)। °सट्ठ वि [°षष्ट] सड़सठवाँ, ६७वाँ (पउम ६७, ५१)। °सट्ठि देखो °ट्ठि (सम ७६)। °सत्त-मिया स्त्री [°सप्तमिका] प्रतिज्ञा-विशेष, नियम-विशेष (अंत)। °सिक्खावइय वि [°शिक्षाव्रतिक] सात शिक्षाव्रतवाला (णाया १, १२; औप)। °हत्तर वि [°सप्तत] सतहतरवाँ, ७७ वाँ (पउम ७७, ११८)। °हत्तरि स्त्री [°सप्तति] १ संख्या-विशेष, सतहतर की संख्या, ७७। २ सतहतर संख्या-वाला (सम ८५; भग; श्रा २८)। °हा अ [°धा] सात प्रकार का, सप्तविध (पि ४५१)। °हुत्तरि देखो °हत्तरि (नव ८)। °ईस (अप) देखो °वीसा (पि ४४५)। °णउइ स्त्री [°नवति] सतानबे, ६७ (सम ६८)। °णउय वि [°नवत] १ सतानवेवाँ, ६७ वाँ (पउम ६७; ३०)। २ जिसमें सता-नबे अधिक हो वह, 'सत्ताणउयजोयणसए' (भग)। °रह (अप) देखो °रह (पिंग)। °वण्ण °वन्न स्त्रीन [°पञ्चाशत्] १ संख्या-विशेष, सतावन, ५७। २ सतावन संख्यावाला (पडि; पिंग; सम ७३; नव २)। स्त्री. °ण्णा, °न्ना (पिंग; पि २६५; ४४७)। °वन्न वि [°पञ्चाश] सतावनवाँ, ५७वाँ (पउम ५७, ३७)। °वीस न [°विंशति] १ संख्या-विशेष, सताईस। २ सताईस की संख्यावाला; 'एवं सत्तावीसं भंगा णेयव्वा' (भग)। °वीसइ स्त्री [°विंशति] वही पूर्वोक्त अर्थ (कुमा)। °वीसइम वि [°विंशतितम] सताईसवाँ, २७ वाँ (पउम २७, ४२)। °वीसइविह वि [°विंशतिविध] सताईस प्रकार का (पणण १७—पत्र ५३४)। °वीसा स्त्री. देखो °वीस (हे १, ४; षड्)। °सीइ स्त्री [°शीति] सतासी, ८७ (सम ६३)। °सीइम वि [°शीतितम] सतासीवाँ, ८७ वाँ; (पउम ८७, २१)।

सत्तंग वि [सप्ताङ्ग] १ राजा, मन्त्री, मित्र, कोश-भंडार, देश, किला तथा सैन्य ये सात राज्याङ्गवाला (कुमा)। २ न. हस्ति-शरीर के ये सात अवयव—चार पैर, सूँढ, पुच्छ और लिंग; 'सत्तंगपइट्ठियं' (उवा १०१)।

सत्तण्ह देखो स-त्तण्ह = स-तृष्ण।

सत्तत्थ वि [दे] अभिजात, कुलीन (दे ८; १०)।

सत्तम देखो सत्तम = सत्-तम।

सत्तर देखो स-त्तर = स-त्वर।

सत्तर देखो सत्त-र = सप्त-दशन्, दश।

सत्तल न [सप्तल] पुष्प-विशेष (गउड)।

सत्तला } स्त्री [सप्तला] लता-विशेष; नव-
सत्तली } मालिका का गाछ (पाअ; गा ६१६; पउम ५३, ७६)।

सत्तली स्त्री [ने. सप्तला] लता-विशेष, शेफालिका का गाछ (दे ८, ४)।

सत्तवीसंजोयण देखो सत्तावीसंजोअण (चंड)।

सत्ता स्त्री [सत्ता] १ सद्भाव, अस्तित्व (णंदि १३६ टी)। २ आत्मा के साथ लगे हुए कर्मों का अस्तित्व, कर्मों का स्वरूप से अप्रच्यव—अवस्थान (कम्म २, १; २५)।

सत्तावरी स्त्री [शतावरी] कन्द-विशेष, 'सत्ता-वरी विराली कुमारि तह थोहरी गलोई य' (पव ४; संबोध ४४; श्रा २०)।

सत्तावीसंजोअण पुं [दे] चन्द्र, चन्द्रमा (दे ८, २२); 'सत्तावीसंजोअणकरपसरो जाव अज्जवि न होइ' (वाअ १५)।

सत्ति स्त्री [दे] १ तिपाई, तीन पाया वाला गोल काष्ठ-विशेष। २ घड़ा रखने का पलंग की तरह ऊँचा काष्ठ-विशेष (दे ८, १)।

सत्ति स्त्री [शक्ति] १ अस्त्र-विशेष (कुमा)। २ त्रिशूल (पण्ह १, १—पत्र १८)। ३ सामर्थ्य (ठा ३, १—पत्र १०६; कुमा; प्रासू २६)। ४ विद्या विशेष (पउम ७, १४२)। °म, °मंत वि [°मत्] शक्तिवाला (ठा ६—पत्र ३५२; संबोध ८; उप १३६ टी)।

सत्ति पुं [सप्ति] अश्व, घोड़ा (पाअ)।

सत्तिअ वि [सात्त्विक] सत्त्व-युक्त, सत्त्व-प्रधान (सुअनि ६२; हम्मीर १६; स ४)।

सत्तिअणा स्त्री [दे] आभिजात्य, कुलीनता (दे ८, १६)।

सत्तिवण्ण } देखो सत्त-वण्ण (सम १५२;
सत्तिवन्न } पि १०३; विचार १४८)।

सत्तु पुं [शत्रु] रिपु, दुश्मन, वैरी (णाया १, १—पत्र; कप्पू; सुपा ७)। °इ वि [°जित्] १ शत्रु को जीतनेवाला। २ पुं. एक राजा का नाम (प्राकृ ६५)। °ग्घ वि [°घ्न] १ रिपु को मारनेवाला (प्राकृ ६५)। २ पुं. रामचन्द्र का एक छोटा भाई (पउम २५, १४)। °निहण [°निघ्न] वही पूर्वोक्त अर्थ (पउम १०, ६६)। °मद्दण वि [°मर्दन] शत्रु का मर्दन करनेवाला (सम १५२)। °सेण पुं [°सेन] एक अन्तकृद् मुनि (अंत ३)। °हण देखो °ग्घ (पउम ८०, ३८)।

सत्तु } पुं [सक्तु] सत्तू, सतुआ, भुजे
सत्तुअ } हुए यव आदि का चूर्ण (पि ३६७; निचू १; स २५३; सुर ५, २०६; सुपा ४०६; महा)।

सत्तुंज न [शत्रुञ्ज] १ एक विद्याधर-नगर (इक)। २ पुं. रामचन्द्रजी का एक छोटा भाई, शत्रुघ्न (पउम ३२, ४७)।

सत्तुंजय पुं [शत्रुञ्जय] १ काठियावाड़ में पालीताना के पास का एक सुप्रसिद्ध पर्वत जो जैनों का सर्व-श्रेष्ठ तीर्थ है (सुर ५, २०३)। २ एक राजा का नाम (राज)।

सत्तुंदम पुं [शत्रुन्दम] एक राजा का नाम (पउम ३८, ४५)।

सत्तुग देखो सत्तुअ (कुप्र १२)।

सत्तुत्तरि स्त्री [सप्तसप्तति] सतहत्तर, ७७ (कम्म ६, ४८)।

सत्थ वि [शस्त] प्रशस्त, श्लाघनीय (चेइय ५७२)।

सत्थ न [शस्त्र] हथियार, आयुध प्रहरण (आचा उप; भग; प्रासू १०५)। °कोस पुं

[°कोश] शस्त्र—औजार रखने का थैला (णाया १, १३—पत्र १८१)। °वज्झ वि [°वध्य] हथियार से मारने योग्य (णाया १, १६—पत्र १९९)। °वाडण न [°विपाटन] शस्त्र से चीरना (णाया १, १६—पत्र २०२; भग)।

सत्थ वि [दे] गत, गया हुआ (दे ८, १)।

सत्थ देखो स-त्थ = स्व-स्थ।

सत्थ न [स्वास्थ्य] स्वस्थता (णाया १, ९—पत्र १६६)।

सत्थ पुं [सार्थ] १ व्यापारी मुसाफिरों का समूह (णाया १, १५—पत्र १९३; उत्त ३०, १७; बृह १; श्रणु; सुर १, २१४)। २ प्राणि-समूह (कुमा; हे १, ६७)। ३ वि. अन्वर्थ; यथार्थनामा (चेइय ५७२)। °वह, °वाह पुंस्त्री [°वाह] सार्थ का मुखिया, संघ-नायक (श्रु ५५; उवा; विपा १, २—पत्र ३१)। स्त्री. °ही (उवा; विपा १, २—पत्र ३१)। °वाहिक पुं [°वाहिन्] वही पूर्वोक्त अर्थ (भवि)। °ह देखो °वाह (धर्मवि ४१; सण)। °हिव पुं [°धिप] सार्थ-नायक (सुर २, ३२; सुपा ५९४)। °हिवइ पुं [°धिपति] वही अर्थ (सुपा ५९४)।

सत्थ पुंन [शास्त्र] हितोपदेशक ग्रन्थ, हित-शिक्षक पुस्तक, तत्त्व-ग्रंथ (विसे १३८४; कुमा); 'नाणासत्थे सुणंतोवि' (श्रा ४)। °ण्णु वि [°ज्ञ] शास्त्र का जानकार; 'सुमिणसत्थएणू' (उप ९८६ टी; उप पृ ३२७)। °गार वि [°कार] शास्त्र-प्रणेता (धर्मसं १००३; सिक्खा ३१)। °त्थ पुं [°र्थ] शास्त्र-रहस्य (कुप्र ६; २०६; भवि)। °यार देखो °गार (स ४; धर्मसं ९८२)। °वि वि [°विद्] शास्त्र ज्ञाता (स ३१२)।

सत्थइअ वि [दे] उत्तेजित (दे ८, १३)।

सत्थर पुं [दे] निकर, समूह (दे ८, ४)।

सत्थर } पुंन [स्रस्तर] शय्या, बिछौना
सत्थरय } (दे ८, ४ टी; सुपा ५८३; पाम्र; षड्; हास्य १३९; सुर ४, २४४)।

सत्थव देखो संथव = संस्तव (प्राकृ ३३; पि ७६)।

सत्थाम देखो स-त्थाम = स-स्थामन्।

सत्थाव देखो संथव = संस्तव (प्राकृ ३३)।

सत्थि अ.स्त्री [स्वस्ति] १ आशीर्वाद; 'सत्थि करेइ कविलो' (पउम ३५, ६२)। २ क्षेम, कल्याण, मंगल। ३ पुण्य आदि का स्वीकार (हे २, ४५; संक्षि २१)। °मई स्त्री [°मती] १ एक विप्र-स्त्री, क्षीरकदम्बक उपाध्याय की स्त्री (पउम ११, ९)। २ एक नगरी (उप ९८२)। ३ संनिवेश-विशेष (स १०३)। देखो सोत्थि।

सत्थिअ पुं [स्वस्तिक] १ माङ्गलिक विन्यास-विशेष, मंगल के लिए की जाती एक प्रकार की चावल आदि की रचना-विशेष (श्रा २७; सुपा ५२)। २ स्वस्तिक के आकार का आसन-बन्ध (बृह ३)। ३ एक देव-विमान (देवेन्द्र १४०)। °पुर न [°पुर] एक नगर का नाम (श्रा २७)। देखो सोत्थिअ।

सत्थिअ वि [सार्थिक] १ सार्थ-सम्बन्धी, सार्थ का मनुष्य आदि (कुप्र ६२; स १२९; सुर ६, १६६; सुपा ६५१; धर्मवि १२४)। २ पुं. सार्थ का मुखिया (बृह १)।

सत्थिअ न [सक्थिक] ऊरु, जाँघ (स २६२)।

सत्थिआ स्त्री [शस्त्रिका] छुरी (प्राप्र)।

सत्थिग देखो सत्थिअ = स्वस्तिक (पंचा ८, २३)।

सत्थिल्ल देखो सत्थिअ = सार्थिक (सुर १०, २०८)।

सत्थिल्लय देखो सत्थ = सार्थ (महा; भवि)।

सत्थु वि [शास्तृ] शास्ति-कर्ता, सीख देने-वाला (आचा; सूअ २, ५, ४; १, १३, २)।

सत्थुअ देखो संथुअ (प्राकृ ३३; पि ७६)।

सदा देखो सआ = सदा (राज)।

सदावरी देखो सयावरी = सदावरी (उत्त ३६, १३९)।

सदिस (शौ) देखो सरिस = सदृश (नाट—मृच्छ ११३)।

सद्द अक [शब्दय्] १ आवाज करना। २ सक. आह्वान करना, बुलाना। सद्दइ (पिंग)।

सद्द पुंन [शब्द] १ ध्वनि, आवाज (हे १, २६०; २, ७९; कुमा; सम १५); 'सद्दाणि विरूवरूवाणि' (सूअ १, ४, १, ६), 'सद्दाइं' (आचा २, ४, २, ४)। २ पुं. नय-विशेष (ठा ७—पत्र ३९०; विसे २१८१)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। ४ नाम, आख्या (महा)। ५ प्रसिद्धि (औप; णाया १, १ टी—पत्र ३)। °वेहि वि [°वेधिन्] शब्द के अनुसार निशाना मारनेवाला (णाया १, १८—पत्र २३६; गउड)। °वाइ पुं [°पातिन्] एक वृत्त वैताढ्य पर्वत (ठा २, ३—पत्र ६९; ८०;४,२—पत्र २२३; इक)।

सद्दल न [शाद्वल] हरित, हरा घास (पाअ; णाया १, १—पत्र २४; गउड)।

सद्दलिय वि [शाद्वलित] हरा घासवाला प्रदेश (गउड)।

सद्दह सक [श्रद् + धा] श्रद्धा करना, विश्वास करना, प्रतीति करना। सद्दहइ, सद्दहामि (हे ४, ९; भग; उवा)। भवि. सद्दहिस्सइ (पि ५३०)। वकृ. सद्दहत, सद्दहमाण सद्दहाण (नव ३९; हे ४, ९; श्रु २३)। संकृ. सद्दहित्ता (उत्त २९, १)। कृ. सद्दहियव्व (उव; सं ८६; कुप्र १४९)।

सद्दहग देखो सद्दहाण (हे ४, २३८; कुमा)।

सद्दहणया } स्त्री [श्रद्धान] श्रद्धा, विश्वास,
सद्दहणा } प्रतीति (ठा ६—पत्र ३५५; पंचभा)।

सद्दहा देखो सड्ढा = श्रद्धा (सट्ठि १२७)।

सद्दहाण न [श्रद्धान] श्रद्धा, विश्वास (श्रावक ६२; पव ११९; हे ४, २३८)।

सद्दहाण देखो सद्दह।

सद्दहिअ वि [श्रद्धित] जिस पर श्रद्धा की गई हो वह, विश्वस्त (ठा ६—पत्र ३५५; पि ३३३)।

सद्दाइद (शौ) वि [शब्दायित] आहूत, बुलाया हुआ (नाट—मृच्छ २८६)।

सद्दाण देखो संदाण। सद्दाणइ (षड्)।

सद्दाल वि [शब्दवत्] शब्दवाला (हे २, १५९; पउम २०, १०; प्राप्र; सुर ३, ९६; पाअ; औप)।

सद्दाल न [दे] नूपुर (दे ८, १०; षड्)। °पुत्त पुं [°पुत्र] एक जैन उपासक (उवा)।

सद्दाव सक [शब्दय्, शब्दायय्] आह्वान करना, बुलाना। सद्दावेइ, सद्दाविंति, सद्दावेंति (औप; कप्प; भग)। सद्दावेहि

(स्वप्न ६२)। कर्म. सद्दावीअंति (अभि १९८)। संकृ. सद्दावित्ता, सद्दावेत्ता (पि ५८२; महा)।

सद्दाविय वि [शब्दित, शब्दायित] आहूत, बुलाया हुआ (कप्प; महा; सुर ८, १३३)।

सद्दिअ वि [शब्दित] १ प्रसिद्ध (औप; णाया १, १ टी—पत्र ३)। २ आहूत (सुपा ४१३; महा)। ३ वार्तित, जिसको बात कही गई हो वह (कुमा ३, ३४)।

सद्दिअ वि [शाब्दिक] शब्द-शास्त्र का ज्ञाता (अणु २३४)।

सद्दूल पुं [शार्दूल] १ श्वापद पशु की एक जाति, बाघ (पाअ; पण्ह १, १—पत्र ७; दे १, २४; अभि ५५)। २ छन्द विशेष (पिंग)। °विक्कीडिअ न [°विक्रीडित] उन्नीस अक्षरों के पादवाला एक छन्द (पिंग)। °सट्ट पुंन [°साटक] छन्द-विशेष (पिंग)।

सद्ध देखो स-द्ध = सार्ध।

सद्ध न [श्राद्ध] १ पितरों की तृप्ति के लिए तर्पण, पिण्ड-दानादि (अच्चु १७; पुप्फ १६७)। २ वि. श्रद्धावाला, श्रद्धालु (उप ८६८)। देखो सड्ढ = श्राद्ध (उप १६६)। °पक्ख पुं [°पक्ष] आश्विन मास का कृष्ण पक्ष (दे ६, १२७)।

सद्ध देखो सज्झ = साध्य (नाट—चैत ३५)।

सद्धड पुं [श्राद्ध] व्यक्ति-वाचक नाम (महा)।

सद्धरा स्त्री [स्रग्धरा] एक्कीस अक्षरों के चरणवाला एक छन्द (पिंग)।

सद्धल पुं [सद्धल] एक प्रकार का हथियार, कुन्त, बर्छा (पण्ह १, १—पत्र १८)। देखो सव्वल।

सद्धस देखो सज्झस (प्राकृ २१; प्राप्र)।

सद्धा देखो सड्ढा (हे २, ४१; णाया १, १—पत्र ७४; प्रासू ४६; पाअ)। °ल वि [°वत्] श्रद्धावाला (चंड; श्रावक १७५)। °लु वि [°लु] वही अर्थ (संबोध ८)। स्त्री. °लुणी (गा ४०५)।

सद्धिअ वि [श्राद्धिक] श्रद्धावाला (पण्ह १, ३—पत्र ४४; वसु; ओघभा १६ टी)।

सद्धिं अ [सार्धम्] सहित, साथ (आचा; उवा; उत्त १६३)।

सद्धेय वि [श्रद्धेय] श्रद्धास्पद (विसे ४८२)।

सधम्म वि [सधर्मन्] समान धर्मवाला (स ७१२)।

सधम्मिअ देखो स-धम्मिअ = सद्-धार्मिक।

सधम्मिणी स्त्री [सधर्मिणी] पत्नी (दे २, १०६; सण)।

सधवा देखो स-धवा = स-धवा।

सनय देखो स-नय = स-नय।

सन्न वि [सन्न] १ क्लान्त (पाअ)। २ अवसन्न, मग्न (सूअ १, २, १, १०)। ३ खिन्न (पण्ह १, ३—पत्र ५५)।

सन्नाण देखो स-न्नाण = सज्ज्ञान।

सन्नाम सक [आ + दृ] आदर करना, संमान करना। सन्नामइ, सन्नामेइ (षड्; हे ४, ८३)।

सन्नामिअ वि [आदृत] संमानित (कुमा)।

सन्निअत्थ वि [दे] परिहित, पहना हुआ (सुपा ३६)।

सन्निउ (अप) देखो सणिअं (भवि)।

सन्निर न [दे] पत्र-शाक, भाजी (दस ५, १, ७०)।

सन्नुम सक [छादय्] आच्छादन करना, ढाँकना। सन्नुमइ (हे ४, २१)।

सन्नुमिअ वि [छादित] ढका हुआ (कुमा)।

सन्ह देखो सण्ह = श्लक्ष्ण (कप्प)।

सप देखो सव = शप्। सपइ (विसे २२२७)।

सपक्ख देखो स-पक्ख = स-पक्ष।

सपक्ख देखो स-पक्ख = स्व-पक्ष।

सपक्खं अ [सपक्षम्] अभिमुख, सामने (अंत १४)।

सपक्खी स्त्री [सपक्षी] एक महौषधि (ती ५)।

सपज्जा स्त्री [सपर्या] पूजा (अच्चु ७०)।

सपडिदिसिं अ [सप्रतिदिक्] अत्यन्त संमुख, ठीक सामने (अंत १४)।

सपत्तिअ वि [सपत्रित] बाण से अतिव्यथित (दे १, १३५)।

सपह देखो सवह (धर्मवि १२६)।

सपाग देखो स-पाग = श्व-पाक।

सपिसल्लग देखो सप्पिसल्लग (पि २३२)।

सप्प सक [सृप्] १ जाना, गमन करना। २ आक्रमण करना। सप्पइ (धात्वा १५५); 'घोरविसा वि हु सप्पा सप्पंति न बद्धवयणव्व' (सुर २, २४३)। वकृ. सप्पंत, सप्पमाण (गउड; कप्प)। कृ. सप्पणीअ (नाट—शकु १४७)।

सप्प पुंस्त्री [सर्प] १ साँप, भुजंगम (उवा; सुर २, १४३; जी २१; प्रासू १६, ३८; ११२)। स्त्री. °प्पा (राज)। २ पुं. अश्लेषा नक्षत्र का अधिष्ठाता देव (सुज्ज १०, १२, ठा २, ३—पत्र ७७)। ३ एक नरकस्थान (देवेन्द्र २७)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। °सिर पुं [°शिरस्] हस्त-विशेष, वह हाथ जिसकी उंगलियाँ और अंगूठा मिला हुआ हो और तला नीचा हो (दे ८, ७२)। °सुगंधा स्त्री [°सुगन्धा] वनस्पति-विशेष (पण्ण १—पत्र ३६)।

सप्पभ देखो स-प्पभ = स्व-प्रभ, सत्-प्रभ, स-प्रभ।

सप्पमाण देखो सप्प = सृप्; सव = शप्।

सप्परिआव } देखो स-प्परिआव = स-
सप्परिताव } परिताप।

सप्पि न [सर्पिस्] घृत, घी (पाअ; पव ४; सुपा १३; सिरि ११८४; सण)। °आसव, °यासव वि [°आस्रव] लब्धि-विशेषवाला, जिसका वचन घी की तरह मधुर होता है (पण्ह २, १—पत्र १००)।

सप्पि वि [सर्पिन्] १ जानेवाला, गति करने-वाला (कप्प)। २ रोगि-विशेष, हाथ में लकड़ी के सहारे से चल सकनेवाला रोगि-विशेष (पण्ह २, ५—पत्र १००)।

सप्पिसल्लग देखो स-प्पिसल्लग = स-पिशा-चक।

सप्पु देखो सप्प = सर्प।

सप्पुरिस देखो स-प्पुरिस = सत्-पुरुष।

सप्फ न [शष्प] बाल तृण, नया घास (हे २, ५३; प्राप्र)।

सप्फ न [दे] कुमुद, कैरव; 'चंदुजयं तु कुमुअं गद्दहयं केरवं सप्फं' (पाअ)।

सप्फंद देखो स-प्फंद = स-स्पन्द।

सप्फल देखो स-प्फल = स-फल ।

सप्फल देखो स-प्फल = सत्-फल ।

सफर देखो सभर = शफर (वै २०) ।

सफर पुंन [दे] मुसाफिरी; 'वडसफरपवहणाणं' (सिरि ३८२) ।

सफल देखो स-फल = स-फल ।

सफल सक [सफलय्] सार्थक करना । वकृ. सफलंत (सुपा ३७४) ।

सफलिअ वि [सफलित] सफल किया हुआ (सुपा ३५६; उव) ।

सब (अप) देखो सव्व = सर्व (पिंग) ।

सबर पुं [शबर] १ एक अनार्य देश । २ उस देश में रहनेवाली एक अनार्य मनुष्य-जाति, किरात, भील (पण्ह १, १—पत्र १४; पाअ; गउड)। °णिवसण न [°निवसन] तमाल-पत्र (उत्तानि ३) । देखो सवर ।

सबरी स्त्री [शबरी] १ भिल्ल जाति की स्त्री (णाया १, १—पत्र ३७; अंत; गउड; चेइय ४८२) । २ कायोत्सर्ग का एक दोष, हाथ से गुह्य-प्रदेश को ढककर कायोत्सर्ग करना (चेइय ४८२) ।

सबल पुं [शबल] १ परमाधार्मिक देवों की एक जाति (सम २८) । २ वि. कर्बुर, चितकबरा (आचा; उप २८२; गउड) । ३ न. दूषित चारित्र । ४ वि. दूषित चरित्रवाला मुनि (सम ३९) ।

सबलिय वि [शबलित] कर्बुरित (गउड) ।

सबलीकरण न [शबलीकरण] सदोष करना, चारित्र को दूषित बनाना (ओघ ७७८) ।

सब्ब (अप) देखो सव्व = सर्व (पिंग) ।

सब्बल पुंन [दे] शस्त्र-विशेष; 'सरभसरसत्तिसब्बलकरालकोंतेसु' (पउम ८, ६५; धर्मवि ५६) ।

सब्बल देखो स-ब्बल = स-बल ।

सब्भ वि [सभ्य] १ सभासद, सदस्य (पाअ; सम्मत्त ११६) । २ सभोचित, शिष्ट; 'असब्भभासी' (दस ६, २, ८; सुर ६, २१५; स ६५०) ।

सब्भाव देखो स-ब्भाव = सद्-भाव ।

सब्भाव देखो स-ब्भाव = स्व-भाव ।

सब्भाविय वि [साद्भाविक] पारमार्थिक, वास्तविक (दसनि १, १३५) ।

सभ न. देखो सभा; 'सभाणि' (आचा २, १०; २) ।

सभर पुंस्त्री [शफर] मत्स्य, मछली (कुमा) । स्त्री. °री (हे १, २३६; प्राकृ १४) ।

सभर पुं [दे] गृध्र पक्षी (दे ८, ३) ।

सभराइअ न [शफरायित] जिसने मत्स्य की तरह आचरण किया हो वह (कुमा) ।

सभल देखो स-भल = स-फल ।

सभा स्त्री [सभा] १ परिषद् (उवा; रयण ८३; धर्मवि ६) । २ गाड़ी के ऊपर की छत—ढक्कन (श्रा १२) ।

सभाज सक [सभाजय्] पूजन करना । हेकृ. सभाजइदुं (शौ) (अभि १६०) ।

सभाव देखो स-भाव = स्व-भाव ।

सम अक [शम्] १ शान्त होना, उपशान्त होना । २ नष्ट होना । ३ आसक्त होना । समइ, समंति (हे ४, १६७; कुमा); 'जइ समइ सकराए पित्तं ता किं पटोलाए' (सिरि ६६६) । वकृ. समेमाण (आचा १, ४, १, ३) ।

सम सक [शमय्] १ उपशान्त करना, दबाना । २ नाश करना । वकृ. 'दुट्ठुदुरिए समंतो' (धर्म ३) ।

सम पुं [श्रम] १ परिश्रम, आयास । २ खेद, थकावट (काप्र ८४; सम्मत्त ७७; दे १, १३१; उप पृ ३५; सुपा ५२५; गउड; सण; कुमा)। °जल न [°जल] पसीना (पाअ) ।

सम पुं [शम] शान्ति, प्रशम, क्रोध आदि का निग्रह (कुमा) ।

सम वि [सम] १ समान, तुल्य, सरिखा (सम ७५; उव; कुमा; जी १२; कम्म ४, ४०; ६२) । २ तटस्थ, मध्यस्थ, उदासीन, राग-द्वेष से रहित (सूअ १, १३, ६; ठा ८) । ३ स. सर्व, सब (श्रु १२४) । ४ पुंन. एक देव-विमान (सम १३; देवेन्द्र १४०) । ५ सामायिक (संबोध ४५; विसे १४२१) । ६ आकाश, गगन (भग २०, २—पत्र ७७५)। °चउरंस न [°चतुरस्र] संस्थान-विशेष, चारों कोणों के समान शरीर की आकृति-विशेष (ठा ६—पत्र ३५७; सम १४६; भग; कम्म १, ४०)। °चक्कवाल न [°चक्रवाल] वृत्त, गोलाकार (सुज्ज ४) । °ताल न [°ताल] १ कला-विशेष (औप) । २ वि. समान तालवाला (ठा ७)। °धम्मिअ वि [°धर्मिक] समान धर्मवाला (उप ५३० टी)। °पादपुत पुंन [°पादपुत] आसन-विशेष, जिसमें दोनों पैर मिलाकर जमीन में लगाए जाते हैं वह आसन-बन्ध (ठा ५, १—पत्र ३००)। °पासि वि [°दर्शिन्] तुल्य दृष्टिवाला, समदर्शी (गच्छ १, २२)। °प्पभ पुंन [°प्रभ] एक देव-विमान (सम १३) । °भाव पुं [°भाव] समता (सुपा ३२०) । °या स्त्री [°ता] राग-द्वेष का अभाव, मध्यस्थता (उत्त ४, १०; पउम १४, ४०; श्रा २७)। °वत्ति पुं [°वर्तिन्] यमराज, जम (सुपा ४३३)। °सरिस वि [°सदृश] अत्यन्त तुल्य, सदृश, (पउम ४६, ५७) । °सहिय वि [°सहित] युक्त, सहित (पउम १७, १०५)। °सुद्ध पुं [°शुद्ध] एक राजा जो छठवें केशव का पिता था (पउम २०, १८२) ।

समइअ वि [सामयिक] समय-संबन्धी, समय का (भग) ।

समइअ वि [समयित] संकेतित (धर्मसं ५०५) ।

समइअ न [समयिक] सामायिक नामक संयम-विशेष (कम्म ३, १८; ४, २१; २८) ।

समइंछिअ देखो समइच्छिअ (से १२, ७२) ।

समइक्कंत वि [समतिक्रान्त] व्यतीत, गुजरा हुआ (सुपा २३) ।

समइच्छ सक [समति + क्रम्] १ उल्लंघन करना । २ अक. गुजरना, पसार होना । वकृ. समइच्छमाण (औप; कप्प) ।

समइच्छिअ वि [समतिक्रान्त] १ गुजरा हुआ । २ उल्लंघित (उप ७२८ टी; दे ८, २०; स ४५) ।

समईअ वि [समतीत] १ गुजरा हुआ (पउम ५, १५२) । २ पुं. भूत काल (जीवस १८१) ।

समईअ देखो समइअ = समयिक (कम्म ४, ४२) ।

समउ (अप) नीचे देखो (भवि)।

समं अ [समम्] साथ, सह (गा १०२; १६४; २६५; उत्त १६, ३; महा; कुमा)।

समंजस वि [समञ्जस] उचित, योग्य (आचा; गउड; भवि)।

समंत° देखो **समंता**; 'वसिओ अंगेसु समंत-पीणकणकब्बुरो सेओ' (गउड)।

समंत देखो सामन्त (उप पृ ३२७)।

समंत (अप) देखो **समत्थ** = समस्त (पिंग)।

समंतओ अ [समन्ततस्] सर्वतः, चारों तरफ (गा ६७३; सुर २, २३८)।

समंता } अ [समन्तात्] ऊपर देखो **समंतेण** } (पाअ; भग; विपा १, २—पत्र २६; से ६, ५१; सुर २, २८; १३, १६५)।

समक्कंत वि [समाक्रान्त] १ जिसपर आक्रमण किया गया हो वह (से ५, ५७)। २ अवरुद्ध, रोका हुआ (से ८, ३३)।

समक्ख न [समक्ष] नजर के सामने, प्रत्यक्ष (गा ३७०; सुपा १५०; महा)। देखो **समच्छ**।

समक्खाय } वि [समाख्यात] उक्त, **समक्खिअ** } कथित (उप २११ टी; ६६४, जी २५; श्रु १३३)।

समगं देखो **समयं** = समकम् (पव २३२; सुपा, ८७; सण)।

समग्ग वि [समग्र] १ सकल, समस्त (सुपा ६६)। २ युक्त, सहित (पण्ह १, ३—पत्र ४४; कुप्र ७)।

समग्गल वि [समर्गल] अत्यधिक (सिरि ८६७; सुपा ३६७; ४२०)।

समग्गल (अप) देखो **समग्ग** (पिंग)।

समग्घ वि [समर्घ] सस्ता, अल्प मूल्यवाला (सुपा ४४५; ४४७; सम्मत्त १४१)।

समच्चण न [समर्चन] पूजन, पूजा (सुपा ६)।

समच्चिअ वि [समर्चित] पूजित (पउम ११६, ११)।

समच्छ अक [सम् + आस्] १ बैठना। २ सक. अवलम्बन करना। ३ अधीन रखना। वकृ. **समच्छंत** (उप ६६८ टी)।

समच्छ वि [समक्ष] प्रत्यक्ष का विषय (संक्षि १५)। देखो **समक्ख**।

समच्छायग वि [समाच्छादक] ढकनेवाला (स ६६)।

समज्ज } सक [सम् + अर्ज्] पैदा **समज्जिण** } करना, उपार्जन करना। समज्जइ, समज्जिणइ (सण; पव १०; महा)। वकृ. **समज्जिणमाण** (विपा १, १—पत्र १२)। संकृ. **समज्जिवि** (अप) (सण)।

समज्जिणिय } वि [समार्जित] उपार्जित **समज्जिय** } (सण; ठा ३, १—पत्र ११४; सुपा २०५; सण)।

समज्झासिय वि [समध्यासित] अधिष्ठित (सुज्ज १०, १)।

समट्ठ वि [समर्थ] संगत अर्थ, व्याजबी, न्याय-युक्त (णाया १, १—पत्र ६२; उवा)। देखो **समत्थ** = समर्थ।

समण न [शमन] १ उपशमन, दबाना, शान्त करना (सुपा ३६६)। २ पथ्यानुष्ठान (उवर १४०)। ३ एक दिन का उपवास (संबोध ५८)। ४ वि. उपशमन करनेवाला, दबानेवाला (उप ७८२; पंचा ४, २६; सुर ४, २३१)।

समण देखो स-मण = स-मनस्।

समण देखो **सवण** = श्रवण (पउम १७, १०७; राज)।

समण पुं [समण] सर्वत्र समान प्रवृत्तिवाला, मुनि, साधु (अणु)।

समण पुं [श्रमण] १ भगवान् महावीर (आचा २, १५, ३)। २ पुंस्त्री, निर्ग्रन्थ मुनि साधु, यति, भिक्षु, संन्यासी, तापस; 'निग्गंथ-सक्कतावसगेरुयआजीवं पंचहा समणा' (पव ६४; अणु; आचा; उवा; कप्प; विपा १, १; धण २१; सुर १०, २२४)। स्त्री. °णी (भग; गच्छ १, १५)। °सीह पुं [°सिंह] १ एक जैन मुनि जो दूसरे बलदेव के पूर्वभवीय गुरू थे (पउम २०, १६२)। २ श्रेष्ठ मुनि (पण्ह २, ५—पत्र १४८)। °ोवासग, °ोवासय पुंस्त्री [°ोपासक] श्रावक, जैन गृहस्थ (उवा)। स्त्री. °सिया (उवा; णाया १, १४—पत्र १८७)।

समणंतरु (अप) न [समनन्तरम्] अनन्तर, बाद में, पीछे (सण)।

समणक्ख देखो स-मणक्ख = स-मनस्क।

समणुगच्छ } सक [समनु + गम्] १ **समणुगम** } अनुसरण करना। २ अच्छी तरह व्याख्या करना। ३ अक. संबद्ध होना, जुड़ जाना। वकृ. **समणुगच्छमाण** (णाया १, १—पत्र २५)। कवकृ. **समणुगम्मंत, समणुगम्ममाण** (औप; सूअ २, २, ७६; णाया १, १—पत्र ३२; कप्प)।

समणुगय वि [समनुगत] १ अनुसृत (स ७२०)। २ अनुविद्ध, जुड़ा हुआ (पंचा ३, ४६)।

समणुचिण्ण वि [समनुचीर्ण] आचरित, विहित; 'तवो समणुचिण्णो' (पउम ६, १६४)।

समणुजाण सक [समनु + ज्ञा] १ अनुमोदन करना, अनुमति देना। २ अधिकार प्रदान करना। समणुजाणइ, समणुजाणाइ, समणुजाणेज्जा (आचा)। वकृ. **समणुजाणमाण** (आचा)।

समणुजाय वि [समनुजात] उत्पन्न, संजात (पउम १००, २४; सुपा ५७८)।

समणुनाय वि [समनुज्ञात] अनुमत, अनुमोदित (पउम ८, ७)।

समणुन्न वि [समनुज्ञ] अनुमोदन-कर्ता (आचा १, १, १, ५)।

समणुन्न वि [समनोज्ञ] १ सुन्दर, मनोहर। २ सुन्दर वेष आदिवाला (आचा १, ८, १, १)। ३ संविग्न, संवेग-युक्त मुनि (आचा १, ८, २, ६)। ४ समान समाचारीवाला— सांभोगिक मुनि (ठा ३, ३—पत्र १३६; ल्व १)।

समणुन्ना स्त्री [समनुज्ञा] १ अनुमति, संमति २ अधिकार-प्रदान (ठा ३, ३—पत्र १३६)।

समणुन्नाय देखो **समणुनाय** (आचा २, १, १०, ४)।

समणुपत्त वि [समनुप्राप्त] संप्राप्त (सुर १, १८३; १०, १२०; सिरि ४३०; महा)।

समणुबद्ध वि [समनुबद्ध] निरन्तर रूप से व्याप्त (णाया १, ३—पत्र ६१; औप; उव)।

समणुभूअ वि [समनुभूत] अच्छी तरह जिसका अनुभव किया गया हो वह (वै ६२)।

समणुवत्त वि [समनुवृत्त] संवृत्त, संजात (पउम १०, १)।

समणुवास सक [समनु+वासय्] १ वासना-युक्त करना। २ सिद्ध करना। ३ परिपालन करना: 'आवट्टं सम्मं समणुवासेज्जासि' (आचा १, २, १, ५; १, २, ४, ४; १, ५, ४, ५; १, ६, १, ६)।

समणुसट्ठ वि [समनुशिष्ट] अनुज्ञात, अनुमत (आचा २, १, १०, ४)।

समणुसास सक [समनु+शासय्] सम्यग् सीख देना, अच्छी तरह सिखाना। समणुसासयंति (सूअ १, १४, १०)।

समणुसिट्ठ वि [समनुशिष्ट] अच्छी तरह शिक्षित (वसु)। देखो **समणुसट्ठ** (आचा २, १, १०, ४)।

समणुहो सक [समनु+भू] अनुभव करना। समणुहोइ (वव १)।

समण्णागय वि [समन्वागत] १ समन्वित, सहित; 'छत्तीसगुणसमण्णागएण' (गच्छ १, १२)। २ संप्राप्त (राय)।

समण्णाहार पुं [समन्वाहार] समागमन (राज)।

समण्णिय देखो **समन्निय** (काल)।

समतिक्कंत देखो **समइक्कंत** (णाया १, १—पत्र ६३)।

समतुरंग सक [समतुरंगाय्] समान अश्व की तरह आपस में आरोहण करना, आश्लेष करना। वकृ. **समतुरंगेमाण** (णाया १, ८—पत्र १३४; पव १७४ टी)।

समत्त वि [समस्त] १ संपूर्ण (पण्ह १, ४—पत्र ६८)। २ सकल, सब (विसे ४७२)। ३ समास-युक्त। ४ मिलित, मिला हुआ (हे २, ४५; षड्)।

समत्त वि [समाप्त] पूर्ण, पूरा, सिद्ध, जो हो चुका हो वह (उवा; औप)।

समत्ति स्त्री [समाप्ति] पूर्णता (उप १४२; ७२८ टी; विसे ४१५; पव—गाथा ६५; स ५३; सुपा २५३; ४३५)।

समत्थ सक [सम्+अर्थय्] १ साबित करना, सिद्ध करना। २ पुष्ट करना। ३ पूर्ण करना। कर्म. समत्थीअइ (स १६५);

'ण्हो त्ति समत्थिज्जइ
दाहेण सरोरुहाण हेमंतो।
चरिएहि णज्जइ जणो
संगोवंतोवि अप्पाणं'
(गा ७३०)।

समत्थ देखो **समत्त**=समस्त (से ४, २८; सुर १, १८१; १६, ५५)।

समत्थ वि [समर्थ] शक्त, शक्तिमान् (पाअ; ठा ४, ४—पत्र २८३; प्रासू २३; १८२; औप)।

समत्थि वि [समर्थिन्] प्रार्थक, चाहनेवाला (कुप्र ३५१)।

समत्थिअ वि [समर्थित] १ पूर्ण, पूरा किया हुआ (कुप्र ११५; सुपा २६६)। २ पुष्ट किया हुआ (सुर १६, ६५)। ३ प्रमाणित, साबित किया हुआ (अज्झ १२१)।

समद्धासिय वि [समाध्यासित] अधिष्ठित (स ३५; ६७६)।

समद्धि देखो **समिद्धि** (गा ४२६)।

समन्नागय देखो **समण्णागय** (ओघ ७६४; णाया १, १—पत्र ६४; औप; महा; ठा ३, १—पत्र ११७)।

समन्नि सक [समनु+इ] १ अनुसरण करना। २ अक. एकत्रित होना, मिलना। समन्नेइ, समन्निंति (विसे २५१७; औप)।

समन्निअ वि [समन्वित] युक्त, सहित (हे ३, ४६; सुर ३, १३०; ४, २२०; गउड)।

समन्ने° देखो **समन्नि**।

समप्प सक [सम्+अर्पय्] अर्पण करना, दान करना, देना। समप्पेइ (महा)। वकृ. **समप्पंत, समप्पअंत, समप्पेंत** (नाट—मृच्छ १०५; रत्ना ५५; पउम ७३, १४)। संकृ. **समप्पिअ, समप्पिऊण** (नाट—मृच्छ ३१५; महा)। हेकृ. **समप्पिउं** (महा)। कृ. **समप्पियव्व** (सुपा २५६)।

समप्प° देखो **समाव**=सम्+आप्।

समप्पण न [समर्पण] अर्पण, प्रदान (सुर ७, २२; कुप्र १३; वज्जा ६६)।

समप्पणया स्त्री [समर्पणा] ऊपर देखो (उप १७६)।

समप्पिय वि [समर्पित] दिया हुआ (महा; काल)।

समब्भस सक [समभि+अस्] अभ्यास करना। समब्भसह (द्रव्य ४७)।

समब्भहिअ वि [समभ्यधिक] अत्यन्त अधिक (से १५, ८५)।

समब्भास पुं [समभ्यास] निकट, पास (पउम ३३, १७)।

समब्भिडिय वि [दे] भिड़ा हुआ, लड़ा हुआ (पउम ८६, ४८)।

समभिआवण्ण वि [समभ्यापन्न] संमुख आया हुआ (सूअ १, ४, २, १४)।

समभिजाण सक [समभि+ज्ञा] १ निर्णय करना। २ प्रतिज्ञा-निर्वाह करना। समभिजाणिया, समभिजाणाहि (आचा)। वकृ. **समभिजाणमाण** (आचा)।

समभिद्दव सक [समभि+द्रु] हैरान करना। समभिद्दवंति (उत्त ३२, १०)।

समभिधंस सक [समभि+ध्वंसय्] नष्ट करना। समभिधंसेज्ज, समभिधंसेति (भग)।

समभिपड सक [समभि+पत्] आक्रमण करना। हेकृ. **समभिपडित्तए** (अंत २१)।

ससभिभूअ वि [समभिभूत] अत्यन्त पराभूत (उवा; धर्मवि ३४)।

समभिरूढ पुं [समभिरूढ] नय-विशेष (ठा ७—पत्र ३९०)।

समभिलोअ सक [समभि+लोक्] देखना, निरीक्षण करना। समभिलोएइ (भग १५—पत्र ६७०)। वकृ. **समभिलोएमाण** (पण्ण १७—पत्र ५१८)।

समभिलोइअ वि [समभिलोकित] विलोकित, दृष्ट (भग १५—पत्र ६७०)।

समय अक [सम्+अय्] समुदित होना, एकत्रित होना: 'सव्वे समयंति सम्मं चेगवसाओ नया विरुद्धावि' (विसे २२६७)।

समय पुं [समय] १ काल, वक्त, अवसर (आचा; सूअनि २६; कुमा)। २ काल-विशेष, सर्व-सूक्ष्म काल, जिसका दूसरा हिस्सा न हो सके ऐसा सूक्ष्म काल (अणु; इक; कम्म २, २३; २४; ३०)। ३ मत, दर्शन (प्राप)। ४ सिद्धान्त, शास्त्र, आगम (आचा; पिंड ६;

सूअनि २६; कुमा; दं २२)। ५ पदार्थ, चीज, वस्तु (सम्म १ टी. पृष्ठ ११४)। ६ संकेत, इशारा (सूअनि २६; पिंड ६; प्राप; से १, १६)। ७ समीचीन परिणति, सुन्दर परिणाम। ८ आचार, रिवाज। ९ एकवाक्यता (सूअनि २६)। १० सामायिक, संयम-विशेष (विसे १४२१)। °क्खेत्त, °खेत्त न [°क्षेत्र] कालोपलक्षित भूमि, मनुष्य-लोक, मनुष्य-क्षेत्र (भग; सम ६८)। °ज्ज, °ण्ण, °न्न वि [°ज्ञ] समय का जानकार (धण ३६; गा ४०५; पि २७६)।

समय देखो स-मय = स-मद।

समय } अ [समकम्] १ युगपत्, एक **समयं** } साथ (पव २१६ टी; विसे १६६६; १६६७; सुर १, ५; महा; गउड ११०६)। २ सह, साथ (गा ६१)।

समया देखो सम-या।

समया अ [समया] पास, नजदीक (सुपा १८८)।

समर सक [स्मृ] याद करना। कृ. **समरणीय** (चउ २७; नाट. शकु ६), **समरियव्व** (रयण २८)।

समर देखो सबर (हे १, २५८; षड्)। स्त्री. °री (कुमा)।

समर पुंन [समर] १ युद्ध, लड़ाई (से १३, ४७; उप ७२८ टी; कुमा)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ लोहकारशाला (उत्त० अध्य० १ गा० २६)। °इच्च पुं [°ादित्य] अवन्ती-देश का एक राजा (स ५)।

समर वि [स्मार] कामदेव-संबन्धी, कामदेव का (मन्दिर आदि); (उप ५५४)।

समरइत्तु वि [स्मर्तृ] स्मरण-कर्ता (सम १५)।

समरण न [स्मरण] स्मृति, याद (धर्मवि २०, श्राप ६८)।

समरसद्दहय पुं [दे] समान उम्रवाला (दे ८, २२)।

समराइअ वि [दे] पिष्ट, पिसा हुआ (षड्)।

समरी देखो समर = शबर।

समरेत्तु देखो समरइत्तु (ठा ६—पत्र ४४४)।

समलंकर सक [समलम् + कृ] विभूषित करना। समलंकरेइ (आचा २, १५, ५)। संकृ. **समलंकरेत्ता** (आचा २, १५, ५)।

समलंकार सक [समलम् + कारय्] विभूषित करना, विभूषा-युक्त करना। समलंकारेइ (औप)। संकृ. **समलंकारेत्ता** (औप)।

समलद्ध (अप) वि [समालब्ध] विलिप्त (भवि)।

समल्लिअ अक [समा + ली] १ संबद्ध होना। २ लीन होना। ३ सक. आश्रय करना। समल्लियइ (आक ४७)। वकृ. **समल्लिअंत** (से १२, १०)।

समल्लीण वि [समालीन] अच्छी तरह लीन (औप)।

समवइण्ण वि [समवतीर्ण] अवतीर्ण (सुपा २२)।

समवट्ठाण न [समवस्थान] सम्यग् अवस्थिति (अज्झ १४७)।

समवट्ठिइ स्त्री [समवस्थिति] ऊपर देखो; 'कोई विंति मुणीणं सहावसमवट्ठिई हवे चरणं' (अज्झ १४६)।

समवत्ति देखो सम-वत्ति = सम-वर्तिन्।

समवय° देखो **समवे**।

समवसर देखो **समोसर** = समव + सृ (प्रामा)।

समवसरण देखो **समोसरण** (सूअनि ११६)।

समवसरिअ देखो **समोसरिअ** = समवसृत (धर्मवि ३०)।

समवसेअ वि [समवसेय] जानने योग्य, ज्ञातव्य (सा ४)।

समवाइ वि [समवायिन्] समवाय संबन्ध का, समवाय-संबन्धी (विसे १६२६; धर्मसं ४८७)।

समवाय पुं [समवाय] १ संबन्ध-विशेष, गुण-गुणी आदि का संबन्ध (विसे २१०८)। २ संबन्ध (पउम ३६, २५; धर्मसं ४८१; विवे ११६)। ३ समूह, समुदाय (सूअ २, १, २२; ओघ ४०७; अणु २७० टी; पिंड २; आरा २; विसे ३५६३ टी)। ४ एकत्र करना; 'काउं तो संघसमवायं' (विसे २५४६)। ५ जैन अंग-ग्रंथ-विशेष, चौथा अंग-ग्रंथ (सम १)।

समवे अक [समव + इ] १ शामिल होना। २ संबद्ध होना। समवेदि (शौ) (मोह ६३), समवयंति (विसे २१०६)।

समवेद (शौ) वि [समवेत] समुदित, एकत्रित (मोह ७८)।

समसम अक [समसमाय्] 'सम्' 'सम्' आवाज करना। वकृ. **समसमंत** (भवि)।

समसरिस देखो सम-सरिस।

समसाण देखो **मसाण**; 'समसाणे सुन्नघरे देवउले वावि तं वससु' (सुपा ४०८)।

समसीस वि [दे] १ सदृश, तुल्य। २ निर्भर (दे ८, ५०)। ३ न. स्पर्धा (से ३, ८)।

समसीसिआ } स्त्री [दे] स्पर्धा, बराबरी **समसीसी** } (सुपा ७; वज्जा २४; कप्पू; दे ८, १३; सुर १, ८; वज्जा ३२; १५४; विवे ४५; सम्मत्त १४५; कुप्र ३३४)।

समस्सअ सक [समा + श्रि] आश्रय करना। समस्सअइ (पि ४७३)। संकृ. **समस्सइअ** (पि ४७३)।

समस्सस अक [समा + श्वस्] आश्वासन प्राप्त करना, सान्त्वना मिलना। समस्ससध (शौ) (पि ४७१)। हेकृ. **समस्ससिदुं** (शौ) (नाट. शकु ११६)।

समस्ससिद (शौ) देखो **समासत्थ** (नाट—मृच्छ २५८)।

समस्सा स्त्री [समस्या] बाकी का भाग जोड़ने के लिए दिया जाता श्लोक-चरण या पद आदि (सिरि ८६८; कुप्र २७; सुपा १५५)।

समस्सास सक [समा + श्वासय्] सान्त्वना करना, दिलासा देना। समस्सासदि (शौ) (नाट)। वकृ. **समस्सासअंत** (अभि २२२)। हेकृ. **समस्सासिदुं** (शौ) (नाट—मृच्छ ८१)।

समस्सास पुं [समाश्वास] आश्वासन (विक्र ३५)।

समस्सासण न [समाश्वासन] ऊपर देखो (मे ७५)।

समस्सिअ वि [समाश्रित] आश्रय में स्थित, आश्रित (स ६३५; उप पृ ४७; सुर १३, २०४; महा)।

समहिअ वि [समधिक] विशेष ज्यादा (प्रासू १७८ महा; कुमा; सुर ४, १६६, सण)।

समहिगय वि [समधिगत] १ प्राप्त, मिला हुआ। २ ज्ञात (सण)।

समहिट्ठ सक [समधि + स्था] काबू में रखना, अधीन रखना। कवकृ. समहिट्ठिज्जमाण (राय १३२)।

समहिट्ठाउ वि [समधिष्ठातृ] अध्यक्ष, मुखी, अधिपति (आचा २, २, ३, ३; २, ७, १, २)।

समहिट्ठिअ वि [समधिष्ठित] आश्रित (उप ७२८ टी; सुपा २०६)।

समहिड्ढिय देखो **स-महिड्ढिय** = स-महर्द्धिक।

समहिणंदिय वि [समभिनन्दित] आनन्दित, खुशी किया हुआ (उप ५३० टी)।

समहिल वि [समखिल] सकल, समस्त (गउड)।

समहुत्त वि [दे] संमुख, अभिमुख (अणु २२२)।

समा स्त्री [समा] १ वर्ष, बारह मास का समय (जी ४१)। २ काल, समय (सम ६७; ठा २, १—पत्र ४७; कप्प)।

समाअम देखो **समागम** (अभि २०२; नाट. मालती ३२)।

समाइच्छ सक [समा + गम्] १ सामने आना। २ समादर करना, सत्कार करना। संकृ. समाइच्छिऊण (महा)।

समाइच्छिय वि [समागत] आहत, सत्कृत (स ३७२)।

समाइट्ठ वि [समादिष्ट] फरमाया हुआ (महा)।

समाइद्ध वि [समाविद्ध] वेध किया हुआ (से ६, ३८)।

समाइण्ण वि [समाकीर्ण] व्याप्त (औप; सुर ४, २४१)।

समाइण्ण } वि [समाचीर्ण] अच्छी तरह
समाइन्न } आचरित (भग; उप ८१३; विचार ८६५)।

समाउट्ट अक [समा + वृत्] नम्र होना, नमना, अधीन होना। भूका. समाउट्टिसु (सूअ २, १, १८)।

समाउट्ट वि [समावृत्त] विनम्र (वव १)।

समाउत्त वि [समायुक्त] युक्त, सहित (औप; सुपा ३०१)।

समाउल वि [समाकुल] १ संमिश्र, मिश्रित (राय)। २ व्याप्त (सुपा ३०५)। ३ आकुल, व्याकुल (हे ४, ४४४; सुर ६, १७४)।

समाउलिअ वि [समाकुलित] व्याकुल बना हुआ (स ६६)।

समाएस पुं [समादेश] १ आज्ञा, हुकुम (उप १०२१ टी)। २ विवाह आदि के उपलक्ष में किए हुए जीमन में बचा हुआ वह खाद्य जिसको निर्ग्रन्थों में बाँटने का संकल्प किया गया हो (पिंड २२६; २३०)।

समाएसण न [समादेशन] आज्ञा, हुकुम (भवि)।

समाओग पुं [समायोग] स्थिरता (तंदु १४)।

समाओसिय वि [समातोषित] संतुष्ट किया हुआ (भवि)।

समाकरिस सक [समा + कृष्] खींचना। हेकृ. समाकरिसिउं (पि ५७५)।

समाकरिसण न [समाकर्षण] खींचाव (सुपा ४)।

समाकार सक [समा + कारय्] आह्वान करना, बुलाना। संकृ. समाकारिय (सम्मत्त २२६)।

समागच्छ° देखो **समागम** = समा + गम्।

समागत देखो **समागय** (सुर २, ८०)।

समागम सक [समा + गम्] १ सामने आना। २ आगमन करना। ३ जानना। समागच्छइ (महा)। भवि. समागमिस्सइ (पि ५२३)। संकृ **समागच्छिअ** (पि ५८१), 'विन्नाणेण समागम्म (उत्त २३, ३१)।

समागम पुं [समा + गम्] १ संयोग, संबन्ध (गउड; महा)। २ प्राप्ति (सूअ १, ७, ३०)।

समागमण न [समागमन] ऊपर देखो (महा)।

समागय वि [समागत] आया हुआ (पि ३६७ ए)।

समागूढ वि [समागूढ] समाश्लिष्ट, आलिंगित (पउम ३१, १२२)।

समाज पुं [समाज] समूह, संघात (धर्मवि १२३)। देखो **समाय** = समाज।

समाजुत्त न [समायुक्त] संयोजन, जोड़ना (राय ४०)।

समाढत्त वि [समारब्ध] १ आरब्ध, जिसका प्रारम्भ किया गया हो वह (काल; पि २२३; २८६)। २ जिसने आरम्भ किया हो वह; 'एवं भणिउं समाढत्तो' (सुर १, ६६)।

समाण सक [भुज्] भोजन करना, खाना। समाणइ (हे ४, ११०; कुमा)।

समाण सक [सम् + आप्] समाप्त करना, पूरा करना। समाणइ (हे ४, १४२), समाणेमि (स ३७६)।

समाण वि [समान] १ सदृश, तुल्य, सरिखा (कप्प)। २ मान-सहित, अहंकारी (से ३, ४६)। ३ पुंन. एक देव-विमान (सम ३५)।

समाण वि [सत्] विद्यमान, होता हुआ (उवा; विपा १, २—पत्र ३४)। स्त्री. °णी (भग; कप्प)।

समाण देखो **संमाण** = संमान (से ३, ४६)।

समाणअ वि [समापक] समाप्त करनेवाला (से ३, ४६)।

समाणण न [भोजन] भक्षण, खाना; 'तंबोलसमाणणपज्जाउलवयणाए' (स ७२)।

समाणत्त वि [समाज्ञप्त] जिसको हुकुम दिया गया हो वह (महा)।

समाणिअ देखो **संमाणिय** (से ३, २४)।

समाणिअ वि [समानीत] जो लाया गया हो वह, आनीत (महा; सुपा ५०५)।

समाणिअ वि [समाप्त] पूरा किया हुआ (से ६, ६२; णाया १, ८—पत्र १३३; स ३०१; कुमा ६, ६५)।

समाणिअ वि [दे] म्यान किया हुआ, म्यान में डाला हुआ; 'विलिएण तक्खणं चेव समाणियं मंडलग्गं' (स २४२)।

समाणिअ वि [भुक्त] भक्षित, खाया हुआ (स ३१५)।

समाणिआ स्त्री [समानिका] छन्द-विशेष (पिंग)।

समाणी सक [समा + नी] ले आना। समाणेइ (विसे १३२५)।

समाणो देखो समाण = सत्।

समाणु (अप) देखो समं (हे ४, ४१८; कुमा)।

समादह सक [समा + दह] जलाना, सुलगाना। वकृ. समादहमाण (आचा १, ६, २, १४)।

समादा सक [समा + दा] ग्रहण करना। संकृ. समादाय (आचा १, २, ६, ३)।

समादाण न [समादान] ग्रहण (राज)।

समादिट्ठ वि [समादिष्ट] फरमाया हुआ (मोह ८६)।

समादिस सक [समा + दिश्] आज्ञा करना। संकृ. समादिसिअ (नाट)।

समादेस देखो समाएस (नाट—मालती ४६)।

समाधारणया स्त्री [समाधारणा] समान भाव से स्थापन (उत्त २९, १)।

समाधि देखो समाहि (ठा १०—पत्र ४७३)।

समापणा स्त्री [समापना] समाप्ति (विसे ३५६५)।

समाभरिअ वि [समाभरित] आभरण-युक्त (अणु २५३)।

